पहले कहा गया है कि सुषुम्णा नाडी की अन्तिम सीमा ब्रह्मरन्ध्र है तथा यह नाडी मेरुदण्ड के आश्रय से ऊपर उठी हुई है । इडा नाडी इस सुषुम्णा नाडी से लौटकर (उत्तरवाहिनी होकर) आज्ञापथ की दाहिनी ओर से होकर वामनासापुट में गमन करती है । आज्ञाचक्र में पिङ्गला नाडी भी उसी रीति से बायीं ओर से घूमकर दक्षिण नासापुट में गयी है । इडा नाडी वरुणा नदी के नाम से, पिङ्गला नाडी अस्सी नदी के नाम से अभिहित होती है । इन दोनों नदियों के बीच में वाराणसी धाम और विश्वनाथ शिव शोभायमान हैं ।

योगीजन कहते हैं कि आज्ञाचक्र के ऊपर तीन पीठस्थान है । उन तीनों पीठों का नाम है — बिन्दुपीठ, नादपीठ और शक्तिपीठ । ये तीनों पीठस्थान कपालदेश में रहते हैं । शक्तिपीठ का अर्थ है ब्रह्मबीज ॐकार । ॐकार के नीचे निरालम्बपुरी तथा उसके नीचे षोडशदलयुक्त सोमचक्र हैं । उसके नीचे एक गुप्त षड्दल पद्म है, उसे ज्ञानचक्र कहते हैं । इसके एक एक दल से क्रमशः रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, शब्द और स्वप्नज्ञान उत्पन्न होते हैं । इसी के नीचे आज्ञाचक्र का स्थान है । आज्ञाचक्र के नीचे तालुमूल में एक गुप्त चक्र है, इस चक्र को द्वादशदलयुक्त रक्तवर्ण पद्म कहा जाता है।

इस पद्म में पञ्चसूक्ष्म भूतों के पञ्चीकरण द्वारा पञ्चस्थूलभूतों का प्रादुर्भाव होता है। इस चक्र के नीचे विशुद्ध चक्र का स्थान है ।

आज्ञाचक्र के ऊपर अर्थात् शरीर के सर्वोच्च स्थान मस्तक में सहस्रार कमल है । इसी स्थान में विवरसमेत सुषुम्णा का मूल आरम्भ होता है एवं इसी स्थान से सुषुम्णा नाडी अधोमुखी होकर चलती है । इसकी अन्तिम सीमा मूलाधार स्थित योनिमण्डल है ।

सहस्रार या सहस्रदलकमल शुभ्रवर्ण है, तरुण सूर्य के सदृश रक्तवर्ण केशर के द्वारा रञ्जित और अधोमुखी है । उसके पचास दलों में अकार से लेकर क्षकारपर्यन्त सबिन्दु पचास वर्ण हैं । इस अक्षरकर्णिका के बीच में गोलाकार चन्द्रमण्डल है । चन्द्रमण्डल छत्राकार में एक ऊर्ध्वमुखी द्वादशदलकमल को आवृत किये है । इस कमल की कर्णिका में विद्युत-सदृश अकथादि त्रिकोण यन्त्र है । उक्त यन्त्र के चारों ओर सुधासागर होने के कारण यह यन्त्र मणिद्वीप के आकार का हो गया है । इस द्वीप के मध्यस्थल में मणिपीठ है, उसके बीच में नाद-बिन्दु के ऊपर हंसपीठ का स्थान है । हंसपीठ के ऊपर गुरु-पादुका है । इसी स्थान में गुरुदेव के चरण-कमल का ध्यान करना पड़ता है । गुरुदेव ही परम शिव या परम ब्रह्म हैं । सहस्रदलकमल में चन्द्रमण्डल है, उसकी गोद में अमर कला नाम की षोडशी कला है तथा उसकी गोद में निर्वाणकला है । इस निर्वाणकला की गोद में निर्वाणशक्तिरूपा मूल प्रकृति बिन्दु और विसर्ग शक्ति के साथ परमशिव को वेष्टन किये हुए है । इसके ध्यान से साधक निर्वाण-मुक्ति को प्राप्त कर सकता है ।

सहस्रदल स्थित परमशिव-शक्ति को वेदान्त के मत से परम ब्रह्म और माया कहते हैं तथा पद्म को आनन्दमय कोष कहते हैं । सांख्यमत से परमशिव-शक्ति को प्रकृति-पुरुष कहा जाता है । इसी को पौराणिक मत से लक्ष्मी-नारायण, राधा-कृष्ण तथा तन्त्रमत से परमशिव और परमशक्ति कहते हैं ।

(२) नवचक्रसाधन

यहाँ तक शिवसंहिताकार के मत से सुषुम्णास्थित षट्चक्रों का वर्णन संक्षेप में किया गया । अब अन्यान्य तन्त्रों में कथित नवचक्रों का वर्णन किया जाता है । यथा—

नवचक्रं कलाधारं त्रिलक्ष्यं व्योमपञ्चकम् ।
स्वदेहे यो न जानाति स योगी नामधारकः ॥

'शरीर में नवचक्र, षोडशाधार, त्रिलक्ष्य और पञ्च प्रकार के व्योम को जो व्यक्ति नहीं जानता वह व्यक्ति केवल नामधारी योगी ही है ।'

नवचक्र ये हैं—१. मूलाधार, २. स्वाधिष्ठान, ३. मणिपूर, ४. अनाहत, ५. विशुद्ध, ६. आज्ञा, ७. तालु ८. ब्रह्मरन्ध्र और ९. सहस्रार ।

षोडशकलाधार इस प्रकार हैं—१. अङ्गुष्ठ, २. पादमूल, ३. गुह्यदेश, ४. लिङ्गमूल, ५. जठर, ६. नाभि, ७. हृदय, ८. कण्ठ, ९. जिह्वाग्र, १०. तालु, ११.

जिह्वामूल, १२. दन्त, १३. नासिका, १४. नासापुट, १५. भ्रूमध्य और १६. नेत्र ।

त्रिलक्ष्य ये हैं—१. स्वयम्भूलिङ्ग, २. बाणलिङ्ग और ३. ज्योतिर्लिङ्ग ।

पञ्चव्योम ये हैं—१. आकाश, २. महाकाश, ३. पराकाश, ४. तत्त्वाकाश और ५. सूर्याकाश ।

प्रथम चक्रसाधन—पहला ब्रह्मचक्र अर्थात् आधारचक्र भगाकृति है । इसमें तीन आवर्त्त हैं । यह स्थान अपानवायु का मूलदेश है और समस्त नाडियों का उत्पत्तिस्थान हैं, इसी कारण इसका नाम कन्दमूल है । कन्दमूल के ऊपर अग्निशिखा के समान तेजस्वी कामबीज—'क्लीं' है । इस स्थान में स्वयम्भूलिङ्ग हैं । इन स्वयम्भूलिङ्ग को तेजोरूपा कुण्डलिनी शक्ति साढ़े तीन बार गोलाकार वेष्टन करके अधिष्ठित है । इस ज्योतिर्मयी कुण्डलिनी शक्ति को जीवरूप में ध्यान करके उसमें चित्त को लय करने से मुक्ति की प्राप्ति होती है ।

द्वितीय चक्रसाधन—स्वाधिष्ठाननामक द्वितीय चक्र है । यह प्रवालङ्कुर के समान और पश्चिमाभिमुखी है । इसमें उड्डीयान पीठ के ऊपर कुण्डलिनी शक्ति का ध्यान करने से जगत् को आकर्षण करने की शक्ति उत्पन्न होती है ।

तृतीय चक्रसाधन—तृतीय मणिपूरनामक नाभिचक्र है । उसमें पञ्च आवर्त्त से विशिष्ट शक्ति विद्युद्वर्ण वाली है । चित्स्वरूपा मध्यशक्ति भुजगावस्था में रहती है । उसका ध्यान करने से योगी निश्चयपूर्वक सर्वसिद्धियों का पात्र हो जाता है ।

चतुर्थ चक्रसाधन—चतुर्थ अनाहतचक्र हृदय देश में अधोमुख अवस्थित है उसके बीच में ज्योतिःस्वरूप हंस का यत्नपूर्वक ध्यान करके उसमें चित्तलय करना चाहिये । इस ध्यान से समस्त जगत् वश में हो जाता है, इसमें सन्देह नहीं ।

पञ्चम चक्रसाधन—पञ्चम विशुद्धनामक कालचक्र कण्ठ देश में स्थित है । उसके वामभाग में इडा, दक्षिण भाग में पिङ्गला और मध्य में सुषुम्णा नाडी है । इस चक्र में निर्मल ज्योति का ध्यान करके चित्त लय करने से योगी सर्वसिद्धि को प्राप्त करता है ।

षष्ठ चक्रसाधन—षष्ठ ललना वा तालुका चक्र है । इस स्थान को घण्टिका स्थान और दशम द्वार मार्ग कहते हैं। इसके शून्य स्थान में मनोलय करने से उस लययोगी पुरुष को निश्चय ही मुक्ति प्राप्त होती है।

सप्तम चक्रसाधन—आज्ञापुर में भ्रूमध्य में भ्रूचक्र नामक सप्तम चक्र है। इस स्थान को बिन्दु स्थान कहते हैं । इस स्थान में वर्त्तुलाकार ज्योति का ध्यान करने से मोक्षपद की प्राप्ति हो जाती है ।

अष्टम चक्रसाधन—अष्टम चक्र ब्रह्मरन्ध्र में है। यह चक्र निर्वाण प्रदान करने वाला है। इस चक्र में सूचिका के अग्रभाग के समान धूम्राकार जालन्धर नामक स्थान में ध्यान करके चित्त लय करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

नवम चक्रसाधन—नवम ब्रह्मचक्र है। यह चक्र षोडशदल में सुशोभित है। उसमें सच्चिद्रूपा अर्द्धशक्ति प्रतिष्ठित है । इस चक्र में पूर्णा चिन्मयी शक्ति का ध्यान करने से मुक्ति की प्राप्ति होती है।

इन नौ चक्रों में एक–एक चक्र का ध्यान करने वाले योगी के लिए सिद्धि और मुक्ति करतलगत हो जाती है । क्योंकि वे ज्ञाननेत्र के द्वारा कोदण्डद्वय के मध्य कदम्ब के समान गोलाकार ब्रह्मलोक का दर्शन करते हैं और अन्त में ब्रह्मलोक को प्राप्त करते हैं।

एतेषां नवचक्राणाममेकैकं ध्यायतो मुने:
सिद्धयो मुक्तिसहिता: करस्था: स्युर्दिने दिने ।
कोदण्डद्वयममध्यस्थं पश्यन्ति ज्ञानचक्षुषा
कदम्बगोलकाकारं ब्रह्मलोकं व्रजन्ति ते ॥

रुद्रयामल के द्वितीय भाग का विषय संक्षेप

छियालिसवें पटल में रुद्रशक्तिलाकिनीस्तोत्र का सविधि वर्णन हैं। पहले स्तोत्र का माहात्म्य फिर इसका विनियोग और पाठ विहित है। ६० श्लोकों में निबद्ध इस स्तोत्र में 'त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा' कहते हुए इसी उक्ति को अनेक श्लोकों में उक्ति की दृढ़ता के लिए कई बार पुनरुक्त किया गया है–

महासिंह पृष्ठे पदाम्भोजलक्ष्मीर्मम श्रीशिरोमण्डलस्थं प्रपातु ।
भवानन्दसन्तानकल्पेऽवदेहं त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ २४ ॥
वहन्ती कपालं स्खलन्तीमपार्थं महाहेममाला महाकाशयन्ती ।
शिवो मङ्गलं मे तु वैश्वानरीशे त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ५३ ॥

भक्त के लिए देवी अत्यन्त करुणामयी है–

प्रतिष्ठा कीर्तिस्ते त्वमवतरसि त्रासि तिमिरा-
न्न जाने त्वत् तत्त्वं तरुणि महिमानं सुखमयम् ।
महापारावारां निधिभवजलेशं कुरु जयम्
हिरण्याह्लादस्था त्वमपि करुणासागरमयी ॥ १३ ॥

सैतालिसवें पटल में रुद्राणी एवं रुद्र का पूजा विधान किया गया है । रुद्राणी एवं रुद्र के मन्त्रों का उद्धार है । रुद्र के ५१ नाम और रुद्राणी के विभिन्न नामों का संकीर्तन है । फिर विस्तार से ऋष्यादिन्यास का निरूपण करके सदाशिव का ध्यान और मानसोपचार वर्णित है । स्तोत्र कहकर मृत्युञ्जय की पूजा का विधान है । यजन क्रम में षोडशोपचार के अनेक मन्त्रों का त्रिधान होने से इस पटल का नाम मन्त्रप्रकाश है ।

अड़तालिसवें पटल में आनन्दभैरव कहते हैं कि मैंने महारुद्र के पुण्यों को तो सुना किन्तु उनकी स्तुति का ज्ञान मुझे नहीं है । अत: आनन्दभैरवी ने रुद्र मृत्युञ्जय की ३२ श्लोकों में स्तुति की है–

स्वयं पुराणं पुरुषेश्वरं गुरुं मिथ्याभयाह्लादविभाविनं भजे ।
भावप्रियं प्रेमकलाधरं शिवं गिरीश्वरं चारुपदारविन्दम् ॥ १६ ॥
नमो नमो रुद्रगणेभ्य एवं मृत्युञ्जयेभ्यः कुलचञ्चलेभ्यः ।
शक्तिप्रियेभ्यो विजयादिभूतये शिवाय धन्याय नमो नमस्ते ॥ १८ ॥

इस स्तोत्र की फलश्रुति है जीवन्मुक्ति (जीवित रहकर ही मुक्ति लाभ) ।

उनचासवें पटल में लाकिनी देवी का स्तोत्र विधान है। पहले विनियोग और वरवर्णिनी लाकिनी के स्वरूप कथन के साथ-साथ प्रत्येक श्लोक में उनसे विभिन्न अंगों की रक्षा करने की प्रार्थना ३२ श्लोकों में की गई है–

मात्रा मुद्रा मननिलया मालिनी मन्त्रविद्या
विश्वेशानी शयनरहिता शीतवातातपस्था ।
सत्यासत्या वचनभवगा गौरि माता त्वमेव
प्राणान् रक्ष प्रथमकिरणामाश्रये त्वामनन्ताम् ॥ १० ॥
पीतापीता पवनगमना धारणध्यानयोगा
कालाकाला कलिकुलकला निष्कला ज्ञानरूपा ।
कृष्णानन्दा मदनकुहरा केकरा शङ्करी वा
त्वं श्रीधात्री धवलकमलं नाभिमूले प्रवक्ष्ये ॥ १२ ॥
श्वेता श्वेतारुणशतकरा भावनाज्ञानसिद्धिः
प्रीताप्रीता परमगहना चारुणामाननायाः ।
त्वं सा विद्या विधिबुधवरा धारणाज्ञानगम्या
रम्यारम्या रमणनिरता नीरदा पातु नाभिम् ॥ १३ ॥

पचासवें पटल में मणिभेद प्रकाश का वर्णन है। उत्तम अधम और मध्यम भेद से तीन प्रकार के वीर साधक पहले वर्णित हैं । फिर दिव्य, वीर एवं पशु भेद से तीन भावों का निरूपण है–

तन्मध्ये त्रिविधं भावं दिव्यवीरपशुक्रमम् ।
दिवि तिष्ठन्ति देवाश्च वीरास्तिष्ठन्ति भूतले ॥ ४ ॥
पशवः सन्ति पाताले क्रमशः क्रमशः प्रभो ।
सर्वत्र त्रिगुणच्छन्नं सत्त्वरजस्तमादिकम् ॥ ५ ॥

फिर योगाभ्यास में शरीर शोधन के लिए पञ्चामरा का विधान है (२७–३१)। पञ्च योग की सिद्धि के लिए पाँच औषधि का निरूपण है (३२–४७)। फिर विजयापत्रं शोधन की विधि वर्णित है ।

इक्यावनवें पटल में लाकिनी देवी का सहस्रनाम कीर्तन है। पहले इस सहस्रनाम स्तोत्र का माहात्म्य फिर विनियोग वर्णित है। इसके पाठ से सर्वविध सम्पत्ति का लाभ होता है। भोज पत्र पर इसे लिखकर कण्ठ में धारण करने से देवी की कृपा प्राप्त होती है । बावनवें पटल में मन्त्रार्थचैतन्यविन्यास वर्णित है । तिरपनवें पटल में

कालजालादिवारण का प्रकार प्रतिपादित है । **चौवनवें पटल** में पञ्चद्रव्यादिसाधन, **पचपनवें पटल** में हठयोगक्रमस्वरूप, **छप्पनवें पटल** में अनाहतहृत्कमलभेदन, **सत्तावनवें पटल** में काकिनीश्वरपार्श्वचर का यजन है, **अट्ठावनवें पटल** में अष्टसिद्धिमाहात्म्य में काकिनीसाधन प्रतिपादित है । **उनसठवें पटल** में काकिनीस्तोत्र और **साठवें पटल** में ईश्वरस्तोत्र कहा गया है ।

इकसठवें पटल में काकिन्यष्टोत्तरसहस्रनामस्तोत्र वर्णित है, **बासठवें पटल** में ईश्वरस्तोत्रविन्यास है, **तिरसठवें पटल** में अनाहतेश्वरसम्मोहनकवच है, **चौंसठवें पटल** में कण्ठपद्मभेदविज्ञानविन्यास है, **पैंसठवें पटल** में शाकिनीसदाशिवार्चन है, **छाछठवें पटल** में शाकिनीयजन, **सड़सठवें पटल** में शाकिनीस्तोत्रविन्यास है, **अड़सठवें पटल** में विशुद्ध वर्ण ध्यान बताया गया है । इसके ज्ञान मात्र से सिद्धि प्राप्त हो जाती है । **उनहत्तरवें पटल** में भगवती काकिनी देवी के ११०८ नामों का प्रतिपादन है । यह सहस्रनाम अकालमृत्यु का हरण करने वाला एवं सभी व्याधियों का विनाशक है । **सत्तरवें पटल** में शाकिनीसदाशिव कवच वर्णित है । यह सभी कामनाओं की पूर्ति करने वाला है । **इकहत्तरवें पटल** में श्री बटुकनाथ की पूजाविधि एवं ध्यान वर्णित है। यह कण्ठपद्म को प्रकाशित करने वाला है । इस पूजाविधि में बटुकनाथ का अत्यन्त प्रसिद्ध श्लोक इस प्रकार है—

करकल्पितकपालः कुण्डली दण्डपाणिस्तरुणतिमिरनीलो व्यालयज्ञोपवीती ।
क्रमसमयसपर्याविघ्नविच्छेदहेतुर्जयति बटुकनाथः सिद्धिदः कौलिकानाम् ॥

बहत्तरवें पटल में कालीस्तवन है । **तिहत्तरवें पटल** में वाणी गीत विन्यास है । **चौहत्तरवें पटल** में सदाशिवकवच का पाठ है । इस कवच के पाठ से शिवसायुज्य प्राप्त होता है और ज्ञान की सिद्धि होती है । **पचहत्तरवें पटल** में अकालमृत्यु का हरण करने वाली सभा का वर्णन है । **छिहत्तरवें पटल** में शाकिनीकवच का वर्णन है। इस कवच के पाठ से अकस्मात् सिद्धि प्राप्त हो जाती है और आठों ऐश्वर्य प्राप्त होते हैं । इस विद्या को कण्ठ में धारण करने वाला अक्षयत्व प्राप्त करता है । **सतहत्तरवें पटल** में योगार्थ सञ्चय का सम्यक् रूप से निरूपण हुआ है । महायोगी चक्र में, चक्र के बाहर और भीतर भी कालचक्र को देखता है । **अठहत्तरवें पटल** में कण्ठाम्भोज के भेदन को प्रकाशित किया गया है । कण्ठ के माहात्म्य वर्णन प्रसङ्ग में कहा गया है—

अनायासेन सिद्धिः स्याद् ज्ञानी च ज्ञानवान् भवेत् ।
ऊर्ध्वमुखं कण्ठपद्मं तदग्रे चक्रमण्डलम् ॥
इति कण्ठस्य माहात्म्यं संक्षेपात् कथितं मया ।
जानाति योगी ध्यानेन ज्ञानयुक्तेन चेतसा ॥

कण्ठपद्म ऊर्ध्वमुख है उसके आगे चक्रमण्डल है। इसके भेदन से, ध्यान से एवं ज्ञान युक्त चित्त से योगी सब कुछ जानने में समर्थ होता है। उसे अनायास सिद्धि प्राप्त होती है और वह ज्ञानवान् हो जाता है। **उन्यासीवें पटल** में शाकिनी के मन्त्र का उद्धार

किया गया है। **अस्सीवें पटल** में महामन्त्र (=सदाशिव हाकिनी शक्ति मन्त्र) का माहात्म्य और उस मन्त्र का निर्वचन भी निरूपित है। दो लाख जप से इसका पुरश्चरण कहा गया है। इससे वाक्सिद्धि (जो कहे वही होना) और सदेह देवलोक की प्राप्ति कही गई है –

'द्वे लक्षे मन्त्रसिद्धिर्भवति निजकुले कामधेनुस्वरूप: ?

इक्यासीवें पटल में पद्म–ग्रन्थिभेद वर्णित है। देवी के द्वारा यहाँ ग्रन्थिभेद के क्रम का ज्ञान सम्यक् रूप से कराया गया है। **बयासीवें पटल** में हाकिनी देवी एवं परशिव के यजन का विधान किया गया है। निर्जन प्रदेश में प्रात: स्नान आदि कृत्य करके योगासन करके पूजा करनी चाहिए। **तिरासीवें पटल** में हाकिनी स्तोत्र का विधान है। इसके पाठ से साधक वाग्मी हो जाता है।

चौरासीवें पटल में हाकिनी देवी के कवच का विधान है। यह कवच संसार समुद्र से पार लगाने वाला है। पहले कवच पाठ का माहात्म्य, विनियोग फिर कवच वर्णित है। **पचासीवें पटल** में परशिव के कवच का विधान है। यह कवच ज्ञान प्रदान करता है। यहाँ भी कवच का माहात्म्य, विनियोग और पाठ का विधान है।

छियासीवें पटल में आनन्दभैरव की प्रार्थना पर हाकिनी देवी के ११०८ नामों का कीर्तन है । इस सहस्रनाम स्तोत्र के विनियोग के अनन्तर 'ॐ हाकिनी वसुधा लक्ष्मी' आदि से लेकर 'इत्येतत् कथितं नाम हाकिन्या: कुलशेखर' आदि तक हाकिनी देवी के ११०८ नामों का कथन है । अन्त में 'सहस्रनाम योगाङ्ग...' १७८ से लेकर २१७ श्लोक तक सहस्रनाम की फलश्रुति दी गई है । **सत्तासीवें पटल** में परशिवहाकिनीश्वर अष्टोत्तर सहस्रनाम कहा गया है । भ्रूपद्मभेदन के लिए इस सहस्रनाम का विनियोग है । 'ॐ हसौं सां परेशश्च ... से लेकर भ्रान्तिवल्लभ:' तक ११०८ नामों का विधान किया गया है । **अट्ठासीवें पटल** में भ्रूपद्मदल के भीतर दीपशिखा के मध्य होमस्थान में परब्रह्मस्वरूपा पराशक्ति के निर्मूल स्थान का प्रतिपादन किया गया है । **नवासीवें पटल** में वाराणसी पीठ के नाथों का अन्तर्यजन वर्णित है । शरीर में स्थित वाराणसी पीठ का ध्यान एव यजन सर्वदा कल्याण चाहने वाले साधक को करते रहना चाहिए । **नब्बेवें पटल** में वाराणसी पीठ के पाँचों कोण पर अधिष्ठित हाकिनी देवी के पाँच पीठ और अनके अधिष्ठातृ देवों का प्रतिपादन है। इन पञ्चकोणों में पञ्चतत्त्व एवं पञ्चबीजों का वर्णन है ।

रुद्रयामलगत सहस्रनामों का प्रयोजन—रुद्रयामल में कुल ८ सहस्रनाम आए हैं ।१. कुमारी सहस्रनाम, २. कुण्डलिनीसहस्रनाम, ३. श्रीकृष्णराकिणीसहस्रनाम, ४. मृत्युञ्जयलाकिनीअष्टोत्तरशतसहस्रनाम, ५. काकिन्यष्टोत्तरसहस्रनाम, ६. शाकिनीसदाशिव-स्तवनमङ्गलाष्टोत्तरसहस्रनाम, ७. हाकिनीसहस्रनाम, ८. परनाथाष्टोत्तरसहस्रनाम ।

यद्यपि ये सहस्रनाम ज्योतिष एवं धर्मशास्त्रों के अनुसार अनिष्टकारिणी ग्रहदशा या अन्तर्दशा के अरिष्ट में अनिष्टों की शान्ति के लिए उपयुक्त उपाय हैं । किन्तु

रुद्रयामल के अनुसार ७० हजार नाडियों वाले इस शरीर में सहस्र नाडियों की प्रमुखता होने से उनका जागरण इन नामों से होता है । जैसे वृक्ष में मूल से लेकर शिखर पर्यन्त एक ही रस व्याप्त है फिर भी पत्र, शाखा और पुष्पादि रूपों से वृक्ष व्यक्त होता है, वैसे ही विश्व में एक ही शक्ति नाना रूपों में प्रकट होती है । यही महाशक्ति है । यह एक से अनेक और अनेक से एक हो जाने की इच्छा सृष्टि का मूल कारण है । इसी इच्छा का नाम शक्ति है । उसी सर्वोच्च सत्ता को सहस्रनामों से ज्ञानी साधक स्तवन करते हैं और उससे उनका मन धीरे-धीरे निर्मल होता जाता है तथा उनमें मूल शक्ति के प्रति भक्ति प्रकट होती है जिससे इस संसार से मुक्ति या पुनः उस सर्वोच्च सत्ता में लय होता है । यही सहस्रनामों या अष्टोत्तर शतनामों का प्रयोजन है । काम्य प्रयोग भी इनके द्वारा किए जाते हैं जिनका कथन फलश्रुतियों में प्राप्त है ।[१] जहाँ पर नामावली में १००८ संख्या नहीं पूर्ण होती वहां पर नामावली में आए हुए नामों की ही आवृत्ति करके संख्या पूर्ण करनी चाहिए ।

रुद्रयामल का संदेश—भैरवी ने कहा—हे जगन्नाथ! जो इस शरीर को पाकर प्रतिदिन अपने कर्मसूत्र का उच्छेद कर देता है वह हमारे चरणाम्बुज के दर्शन का अधिकारी हो जाता है । मुझ में भाव (प्रेम) रखने वाला, (और सभी के आँखों का तारा) ऐसा मनुष्य सर्वथा दुर्लभ है । यतः भाव से सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है । भाव से साक्षात् देव का दर्शन प्राप्त होता है । भाव से ही ब्रह्मज्ञान प्राप्त होता है। इसलिये भाव का सहारा लेना चाहिये । सभी शास्त्रों का भाव अत्यन्त गूढ़ है । भाव सब के इन्द्रियों में विद्यमान रहता है । जब सभी का मूलभूत 'देवी' भाव (प्रेम) हो जाता है, तभी ध्यान में दृढ़ता आती है और तभी सारी सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं। मेरे जिस भाव के उदय होने से मेरा अनुग्रह प्राप्त होता है उस भाव से बढ़ कर कुछ नहीं है, क्योंकि मेरा अनुग्रह होने से जीव सुखी हो जाता है । सुख प्राप्त होने पर पुण्य का प्रभाव जाना जाता है और पुण्याधिक्य से भगवान् अच्युत के दर्शन होते हैं और यही मानव जीवन का अन्तिम लक्ष्य है ।[२]

विद्वद्वशंवदः

डॉ० सुधाकर मालवीय

---

१. तद्दोषपरिहारार्थं विष्णुसाहस्रकं जपेत्, शिवसाहस्रकं जपेत्, सूर्यसाहस्रकं जपेत् ।

२. कर्मसूत्रं यश्छिनत्ति प्रत्यहं तनुसंस्थितः । स पश्यति जगन्नाथ मम श्रीचरणाम्बुजम् ॥
मयि भावं यः करोति दुर्लभो जनवल्लभः । भावेन लभ्यते सर्वं भावेन देवदर्शनम् ॥
भावेन परमं ज्ञानं तस्माद् भावावलम्बनम् । भावञ्च सर्वशास्त्राणां गूढं सर्वेन्द्रियस्थितम् ॥
सर्वेषां मूलभूतञ्च देवीभावं यदा लभेत् । तदैव सर्वसिद्धिश्च तदा ध्यानदृढो भवेत् ॥
भावात् परतरं नास्ति येनानुग्रहवान् भवेत् । भावादनुग्रहप्राप्तिरनुग्रहान् महासुखी ॥
सुखात् पुण्यप्रभावः स्यात् पुण्यादच्युतदर्शनम् ॥ (रुद्र. १. १०९–११९)

विषयानुक्रमणिका

अथ षट्चत्वारिंशः पटलः १ - १७

रुद्राणीस्तोत्रम्

रुद्राणीस्तोत्रस्य विनियोगः २

रुद्राणीस्तोत्रम् २

श्लोकाङ्काः ६१

अथ सप्तचत्वारिंशः पटलः १८ - ५६

रुद्राणीरुद्रयोः पूजाप्रकरणम्

रुद्राण्या रुद्रस्य च मन्त्रोद्धारः १९

रुद्रस्य एकपञ्चाशन्नामानि (३९—५४) २३

रुद्राणीनामानि (५७—६५) २६

रुद्रध्यानम् (९३) ३१

रुद्रस्य पीठशक्तयः (९५—९६) ३२

शक्त्यर्चनविधानम् (१०९) ३३

ऋष्यादिन्यासः (१११) ३४

रुद्राणीध्यानम् (११९) ३५

श्रीकण्ठन्यासः (१३०) ३६

पञ्चमूर्तिन्यासः (१४५) ३८

कलान्यासः (१४६—१८४) ३८

पञ्चमुखन्यासः (१८५) ४३

सदाशिवध्यानमानसोपचारञ्च (२०७—२३२) ४६

सदाशिवस्तोत्रम् (२३३—२४०) ४९

मृत्युञ्जयविधानम् (२४१—२५३) ५०

पीठन्यासः (२५४—२६२) ५२

मृत्युञ्जयऋष्यादिन्यासः (२६३) ५३

मृत्युञ्जयकराङ्गन्यासः (२६८) ५४

मृत्युञ्जयध्यानम् (२७१) ५४
मृत्युञ्जयपूजाविधानम् (२७३–२८४) ५५
श्लोकाङ्का: २८४

अथ अष्टचत्वारिंश: पटल: ५७ - ६४
मृत्युञ्जयस्तवनम्
मृत्युञ्जयस्तोत्रम् ५८
श्लोकाङ्का: ३२

अथ एकोनपञ्चाशत्तम: पटल: ६५ - ७४
लाकिनीस्तवनम्
लाकिनीस्तोत्रम् ६५
लाकिनीस्तोत्रस्य विनियोग: ६५
श्लोकाङ्का: ३२

अथ पञ्चाशत्तम: पटल: ७५ - ८४
मणिपूरभेदप्रकाश:
वीरभावस्य माहात्म्यम् ७७
पञ्चामराकर्म ७८
पञ्चामराभक्षणमन्त्र: ८०
(१) दूर्वाविधानम् ८०
(२) निर्गुण्डीशोधनमन्त्र: ८१
(३) बिल्वशोधनमन्त्र: ८१
(४) तुलसीशोधनमन्त्र: ८१
(५) विजयाशोधनमन्त्र: ८१
श्लोकाङ्का: ७३

अथैकपञ्चाशत्तम: पटल: ८५ - ११०
मृत्युञ्जयसहितं लाकिनीसहस्रनामस्तोत्रम्
महारुद्रमृत्युञ्जयलाकिनीअष्टोत्तरशतसहस्रनाम–
मङ्गलस्तोत्रस्य विनियोग: ८५
मृत्युञ्जयलाकिनीअष्टोत्तरशतसहस्रनामविन्यास: ८५
मृत्युञ्जयलाकिनीअष्टोत्तरशतसहस्रनामफलश्रुतिकथनम् १०८
श्लोकाङ्का: २१२

अथ द्विपञ्चाशत्तमः पटलः १११ - ११६

मन्त्रार्थचैतन्यविन्यासः

मणिपूरसाधनम् १११

श्लोकाङ्काः २५

अथ त्रिपञ्चाशत्तमः पटलः ११७ - १२८

कालजालादिवारणप्रकारः

योगनिर्णये नित्यक्रियाविधानम् ११९

शौचक्रियाविधानम् १२०

श्लोकाङ्काः ७७

अथ चतुःपञ्चाशत्तमः पटलः १२९ - १३४

पञ्चद्रव्यादिसाधनम्

पञ्चसिद्धद्रव्यशोधनकथनम् १२९

(१) विजयाभक्षणमन्त्रः १३०

(२) बिल्वभक्षणमन्त्रः १३१

(३) दूर्वाभक्षणमन्त्रः १३१

(४) निर्गुण्डीशोधनमन्त्रः १३३

(५) तुलसीशोधनमन्त्रः १३३

श्लोकाङ्काः ३४

अथ पञ्चपञ्चाशत्तमः पटलः १३५ - १३७

हठयोगक्रमस्वरूपम्

मणिपूरफलकथनम् १३६

श्लोकाङ्काः १६

अथ षट्पञ्चाशत्तमः पटलः १३८ - १५१

अनाहतहृत्कमलभेदनम्

अनाहतपद्मचक्रविन्यासः १३९

अनाहतपद्मचक्रध्यानम् १४०

काकिनीध्यानम् १४७

काकिनीध्यानफलकथनम् १४९

श्लोकाङ्काः ७४

अथ सप्तपञ्चाशत्तमः पटलः १५२ - १५८

विवेकगुणलक्षणम्

काकिनीश्वरपार्श्वचरयजनम् १५३

श्लोकाङ्काः ४३

अथाष्टपञ्चाशत्तमः पटलः १५९ - १६५

अष्टसिद्धिमाहात्म्ये काकिनीसाधनम्

काकिनीसिद्धिसाधनवर्णनम् १५९

भैरव्यादिमनुकथनम् १६१

श्रीश्वरीकाकिनीध्यानकथनम् १६३

न्यासकथनम् १६४

श्लोकाङ्काः ३९

अथैकोनषष्टितमः पटलः १६६ - १७३

काकिनीस्तोत्रविन्यासः

काकिनीस्तोत्रम् १६६

हृत्पद्मादिवर्णध्यानम् १७०

फलश्रुतिकथनम् १७३

श्लोकाङ्काः २६

अथ षष्टितमः पटलः १७४ - १८१

ईश्वरस्तोत्रम्

सुरस्तवनम् १७५

श्लोकाङ्काः २३

अथैकषष्टितमः पटलः १८२ - २११

काकिन्यष्टोत्तरसहस्रनामस्तोत्रविन्यासः

काकिनीध्यानम् १८४

काकिनीश्वरसहस्रनामस्तोत्रस्य विनियोगः १८५

काकिनीश्वरसहस्रनामस्तोत्रस्य विधानम् १८५

काकिनीश्वरसहस्रनामस्तोत्रस्य फलश्रुतिकथनम् २०७

श्लोकाङ्काः २४२

अथ द्विषष्टितम: पटल: २१२ - २१८

ईश्वरस्तोत्रविन्यास:

ईश्वरस्तोत्रकथनम् २१३

ईश्वरस्तोत्रस्य फलश्रुतिकथनम् २१७

श्लोकाङ्का: २२

अथ त्रिषष्टितम: पटल: २१९ - २३०

अनाहतेश्वरसम्मोहनकवचम्

श्रीसम्मोहनमहाकवचस्य विनियोग: २२०

श्रीसम्मोहनमहाकवचकथनम् २२०

श्रीसम्मोहनमहाकवचस्य फलश्रुतिकथनम् २२८

श्लोकाङ्का: ८३

अथ चतु:षष्टितम: पटल: २३१ - २७५

कण्ठपद्मभेदविज्ञानविन्यास:

कण्ठपद्मभेदविज्ञानकथनम् २३१

भल्लेशीध्यानकथनम् २३२

(१) कण्ठसञ्चारविधि: २३५

(२) राक्षसी (चीनाचार) क्रियाकथनम् २४०

(क) उत्तमचीनाचारकथनम् २४१

(ख) मध्यमचीनाचारकथनम् २४७

(ग) अधमचीनाचारकथनम् २५०

(३) रिपुविद्वेषणम् २५८

(४) मङ्गलोदयम् २५९

(५) विस्मयाह्लादम् २६०

(६) कालसाधनम् २६०

(७) नवीनत्वप्राप्ति: २६१

(८) सदाशिवदेवीध्यानम् २६१

(९) आज्ञागुरु-सद्भाव: २६२

(१०) कुलपीठप्रदर्शनम् २६३

(११) कुण्डलीगमनम् २६४

(१२) साधकालम्बनकथनम् २६६

(१३) वर्णध्यानम् २६७

(१४) सहस्रारपद्मदलभेदः २६८

(१५) स्फूर्तिविद्यावियोगम् २६८

(१६) पूर्वज्ञानसमोदयम् २६९

(१७) समरसप्राप्तिः २६९

(१८) कायाकल्पनम् २७०

(१९) कामदेवस्य मथनं २७२

(२०) कण्ठाम्भोजे स्थिरत्वं २७४

(२१) भावज्ञानीसाधकः २७४

श्लोकाङ्काः ३२८

अथ पञ्चषष्टितमः पटलः **२७६ - २८२**

शाकिनीसदाशिवार्चनम्

शाकिनीध्यानम् २७६

शाकिनीविद्यामन्त्रोद्धारः २७७

शाकम्भरीस्तवनम् २७८

शाकम्भरीध्यानम् २७९

शाकिनीपूजाविधानम् २८०

श्लोकाङ्काः ३८

अथ षष्ठषष्टितमः पटलः **२८३ - २९९**

शाकिनीयजनम्

त्रिविधपूजाकथनम् २८३

सर्वाविद्यादिपूजाविधिकथनम् २८४

विद्यापूजनम् २८७

शाकिनीध्यानम् २८७

भूतशुद्धिकथनम् २८८

प्राणप्रतिष्ठाकथनम् २८९

पूजानिरूपणे न्यासकथनम् २९०

परिवारादिदेवतापूजाकथनम् २९१

पीठपूजनम् २९३

शिवलोकार्चनम् २९६

शक्तिविद्यापूजाविधानम् २९६

पञ्चोपचारकथनम् २९७

विशेषबल्यर्पणम् २९७

जपसमर्पणम् २९७

श्लोकाङ्का: १२६

अथ सप्तषष्टितम: पटल: ३०० - ३०५

शाकिनीस्तोत्रविन्यास:

शकिनीस्तोत्रकथनम् ३००

श्लोकाङ्का: २०

अथाष्टषष्टितम: पटल: ३०६ - ३१२

विशुद्धवर्णध्यानकथनम्

विशुद्धवर्णध्यानम् ३०६

श्लोकाङ्का: २३

अथैकोनसप्ततितम: पटल: ३१३ - ३३०

शाकिनीसदाशिवस्तवनमङ्गलाष्टोत्तरसहस्रनामविन्यास:

शाकिनीसदाशिवस्तवनम् ३१३

मङ्गलाष्टोत्तरसहस्रनाम विनियोग: ३१४

श्रीभुवनमङ्गलमहास्तोत्र-अष्टोत्तरसहस्रनामकथनम् ३१५

श्रीभुवनमङ्गलमहास्तोत्रस्य फलश्रुतिकथनम् ३२७

श्लोकाङ्का: १५८

अथ सप्ततितम: पटल: ३३१ - ३४०

सदाशिवशाकिनीफलादेशकथनम्

शाकिनीसदाशिवकवचस्य विनियोग: ३३२

शाकिनीसदाशिवमहाकवचकथनम् ३३२

शाकिनीसदाशिवमहाकवचस्य फलश्रुतिकथनम् ३३९

श्लोकाङ्का: ७७

अथैकसप्ततितम: पटल: ३४१ - ३४९

श्रीबटुकनाथस्य पूजाविधानम्

सदाशिवमन्त्रकथनम् ३४१

बटुकस्यार्चनम् २४६

श्लोकाङ्का: ६०

अथ द्विसप्ततितमः पटलः ३५० - ३६१
कालीस्तवनम्
कालीस्वरूपकथनम् ३५०
कालीस्तवनम् ३५१
श्लोकाङ्काः ४७

अथ त्रिसप्ततितमः पटलः ३६२ - ३६६
वाणीगीतम्
वाणीगीतविन्यासः ३६२
श्लोकाङ्काः २१

अथ चतुःसप्ततितमः पटलः ३६७ - ३८०
सदाशिवकवचकथनम्
प्रासादमन्त्रकवचं, तस्य माहात्म्यञ्च ३६७
सदाशिवकवचस्य फलश्रुतिकथनम् ३७७
श्लोकाङ्काः १११

अथ पञ्चसप्ततितमः पटलः ३८१ - ३९७
अकालमृत्युहरणसभावर्णनम्
सिद्धसभावर्णनम् ३८१
सदाशिवसभावर्णनम् ३८२
पितामहसभावर्णनम् ३८७
श्लोकाङ्काः १४१

अथ षष्ठसप्ततितमः पटलः ३९८ - ४०४
काकिनीकवचम्
काकिनीदेव्याः अष्टोत्तरशतनामानि ३९९
काकिनीकवचस्य फलश्रुतिकथनम् ४०२
शाकम्भरीध्यानम् ४०३
श्लोकाङ्काः ५०

अथ सप्तसप्ततितमः पटलः ४०५ - ४११
योगार्थसञ्चयनम्
सदाशिवकुलचक्रनिरूपणम् ४०५
श्लोकाङ्काः ४८

अथाष्टसप्ततितमः पटलः ४१२ - ४१९
कण्ठाम्भोजभेदप्रकाशः
सिद्धकुलचक्रमण्डलम् ४१८
श्लोकाङ्काः ६०

अथैकोनाशीतितमः पटलः ४२० - ४२८
शाकिनीमन्त्रोद्देशः
भूपद्मज्ञाननिरूपणम् ४२०
श्लोकाङ्काः ३९

अथाशीतितमः पटलः ४२९ - ४३३
हाकिनीकूटमन्त्रः
हाकिनीमन्त्रोद्धारः ४३०
श्लोकाङ्काः २५

अथैकाशीतितमः पटलः ४३४ - ४४१
हाकिन्याः मन्त्रोद्धारः साधनं पूजनञ्च
(१) खगिनीमन्त्रोद्धारः ४३६
(२) द्राविणीमन्त्रोद्धारः ४३७
(३) धूम्रामन्त्रोद्धारः ४३७
(४) कठिनामन्त्रोद्धारः ४३८
(५) कर्कटीमन्त्रोद्धारः ४३९
(६) श्यामलामन्त्रोद्धारः ४४०
(७) कपिलामन्त्रोद्धारः ४४०
श्लोकाङ्काः ५०

अथ द्व्यशीतितमः पटलः ४४२ - ४७१
हाकिनीपरशिवपूजनम्
हाकिनीपरशिवयजनम् ४४४
पीठनायिकानामानि ४४९
मन्त्रशक्तयः ४५०
न्यासजालविधानम् ४५०
श्रीकण्ठादिन्यासविधानम् ४५३
ग्रहन्यासविधानम् ४५४
लोकपालन्यासविधानम् ४५४

शिवशक्तिन्यासविधानम्	४५६
शक्तिविन्यासकथनम्	४५८
पीठन्यासविधानम्	४५९
सिद्धपुरुषाणां नामानि	४६१
परदेवतापञ्चमुखशिवध्यानम्	४६२
हाकिनीध्यानम्	४६२
ऋषिध्यानम्	५६३
जीवसंस्कारकथनम्	४६४
हाकिनीसदाशिवध्यानम्	४६५
अष्टादशोपचारकथनम्	४६९
श्लोकाङ्का: २२६	
अथ त्र्यशीतितम: पटल:	**४७२ - ४७८**
हाकिनीस्तोत्रम्	
हाकिनीस्तवनम्	४७३
शिवस्तुति	४७४
फलश्रुतिकथनम्	४७६
श्लोकाङ्का: २९	
अथ चतुरशीतितम: पटल:	**४७९ - ४८६**
हाकिनीशक्तिकवचम्	
आनन्दसारमङ्गलमहाकवचस्य विनियोग:	४८०
आनन्दसारमङ्गलकवचम्	४८०
फलश्रुतिकथनम्	४८५
श्लोकाङ्का: ५९	
अथ पञ्चाशीतितम: पटल:	**४८७ - ४९२**
परनाथकवचम्	
श्रीपरनाथकवचस्य विनियोग:	४८७
परनाथमहाकवचविधानम्	४८८
श्लोकाङ्का: ४०	
अथ षडशीतितम: पटल:	**४९३ - ५१६**
हाकिन्या: अष्टोत्तरसहस्रनामस्तोत्रम्	
हाकिनीसहस्रनामस्तोत्रस्य विनियोग:	४९३

हाकिनीसहस्रनामविन्यास: ४९४
हाकिनीसहस्रनामस्तोत्रस्य फलश्रुतिकथनम् ५११
श्लोकाङ्का: २१७

अथ सप्ताशीतितम: पटल: ५१७ - ५३१
परनाथाष्टोत्तरसहस्रनामानि
परनाथाष्टोत्तरसहस्रनामस्तोत्रस्य विनियोग: ५१८
परनाथाष्टोत्तरसहस्रनामस्तोत्रस्य विन्यास: ५१८
परनाथाष्टोत्तरसहस्रनामस्तोत्रस्य फलश्रुतिकथनम् ५२९
श्लोकाङ्का: १३६

अथाष्टाशीतितम: पटल: ५३२ - ५३९
पराशक्तिनिर्मूलस्थाननिर्णय:
शतयोगिनीमण्डलविधानम् ५३३
श्लोकाङ्का: ६१

अथैकोननवतितम: पटल: ५४० - ५४७
वाराणसीपीठनाथान्तर्यजनम्
दशदिक्षुक्रमेण अयुतशिवलिङ्गनामानि ५४१
श्लोकाङ्का: ५५

अथ नवतितम: पटल: ५४८ - ५५४
वाराणसीपञ्चपीठपद्धति:
वाराणसीपीठान्तर्गतपञ्चपीठयजनकथनम् ५४८
शिवशक्त्याम्मकवाराणसीचक्रविन्यास: ५५०
अन्तर्यजनविधानम् ५५२
श्लोकाङ्का: ५१

श्लोकानुक्रमणिका ५५५ - ६६१

पारिभाषिक शब्दावली ६६२ - ६६४

चित्रासुग्रथनं पद्मं योऽवभाव्यति भावकः ।
भावेन लभ्यते योगं भावेन भाव्यते शिवः ।
भावेन शक्तिमाप्नोति तस्माद्भावं समाश्रयेत् ॥

यदा मनोयोग विशुद्धये मनो लयं सदा यः कुरुतेऽप्यहर्निशम् ।
स एव मुक्तो गुणसिन्धुरूपकः कालाग्निरूपी निजदैवदैवतः ॥

— रुद्र. २९. २८, ४१

साधना करने वाला भावक उस चित्रा में अच्छी तरह गूँथे गए पद्म की भावना करता है, क्योंकि भाव से योग की प्राप्ति होती है, भाव से ही शिव भावित होते हैं । यतः भाव से ही शक्ति की प्राप्ति होती है, इसलिए भाव का आश्रय लेना चाहिए । जब जो साधक अपने मनोयोग की शुद्धि के लिए सदा, दिन रात अपना मन उस परब्रह्म में लीन करता है तब वही मोक्ष है, वही गुण सिन्धुरूपी एवं कालाग्निरूपी तथा निजदेव का देवता है ।

रुद्रयामलम्

[उत्तरतन्त्रम्]

(द्वितीयो भागः)

अथ षट्चत्वारिंशः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच

श्रृणु भैरव[1] वक्ष्यामि रुद्राणीस्तोत्रमुत्तमम् ।
श्रुत्वा पठित्वा देवेश धारयित्त्वा स्वदेहके ॥ १ ॥
महासिद्धो भवेदेव महाकालवशो भवेत् ।
त्रैलोक्यरक्षणार्थाय ब्रह्मणा विष्णुना तथा[2] ॥ २ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे भैरव! अब मैं सर्वोत्तम रुद्राणी स्तोत्र कहती हूँ। हे देवेश! जिसे सुनकर एवं पढ़कर अपने देह में धारण करके निश्चय ही साधक महासिद्ध हो जाता है और महाकाल उसके वशवर्ती हो जाते हैं । ब्रह्मा तथा विष्णु ने त्रिलोकी की रक्षा के लिए इस स्तोत्र का निर्माण किया था ॥ १-२. ॥

रुद्राणीस्तोत्रम्

रुद्रयुक्तां महारौद्रीं स्तुत्त्वा[3] सर्वजयो भवेत् ।
तच्छ्रुत्त्वा मुनयः सर्वे योगिनो योगदर्शकाः ॥ ३ ॥
सर्वे देवाः सर्वलोकाधिपाः स्युः प्राणरक्षकाः ।
एतत् स्तवनमात्रेण ब्रह्मा ब्रह्मत्वमाप्नुयात् ॥ ४ ॥

हे भैरव! रुद्र के सहित महारुद्राणी की स्तुति कर पुरुष सर्वजयी बन जाता है । उसे सुन कर सभी योगदर्शक साधक योगी एवं मुनि हो गए । सभी देवता समस्त लोकों के अधिपति तथा प्राणरक्षक हो गए । इस स्तोत्र के स्तुतिमात्र से ब्रह्मदेव ने ब्रह्मत्वपद प्राप्तकर लिया ॥ ३-४ ॥

विष्णुर्विष्णुत्वमाप्नोति देवत्वं सर्वदेवताः ।
इदानीं श्रृणु तत्स्तोत्रमष्टाङ्गयोग साधनम् ॥ ५ ॥
एतत्स्तवनपाठेन चाष्टाङ्गकुलदेवताः ।
वशीभूताः प्रभवन्ति[4] सप्तस्वर्गस्थदेवताः[5] ॥ ६ ॥

विष्णु विष्णुत्व प्राप्त कर गए तथा सभी देवताओं ने देवत्व प्राप्त कर लिया । अब अष्टाङ्गयोग के साधनभूत उस स्तोत्र को, हे महाभैरव ! श्रवण कीजिए । इस स्तोत्र के पाठ से अष्टाङ्ग कुल के देवता तथा सातो स्वर्ग के देवता वशीभूत हो जाते हैं ॥ ५-६ ॥

---

१. श्रृणु वक्ष्यामि ते रुद्र—क० । २. कृतामिति—ख० ।
३. श्रुत्वा—क० । ४. भवन्त्येव—ख० ।
५. सप्तसंख्याकाश्च ते स्वर्गाश्चेति सप्तस्वर्गाः, मध्यमपदलोपिसमासः । तत्र तिष्ठन्ति इति सप्तस्वर्गस्थाः, कर्तरि कप्रत्ययः । ताश्च ता देवताश्चेति कर्मधारयसमासः ।

ॐ अस्य श्रीमहारुद्रशक्तिस्तोत्रस्य महाकालभैरवऋषिरनुष्टुप्छन्दः श्रीमच्छ्री-रूपिणी देवता[१] वां बीजं द्रां शक्तिः [२] समौं स्फें कीलकं महोग्रादि[३] देवता सर्वाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ॥

महारौद्री रुद्रारुणारवरवक्रोधनिकरा
विकारा धर्माणां हरतु विषयं देहि परमम् ।
विवेकं सत्पुत्रं त्वमपि जगतामादिपुरुषं
विभाकोटिग्रामस्खलननिचला लोचनचला[४] ॥ ७ ॥

इस रुद्रमहाशक्ति स्तोत्र के महाकालभैरव ऋषि है, अनुष्टुप् छन्द है, श्रीमती श्री रूपिणी देवता हैं, वां बीज है तथा द्रां शक्ति हैं । समौ स्फें कीलक है, महोग्रादि देवता हैं, अपनी समस्त अभीष्ट सिद्धि के लिए मैं पाठ में विनियोग करता हूँ । महारौद्री, रुद्रा, अरुणा, रव रव क्रोधनिकरा, धर्मों में विकार करने वाली देवी मेरे विषय रूप दुःख को दूर करें तथा परम ज्ञान देवें । करोड़ों प्रकाश समूहों के कारण कभी स्खलित न होने वाली, चञ्चल नेत्रों वाली, हे रुद्राणी ! आप जगत् के आदिपुरुष सदाशिव से संयुक्त रहती हैं । अतः मुझे विवेक और सत्पुत्र से सम्पन्न कीजिए ॥ ६-७ ॥

त्वमेका त्रैलोक्यं व्यवसि[५] सततं मे शुभभवा
अनन्ता सा चातीन्द्रियगणकला नागवसना ।
श्रियं दातुं नित्यं समुदयति रश्मिस्तव शिवे
शिवाह्लादानन्दा जडितमनमन्दा[६] कुरु मुदा ॥ ८ ॥

हे रुद्राणी! आप अकेले ही इस जगत् की रक्षा करती हैं। सर्वदा हमारा कल्याण करती हैं । वही आप अनन्ता, इन्द्रियगणों की कला से न दिखाई पड़ने वाली सर्पवसना हैं । आप शिव के आह्लाद का वर्द्धन करने वाली आनन्दा हैं । हे शिवे! आपकी रश्मि लक्ष्मी प्रदान करने के लिए नित्य उदीयमान रहती हैं, मुझ जड़ को मन्दता से रहित बनाइये ॥ ८ ॥

महालोभं पापं हर हर हरे [७] हीरकनिभे
विषानन्दोद्घाता मम तनु[८] विषं वेशवशिनि ।
सुधानन्दं देहि क्षयमपि हर क्रोधमतुलं
मदं[९] कामं मोहं कुलजननि दिव्यं वितर तत् ॥ ९ ॥

हे हीरे के समान स्वच्छ वर्ण वाली रुद्राणी ! हे हरे ! आप हमारे महालोभ रूप पापों

---

१. रां—क० । २. क्षौ फे—क० ।
३. महोग्र, महोग्रायी क्रमेण—ग० । ४. चालन—ग० ।
५. चरसि—ख० । 'व्यवसि' इति मूलपाठे विशेषेण अवसि रक्षसि, इत्यर्थो बोध्यः । चरसि इति पाठे तु भक्षयसि इत्यर्थः । प्रलयकाले त्रैलोक्यस्य देव्या भक्षणात्, स्वोदरे लयकरणात् ।
६. मनमङ्गमिति—ग०, जडिततममगमिति—ख० ।
७. हारकनिभ—क० । ८. तनुरियमिति—ख० । ९. यदा—ग० ।

को दूर कीजिए । हे वेशवशिनि ! आप विष के आनन्द की उद्धाता हैं, मेरे शरीर के विष का विनाश कीजिए । हे कुलजननि ! आप मेरे अपार क्रोध को, मद को, काम को एवं मोह को विनष्ट कीजिए तथा उस दिव्य सुधा रूप आनन्द को प्रदान कीजिए ॥ ९ ॥

तपस्यासद्भावं त्वमपि च ददासीह यदि वा
प्रदीप्ता सद्व्याप्ता भवति तव दाने मम मन: ।
प्रफुल्लातिश्रीदे जय मम न भक्तिं निजशुभां
समीडे त्वामेकां भुवनजनरक्षां कुरु सदा ॥ १० ॥

आप सर्वत्र जाज्वल्यमान सत्स्वरूपा, सर्वत्र व्याप्त रहने वाली हैं, यदि आप तपस्या में सद्भाव देने वाली हैं तो आपके इस प्रकार के दान में मेरा मन लग रहा है । हे प्रफुल्ला ! हे अति श्री देने वाली ! आप सर्वत्र सर्वोत्कृष्टता प्राप्त कीजिए । यद्यपि अपना कल्याण करने वाली भक्ति मुझमें नहीं है फिर भी मात्र आप से प्रार्थना करता हूँ कि आप ही सर्वदा जगत् के मनुष्यों की रक्षा कीजिए ॥ १० ॥

विचार्य स्वे तन्त्रे रचयसि सुखं नित्यमिलितं
महाखड्गप्रख्या त्रिभुवनकरा रुद्रदयिता ।
सुराणां संरक्षां यदि कुरु मुदा पीठनिकरे[1]
मणिद्वीपे तेजोमयि हि मणिपूरेऽमलपदम् ॥ ११ ॥

हे देवि ! आप अपने तन्त्र में विचार कर नित्य मिले हुए सुख की रचना करती हैं, आप महाखड्गा नाम से प्रसिद्ध त्रिभुवन को उत्पन्न करने वाली रुद्र पत्नी हैं । हे तेजोमयि ! यदि आप अपने पीठ में रहने वाले समस्त देवताओं की सुरक्षा करती हैं तो मणिद्वीप के मणिपूर (चक्र) नामक स्थान में मुझे (मोक्ष रूप) निर्मल पद प्रदान कीजिए ॥ ११ ॥

महाक्षेत्रे युद्धोत्सवभयहरा त्वं कुलकला
किराती सर्वाणी मम कुलगतं पालय लये ।
लयज्ञानानन्दं रचय हृदये योगजननि
यतीनां रक्षायै कुलयुवति विद्ये[2] उदयति ॥ १२ ॥

आप महाक्षेत्र में युद्धोत्सव वाली एवं भय को हरण करने वाली हैं । आप शक्ति उपासकों की कला हैं, किराती हैं, सर्वाणी हैं । हे लये ! मेरे कुल में रहने वालों का पालन कीजिए । हे योगजननि ! मेरे हृदय में अपने में लीन होने वाले आनन्द को प्रदान कीजिए । हे कुलयुवति ! हे विद्ये ! आप यतियों की रक्षा के लिए उदीयमान रहती हैं ॥ १२ ॥

प्रतिष्ठा कीर्तिस्ते त्वमव[3]तरसि त्रासि [4]तिमिरा-
न्न जाने त्वत् तत्त्वं तरुणि महिमानं [5]सुखमयम् ।

---

१. पीठनिकटे—क० ।

२. विधेन्द्रजयति—क०, त्वमपि हि—ख० । ३. तमसि—ख० ।

४-५. तिमिराट्—क०, 'तिमिराट्' इति पाठे तिमिरमन्धकारमटति या सा तिमिराट्,

महापारावारां निधिभवजलेशं कुरु जयम्[१]
हिरण्याह्लादस्था त्वमपि करुणासागरमयी[२] ॥ १३ ॥

आपकी प्रतिष्ठा है, कीर्ति है, आप अवतार लेती हैं, अन्धकार से रक्षा करती हैं । हे तरुणि ! मैं आपकी तत्त्व एवं सुखमय महिमा नहीं जानता । इस महासमुद्र रूप संसार में (निधि भवजलेशं ?) मेरी विजय कीजिए क्योंकि आप ही हिरण्य (सुवर्ण के समान प्रभा) के आह्लाद में निवास करने वाली हैं तथा करुणासागरमयी हैं ॥ १३ ॥

विधातारं विष्णुं सुरवरणवन्दीन्[३] परजनान्
प्रपासि त्वं सिद्धा सुखभुवनभङ्क्षयकरा ।
किरन्ती[४] सानन्दा किरणशतकोटिं त्रिभुवने[५]
त्वमेका कल्याणि गिरिशरमणिं पाहि सततम् ॥ १४ ॥

हे माता ! आप विधाता, विष्णु, इन्द्रादि देवताओं के बन्दियों की तथा परजनों का भी पालन करती हैं, आप सिद्धा हैं, सुख देने वाली तथा त्रिलोकी के विघ्न को क्षय करने वाली हैं, आनन्दपूर्वक इस त्रिभुवन में सैकड़ों करोड़ किरणों को बिखेरती हुई, हे गिरीश रमणि ! हे कल्याणि आप ही एक सर्वदा मेरी रक्षा कीजिए ॥ १४ ॥

त्वदीयं सुखान्तं समीच्छामि सत्यं
विसर्गेन्दुवर्णात्मकं कामनाख्यम् ।
कृपादृष्टिपाता मनः पाहि[६] शुद्धा
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ १५ ॥

हे मातः ! मैं आपके विसर्ग एवं अनुस्वार युक्त वर्णात्मक कामना नाम वाले सुखान्त (सर्वश्रेष्ठ आनन्द) को चाहता हूँ, यह सत्य है, आप मेरे मन की रक्षा कीजिए । आप कृपा दृष्टि डालने वाली हैं, शुद्धा हैं और मात्र अकेली परब्रह्मरूप से जगत् में सिद्ध हैं ॥ १५ ॥

जगत्तारिणी त्वं जगद्व्यापिनी त्वं
जगज्ज्वालरूपा[७] जगद्धर्मरूपा ।
अनैकान्तिकत्वात्त्वमानन्दरूपा
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ १६ ॥

हे माता ! आप ही जगत् तारिणी हैं, आप ही जगद् व्यापिनी हैं, आप ही जगत् की

अटतिः कर्तृक्विबन्तः, भगवत्या विशेषणमेतत् । तिमिरादिति पाठे तु स्पष्टमेव, तिमिराद् अन्धकारात्, त्रासि = रक्षसि, त्रैङ्धातुर्बाहुलकाद् आदादिकः परस्मैपदी च मन्तव्योऽत्र पक्षे । प्रथमान्तपाठेऽपि त्रासि इत्यस्येयमेव स्थितिः ।

१. सुरमयमिति पुरमयमिति वा—क० ।
२. सागरमयि—ग० ।
३. रादीनिति—क० ।
४. किरातीति—क० ।
५. च्छदविले—क० ।
६. पातासनं पाहि—ख० ।
७. जगद्धर्मरूपा जगज्ज्ञानरूपेति—क० ।

ज्वाला स्वरूपा एवं जगत् की धर्मस्वरूपा हैं, किसी के पराधीन न होने के कारण आप आनन्द स्वरूपा हैं, क्योंकि एकमात्र आप ही परब्रह्म रूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ १६ ॥

विधानं जनानां कुरु त्वं त्वमीशा
क्षपाक्षा[१]मचित्ता प्रियानन्ददात्री ।
त्वमाज्ञाम्बुजस्था त्वमार्या[२] गुरूणां
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ १७ ॥

आप सबकी ईश्वरी हैं अतः समस्त जनों के लिए विधान निर्माण कीजिए । आप क्षमा हैं, अक्षोभचित्त वाली हैं, अपने प्रियतम सदाशिव की आनन्ददात्री हैं, आप आज्ञाचक्र के कमल पर निवास करने वाली हैं, समस्त गुरुगणों की आर्या हैं और एकमात्र आप ही परब्रह्म रूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ १७ ॥

प्रभामण्डलस्था स्थितित्यागसंस्था
स्थलाम्भोजमाला[३] त्वमालग्नकण्ठा ।
शिवश्यामवर्णा महापिङ्गलार्णा[४]
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ १८ ॥

आप प्रभामण्डल में निवास करने वाली स्थिति तथा त्याग में स्थित रहने वाली हैं, कण्ठ पर्यन्त लगी हुई स्थल कमल की माला पहले हैं, शिव एवं श्यामवर्णा हैं, महापिङ्गल (मातृका) के अक्षर हैं और एकमात्र आप ही परब्रह्मरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ १८ ॥

चतुर्थश्रुतिस्थाचलश्चन्द्रसंस्था
महावेदभाषा त्वमेका [५]जगत्याम् ।
महाभक्तिभावाश्रितं मां प्रसिद्धे
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ १९ ॥

चतुर्थ श्रुति (अथर्ववेद) में रहने वाली हैं, चलायमान (वर्द्धमान) चन्द्रमा में स्थित रहने वाली हैं, एकमात्र आप ही इस जगत् में महावेद को भाषित करने वाली हैं । हे प्रसिद्धे ! आप महाभक्तिभाव में आश्रित रहने वाले मुझ (आर्त) जन की रक्षा कीजिए, क्योंकि एकमात्र आप ही परब्रह्मरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ १९ ॥

जगद्धामचेष्टे जगद्बुद्धिनिष्ठे
जगद्यौवनस्था जगद्भावसंस्था[६] ।

---

१. क्षुब्धदा—क० ।

२. त्वमाज्ञा गुरूणामिति—क० । अत्र आज्ञा इति पाठे आ = समन्ताद् जानाति इति 'आज्ञा', "आतश्चोपसर्गे" इति कर्तरि कप्रत्ययः । स्त्रीत्वद्योतकः टाप्प्रत्ययः । त्वं गुरून् सम्यग् जानासि, इत्यर्थः ।

३. द्वया—ग० ।

४. पिङ्गलाक्षीति—क० ।

५. त्वमेकासि सारः—क० ।

६. समावर्तनेया—क० ।

समावर्त्तमध्ये[१] महाघूर्णितं मां
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ २० ॥

जगद्वाय को चेष्टित करने (कार्य में लगाने) वाली, जगत् को बुद्धि प्रदान करने वाली, हे देवि ! आप जगत् प्राणियों की यौवन एवं उनके भाव में स्थित रहने वाली हैं । मैं इस संसार समुद्र के भँवर में पड़ा हुआ चक्कर काट रहा हूँ, आप मेरी रक्षा कीजिए । क्योंकि एकमात्र आप ही परब्रह्मरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ २० ॥

महा[२] सृष्टिसंहारकालक्रमस्था
महामांसभक्षा सदानन्दरूपा[३] ।
महाशाक्य[४] मौनीन्द्रपूज्ये सुरेज्ये
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ २१ ॥

हे भगवति ! आप इस जगत् की सृष्टि और संहार के काल क्रम में स्थित रहने वाली हैं, महामांस (नरमांस) का भक्षण करने वाली हैं, फिर भी सदैव आनन्द स्वरूपा हैं, महाशाक्य जो मौनीन्द्र कहे जाते हैं उनसे आप पूजित हैं, देवताओं के द्वारा यजन करने योग्य हैं और एकमात्र आप ही परब्रह्मस्वरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ २१ ॥

चतु:षष्टितन्त्रार्ण वाह्लादकत्वा-
न्महाभौतिकत्वान्महासिद्धिविद्या ।
छलच्छिन्नदेहा छलानन्नसंज्ञा
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ २२ ॥

६४ संख्याक तन्त्र समुद्र को आह्लादित करने वाली एवं (पञ्च) महाभूत स्वरूप वाली हैं इस कारण महासिद्धि विद्या कही जाती हैं, युद्धमर्यादा से कभी विचलित न होने वाला आपका देह है छल से रहित आपका अन्न है, एकमात्र आप ही परब्रह्मरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ २२ ॥

शिवत्वं महत्त्वं [५]समत्वामलत्वा-
दनैकान्तिकत्वं ददासि त्वमाद्या ।
सुधासागरस्था महामोहनस्था
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ २३ ॥

आप ही आद्या हैं, आप समत्व से एवं मल राहित्य से सर्वातिशयत्व, शिवत्व तथा महत्त्व प्रदान करती हैं । आप सुधासागर में निवास करने वाली हैं तथा महा मोह में निवास करने वाली हैं । आप ही एकमात्र परब्रह्मरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ २३ ॥

---

१. जगद्भावनस्था—क० । २. दृष्टि—क० ।

३. सदानन्दसेव्या—क० । सदा आनन्देन सेव्या, अथवा सता नित्यसत्तया आनन्देन च सेव्या । 'नित्यसत्तानित्यानन्दवती, इत्यर्थः । 'सदानन्दरूपा' इति पाठे तु सदानन्दः परतरं ब्रह्म रूपं यस्या इत्यर्थः ।

४. महामोक्षमौलीन्द्र ..... वरात्वम्—क० । ५. मयत्वामयत्वादिति—ग० ।

महासिंहपृष्ठे पदाम्भोजलक्ष्मी-
मर्म श्रीशिरोमण्डलस्थं[१] प्रपातु ।
भवानन्दसन्तानकल्पेऽवदेहं
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ २४ ॥

आप महासिंह के पृष्ठ पर आरूढ़ रहने वाली हैं, आपके पदाम्भोज में लक्ष्मी का निवास है। हे भवानन्द संताप कल्पे ! आप मेरे शिरोमण्डल पर स्थित रह कर मेरे देह की रक्षा कीजिए। यतः परब्रह्मरूप से आप अकेली सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ २४ ॥

स्थिरा सा महाविद्युदाकारहारा
महाचञ्चला चाचला[२] ज्ञानजन्या ।
सदा भावनत्वा[३]त्सदा ज्ञापनस्था[४]
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ २५ ॥

आप महाविद्युत् के आकार वाला हार धारण करने वाली महाचञ्चला हैं, स्थिरा एवं अचला हैं। ज्ञानजन्या हैं। आप सदा भावना करने के कारण ज्ञान देने वाली हैं और एकमात्र आप ही परब्रह्मरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ २५ ॥

कुलानन्दमोहा[५] महाकौलकन्या
कुलक्षेत्ररक्षा कुलच्छत्रकारा ।
महाचञ्चलत्वान्महावायुघूर्णा[६]
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ २६ ॥

आप शक्ति के उपासकों को आनन्द से मोहित करने वाली महाकौल कन्या हैं। आप भक्तों के कुल और क्षेत्र की रक्षिका हैं, भक्तों के कुल के लिए छत्र के समान आकार धारण कर रक्षा करने वाली हैं महाचञ्चल होने के कारण आप ही महावायु का आवर्त (बवण्डर) हैं और एकमात्र आप ही परब्रह्मरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ २६ ॥

चिरंजीविनी भामिनी[७] भूमिबीजा
भयाभावहन्त्री शरत्कोटिचन्द्रा ।
विभूतिर्भयाहार[८] कर्त्री प्रकृष्टा
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ २७ ॥

---

१. मण्डलस्था—ख० ।
२. वाननज्ञानजन्येति—क० ।
३. सदाभावनत्वां सदाज्ञापनत्वामिति—क० ।
४. सदाज्ञानसंस्था—ख० ।
५. मोदा—क० । अस्मिन् पाठे कुलानन्देन मोदो हर्षो यस्याः सा । 'कुलानन्दमोहा' इति मूलपाठे तु कुलानन्देन मोहयति भक्तान् या सा । न चैवं कर्मण्यण् स्यादिति वाच्यम्, कर्मवाचकपदाभावात्, भक्तपदस्याध्याहारलभ्यत्वात् । एवं च कर्तरि पचाद्यजन्तोऽयं स्त्रीत्वे टाबन्तः ।
६. पूर्ण—ख० ।
७. भाविनीति—क० ।
८. भवानन्द—ख० ।

महावीरभावाश्रया[१] भावरूपा
विशेषाविशेषे[२] महाशैववीरा ।
विसर्गापवर्गाश्रयार्णोज्ज्वलत्वात्[३]
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ २८ ॥

आप चिरञ्जीवनी हैं, भामिनी हैं, भूमि स्वरूप में बीजवती हैं, भय एवं अभाव का नाश करने वाली हैं, शरत्कालीन करोड़ों चन्द्रमा के समान मनोहर हैं, जगत् की विभूति हैं। आप ही भय का आहार करने वाली हैं एवं सर्वापेक्षया प्रकृष्ट हैं और एकमात्र परब्रह्मरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं । महावीरभाव में आपका निवास है । आप भावस्वरूपा हैं और विशेष एवं अविशेष स्वरूप वाली हैं, महाशैव एवं वीर हैं, आपका मन्त्राक्षर अत्यन्त उज्ज्वल हैं, उन मन्त्रों में रहने से आप विसर्ग (सृष्टि) एवं अपवर्ग (मोक्ष) को आश्रय देने वाली है और एकमात्र आप ही परब्रह्मस्वरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ २७-२८ ॥

महापञ्चमत्वान्महामोदकत्वान्
महाकौलिकात्वादसञ्चारणत्वात् ।
कुलप्रेमभावक्रियानिश्चलत्वात्
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ २९ ॥

महापञ्चम होने से, महामोद उत्पन्न करने से महाकुल की उपासिका होने से, सञ्चरण रहित (स्थाणु, एकरस अविचल) होने से कुल प्रेम, भावक्रिया में अविचल रूप से एकरस होने से एकमात्र आप ही परब्रह्मरूप से प्रसिद्ध हैं ॥ २९ ॥

वसो: सिद्धिदात्री शिवानन्दकर्त्री[४]
महामैथुनानन्दसम्भेदनत्वात् ।
सुखाश्वासतत्त्वात्तप: प्राणरक्षा
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ३० ॥

हे माता! आप वसु (अग्नि) की सिद्धि देने वाली हैं, शिव में आनन्द उत्पन्न करने वाली हैं, महामैथुन के आनन्द का सम्मिश्रण करने वाली हैं, सुख का आश्वासन देने वाली तप हैं प्राणरक्षा करने वाली हैं और एकमात्र आप ही परब्रह्मरूप से जगत् में सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ३० ॥

गलत्प्रेमभावा कुलज्ञानतत्त्वात्[५]
प्रिया श्रीकृपात्वं[६] भवाधारमूर्त्ति: ।

---

१. साशश्रयेति—क० ।
२. विशेषाभिशोक महाशैववीरा—क० । महाशेषवीरा—ग० ।
३. श्रयत्वोज्ज्वल—क० ।
४. निरानन्द—क० । शिवानन्दकर्त्री इति पाठे शिवं कल्याणमानन्दं च करोति या सा । कर्मण्यण् न शङ्क्य: कर्त्री इति तृजन्तेन साधयित्वा पुन: षष्ठीसमास: ।
५. कुलज्ञानतत्त्वमिति—क० ।
६. भवाधारममुक्ति:—ग० ।

महैश्वर्यहेतोर्महाराजकन्या
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ३१ ॥

हे माता ! आप में प्रेम का भाव चूता रहता है, कुल (शाक्त सम्प्रदाय) का ज्ञान रखने के कारण सभी आप से प्रेम रखने वाले हैं । आप श्री हैं, कृपा हैं, भव (संसार) की आधारमूर्ति (पृथ्वीस्वरूपा) हैं, महान् ऐश्वर्य की कारणभूता महाराज कन्या हैं और एकमात्र आप ही परब्रह्मस्वरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ३१ ॥

महामोक्षविद्या महानिर्मलत्वात्
प्रभापञ्चचूडस्य[१] सिद्धिप्रिया च ।
महानादबिन्दुप्रयासाभिरामा
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ३२ ॥

हे माता ! महानिर्मल होने के कारण आप महामोक्ष देने वाली विद्या हैं, पञ्चचूड की प्रभा हैं और सिद्धि देने वाली एवं सबकी प्रिय हैं, महानाद एवं बिन्दु रूप से प्रयास करने वाली हैं, अभिराम हैं, मात्र आप ही एक परब्रह्मरूप से प्रसिद्ध हैं ॥ ३२ ॥

महाविद्रुमाकारवर्णाभिरामा
कुलाह्लादसूत्रादिसंसाधनत्वात् ।
महद्राज्यविद्याधना[२] सङ्घटत्वात्
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ३३ ॥

महाविद्रुम वर्ण की एवं आकार से अभिराम हैं कुल (शक्ति) के आह्लाद के सूत्र का साधन होने से तथा संघटना के कारण महद्राज्य की विद्या एवं धन हैं और मात्र एक आप ही परब्रह्मरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ३३ ॥

तवाङ्घ्रिद्वयाम्भोज पूजासुखत्वा-
न्महाकालरूपा स्वयं सर्वविद्या ।
विकारादि सम्बन्धविशेषणत्वात्
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ३४ ॥

आपके दोनों चरणकमलों की पूजा से भक्त जन सुख प्राप्त करते हैं, आप महाकाल स्वरूप हैं, स्वयं सर्वविद्या हैं, विकारादि संबन्ध आपका विशेषण है । अतः एकमात्र आप ही परब्रह्मस्वरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ३४ ॥

शिवत्वं शुभत्वं महाशैलकन्ये
प्रियत्वं परत्वं महापावनत्वम् ।
समाधेहि तत्त्वादनैकान्तिकत्वात्
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ३५ ॥

---

१. महापञ्चभूतस्य—ख० । चूतस्येति—ग० ।   २. धनैः संचितत्वादिति—ख० ।

हे महाशैलकन्ये ! शिवत्व, शुभत्व, प्रियत्व, परत्व (ब्रह्मत्व) तथा महापावनत्व आप ही में है समाधि का तत्त्व होने से तथा किसी का अवयव न होने से मात्र एक आप ही परब्रह्मरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ३५ ॥

महाचेतनादेवनादोन[1]नत्वाद-
संख्यामतीनां मनोयोगमुख्या ।
विरोधापहन्त्री रिपुप्राणहन्त्री[2]
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ३६ ॥

आन्दोलित करने के कारण आप महाचेतना हैं, देवना (जुआरी) हैं, असंख्य मति वाली हैं, मनोयोग की मुख्य अधिष्ठात्री हैं, विरोध का अपहरण करने वाली हैं तथा शत्रुओं के प्राणों का नाश करने वाली हैं, मात्र आप ही एक परब्रह्मरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ३६ ॥

चतुर्विंशतिक्रोधतत्त्वानुकूले
वियत्खण्डचन्द्रोज्ज्वले कीलकस्थे[3] ।
सदा मां प्रपातु प्रचण्डार्कवर्णा[4]
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ३७ ॥

हे २४ प्रकार के क्रोध और २४ प्रकार के तत्त्वों में निवास करने वाली ! हे आकाश स्थित चन्द्र समूह के समान उज्ज्वल वर्ण वाली ! हे कीलक में निवास करने वाली ! आप प्रचण्ड सूर्य के समान तेजस्विनी हैं अतः सदैव मेरी रक्षा कीजिए, क्योंकि एकमात्र आप ही परब्रह्मरूप से जगत् में सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ३७ ॥

शुभं कामधेनुस्वरूपं स्वदेहं
सदा दर्शने[5] श्रद्धया चारुवर्णा ।
हिमांशुप्रभाकोटिवर्णेऽ[6]त्वपूर्णे
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ३८ ॥

कल्याणकारिणी कामधेनु स्वरूप आपके अपने विग्रह का दर्शन करने में श्रद्धा से परिपूर्ण हमारा मन संलग्न रहे । आपके शरीर की कान्ति अत्यन्त सुन्दर है, हे करोड़ों चन्द्रमा

---

१. नादोलनत्वादिति—क०, संख्यासतीनामिति—क० ।
महच्चेतनादानकात्वमेकाहयसंख्यामतीनां मनोयोगमुखेनेति—ख० ।
२. रिपुपापाहत्या (हन्या)—क० ।
३. वियत्खण्डचण्डाकुले धोलसंस्थेति—ग० ।
४. प्रधानार्कवर्णेति—ग० । अस्मिन् पाठे प्रधानो योऽर्कवर्णः श्वेतो गुणः, सोऽस्ति यस्यामिति बहुव्रीहिः । मूलपाठे तु प्रचण्डः अर्कवर्णा उष्णत्वयुक्तः श्वेतोऽस्ति यस्या इति विग्रहः ।
५. सदानन्ददा—ग० ।
६. वर्णात्वपूर्णे—क० । वर्णाहयपूर्णा—ख० ।

के समान वर्ण वाली ! हे अत्व (वासुदेव) से पूर्ण होने वाली, आप ही एक परब्रह्मस्वरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ३८ ॥

महाकामबीजान्विता खण्डयन्ती
महादोषजालं शनैरावहन्ती ।
शिवाभद्रकाली स्थिरानन्दमाला
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ३९ ॥

हे देवि ! आप महाकामबीज (क्रीं) से युक्त हैं, महादोष जाल (समूह) का खण्डन करने वाली हैं, शिवा हैं, भद्रकाली हैं, स्थिरा एवं आनन्दमाला हैं और एकमात्र आप ही परब्रह्मस्वरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ३९ ॥

महाकालकूटाशिनं तीक्ष्णनेत्रं
सदा पाहि शम्भुं भयार्द्रातिवेलम् ।
भवापालनत्वादसंख्यानिवासा
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ४० ॥

हे अम्बे ! महाकालकूट नामक विष का भक्षण करने वाले, तीखे नेत्रों वाले, भय से क्लिन्न, मर्यादा का अतिक्रमण करने वाले सदाशिव की रक्षा कीजिए । आप भवा हैं तथा पालन करने के कारण असंख्य प्राणियों की निवास भूमि हैं, मात्र एक आप ही परब्रह्मस्वरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ४० ॥

हरन्ती विषाढ्यं[1] वहन्ती कलाद्यं
रटन्ती[2] नटन्ती विशाला भ्रमन्ती ।
श्रिय:[3] पालनी पालिका बालिकात्वात्
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ४१ ॥

हे अम्बे ! आप विष की ज्वाला शान्त करने वाली हैं, ६४ कलाओं को धारण करने वाली हैं, रटन (परिभाषण) करने वाली हैं, नृत्य करने वाली हैं विशाला एवं भ्रमण करने वाली हैं, बालिका होने के कारण श्री का पालन करने वाली पालिका हैं अतः आप ही एकमात्र परब्रह्मस्वरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ४१ ॥

भवानन्दहेतो:[4] सदा श्रद्धया वा
पदाम्भोजमध्ये मनोयोगकाले ।

---

१. विषान्नमिति—ख०, विषाद्यमिति—ग० । विषेणाढ्यं सम्पन्नं किमपि भक्ष्यम् । अथवा विषान्नमिति पाठे विषमिश्रितमन्नमिति मध्यमपदलोपिसमासः । यदि भक्तेन विषान्नमपि भक्षितं स्यात्तदा तदीयं मारकदोषं हरन्ती भगवती इत्यर्थः ।
२. रटन्ती विलोला भ्रमन्ती जपन्ती—ग० ।
३. श्रिय: पालिनी पालिके कालिके वा—क० ।
४. तवानन्दहेतोरिति—ग० ।

परासंख्यते कामसंक्षालनत्वात्[१]
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ४२ ॥

हे भगवति ! मैं आपके पदाम्भोज के मध्य में अपना मनोयोग करते समय सांसारिक आनन्द के लिए सर्वदा श्रद्धा से लगा रहूँ । काम का संक्षालन करने के कारण मैं आपके अन्वेषण में लगा हूँ, क्योंकि एकमात्र आप ही परब्रह्मस्वरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ४२ ॥

क्षितिक्षोभ[२]नाशाय सिद्धादिविद्या
कुलाढ्याखिलाढ्यानना सूक्ष्ममध्या[३] ।
प्रयत्नं करोषि क्षयानन्ददाना
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ४३ ॥

हे माता ! आप पृथ्वी में उत्पन्न होने वाले क्षोभ (उपद्रव) के विनाश के लिए (स्वयं) सिद्धा हैं । आदिविद्या हैं और कुल को बढ़ाने वाली हैं । आपका मुख (कान्ति से) समृद्ध है और मध्य भाग अत्यन्त क्षीण है । आप क्षय (अपचय) एवं आनन्द देने वाली हैं और इसके लिए आप निरन्तर प्रयत्न करती रहती हैं, अतः मात्र एक आप ही परब्रह्मस्वरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ४३ ॥

महाधैर्यमाहत्यजं जप्यते यैस्-
तवाद्याभिधानानि कालिप्रभाते ।
तदैवापि काले ददासीह सिद्धिं
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ४४ ॥

हे कालि ! जो महान् धैर्य का आश्रय ले कर आपका आद्य अभिधान (नामों) का जप प्रभात काल में करते हैं उन्हें भी आप उसी समय सिद्धि प्रदान कर देती हैं, क्योंकि एकमात्र आप ही परब्रह्मस्वरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ४४ ॥

चिरं स्थापयन्ती चिरं भासयन्ती[४]
त्वमाख्या गुरूणां[५] कुलानन्दविद्ये ।
स्वधाकारतुष्टा[६] कलावह्निजाया
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ४५ ॥

हे कुलानन्दविद्ये ! आप गुरुजनों की आख्या को चिर कालपर्यन्त स्थापित करने वाली

---

१. कामसंख्याननत्वादिति क० ।

२. क्षितिक्षोभनायेति—क०, सिद्ध्यादि विद्येति च—क० ।

३. शिलामध्यमध्येति—क० ।

४. भावयन्ती—ग० ।

५. गुणानन्दविधे क० ।

६. सुधाकामतुष्टेति—क० । सुधायाः काम इच्छा, तेन तुष्टा । 'स्वधाकारतुष्टा' इति मूलपाठे तु स्वधाकारेण तुष्टा इत्यर्थो बोध्यः ।

तथा उसको भासित करने वाली हैं। आप स्वधाकार से संतुष्ट रहने वाली हैं, कला हैं, वह्निजाया (स्वाहा) हैं और एकमात्र परब्रह्मस्वरूप से जगत् में प्रसिद्ध हैं ॥ ४५ ॥

सुरानन्दकाले फलोद्भूतचिन्हा
चितामध्यदेशे महासिद्धिदात्रि ।
त्रिभिन्ना[१] विभिन्ना महारुद्रविद्ये
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ४६ ॥

सुरा से उत्पन्न आनन्द काल में आपका फल का चिन्ह उद्भूत होता है। हे चिता के मध्य स्थान में रहने वालों को महासिद्धि प्रदान करने वाली भगवति ! हे महारुद्रविद्ये, आप तीन भिन्न रूपों वाली हैं, अथवा भिन्नता से रहित (एक स्वरूप) रूप वाली हैं, मात्र एक आप ही परब्रह्मस्वरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ४६ ॥

महापूर्वि[२] कात्यायनि क्रोधमूले
विवेकादिकं धर्ममादौ ददासि ।
त्रयाणां सुराणां मुदारक्षणाय
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ४७ ॥

हे महापूर्वि ! हे कात्यायनि ! हे क्रोध के मूल में रहने वाली आप सर्वप्रथम धर्म एवं विवेकादिक प्रदान करती हैं और ब्रह्मा, विष्णु एवं सदाशिव इन तीनों देवों की प्रसन्नतापूर्वक रक्षा के लिए मात्र एक आप ही परब्रह्मस्वरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ४७ ॥

विशुद्धस्फुटत्त्वान्महाकौतुकत्वा-
त्तनुध्यान[३] मोहादनन्ते[४] कृतत्त्वात् ।
कुलारक्षणात्मा[५] महालक्षणात्मा
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ४८ ॥

विशुद्ध रूप से स्फुटीभूत होने के कारण, महाकौतुक में संलग्न होने के कारण, सूक्ष्म ध्यान में मोहित होने के कारण, अनन्त में पर्याप्त होने के कारण कुलरक्षणात्मा एवं महालक्षणात्मा हैं और मात्र एक ही आप परब्रह्मरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ४८ ॥

दहन्ती रिपूणां[६] कुलञ्चात्मदेशं
क्षणादेव[७] सूक्ष्मासुसूक्ष्मा सती सा ।

---

१. त्रिभिन्नाधिभन्ना—ग० । २. महापुष्टि .... क० ।
३. ध्यानसत्वात्—क० । ४. असन्तैकतत्त्वात्—क० ।
५. कुलारक्षणत्वात्, महालक्षणत्वात्—क० ।
६. कुलच्छत्रदेशं ग० ।
७. सदाज्ञानगम्याखिलानां जनानाम्—ख० । कुलच्छत्रदेशं कुलं देवसूक्ष्मा मतीनाम् —इति ग० पुस्तके पाठ: ।

ममानन्ददेशं सदा पालय श्री[१]
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ४९ ॥

हे माता! आप शत्रुओं के कुल एवं उनके अपने देशों को दहन करने वाली हैं । वही सती आप सूक्ष्म हैं और सूक्ष्म से भी सुसूक्ष्म हैं । आप श्री हैं अतः मेरे आनन्द प्रदेश का सदा पालन कीजिए क्योंकि मात्र एक आप ही परब्रह्मस्वरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ४९ ॥

चतुर्थाश्रमस्थाश्रमं पाहि रुद्रे
महोग्रप्रतापे महारौद्रि भद्रे ।
महापातकादिक्षयत्वामृतत्त्वा-[२]
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ५० ॥

हे रुद्रे ! आप चतुर्थ आश्रम में निवास करने वाली हैं, अतः आप मेरे इस आश्रम की रक्षा कीजिए। हे अपने उग्र महातापों वाली हे महारौद्रस्वरूपे ! हे भद्रे ! आप ब्रह्महत्यादि महापातकों का क्षय करने के कारण तथा अमर रहने के कारण अकेली ही परब्रह्मस्वरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ५० ॥

महावायुरम्ये[३] महाज्ञानगम्ये
महामन्त्र[४]जाप्यादिसिद्धिप्रसिद्धे ।
लयं[५] देहि बाह्यानिलाघातनत्वा-
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ५१ ॥

हे महावायु में रमण करने वाली ! हे महाज्ञान से जानी जाने वाली ! महामन्त्र (ॐ नमः शिवाय) के जाप करने वालों को सर्वप्रथम सिद्धि देने के लिए प्रसिद्ध रहने वाली देवि ! आप बाहरी वायु का विघात कर मुझे अपने में लय प्रदान कीजिए क्योंकि एकमात्र आप ही परब्रह्मस्वरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ५१ ॥

न जानामि किं वामरो वापि विष्णु-
र्महाकौलिको वा न जानाति पूजाम् ।
कुलाद्यासनन्ते[६] सुरेन्द्रादिपाठे
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ५२ ॥

---

१. पालयश्रीस्त्व मेका—ख० ।
२. क्षयत्वानृतत्वं क० ।
३. महावायुवश्ये महाज्ञानवश्ये—ग० ।
४. तन्त्र—ग०। महामन्त्रस्य जाप्येन आदिसिद्धिः प्रमुखसिद्धिः, तया प्रसिद्धा, तत्सम्बोधने एतद्रूपम् । अथवा—महामन्त्रजाप्यमादिर्यस्य तेन सिद्धिः प्रसिद्धा यस्या इति । तन्त्रशब्दघटिते पाठे तु मन्त्रस्य स्थाने तन्त्रशब्दः पठनीयः ।
५. नयम्—क० ।
६. कुलसेवनान्तस्तवेन्द्रादिपाठम्—ग० ।

मैं नहीं जानता कि देवता क्या हैं, विष्णु क्या हैं अथवा वह महाकौलिक (शाक्त उपासक) भी आपकी पूजा नहीं जानता, आपके कुलादि (समयाचार) को अथवा आसन को भी नहीं जानता । हे विष्णु, ब्रह्मा, रुद्र और सदाशिव रूप (चार पादवाले) पीठ पर रहने वाली ! मात्र आप ही परब्रह्मस्वरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ५२ ॥

मदीयं[१] प्रलोभ्यं महाभद्रकालि
प्रकाशेन कर्तुं समर्था भव त्वम् ।
पदाब्जे च [२]हन्तुं महापापसर्गे
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ५३ ॥

हे महान् भद्रकालि ! मेरा अभीष्ट अपने प्रकाश से पूर्ण करने में तथा महापाप के सर्ग (सृष्टि) को अपने दोनों पादकमल से नष्ट करने के लिए आप समर्थ हैं । यतः एकमात्र आप ही परब्रह्मस्वरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ५३ ॥

वहन्ती कपालं स्खलन्तीमपार्थं
महाहेममाला [३]महाकाशयन्ती ।
शिवो[४] मङ्गलं मे तु वैश्वानरीशे
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ५४ ॥

आप कपाल धारण करने वाली हैं, अपार्थ स्खलित होने वाली महान् हेममाला को अत्यन्त प्रकाशित करती हैं । हे वैश्वानरीशे ! आपकी कृपा से मेरा कल्याण है, मेरा मङ्गल होए क्योंकि एकमात्र आप ही परब्रह्मस्वरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ५४ ॥

प्रचण्डा प्रसन्ना भवक्षोभहेतो-
र्विवादादिघाताय शान्तिः प्रतुष्टिः ।
कियत्कालसंस्था प्रसन्नान्तरात्मा
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ५५ ॥

आप संसार में क्षोभ (उपद्रव) होने पर प्रचण्ड हो जाती हैं अन्यथा प्रसन्न रहने वाली हैं । विवादादि के विनाश के लिए शान्ति एवं संतुष्टि स्वरूपा हैं । अनन्त काल में स्थित रहने वाली हैं, आप अन्तरात्मा से प्रसन्न रहने वाला हैं औरं परब्रह्मस्वरूप से एकमात्र आप ही सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ५५ ॥

महावायुपाना[५] क्रियामोक्षकाले
कुलज्ञान[६]दाना दिवारूपिणी त्वम् ।

---

१. यदीयं प्रलोभं .... प्रकर्षेण कर्तुम्—क० । २. हर्तुम् इति—क० ।
३. मनाकालयन्ती—क०, मलाकाशपात्री—ख० ।
४. शिरोऽसत्त्ववैश्यानरीशे—ग०, शिवात्वरूपा च वैश्यानरीशे ।
५. दानक्रिया मोक्षकाले ।
६. कुलज्ञानदानार्थिनी त्वम्—ग० ।

प्रभुत्वं विधेहि[१] क्षमे कामकर्त्री
त्वमेका परब्रह्मरूपेण सिद्धा ॥ ५६ ॥

आप क्रिया के त्याग काल में महावायु को पी जाने वाली हैं, आप कुल (शाक्त सम्प्रदाय) के ज्ञान का दान करने वाली हैं, दिवा स्वरूपा हैं और आप ही काम उत्पन्न करने वाली हैं। हे क्षमा करने वाली ! मुझ में प्रभुत्व प्रदान कीजिए । यतः एकमात्र आप ही परब्रह्मरूप से सिद्ध (समर्थ) हैं ॥ ५६ ॥

यदि श्रीवराद्ये ममाख्या[२] ससिद्धिं
विदेहीति[३] चित्ते समाधाय भक्तः ।
समाप्नोति शीघ्रं सदा प्रार्थ्यते यैः[४]
सदा पठ्यते[५] वा मुदा वारमेकम् ॥ ५७ ॥

फलश्रुति—हे श्री एवं वर की आदिभूते माता ! यदि भक्त अपने चित्त में 'सिद्धि के सहित मुझे यश दो' ऐसी धारणा कर आप से प्रार्थना करे, अथवा इस स्तोत्र का एक बार प्रसन्नतापूर्वक पाठ भी करे तो वह अपना वाञ्छित शीघ्र प्राप्त कर लेता है ॥ ५७ ॥

महाकालशम्भो महाज्ञानसिद्धः
सदा[६] कालवश्ये[७] पठेदेकचित्तः ।
महाभक्तिभावं[८] लभेद् वेद मुक्तिं
महादेवभक्तिं त्रिकालेन योगम् ॥ ५८ ॥

हे महाकालशम्भो ! हे कालवश्ये ! जो ज्ञानसिद्ध साधक एकाग्रचित्त होकर सर्वदा इस स्तोत्र का पाठ करता है वह महाभक्ति भाव प्राप्त कर लेता है । वह त्रिकाल में होने वाली मुक्ति, तथा महादेव में भक्ति को तथा योग को जान लेता है ॥ ५८ ॥

मणेः पीठमध्ये महा[९]रुद्रकान्तां
महालाकिनीं कुण्डलीं[१०] भावयन्ती ।
महापुण्यलाभं[११]स्तवं ब्रह्मसारं
महाकान्तलाभाय पुण्याय सिद्ध्यै ॥ ५९ ॥

---

१. विदेहि । 'विदेहि' इति पाठे विशेषेण देहि इत्यर्थः, अथवा विगतो देहो देहभानं यस्याः सा विदेही तत्सम्बोधने हे विदेहि ! इत्यर्थो बोध्यः ।
२. अभ्याससिद्धिम्—क० । ३. विदेहापि चित्ते—क० ।
४. वै—क० । ५. पाठयते । ६. यदा—क० ।
७. कालवश्यः—ख० । 'कालवश्ये' इति पाठे कालो वश्यो यस्याः सा, तत्सम्बोधने इदं रूपम् । पूर्व निपातस्यानित्यत्वाद् वश्यशब्दस्य परनिपातः ।
८. लभस्वाढ्यभक्तिं—ख०, लभस्वेदमुक्तिं—ग० ।
९. महाब्रह्मकान्तां—ग० । महारुद्रस्य कान्ता, अथवा महती चासौ रुद्रकान्ता च । 'महाब्रह्मकान्तेति' पाठे महती ब्रह्मकान्ता, माया इति ।
१०. कुण्डलम् । ११. महापुण्यभावं—क० ।

मणिपूर नामक पीठ में महारुद्र की कान्ता महालाकिनी कुण्डलिनी का जो लोग ध्यान करते हैं उन्हें महापुण्य का लाभ होता है। ब्रह्मसार नामक यह स्तोत्र मनसेप्सित लाभ के लिए पुण्य के लिए और समस्त सिद्धि के लिए विहित है ॥ ५९ ॥

महाकालि रुद्राणि भद्राणि कृष्णे[१]
भवानन्दमूर्त्तिप्रकाशाय कुर्यात्।
किलानन्दमाकृत्य सम्पूज्यते यै-
र्महादेवि चण्डे तव ध्याननिष्ठा[२] ॥ ६० ॥
महामोक्षभावं[३] समाप्नोति शीघ्रं ।
महाशुद्धता कामहा कालरूपी[४] ॥ ६१ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धिमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे मणिपूरभेदनक्रमे भैरवीभैरवसंवादे रुद्रशक्तिलाकिनीस्तोत्रं नाम षट्चत्वारिंशः[५] पटलः ॥ ४६ ॥

हे महाकालि! हे रुद्राणि! हे भद्रे! हे कृष्णे! आप इस भवानन्द की मूर्ति के प्रकाश के लिए मुझे नियुक्त कीजिए। हे महादेवि! हे चण्डे! जो लोग महानन्द का अनुभव करते हुए आपका पूजन करते हैं उनमें आपकी ध्याननिष्ठा उत्पन्न हो जाती है। वह शीघ्र ही महा मोक्ष भाव को प्राप्त कर लेते हैं तथा महाशुद्ध एवं कामहा और कालरूपी हो जाते हैं ॥ ६०-६१ ॥

॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्र प्रकरण में षट्चक्र के महाप्रकाश में मणिपूर के भेदन क्रम में भैरवी भैरव संवाद में रुद्रशक्ति लाकिनी स्तोत्र नामक छियालिसवें पटल की डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ४६ ॥

---

१. पूज्ये—ख० अधिकः पाठः। २. निष्ठः—ग०।

३. मोक्षे महेति विशेषणेन लेशाविद्याकृतप्रभावस्यापि समाप्तिः सोसूच्यते। यथा ब्रह्मणो मानसपुत्रेषु सनक-सनन्दनादिष्वपि लेशाविद्यायाः प्रभाव आसीदेव, अत एव जयविजययोर्भगवत्पार्षदयोः जन्मत्रितयकृते दैत्ययोनौ जन्मविषयकः शापस्तैः प्रदत्तः। एवं च स्थूलाविद्याकृतबन्धनान्निवृत्तौ सत्यामपि लेशाविद्याजनितः प्रभावो यदा समाप्यते, तदैव महामोक्षावाप्तिः संमन्तव्या।

४. (क) कालरूप इत्यपि पाठः प्रतिभाति।
(ख) प्रकाशाय पङ्केरुहातां जनास्ते महायोगिनो भूतनाथा भवन्ति—क० अधिकः पाठः।

५. सप्तचत्वारिंशत्तमः पटलः—ग०।

अथ सप्तचत्वारिंश: पटल:

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

श्रृणु कैलासनाथाब्ज[1] चक्रमण्डलसंस्थितिम् ।
षट्चक्रभेदमाहात्म्यं सावधानावधारय ॥ १ ॥
अप्रकाश्यमिदं मन्त्रं[2] मणिपूरविभेदनम् ।
अष्टैश्वर्यसाधनाय जीवन्मुक्तिप्रदाय[3] च ॥ २ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे कैलासनाथ ! पद्मचक्रमण्डल की संस्थिति तथा षट्चक्रों के भेदन का माहात्म्य सावधान होकर सुनिए । मणिपूर चक्र के भेदन के इस मन्त्र को कहीं प्रकाशित नहीं करना चाहिए । क्योंकि यह आठों प्रकार के ऐश्वर्य की साधना के लिए तथा जीवन्मुक्ति प्रदान के लिए है ॥ १-२ ॥

कथयामि महाकाल यज्ज्ञात्वा योगिनोऽमरा:।
क्रियासाधनमात्रेण केन योगेन एव हि ॥ ३ ॥
साधनादेव सर्वज्ञ: सर्वार्थज्ञानवान् भवेत् ।
रुद्राणीसहितं रुद्रं ध्यात्वा सम्पूज्य सञ्जपेत् ॥ ४ ॥

हे महाकाल ! अब उसे कहती हूँ, जिसे जान कर योगी जन अमर हो जाते हैं । भला क्रिया साधन मात्र से कौन योगी नहीं बन जाता । साधना से ही साधक सर्वज्ञ एवं सर्वार्थ ज्ञानवान् हो जाता है । इस की साधना के लिए रुद्राणी सहित रुद्र का ध्यान कर पूजा करनी चाहिए । फिर जप प्रारम्भ करना चाहिए ॥ ३-४ ॥

अथ वक्ष्ये महामन्त्रं पूजाप्रकरणं तथा ।
मणिपूरे स्थितो मन्त्री रुद्राणीयजनं चरेत् ॥ ५ ॥
सम्प्रति[4]मन्त्रस्योद्धारं करोमि कालकूटप[5] ।
प्रणवं पूर्वमुच्चार्य नम: शब्दं ततो वदेत् ॥ ६ ॥
ते शब्दान्ते समुद्धृत्य रुद्रशब्दं तत: परम् ।
रूपिण्यै[6] पदमुच्चार्य रुद्राणी मन्त्रमीरितम् ॥ ७ ॥

---

१. नाथाद्य—ख० । २. वक्तुं—क०, मन्त्रं—ख० । ३. प्रियाय—क० ।
४. दम्पत्यो मन्त्रमुद्धारम्—ख०, सम्पात्यामन्त्रमुद्धारम्—ख० ।
५. कलाकूटं पिबति, कालकूटात् पाति, इति वा, कालकूटप:, तत्सम्बोधने हे कालकूटप ! इति भगवता शिवेन विषपानं कृतम् ततश्च देवा रक्षिता इति ।
६. रूपिणे—ख० ।

रुद्राणी मन्त्र—अब मैं उस महामन्त्र को तथा पूजा के प्रकरण को कहती हूँ—मणिपूर में पहुँचकर मन्त्रज्ञ साधक प्रथम रुद्राणी का यजन करे । हे कालकूट पीने वाले ! अब मैं रुद्राणी मन्त्र का उद्धार कहती हूँ । प्रथम 'प्रणव' (ॐ) का उच्चारण करे इसके बाद 'नमस्ते' शब्द कहे, इसके बाद 'रुद्र' शब्द, फिर 'रूपिण्यै' पद का उच्चारण करे (ॐ नमस्ते रुद्ररूपिण्यै) । यहाँ तक रुद्राणी मन्त्र का उद्धार कहा गया ॥ ५-७ ॥

ततो महारुद्रमन्त्रं वक्ष्यामि तत्त्वतः शृणु ।
प्रणवान्ते नमस्शब्दं[1] ते महाशब्दमुच्चरेत् ॥ ८ ॥
रुद्राय [2]पदमुद्धृत्य महारुद्रमनुः स्मृतः ।
ततोऽन्यत्कालरूपेश [3] रुद्राणीमन्त्रमाशृणु ॥ ९ ॥

महारुद्र मन्त्र—अब हे शङ्कर ! महारुद्रमन्त्र को कहती हूँ उसे सुनिए । आदि प्रणव (ॐ) के अन्त में 'नमस्' शब्द का उच्चारण करे, तत्पश्चात् 'ते महा', फिर 'रुद्राय' पद का उच्चारण करे । 'ॐ नमस्ते महारुद्राय'—यही महारुद्र का मन्त्र है । हे कालरूप ईश्वर! इसके अतिरिक्त और रुद्राणी मन्त्र को सुनिए ॥ ८-९ ॥

डादिफान्तैः सर्ववर्णैराद्यन्ते पुटितं मनोः ।
सर्वशेषे वह्निजाया महामन्त्रोत्तमोत्तमः ॥ १० ॥

रुद्राणी का मन्त्र 'सर्ववर्णैः' के आदि में डं तथा अन्त में फं इस प्रकार के सम्पुट से बनता है अथवा 'सर्वशेष' के बाद वह्निजाया (स्वाहा) यह भी सभी मन्त्रों में उत्तम मन्त्र हैं।

विमर्श—डं ढं णं तं थं दं धं नं पं फं ॐ नमस्ते रुद्ररूपिण्यै स्वाहा ॥ १० ॥

अस्य जापनमात्रेण षट्पद्म[4]साधने जयी ।
एवं प्रकारं रुद्रस्य चाथवान्यप्रकारकम् ॥ ११ ॥

इस मन्त्र के जप मात्र से षट्चक्र रूप पद्म के साधन में साधक विजय प्राप्त कर लेता है, इस प्रकार रुद्र का मन्त्र कह दिया गया । अब उस रुद्र मन्त्र के अन्य प्रकार को सुनिए ।

रुद्राणां विविधं मन्त्रं कोटितन्त्रे विनिर्णयम् ।
मणिपूरे सदा ध्यायेद् योगसाधनहेतुना ॥ १२ ॥

रुद्र के अनेक मन्त्र कोटितन्त्र में निर्णीत कर कहे गए हैं । अतः साधक योगसाधना की सिद्धि के लिए मणिपूर चक्र में उनका ध्यान अवश्य करे ॥ १२ ॥

सर्वत्र मानसं कार्यं ध्यानपूजाविधानकम् ।
प्रमोदाख्यातिमनुभिर्मृत्युञ्जयादिभिस्तथा ॥ १३ ॥
चैतन्यं कारयेत् शीघ्रं मणिपूरस्थदेवयोः ।

---

१. शब्दः—ग० । मन्त्रस्य स्वरूपं निःसारणीयम् ।
२. मुचार्य—क० । ३. अन्य—ग० ।
४. जापने—ग० ।—षट्पद्मसाधने जयति तच्छीलः ।

'प्रमोद' नामक मन्त्रों (द्र०. ४७, १५) से तथा मृत्युञ्जयादि मन्त्रों से इन देवद्वय का ध्यान तथा पूजाविधान मानस ही करे । इन मन्त्रों से मणिपूरस्थ (रुद्र एवं रुद्राणी इन) दोनों देवों को शीघ्र प्रबुद्ध करे ॥ १३-१४ ॥

अथ[1] वक्ष्ये महेशस्य [2]रुद्रस्य परमात्मनः ॥ १४ ॥
प्रासादाख्यं महामन्त्रं त्रैलोक्यफलसिद्धिदम् ।
सान्तमोङ्कार[3]संयुक्तं नादबिन्दुविभूषितम् ॥ १५ ॥

अब परमात्मा महेश्वर रुद्र के त्रैलोक्य फल की सिद्धि देने वाले प्रासाद नामक महामन्त्र को कहती हूँ । नाद बिन्दु से समन्वित स (सं) अन्त में तथा आदि में प्रणव का उच्चारण करे (ॐ सं) ॥ १४-१५ ॥

प्रासादाख्ये मनुः प्रोक्तो भजतां कामदो[4]मणिः ।
प्रणवं पूर्वमुच्चार्य स्वाहान्तं जपते यदि ॥ १६ ॥

यही प्रासाद नामक महामन्त्र हमने कहा जो जप करने वालों को अभीष्ट प्रदान करने वाली महामणि है, अथवा प्रथम प्रणव (ॐ) का उच्चारण कर उसके अन्त में स्वाहा लगा कर जप करे (ॐ सं स्वाहा) ॥ १६ ॥

स्तम्भनादीनि कर्माणि स करोति न संशयः ।
अथवा मृत्युजेतारं महामन्त्रं [5]महामनुम् ॥ १७ ॥

ऐसा साधक स्तम्भनादि समस्त कार्य करने में समर्थ हो जाता है इसमें संशय नहीं है, अथवा मृत्यु पर विजय प्राप्त करने वाला महामृत्युञ्जय महामन्त्र का जप करे ॥ १७ ॥

जपेन्मानसजापेन[6] यज्जाप्यं प्राणरक्षकम् ।
तारं स्थिरा[7] सकर्णेन्दुर्भृगुः सर्गसमन्वितः ॥ १८ ॥
त्र्यक्षरात्मा निगदितो मन्त्रो मृत्युञ्जयात्मकः ।
अथवान्यप्रकारेण जपेन्मृत्युञ्जयात्मकम् ॥ १९ ॥

इस मन्त्र का मानस जप करें, इस प्रकार का जाप प्राणों की रक्षा करता है । तार (ॐ) सकर्ण इन्दु के साथ स्थिरा (जूँ) सर्ग (विसर्ग) सहित भृगु (स) अर्थात् सः (ॐ जूँ

---

१. तत्त्वं—ग० ।
२. परमात्मानमीश्वरम्—ग० । यदरोदीत् तद् रुद्रस्य रुद्रत्वम् । रुदिर् अश्रुविमोचने इति धातोरक्प्रत्ययः, कित्वाद् गुणाभावः ।
३. हान्तमोकार—क०, सान्तमोकार—ग० । ४. मनु—क० ।
५. मुनिः—क० ।—महामुनिः मृत्युजेतारं महामन्त्रं जपेत् । अनेन रूपेणान्वये कृते सति अर्थसङ्गत्याऽयमेव पाठो युक्तः प्रतिभाति । महामनुमिति पाठे मनुशब्दस्य मन्त्रार्थकत्वात् पौनरुक्त्यदोष आपतति । मणिः—ग० ।
६. जपन्—क० । ७. स्थिराम्—क० ।

सः) इन तीन अक्षरों वाला मृत्युञ्जय मन्त्र कहा गया है अथवा अन्य प्रकार वाले मृत्युञ्जयात्मक मन्त्र का जप करे ॥ १८-१९ ॥

मृत्युञ्जयं समुद्धृत्य पालय द्वितयं ततः ।
मृत्युञ्जयं समुद्धृत्य पुनरेव[1] विलोमतः ॥ २० ॥
द्वादशाक्षरमन्त्रोऽयं मृत्युञ्जयाभिधोऽपरः ।
ध्यानं (पूजा) तथा न्यासं शृणु वक्ष्यामि शङ्कर ॥ २१ ॥

पहले 'मृत्युञ्जय' पद इसके बाद दो बार पालय (पालय पालय) शब्द, फिर मृत्युञ्जय का विलोम 'जय मृत्यु' (मृत्युञ्जय पालय पालय जय मृत्युम्) यह १२ अक्षरों का दूसरे प्रकार का मृत्युञ्जय मन्त्र है। अब हे शङ्कर ध्यान, पूजा तथा न्यास कहती हूँ, उसे सुनिए ॥ २०-२१ ॥

रुद्रमन्त्रेण पुटितं योजयेन्मृत्युहारणम् ।
तथा हि रुद्रकान्ताया मन्त्रेण पुटितं शिवम् ॥ २२ ॥
जपित्वा पूजयित्वा च नरो गोप्ता भवेद्वशी ।
प्रातःकृत्यादिकं कृत्वा हविष्याशी जितेन्द्रियः ॥ २३ ॥
अतिसावधानपरो[2] विधिसेवापरायणः ।
स्नानसन्ध्यादिकं कृत्वा आसनादिकमाश्रयेत् ॥ २४ ॥
समाप्य आसनं सर्वं पीतवस्त्रे पिधाय च ।
अथवा शुक्लवस्त्रे द्वे परिधाय मनोहरे ॥ २५ ॥

मृत्युञ्जय मन्त्र को रुद्रमन्त्र से सम्पुटित करे । इसी प्रकार रुद्राणी के मन्त्र से शिव मन्त्र को सम्पुटित करे । इस मन्त्र के जप से और पूजा से मनुष्य वशी (जितेन्द्रिय) बन जाता है तथा अपनी रक्षा भी कर लेता है । हविष्य भोजन करने वाला जितेन्द्रिय साधक सर्वप्रथम अपना प्रातःकृत्य सम्पादन करे । फिर अत्यन्त सावधान हो कर विधिपूर्वक सेवा में संलग्न हो जावे। नित्य प्रातःकृत्य के बाद स्नान सन्ध्यादि कार्य कर आसन करे । तदनन्तर सभी आसन कर पीतवस्त्र धारण करे, अथवा अत्यन्त मनोहर दो शुक्ल वस्त्र धारण करे ॥ २२-२५ ॥

कोमलाद्यासने गत्वा प्रक्षाल्यपादयुग्मकम ।
द्विराचम्य विधानेन पूजायां स्वस्तिकासने ॥ २६ ॥
वीरासने तथा पद्मासनयोन्यासने तथा ।
उपविश्य निर्मलात्मा पूजामार्गपरो भवेत् ॥ २७ ॥
सर्वाणि द्रव्यभोज्यानि मनसा कल्पितानि च ।
तदलाभे सलाभे वा मनःकल्पितशोधनम् ॥ २८ ॥

---

१. एवम्—क० ।
२. सावधानपरो भूत्वा—क० ।

करणीयं सर्वदैव निजबाह्येऽपि[१] चालयेत् ।
यथा लभ्यानि द्रव्याणि संशोध्य[२] तत्र योजयेत् ॥ २९ ॥

फिर अपने दोनों पैरों का प्रक्षालन कर कोमलासन पर बैठ कर दो बार आचमन करे । पूजा में स्वस्तिकासन से बैठने का विधान है, अथवा वीरासन से, अथवा पद्मासन से, अथवा योन्यासन से बैठकर साधक निर्मल हो कर पूजा कार्य में तत्पर हो जावे । पूजा के सभी द्रव्य तथा भोज्य मानस रूप से कल्पित करे चाहे वे प्राप्त हो चाहे प्राप्त न हों, मन से उनको एकत्रीकरण करना यही ठीक मार्ग है । ऐसा सर्वदा करना चाहिए । यदि बाह्य पूजा करनी हो तो जो वस्तुयें प्राप्त हों उन्हीं को एकत्रित कर पूजा करे ॥ २६-२९ ॥

ततः कुर्याद् विशेषेण प्राणायामं मनोरमम् ।
चतुःषष्टिमात्रया वा तथा षोडशमात्रया ॥ ३० ॥
तद्द्वादशमात्रया वा संख्यया[३] वायुमाश्रयेत् ।
प्राणायामं समाप्याथ रुद्रन्यासं समाचरेत् ॥ ३१ ॥

पूजासंभार एकत्रित कर लेने के बाद ६४ मात्रा वाला, अथवा १६ मात्रा वाला अथवा १२ मात्रा में वायु का आश्रय ले कर सरल प्राणायाम करे । प्राणायाम समाप्त कर लेने के बाद रुद्रन्यास करना चाहिए ॥ ३०-३१ ॥

श्रीकण्ठादिमहावीरन्यासं कुर्यात् प्रयत्नतः ।
रुद्रन्यासं प्रवक्ष्यामि [४]मनुयोगादिसिद्धये ॥ ३२ ॥
एतन्न्यासाभिकरणे नरो रुद्रसमो भवेत् ।
सदा कुर्यान्महान्यासं सर्वसिद्धिप्रकाशनात् ॥ ३३ ॥

रुद्रन्यास में श्रीकण्ठादि महावीर न्यास प्रयत्नपूर्वक करना चाहिए । अब मन्त्र योग की सिद्धि के लिए रुद्रन्यास कहती हूँ । इस न्यास के करने से साधक पुरुष रुद्र के समान हो जाता है । अतः सर्व सिद्धियों के प्रकाश से पूर्व सदैव महान्यास करना चाहिए ॥ ३२-३३ ॥

शक्तिहीनं शक्तियुक्तं महान्यासं प्रकीर्तितम् ।
शक्तियुक्तं समाकृत्य महाशक्तो भवेद् बली ॥ ३४ ॥
शक्तिहीनं तथा कार्यं सर्वविघ्नविनाशनात् ।
मातृकापद्मचक्रे तु मातृका[५]वर्गसंयुतम् ॥ ३५ ॥
मातृकापुटितं मन्त्रं किं वा मन्त्रेण संपुटम् ।
कृत्वा मन्त्री न्यासजालं सावधानेन कारयेत् ॥ ३६ ॥

---

१. स्वाजे राजे वा—क० ।
२. सन्तोष्य—ग० । 'संशोध्य' इति पाठः साधीयान् । द्रव्यस्य पुष्पधूपादेः संशोधनं भवति, न तु सन्तोषणम् । अचेतनत्वात् । यदि द्रव्यं पश्वादिकम्, तदा 'सन्तोष्य' इति पाठो युक्त एव ।
३. संख्यया—क० ।
४. महा—क० ।
५. वर्ण चक्रे—ग० ।

रुद्रमहान्यास दो प्रकार का होता है—एक शक्तियुक्त न्यास तथा दूसरा शक्ति से रहित न्यास। शक्तियुक्त न्यास कर साधक महान् शक्तिमान् तथा बलवान् बन जाता है। सभी विघ्नों के विनाश के लिए शक्ति रहित न्यास करना चाहिए। मातृका पद्मचक्र पर मातृकावर्णों से संयुक्त न्यास करना चाहिए। मातृका सम्पुटित मन्त्र से अथवा उक्त मन्त्र से सम्पुटित मन्त्र द्वारा न्यास कर साधक मन्त्रज्ञ को सावधानी से अनेक अन्य न्यास समूहों को करना चाहिए ॥ ३४-३६ ॥

विक्रमी सिंहतुल्य: स्यात्तं दृष्ट्वा यान्ति शत्रव:।
मौनी भूत्वा समाकृत्य कुलचक्रस्य भेदनम्[१] ॥ ३७ ॥
मणिपूरे स्थिरो[२] भूत्वा महातेजोमयो भवेत्।

इस प्रकार के न्यासों के करने से साधक सिंह के समान पराक्रमी हो जाता है। शत्रुगण उसे देखते ही भाग जाते हैं। मौन हो कर कुलचक्र का भेदन कर मणिपूर में स्थिर होकर साधक महान् तेजस्वी हो जाता है ॥ ३७-३८ ॥

तेषां नाम प्रवक्ष्यामि पञ्चाशदेकसंख्यया ॥ ३८ ॥
पञ्चाशदेकशक्तीनां तथा नाम शृणु प्रभो।
सर्वेषामभिधानान्ते[३] ईशाय नम उच्चरेत् ॥ ३९ ॥

अब उन रुद्रों का नाम तथा उनकी ५१ शक्तियों का नाम कहती हूँ, उन्हें सुनिए। न्यास काल में सभी नामों के अन्तमें 'ईशाय नमः' इस पद का उच्चारण करे ॥ ३८-३९ ॥

एकैकं मातृकावर्णं नाम्न आद्ये नियोजयेत्।
शक्तियुक्तं सदा[४] नाम ईशान्तं सन्त्यजेत् तथा ॥ ४० ॥

नाम के आदि में एक एक मातृकावर्ण का उच्चारण करे। जब शक्ति से संयुक्त नाम द्वारा न्यास करना हो तो 'ईशाय नमः' इस पद का परित्याग कर देवे ॥ ४० ॥

भेदने शक्तियुक्तस्तु न्यासं कुर्यान्महायति:।
कुशासने सिद्धिहेतोश्चैलाजिनकुशोत्तरम् ॥ ४१ ॥
बद्धैकमासनं योगी न्यासजालं समाचरेत्।
अथवा द्वीपिचर्मादि कोमलाद्यासनेऽपि वा ॥ ४२ ॥

साधक महा यति मणिपूर के भेदन में शक्तियुक्त न्यास करे। सिद्धि के लिए कुशासन के ऊपर अजिन उसके ऊपर वस्त्र बिछाकर न्यास करे। एक आसन से बैठकर योगी समस्त न्यासों को करे, अथवा व्याघ्र के आसन पर अथवा अन्य किसी कोमल आसन पर बैठना चाहिए ॥ ४१-४२ ॥

---

१. भेदनात्—क०। २. स्थितो—ग०।
३. अभिधानार्थम्—ख० ।—एकपञ्चाशत्संख्याकशक्तीनां नामानि उच्चार्य 'ईशाय नमः, इत्युच्चरेत्, इति तात्पर्यम्। अभिधानन्तु—ग०।
४. यदा ..... तदा—ग०।

योगाभ्यासी न्यासजालं कृत्वा[१] सावभयो भवेत् ।
भद्रकाली गृहे स्थित्वा ये कुर्वन्ति निरन्तरम् ॥ ४३ ॥
महान्यासं महादेव तत्क्षणादमरो भवेत् ।
आयुरारोग्यसम्पत्तिं [२] सम्प्राप्नोति महाश्रियम् ॥ ४४ ॥

योगाभ्यासी समस्त न्यास समूहों को कर के अभय हो जाता है । जो लोग भद्रकाली के मन्दिर में निवास कर निरन्तर इस महान्यास का अभ्यास करते हैं, हे महादेव ! वे तत्क्षण अमर हो जाते हैं । वे आयु आरोग्य रूप महासम्पत्ति तथा महान् श्री (समृद्धि) शीघ्र प्राप्त कर लेते हैं ॥ ४३-४४ ॥

समायाति मम स्थाने न्यासयोगप्रसादतः ।
न्यासधारणयोगेन मणिपूरे [३] ह्रदो भवेत् ॥ ४५ ॥

इस न्यासयोग की कृपा के फल स्वरूप वे शीघ्र ही हमारे लोक में पहुँच जाते हैं । न्यास धारण योग से मणिपूर में एक (आनन्द का) सरोवर बन जाता है ॥ ४५ ॥

आदौ [४] तन्नाम वक्तव्यं पश्चात् [५] शक्त्याभिधानकम् ।
श्रीकण्ठश्चाप्यनन्तश्च सूक्ष्मा त्रिमूर्तिरेव च ॥ ४६ ॥
अमरेश्वरश्चार्घीशो भावभूतिस्ततः [६] परम् ।
अतिथीशस्थाण्वीशो हरो झिण्टीश [७] एव च ॥ ४७ ॥
भौतिकः सद्योजातश्चाप्यनुग्रहेश्वरस्तथा ।
अक्रूरोऽपि महासेनो [८] निर्जरादिश्च षोडश ॥ ४८ ॥
एते देवा महारुद्र षोडशस्वरविग्रहाः ।
क्रोधीशश्चापि चण्डेशः पञ्चान्तकः शिवोत्तमः ॥ ४९ ॥

प्रथम रुद्रों के नाम तदनन्तर शक्तियों के नाम का उच्चारण कर न्यास करें । १. श्री कण्ठ, २. अनन्त, ३. सूक्ष्म, ४. त्रिमूर्ति, ५. अमरेश्वर, ६. अर्घीश, इसके बाद ७. भावभूति, ८. अतिथीश, ९. स्थाण्वीश, १०. हर, ११. झिण्टीश, १२. भौतिक, १३. सद्योजात, १४. अनुग्रहेश्वर, १५. अक्रूर और १६. महासेन—इतने निर्जरादि रुद्र कहे गए हैं । हे महारुद्र ! जो १६ स्वरों के साक्षात् स्वरूप हैं ॥ ४६-४९ ॥

एकरुद्रस्तथा कूर्म [९] एकनेत्रेश्वरस्ततः ।
चतुराननोऽजेशश्च सर्वः सोमेश एव च ॥ ५० ॥
लाङ्गलीशो[१०] दारुकेशोऽर्द्धनारीश्वर एव च ।

---

१. सारमयो—ग० । २. समाप्नोति—क० । ३. अपि भो—ग० ।
४. तत्त्वान्तम्—ग० । ५. यथा—ख० । अधिक पाठः ।
६. तथा परः—क० । ७. कोटीश—क० ।
८. निजस्वरादि षोडशः—क० । ९. तथा—क० ।
१०. उमाकान्तेश आषाढिः डिण्डीशोऽत्रीश एव च । मीनेशश्चापि मेषेशो लोहितेशः शिखीश्वरः ॥ छगलण्डे द्विरण्डेशो महाकालेश्वरस्ततः । अधिकः पाठः—क० ।

(उमाकान्तेश आषाढिः डिण्डीशोऽत्रीश एव च ।
मीनेशश्चापि मेषेशो लोहितेशः शिखीश्वरः ।
छगलण्डे द्विरण्डेशो महाकालेश्वरस्ततः ।)
वाणीशश्च भुजङ्गेशः पिनाकीशस्ततः परम् ॥ ५१ ॥
खड्गीश[1]श्चरकेशश्च श्येनो भृग्वीश एव च ।
नकुलीशः शिवेशश्च संवर्त्तकेश एव च ॥ ५२ ॥
एते रुद्राः समाख्याताः सर्वकाले कुलेश्वराः[2] ।
यस्य नाम्नश्चान्तभाते ईशशब्दो न विद्यते ॥ ५३ ॥
केशान्तं नाम संस्कृत्य न्यासं मौलीशमाचरेत् ।

१७. क्रोधीश, १८. चण्डेश, १९. पञ्चान्तक, २०. शिवोत्तम, २१. एकरुद्र, २२. कूर्म, इसके बाद २३. एकनेत्रेश्वर, २४. चतुरानन, २५. अजेश, २६. सर्व, २७. सोमेश, २८. लाङ्गलीश, २९. दारुकेश, ३०. अर्द्धनारीश्वर, ३१. उमाकान्त, ३२. आषाढीश, ३३. चण्डीश, ३४. अत्रीश, ३५. मीनेश, ३६. मेषेश, ३७. लोहितेश, ३८. शिखीश, ३९. छगलण्डेश, ४०. द्विरण्डेश, ४१. महाकालेश्वर, ४२. वागीश, ४३. भुजङ्गेश, उसके बाद ४४. पिनाकीश, ४५. खड्गीश, ४६. चरकेश, ४७. श्येन, ४८. भृग्वीश, ४९. नकुलीश, ५०. शिवेश और ५१. संवर्तकेश—सर्वकाल में इतने कुलेश्वर रुद्र कहे गए हैं । जिन रुद्र के नाम के अन्त में 'ईश' शब्द नहीं आया है । उन नामों के अन्त में 'ईश' शब्द लगाकर तब न्यास करना चाहिए ॥ ५०-५४ ॥

विमर्श—यहाँ पर कुछ नाम छूट गए हैं । क्योंकि कुल ५१ वर्ण हैं, जिसमें १६ स्वरों के अधीश्वर रुद्र पहले कह चुके हैं शेष ३५ व्यञ्जनों के ३५ रुद्रों के नाम आने चाहिए, मूल श्लोक में मात्र २५ नामों का उल्लेख है ।

मन्त्रमहोदधि (२१. ८६-९९) में ८. तिथीश, ७. भारभूति, २९. दारकेश, ३० अर्धनारीश, ४२. बालीश, ४६. बकेश, और ४७. श्वेतेश पाठ है । यहाँ रुद्रयामल में ३१-४१ के मध्य जिन ११ नामों की छूट है वह हिन्दी में जोड़ा गया है ॥ ५०-५४ ॥

कामं मोहादिनाशार्थं यः करोति निरन्तरम् ॥ ५४ ॥
मातृकावर्णघटितं मातृकास्थलके न्यसेत् ।
शक्तियुक्तं[3] यदा न्यासं तत्कालेऽपीशयोजनम् ।
अथवा रुद्रशक्त्या[4] च तथा रुद्रेण सम्पुटम् ॥ ५५ ॥

काम तथा मोहादि के विनाश के लिए जो निरन्तर रुद्र न्यास करता है (वह साधक सिद्धि प्राप्त करता है) । प्रत्येक मातृका स्थल में रुद्र के नामों के पहले मातृकावर्ण लगाना

लाङ्गलमस्ति यस्य स लाङ्गली, तस्येशः, स चासौ ईशः, स ईशो यस्येति वा त्रिविधः समासः ।

१. खड्गीशः सुरकेश—ग० ।   २. कुलेश्वर ग० ।

३. यदा न्यासं प्रकुर्वीत—ग० ।   ४. रुद्रशक्त्या चेति—ग० ।

चाहिए । जब शक्तियुक्त न्यास करना हो तब भी रुद्र के नामों में जहाँ ईश पद नहीं है वहाँ ईश पद जोड़कर तब न्यास करना चाहिए, अथवा रुद्र शक्ति के मन्त्र से सम्पुट अथवा रुद्र के साथ सम्पुटित वर्णों द्वारा न्यास करना उचित है ॥ ५४-५५ ॥

निजमन्त्रेण वा नाथ पुटितं मातृकास्थले ।
शक्त्या च [१]ग्रथनं कृत्वा संसारं सन्तरेत् क्षणात् ॥ ५६ ॥

अथवा हे नाथ ! मातृका स्थल में निजमन्त्र से सम्पुटित न्यास करना चाहिए । शक्ति के साथ वर्णों को जोड़कर न्यास करने से साधक संसार सागर से पार हो जाता है ॥ ५६ ॥

रुद्राणीनामानि

तत्प्रकारं शृणु प्राणनाथ शङ्कर वल्लभ ।
पूर्णोदरी च गिरिजा शाल्मली तदनन्तरम् ॥ ५७ ॥
लोलाक्षी वर्त्तुलाक्षी च दीर्घघोणा ततः परम् ।
सुदीर्घमुखि[२]गोमुख्यौ दीर्घजिह्वा ततः परम् ॥ ५८ ॥
कुण्डोदरी चोद्ध्र्वमुखी तथा विकृतमुख्यपि ।
ज्वालामुखी वह्निमुखी[३] लोलजिह्वा ततः परम् ॥ ५९ ॥
विद्यामुखी तथा नाथ एताश्च स्वरशक्तयः ।

हे प्राणनाथ ! हे शङ्कर ! हे वल्लभ ! उन शक्तियों का नाम श्रवण कीजिए । १. पूर्णोदरी, २. गिरिजा, ३. शाल्मली, इसके बाद ४. लोलाक्षी, ५. वर्त्तुलाक्षी, ६. दीर्घघोणा, इसके बाद ७. सुदीर्घमुखी, ८. गोमुखी, ९. दीर्घजिह्वा, इसके बाद १०. कुण्डोदरी, ११. ऊर्ध्वमुखी, १२. विकृतमुखी, १३. ज्वालामुखी, १४. वह्निमुखी, १५. लोलाजिह्वा, इसके बाद १६. विद्यामुखी । हे नाथ ! इतनी १६ स्वरों की शक्तियाँ हैं ॥ ५७-६० ॥

काद्यार्णशक्तिविद्याश्च वक्ष्यामि पार्वतीश्वर ॥ ६० ॥
महाकालीसरस्वत्योर्महालक्ष्म्यास्ततः परम् ।
द्राविणी नागरी भूयः खेचरी चापि मञ्जरी ॥ ६१ ॥
रूपिणी बिम्बिनी[४] पश्चात् काकोदरी च पूतना ।
भद्रकाली योगिनी च शङ्खिनी गर्ज्जिनी तथा ॥ ६२ ॥
कालरात्रिः कुब्जिका च कपर्द्दिनी ततः परम् ।
वज्रा जया [५]ततो नाथ सुमुखेश्वर्यपि प्रभो ॥ ६३ ॥
रेवती माधवी चैव वारुणी वायवी तथा ।

---

१. प्रथममिति—ग० । २. सुदीर्घमुखी गोमुख्या—ग० ।
३. चोल्कामुखी सुश्रीमुखी ततः परम्—क० । वह्निरिव प्रकाशमानं मुखं यस्याः सा । अथवा वह्निर्मुखे यस्या इति व्यधिकरणबहुव्रीहिः समासः ।
४. विरली—ख० । ५. तथा—क० ।

वक्षोविदारिणी चैव सहजालक्ष्म्यथ प्रभो ॥ ६४ ॥
व्यापिनी चैव माया च रुद्राङ्कपीठदेवता: ।

हे पार्वतीश्वर ! अब ककार से लेकर समस्त व्यञ्जन वर्णों की शक्तियों को कहती हूँ। १७. महाकाली, १८. महासरस्वती, १९. महालक्ष्मी, २०. द्राविणी, २१. नागरी, इसके बाद २२. खेचरी, २३. मञ्जरी, २४. रूपिणी, २५. बिम्बिनी, २६. काकोदरी, २७. पूतना, २८. भद्रकाली, २९. योगिनी, ३०. शंखिनी, ३१. गर्जिनी, ३२. कालरात्रि, ३३. कुब्जिका, ३४. कपर्दिनी, ३५. वज्रा, ३६. जया, इसके बाद हे नाथ ! ३७. सुमुखेश्वरी, ३८. रेवती ३९. माधवी, ४०. वारुणी, ४१. वायवी, ४२. वक्षोविदारिणी, ४३. सहजा, ४४. लक्ष्मी, ४५. व्यापिनी एवं ४६. माया, हे रुद्र ! हे प्रभो ! इतने वर्णों की अधिष्ठात्री देवता हैं ॥ ६०-६५ ॥

विमर्श—मन्त्रमहोदधि (२१. ८६-९९) में २. विरजा, ७. दीर्घमुखी, १०. कुम्भोदरी, ११. ऊर्ध्वकेशी, १४. उल्कामुखी, १५. श्रीमुखी, १९. सर्वसिद्धिगौरी, २०. त्रैलोक्यविद्या, २१. मन्त्रशक्ति, २२. आत्मशक्ति, २३. भूतमातृ, २४. लम्बोदरी, २५. वीरिणी, ३२. तर्जनी, ३३. कुब्जिनी और ४२. रजोविदारिणी पाठ है । ४३. 'सुमहा' रुद्रयामल में अपपाठ है । अतः यहाँ पर मन्त्रमहोदधि के आधार पर 'सहजा' पाठ दिया गया है ॥ ५७-६५ ॥

सर्वाभरणसंयुक्ता सिन्दूरारुणविग्रहा: ॥ ६५ ॥
धृतशूलकपालादि [१] बाणशक्तिप्रखेटका: ।
वराभयकरा नित्या: सर्पवाहनवाहना: [२] ॥ ६६ ॥
श्रीकण्ठाद्या [३] महारुद्रा धृतशूलकपालका: ।
खड्गखेटकशक्तीषु गदामूसलधारका: ॥ ६७ ॥

ये सभी शक्तियाँ आभरणों से भूषित, सिन्दूर से अलंकृत तथा अरुण वर्ण के विग्रह से युक्त हैं । शूल एवं कपालादि आयुधों को धारण करने वाली तथा बाण शक्ति, खेटक, वर तथा अभय मुद्रा अपने हाथों में लिए हैं, ये सभी नित्या हैं तथा सर्प के वाहन पर आसीन रहने वाली हैं । श्री कण्ठादि महारुद्र शूल, कपाल, खड्ग, खेटक, शक्ति, बाण, गदा और मुसल आयुध लिए हुए हैं ॥ ६५-६७ ॥

नानास्त्रधारका नित्या बन्धूककोटिसुन्दरा: ।
रक्तचन्दनदिग्धाङ्गा: पञ्चचूडधरा: परा: ॥ ६८ ॥
रक्तोत्पलमहामाला [४] लङ्कारकरपङ्कजा: ।

ये सभी अनेक प्रकार के अस्त्रों को धारण किए हैं एवं नित्य हैं तथा बन्धूक पुष्प के समान सुन्दर हैं । सभी के शरीर में रक्त चन्दन का अनुलेप है तथा सभी पञ्चचूड़ा से युक्त

---

१. कपालासि—क० । २. सर्वस्ववाहना:—ग० ।

३. कण्ठास्या—ग० ।

४. भाला—क० । रक्तानि उत्पलानि (कमलानि) तेषां माला तद्रूपोऽलंकार: करपङ्कजे यस्या: सा । व्यधिकरणबहुव्रीहि: ।

हैं । सभी लाल वर्ण के कमलों की माला का अलङ्कार धारण किए हुए तथा हाथ में कमल लिए हुए हैं ॥ ६८-६९ ॥

पीठन्यासं ततः कुर्यात् मम तन्त्रानुसारतः ॥ ६९ ॥
सर्वत्रमूलपुटितमथवा वर्णसम्पुटम् ।
कृत्वा पीठन्यासकार्यं विधानेन वदामि तत् ॥ ७० ॥

इसके बाद हे नाथ ! हमारे तन्त्र के अनुसार साधक पीठ न्यास करे । सभी पीठन्यास में प्रथम मूल मन्त्र से सम्पुटित अथवा वर्ण सम्पुट करने के पश्चात् साधक विधानपूर्वक पीठन्यास करे । अब उसे मैं कहती हूँ ॥ ६९-७० ॥

ॐ अनन्ताय[१] नमश्च नमो हृदि ततः परम् ।
ॐ पद्माय नमः शब्दं हृदये च ततः परम् ॥ ७१ ॥
ॐ सूर्यमण्डलाय [२] द्वादशान्ते कलात्मने ।
ॐ नमः पदं समुच्चार्य चान्ते च हृदये प्रभो ॥ ७२ ॥
ॐ उं सोममण्डलाय षोडशकलात्मने नमः ।
सर्वत्र हृदये कार्यं पीठन्यासं मनोलयम् ॥ ७३ ॥

'ॐ अनन्ताय नमः', इसके बाद 'नमो हृदि' पद, फिर 'ॐ पद्माय नमः', इसके बाद 'हृदये' कहिए । फिर 'सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने', फिर 'नमः' पद का उच्चारण कर हे प्रभो ! 'हृदये' कहिए । इसके बाद ॐ 'सोममण्डलाय षोडश कलात्मने नमः' हृदये इस प्रकार सर्वत्र हृदय में पीठन्यास कर मनोलय करना चाहिए ॥ ७१-७३ ॥

ॐ मं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने नमः ।
ॐ सं सत्त्वाय नमश्च ॐ रं रजसे नमः ॥ ७४ ॥
ॐ तं तमसे नमश्च पूर्वादिकेशरेषु च ।
ॐ [३]तं आत्मने नमश्च ॐ सर्वव्यापिने नमः ॥ ७५ ॥
ॐ [४]अं अन्तरात्मने च ॐ मनोन्मन्यै नमश्च ।
तदुपरि ततो वदेत् नमोऽन्ते शून्यवासिने ॥ ७६ ॥
ॐ [५]पं परमात्मने च नमोऽन्ते कालरूपिणे ।
ॐ ह्रीं ज्ञानात्मने चान्ते नमोऽन्ते वर्णवासिने ॥ ७७ ॥

फिर 'ॐ मं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने नमः', 'ॐ सं सत्त्वाय नमः', 'ॐ रं रजसे नमः', 'ॐ तं तमसे नमः'—इन मन्त्रों से पीठन्यास करे ।

इसके बाद पूर्वादि दिशाओं के ८ केशरों पर—१. ॐ तं आत्मने नमः, २. ॐ सर्वव्यापिने नमः, ३. ॐ अं अन्तरात्मने नमः, ४. ॐ मनोन्मन्यै नमः, इसके बाद ५.

---

१. अं श्रं न्यन्ताय—ग० । २. द्वादशकलात्मने तत—ग० ।
३. आम्—क० । ४. आम्—क० ।
५. पं० नास्ति—ग० ।

शून्यवासिने नमः, ६. ॐ पं परमात्मने कालरूपिणे नमः, ७. ॐ ह्रीं ज्ञानात्मने नमः एवं ८. ॐ वर्णवासिने नमः—इन मन्त्रों से न्यास करे ॥ ७४-७७ ॥

पीठशक्तेस्ततो न्यासं कुर्यात् साधकयोगिराट् ।
हृत्पद्मस्यापि पूर्वादि केशरेषु च संन्यसेत् ॥ ७८ ॥
ॐ वामायै नमश्चान्ते ॐ ज्येष्ठायै[1] नमो वदेत् ।
ॐ सर्वभूतदमन्यै [2] नमः शब्दं समुच्चरेत् ॥ ७९ ॥
(ॐ रौद्रायै नमश्चान्ते ॐ काल्यै च नमो वदेत् ।
ॐ कलविकरिण्यै नमः शब्दं ततो वदेत् ।
ॐ बलप्रमथन्यै नमो वं भोऽन्ते च पुनर्वदेत् ।)

पीठन्यास के बाद योगिराज साधक पीठ शक्तियों का न्यास करे । यह न्यास हृदयकमल के पूर्वादि केशरों पर करना चाहिए । पूर्वादि दिशाओं में तथा मध्य में 'ॐ वामायै नमः', इसके बाद 'ॐ ज्येष्ठायै नमः', फिर 'ॐ सर्वभूतदमन्यै नमः' से न्यास करे।

विमर्श—यहाँ पर भी आठ केशरों में और मध्य में ९ नाम होना चाहिए । तीन ही दिशा में न्यास कहा है । एक दिशा छूट है । फिर 'ॐ रौद्रायै नमः', 'ॐ काल्यै नमः', 'ॐ कलविकरिण्यै नमः', 'ॐ बलविकरिण्यै नमः', 'ॐ बलप्रमथन्यै नमः', (द्र० ६४. ४५; ४७. ९५-९७) ॥ ७८-७९ ॥

एता विन्यस्य देवेश मध्ये विन्यासमाचरेत् ।
हृत्पद्मस्य कर्णिकायां कृत्वा भावनमाचरेत् ॥ ८० ॥
ॐ मनोन्मन्यै नमश्च तदुपरि ततो वदेत् ।
ॐ नमो भगवतेऽन्ते च सकलपदमुच्चरेत् ।
गुणाय [3] शक्तियुक्ताय अनन्ताय पदं ततः ॥ ८१ ॥
(योगपीठात्मने चान्ते नमः शब्दं समुच्चरेत् ।
ततः कुर्यान्महादेव ऋष्यादिन्यासमेव च ।
रुद्रशक्त्या ऋषेर्विष्णुस्तथा मृत्युञ्जयस्य च ।)

हे देवेश ! इन शक्तियों द्वारा न्यास कर हृत्पद्म की कर्णिका के मध्य में विन्यास करे। फिर उन शक्तियों का ध्यान करे । ध्यान करने के पश्चात् 'ॐ मनोन्मन्यै नमः' पद कहे । फिर साधक को 'ॐ नमो भगवते सकलगुणाय शक्तियुक्ताय अनन्ताय' पद का उच्चारण करना चाहिए ॥ ८०-८१ ॥

---

१. नमः शब्दं पुनर्वदेदिति—ग० ।

२. ॐ रौद्रायै नमश्चान्ते ॐ काल्यै च नमो वदेत्—क० ।
ॐ कलविकरिण्यै नमः शब्दं ततो वदेत् ।
ॐ बलप्रमथन्यै नमो व भोऽन्ते च पुनर्वदेत्—क० अधि० ।

३. गुणार्थ—क० । शक्तियुक्ताय अनन्ताय गुणाय इत्यादिरूपेणान्वयः करणीयः । गुणपदमर्शं आद्यजन्ततया गुणिपरतया बोध्यम् ।

विमर्श—इसके बाद 'योगपीठात्मने नमः' इतना कहे, फिर हे महादेव ! ऋष्यादि न्यास करे । वस्तुतः रुद्र की शक्ति, ऋषि विष्णु और मृत्युञ्जय का पूजन करना चाहिए ।

कहोड[1] मुनिपुत्रश्च ऋषिरस्य प्रकीर्तितः ।
महेश्वरमुखाज्ज्ञात्वा यः साक्षात्तपसा मनुम् ॥ ८२ ॥
संसाधयति शुद्धात्मा स तस्य ऋषिरीरितः ।
गुरुत्वान्मस्तके चास्य न्यासस्तु[2] परिकीर्तितः ॥ ८३ ॥

रुद्र शक्तियों के ऋषि—इन रुद्र शक्तियों के कहोड मुनिपुत्र ऋषि कहे गए हैं । जिन शुद्धात्मा महर्षि ने महेश्वर के मुख से मन्त्र पाकर अपनी तपस्या द्वारा इसे सिद्ध किया, इसलिए वे ही इसके ऋषि कहे गए हैं । सर्वश्रेष्ठ होने के कारण ऋषि नाम के चतुर्थ्यन्त पद से मस्तक पर न्यास करना चाहिए ॥ ८२-८३ ॥

सर्वेषां[3] मन्त्रतत्त्वानां छादनाद् छन्द उच्यते ।
अक्षरात्वात्पदत्वाच्च मुखे च्छन्दः समीरितम् ॥ ८४ ॥
सर्वेषामेव जन्तूनां प्रेषणात्प्रेरणात्तथा[4] ।
हृदयाम्भोजमध्यस्था देवता[5] तत्र तां न्यसेत् ॥ ८५ ॥

रुद्र शक्तियों के छन्द—सभी मन्त्रों के तत्त्वों को आच्छादित करने के कारण उन शब्दों की 'छन्द' संज्ञा है । जो अक्षर तथा पद स्वरूप हैं इसलिए छन्द के चतुर्थ्यन्त पद से मुख पर न्यास करना चाहिए । यतः देवता हृदय स्थल पर निवास कर सभी जीव को प्रेरणा प्रदान करते हैं तथा कार्य करने के लिए विवश करते हैं, अतः मन्त्र के देवता के चतुर्थ्यन्त पद से हृदयस्थल पर न्यास करना चाहिए ॥ ८४-८५ ॥

ऋषिच्छन्दोऽपरिज्ञानान्न मन्त्रः फलभाग्भवेत् ।
दौर्बल्यं याति मन्त्राणां विनियोगमजानताम् ॥ ८६ ॥
न्यसेन्मूर्ध्नि ऋषिन्यासं छन्दोन्यासं मुखाम्बुजे ।
देवतान्यासमाकुर्यात् हृदयाम्भोरुहे सुधीः ॥ ८७ ॥

ऋषि तथा छन्द का परिचय जाने बिना मन्त्र फलप्रद नहीं होता । अतः जो ऋषि, छन्द तथा देवता रूप विनियोग किए बिना मन्त्र का जप करता है, उसका मन्त्र फलदान में दुर्बल रहता है । इसलिए सुधी साधक ऋषि से शिर पर, छन्द से मुख पर तथा देवता से हृदय कमल पर न्यास करे ॥ ८६-८७ ॥

---

१. योगपीठात्मने चान्ते नमः शब्दं समुच्चरेत् ।
ततः कुर्यान्महादेव ऋष्यादिन्यासमेव च ।
रुद्रशक्त्या ऋषेर्विष्णुस्तथा मृत्युञ्जयस्य च ॥
२. समस्तः परिकीर्तितः—ग० ।
३. सर्वेषां मन्त्रतत्त्वानां छादनाद् वृन्द उच्यते—ग० ।
४. भाषणात्प्रबलात्तथा—ग० । ५. देवतातत्त्वतां न्यसेदिति—ग० ।

मूके गुह्ये बीजन्यासं शक्तिन्यासं तु पादयो: ।
सर्वाङ्गे कीलकन्यासमाचरेत्[१] यत्नत: सुधी: ॥ ८८ ॥
शिवशक्त्यात्मकन्यासं [२]शिरस्येव समाचरेत् ।
शिरसि प्राणरक्षायै महाविष्णुऋषये नम: ॥ ८९ ॥
मुखे पङ्क्तिच्छन्दसे वै नम:शब्दं समुच्चरेत् ।
हृदि महारुद्राय शक्तियुक्ताय संवदेत् ॥ ९० ॥
देवतायै नम: शब्दं करन्यासं ततश्चरेत् ।

बीज का स्थान गुह्य में होने के कारण तथा मौन रहने के कारण मन्त्र के बीज से गुह्य (लिङ्ग) पर तथा शक्ति से पैर में न्यास करना चाहिए । इसी प्रकार सुधी साधक कीलक से प्रयत्नपूर्वक सर्वाङ्ग न्यास करे । 'शिवशक्त्यात्मक' न्यास केवल शिर:प्रदेश में ही करे । शिर में प्राण रक्षा के लिए 'महाविष्णु ऋषये नम:' इस मन्त्र से न्यास करे । पंक्तिश्छन्दसे नम:' उच्चारण कर मुख पर न्यास करे । 'महारुद्राय शक्तियुक्ताय देवतायै नम:' ऐसा उच्चारण कर हृदय पर न्यास करे । तदनन्तर करन्यास करे ॥ ८८-९१ ॥

ततोऽङ्गन्यासमाकृत्य ध्यानं कुर्यात् प्रयत्नत: ॥ ९१ ॥
वह्निना दीर्घबीजेन मन्त्रस्याङ्गक्रियां चरेत् ।
रुद्रध्यानं प्रवक्ष्यामि ध्यानाद् भवति भूपति: ॥ ९२ ॥

फिर षडङ्गन्यास कर प्रयत्नपूर्वक मन्त्र देवता का ध्यान करे । वह्नि (र) से इसका दीर्घ बीज 'रां रीं रूं रैं रौं र:' इससे मन्त्रपूर्वक अङ्गन्यास की क्रिया करे । अब रुद्र का ध्यान कहती हूँ, क्योंकि ध्यान से साधक राजा हो जाता है ॥ ९१-९२ ॥

रौद्रं रौद्रात्मकं तं प्रकृतिपुरुषं गंभीरगीताभिधानं
शूलं खड्गं दधानं वरमभयकरं पद्ममेकं प्रचण्डम् ।
सञ्चारं रश्मिजालं शशिशतकिरणं कामधेनुस्वरूपं
ध्यायेद्रौद्रीं स्वशक्तिं [३]प्रलयमयतनुं सूर्यकोटिप्रकाशम् ॥ ९३ ॥

रुद्र का ध्यान—रौद्र, रौद्रात्मक, प्रकृतिपुरुष स्वरूप, गम्भीर गीतों एवं स्तुतियों से जिनका अभिधान किया जाता है, जिन्होंने अपने हाथ में शूल, खड्ग, वर, अभय तथा एक पद्म धारण किया है, जो प्रचण्ड हैं, जिनके संचरण का रश्मि जाल सैकड़ों चन्द्रमा के समान दिशाओं में फैल रहा है, जिनकी अपनी रौद्री शक्ति प्रलयमय शरीर वाली है तथा जिनके शरीर का प्रकाश करोड़ों सूर्यों के समान कान्तिमान् है उस रुद्र का ध्यान करना चाहिए ॥ ९३ ॥

एवं ध्यात्वा [४]सुमनसैश्च सम्पूज्यार्घ्य विधिञ्चरेत् ।
कृत्वार्घ्यं रुद्रमन्त्रेण पीठपूजां समाचरेत् ॥ ९४ ॥

---

१. कीलकन्यासं शिवन्यासं समाचरेत्—क० ।
२. शिवषोढा समाचरेत्—क० ।—शिवश्च शक्तिश्च आत्मा यस्य, तादृशं न्यासं शिरस्येव समाचरेत् । ३. प्रणय—ग० । ४. मानसैश्चेति—ग० ।

इस प्रकार फूल लेकर ध्यान करने के पश्चात् पूजन कर अर्घ्य प्रदान करे । यह अर्घ्य प्रदान रुद्रमन्त्र से करे, तदनन्तर पीठपूजा करे ॥ ९४ ॥

वामा ज्येष्ठा तथा रौद्री काली[१]कलपदादिका ।
विकरण्याक्षरा[२] प्रोक्ता बलादिविकरण्यथ ॥ ९५ ॥
बलप्रमथनी पश्चात् सर्वभूतदमन्यथ ।
मनोन्मनीति[३] सम्प्रोक्ताः शिवस्य पीठशक्तयः ॥ ९६ ॥

१. वामा, २. ज्येष्ठा, ३. रौद्री, ४. काली, ५. कलविकरिणी, ६. बलविकरिणी, ७. बलप्रमथनी, ८. सर्वभूतदमनी एवं ९. मनोन्मनी—ये रुद्र की पीठशक्तियाँ हैं ॥ ९५-९६ ॥

पूजयेद्[४] गन्धपुष्पाद्यैः पीठशक्तिः क्रमेण तु ।
प्रणवादि नमोऽन्तेन पूजा कार्या विधानतः ॥ ९७ ॥

इन पीठ शक्तियों की गन्ध एवं पुष्पादि से क्रमशः पूजा करनी चाहए । आदि में प्रणव, तदनन्तर सबके अन्त में नमः (यथा ॐ वामायै नमः) पद का उच्चारण कर विधान पूर्वक पूजा करनी चाहिए ॥ ९७ ॥

पुनर्ध्यात्वा च पाद्यार्घ्यैरावाह्य परिपूजयेत् ।
पाद्यमर्घ्यमाचमनीयं स्नानीयं पुनराचमनम् ॥ ९८ ॥
गन्धपुष्पबिल्वदलैः[५] पूर्वावरणमर्चयेत् ।
वं[६] हृदयाय नम इत्यादिषडङ्गपूजनम्[७] ॥ ९९ ॥

इसके बाद पुनः ध्यान कर एवं उनका आवाहन कर पाद्य एवं अर्घ्य आदि उपचारों से पूजन करे । पाद्य, अर्घ्य, आचमनीय, स्नान, पुनराचमन, गन्ध, पुष्प, बिल्वपत्रों से पूर्वावरण का पूजन करे । फिर 'वं हृदयाय नमः' से षडङ्गपूजन करे ॥ ९८-९९ ॥

मध्ये चतुर्दिक्षु चैवं शेषे वारद्वयं वदेत्[८] ।
इन्द्रादीन् लोकपालांश्च पूजयित्वा ततोऽर्चयेत् ॥ १०० ॥
वज्रादींश्च महाकाल धूपदीपैर्निवेदयेत् ।
नैवेद्यं [९]बहु कृत्वा (च) पानार्थं जलदानकम् ॥ १०१ ॥
शरीरशोधनं कृत्वा प्राणायामं ततश्चरेत् ।
जपेत् शतत्रयं मन्त्री विशुद्धः शुद्धचेतसा ॥ १०२ ॥

---

१. कलपदादिका—ग० ।
२. विकरण्यान्तया प्रोक्ताबलादिविकरण्यथा—क० ।
३. मन्मयीति स .... क० ।
४. पूजयेन्नन्दपुष्टाद्यैरिति—ख० । पूजयेन्नन्दपुष्पाद्यैरिति—ग० ।
५. गन्धञ्च त्रपुष्पं च बिल्वदलानि चेति द्वन्द्वः ।
६. वां—क० ।
७. पूजम्बरेदिति—क० ।
८. भवेदिति—क० ।
९. वन्दनमिति—ग० ।

अष्टोत्तरं योजयित्वा गजान्तकसहस्रकम् ।
अथवाष्टोत्तरशतं जप्त्वा समर्पणं चरेत् ॥१०३॥

मध्य में, चारो दिशाओं में तथा शेष चारों आग्नेयादि कोणों में दो बार उच्चारण कर न्यास करे । इसके बाद इन्द्रादि लोकपालों का पूजन कर अर्चन करे । फिर हे महाकाल ! इन्द्रादि दिक्पालों के वज्रादि आयुधों को भी धूप दीपादि निवेदन करे । अनेक प्रकार के बहुत से नैवेद्य प्रदान कर पीने के लिए जल देवे । इसके बाद शरीर शुद्ध कर प्राणायाम करे, फिर चित्त शुद्ध कर विशुद्ध साधक तीन सौ जप करे । फिर गजान्तक (सदाशिव) के १००८ मन्त्र का जप करे अथवा मात्र १०८ संख्या में जप कर उसे देवता को समर्पण कर देवे ॥ १००-१०३ ॥

प्राणायामत्रयं कुर्यान्निजमन्त्र[1]प्रसिद्धये ।
ततः प्रणाममाकुर्यात् शक्तिचैतन्यहेतुना ॥१०४॥

फिर अपने मन्त्र की विशेष सिद्धि के लिए तीन प्राणायाम करे, फिर शक्ति को चैतन्य करने के लिए रुद्र को इस प्रकार प्रणाम करे ॥ १०४ ॥

नमो रुद्राय देवाय कोटिसूर्येन्दुमूर्त्तये ।
सर्वाय ज्ञानदानाय नमस्ते शूलधारिणे ॥१०५॥
नमस्ते कालरुद्राय कालाय वेदरूपिणे ।
वेद[2]मार्गप्रदर्शाय शत्रुसंक्षयकारिणे ॥१०६॥
रौद्राय[3] शक्तियुक्ताय शङ्कराय नमो नमः ।
चतुर्भुजाय वेदाय महाकाशस्वरूपिणे ॥१०७॥

करोड़ों सूर्य तथा करोड़ों चन्द्रमा की मूर्ति वाले रुद्र देव को नमस्कार है, सर्वस्वरूप, ज्ञानदाता, त्रिशूलधारी रुद्र को नमस्कार है, कालरुद्र को नमस्कार है, काल तथा वेदस्वरूप रुद्र को नमस्कार है, वेदमार्ग का प्रदर्शन करने वाले तथा शत्रुओं का विनाश करने वाले रुद्रदेव को नमस्कार है । रौद्र शक्ति से युक्त सदाशिव को बारम्बार नमस्कार है । चतुर्भुज वेद महाकाशस्वरूप रुद्रदेव को नमस्कार है ॥ १०५-१०७ ॥

वरपद्मशूलखड्गधारिणे [4]ब्रह्मणे नमः .... ।
रुद्रशक्त्यर्चनं कृत्वा महारुद्रेण संयुतम् ॥१०८॥
मणिपूरे दृढो[5] याति सत्यं सत्यं कुलेश्वर ।
शक्त्यर्च्चनविधिं वक्ष्ये मूलमन्त्रेण पूजनम् ॥१०९॥

वर, पद्म, शूल एवं खड्ग धारण करने वाले ब्रह्मस्वरूप रुद्र के लिए नमस्कार है ।

---

१. प्रवृद्धये—क० ।
२. प्रज्ञानायेति—ग० । वेदैरुक्तो मार्गः, वेदमार्गः, तस्य प्रदर्शाय (दर्शकाय) इति षष्ठीतत्पुरुषसमासः ।
३. विद्रायेति—ग० ।
४. धारिणेयनमोनमः—ग० ।
५. दृढा—क० ।

महारुद्र के साथ रुद्रशक्ति की अर्चना कर, हे कुलेश्वर ! साधक मणिपूर नामक चक्र में शीघ्रता से प्रवेश कर जाता है ।

अब मैं **रुद्र शक्तियों की अर्चना का प्रकार** कहती हूँ । प्रथम शक्ति का मूलमन्त्र से पूजन करे ॥ १०८-१०९ ॥

सर्वत्र कारयेन्मन्त्री अष्टैश्वर्यजयाय च ।
आदौ ऋषिन्यासकार्यं वक्ष्यामि शृणु तत्त्वतः ॥ ११० ॥

मन्त्रज्ञ साधक अष्टैश्वर्यों पर विजय प्राप्त करने के लिए सर्वत्र न्यास करे । हे शङ्कर ! सर्वप्रथम **ऋषिन्यास-कर्म** को कहती हूँ उसे सुनिए ॥ ११० ॥

शिरसीह रुद्रशक्तिर्महाविष्णुपदं ततः ।
ऋषये नम उच्चार्य मुखे हस्तं नियोजयेत् ॥ १११ ॥
पङ्क्तिछन्दसे नमश्च हृदि हस्तं नियोजयेत् ।
महारुद्राणीति पदं लाकिनीपदमेव च ॥ ११२ ॥
त्रिशक्त्यन्ते महाविद्या देवतायै नमस्ततः ।
गुह्ये ॐ पदमुच्चार्य निजबीजाय ते नमः ॥ ११३ ॥
सर्वाङ्गे सकलायैव वज्राय कीलकाय च ।
नमः पदं समुच्चार्य ऋष्यादिन्यासमेव च ॥ ११४ ॥

रुद्रशक्ति महाविष्णुऋषये नमः शिरसि, पंक्तिश्छन्दसे नमः मुखे, महारुद्राणी लाकिनी त्रिशक्ति महाविद्यादेवतायै नमः हृदि, ॐ निजबीजाय ते नमः गुह्ये, सकलाय वज्राय कीलकाय नमः सर्वाङ्गे । इस प्रकार से मन्त्रों का उच्चारण कर ऋष्यादिन्यास करे ॥ १११-११४ ॥

रुद्रवत्सकलं कार्यं कराङ्गन्यासकर्मणि ।
आदा[१]वृष्यादिकन्यासः करशुद्धिस्ततः परम् ॥ ११५ ॥

करन्यास में तथा अङ्गन्यास में रुद्रन्यास के समान सारी क्रिया करे । प्रथम ऋष्यादिन्यास कर उसके बाद कर की शुद्धि करे ॥ ११५ ॥

अङ्गुलिव्यापकन्यासो हृदादिन्यास एव च ।
रुद्रशक्तिमहाषोढान्यासञ्च तदनन्तरम् ॥ ११६ ॥
मन्त्रन्यासं ततः कृत्वा व्यापकन्यासमाचरेत् ।
तालत्रयञ्च दिग्बन्धः प्राणायामस्ततः परम् ॥ ११७ ॥
ध्यानं कुर्याद्विशेषेण रुद्रशक्त्या महाप्रभो ॥ ११८ ॥

अंगुलिन्यास, व्यापकन्यास, हृदादिन्यास, रुद्रशक्तिन्यास इसके अनन्तर महाषोढान्यास, फिर मन्त्र न्यास कर व्यापक न्यास करे । इसके बाद हे महाप्रभो ! तीन बार ताली बजाकर प्राणायाम कर, रुद्रशक्ति का विशेष रूप से ध्यान करे ॥ ११६-११८ ॥

---

१. आदावङ्गादिन्यासः—ग० ।

रुद्राणीं रुद्रकान्तां नवरसजडितां कुङ्कुमाशक्तगात्रां[१]
लोकेशीं षड्भुजान्तां [२]त्रिभुवनयजितां कोटिसौदामिनीभाम् ।
पद्मस्थां पद्महस्तां वरभयकरां खड्गशक्तिं दधानां
ध्यायेद् रौद्रीं [३]त्रिनेत्रां शवदमनशशिश्रेणिभूषामलाङ्गीम्[४] ॥ ११९ ॥

रुद्राणी का ध्यान—जिनका शरीर कुंकुम से विभूषित है, नवों रसों से जो परिपूर्ण हैं, रुद्रकान्ता होने से रुद्राणी हैं, जिन लोकेशी की ६ भुजाएं हैं, तीनों लोकों के द्वारा जिनका यजन किया जाता है, जिनके शरीर की आभा करोड़ों विद्युत् के समान है, कमल पर स्थित रहने वाली, हाथ में कमल, वर, अभय, खड्ग तथा शक्ति धारण किए हुए हैं ऐसी त्रिनेत्र शव को दबा कर स्थित रहने वाली, चन्द्रमा के समान स्वच्छ भूषण धारण किए हुए रुद्र की शक्ति रौद्री का ध्यान करना चाहिए ॥ ११९ ॥

रुद्रवत् पूजनं कार्यं रुद्रशक्त्याश्च[५] शङ्कर ।
दशोपचारै: पूजा वा तथा पञ्चोपचारकै: ॥ १२० ॥
अष्टादशोपचारैर्वा षोडशाद्युपचारकै: ।
अलाभे तु प्रकर्त्तव्यं मानसेन निवेदयेत् ॥ १२१ ॥

हे शङ्कर ! रुद्रशक्ति का पूजन रुद्र पूजन के समान ही करना चाहिए । यह पूजा चाहे दश उपचारों से, चाहे पाँच उपचारों से, अथवा अष्टादश उपचारों से, अथवा षोडश उपचारों से करनी चाहिए । यदि कोई उपचार उपलब्ध न हो तो साधक मात्र मानसोपचारों से ही निवेदन कर पूजन करे ॥ १२०-१२१ ॥

सर्वत्र मानसं कार्यं कोटि कोटिगुणं भवेत् ।
पूजां समाप्य विधिना जलं दत्वा जपादिके ॥ १२२ ॥
प्राणायामत्रयं कृत्वा जप्त्वाष्टोत्तरकं शतम् ।
सहस्रं वा मुहुर्जप्त्वा अष्टोत्तरसमन्वितम् ॥ १२३ ॥
जपं समर्पयेद्विद्वान् गुह्यातिगुह्यमन्त्रकै: ।
प्राणायामत्रयं पश्चात् कुर्यात् साधकसत्तम: ॥ १२४ ॥

अथवा सर्वत्र मानसोपचार से ही पूजन करे । क्योंकि मानसोपचार के पूजन से करोड़ों गुना फल प्राप्त होता है, इस प्रकार विधानपूर्वक पूजा समाप्त कर जपादि के अन्त में जल देकर तीन प्राणायाम कर १०८ की संख्या में अथवा १००८ की संख्या में जपकर विद्वान् साधक भगवती के हाथ में 'गुह्याति गुह्यगोत्विं' इस मन्त्र से जप समर्पण कर देवे । फिर साधकोत्तम तीन प्राणायाम करे ॥ १२२-१२४ ॥

---

१. कुङ्कुमेनासक्तं गात्रं यस्या: सा । २. महितामिति—ख० ।
३. शरदमल—क० ।
४. अनङ्गामिति—क० । शवानां दमनी, शशिनां श्रेणयो भूषा यस्या: सा, अमलानि अङ्गानि यस्या: सा । त्रयाणां कर्मधारयद्वयम् । ५. रुद्रशक्त्या चेति—ख० ।

वन्दनं भक्तियुक्तेन कुर्याद् योगादिसिद्धये ।
महारौद्र नमस्तेऽस्तु लाकिन्यै ते नमो नमः ॥ १२५ ॥
शान्त्यै तुष्ट्यै नमो नित्यं दुर्गायै[१] ते नमो नमः ।
रुद्रशक्त्यै नमो नित्यं मणिपूरनिवासिनी ॥ १२६ ॥
अष्टसिद्धिं योगसिद्धिं [२]देहि तुभ्यं नमो नमः ।
सर्वग्रन्थिछेदिकायै परब्रह्मस्वरूपिणी[३] ॥ १२७ ॥
मां रक्ष पालय त्वं हि मणिपूरे नमो नमः ।
प्रणम्य विधिनानेन पूजासमापनञ्चरेत् ॥ १२८ ॥

योग की सिद्धि के लिए भक्ति के साथ महारुद्र तथा लाकिनी की इस प्रकार वन्दना करे । महारुद्र आपको नमस्कार है, लाकिनी आपको बारम्बार नमस्कार है । शान्ति तथा तुष्टि आपको नित्य नमस्कार है, दुर्गा आपको बारम्बार नमस्कार है, मणिपूर में निवास करने वाली रुद्रशक्ति को नित्य नमस्कार है । हमें अष्टसिद्धि तथा योगसिद्धि प्रदान कीजिए । आपको बारम्बार नमस्कार है । परब्रह्मस्वरूपिणी, सर्व ग्रन्थियों की छेदिका देवी आपको नमस्कार है ।

हे देवि ! आप मेरी रक्षा कीजिए, मेरा पालन कीजिए, मणिपूर में आपको नमस्कार है, इस प्रकार महारौद्र ... ... मणिपूरे नमो नमः पर्यन्त श्लोक पढकर अन्त में प्रणाम कर पूजा समाप्त करना चाहिए ॥ १२८ ॥

पुनस्तत्र पूजयेद् वै प्रासादाख्यं महाप्रभुम् ।
तथा मृत्युञ्जयं[४] देवं मणिपूरे प्रपूजयेत् ॥ १२९ ॥
प्राणायामादिकं कृत्वा श्रीकण्ठन्यासमाचरेत् ।
पूर्णोदर्यादिसहितं[५] कृत्वा पीठं न्यसेत्सुधीः ॥ १३० ॥
पीठमनु प्रविन्यस्य ऋष्यादिन्यासमाचरेत् ।
ऋषिरस्य [६]वासुदेवः पङ्क्तिश्छन्द उदाहृतम् ॥ १३१ ॥

इसके बाद पुनः प्रासाद नामक महाप्रभु की तथा मृत्युञ्जय देव की मणिपूर में पूजा करे । फिर प्राणायाम कर पूर्णोदरी आदि शक्तियों के सहित श्री कण्ठादि न्यास करे । तदनन्तर सुधी साधक पीठन्यास करे, (द्र० ४७, ७०-७३) । पीठ न्यास के पश्चात् ऋष्यादिन्यास करे । वासुदेव इसके ऋषि हैं तथा पंक्ति छन्द है ॥ १२९-१३१ ॥

सदाशिवो देवता च अङ्गुलिन्यासमाचरेत् ।
हामङ्गुष्ठाभ्यां नमः पश्चात् ह्रीं तर्जनीभ्यां[७] ततः परम् ।
खां नमः पदमन्ते च षड्दीर्घभाजयान्वितम् ॥ १३२ ॥

---

१. श्रद्धायै इति—ख० । २. तस्यै इति—ख० ।
३. परं च तद् ब्रह्म चेति परब्रह्म तस्य स्वरूपम् तदस्ति यस्यां सा ।
४. मृत्युं जयति, इति पूर्वपदस्य मुमागमः । ५. पूर्णादिव्यादिसहितमिति—ख० ।
६. वामदेव—ख० । ७. तर्जनीपदं ततः—ख० ।

इसके सदाशिव देवता हैं । इसके बाद अंगुलिन्यास इस प्रकार करे । 'हां अंगुष्ठाभ्यां नमः, ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः' इसके बाद 'खां नमः' से सभी अंगुलियों पर न्यास करे । अन्त में ६ दीर्घ युक्त (खां खीं खूं खैं खौं खः) से न्यास करे ॥ १३२ ॥

एवं करन्यासमाकार्यं विधानेन समाचरेत् ।
शूद्रस्तु एतत्पर्यन्तं कार्यं होमादिकं च यत् ॥ १३३ ॥

इस प्रकार विधानपूर्वक करन्यास करे । शूद्र को मात्र इतना ही करना चाहिए, होमादि न करे । इसी प्रकार हे नाथ ! स्त्री वर्गों के लिए भी होम कार्य वर्जित है ॥ १३३ ॥

न कुर्यात् पार्वतीनाथ तथा [1]स्त्रीलोक इत्यपि ।
यदि ज्ञानी भवेद् देव स देवो न तु मानुषः ॥ १३४ ॥
चाण्डालादीनि वा जातौ [2]स्थितो ब्राह्मणोत्तमः ।
ज्ञानवान् [3]वादसंवादे वर्जितो न्यासमाचरेत् ॥ १३५ ॥
न्यासस्तन्मयता बुद्धिः सोऽहंभावेन पूजयेत् ।
स एव ज्ञानी परमो वेदशास्त्रविशारदः ॥ १३६ ॥

हे देव ! साधक यदि ज्ञानी हो जावे तो वह देवता ही है, मनुष्य नहीं । वह चाण्डाल कुल में उत्पन्न होकर भी ब्राह्मणोत्तम है, ज्ञानवान् साधक विवाद संवाद न करके न्यास करे । न्यास करने वाला साधक 'सोऽहं' इस प्रकार की तन्मय बुद्धि वाला होना चाहिए । वही परमज्ञानी तथा वेदशास्त्र का विशारद है ॥ १३४-१३६ ॥

न्यासपूजादिकं तस्य सर्वदा नात्र संशयः ।
यावद्देहे ह्यहंबुद्धिस्तावन्मरणधारकः[4] ॥ १३७ ॥
तद्वर्जितो [5]मृत्युजेता न्यासपूजादिकं कृतः ।
षड्दीर्घभाजा बीजेन [6]हकारेण सबिन्दुना ॥ १३८ ॥
करयोरंगुलिद्वन्द्वं [7] विन्यसेत् संक्रमेण तु ।
ईशानाद्याः पञ्चमूर्त्तीर्विन्यसेत् साधकोत्तमः ॥ १३९ ॥

उसका न्यास तथा पूजादि सर्वदा चलता है इसमें संशय नहीं । जब तक देह में अहं बुद्धि है तब तक मरण का भय बना हुआ है । जिसने अहं भाव से वर्जित हो कर सोऽहंभाव से न्यासपूजादि क्रिया की है वह मृत्यु को जीतने वाला है । षड्दीर्घ से तथा बिन्दु से युक्त हकार बीज (हां ह्रीं हूं है हौं हः) से दोनों हाथों की दो दो अंगुलियों से क्रमशः उत्तम साधक ईशानादि पाँच मूर्तियों का न्यास करे ॥ १३७-१३९ ॥

---

१. तथास्त्रिलोक इत्यपि—ख० । २. स्थिरो वेति—ख० ।
३. रायसंवाद—ग० ।
४. धारण—ग० । मरणं धरतीति, मरणधारकः । यावद्देहे अहंबुद्धिस्तावद् जननं मरणं च ।
५. चेता—ग० । ६. हःकारेण—ख० ।
७. दग्ध ख० ।

ततः कुर्यान्महादेव ऊद्‌र्ध्वः प्राग्दक्षिणोत्तरे ।
मुखेषु विन्यसेन्मन्त्री चाङ्गुलिभिः परस्परम् ॥ १४० ॥

हे महादेव ! ऊपर पूर्व दक्षिण तथा उत्तर वाले मुखों पर परस्पर अंगुलियों द्वारा प्रयत्नपूर्वक उन-उन बीजों से इस प्रकार न्यास करे ॥ १४० ॥

तत्तद्बीजैः प्रयत्नेन तत्तन्मूर्त्तीः प्रविन्यसेत् ।
अङ्गुष्ठयोः शेषभागे हौँ ईशानाय ॐ नमः ॥ १४१ ॥
षड्दीर्घभाजाबीजेन हकारेण सबिन्दुना ।
तत्पुरुषमघोरञ्च वामदेवं ततः परम् ॥ १४२ ॥
सद्योजातं क्रमेणैव अङ्गुली[१] द्वे ततः परम् ।
विन्यसेत्साधकश्रेष्ठो नमोऽन्तं परमेश्वर ॥ १४३ ॥

छः दीर्घयुक्त बिन्दु के सहित हकार बीज से (हां हीं हूँ हैं हौं हः) 'हौं ईशानाय ॐ नमः' से दोनों अंगुष्ठ रखकर शिरोभाग में न्यास करे । इसी प्रकार तत्पुरुष अघोर तथा वामदेव, इसके बाद सद्योजात मुखों पर भी दो दो अंगुलियाँ रखकर नमोन्त पद से हे परमेश्वर ! साधक श्रेष्ठ न्यास करे । यथा 'हां हीं हूं हैं हौ हः हौं तत्पुरुषाय ॐ नमः' शिरसि इत्यादि ॥ १४१-१४३ ॥

शिरोवदनहृद्गुह्यपादेषु[२] विन्यसेत्सुधीः ।
तत्तदङ्गुलिभिश्चैव[३] तत्क्रमेण प्रविन्यसेत् ॥ १४४ ॥

यह न्यास क्रमशः मूर्तियों के शिर, मुख, हृदय, गुह्य तथा पाद स्थान में उन-उन दो दो अंगुलियों से एक एक स्थान के क्रम से साधक श्रेष्ठ करे ॥ १४४ ॥

पञ्चमूर्त्तीर्न्यसेन्नाथ तत्प्रकारं शृणुष्व तत् ।
ईशानादिस्वबीजं तु प्रकारेण प्रविन्यसेत् ॥ १४५ ॥

हे नाथ ! अब जिस प्रकार पञ्चमूर्ति का न्यास करना चाहिए उस प्रकार को सुनिए । ईशानादि मूर्तियों में उनके बीज से न्यास करना चाहिए ॥ १४५ ॥

शूद्रः कुर्यान्न्यासजालमेतत्[४] पर्यन्तमेव हि ।
तत ऊर्ध्वप्राग्दक्षिणपश्चिमोत्तरसंमुखे ॥ १४६ ॥
ईशानस्य पञ्चकला ब्रह्मर्‍ग्[५] वेदसंयुताः ।
पञ्चपादादिका नाथ प्रणवादिनमोऽन्तिकाः ॥ १४७ ॥

शूद्र मात्र इतने ही पर्यन्त न्यास करे । इसके बाद रुद्र के ऊर्ध्व, पूर्व, दक्षिण, पश्चिम

---

१. अङ्गुलिषु परस्परम्—ग० ।
२. शिरसि वदने हृदि गुह्ये पादे इति इतरेतरयोगद्वन्द्वसमासः ।
३. एतत्पद्यार्ध—ख० पुस्तके नास्ति ।
४. एतत्पद्मान्तमेवहीति—ख० ।
५. नित्यमृग्वेदसंयुताः—ख० ।

तथा उत्तर वाले मुख पर न्यास करना चाहिए। (१) **ईशान की पाँच कलायें हैं**, जो ऋग्वेद की ऋचाओं से संयुक्त हैं। हे नाथ ! उसमें पाँच पद हैं तथा उसके आदि में प्रणव एवं अन्त में 'नमः' पद है ॥ १४६-१४७ ॥

ईशानं सर्वविद्यानां ॐ नलिन्यै[1] ततः परम् ।
कलायै नम एवापि सर्वत्रैवं क्रमेण तु ॥ १४८ ॥
ईश्वरः सर्वभूतानां [2]तदङ्गं पदकं ततः ।
दयायै कलायै नमश्चापि ब्रह्मादिपदं ततः ॥ १४९ ॥
ॐ ब्रह्मेष्टदायै चान्ते कलायै नम इत्यपि ।
ततः शिवोऽस्तु [3]मे पदं ॐ सावित्र्यै पदं वदेत् ॥ १५० ॥
कलायै नम एवं हि सदाशिवो[4] पदन्ततः ।
ओमन्ते चांशुमालिन्यै[5] कलायै पद इत्यपि ॥ १५१ ॥
दिङ्मुखे स न्यसेन्मन्त्री पूर्वादिक्रमयोगतः ।
तत्पुरुषस्य चतस्रः कला न्यसेत् सदा वशी ॥ १५२ ॥

१. ईशानः सर्व विद्यानां ॐ नालिन्यै नमः, इसके बाद २. कलायै नमः। सर्वत्र इसी क्रम से अर्थात् ईशानः सर्वविद्यानां कलायै नमः, फिर ३. ईश्वरः सर्वभूतानां दयायै नमः, इसी प्रकार ईश्वरः ४. सर्वभूतानां कलायै नमः से उनके अङ्ग तथा पद पर न्यास करे। इसके बाद ब्रह्मादि पद का उच्चारण इस प्रकार करे। 'ॐ ब्रह्मेष्टदायै कलायै नमः' इसके बाद शिवोऽस्तु मे 'सावित्र्यै कलायै नमः' फिर 'सदाशिवः ॐ' इसके अन्त में 'अंशुमालिन्यै कलायै' इतना कह कर दिशाओं के मुख में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से न्यास करे। (२) तदनन्तर **तत्पुरुष की चार कला** से मन्त्रज्ञ साधक इस प्रकार न्यास करे ॥ १४८-१५२ ॥

ॐ तत्पुरुषायपदं विद्महे तदनन्तरम् ।
ॐ शान्त्यै पदस्यान्ते कलायै नम इत्यपि ॥ १५३ ॥
महादेवाय शब्दान्ते धीमहीति ततः पदम् ।
ॐ विद्यायै पदस्यान्ते कलायै नम इत्यपि ॥ १५४ ॥

पहले 'ॐ तत्पुरुषाय' पद इसके बाद 'विद्महे' पद, इसके बाद 'शान्त्यै कलायै नमः', फिर 'महादेवाय धीमहि', 'ॐ विद्यायै कलायै नमः' कहे ॥ १५१-१५२ ॥

तन्नो रुद्रः पदं पश्चात् ॐ प्रतिष्ठायै पदं लिखेत् ।
श्री[6] दुर्गायै कलायै नमश्चाथ प्रचोदयात् ॥ १५५ ॥
ॐ[7] निवृत्यै कलायै च नमः पदं समुच्चरेत् ।

---

१. शशिन्यै—ख० । २. ओमङ्गं पदकं ततः—ख० ।
३. ततः शिरोमेष्ष्तु पदं नमोवीर्ये पदं वदेत्—ख० । सवित्रे पदं ततः—क० ।
४. सदाशिवपदं ततः—ख० । ५. चान्तमालिन्यै—ग० ।
६. ॐ कलायै नमः पश्चात् प्रचोदयात् पदं वदेत्—ख० । ७. ॐ निचुत्यै ।

ततोऽष्टस्थानमध्ये तु अघोराष्टकला न्यसेत् ॥ १५६ ॥

इसके बाद 'तन्नो रुद्रः ॐ प्रतिष्ठायै श्री दुर्गायै कलायै नमः', फिर 'प्रचोदयात्' कहे, फिर 'ॐ निवृत्यै कलायै नमः' इस पद का उच्चारण करे । (३) इसके बाद आठ स्थान में **अघोर की कला** का न्यास करे ॥ १५५-१५६ ॥

हृद्ग्रीवां[१] मध्यगतलं तथा नाभिषु पृष्ठके ।
तथा वक्षसि चाघोरा अष्टौ कला न्यसेत् सुधीः ॥ १५७ ॥

हृदय, ग्रीवा, नाभि, दोनों कुक्षि तथा दोनों पृष्ठभाग और वक्षस्थल ये आठ स्थान हैं, जहाँ विद्वान् साधक को अघोर की आठ कलाओं का न्यास करना चाहिए ॥ १५७ ॥

अघोरेभ्य[२] उमान्ते वै उमायै पदमुच्चरेत् ।
कलायै नम एवाथ अघोरेभ्यः पदं वदेत् ॥ १५८ ॥
ॐ मोहायै पदस्यान्ते कलायै नम इत्यपि ।
अघोरपदमुच्चार्य क्षमायै शब्दमुच्चरेत् ॥ १५९ ॥
कलायै नम[३] एवाथ घोरतरेभ्य एव च ।
ॐ निद्रायै पदस्यान्ते कलायै नम इत्यपि ॥ १६० ॥

'अघोरेभ्यः ॐ उमायै कलायै नमः', फिर 'अघोरेभ्यः ॐ मोहायै कलायै नमः', फिर 'अघोरेभ्यः' पद का उच्चारण कर 'ॐ क्षमायै' शब्द कह कर 'कलायै नमः' ('अघोरेभ्यः ॐ क्षमायै कलायै नमः') कहे । फिर 'घोरतरेभ्यः' पद के बाद 'ॐ निद्रायै' तत्पश्चात् 'कलायै नमः' ऐसा कहे ॥ १५८-१६० ॥

सर्वतः सर्वं ॐ अन्ते व्याधये शब्दमुच्चरेत् ।
कलायै नम एवाथ सर्वेभ्यः पदमुच्चरेत् ॥ १६१ ॥
ॐ मृत्यवे पदस्यान्ते कलायै नम इत्यपि ।
नमस्तेऽस्तु पदस्यान्ते ओम् क्षुधायै पदं वदेत् ॥ १६२ ॥
कलायै[४] नम एवाथ रुद्ररूपेऽथ एव च ।
ओम् कृष्णायै पदस्यान्ते कलायै नम इत्यपि ॥ १६३ ॥

फिर 'सर्वतः सर्वं ॐ व्याधये कलायै नमः' ऐसा कहे । तदनन्तर 'सर्वेभ्यः' पद कहकर 'ॐ मृत्यवे' पद के अन्त में 'कलायै नमः' का उच्चारण करे । फिर 'नमस्तेऽस्तु' पद के अन्त में 'ओम् क्षुधायै' पद कहकर 'कलायै नमः' पद का उच्चारण करे । फिर 'रुद्ररूपे' कहकर 'ओम् कृष्णायै' पद के अन्त में 'कलायै नमः' कहे ॥ १६१-१६३ ॥

---

१. अघोरा चासौ अष्टकला चेति कर्मधारयः, ततो द्वितीया, न्यसनक्रियाकर्मत । अष्टौ कला यस्यां सा ।　　२. चिह्नितं श्लोकयुग्मं—ख० ।
३. मनस एवाद्योरतरेभ्य एव चेति—ख० ।
४. मनसा एव रुद्ररूपेभ्य एव चेति—ख० ।

वामदेवस्य देवस्य[१] त्रयोदश कला न्यसेत् ।
एतेषु स्थानपद्मेषु तत्प्रकारं शृणु प्रभो ॥ १६४ ॥
गुह्येऽण्ड[२] शेषमध्ये तु ऊरुयुग्मे ततः पदम् ।
जानुद्वये तथा जङ्घायुगले स्फिग्द्वये[३] तथा ॥ १६५ ॥
कट्यां[४] पार्श्वयुगे चैव क्रमेण भावको न्यसेत् ।

हे प्रभो ! इसके अनन्तर (४) वामदेव की १३ कलाओं का इतने स्थानों में न्यास करे । उनका स्थान इस प्रकार है—१. गुह्य, २. अण्डकोश के मध्य, ३, ४. दोनों ऊरु, ५, ६. दोनों जानु, ७, ८. दोनों जंघा, ९, १०. दोनों स्फिग् (नितम्ब भाग), ११. कटि, १२, १३. दोनों पार्श्व भाग, भावुक साधक इतने स्थानों में न्यास करे ॥ १६४-१६६ ॥

आदौ प्रणवमुच्चार्य ततो मन्त्रं स्मरेत्सुधीः ॥ १६६ ॥
वामदेवाय शब्दान्ते नमो ज्येष्ठायशब्दतः ॥ १६७ ॥
नमो रुद्राय शब्दान्ते नमः शब्दं समुच्चरेत् ।
कालाय नम एवान्ते कलविकरणाय च ॥ १६८ ॥
नमो बलविकरणाय बलप्रमथनाय च ।

इसके बाद प्रणव का उच्चारण कर बुद्धिमान् साधक मन्त्रोच्चारण इस प्रकार करे । वामदेवाय' के बाद 'ज्येष्ठाय', फिर 'नमो रुद्राय', फिर नमः कालाय, फिर नमः कलविकरणाय, नमः बलविकरणाय और नमः बलप्रमथनाय कहे ॥ १६६-१६९ ॥

ओम् वामदेवाय नमः ओम् वज्राय ततः परम् ॥ १६९ ॥
कलायै नम एवाथ ज्येष्ठाय नम इत्यपि ।
ओम् रक्षायै पदस्यान्ते कलायै नम इत्यपि ॥ १७० ॥
रुद्राय नम ओम् रत्यै कलायै नम इत्यपि ।
कालाय नम इत्यन्ते पालिन्यै शब्दमुच्चरेत् ॥ १७१ ॥
कलायै नम इत्यन्ते पालिन्यै शब्दमुच्चरेत् ।
कामायै[५] शब्दमुच्चार्य कलायै नम एव हि ॥ १७२ ॥
विकरणाय नमोन्ते प्रणवञ्चोञ्चरेद्बुधः ।
संयमिन्यै पदान्ते च कलायै नम इत्यपि ॥ १७३ ॥
बल ओम् शब्दमुच्चार्य क्रोधायैपदमुच्चरेत् ।
कलायै नम एवाथ विकलायै[६] नमस्ततः ॥ १७४ ॥

---

१. देवेश—क० ।
२. गुह्येऽण्डकोशमध्ये तु—ख ।
३. स्फीग्द्वय—ख० । जंघयोर्युगले, स्फिचोर्द्वयोः षष्ठीतत्पुरुषौ । नितम्बस्याधोभागः स्फिच्पदेनोच्यते ।
४. कोट्याः—ग० ।
५. मायायै—ख० ।
६. विकरणाय—ख० । कस्मिन् पदे उच्चारिते किं पदमुच्चारणीयमिति व्यवस्था विहिता एषु पद्येषु ।

ॐ वृद्ध्यै पदकस्यान्ते कलायै नम इत्यपि ।
बल ॐ शब्दमुच्चार्य स्थिरायै शब्दमुच्चरेत् ॥ १७५ ॥
कलायै नम एवाथ प्रमथनाय नमस्ततः ।
ॐ रौद्रपदस्यान्ते कलायै नम इत्यथ ॥ १७६ ॥
सर्वभूतदमनाय नम ॐ पदमुच्चरेत् ।
भ्रामिन्यै पदकस्यान्ते कलायै नम इत्यपि ॥ १७७ ॥
नम ॐ शब्दमुच्चार्य मोहिन्यै पदकं स्मरेत् ।
कलायै नम एवाथ उन्मनाय नमस्ततः ॥ १७८ ॥
ॐ जयायै पदस्यान्ते कलायै नम उच्चरेत् ।

'ॐ वामदेवाय नमः' ॐ वजाय कलायै १ नमः । ज्येष्ठाय नमः ॐ रक्षायै कलायै २ नमः, रुद्राय नमः ॐ रत्यै कलायै ३ नमः' फिर कालाय नमः ॐ पालिन्यै ४ कलायै नमः, ॐ कलः ॐ कामायै कलायै ५ नमः, फिर ॐ विकरणाय नमः ॐ संयमिन्यै ६ कलायै नमः' फिर ॐ बलः ॐ क्रोधायै कलायै ७ नमः, फिर ॐ विकरणाय नमः ॐ वृद्ध्यै ८ कलायै नमः । फिर ॐ बलः ॐ स्थिरायै ९ कलायै नमः । फिर ॐ प्रमथनाय नमः ॐ रौद्रयै कलायै १० नमः । फिर ॐ सर्वभूतदमनाय नमः ॐ भ्रामिन्यै ११ कलायै नमः । फिर ॐ नमः ॐ मोहिन्यै कलायै १२ नमः । तदनन्तर ॐ उन्मनाय नमः ॐ जयायै कलायै १३ नमः ॥ १६९-१७९ ॥

विमर्श—वामदेव की १३ कलाओं का न्यास इस प्रकार करना चाहिए—

१. ॐ वामदेवाय नमः ॐ वज्राय कलायै नमः, इति गुह्ये ।
२. ॐ ज्येष्ठाय नमः ॐ रक्षायै कलायै नमः, इति लिङ्गे ।
३. ॐ रुद्राय नमः ॐ रत्यै कलायै नमः, इति दक्षिणोरुमूले ।
४. ॐ कालाय नमः ॐ पालिन्यै कलायै नमः, इति वामोरुमूले ।
५. ॐ कलः नमः ॐ कामायै कलायै नमः, इति दक्षिणजानुनि ।
६. ॐ विकरणाय नमः ॐ संयमिन्यै कलायै नमः, इति वामजानुनि ।
७. ॐ बलः नमः ॐ क्रोधायै कलायै नमः, इति दक्षिणजानुवृत्ते ।
८. ॐ विकरणाय नमः ॐ वृद्ध्यै कलायै नमः, इति वामजानुवृत्ते ।
९. ॐ बलः नमः ॐ स्थिरायै कलायै नमः, इति दक्षिणस्फिग्मध्ये ।
१०. ॐ प्रमथनाय नमः ॐ रौद्रायै कलायै नमः, इति वामस्फिग्मध्ये ।
११. ॐ सर्वभूतदमनाय नमः ॐ भ्रमिन्यै कलायै नमः, इति कट्याम् ।
१२. ॐ नमः ॐ मोहिन्यै कलायै नमः, इति दक्षिणपार्श्वे ।
१३. ॐ उन्मनाय नमः ॐ जयायै कलायै नमः, इति वामपार्श्वे ।

मूल मन्त्र इस प्रकार है—ॐ वामदेवाय नमो ज्येष्ठाय नमः रुद्राय नमः कालाय नमः कलविकरणाय नमो बलविकरणाय नमः बलप्रमथनाय नमः सर्वभूतदमनाय नमः उन्मनाय नमः ॥ १६९-१७९ ॥

ततो न्यासं महाकाल सद्योजातस्य ताः कलाः ॥ १७९ ॥

इसके बाद (५) हे महाकाल । **'सद्योजात' की ८ कलाओं से** न्यास करे ॥ १७९ ॥

सद्योजातं[1] प्रपद्यामि ओम् वृद्ध्यै पदमुच्चरेत् ।
कलायै नम एवाथ सद्योजाताय वै नमः ॥ १८० ॥
ओम्[2] वृद्ध्यै पदकस्यान्ते कलायै नम इत्यपि ।
भवे पदे ततः पश्चाद् ओम् सद्यः पदमुच्चरेत् ॥ १८१ ॥

'सद्योजातं प्रपद्यामि ३ॐ वृद्ध्यै कलायै नमः', फिर 'सद्योजाताय वै नमः ३ॐ वृद्ध्यै कलायै नमः', फिर 'भवे' पद, उसके बाद '३ॐ सद्यः' पद का उच्चारण करे ॥ १८०-१८१ ॥

कलायै नम एवाथ अभवे ओम् ततः परम् ।
ओम् मेधायै पदस्यान्ते कलायै नम उच्यते ॥ १८२ ॥

फिर 'कलायै नमः', फिर 'अभवे ३ॐ ३ॐ मेधायै कलायै नमः कलायै नमः' कहना चाहिए ॥ १८२ ॥

ततो भजस्व मां शब्दं ओम् प्रज्ञायै पदं वदेत् ।
कलायै नम एवाथ भव ओम् शब्दमुच्चरेत ॥ १८३ ॥
प्रभायै पदमुच्चार्य कलायै नम इत्यपि ।
तद्भवाय नमः पश्चात् ओम् सुधायै नमस्ततः ॥ १८४ ॥
कलायै नम उच्चार्य न्ससेदष्टौ कलाः प्रभोः[3] ।

इसके बाद 'भजस्व मां ३ॐ प्रज्ञायै कलायै नमः' ऐसा कहे, फिर '३ॐ प्रभायै कलायै नमः', फिर 'तद्भवाय नमः ३ॐ सुधायै नमः', फिर 'कलायै नमः' कहकर सद्योजात की आठों कलाओं का न्यास करे ॥ १८३-१८५ ॥

—यहाँ तक ईशान, तत्पुरुष, अघोर, वामदेव तथा सद्योजात इन पाँच मुखों का न्यास कहा गया)

ईशानाख्यास्ततो[4] नाथ भक्तः पञ्च ऋचो न्यसेत् ॥ १८५ ॥
पञ्चाङ्गुलिषु योगेश[5] क्रमशः कामनाशनात् ।
प्रणवं पूर्वमुच्चार्य ततो मन्त्रं स्मरेत्सुधीः ॥ १८६ ॥

इसके बाद, हे नाथ ! काम के नाश करने के लिए ईशानादि पाँच ऋचाओं द्वारा पाँचों अंगुलियों पर न्यास करना चाहिए । प्रथम प्रणव का उच्चारण करे, इसके बाद सुधी साधक मन्त्रोच्चारण करे ॥ १८५-१८६ ॥

---

१. चिह्नितं पदत्रयं—ख० पुस्तके नास्ति । किन्तु ३ॐ वामदेवाय नमः, ३ॐ वज्रायै ततः परम् । कलायै नम एवाय अष्टाटा नम इत्यपि, इति पाठभेदेन सह अधिकः पाठः ।

२. ३ॐ रक्षायै पदस्यान्ते—ख० ।

३. प्रभा—ग० ।

४. ईशानाद्यास्ततो नाथ—क० ।

४. योगेन—ख० ।

ईशानः सर्वविद्यानां ईश्वरस्तदनन्तरम् ।
उच्चरेत्सर्वभूतानां ब्रह्माधिपतिरित्यपि[१] ॥ १८७ ॥
ब्रह्मणोधिपतिः पश्चात् शिवो मेऽस्तु सदाशिवः ।
प्रणवं पूर्वमुच्चार्य ततस्तत्पुरुषाय च ॥ १८८ ॥
विद्महे पदतः पश्चात् महादेवाय धीमहि ।
ततो रुद्रः पदस्यान्ते प्रचोदयात्पुनर्वदेत् ॥ १८९ ॥
प्रणवं पूर्वमुद्धृत्य ततो मन्त्रं स्मरेत् सुधीः ।
अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यो घोरशब्दं समुच्चरेत् ॥ १९० ॥
घोरतरेभ्य एवान्ते सर्वतः सर्वशब्दकम् ।
सर्वेभ्योऽन्ते नमस्तेऽस्तु रुद्ररूपेभ्य एव च ॥ १९१ ॥

ऋचायें इस प्रकार हैं—'ईशानः सर्वविद्यानां' के बाद 'ईश्वरः' फिर 'सर्वभूतानां ब्रह्माधिपति ब्रह्मणोधिपतिः शिवो मेऽस्तु सदाशिवोम्' (१) । इसके बाद प्रणव का उच्चारण कर तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात् (२) । प्रणव का उच्चारण कर फिर इस प्रकार मन्त्रोच्चारण करे—अघोरेभ्योऽथ घोरघोरतरेभ्यः सर्वतः सर्व सर्वेभ्यो नमस्तेऽस्तु रुद्ररूपेभ्यः (३) ॥ १८७-१९१ ॥

अष्टौ स्थानेषु चैतेषु सर्वपापनिवृत्तये ।
पार्श्वयोर्हस्तयोश्चैव[२] नासिकायाञ्च मस्तके ॥ १९२ ॥
बाहुयुग्मे महावीर मणिपूरविभेदकः ।
तत्प्रकारं प्रवक्ष्येऽहं सावधानोऽवधारय ॥ १९३ ॥

इसके बाद हे महाकाल ! 'सद्योजात' की उन-उन कलाओं से सर्वपापों की निवृत्ति के लिए दोनों पार्श्व दोनों हाथ नासिका मस्तक तथा दोनों बाहुओं इन आठ स्थानों में न्यास करें, तब मणिपूर चक्र का भेदन होता है उसका प्रकार मैं कहती हूँ, सावधान हो कर सुनिए ॥ १९०-१९३ ॥

बलप्रमथनाय नमोऽन्ते च सर्वभूतपदं वदेत् ।
दमनाय नमोऽन्ते तु नमः शब्दं समुच्चरेत् ॥ १९४ ॥
उन्मनाय नमः पश्चात् पुनः प्रणवमुद्धरेत् ।
सद्योजातं प्रपद्यामि सद्योजाताय वै नमः ॥ १९५ ॥
भवे भवेनादिभवे भजस्व मां ततः परम् ।
भवोद्भवाय शब्दान्ते नमो मन्त्रं मुदा न्यसेत् ॥ १९६ ॥
अङ्गुलीभ्यां समाहृत्य पञ्च ऋचानया प्रभो ।

---

१. अनेन क्रमेण मन्त्रस्य स्वरूपं संकेतितमस्ति ।

२. स्तनयोश्चैवेति—ख० । अस्मिन्नपि पत्रे पूर्ववदेव मन्त्रपूर्तये क्रमिकत्वव्यवस्था विहिताऽस्ति ।

एवं क्रमेण सन्नयासं कुर्यादिषु स्थलेषु च ॥ १९७ ॥
मूर्ध्निहृद्गुह्यपादेषु न्यसेदेता ऋचो मुदा ।
ततः कुर्यान्महाकाल चाङ्गन्यासान्तरं शुभम् ॥ १९८ ॥

फिर 'बलप्रमथनाय नमः' के बाद 'सर्वभूतदमनाय नमः', फिर 'नमः' शब्द का उच्चारण कर 'उन्मनाय नमः', इसके बाद प्रणव का उच्चारण कर 'सद्योजातं प्रपद्यामि सद्योजाताय वै नमः भवे भवे नादिभवे भजस्व मां भवोद्भवाय नमः' मन्त्र से दोनों अंगुलियों से उक्त इन पञ्च ऋचाओं से शिर, हृदय, गुह्यस्थान तथा दोनों पैरों में न्यास करे । इसके बाद हे महाकाल ! कल्याणकारी अङ्गन्यास इस प्रकार करे ॥ १९४-१९८ ॥

तत्प्रकारं प्रवक्ष्यामि सावधानोऽवधारय ।
वाग्भवं पूर्वमुच्चार्य कामबीजं ततः परम् ॥ १९९ ॥

अब मैं अङ्गन्यास का प्रकार कहती हूँ, सावधान होकर सुनिए । पहले वाग्भव (ऐं) उच्चारण करे, फिर कामबीज (क्लीं) का उच्चारण करे ॥ १९९ ॥

वकारं शत्रुसंयुक्तं दक्षकार्णेन्दुसंयुतम् ।
चन्द्रबीजं [1]वामनेत्रथान्तवह्निविधून्तम् ॥ २०० ॥
केवलं चन्द्रबीजं तु सविसर्गमनुं ततः ।
सर्वज्ञाय पदस्यान्ते हृदयाय नमः पदम् ॥ २०१ ॥

दक्षकर्ण (उकार), इन्दु (अनुस्वार) तथा शत्रु (?) से संयुक्त वकार, फिर चन्द्रबीज (?) वामनेत्र (ईकार) थान्त (त ?) वह्नि (र) से युक्त इसके बाद केवल चन्द्रबीज (?), फिर सविसर्ग मनु (?) सर्वज्ञाय नमः, हृदयाय नमः से हृदय में न्यास करे ॥ २००-२०१ ॥

अमृते[2] पदमुच्चार्य कामबीजं ततः पदम् ।
तेजोज्वालापदं मालिनेऽन्ते च [3]क्लृप्ताय ब्रह्मणेऽपि वसेत्ततः ॥ २०२ ॥
स्वाहान्तं तत एवाथ [4]ज्वलितशिखिशब्दकम् ।
शिखायानादिबोधाय शिखायै[5] वषडित्यथ ॥ २०३ ॥
वज्रिणे वज्रहस्ताय स्वतन्त्राय पदं वदेत् ।
कवचाय तारशब्दं ततोऽन्यद् बीजमुच्चरेत् ॥ २०४ ॥
नाकारं बिन्दुसंयुक्तं वामनेत्रं सबिन्दुकम् ।
पशुशब्दं[6] तारमन्त्रं अनन्तशक्तये पदम् ॥ २०५ ॥

---

१. खान्त—ख० ।

२. अमृतं पदमुच्चार्य तेजोज्वाला पदं ततः ।
मानिनेऽन्ते च तृप्ताय ब्राह्मणः शिवमेततः ॥ ख० ।

३. तृप्ताय ब्रह्मणो शिरसे ततः—क० ।

४. जनित शिखि—ख० ।

५. शिवायै षट् इत्यपि—ख० ।

६. शकारं बिन्दुसंयुक्तमधरेददलसमन्वितम् । चकारञ्च हकारञ्च दीर्घप्रणवसंयुतम् ॥

इसके बाद 'अमृते' पद का उच्चाराण कर फिर 'तेजोजवालापद' का उच्चारण करे। 'मालिने क्लृप्ताय ब्रह्मणः शिरसे स्वाहा' से शिर का न्यास करे। 'ज्वलित शिखि शिखया नादिबोधाय शिखायै वषट्' से शिखा का, फिर 'वज्रिणे वज्रहस्ताय स्वतन्त्राय' पद का उच्चारण कर 'कवचाय हुम्' कह कर दोनों हाथों में, फिर बिन्दु दन्त समन्वित शकार सं क्षं, तदनन्तर दीर्घप्रणव (आँ) से संयुक्त चकार और हकार, इसके बाद 'पशु' शब्द, फिर 'अनन्त शक्तये' पद, इसके बाद 'नेत्रत्रयाय वौषट्' शब्द का उच्चारण कर नेत्रों में न्यास करे ॥ २०२-२०५ ॥

अस्त्राय फडिति प्रोच्य एवं विन्यस्य योगिराट् ।
मणिपूरे मनो योज्य [1]ध्यायेच्चैतन्यमुत्तमम् ॥ २०६ ॥

फिर 'अस्त्राय फट्' कहकर अस्त्रन्यास कर, योगिराज मणिपूर में मन लगाकर उत्तम चैतन्य का ध्यान करे ॥ २०६ ॥

ओम् मुक्तापीतपयोदमौक्तिकजवावर्णैर्मुखैःपञ्चभिः
त्र्यक्षै[2]रञ्चितमीशमिन्दुमुकुटं पूर्णेन्दुकोटिप्रभम् ।
शूलं टङ्ककृपाणवज्रदहनान्नागेन्द्रघण्टाङ्कुशान्
पाशं भीतिहरं दधान[3]ममिताकल्पोज्ज्वलाङ्गं भजे ॥ २०७ ॥

मोती के समान, पीतवर्ण वाला, पयोद के समान मौक्तिक के समान तथा जवा के समान लाल वर्ण वाले, पाँच मुखों से तथा तीन नेत्रों से सुशोभित, शिर पर चन्द्रमा का मुकुट धारण किए हुए, करोड़ों पूर्ण चन्द्रमा के समान प्रभा बिखेरते हुए, बाण, शूल, टङ्क, कृपाण, वज्र, अग्नि, सर्पराज, घण्टा, अंकुश, पाश तथा अभय मुद्रा को हाथों में धारण किए हुए, अनेक प्रकार के आभूषणों से विभूषित अङ्ग वाले महारुद्र का भजन करता हूँ ॥ २०७ ॥

एवं ध्यात्वा मानसोपचारैः सम्पूज्य पूजकः ।
अर्घ्यस्थापनमाकुर्यान्निज[4]मन्त्राभिशोधनम् ॥ २०८ ॥
शैवोक्तपीठमन्वन्तां पीठपूजां ततश्चरेत् ।
पुनर्ध्यात्वा समावाह्य चावाहनादिमुद्रया ॥ २०९ ॥
पञ्चपुष्पाञ्जलिदानपर्यन्तं परिपूजयेत् ।
पञ्चपुष्पाञ्जलिं दत्त्वा [5]वदनार्चनमाचरेत् ॥ २१० ॥

परतो लुप्तशब्दान्ते शक्तये पदमुच्चरेत् । नेत्रत्रयाद्य शब्दान्ते वौषट् पदमुदीरयेत् ॥ शकारं शत्रुसंयुक्तं वामनेत्रं सबिन्दुकम् । पशुशब्दं तारशब्दं वामनेत्रं सबिन्दुकम् । पशुशब्दं तारशब्दं अनन्तशत्रुभेपदम् ॥ ख० अधि ० ।

१. ध्यायेच्चैतन्यरूपकमिति ख० ।
२. दधानमसिता—ख० ।
३. त्र्क्ष्यैरिति—ग० ।
४. बीजमन्त्राभिशोधकमिति—ख० ।
५. आवरणार्चनमाचरेदिति—ख० । वरुणार्चनमाचरेदिति—ग० ।

इस प्रकार ध्यान कर पूजा करने वाला साधक मानसोपचारों से पूजन कर उनके अपने मन्त्र से अभिमन्त्रित कर अर्घ्यस्थापन करे । शिवजी के पीठ के लिए कहे गए मन्त्र पर्यन्त मन्त्रों से पीठपूजा करे । फिर ध्यान कर आवाहन मुद्रा से रुद्र का आवाहन कर 'पञ्चपुष्पाञ्जली दान पर्यन्त' उनकी पूजा करे । इस प्रकार पाँच पुष्पाञ्जलि समर्पण करने के पश्चात् उनके मुखों की अर्चना करे ॥ २०८-२१० ॥

शिवावरुण[1]देवांश्च पूजयेत्तत् क्रमं शृणु ।
ऐशान्यां पूजयेद्विद्वान् ईशानाय नमस्ततः ॥ २११ ॥
पूर्वे ॐ तत्पुरुषाय नमः शब्दं समुच्चरेत् ।
दक्षिणे ॐ अघोराय नमः शब्दं समुच्चरेत् ॥ २१२ ॥
उत्तरे ॐ वामशब्दं देवाय नम उच्चरेत्[2] ।
पश्चिमे प्रणवं पश्चात् सद्योजाताय एव हि ॥ २१३ ॥
नमोऽन्तं पूजनं कृत्वा सर्वसिद्धीश्वरो भवेत् ।
ईशानादिचतुष्केषु [3]निवृत्तीत्यादीन् प्रपूजयेत् ॥ २१४ ॥

इसके बाद शिव के आवरण देवताओं का पूजन करे । 'ॐ ईशानाय नमः' कह कर ईशान दिशा में ईशान की, इसके बाद पूर्व दिशा में 'ॐ तत्पुरुषाय नमः' कह कर तत्पुरुष की, फिर दक्षिण दिशा में 'ॐ अघोराय नमः' कहकर अघोर की, तदनन्तर उत्तर दिशा में 'ॐ वामदेवाय नमः' कहकर वामदेव की, पश्चिम दिशा में प्रणव का उच्चारण कर 'ॐ सद्योजाताय नमः' से सद्योजात की पूजा कर साधक सर्वसिद्धिश्वर बन जाता है । इसके अनन्तर ईशानादि चारों कोणों में निवृत्यादि कलाओं का पूजन करे ॥ २११-२१४ ॥

प्रणवान्ते [4]निवृत्यै च नमश्चान्ते ततोऽर्चयेत् ।
एवं [5]प्रतिष्ठां विद्यां च शान्तिं सम्पूज्य यत्नतः ॥ २१५ ॥
प्रणवादिनमोऽन्तेन चतुर्थ्यन्तपदेन च ।
योजयित्वा महापूजाविधौ कुर्यात्[6] समर्पणम् ॥ २१६ ॥

प्रणव का उच्चारण कर इसके अनन्तर 'ॐ निवृत्यै नमः' से निवृत्ति की पूजा करे, इसी प्रकार प्रतिष्ठा, विद्या, शान्ति—इन कलाओं के नाम का चतुर्थ्यन्त कहकर आदि में 'ॐ' तथा अन्त में 'नमः' कहकर महान् पूजन करने के पश्चात् उन्हें (जप) समर्पण कर देवे ॥ २१५-२१६ ॥

दशदलस्य मध्ये तु विभाव्याष्ट[7]दलं सुधीः ।
तत्रैव पूजनं कुर्यात् अष्टाङ्गयोगसिद्धये ॥ २१७ ॥

---

१. शिवावरुणदेवाश्चेति—ग० ।
२. वामशब्दमुच्चार्य देवाय नम इत्युच्चारणीयम् अर्थात् 'वामदेवाय नमः' इत्यत्र तात्पर्यम्।
३. निवृत्त्यादीनिति—ख० ।
४. निवृत्तौ चेति—ख० ।
५. प्रतिष्ठा विद्या चेति—ख० ।
६. समर्चनमिति—ख० ।
७. द्विदलमिति—ख० ।

इसके बाद विद्वान् साधक दशदल के मध्य में रहने वाले आठ दलों पर ध्यानादि करके अष्टाङ्गयोग सिद्धि के लिए इस प्रकार पूजन करे ॥ २१७ ॥

प्रणवादिनमोऽन्तेन चतुर्थ्यन्तपदेन च ।
पूजयेद्देवदेवेशं गन्धपुष्पाक्षतादिभिः ॥ २१८ ॥
अनन्तेशं पूजयेद्वै तथा [१]सूक्ष्मेशमेव च ।
शिवोत्तमेशं सम्पूज्य एकनेत्रेशमेव च ॥ २१९ ॥
एकरुद्रेशमेवं हि त्रिमूर्त्तीशं ततोऽर्चयेत् ।
भक्त्या समर्चयेत्तत्र श्रीकण्ठेशं शिखण्डिनम् ॥ २२० ॥

नाम का चतुर्थ्यन्त कर, आदि में प्रणव तथा अन्त में नमः लगाकर देवदेवेश की गन्ध, पुष्प तथा अक्षतों से अनन्तेश (ॐ अनन्तेशाय नमः गन्धं समर्पयामि) इत्यादि क्रम से पूजा करनी चाहिए । सूक्ष्मेश, शिव, उत्तमेश, एकनेत्रेश, एकरुद्रेश, त्रिमूर्तीश, श्रीकण्ठेश तथा शिखण्डी की भक्तिपूर्वक अर्चन करे ॥ २१८-२२० ॥

तद्बाह्यपत्रिकाग्रेषु उत्तरादिक्रमेण तु ।
उमाद्यादेवताः पूज्याः प्रणवादिनमोऽन्तिकाः ॥ २२१ ॥
उमादेवीं समभ्यर्च्य तथा चण्डेश्वरं ततः ।
नन्दिनञ्च महाकालं गणेशं वृषभं तथा ॥ २२२ ॥
भृङ्गरीटः[२] स्कन्दपुत्रौ तद्बाह्ये क्रमतोऽर्चयेत् ।
इन्द्रादीन् लोकपालाँश्च गन्धदीपैः समर्चयेत् ॥ २२३ ॥

उसके बाहर के पत्र के अग्रभागों पर उत्तरादि के क्रम से उमादि देवताओं के नाम का चतुर्थ्यन्त कर आदि में प्रणव तथा अन्त में नमः लगाकर उत्तरादि दिशाओं के क्रम से पूजन करे । प्रथम उमा देवी की अर्चना कर तदनन्तर चण्डेश्वर की, फिर नन्दी महाकाल गणेश वृषभ, भृङ्गरीट स्कन्द पुत्र की पूजा कर, उसके बाद क्रम से इन्द्रादि लोकपालों की गन्ध दीपों से अर्चना करे ॥ २२१-२२३ ॥

वज्रादींश्च क्रमेणैव पूजयेत्साधकोत्तमः ।
धूपदीपादिनैवेद्यपानार्थं पुनराचमनम् [३] ॥ २२४ ॥
संहारमुद्रया चोर्ध्वे स्थापयेद्रुद्ररूपिणम् ।
विसर्जनान्तं तत्कर्म [४]उत्सृष्टपूजनादिकम् ॥ २२५ ॥
समाप्य विधिनानेन पूजाकर्म समापयेत् ।
प्रत्यहं मानसं जापं होममर्चनतर्पणे ॥ २२६ ॥
वर्धयेत् साधकश्रेष्ठो भक्तिभावपरायणः ।
पञ्चलक्षजपेनास्या पुरश्चरणमिष्यते ॥ २२७ ॥

---

१. शम्भुं त्रिलिङ्गकमिति ख० ।
२. भृङ्गरीटिस्कपुत्रौ—ग० ।
३. पुनराचममिति—ख० ।
४. तच्छिष्टपूजनादिकमिति—ख० ।

एवं ध्यात्वा जपेन्मन्त्रं पञ्चलक्षं मधुप्लुतैः ।
प्रसूनैः करवीरोत्थैरथवा जुहुयात् सुधीः ॥ २२८ ॥
सर्वदा मानसं कार्यं [१]द्रव्यालाभेऽनिशं चरेत् ।
तद्दशांशं [२]प्रजुहुयात्तद्दशांशञ्च तर्पणम् ॥ २२९ ॥
तद्दशांशं चाभिषेकं दशांशं विप्रभोजनम् ।
एवं जपं साधनञ्च पुरा [३]नारायणो मुनिः ॥ २३० ॥

इसके बाद उत्तम साधक पूर्वादि क्रम से इन्द्रादि लोकपालों के वज्रादि आयुधों की धूप, दीप, नैवेद्य तथा पीने के लिए पुनराचमन कराकर पूजा करे । संहारमुद्रा से सबके ऊपर रुद्र रूप वाले सदाशिव की स्थापना कर उत्कृष्ट पूजनादि कर्म विसर्जन पर्यन्त करे । इस प्रकार सारी विधि सम्पादन कर पूजा कर्म समाप्त करे । साधक श्रेष्ठ प्रतिदिन मानस जाप होम द्वारा अर्चन तथा तर्पण भक्ति भाव से युक्त होकर बढ़ाता रहे । पाँच लाख जप करने से पुरश्चरण कर्म पूर्ण होता है । नित्य प्रति इसी प्रकार से ध्यान कर पाँच लाख की संख्या में मन्त्र एवं जप कार्य पूरा करे । फिर करवीर के पुष्पों से, जो मधु में डुबोये गए हों, उनसे होम करे । यदि द्रव्य न प्राप्त हो तो यह क्रिया मानस ही करे । जप का दशांश होम उसका दशांश तर्पण उसका दशांश अभिषेक उसका दशांश ब्राह्मण भोजन करावे । इस प्रकार के जप तथा साधन से पूर्वकाल में कोई मुनि, नारायण हो गए ॥ २२४-२३० ॥

कृत्वा [४]सर्वसत्त्वमयः शीतलो योगिराड् [५]भवेत् ।
यः करोति साधनानि सोऽचिरादमरो भवेत् ॥ २३१ ॥
पूजान्ते[६] पूजाशेषे च पूजामध्यक्रमेण च ।
प्रणमेत् साधकश्रेष्ठो [७]वरुणात् पापभूपतेः ॥ २३२ ॥

जो इन साधनों को करता है वह सर्वसत्त्वमय शीतल योगिराज तथा शीघ्र ही अमर बन जाता है । पूजा के अन्त में, पूजा के प्रारम्भ में तथा पूजा के मध्य में साधक श्रेष्ठ पापराजा वरुण से मुक्ति के लिए महारुद्र को इस प्रकार नमस्कार करे ॥ २३१-२३२ ॥

ॐ[८] नमः परमकल्याण नमस्ते विश्वभावन ।
नमस्ते पार्वतीनाथ[९] उमाकान्त नमोऽस्तु ते ॥ २३३ ॥
विश्वात्मने विचिन्त्याय गुणाय निर्गुणाय च ।
धर्माय ज्ञानमोक्षाय नमस्ते सर्वयोगिने ॥ २३४ ॥

---

१. द्रव्यालाभेऽठपि संचरेदिति—ख० ।
२. चाभिषेकं दशांशं विप्रभोजनमिति—ख० । एषश्लोको—ख० पु० नास्ति ।
३. नारायणेन च—ग० ।
४. सर्वमन्त्रमय—ख० ।
५. भवेदिति—ग० ।
६. पूजाद्यैश्चैव शेषे च पूजामध्ये क्रमेण तु—ख० ।
७. वारणादिति—ख० ।
८. ओमिति—ख पु० नास्ति ।
९. उमानाथेति—ख० ।

पाप राशि को हटाने की विधि इस प्रकार है—ॐ परमकल्याण करने वाले रुद्र आप को नमस्कार है । विश्व द्वारा भावना किए जाने योग्य रुद्रदेव आप को नमस्कार है । हे पार्वतीनाथ ! आप को नमस्कार है । हे उमाकान्त ! आप को नमस्कार है । विश्वात्मा, अविचिन्त्य सगुण, निर्गुणस्वरूप वाले, धर्म, ज्ञान तथा मोक्षस्वरूप वाले सर्वयोगी आप रुद्र को नमस्कार है ॥ २३३-२३४ ॥

नमस्ते कालरूपाय त्रैलोक्यरक्षणाय च ।
गोलोकघातकायैव[१] चण्डेशाय नमोऽस्तु ते ॥ २३५ ॥
सद्योजाताय देवाय नमस्ते शूलधारिणे ।
कालान्ताय च कान्ताय चैतन्याय नमो नमः ॥ २३६ ॥

कालरूप आप को नमस्कार है । त्रैलोक्य की रक्षा करने वाले आप को नमस्कार है । पृथ्वी लोक का संहार करने वाले आप को नमस्कार है । चण्डेश आप को नमस्कार है । सद्योजात देवता को नमस्कार है । शूलधारी को नमस्कार है, कालान्तक को नमस्कार है, अत्यन्त सुन्दर आप को नमस्कार है । सर्वथा चेतनस्वरूप आप को नमस्कार है ॥ २३५-२३६ ॥

कुलात्मकाय कौलाय चन्द्रशेखर ते नमः ।
उमानाथ[२] नमस्तुभ्यं योगीन्द्राय नमो नमः ॥ २३७ ॥
सर्वाय सर्वपूज्याय ध्यानस्थाय गुणात्मने ।
पार्वती प्राणनाथाय नमस्ते परमात्मने ॥ २३८ ॥

सर्वथा शक्तिस्वरूप, शक्ति के उपासक हे चन्द्रशेखर ! आपको नमस्कार है, हे उमानाथ ! आपको नमस्कार है, हे योगीन्द्र ! आप को बारम्बार नमस्कार है । सर्वस्वरूप, सर्वपूज्य, ध्यान में स्थित रहने वाले गुणात्मा आप को नमस्कार है । पार्वती के प्राणनाथ परमात्मा आप को नमस्कार है ॥ २३७-२३८ ॥

एतत्स्तोत्रं पठित्वा च स्तौति यः परमेश्वरम् ।
याति [३]रुद्रकुलस्थानं मणिपूरं विभिद्यते ॥ २३९ ॥
एतत्स्तोत्रप्रपाठेन तुष्टो भवति शङ्करः ।
खेचरत्वं[४] पदं नित्यं ददाति परमेश्वरः ॥ २४० ॥

इस स्तोत्र का पाठ कर जो परमेश्वर की स्तुति करता है, वह रुद्रकुल में चला जाता है तथा मणिपूर का विभेदन तो हो ही जाता है । इस स्तोत्र के पाठ से शङ्कर प्रसन्न हो जाते हैं और संतुष्ट हुए परमेश्वर नित्य खेचरत्व पद प्रदान करते हैं ॥ २३९-२४० ॥

ततो वक्ष्ये महादेव मृत्युञ्जयविधानकम् ।
यत् कृत्वा परमब्रह्ममयो भवति साधकः ॥ २४१ ॥

---

१. त्रैलोक्यघातकायैवेति—ख० ।		२. उमाकान्तेति—ख० ।
३. रुद्रकुलस्थाने—ग० ।		४. खेचरत्वपदमिति—ख० ।

मृत्युञ्जयस्य मन्त्रं वै जपते यदि मानुषः ।
कोटिवर्षशतं स्थित्वा लीनो भवति ब्रह्मणि ॥ २४२ ॥

हे महादेव ! अब इसके बाद मृत्युञ्जय का विधान कहती हूँ, जिसके करने से साधक परम ब्रह्ममय हो जाता है । यदि मनुष्य निरन्तर मृत्युञ्जय मन्त्र का जप करे तो वह करोड़ों वर्ष जीने के बाद परम ब्रह्म में लीन हो जाता है ॥ २४१-२४२ ॥

सर्वव्यापकरूपेण स तिष्ठति सदाशिव ।
तत्प्रकारं प्रवक्ष्यामि [1]सावधानोऽवधारय ॥ २४३ ॥
आदौ[2] पूजां विधानेन वक्ष्यामि सारनिर्मिताम् ।
श्रीकण्ठ[3]सपूर्णोदर्यश्च न्यासं चास्ये समाचरेत् ॥ २४४ ॥

हे सदाशिव ! ! मृत्युञ्जय मन्त्र का जापक सर्वव्यापक रूप से सर्वदा बना रहता है । उसका प्रकार कहती हूँ सावधानी से सुनिए । सर्वप्रथम साररूप से कही गई मृत्युञ्जय पूजा का विधान कहती हूँ । 'श्री कण्ठपूर्णोदरीभ्यां' आदि इस मन्त्र से मुख में न्यास करे ॥ २४३-२४४ ॥

ततो हृदयमध्ये तु स्वहस्ताङ्गुलिमुद्रया[4] ।
तद्वयान्यस्य[5] देवेश तत्प्रकाशं [6]प्रचक्ष्यते ॥ २४५ ॥
प्रणवादि नमोऽन्तेन चतुर्थ्यन्तपदेन च ।
योजयित्वा न्यसेन्मन्त्री मन्त्रभावपरायणः ॥ २४६ ॥

फिर हृदय के मध्य में अपने हाथ की अंगुलि की मुद्रा से हृदय में न्यास करे । इसी प्रकार अन्य स्थानों पर भी न्यास करे, उसको प्रकाश रूप से कहती हूँ । प्रथम प्रणव, फिर नाम का चतुर्थ्यन्त पद द्विवचन तथा अन्त में नमः पद का उच्चारण कर मन्त्रज्ञ साधक भक्तिभाव से तत्तत्स्थानों में न्यास करे ॥ २४५-२४६ ॥

आधारशक्तिमेवं हि प्रकृतितदनन्तरम् ।
कूर्ममनन्तं तत्पश्चात् पृथिवीं क्षीरसागरम् ॥ २४७ ॥
श्वेतद्वीपं ततः पश्चान्मणिमण्डपमेव च ।
कल्पवृक्षे[7] ततो नाथ विन्यसेन्मणिवेदिकाम् ॥ २४८ ॥

इसी प्रकार आधारशक्ति (ॐ आधारशक्त्यै नमः, ॐ प्रकृत्यै नमः इत्यादि) प्रकृति कूर्म, अनन्त, पृथ्वी, क्षीरसागर, श्वेत द्वीप, मणिमण्डप, कल्पवृक्ष और हे नाथ ! मणिवेदिका का न्यास करे ॥ २४७-२४८ ॥

---

१. सावधानावधारयेति—क० ।
२. आदौपूजा विधानं च वक्ष्यामि सारनिर्णीतं—ख० ।
३. पुर्तोदर्याश्चेति—ख० ।
४. हस्ताङ्गुलीसमुद्रया—ख० ।
५. त स्वयाख्यस्येति—ख । तत्त्वायान्यस्येति—ग० ।
६. प्रचत्रते—ख० ।
७. कल्पवृक्षमिति—ग० ।

रत्नसिंहासनं तत्र हृदयाम्भोजमण्डले ।
दक्षवामस्कन्धभागे वामोरौ दक्षिणे तथा ॥ २४९ ॥
मुखे वामपार्श्वभागे नाभौ दक्षपार्श्वके ।
प्रणवादिनमोऽन्तेन चतुर्थ्यन्तपदेन च ॥ २५० ॥
सर्वत्र न्यासमाकुर्यात्तेषां नाम शृणु प्रभो ।
क्रमेण सर्वं कर्त्तव्यं [1]क्रमभङ्गो न चाचरेत् ॥ २५१ ॥

फिर हृदयाम्भोजमण्डल में स्थित रत्न सिंहासन के दाहिने भाग में, बायें भाग में, बायें ऊरू में, दाहिने ऊरु में, मुख में, उसके बायें पार्श्व भाग में तथा दक्षिण पार्श्व भाग में और नाभि में वक्ष्यमाण रीति से प्रथम प्रणव, फिर चतुर्थ्यन्त पद, फिर नमः लगाकर सर्वत्र न्यास करे । अब उनका नाम कहती हूँ, हे प्रभो सुनिए । यह न्यास क्रमपूर्वक जैसा कहा गया है उस रीति से करे, कहीं भी क्रमभङ्ग नहीं होना चाहिए ॥ २४९-२५१ ॥

धर्मं ज्ञानञ्च वैराग्यमैश्वर्यं तदनन्तरम् ।
अधर्ममपि चाज्ञानमवैराग्यं ततः परम् ॥ २५२ ॥
अनैश्वर्यं क्रमेणापि विन्यसेत् साधकोत्तमः ।
पुनर्वारं हृदम्भोजे न्यसेदेकमनाः सुधीः ॥ २५३ ॥

'धर्म (ॐ धर्माय नमः दक्षभागे आदि) ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य फिर अधर्म, अज्ञान अवैराग्य एवं अनैश्वर्य द्वारा साधकोत्तम न्यास करे । इसके बाद पुनः हृदयस्थित कमल पर एकाग्र मन से न्यास करे ॥ २५२-२५३ ॥

अनन्तपद्ममेवं तु [2]अं सूर्यमण्डलं तथा ।
द्विषट्कलात्मना[3] सार्धं सं सोममण्डलं तथा ॥ २५४ ॥
षोडशकलात्मानञ्च मं वह्निमण्डलं तथा ।
दशकलात्मना सार्धं सं [4]सत्वं तदनन्तरम् ॥ २५५ ॥
रं [5]बीजं रजसं तत्र तं तमसमेव च ।
आं [6]आत्मने न्यसेन्मन्त्री अं अन्तरात्मने नमः ॥ २५६ ॥
पं बीजं परमात्मानं मायाज्ञानात्मने नमः ।
इत्यन्तं न्यस्य देवेश मन्त्रसिद्धिमवाप्स्यसि ॥ २५७ ॥
मणिपूरे मन्त्रसिद्धिं सर्वसिद्धिमवाप्नुयात् ।
यः करोति सदा न्यासं ध्यानपूजापरायणः ॥ २५८ ॥

'अं सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने अनन्त पद्मं न्यसामि', फिर 'सं सोममण्डलाय

---

१. क्रमभङ्गेन चाचरेदिति—ख । २. तं—ख० ।
३. द्वादशकात्मना सार्य सुं सोममण्डल तथेति—ख० ।
४. सत्त्व—ग० । ५. राजसमिति—ख० ।
६. आत्मानमिति—ख० ।

षोडशकलात्मने अनन्तपद्मं न्यसामि', तदनन्तर 'मं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने नमः अनन्तपद्मं न्यसामि', इसके बाद 'सं सत्त्वं नमः', 'रं रजसे नमः', 'तं तमसे नमः', 'आं आत्मने नमः', 'अं अन्तरात्मने नमः', 'पं परमात्मने नमः' तथा 'मां मायाज्ञानात्मने नमः' - इतने वाक्यों से न्यास करने पर हे देवेश ! आप मन्त्रसिद्धि प्राप्त करेंगे। ध्यान पूजा में निरत होकर जो इस न्यास को इस प्रकार करता है, वह साधक मणिपूर में मन्त्र सिद्धि प्राप्त कर सर्वसिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ २५४-२५८ ॥

वामां[१] ज्येष्ठां तथा रौद्रीं कालीं कलपदादिकाम् ।
विकरण्याह्वया युक्ता बलविकरणीं तथा ॥ २५९ ॥
बलप्रमथिनीं चैव न्यसेत् साधकसत्तमः ।
ततः सर्वभूतदमनीं मनोन्मनीं ततो न्यसेत् ॥ २६० ॥
तदुपरि न्यसेन्नाथ ॐ नमो भगवते पदम् ।
सकलगुणात्मनः[२] शक्तिं चान्ते युक्ताय पदमावदेत् ॥ २६१ ॥
अनन्ताय पदस्यान्ते योगपीठात्मने पदम् ।
नमोऽन्तोऽयं महामन्त्रः सर्वोपरि न्यसेत्सुधीः ॥ २६२ ॥

वामा, ज्येष्ठा, रौद्री काली, कलविकरिणी, बलविकरिणी, बलप्रमथनी, इसके बाद साधकोत्तम सर्वभूतदमनी फिर मनोन्मनी का न्यास करे। इसके बाद हे नाथ ! 'ॐ नमो भगवते सकलगुणात्मने शक्तियुक्ताय अनन्ताय योगपीठात्मने नमः' इस महामन्त्र से सुधी साधक सबके बाद न्यास करे ॥ २५९-२६२ ॥

ततो नाथ समाकुर्यात् साधको गतभीः स्वयम् ।
ऋष्यादिन्यासमाकुर्यात् तत्प्रकारं शृणु प्रभो ॥ २६३ ॥

इसके बाद हे नाथ ! साधक निर्भय हो कर ऋष्यादिन्यास करे। हे प्रभो ! अब उस ऋष्यादिन्यास का प्रकार सुनिए ॥ २६३ ॥

शिरसि पदमुच्चार्य कहोडऋषये नमः ।
तदुपरि ततो नाथ महाविष्णुपदं वदेत् ॥ २६४ ॥
ऋषये नम इत्युक्त्वा मुखे देवीपदं वदेत् ।
गायत्रीच्छन्दसे पश्चान्नमः शब्दं समुच्चरेत् ॥ २६५ ॥
हृदि मृत्युञ्जयायैवं दैवतायै नमः पदम् ।
ऋषिः कहोडो देव्याश्च गायत्रीच्छन्द ईरितम् ॥ २६६ ॥
मृत्युञ्जयो महादेवो देवतास्य [३]प्रकीर्तिता ।
कराङ्गन्यासकौ कुर्यात् षड्दीर्घभाजया सह ॥ २६७ ॥

---

१. वामा ज्येष्ठा तथा रौद्री काली कलपदादिकमिति—ग० ।
२. सकलगुणात्मशक्तिचान्ते भुक्ताय पदमावदेत्—ख० ।
३. प्रकीर्तितः—क० ।

सकारेण महाकाल तत्प्रकारं शृणु प्रभो ।

'कहोड ऋषये नमः', इसके बाद 'महाविष्णुऋषये नमः शिरसि' ऐसा कह कर शिर, 'देवी गायत्रीच्छन्दसे नमः मुखे' से मुख पर, 'मृत्युञ्जयायै देवतायै नमः हृदि' कहकर हृदय में न्यास करे । वस्तुतः इस मन्त्र के कहोड ऋषि हैं, देवी गायत्री छन्द और मृत्युञ्जय महादेव देवता कहे गए हैं । हे प्रभो ! इसके बाद षड्दीर्घ युक्त सकार से हे महाकाल ! करान्यास एवं अङ्गन्यास करना चाहिए । उसका प्रकार सुनिए ॥ २६४-२६८ ॥

सामङ्गुष्ठाभ्यां चान्ते च नमः शब्दं क्रमेण तु ॥ २६८ ॥
एवं कराङ्गुलीन्यासं कुर्यादेव महाप्रभो ।
षड्दीर्घभाजा[1] मन्त्रेण सकारेण सबिन्दुना ॥ २६९ ॥

'सां अंगुष्ठाभ्यां नमः', सीं तर्जनीभ्यां नमः' एवं 'सूं मध्यमाभ्यां नमः' इत्यादि हे महाप्रभो ! इस प्रकार कराङ्गुलीन्यास अवश्य करे । जैसा कि ऊपर बिन्दु तथा षड्दीर्घ युक्त सकार से कहा गया है ॥ २६८-२६९ ॥

कराङ्गन्यासमाकुर्यात् कुलतन्त्रक्रमेण तु ।
ततो ध्यानं समाकुर्यात् शुभभावपरायणः ॥ २७० ॥

इस प्रकार तान्त्रिकों की कुल परम्परा के अनुसार साधक कराङ्गन्यास करे । फिर शुद्ध भावना से युक्त होकर महामृत्युञ्जय का ध्यान इस प्रकार करे ॥ २७० ॥

महामृत्युञ्जयध्यानम्

इन्द्वर्कानललोचनं स्मितमुखं [2]पद्मद्वयान्तास्पदं
मुद्रापाशमृगाक्षसूत्रविलसत्पाणिं हिमांशुच्छविम् ।
कोटीरेन्दुगलत्सुधाप्लुततनुं हारादिभूषोज्ज्वलं[3]
कान्त्या विश्वविमोहनं पशुपतिं मृत्युञ्जयं भावये ॥ २७१ ॥

चन्द्र, सूर्य, अग्निरूप नेत्र वाले, मन्द हास्य से युक्त दो पद्मों की बीच में स्थित, मुद्रा, पाश, मृग एवं अक्षमाला से सुशोभित हाथ वाले, चन्द्रमा के समान कान्तिमान्, करोड़ों चन्द्रमा से गिरते हुए अमृत से भींगे शरीर वाले, हारादि भूषणों से प्रकाशित तथा अपनी शरीर कान्ति से विश्व को मोहित करने वाले पशुपति, मृत्युञ्जय का ध्यान करता हूँ ॥ २७१ ॥

एवं ध्यात्वा मानसोपचारद्रव्यैः प्रपूजयेत् ।
अर्घ्यस्थापनमाकृत्य तत्तन्मन्त्रेण साधकः ॥ २७२ ॥
पूजयेत्पीठ[4]मन्वन्ता तत्तन्मन्त्रेण साधकः ।

---

१. ब्रीजेनेति—ख० । २. पद्मन्वयान्तास्पदं—ग० ।
३. भूषाकुलमिति—ख० ।
४. एतत्पद्यत्रयं—ख पुस्तके नास्ति ।

पुनर्ध्यात्वा समावाह्य मूलमन्त्रेण मन्त्रवित् ॥ २७३ ॥
पाद्यादिभिः पूजयेद्दै गन्धपुष्पादिशोभितैः ।
पञ्चपुष्पाञ्जलिं दत्वा परिवारान् प्रपूजयेत् ॥ २७४ ॥
केशरेष्वग्निनिर्ऋतिवाय्वीशानेषु पूजयेत् ।
मध्ये दिक्षु च तन्मध्ये सा बीजं तत्र चोच्चरेत् ॥ २७५ ॥

इस प्रकार ध्यान कर मानसोपचार द्रव्यों से महामृत्युञ्जय का मानस पूजन करे । फिर अर्घ्य स्थापित कर तत्तन्मत्रों से साधक पीठ का पूजन करे । फिर ध्यान कर मन्त्रवेत्ता मूलमन्त्र से पीठ पर महामृत्युञ्जय का आवाहन करे । फिर पाद्यादि, गन्ध, पुष्पादि, मङ्गलकारी उपचारों से पूजन करे । तदनन्तर पञ्च पुष्पाञ्जलि देकर उनके परिवारों की अर्चना करे । केशरों में अग्नि, नैर्ऋत्य, वायव्य एवं ईशान कोणों में, मध्य में, दिशाओं में तथा दिशाओं के मध्य में 'सां' बीज का उच्चारण करे ॥ २७२-२७५ ॥

हृदयाय नमश्चान्ते सीं बीजं तदनन्तरम् ।
शिरसे स्वाहया सार्धं सु बीजं तदनन्तरम् ॥ २७६ ॥
शिखायै वषडित्यादि सैं बीजं तदनन्तरम् ।
कवचाय पदस्यान्ते तारबीजं समुच्चरेत् ॥ २७७ ॥
सों बीजं पूर्वमुच्चार्य नेत्रत्रयाय इत्यपि ।
वौषडादिमध्यपदं चतुर्दिक्षु ततः परम् ॥ २७८ ॥
सश्चान्तेऽस्त्राय[1] शब्दान्ते फडित्येव समर्चयेत् ।
षडङ्गानि पूजयित्वा तद्बहिः प्रतिपूजयेत् ॥ २७९ ॥

'सां हृदयाय नमः' से हृदय पर, 'सीं बीजं शिरसे स्वाहा' से शिर पर, फिर 'सूं शिखायै वषट्', फिर 'सै कवचाय हुं' से दोनों बाहुओं पर, 'ॐ सौं नेत्रत्रयाय वौषट्' से दोनों नेत्रों पर, फिर 'सः अस्त्राय फट्' से चारों दिशाओं में ताली बजाते हुए न्यास करे । इस प्रकार षडङ्ग पूजन कर उसके बाहर आवरण देवताओं का पूजा करे ॥ २७६-२७९ ॥

इन्द्रादींल्लोकपालांश्च[2] वज्रादींश्च तथा प्रभो ।
धूपदीपादिनैवेद्यपानादीनि प्रदापयेत् ॥ २८० ॥
विधिना वादनं कुर्यान्मृत्युञ्जयसुतोषणात्[3] ।
विसर्जनान्तं यत्कर्म समाप्य विधिनामुना ॥ २८१ ॥
संहारमुद्रया चैव[4] हृदये चानयेद्[5] बुधः ।
प्रसन्नहृदयो भूत्वा चरणोदकमापिबेत् ॥ २८२ ॥

प्रथम इन्द्रादि लोकपालों की, उसके बाद उनके वज्रादि आयुधों की, धूप दीपादि नैवेद्य

१. मश्चान्ते—क० ।
२. पूजयेत्तु तथा—ख० ।
३. सुभूषणात्—ख ।
४. देवमिति—ख० ।
५. चालयेदिति—ख० ।

एवं पानी देकर पूजा करे । तदनन्तर मृत्युञ्जय की संतुष्टि के लिए विधिपूर्वक बाजा बजावे । इसी विधि से विद्वान् साधक विसर्जन पर्यन्त सारा कृत्य समाप्त कर संहार मुद्रा दिखाकर इन्हें हृदय में स्थान देवे । तदनन्तर प्रसन्न हृदय से महामृत्युञ्जय का चरणोदक ग्रहण करे ॥ २८०-२८२ ॥

एतन्मात्रेण देवेश सर्वसिद्धिं समाप्नुयात् ।
पिबामि चरणद्वन्द्वाम्भोजनिःसृतकं भजे ॥ २८३ ॥
अमरत्वं सदा देहि मृत्युञ्जय नमोऽस्तुते ॥ २८४ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे [1]मन्त्रप्रकाशो नाम सप्तचत्वारिंशः पटलः ॥ ४७ ॥

— ❖ —

हे देवेश ! मात्र इतने विधान से ही साधक सारी सिद्धि प्राप्त कर लेता है । हे देव ! आप के चरणाम्भोज से निकले चरणोदक को मैं पी रहा हूँ आप का भजन करता रहूँ, मुझे अमरता प्रदान कीजिए । मृत्युञ्जय आपको नमस्कार है । इस प्रकार 'पिबामि ... ... नमोऽस्तुते' श्लोक पढकर मृत्युञ्जय को प्रणाम करे ॥ २८३-२८४ ॥

॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में मन्त्रप्रकाश नामक सैतालिसवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ४७ ॥

— ❖ —

१. अष्टचत्वारिंशदिति—ख० ।

अथाष्टचत्वारिंश: पटल:

आनन्दभैरव उवाच

श्रुतं च साधनं पुण्यं महारुद्रस्य सुन्दरि ।
मणिपूरे प्रकाशञ्च कथितं ज्ञाननिर्णयम् ॥ १ ॥
अकस्मात् सिद्धिसम्पत्तिं[1] नुतिं वद महाप्रियाम् ।
यस्य श्रवणमात्रेण पाठेन योगिनीवशम् ॥ २ ॥

आनन्दभैरव ने कहा—हे सुन्दरि ! मणिपूर में किए जाने वाले महारुद्र के पुण्यकारक साधन को मैने सुना । इतना ही नहीं मणिपूर में होने वाले ज्ञाननिर्णय युक्त प्रकाश को (जैसा कहा उसे) मैंने श्रवण किया । अब अकस्मात् योगिनियों को प्रिय लगने वाली तथा अकस्मात् सिद्धि सम्पत्ति प्रदान करने वाली उस स्तुति को कहिए, जिसके मात्र सुनने तथा मात्र पाठ करने से योगिनी वश में हो जाती है ॥ १-२ ॥

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

परमानन्ददेवेश योगानामधिप प्रभो ।
स्तोत्रं रुद्रस्य वक्ष्यामि सारात्सारं परात्परम् ॥ ३ ॥
यज्ज्ञात्वा योगिन: सर्वे षट्चक्रपरिभेदका: ।
आकाशगामिन: सर्वे स्वर्गमोक्षाभिलाषुका:[2] ॥ ४ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—हे परमानन्द ! हे योगेश ! हे योगिजनों के पालन करने वाले ! हे प्रभो ! मैं अब महारुद्र के उस स्तोत्र को कहती हूँ, जो सभी स्तोत्रों के सार का भी सार होने से अत्यन्त उत्कृष्ट है, जिसे जानकर सभी योगी जन षट्चक्रों का भेदन कर देते हैं, तथा आकाशगामी होकर स्वर्ग में जाने की इच्छा करते हैं ॥ ३-४ ॥

महादेवसमा: सर्वे देवाश्च स्वर्गभोगिन:[3] ।
सर्वरक्षाकरं स्तोत्रं ये पठन्ति निरन्तरम् ॥ ५ ॥
ते यान्ति ब्रह्मसदनं सिद्धमुख्या महीतले ॥ ६ ॥

वे सभी महादेव के समान देवता बनकर स्वर्ग का भोग भोगते हैं । सबकी रक्षा करने वाले इस स्तोत्र का जो निरन्तर पाठ करते हैं, वे इस महीतल में श्रेष्ठ सिद्ध बन कर अन्त में ब्रह्मलोक को जाते हैं ॥ ५-६ ॥

---

१. सम्पत्ति: स्यात्त्वं वद महाप्रिये—ख० । सम्पत्तिर्येन स्यात् तद् वद प्रिये—इति जीवा० ।
२. अभिनासका:—ग० । ३. सर्गभोगिन:—ख० ।

ॐ [1] भजामि शम्भुं सुखमोक्षहेतुं
रुद्रं महाशक्तिसमाकुलाङ्गम् ।
रौद्रात्मकं [2] चारुहिमांशुशेखरं
कालं गणेशं सुमुखाय शङ्करम् ॥ ७ ॥

महारुद्रस्तोत्र—सुख तथा मोक्ष के हेतु, अपने आधे अङ्ग में महाशक्ति को धारण करने के कारण संकुचित अङ्गो वाले, रौद्रमुख एवं चन्द्रमा धारण करने के कारण सुन्दर ललाट वाले, काल स्वरूप गणों के ईश सदाशिव को अपने सुन्दरमुख अर्थात् संमुख (अनुकूल) होने के लिए मैं उन रुद्र का भजन करता हूँ ॥ ७ ॥

मृत्युञ्जयं जीवनरक्षकं परं
शिवं परब्रह्मशरीरमङ्गलम् ।
हिमांशुकोटिच्छविमादधानं
भजामि पद्मद्वयमध्यसंस्थितम् ॥ ८ ॥

जो मृत्यु पर विजय प्राप्त करने वाले, जीवन की रक्षा करने वाले, परशिव हैं, परब्रह्मस्वरूप तथा मङ्गल स्वरूप हैं, करोड़ों चन्द्रमा के समान शोभा धारण करने वाले, दो पद्मों के मध्य में स्थित उन रुद्र का मैं भजन करता हूँ ॥ ८ ॥

सर्वात्मकं [3] कामविनाशमूलं
तं चन्द्रचूडं मणिपूरवासिनम् ।
चतुर्भुजं ज्ञानसमुद्रयाढ्यं
पाशं मृगाक्षं गुणसूत्रव्याप्तम् ॥ ९ ॥

जो सर्वात्मक हैं, कामदेव के विनाश के कारण हैं, ललाट में चन्द्रमा धारण करने वाले, मणिपूर में निवास करने वाले हैं, चार भुजा वाले तथा ज्ञान की मुद्रा से शोभित हैं। पाश, मृग, अक्षमाला तथा गुण सूत्र से व्याप्त उन रुद्र का मैं भजन करता हूँ ॥ ९ ॥

धरामयं तेजसमिन्दुकोटिं
वायुं जलेशं [4] गगनात्मकं परम् ।
भजामि रुद्रं कुललाकिनीगतं
सर्वाङ्गियोगं जयदं सुरेश्वरम् ॥ १० ॥

सब (चराचर जगत्) को धारण करने के कारण पृथ्वी स्वरूप, करोड़ों चन्द्रमा के समान तेज वाले, वायु, वरुण तथा आकाशात्मक पञ्चभूत स्वरूप हैं, लाकिनी महाशक्ति से अपने सभी अङ्गो से संयुक्त, जय देने वाले सुरेश्वर रुद्र का मैं भजन करता हूँ ॥ १० ॥

---

१. ओमिति—ख० पु० नास्ति ।

२. रौद्रार्थकं रुद्रहिमांशुशेखरं कालं कुलेशं शिवशङ्करञ्चेति—ख० ।

३. स्वार्थकमिति—ख० ।

४. गगणात्मकमिति—ख० ।

शुक्रं [1]महाभीमनयं पुराणं
प्राणात्मकं व्याधिविनाशमूलम् ।
यज्ञात्मकं[2] कामनिवारणं गुरुं
भजामि विश्वेश्वरशङ्करं शिवम् ॥ ११ ॥

जो शुक्र स्वरूप हैं, महाभीम शरीर धारण करने वाले पुराण पुरुष, प्राणात्मक तथा व्याधियों के विनाश करने में मूल कारण हैं, जो यज्ञात्मक, काम को निवारण करने वाले सर्वश्रेष्ठ गुरु हैं ऐसे विश्वेश्वर शङ्कर शिव स्वरूप महारुद्र का मैं भजन करता हूँ ॥ ११ ॥

वेदागमानामतिमूलदेशं
तदुद्भवं [3]भद्रहितं [4]परापरम् ।
कालान्तकं [5]ब्रह्मसनातनप्रियं
भजामि शम्भुं [6]गगनादिरूढम् ॥ १२ ॥

जो वेद तथा आगम (मन्त्र) शास्त्रों के अत्यन्त मूल स्थान को उत्पन्न करने वाले सबके कल्याणकारी एवं हितकारी हैं । परात्पर, कालान्तक, ब्रह्मस्वरूप तथा सनातन के प्रिय हैं ऐसे गगनादि शब्दों में रूढ़ शम्भु का मैं भजन करता हूँ ॥ १२ ॥

शिवागमं शब्दमयं विभाकरम्
भास्वत्प्रचण्डानलविग्रहं[7] ग्रहम् ।
ग्रहस्थितं ज्ञानकरं करालम्
भजामि शम्भुं प्रकृतीश्वरं हरम् ॥ १३ ॥

जो सबके कल्याणकारी आगमशास्त्र हैं, शब्द ब्रह्मस्वरूप हैं, सबको प्रकाश देने वाले हैं, जाज्वल्यमान प्रचण्ड अग्नि के समान शरीर वाले, सबको ग्रहण करने वाले ग्रहों में रहने वाले, ज्ञान देने वाले तथा महाविकराल हैं ऐसे प्रकृतीश्वर, सबके कष्ट का हरण करने वाले शम्भु का मैं भजन करता हूँ ॥ १३ ॥

छायाकरं योगकरं सुखेन्द्रं
मत्तं महामत्तकुलोत्सवाढ्यम् ।
योगेश्वरं योगकलानिधिं विधिं
विधानवक्तारमहं भजामि ॥ १४ ॥

सबको छाया प्रदान करने वाले, योगकर्ता, सुखेन्द्र, महामत्त तथा महामत्तों द्वारा किए जाने वाले उत्सवों से संयुक्त हैं, ऐसे योगेश्वर, योगकलानिधि, विधानवक्ता विधि का मैं भजन करता हूँ ॥ १४ ॥

---

१. लयमिति—ख० ।
२. यज्ञार्थकमिति—ख० ।
३. तद्रहितमिति—ख० ।
४. परात्परमिति—ख० ।
५. निरूपणमिति—ख० ।
६. गगणादिकरूढमिति—ख० ।
७. प्रचण्डामन्तविग्रहं विभुमिति—ख० ।

हेमाचलालङ्कृतशुद्धवेशं
　　वराभयादाननिदानमूलम् ।
भजामि कान्तं वनमालशोभितं
　　चामूल[१]पद्मामलमालिनं कुलम् ॥ १५ ॥

अपने शुद्ध वेष से हेमाचल (सुमेरु) को अलंकृत करने वाले, वर तथा अभय के आदान (ग्रहण) और निदान के मूल, अत्यन्त सुन्दर वनमाला से विभूषित, बिना मूल के स्वच्छ पद्म माला से विभूषित हैं, उन (मूलाधार स्थित) कुल का मैं भजन करता हूँ ॥ १५ ॥

स्वयं [२]पुराणं पुरुषेश्वरं गुरुं
　　मिथ्या[३]भयाह्लादविभाविनं भजे ।
भावप्रियं प्रेमकलाधरं शिवं
　　गिरीश्वरं चारुपदारविन्दम् ॥ १६ ॥

स्वयं पुराणपुरुष, पुरुषेश्वर, गुरु, मिथ्या भय तथा आह्लाद से रहित, भाव से प्रेम करने वाले, प्रेमकला धारण करने वाले, गिरीश्वर उन शिव का मैं भजन करता हूँ जिनका पादारविन्द अत्यन्त मनोहर है ॥ १६ ॥

ध्यानप्रियं ज्ञानगभीरयोगं
　　भाग्यास्पदं [४]भाग्यसमं सुलक्षणम् ।
शूलायुधं शूलविभूषिताङ्गं
　　श्रीशङ्करं मोक्षफलक्रियं भजे ॥ १७ ॥

ध्यान से प्रेम रखने वाले, ज्ञानयुक्त गभीरयोग वाले, सभी के भाग्यास्पद, सबके भाग्य को समान रूप से देखने वाले, सभी सुलक्षणों से युक्त, शूलायुध वाले तथा शूल से विभूषित अङ्ग वाले तथा मोक्ष फल देने में सक्रिय श्री शङ्कर का मैं भजन करता हूँ ॥ १७ ॥

नमो नमो रुद्रगणेभ्य एवं
　　मृत्युञ्जयेभ्यः कुलचञ्चलेभ्यः ।
शक्तिप्रियेभ्यो विजयादिभूतये
　　शिवाय धन्याय नमो नमस्ते ॥ १८ ॥

मृत्यु को जीतने वाले, शक्ति से चञ्चल रहने वाले, उन-उन रुद्रगणों को हमारा बारम्बार नमस्कार, जिन्हें शक्ति अत्यन्त प्रिय हैं । उन्हें अपनी विजय तथा विभूति के लिए, अपने कल्याण के लिए, अपने को धन्य बनाने के लिए मेरा नमस्कार है, फिर भी मेरा नमस्कार है ॥ १८ ॥

---

१. चाम्लानपद्मासनमानिनं कुलमिति—ख० ।　　२. प्रधानमिति—ख० ।
३. सुरमिति—ख० गुरुम् ?
४. सिद्धाभवाह्लादिविभाविनमिति—ख० ।

बाह्यं[1] त्रिशूलं वरसूक्ष्मभावं
विशालनेत्रं तनुमध्यगामिनम् ।
महाविपद्[2] दुःखविनाशबीजं
प्रज्ञादया[3]कान्तिकरं भजामि ॥ १९ ॥

जो सबसे अलग रहने वाले त्रिशूली, श्रेष्ठ तथा सूक्ष्म भाव से युक्त, विशाल नेत्र वाले सूक्ष्मकटि वाले, महाविपत्ति तथा महादुःख के विनाश के एकमात्र कारण हैं, प्रज्ञा तथा दया करने वाले हैं, उन शिव का मैं भजन करता हूँ ॥ १९ ॥

पुरान्तकं पूर्णशरीरिणं गुरुं
स्मरारिमाद्यं निजतर्कमार्गम् ।
अनादिदेवं दिवि दोषघातिनम्
भजामि [4]पञ्चाक्षरपुण्यसाधनम् ॥ २० ॥

त्रिपुर का वध करने वाले, पूर्ण शरीर वाले, सब के गुरु, काम के शत्रु, आदि पुरुष अपने तर्क से विमृग्य, अनादि देव, दिव्य लोक में उत्पन्न, समस्त दोषों का विनाश करने वाले, जिनके प्राप्ति का साधन एकमात्र पञ्चाक्षर (ॐ नमः शिवाय) का पुण्य है, उन रुद्र का मैं भजन करता हूँ ॥ २० ॥

दिगम्बरं [5]पद्ममुखं [6]करस्थं
स्थितिक्रियायोगनियोजनं भवम् ।
भावात्मकं भद्रशरीरिणं शिवं
भजामि पञ्चाननमर्कवर्णम् ॥ २१ ॥

दिशाओं का वस्त्र धारण करने वाले (नङ्गे), कमल के समान मुख वाले, सृष्टि की स्थिति एवं क्रिया के योग में ब्रह्मादि का नियोजन करने वाले, संसार को अपने हाथों में धारण करने वाले, भाव से प्राप्त होने वाले, भद्र शरीर वाले, पाँचमुख वाले, सूर्य के समान कान्तिमान् सदाशिव का मैं भजन करता हूँ ॥ २१ ॥

मायामयं पङ्कजदामकोमलं
दिग्व्यापिनं दण्डधरं [7]हरेश्वरम् ।
त्रिपक्षकं [8]त्र्यक्षरबीजभावं
त्रिपद्ममूलं त्रिगुणं भजामि ॥ २२ ॥

मायामय, कमल की माला के समान कोमल शरीर वाले, सभी दिशाओं में व्याप्त

---

१. भाग्यममयमिति—ख० ।
२. भाव्यमिति—ख० ।
३. महाविपद्भस्मविलासबीजमिति—ख० ।
४. शुद्धोदयं शान्तिकरमिति—ख० ।
५. सुखमिति—ख० ।
६. करस्थितमिति—ख० ।
७. सुरेश्वरमिति—ग० ।
८. अक्षरबीजभावमिति—ख० ।

रहने वाले दण्डधारी, हर, ईश्वर, तीन पक्षों वाले (त्रिनेत्र) अक्षर रूप बीजभाव वाले, तीन पद्मों के मूल में रहने वाले त्रिगुणात्मक सदाशिव का मैं भजन करता हूँ ॥ २२ ॥

विद्याधरं [1] वेदविधानकार्यं
कायागतं नीतनिनादतोषम् ।
नित्यं चतुर्वर्गफलादिमूलं
वेदादिसूत्रं प्रणमामि योगम् ॥ २३ ॥

समस्त विद्याओं को धारण करने वाले, वेद के विधान का कार्य करने वाले, सबके शरीर में रहने वाले, नीति के निनाद से संतुष्ट रहने वाले, नित्य चारों वर्गों (धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष) के फलादि के मूल, वेदादि सूत्र स्वरूप वाले, योगात्मा सदाशिव शम्भु का मैं भजन करता हूँ ॥ २३ ॥

वेदान्तवेद्यं कुलशास्त्रविज्ञं
क्रियामयं [2] योगस्वधर्मदानम् ।
भक्तेश्वरं भक्तिपरायणं वरं
भक्तं [3] महाबुद्धिकरं भजाम्यहम् ॥ २४ ॥

वेदान्त से जानने योग्य, कुल शास्त्र (शक्ति मार्ग) के वेत्ता, सर्वदा क्रिया में लगे रहने वाले, योगरूप स्वधर्म का दान करने वाले, भक्तों के ईश्वर, स्वयं भक्ति में परायण सर्वश्रेष्ठ भक्त, महाबुद्धि प्रदान करने वाले, महारुद्र का मैं भजन करता हूँ ॥ २४ ॥

गतागतं गम्यमगम्यभावं
समुल्लसत्कोटिकलावतंसम् [4] ।
भावात्मकं [5] भावमयं सुखासुखं
भजामि भर्गं प्रथमारुणप्रभम् ॥ २५ ॥

गतागत स्वरूप वाले, गम्यागम्य भावस्वरूप करोड़ों कलाओं से संयुक्त होने के कारण शोभा धारण करने वाले, भावात्मक, भावमय, सुखासुख स्वरूप वाले, सूर्योदय से प्रथम उदय होने वाले, अरुण के समान प्रभा वाले, अत्यन्त तेजोरूप शिव का मैं भजन करता हूँ ॥ २५ ॥

बिन्दुस्वरूपं परिवादवादिनं
मध्याह्नसूर्यायुतसन्निभं नवम् ।
विभूतिदानं [6] निजदानदानं
दानात्मकं तं प्रणमामि देवम् ॥ २६ ॥

---

१. देव ..... ख० । २. सुधर्म .... ख० ।
३. शक्तिकरमिति—ग० ।४. शरद्विधोः कोटिकलावतंसमिति—ख० ।
५. भावार्थकमिति—ख० । ६. योग—ख० ।

बिन्दु स्वरूप, परिवाद में वादी रहने वाले, मध्याह्नकालीन दश हजार सूर्य के समान कान्तिमान्, सर्वदा नवीन रहने वाले, विभूति (ऐश्वर्य) का दान करने वाले, किं बहुना अपने को भी दान देने वाले दानात्मक देव सदाशिव का मैं भजन करता हूँ ॥ २६ ॥

कुम्भापहं शत्रुनिकुम्भघातिनं
दैत्यारिमीशं कुलकामिनीशम् ।
प्रीत्यान्वितं चिन्त्यमचिन्त्यभावं
प्रभाकराह्लादमहं भजामि ॥ २७ ॥

कुम्भ राक्षस का वध करने वाले, निकुम्भ शत्रु का विनाश करने वाले, दैत्यों के शत्रु, सबके ईश्वर, कुलकामिनियों की रक्षा करने वाले, सबसे प्रीति करने वाले, सबसे ध्यान किए जाने योग्य, किन्तु स्वयं अचिन्त्यभाव में स्थित सूर्य के समान आनन्ददायी महाप्रभु रुद्र का मैं ध्यान करता हूँ ॥ २७ ॥

त्रिमूर्त्तिमूलाय जयाय शम्भवे
हिताय लोकस्य [१]वपुर्धराय ।
नमो [२]भयाच्छिन्नविघातिने पते
नमो नमो विश्वशरीरधारिणे ॥ २८ ॥

त्रिमूर्तियों (ब्रह्मा, विष्णु तथा शिव) के मूल, जय देने वाले, शम्भु, लोक हित के लिए शरीर धारण करने वाले, भय को च्छिन्न-भिन्न कर विनाश करने वाले और सबकी रक्षा करने वाले आप को नमस्कार है । विश्वरूप शरीर धारण करने वाले, आप को नमस्कार है बारम्बार नमस्कार है ॥ २८ ॥

तप:फलाय प्रकृतिग्रहाय
गुणात्मने [३] सिद्धिकराय योगिने ।
नम: प्रसिद्धाय [४]दयातुराय
वाञ्छाफलोत्साहविवर्धनाय ते[५]॥ २९ ॥

तपस्या के फलरूप, प्रकृति ग्रहण करने वाले, गुणात्मा, सिद्धि देने वाले, योगी, सर्वत्र प्रसिद्ध आपको मेरा नमस्कार है, दया करने के लिए आतुर रहने वाले तथा वाञ्छाफल के उत्साह को बढ़ाने वाले आप सदाशिव को नमस्कार है ॥ २९ ॥

शिवम[६]मरमहान्तं पूर्णयोगाश्रयन्तं
धरणिधरकराब्जैर्वर्धमानं त्रिसर्गम्[७] ।

---

१. सुधायुषे मुदा—ख० । २. भवाच्छन्ननिघातिने ते—ख० ।
३. गुणार्थिने—ख० । ४. दयार्धावाय—ख० ।
५. ते ख० पु० नास्ति । ६. शिववरहस्तं पुष्पयोगाश्रयन्तमिति—ख० ।
७. रम्यमायामिति ।

विसम[1]मरणघातं[2] मृत्युपूज्यं जनेशं
विधिगणपतिसेव्यं पूजये भावयामि ॥ ३० ॥

सबका कल्याण करने वाले, अमर, महान्, पूर्णयोग का आश्रय लेने वाले, धरणी को धारण करने वाले, अपने कर कमलों से त्रिसर्ग को बढ़ाने वाले, विषम मृत्यु को मारने वाले, मृत्युपूज्य, जनेश्वर, ब्रह्मदेव तथा गणपति से सेवनीय सदाशिव का मैं पूजन करता हूँ तथा उनका ध्यान भी करता हूँ ॥ ३० ॥

एतत्स्तोत्रं [3]पठेद् विद्वान् मुनिर्योगपरायणः ।
नित्यं जगन्नाथगुरुं भावयित्वा पुनः पुनः ॥ ३१ ॥
मणिपूरे [4]वायुनिष्ठो नित्यं स्तोत्रं पठेद् यदि ।
जीवन्मुक्तश्च देहान्ते परं निर्वाणमाप्नुयात् ॥ ३२ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने रुद्रमृत्युञ्जयस्तवनं
नाम अष्टचत्वारिंशत्तमः[5] पटलः ॥ ४८ ॥

जगन्नाथ सदाशिव रूप गुरु का ध्यान करते हुए विद्वान् पुरुष नित्य बारम्बार इस स्तोत्र का पाठ करे तो वह योग परायण मुनि हो जाता है । यदि मणिपूर में वायु को रोककर साधक इस स्तोत्र का नित्य पाठ करे तो वह जीवन्मुक्त हो जाता है तथा मरने के बाद मुक्ति प्राप्त करता है ॥ ३१-३२ ॥

॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्रोद्दीपन में रुद्रमृत्युञ्जयस्तवन नामक अड़तालिसवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ४८ ॥

---

१. चरण—ख० । २. मृत्युधातुं नरेशमिति—ख० ।
३. मणियोगपरायणः—ख० । ४. पयोनिष्ठो—ख० ।
५. एकोनपञ्चाशदिति—ख० ।

अथैकोनपञ्चाशत्तमः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच

षट्चक्रभेदनार्थाय सर्वसिद्धसुसिद्धये ।
वक्ष्यामि लाकिनीदेवीस्तोत्रं परमदुर्लभम् ॥ १ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे महाभैरव ! अब षट्चक्रों के भेदन के लिए तथा सभी सिद्धों की सुसिद्धि के लिए अत्यन्त दुर्लभ लाकिनी देवी के स्तोत्रों को कहती हूँ ॥ १ ॥

यत्पाठादतिसन्तोषं प्राप्नोति यतिरीश्वर ।
तत्क्रियासारसम्पन्नं स्तवनं लाकिनीप्रियम् ॥ २ ॥

हे ईश्वर ! जिस स्तोत्र के पाठ करने से यति अत्यन्त संतोष प्राप्त करते हैं । क्रियासार से सम्पन्न जो स्तोत्र लाकिनी देवी को अत्यन्त प्रिय है, (उसे कहती हूँ) ॥ २ ॥

अस्य श्रीलाकिनीस्तोत्रस्य महाविष्णुकहोडऋषिर्गायत्रीच्छन्दो महासिद्धिदमृत्युञ्जय-महारुद्र[1]लाकिनी सरस्वतीदेवता मणिपूरभेदने[2] जपे विनियोगः ॥

इस श्री लाकिनी स्तोत्र के महाविष्णु कहोड ऋषि हैं, गायत्रीच्छन्द है, महासिद्धि देने वाले मृत्युञ्जय, महारुद्र तथा लाकिनी सरस्वती देवता हैं । मणिपूर के भेदन के लिए मैं इसके पाठ का विनियोग (निश्चय) करता हूँ ॥

श्रीलाकिनीस्तोत्रम्

ओम् [3]बीजाक्षरमूर्तिमार्ति हरिणीमार्यां जयां[4] बुद्धिदां
दीनानामपराधकोटिहननीं संज्ञामणिं योगिनाम्[5] ।
त्वामाद्यामनुरागिणीं गुणगणामोदैकहेतुस्थलां
स्थित्यन्तःकृतकौतुकीम[6]वरदे वन्दे मुदा लाकिनीम् ॥ ३ ॥

ॐ बीजाक्षरों की मूर्ति विपत्तियों का हरण करने वाली, आर्या, जया, बुद्धिदात्री, दीनों के करोड़ों अपराधों का हनन करने वाली, योगियों को मणि के समान सम्यक् प्रकाशदात्री, आद्या, अनुराग करने वाली, अपने गुण गणों से आमोद उत्पन्न करने के लिए एकमात्र हेतु

---

१. डाकिनी—ख० ।
२. मणिपूरभेदग्रन्थिभेदन—ख० ।
३. मुक्ति—ख० ।
४. हरिणीमार्या जयां वृद्धिदाम्—ख० ।
५. योगिनीम्—ख० ।
६. शुभकरीम्—ख० ।

वाली, अपनी स्थिति से अन्तरात्मा में कौतुक उत्पन्न करने वाली, अवरों (निम्नकोटि वालों) को (बुद्धि) देने वाली आप लाकिनी को मैं प्रसन्नता पूर्वक प्रणाम करता हूँ ॥ ३ ॥

हेरम्बार्चनसिद्धिदाद्वयगता कोटिप्रभा भास्करा
साकारा किरणोज्ज्वला सुखमयी वेदध्वनिप्राणिनी ।
कोपाको[१]पितलक्षणा तरुतराकल्पाशया संशया
कृत्वैवं[२] वरवर्णिनी समवतु श्रीलाकिनी कङ्किनी ॥ ४ ॥

हेरम्ब के अर्चनमात्र से सिद्धिप्रदान करने वाली, अद्वयस्वरूपा, करोड़ों सूर्य की प्रभा से देदीप्यमान, साकार, अपने प्रकाशरूप किरणों से भास्वती, सुखस्वरूपा, वेद ध्वनिरूप प्राण वाली, क्रोध तथा अक्रोध रूप लक्षण वाली, कल्पवृक्ष के समान अन्तःकरण वाली, असंशया किङ्किणी, वरवर्णिनी श्री लाकिनी देवी मुझे अपना कर मेरी रक्षा करें ॥ ४ ॥

केयूरामलहारमालशुभगा वीरासना[३] स्थायिनी
भार्या रुद्रपतेः प्रवालविमला वक्त्रोत्पल[४]स्रग्धरा ।
माता योगवतां सती परा[५]परपदा माध्वीरसाच्छादिता
त्वं मां पाहि कृपामयी यमगतं मृत्युञ्जये श्रीधरे ॥ ५ ॥

केयूर, स्वच्छहार की माला धारण करने वाली, शुभ में निवास करने वाली, वीरासन से स्थित रहने वाली, रुद्ररूपपति की भार्या के समान विमल वक्त्र से युक्त कमलों की माला धारण करने वाली, योगिजनों की माता, सती, परा, परपदा, माध्वीरस से आच्छादित, मृत्युञ्जय श्रीधर के ऊपर कृपा करने वाली—ऐसी लाकिनी माता यमराज के मुख में पड़े हुए मेरी रक्षा कीजिए ॥ ५ ॥

आकाङ्क्षीकुलसङ्ख्यका क्षयकरी[६] शत्रुप्रभादेर्दया
भक्तानामतिदुःखहा शशिमुखी योन्यानना कामुकी ।
कामस्थानम[७]कामदोषशतकं शीघ्रं त्वलक्षेमदा[८]
जीवन्मुक्तिपदं विधेहि समरे सर्गद्रुहस्य प्रियम् ॥ ६ ॥

आकांक्षास्वरूपा, कुलरूप संख्या वाली, शत्रु के प्रभाव को नष्ट करने वाली, कृपामयी भक्तों की महाविपत्तियों को नष्ट करने वाली, चन्द्रमुखी, योनिरूप आनन वाली, कामुकी, क्षेम प्रदान करने वाली, हे भगवती लाकिनी ! आप मुझ काम स्थान वाले को अकाम कीजिए तथा मेरे सैकड़ों दोषों को विनष्ट कीजिए और सर्गकर्ता ब्रह्मदेव का मुझे प्रिय बनाकर जीवन्मुक्ति पद प्रदान कीजिए ॥ ६ ॥

---

१. कोपाकायिका—ख० ।
२. त्वञ्चैकावरवर्णिनी समवतु किङ्किणी श्रीलाकिनी—ख० ।
३. वीरासनस्थायिनी—ख० ।
४. रक्तोपलासुन्दरी—ख० ।
५. परपदाम्—ख० ।
६. शत्रुप्रभनाशिनी—ख० ।
७. मम—ख० ।
८. हन—ख० ।

त्वं पञ्चाननपूजिता त्वमशिता त्वं बालविद्यागति-
स्त्वं सत्यं[१] कवितासु वाक्यकविता त्वं केवलानन्ददा ।
त्वं लाक्षारुणरूपिणी[२] त्वमवरा त्वं लिङ्गसंहारिणी
त्वं साक्षादमृतप्रदा त्वमजरा त्वं लाकिनी पातु[३] माम् ॥ ७ ॥

हे लाकिनीमात ! आप पञ्चानन सदाशिव द्वारा पूजित हैं, आप सर्वत्र व्याप्त रहने वाली हैं, बालकों को विद्या प्रदान करने वाली हैं, आप सत्य हैं, कविता में वाक्यरूप कविता वाली हैं, केवला (एकाकिनी) तथा आनन्द देने वाली हैं । आप लाक्षा के समान लाल तथा अरुण रूप वाली हैं, आप अवरा हैं, लिङ्ग संहारिणी हैं, आप साक्षात् अमृत प्रदान करने वाली हैं, आप अजरा हैं, अतः हे लाकिनी ! आप मेरी रक्षा कीजिए ॥ ७ ॥

नानामङ्गलधर्मराज्यजडिता संस्कारबोधाश्रया
लिङ्गस्थाचलपुत्रिका नवगृहे [४]सङ्कामयन्ती शिवा ।
मे लिङ्गोपरि रुद्रनाथ विपथव्याभेदनं सङ्गमं
शीघ्रं कारय देवि [५]मोक्षतुरिकं कोटीव चन्द्रोज्ज्वला ॥ ८ ॥

अनेक प्रकार के मङ्गल वाले धर्म राज्य से आप जड़ी हुई हैं, उत्तम संस्कार तथा बोध की आश्रया हैं, लिङ्ग में निवास करने वाली प्रकृति हैं, अचल हिमालय की पुत्री हैं, नवीन गृह में निवास केलिए कामना (इच्छा) करनेवाली हैं, करोड़ों चन्द्रमा के समान प्रकाश करने वाली हैं, मेरे लिङ्ग के ऊपर हे रुद्रनाथ ! हे देवी ! मुझे शीघ्र जीवन्मुक्त कीजिए ॥ ८ ॥

चन्द्राभासकलाश्रया[६] श्रयति या शब्दच्छटा या समा[७]
माया मोहभिदा[८] दया दयति या कृष्णक्रिया मोहिनी ।
लक्ष्मीर्नीलकलेवरामलमणेः पूर्वं[९] सदा रक्षतु
श्रीविद्या भयदायिनी त्वमपि सा मे नाभिमूलोदया ॥ ९ ॥

चन्द्रमा के समान आभावाली, साकार रूप में स्थित, शब्दच्छटा वाली, सबमें समदृष्टि रखने वाली, माया तथा मोह का भेदन करने वाली, दया प्रदान करने वाली, कृष्ण की क्रिया पर मोहित रहने वाली, नीलमणि (श्रीकृष्ण) की लक्ष्मी, श्रीविद्या, भयदायिनी, नाभिमूल में उदय रहने वाली ऐसी हे लाकिनी देवी ! आप पूर्व दिशा में हमारी सदैव रक्षा कीजिए ॥ ९ ॥

मात्रा मुद्रामननिलया[१०] मालिनी मन्त्रविद्या
विश्वेशानी शयनरहिता शीतवातातपस्था ।

---

१. सत्या मुखसत्यवाम्य कलिता—ख० ।
२. कायिका विषधरा—ख० ।
३. पाहि—ख० ।
४. संकाशयन्ती—ख० ।
५. मोदभविकम्—ख० ।
६. चन्द्राभाकरणाश्रयो—ख० ।
७. उमा—ख० ।
८. महोदयो दयति या—ख० ।
९. पूरम्—ख० ।
१०. मथन—ख० ।

सत्यासत्या वचनभवगा[१] गौरि माता त्वमेव
प्राणान् रक्ष प्रथमकिरणामाश्रये त्वामनन्ताम् ॥ १० ॥

मात्रा (प्रमाण स्वरूपा) मुद्रा तथा मन में निवास करने वाली, माला धारण करने वाली, मन्त्र विद्या स्वरूपा, विश्वेश की स्त्री, नित्य जागरूक रहने वाली, शीत, वात तथा आतप में निवास करने वाली, सत्य तथा असत्य स्वरूपों वाली, वचन में रहने वाली, हे गौरि ! आप ही हमारी माता हैं, मेरे प्राणों की रक्षा कीजिए । सर्वप्रथम प्रकाश (ज्ञान) देने वाली आप अनन्ता देवी का मैं आश्रय लेता हूँ ॥ १० ॥

सिद्धासिद्धा शशिरविकला केवलाम्भोजसंस्था
स्थित्यानन्दा नयनस्वचलाम्भोजमध्यप्रकाशा ।
नित्यं श्रद्धागतिपथकरा[२] कर्त्री कामानहर्त्री
नाद्यस्तोत्रं[३] भज भज भजे त्वामनन्तां स्वरूपे ॥ ११ ॥

हे मातः ! आप सिद्ध तथा असिद्ध स्वरूपों वाली हैं, चन्द्रमा तथा सूर्य की कला वाली हैं, मात्र कमल में निवास करती हैं, अपनी स्थिति से आनन्द देती हैं, नेत्रकमल के मध्य प्रकाश वाली, नित्य श्रद्धा तथा गति के मार्ग पर चलाने वाली, सृष्टिकर्त्री, कामनाओं का विनाश करने वाली, आप अनन्त स्वरूप वाली का आज मैं भजन करता हूँ और पुनः पुनः उनका ध्यान करता हूँ ॥ ११ ॥

पीतापीता पवनगमना धारणध्यानयोगा
कालाकाला कलिकुलकला निष्कला ज्ञानरूपा[४] ।
कृष्णानन्दा मदनकुहरा केकरा शङ्करी वा[५]
त्वं श्रीधात्री धवलकमलं नाभिमूले प्रवक्ष्ये[६] ॥ १२ ॥

पीत तथा अपीत वर्णों वाली, वायु के समान तीव्रगति वाली, धारणा तथा ध्यान रूप योग स्वरूपों वाली, काल (मारने वाला) तथा अकाल (अमर) बनाने वाली, कलि कुल का कला निष्कला ज्ञानरूपा, कृष्ण को आनन्द देने वाली, मदन के कुत्सित रूप को हरण करने वाली, केकरा (तिरछे नेत्रों वाली), कल्याण स्वरूपा आप श्री हैं, धात्री हैं, आप मेरी नाभि के मूल की रक्षा कीजिए ॥ १२ ॥

श्वेता श्वेतारुणशतकरा भावनाज्ञानसिद्धिः
प्रीताप्रीता परमगहना[७] चारुणामाननायाः ।
त्वं[८] सा विद्या विधिबुधवरा धारणाज्ञानगम्या
रम्यारम्या [९]रमणनिरता नीरदा पातु नाभिम् ॥ १३ ॥

---

१. सुभगा—ख० । २. दतकामानवद्या—ख० ।
३. नाभ्यम्भोजम्—ख० । ४. निष्कलाज्ञाकपाला ख० ।
५. या ख० । ६. प्ररक्ष ख० ।
७. पवनगठना तारणा मारणा या—ख० । ८. हंसा—ख० । ९. वसन—ख० ।

श्वेतवर्णा, श्वेत तथा अरुण वर्ण वाले सैकड़ों हाथों वाली, भावना मात्र से ज्ञान सिद्धि करने वाली, प्रीता (प्रसन्न) तथा अप्रीता (चण्डी) भी है, परमगहन स्वरूपों वाली, अरुणा तथा मानिनी हैं, आप वह महाविद्या हैं, विधि तथा बुधवरा हैं, धारणा एवं ज्ञान गम्या हैं, रम्य (मनोहर) तथा अरम्य (कुरूप) हैं, रमण में निरत तथा मेघ स्वरूपा हैं, आप मेरी नाभि की रक्षा कीजिए ॥ १३ ॥

मन्दोद्बन्धप्रियवधुलता[१] नीरवानावहन्त्री
क्षेत्राक्षेत्रा परचरगता भुक्तिमुक्तिप्रकाशा ।
कौलाकौलाज्ञापितनयना[२] गञ्जना वातमुग्धा
मुग्धामुग्धामति[३]धनपतेर्नाभिसंस्थेऽवनाभिम् ॥ १४ ॥

आप मन्द उद्बन्धन करने वाली प्रियवधुलता हैं, नीरवा (सर्वथा शब्द रहित निर्जन स्थान) रूपी नाव को नष्ट करने वाली, क्षेत्र (शरीर) एवं अक्षेत्र (जीवात्मा) स्वरूपा, परा तथा समस्त चराचर में रहने वाली हैं। भुक्ति एवं मुक्ति का प्रकाश करने वाली, कुलमार्ग की उपासिका, अपने नेत्र के सङ्केत से कौलमार्ग का ज्ञान देने वाली, गञ्जना (गूँज), वातमुग्धा हो मोहित होने वाली, अमुग्धा (मोहित न होने वाली) हैं, धनपति की मति हैं, नाभि में निवास करने वाली हैं, आप मेरे नाभि स्थान की रक्षा कीजिए ॥ १४ ॥

हंसी सिंहासनगतपदा चक्रविद्या सुसूक्ष्मा
श्रीविद्या त्वं नवविलचरा सुन्दरी रक्तवर्णा ।
स्वर्णाम्भोजोपरि शुभमना चक्रमध्ये प्रतिष्ठा
सर्वा[४] वर्णा परिजनदयानाभिपद्मं च रक्षा ॥ १५ ॥

हंसी, सिंहासन पर पैर रखने वाली हैं, चक्र विद्या तथा अत्यन्त सूक्ष्म हैं, आप ही श्रीविद्या हैं, नाभिरूपी नवीन बिल में रहने वाली, रक्तवर्णा सुन्दरी हैं, स्वर्णमय कमल पर स्थिति होने से सप्रसन्ना हैं तथा श्रीचक्र के मध्य में आप ही प्रतिष्ठित रहने वाली हैं, सभी वर्ण (जाति) आपके जैसे परिजन के दया के पात्र हैं क्योंकि आप नाभि स्थित मणिपूर पद्म की रक्षिका हैं ॥ १५ ॥

ब्रह्मानन्दा नृपगणमहापूजया शोभिताङ्गी
श्रीश्रीविद्यासकलविभवा भावनीया महेन्द्रैः ।
सिद्धस्थाने मणिमयगृहे मूलसिंहासनस्था[५]
पद्मे चाष्टान्वितयुगदले नाभिमूले[६]ममाव ॥ १६ ॥

---

१. सेन्दीर्गन्धप्रियविधुनितानीखा वा वाहन्ती—ख० ।
२. क्षपितकलुषाज्ञानगम्या चिराय—ख० ।
३. शुद्धाशुद्धा........नाभिसंस्था वा नाभिम्—ख० ।
४. सर्वच्छन्ना......ज्ञानपदं प्ररक्ष—ख० ।
५. आसनस्थे—ख० । ६. रुद्ररूपात्वमेव—ख० ।

आप ब्रह्मानन्द स्वरूपा हैं, नृपगणों द्वारा की गई महापूजा से आपके अङ्ग प्रत्यङ्ग शोभित हो जाते हैं, आप श्री हैं, श्री विद्या हैं, समस्त ऐश्वर्य स्वरूपा हैं, इन्द्रादि महान् देवता आपका ही ध्यान करते हैं। आप सिद्धों के स्थान में मणि निर्मित गृह में मूल सिंहासन पर निवास करने वाली हैं, नाभि के मूल में जहाँ पर दशदल युक्त कमल का चक्र है मेरी रक्षा कीजिए ॥ १६ ॥

योगज्ञानं [१] द्विविधविभवं वेदविद्याप्रकाशं
मे चाष्टाङ्गं [२] समवतु मुदा षोडशी भैरवस्था ।
चन्द्रोल्का त्वं [३] भवभयहरा शोकतापापहन्त्री
नाभावब्जे [४] उदयति सुरो यस्तमीशे प्ररक्ष ॥ १७ ॥

हे लाकिनी देवी ! मेरे योगज्ञान, की ऐहिलौकिक तथा पारलौकिक दोनों प्रकार के ऐश्वर्यों की तथा अष्टाङ्गों की रक्षा कीजिए। आप षोडशी हैं, भैरव (भयानक) स्थान में निवास करने वाली हैं, चन्द्रमा की चन्द्रिका हैं, समस्त संसार के भय को दूर करने वाली हैं, उनके शोक तथा ताप को दूर करने वाली हैं, मेरे नाभि कमल में जिस देवता का उदय हो रहा है, हे ईशे ! आप उसकी विशेष रूप से रक्षा कीजिए ॥ १७ ॥

संशिष्टा [५] त्वं विरत करुणे शीतले शीतशैले
साक्षादन्यप्रचयवचना [६] पार्वणा पर्वपूरा ।
विद्युत्पूरं [७] समसुखमयं पाहि पञ्चानना या
त्वं सा देवी शुभमणिगृहे शीतलत्वं [८] विधेहि ॥ १८ ॥

आप सदाशिव में संश्लिष्ट रहने वाली हैं, रति रहित हैं, करुणा शील हैं, शीतल तथा शीत शैल (कैलाश) पर निवास करने वाली हैं, अन्यों के द्वारा प्रचय (एकत्र किए गए) युक्त वचनों से प्रत्यक्ष होने वाली हैं ? पार्वणा तथा पर्व तिथियों में पूर्ण रहने वाली हैं, पञ्चानन की भार्या हैं, विद्युत्पूर्ण मेरे सुखमय स्थान की रक्षा कीजिए। किं बहुना शुभमणि गृह में निवास करने वाली आप वही (सदाशिव की पत्नी) लाकिनी देवी हैं अतः मुझे भी शीतलता प्रदान कीजिए ॥ १८ ॥

छन्दोगानां सकलविषयच्छेदिनी चार्णमाता
माला लाक्षरुणकिरणभा गोपपूज्या गिरीज्या [९]।
मातस्त्वं मे स्वमणिभवनं पाहि सूक्ष्मा भवानी
वानस्थानाश्रय [१०] जय कराचाङ्गिरा चान्नपूर्णा ॥ १९ ॥

---

१. विविध—ख० ।
२. चाष्टाङ्गैर्मां प्रणतशिरसं—ख० ।
३. चन्द्राङ्गा—ख० ।
४. नाभेरब्जे—ख० ।
५. सुश्लिष्टा त्वं विभव—ख० ।
६. अर्थप्रचय—ख० ।
७. मम—ख० ।
८. शीलता—ख० ।
९. पूज्यादिविद्या—ख० ।
१०. बालस्थानाप्रचुरप्रखरा—ख० ।

आप छन्दोगों के समस्त विषय वासनाओं का उच्छेद करने वाली हैं, वर्णों की मातृका हैं, लाक्षा तथा अरुण किरणों से युक्त मालारूपा हैं, गोपपूज्या, गोवर्धन स्वरूपा हैं, आप ही सूक्ष्मस्वरूपा भगवती हैं, अंगिरा एवं अन्नपूर्णा हैं । हे मातः ! आप मेरे अपने मणिमय गृह की रक्षा कीजिए । वन में निवास करने वाले वानप्रस्थियों को आश्रय देने वाली और जय देने वाली देवी मेरी रक्षा करें ॥ १९ ॥

चन्द्रोल्लासाऽवयवसुखदा दीर्घकेशी विशाला
त्वं मातङ्गी जननि[१] जगतां बालिका विप्रचण्डा ।
ज्योत्स्नाजाले उदयति सदा रक्तभाषप्रभासा[२]
त्वं मे रुद्र हरिहरतनुं नाभिमूले प्ररक्ष ॥ २० ॥

छत्रचामरधारी, छत्रदात्री, त्रिपौण्ड्रजा, इन्द्रात्मक, विधाता, धनदा, नादकारिणी, कुण्डलीपरमानन्द, मधुपुष्पसमुद्भवा, बिल्ववृक्षस्थित, रुद्र, नयनाम्बुजवासिनी, हिरण्यगर्भ, कौमार, विरूपाक्षा, ऋतुप्रिया, श्रीवृक्षनिलयश्याम, महाकुलतरूद्भवा, कुलवृक्षस्थित, विद्वान्, हिरण्यरजतप्रिया, कुलप, प्राणप, प्राणा, पञ्चचूडधराधरा, उषती, वेदिकानाथ, नर्मधर्मविवेचिका, शीतलाप्त, शीतहीन, मनःस्थैर्यकरी, क्षया ॥ १२६-१३० ॥

कुक्षिस्थः क्षणभङ्गस्थो गिरिपीठनिवासिनी ।
अर्धकायः[८] प्रसन्नात्मा प्रसन्नवनवासिनी ॥ १३१ ॥
प्रतिष्ठेशः[९] प्राणधर्मा ज्योतीरूपा ऋतुप्रिया ।
धर्मध्वजपताकेशो बलाका रसवर्द्धिनी[१०] ॥ १३२ ॥

---

१. सुन्दरी—ख० ।
२. त्रिपुण्ड्रजा—ख० ।
३. धनदानादि—ख० ।
४. रागिणी—ख० ।
५. क्रतुप्रिया—ख० ।
६. कुलेशः धरोधरा—ख० ।
७. धर्माधर्मविवेचका—ख० ।—नर्म हास्यादि, धर्मो वेदविहितो विधिः, आगमविहितो विधिर्वा, तयोः विवेचिका ।
८. स्वर्गकार्यः—ख० ।
९. प्रतिष्ठेशः प्राणधर्मो ज्योतिरूपा भृगुप्रिया—ख० ।
१०. शत—ख० ।

मेरुशृङ्गगतो धूर्तो धूर्तमत्ता खलस्पृहा ।
सेवासिद्धिप्रदोऽनन्तोऽनन्तकार्यविभेदिका[१] ॥ १३३ ॥
भाविनामत्त्वजानज्ञो[२] विराटपीठवासिनी ।
विच्छेदच्छेदभेदश्च [३]छलन्शास्त्रप्रकाशिका ॥ १३४ ॥
चारुकर्म्या[४] संस्कृतश्च तप्तहाटकरूपिणी ।
परानन्दरसज्ञानी रससन्तानमन्त्रिणी ॥ १३५ ॥

कुक्षिस्थ, क्षणभङ्गस्थ, गिरिपीठनिवासिनी, अर्धकाय, प्रसन्नात्मा, प्रसन्नवनवासिनी, प्रतिष्ठेश, प्राणधर्मा, ज्योतीरूपा, ऋतुप्रिया, धर्मध्वजपताकेश, बलाका, रसवर्द्धिनी, मेरुशृङ्गगत, धूर्त, धूर्तमत्ता, खलस्पृहा, सेवासिद्धिप्रदऽनन्तऽनन्तकार्यविभेदिका, भाविनामत्त्विजानज्ञ, विराटपीठवासिनी, विच्छेदच्छेदभेद, छलन्शास्त्रप्रकाशिका, चारुकर्म्या, संस्कृत, तप्तहाटकरूपिणी, परानन्दरसज्ञानी, रससन्तानमन्त्रिणी ॥ १३१-१३५ ॥

प्रतीक्षः सूक्ष्मशब्दश्च प्रसङ्गसङ्गतिप्रिया ।
अमायी सागरोद्भूतो बन्ध्यादोषविवर्जिता ॥ १३६ ॥
जितधर्मो ज्वलच्छत्री[५] व्यापिका फलवाहना ।
व्याघ्रचर्माम्बरो योगी महापीना[६] वरप्रदा ॥ १३७ ॥

---

१. कार्या विभेदिका—ख० । २. ब्रह्मबीजं ततः पश्चात्—ख० ।
३. छलशास्त्रप्रकाशिका—ख० ।
* अन्येषां तोलकं चैकं संशोध्य भक्षणं चरेत् ।
पुनस्तेषां महाकालमनुं वक्ष्यामि तत्त्वतः ॥ १३२ ॥
सकलं चामरायोगं मन्त्रेणानेन भक्षयेत् ।
तारद्वयं समुद्धृत्य श्रीयुग्मं तदनन्तरम् ॥ १३३ ॥
विसर्गबिन्दुसंयुक्तं तत्पश्चादमृतामुखि ।
मारय हारय द्वन्द्वं योगसिद्धिं ततः परम् ॥ १३४ ॥
देहि देहि पदस्यान्ते स्वाहान्तं मन्त्रमुत्तमम् ।
एतन्मन्त्रेण चोद्धृत्य मन्त्रयित्वा प्रभक्षयेत् ॥ १३५ ॥
एतत्काण्डस्य मन्त्रं तु तत्रैव परियोजयेत् ।
निर्गुण्डी मन्त्रबीजेन्द्रं शृणु वक्ष्यामि भैरव ॥ १३६ ॥
कामबीजत्रयं पश्चात् कालीबीजत्रयं तथा ।
सर्वयोगं ततः पश्चात् साधय द्वयमेव च ॥ १३७ ॥
अमृतत्वं मयि शब्दं समर्पयद्वयं तथा।
—इति ख० पुस्तके अधिकः पाठः ।
४. चारुकान्तालङ्कृतश्च सप्त—ख० ।
५. कुलवृतो ... ... भटवाहना—ख० ।
६. महापीठा बलप्रदा—ख० ।

वरदाता सारदाता ज्ञानदा वरवाहिनी[१] ।
चारुकेशधरो [२]मापो विशाला गुणदाऽम्बरा ॥ १३८ ॥
ताडङ्कमालानिर्मालि [३]धरस्ताडङ्कमोहिनी ।
पञ्चालदेश संभूतो [४]विशुद्धस्वरवल्लभा ॥ १३९ ॥
किरातपूजितो व्याधो मनुचिन्तापरायणा ।
शिववाक्यरतो वामो[५] भृगुरामकुलेश्वरी ॥ १४० ॥

प्रतीक्ष, सूक्ष्मशब्द, प्रसङ्गसङ्गतिप्रिया, अमायी, सागरोद्भूत, बन्ध्यादोषविवर्जिता, जितधर्म, ज्वलच्छत्री, व्यापिका, फलवाहना, व्याघ्रचर्माम्बर, योगी, महापीना, वरप्रदा, वरदाता, सारदाता, ज्ञानदा, वरवाहिनी, चारुकेशधर, माप, विशाला, गुणदाऽम्बरा, ताडङ्कमालानिर्मालधरस्ताडङ्कमोहिनी, पञ्चालदेश, संभूत, विशुद्धस्वरवल्लभा, किरातपूजित, व्याध, मनुचिन्तापरायणा, शिव, वाक्यरत, वाम, भृगुरामकुलेश्वरी ॥ १३६-१४० ॥

स्वयम्भुकुसुमाच्छन्नो विधिविद्याप्रकाशिनी ।
प्रभाकरतनूद्भूतो विशल्यकरणीश्वरी ॥ १४१ ॥
उषतीश्वरसम्पर्की योगविज्ञानवासिनी ।
उत्तमो मध्यमो व्याख्यो[६] वाच्यावाच्यवराङ्गना ॥ १४२ ॥
आंबीजवादरोषाढ्या[७] मन्दरोदरकारिणी ।
कृष्णसिद्धान्त[८]संस्थानो युद्धसाधनचर्चिका ॥ १४३ ॥
मथुरासुन्दरीनाथो[९] मथुरापीठवासिनी ।
पलायनविशून्यश्च प्रकृतिप्रत्ययस्थिता ॥ १४४ ॥
प्रकृतिप्राणनिलयो विकृतिज्ञाननाशिनी ।
सर्वशास्त्रविभेदश्च मत्तसिंहासनासना ॥ १४५ ॥

स्वयम्भू, कुसुमाच्छन्न, विधिविद्याप्रकाशिनी, प्रभाकरतनूद्भूत, विशल्यकरणीश्वरी, उषतीश्वरसम्पर्की, योगविज्ञानवासिनी, उत्तम, मध्यम, व्याख्य, वाच्यावाच्यवराङ्गना, आंबीजवादरोषाढ्या, मन्दरोदरकारिणी, कृष्णसिद्धान्तसंस्थान, युद्धसाधनचर्चिका, मथुरासुन्दरीनाथ, मथुरापीठवासिनी, पलायनविशून्य, प्रकृतिप्रत्ययस्थिता, प्रकृतिप्राणनिलय, विकृतिज्ञाननाशिनी, सर्वशास्त्रविभेद, मत्तसिंहासनासना ॥ १४१-१४५ ॥

इतिहासप्रियो धीरो विमलाऽमलरूपिणी ।
मणिसिंहासनस्थश्च मणीपूरजयोदया ॥ १४६ ॥

---

१. ज्ञानदानन्दवाहिनी—ख० ।
२. मान्यो ... ... विशालगुण—ख० ।
३. निर्माल्य—ख० ।
४. विशुद्धेश्वरवल्लभा—ख० ।
५. रामो—ख० ।
६. वाच्यो ... ... वराङ्गना—ख० ।
७. वोटाट्यो—ख० ।
८. कृष्णसिद्धान्तेषु आगमोक्तसिद्धान्तेषु संस्थानं यस्य स इति विवेकः ।
९. मथुरेत्यतः मणिसिंहासनात्प्राक् श्लोकद्वयं 'ख' पुस्तके नास्ति ।

भद्रकालीजपानन्दो भद्राभद्रप्रकाशिनी ।
श्रीभद्रो भद्रनाथश्च भयभङ्गविहिंसिनी ॥ १४७ ॥
आत्मारामो विधेयात्मा शूलपाणिप्रियाऽन्तरा ।
अतिविद्या[1] दृढाभ्यासो विशेषवित्त[2] दायिनी ॥ १४८ ॥
अजराऽमरकान्तिश्च[3] कान्तिकोटिधरा शुभा ।
पशुपाल: पद्मसंस्थ: श्रीशपाशुपताऽस्त्रदा ॥ १४९ ॥
सर्वशास्त्रधरो दृप्तो ज्ञानिनी ज्ञानवर्धिनी ।
द्वितीयानाथ ईशार्द्धो बादरायणमोहिनी ॥ १५० ॥

इतिहासप्रिय, धीर, विमलाऽमलरूपिणी, मणिसिंहासनस्थ, मणिपूरजयोदया, भद्रकाली-जपानन्द, भद्राभद्रप्रकाशिनी, श्रीभद्र, भद्रनाथ, भयभङ्गविहिंसिनी, आत्माराम, विधेयात्मा, शूलपाणिप्रियाऽन्तरा, अतिविद्यादृढाभ्यास, विशेषवित्तदायिनी, अजराऽमरकान्ति, कान्तिकोटि-धरा, शुभा, पशुपाल, पद्मसंस्थ, श्रीशपाशुपताऽस्त्रदा, सर्वशास्त्रधर, दृप्त, ज्ञानिनी, ज्ञानवर्धिनी, द्वितीयानाथ, ईशार्द्ध, बादरायणमोहिनी ॥ १४६-१५० ॥

शवमांसाशनो[4] भीमो भीमनेत्रा भयानका ।
शिवज्ञानक्रमो दक्ष: क्रियायोगपरायणा[5] ॥ १५१ ॥
दानस्थो[6] दानसम्पन्नो दन्तुरा पार्वतीपरा ।
प्रियानन्दो दिवाकर्ता निशानिषादघातिनी[7] ॥ १५२ ॥
अष्टहस्तो विलोलाक्षो मन:स्थापनकारिणी ।
मृदुपुत्रो मृदुच्छत्रो विभाऽङ्गपुण्यनन्दिनी[8] ॥ १५३ ॥
अन्तरिक्षगतो मूलो मूलपुत्रप्रकाशिनी[9] ।
अभीतिदाननिरतो विधुमालामनोहरी ॥ १५४ ॥
चतुरास्त्रजाह्नवीशो[10] गिरिकन्या कुतूहली ।
शिशुपालरिपुप्राणो विदेश[11] पदरक्षिणी ॥ १५५ ॥

शवमांसाशन, भीम, भीमनेत्रा, भयानका, शिवज्ञानक्रम, दक्ष, क्रियायोगपरायणा, दानस्थ, दानसम्पन्न, दन्तुरा, पार्वतीपरा, प्रियानन्द, दिवाकर्ता, निशानिषादघातिनी, अष्टहस्त, विलोलाक्ष, मनस्थापनकारिणी, मृदुपुत्र, मृदुच्छत्र, विभाऽङ्गपुण्यनन्दिनी, अन्तरिक्षगत, मूल,

---

१. अभिविद्या—ख० । २. विधि—ख० ।
३. अजरेत्यारभ्य ज्ञानवर्धिनीपर्यन्तं 'ख' पुस्तके नास्ति ।
४. मृगमांसाशनो—ख० ।
५. परायणा:—ख० । ६. कुलस्थो दानसम्मानो—ख० ।
७. निशायां ते निषादाश्चाण्डालास्तान् घातयति तच्छीला । अथवा निशामन्धकारमज्ञानं निषादं चण्डालकर्मं च घातयति तच्छीला ।
८. कुलनन्दिनी—ख० । ९. मन:सूत्रप्रकाशिनी—ख० ।
१०. चतुरस्त्रो हृषीकेशो धनि—ख० । ११. विद्वेषिज्वरदायिनी—ख० ।

मूलपुत्रप्रकाशिनी, अभीतिदाननिरत, विधुमालामनोहरी, चतुरास्रजाह्नवीश, गिरिकन्या, कुतूहली, शिशुपालरिपुप्राण, विदेशपदरक्षिणी ॥ १५१-१५५ ॥

विलक्षणो[१] विधिज्ञाता मानहन्त्री त्रिविक्रमा ।
त्रिकोणानन-योगीशो निम्ननाभिर्नगेश्वरी ॥ १५६ ॥
नवीन गुणसम्पन्नो नवकन्याकुलाचला ।
त्रिविधेशो विशङ्केतो विज्वरा ज्वरदायिनी ॥ १५७ ॥
अतिधार्मिकपुत्रश्च चारुसिंहासनस्थिता ।
स्थापकोत्तमवर्गाणां[२] सतां सिद्धिप्रकाशिनी ॥ १५८ ॥
सिद्धप्रियो[३] विशालाक्षो ध्वंसकर्त्री निरञ्जना ।
शक्तीशो विकलेशश्च क्रतुकर्मफलोदया ॥ १५९ ॥
विफलेशो वियद्गामी ललिता बुद्धिवाहना ।
मलयाद्रितपःक्षेमः क्षयकर्त्री[४] रजोगुणा ॥ १६० ॥

विलक्षण, विधिज्ञाता, मानहन्त्री, त्रिविक्रमा, त्रिकोणाननयोगीश, निम्ननाभिर्नगेश्वरी, नवीन, गुणसम्पन्न, नवकन्याकुलाचला, त्रिविधेश, विशङ्केत, विज्वरा, ज्वरदायिनी, अतिधार्मिकपुत्र, चारुसिंहासनस्थिता, स्थापकोत्तमवर्गाणां, सतां, सिद्धिप्रकाशिनी, सिद्धप्रिय, विशालाक्ष, ध्वंसकर्त्री, निरञ्जना, शक्तीश, विकलेश, क्रतुकर्मफलोदया, विफलेश, वियद्गामी, ललिता, बुद्धिवाहना, मलयाद्रितप, क्षेम, क्षयकर्त्री, रजोगुणा ॥ १५६-१६० ॥

द्विरुण्डको द्वारपालो [५]बलेर्विघ्नविनाशिनी ।
मायापद्मगतो मानो [६]मारीविद्याविनाशिनी[७] ॥ १६१ ॥
हिङ्गुलाजस्थितः सिद्धो विदुषां वादसारिणी[८] ।
श्रीपतीशः श्रीकरेशः श्रीविद्या भुवनेश्वरी ॥ १६२ ॥
मतिप्रथमजो[९] धन्यो मिथिलानाथपुत्रिका ।
रामचन्द्रप्रियः प्राप्तो रघुनाथकुलेश्वरी ॥ १६३ ॥
कूर्मः[१०] कूर्मगतो वीरो वसावर्गा गिरीश्वरी ।
राजराजेश्वरी[११]बालो रतिपीठगुणान्तरा ॥ १६४ ॥
कामरूपधरोल्लासो विदग्धा कामरूपिणी ।
अतिथीशः [१२]सर्वभर्ता नानालङ्कारशोभिता ॥ १६५ ॥

---

१. विलक्षणो विध्येतरारभ्य ज्वरदायिनीपर्यन्तं 'ख' पुस्तके नास्ति ।
२. स्थापको गुणवर्गाणां—ख० । ३. सिद्धिप्रियो—ख० ।
४. क्षयकर्त्ता—ख० । ५. नानाविघ्न—ख० । ६. मायी—ख० ।
७. मारी महामारी तत्सम्पादिका या विद्या, तां विनाशयति, तच्छीला ।
८. साधिनी—ख० । ९. प्रथमतो—ख० ।
१०. कर्मकुलगतो धीरो वनदुर्गा गिरीश्वरी—ख० । ११. राजेश्वरो—ख० ।
१२. सुव्रभर्ता—ख० ।

द्विरुण्डक, द्वारपाल, बलेर्विघ्नविनाशिनी, मायापद्मगत, मान, मारीविद्याविनाशिनी, हिंगुलाजस्थित, सिद्ध, विदुषां, वादसारिणी, श्रीपतीश, श्रीकरेश, श्रीविद्या, भुवनेश्वरी, मतिप्रथमज, धन्य, मिथिलानाथपुत्रिका, रामचन्द्रप्रिय, प्राप्त, रघुनाथकुलेश्वरी, कूर्म, कूर्मगत, वीर, वसावर्गा, गिरीश्वरी, राजराजेश्वरीबाल, रतिपीठगुणान्तरा, कामरूपधरोल्लास, विदग्धा, कामरूपिणी, अतिथीश, सर्वभर्ता, नानालङ्कारशोभिता ॥ १६१-१६५ ॥

नानालङ्कारभूषाङ्गो नरमालाविभूषिता[१] ।
जगन्नाथो जगद्व्यापी जगतामिष्टसिद्धिदा ॥ १६६ ॥
जगत्कामो जगद्व्यापी[२] जयन्ती जयदायिनी ।
जयकारी जीवकारी जयदा[३] जीवनी जया ॥ १६७ ॥
जयो गणेशः श्रीदाता महापीठनिवासिनी[४] ।
विषमः सामवेदस्थो यजुर्वेदांशयोगया ॥ १६८ ॥
त्रिकालगुणगम्भीरो द्वाविंशतिकराम्बुजा[५] ।
सहस्रबाहुः सारस्थो[६] भागगा भवभाविनी ॥ १६९ ॥
भवनादिकरो[७] मार्गो विनीता नयनाम्बुजा ।
सर्वत्राकर्षकोऽखण्डः सर्वज्ञानाभिकर्षिणी ॥ १७० ॥

नानालङ्कारभूषाङ्ग, नरमालाविभूषिता, जगन्नाथ, जगद्व्यापी, जगतामिष्टसिद्धिदा, जगत्काम, जगद्व्यापी, जयन्ती, जयदायिनी, जयकारी, जीवकारी, जयदा, जीवनी, जया, जय, गणेश, श्रीदाता, महापीठनिवासिनी, विषम, सामवेदस्थ, यजुर्वेदांशयोगया, त्रिकालगुणगम्भीर, द्वाविंशतिकराम्बुजा, सहस्रबाहु, सारस्थ, भागगा, भवभाविनी, भवनादिकर, मार्ग, विनीता, नयनाम्बुजा, सर्वत्राकर्षकोऽखण्ड, सर्वज्ञानाभिकर्षिणी ॥ १६६-१७० ॥

जिताशयो जितविप्रः[८] कलङ्कगुणवर्जिता ।
निराधारो निरालम्बो विषयाज्ञानवर्जिता ॥ १७१ ॥
अतिविस्तारवदनो विवादखलनाशिनी ।
भार्यानाथः[९] क्षोभनाशो रिपूणां कुलपूजिता ॥ १७२ ॥
आशवो[१०] भूरिवर्गाणां चारुकुन्तलमण्डिता ।
अतिबुद्धिधरो सूक्ष्मो रजनीध्वान्तनाशिनी ॥ १७३ ॥
ज्योत्स्नाजालकरो योगी[११] वियोगशायिनी युगा ।
युगगामी योगगामी[१२] जयदा लाकिनी शिवा ॥ १७४ ॥

---

१. वनमालाविभूषणा—ख० । २. जगज्जायो जयन्ती—ख० ।
३. जीवनी जयी—ख० । ४. मञ्चपीठ—ख० ।
५. वेदांशमयाख्या—ख० । द्वाविंशतिः करा हस्ता अम्बुजानि कमलानि इव यस्याः या ।
६. भावस्थो भावना—ख० । ७. भवनादकरो मार्गो—ख० ।
८. जितरिपुः कलङ्कदोषवर्जिता—ख० । ९. आर्यनाथ.....कुलनाशिनी—ख० ।
१०. आश्रयो—ख० । ११. वियोगगामिनीयुता—ख० । १२. जयदानकारी—ख० ।

संज्ञाबुद्धिकरो भावो भवभीतिविमोहिनी ।
सुन्दरः सुन्दरानन्दो रतिकारतिसुन्दरी[१] ॥ १७५ ॥

जिताशय, जितविप्र, कलङ्कगुणवर्जिता, निराधार, निरालम्ब, विषया, ज्ञानवर्जिता, अतिविस्तारवदन, विवादखलनाशिनी, भार्यानाथ, क्षोभनाश, रिपूणां, कुलपूजिता, आशव, भूरिवर्गाणां, चारुकुन्तलमण्डिता, अतिबुद्धिधर, सूक्ष्म, रजनीध्वान्तनाशिनी, ज्योत्स्नाजालकर, योगी, वियोगशायिनी, युगा, युगगामी, योगगामी, जयदा, लाकिनी, शिवा, संज्ञाबुद्धिकर, भाव, भवभीतिविमोहिनी, सुन्दर, सुन्दरानन्द, रतिकारतिसुन्दरी ॥ १७१-१७५ ॥

रतिज्ञानी रतिसुखो [२]रतिनाथप्रकाशिनी ।
बुद्धरूपी[३] बोधमात्रो वैरोधो द्वैतवर्जिता ॥ १७६ ॥
भूरिभावहरानन्दो भूरिसन्तानदायिनी ।
यज्ञसाधनकर्ता च सुयज्ञ पञ्चमोचना[४] ॥ १७७ ॥
कोटिकोटिचन्द्रतेजः[५] कोटिकोटिरुचिच्छटा ।
कोटिकोटिचञ्चलाभो[६] द्विकोट्ययुतचञ्चला ॥ १७८ ॥
कोटिसूर्याच्छन्नदेहः कोटिकोटिरविप्रभा ।
कोटिचन्द्रकान्तमणिः कोटीन्दुकान्तनिर्मला ॥ १७९ ॥
शतकोटिविधुमणिः शतकोटीन्दुकान्तगा ।
विलसत्कोटिकालाग्निः कोटिकालानलोपमा ॥ १८० ॥

रतिज्ञानी, रतिसुख, रतिनाथप्रकाशिनी, बुद्धरूपी, बोधमात्र, वैरोधो, द्वैतवर्जिता, भूरिभावहरानन्द, भूरिसन्तानदायिनी, यज्ञसाधनकर्ता, सुयज्ञ, पञ्चमोचना, कोटिकोटिचन्द्रतेज, कोटिकोटिरुचिच्छटा, कोटिकोटिचञ्चलाभ, द्विकोट्ययुतचञ्चला, कोटिसूर्याच्छन्नदेह, कोटि-कोटिरविप्रभा, कोटिचन्द्रकान्तमणि, कोटीन्दुकान्तनिर्मला, शतकोटिविधुमणि, शतकोटीन्दु-कान्तगा, विलसत्कोटिकालाग्नि, कोटिकालानलोपमा ॥ १७६-१८० ॥

कोटिवह्निगतो[७] वह्नि वह्निजाया द्विगोद्भवा ।
महातेजो वह्निवारिः[८] कालाग्निहारधारिणी ॥ १८१ ॥
कालाग्निरुद्रो भगवान्[९] कालाग्निरुद्ररूपिणी ।
कालात्मा कलिकालात्मा कलिका कुललाकिनी[१०] ॥ १८२ ॥

---

१. रतिकामातिसुन्दरी—ख० । २. रतिसुख—ख० ।
३. बुद्धिरूपी बोधमात्रा द्विबोधा द्वैतवर्जिता—ख० ।
४. परमासना—ख० ।—परममासनं यस्याः सा 'पञ्चमोचना' इति पाठे तु पञ्चभ्यः शब्दादि विषयेभ्यो मोचयति या सा । नन्द्यादित्वाल्ल्युः प्रत्ययः, अनादेशः ।
५. तेजा .... रविच्छटा—ख० । ६. चन्द्रनाभो द्विकोटियुत—ख० ।
७. कोटि कोटि वह्निनिभो—ख० । ८. राशिः—ख० ।
९. कालाग्निरुद्रो—ख । १०. कुलनाशिनी—ख० ।

मृत्युजितो[१] मृत्युतेजा मृत्युञ्जयमनुप्रिया ।
महामृत्युहरो मृत्युरपमृत्युविनाशिनी ॥ १८३ ॥
जयो जयेशो जयदो जयदा जयवर्धिनी ।
जयकरो जगद्धर्मो जगज्जीवनरक्षिणी ॥ १८४ ॥
सर्वजित् सर्वरूपी च सर्वदा सर्वभाविनी ।
इत्येतत्[२] कथितं नाथ महाविद्याभिधानकम्[३] ॥ १८५ ॥

कोटिवह्निगत, वह्नि, वह्निजाया, द्विगोद्भवा, महातेज, वह्निवारि, कालाग्निहार-धारिणी, कालाग्निरुद्र, भगवान्, कालाग्निरुद्ररूपिणी, कालात्मा, कलिकालात्मा, कलिका, कुल-लाकिनी, मृत्युजित, मृत्युतेजा, मृत्युञ्जयमनुप्रिया, महामृत्युहर, मृत्युरपमृत्युविनाशिनी, जय, जयेश, जयद, जयदा, जयवर्धिनी, जयकर, जगद्धर्य, जगज्जीवनरक्षिणी, सर्वजित्, सर्वरूपी, सर्वदा, सर्वभाविनी । महाविद्या के इतने नामों को कहा ॥ १८१-१८५ ॥

विमर्श—हवन करने के समय जो नाम कम हैं उनकी पूर्ति के लिए उन्हीं नामों की द्विरावृत्ति करके ११०८ संख्या पूर्ण कर लेनी चाहिए ॥ १८५ ॥

शब्दब्रह्ममयं साक्षात् कल्पवृक्षस्वरूपकम्[४] ।
अष्टोत्तरसहस्राख्यं शतसंख्यासमाकुलम् ॥ १८६ ॥
त्रैलोक्यमङ्गलक्षेत्रं सिद्धविद्याफलप्रदम् ।
सकलं निष्कलं साक्षात् कल्पद्रुमकलान्वितम्[५] ॥ १८७ ॥

फलश्रुति—ये कुल एक हजार एक सौ आठ नाम साक्षात् शब्द ब्रह्ममय हैं और कल्पवृक्ष के तो स्वरूप ही हैं । ये नाम त्रिलोकी का मङ्गल करने वाले हैं तथा सिद्धविद्या का फलप्रदान करते हैं—ये साकार तथा निराकार दोनों ही हैं तथा साक्षात् कल्पद्रुम की कला से युक्त हैं ॥ १८६-१८७ ॥

योगिनामात्मविज्ञानमात्मज्ञानकरं[६] परम् ।
यः पठेद् भावसम्पूर्णो मिथ्याधर्मविवर्जितः ॥ १८८ ॥
रुद्रपीठे स्वयं[७] भूत्वा महायोगी भवेद्ध्रुवम् ।
अकस्मात्सिद्धिमाप्नोति चाधमां[८] माल्यदायिनीम् ॥ १८९ ॥
राजलक्ष्मीधनैश्वर्यमतिधैर्य[९] हयादिकम् ।
कुञ्जरं सुन्दरं वीरं[१०] पुत्रं राज्यं सुखं जयम् ॥ १९० ॥

---

१. मृत्युजित् मृत्युजेता—ख० । २. ॐ ॐ ॐ—ख० पु० अधिकः पाठः ।
३. महाविद्या अभिधानं यस्य तदिति बहुब्रीहिः । महाविद्याया वर्णनं तत्र तत्रोपलभ्यते ।
४. कल्पवृक्षफलान्वितम्—ख० । ५. फलान्वितम्—ख० ।
६. मोक्षज्ञानकरं परम्—ख० । ७. रुद्रपीठे स्वयंभूयो—ख० ।
८. चाधिकं—ख० । ९. राजलक्ष्मीं—ख० ।
१०. धीरम्—ख० ।

योगियों के लिए आत्मविज्ञान (ब्रह्म) हैं । इतना ही नहीं सबको आत्मज्ञान देने वाले हैं । जो आडम्बर एवं छलरहित होकर और भावविभोर होकर इसका पाठ करता है, वह रुद्रपीठ में उत्पन्न होकर निश्चय ही महायोगी बन जाता है । जो इसका पाठ करता है उसे अकस्मात् माल्यप्रदान करने वाली अधमा सिद्धि प्राप्त होती है । जिसमें राजलक्ष्मी, धन, ऐश्वर्य, अतिधैर्य, हयादि, गज, सुन्दर वीरपुत्र एवं राज्य सुख तथा जय की प्राप्ति होती है ॥ १८८-१९०

राजराजेश्वरत्वं च दिव्यवाहनमेव च ।
अक्लेशपञ्चमासिद्धिं[१] ततः प्राप्नोति मध्यमाम् ॥ १९१ ॥
अत्यन्तदुःखहननं गुरुत्वं लोकमण्डले ।
देवानां भक्तिसंख्याञ्च[२] दिव्यभावं सदा सुखम् ॥ १९२ ॥

उसे राजराजेश्वरत्व दिव्यवाहन मिलता है, फिर बिना क्लेश के पञ्चम मध्यमा सिद्धि की भी प्राप्ति होती है । जिसमें उसके समस्त दुःख नष्ट हो जाते हैं, लोकमण्डल में उसे गुरुत्व एवं सर्वश्रेष्ठता प्राप्त होती है, देवताओं में भक्तिभाव की वृद्धि होती है एवं दिव्यभाव तथा सदासुख मिलता है ॥ १९१-१९२ ॥

आयुर्वृद्धिं लोकवश्यं पूर्णकोशं हि गोधनम् ।
देवानां [३]राज्यभवनं प्रत्यक्षे स्वप्नकालके ॥ १९३ ॥
दीर्घदृष्टिभयत्यागं चाल्पकार्यविवर्जितम् ।
सदा धर्मप्रियत्वं च धर्मज्ञानं महागुणम् ॥ १९४ ॥

उसके आयु की वृद्धि होती है, समस्त लोक उसके वश में हो जाते हैं, उसका कोश सदैव भरा रहता है, गोधन मिलता है तथा प्रत्यक्ष में एवं स्वप्न काल में उसे राज्य भवन में वास प्राप्त होता है । उसकी दृष्टि दूर तक देखने वाली होती है, भय का सर्वथा विनाश हो जाता है, वह छोटा निन्दनीय कार्य नहीं करता, धर्म से प्रेम करता है तथा अत्यन्त गुणवान् महान् धर्म का उसे अपने आप ज्ञान हो जाता है ॥ १९३-१९४ ॥

विवेकाङ्कुरमानन्दं [४]श्रीवाणीसुकृपान्वितम् ।
तत उत्तमयोगस्थां सिद्धिं [५]प्राप्नोति साधकः ॥ १९५ ॥
अनन्तगुणसंस्थानं[६] मायार्थभूतिवर्जनम् ।
एकान्तस्थानवसतिं योगशास्त्रनियोजनम् ॥ १९६ ॥

उसके हृदय में आनन्द देने वाला विवेक का अंकुर उत्पन्न हो जाता है, वह श्री वाणी की कृपा प्राप्त कर लेता है, इसके बाद वह साधक उत्तमयोग वाली सिद्धि प्राप्त करता है । जिसमें अनन्त गुणों का स्थान है । माया के लिए अर्थभूति विवर्जित रहती है, वह सदैव एकान्त स्थान में निवास करता है तथा योगशास्त्र में अपने को लगाता है ॥ १९५-१९६ ॥

---

१. पञ्चमाम्—ख० । २. भावञ्च ख० ।
३. वाक्यश्रवणम्—ख० ।—वाक्यस्य श्रवणमत्यन्तं महत्त्वमादधाति । एतेन महनीयं रहस्यमुद्घाटितं भवति । ४. श्रावणीसुकृपान्वितम्—ख० ।
५. प्राप्नोति साधकोत्तमः—ख० । ६. अत्यन्तगुणसंस्थानम्—ख० ।

सर्वाकाङ्क्षाविशून्यत्वं दैवतैकान्तसेवनम् ।
खेचरत्वं सर्वगतिं भावसिद्धिं सुरप्रियम्[1] ॥ १९७ ॥
सदा [2]रौद्रक्रियायोगं विभूत्यष्टाङ्गसिद्धिदम् ।
दृढज्ञानं सर्वशास्त्रकारित्वं[3] रससागरम् ॥ १९८ ॥
एकभावं द्वैतशून्यं महापदनियोजनम् ।
महागुणवतीविद्यापतित्वं शान्तिमेव च ॥ १९९ ॥
प्राप्नोति साधकश्रेष्ठो यः पठेद् भावनिश्चलः ।
त्रिकालमेककालं वा द्विकालं वा पठेत् सुधीः ॥ २०० ॥

उसे कोई भी अकांक्षा बाधा नहीं करती । वह देवता बन कर एकान्त स्थान का सेवन करता है । खेचरता, अप्रतिहतगतित्त्व, भावसिद्धि तथा देवताओं में अनुराग होता है । उसे रुद्र की क्रिया में योग देने वाले और अष्टाङ्ग योग से सिद्धि प्रदान करने वाली विभूति प्राप्त होती है, उसे दृढ़ ज्ञान होता है और सभी शास्त्रों का कर्तृत्व प्राप्त होता है तथा वह समस्त रसों का सागर बन जाता है । जो सुधी साधक भाव में निमग्न हो कर तीनों काल, दोनों काल अथवा एक काल इस स्तोत्र का पाठ करता है वह सदैव द्वैतशून्य एक भाव में निवास करता है, महापद में अपने आप को लीन कर लेता है और महागुणवती विद्या का स्वामित्व तथा शान्ति का लाभ करता है ॥ १९७-२०० ॥

शतमष्टोत्तरं चास्य पुरश्चर्याविधिः स्मृतः ।
पुरश्चरणमाकृत्य पठित्वा च पुनः पुनः ॥ २०१ ॥
अष्टैश्वर्ययुतो भूत्वा [4]मनोगतिमवाप्नुयात् ।
सर्वत्र[5] कुशलं व्याप्तं यः पठेन्नियतः शुचिः ॥ २०२ ॥

इसके १०८ पाठ से एक पुरश्चरण पूर्ण होता है, इसका पुरश्चरण करके तथा बारम्बार पाठ करके साधक अणिमादि अष्टैश्वर्य से युक्त हो कर सम्पूर्ण वाञ्छित फल प्राप्त करता है । किं बहुना, जो नित्य नियम पूर्वक पवित्रता से इसका पाठ करता है, उसे सर्वत्र कुशल ही कुशल दिखाई पड़ता है ॥ २०१-२०२ ॥

षट्चक्रमणिपीठञ्च भित्त्वाऽनाहतगो भवेत् ।
अनाहतं ततो भित्त्वा विशुद्धसङ्गमो भवेत् ॥ २०३ ॥

वह षट्चक्र में होने वाले मणिपीठ का भेदन कर अनाहत चक्र में गमन करता है । इसके बाद अनाहत का भेदन कर विशुद्ध चक्र में चला जाता है ॥ २०३ ॥

---

१. सुरप्रियम्—ख० । २. सदायोग—ख० ।
३. धर्मशास्त्रे कवित्वम्—ख० ।
४. विशुद्धसङ्गमो भवेत्—ख० ।—मनसो गतिः । सा च वायोर्गतितोऽपि अत्यन्तं सूक्ष्मा भवति । अत एव भगवतो हनुमतो विषये मनोजव इति शब्दः प्रयुज्यते ।
५. सर्वत्रेत्यारभ्य भवेदितिपर्यन्तं ख—पुस्तके नास्ति ।

विशुद्धपद्मं भित्त्वा च शीर्षे[१] द्विदलगो भवेत् ।
द्विदलादिमहापद्मं भित्त्वैतत् स्तोत्रपाठतः ॥ २०४ ॥

पुनः विशुद्ध चक्र का भी भेदन कर, शीर्ष स्थान में जहाँ दो दल स्थित हैं उस आज्ञा चक्र का भी भेदन कर वह साधक सहस्रार महापद्म में प्रवेश कर जाता है । ऐसा इस स्तोत्र का प्रभाव है ॥ २०४ ॥

चतुर्वर्गां[२] क्रियां कृत्वा चान्ते निर्वाणमोक्षभाक् ।
योगिनां योगसिद्ध्यर्थे सर्वभूतदयोदयम्[३] ॥ २०५ ॥
निर्वाणमोक्षसिद्ध्यर्थे कथितं परमेश्वर ।
एतत्स्तवनपाठेन किं न सिद्ध्यति भूतले ॥ २०६ ॥

वह धर्म अर्थ काम तथा मोक्ष के लिए की जाने वाली सारी क्रिया का सम्पादन कर अन्त में निर्वाण मोक्ष का पात्र हो जाता है । हे परमेश्वर ! समस्त प्राणियों पर कृपा करने वाले योगियों को योगसिद्धि प्रदान करने वाले तथा निर्वाणमोक्ष की सिद्धि के लिए यह स्तोत्र आप से कहा । इस स्तोत्र के पाठ से पृथ्वी पर कौन ऐसी वस्तु है जिसकी सिद्धि न हो ॥ २०५-२०६ ॥

कुलं कुलक्रमेणैव[४] साधयेद् योगसाधनम् ।
योगान्ते योगमध्ये च योगाद्ये प्रपठेत् स्तवम् ॥ २०७ ॥

यह कुल (शक्ति) मार्ग है इसके कुलक्रम से ही योगसाधन सिद्ध करना चाहिए । योग के अन्त में योग के मध्य में तथा योग के आदि में इस स्तोत्र का पाठ करना चाहिए ॥ २०७ ॥

कृत्तिकारोहिणीयोगयात्रायां[५] मिथुने तथा ।
श्रवणायां मेषगणे[६] कुजे चेन्दुसमाकुले ॥ २०८ ॥
शनिवारे च सङ्क्रान्त्यां कुजवारे पुनः पुनः[७] ।
सन्ध्याकाले लिखेत् स्तोत्रं ध्यानधारणयोगिराट्[८] ॥ २०९ ॥

कृत्तिका नक्षत्र तथा रोहिणी नक्षत्र के योग में यदि यात्रा करनी हो अथवा मिथुन के चन्द्रमा हो, श्रवण नक्षत्र हो मेष के चन्द्रमा हो मङ्गल, सोम, शनिवार का दिन हो अथवा जिस दिन संक्रान्ति में मङ्गलवार का दिन पड़े, उस दिन सांयकाल में ध्यान धारणपूर्वक योगिराज इस स्तोत्र को लिखे ॥ २०८-२०९ ॥

---

१. शीघ्रम्—ख० ।
२. चतुर्वर्गक्रियाम्—ख० ।
३. शुभोदयात्—ख० ।
४. कुलाकुलक्रमेणैव—ख० ।
५. योगे आर्द्रायां—ख० ।
६. लग्ने कुब्जे कुहु—ख० ।
७. पुनर्वसौ—ख० ।
८. वित्—ख० । —ध्यानं च धारणं च ध्यानधारणे, तयोर्योगी, तत्र राजमानः । ध्यानधारणयोः सिद्धिं सम्पाद्य विराजमानो योगी इत्यर्थः ।

भूर्जपत्रे लिखित्वा च कण्ठे शीर्षे [१]प्रधारयेत् ।
अथवा रात्रियोगे च कुलचक्रे लिखेत् सुधीः ॥ २१० ॥
सर्वत्र कुलयोगेन पठन् [२] सिद्धिमवाप्नुयात् ।
एतन्नाम्ना प्रजुहुयात् कालिकाकृतिमान् [३] भवेत् ॥ २११ ॥
तद्दशांशक्रमेणैव हुत्वा योगीह सर्वदा ।
मणिपूरे दृढो भूत्वा रुद्रशक्तिकृपां [४] लभेत् ॥ २१२ ॥

॥ इति [५] श्रीरुद्रयामले लाकिनीशाष्टोत्तरशतसहस्रनामविन्यासे एकपञ्चाशत्तमः पटलः ॥ ५१ ॥

— ❖ —

अथवा भोजपत्र पर लिखकर गले में अथवा शिर पर धारण करे, अथवा रात्रि का योग उपस्थित होने पर सुधी साधक कुलचक्र में इसे लिखे । इस प्रकार कुलयोग में सदैव इसका पाठ करते हुए लिखे तो उसे सिद्धि प्राप्त होती है । यदि इन नामों से होम करे तो वह कालिका के समान आकृति वाला हो जाता है । योगी पाठ के दशांश के क्रम से होम कर मणिपूर में दृढ़तापूर्वक प्रवेश प्राप्त करता है तथा रुद्र की महाशक्ति लाकिनी की कृपा प्राप्त कर लेता है ॥ २१०-२१२ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के लाकिनी के ११०८ नामों के विन्यास में इक्यावनवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ५१ ॥

— ❖ —

१. प्रदापयेत्—ख० ।　　२. पठित्वा—ख० ।
३. कालिकाहुतिदानवत्—ख० ।
४. रुद्रस्य भगवतो या शक्तिः भगवती भवानी रुद्राणी, तस्याः कृपा ।
५. इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धिमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे महारुद्रमृत्युञ्जयलाकिनीशाष्टोत्तरशतसहस्रविन्यासो नाम द्विपञ्चाशत्तमः पटलः ।

अथ द्विपञ्चाशत्तमः पटलः

श्रीआनन्दभैरव उवाच

कथयस्व वरारोहे मणिपूरमनुक्रमम् ।
यज्ज्ञात्वा मुनयः सर्वे चाष्टसिद्धिमवाप्नुयुः ॥ १ ॥
प्रजपन् गच्छति क्षिप्रं अनायास[1]मनाहते ।
मन्त्रार्थं [2]मन्त्रचैतन्यं निजविग्रहरक्षणम् ॥ २ ॥
तत्परापरग्रन्थिस्थं विचार्य वक्तुमर्हसि ।

आनन्दभैरव ने कहा—हे वरारोहे ! अब आप मणिपूर पद्म चक्र में होने वाले अनुक्रम (मन्त्र, तन्त्र, मनः स्थिति) के विषय में कहिए, जिसका ज्ञान कर सभी मुनियों ने अष्टसिद्धि प्राप्त की । हे देवि ! आप उन-उन तत्त्वों को कहिए जिसका जप करते हुए साधक अनायास ही अनाहत चक्र में प्रवेश कर जाता है । इतना ही नहीं साधक के शरीर के रक्षणोपयोगी मणिपूर के परापर ग्रन्थि में रहने वाले मन्त्र के अर्थों को और मन्त्र में चेतना प्रदान करने वाले उन-उन तत्त्वों को भी विचार कर कहिए ॥ १-३ ॥

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

महाभैरव कालाग्ने मनुज्ञानं [3] निशामय ॥ ३ ॥
कथयामि तव स्नेहादतिकोमलसाधनम् ।
मन्त्राणां मन्त्रचैतन्यं[4] विषयानि शृणु प्रभो ॥ ४ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे महाभैरव! हे कालाग्ने ! मन्त्रज्ञान रात्री के अन्धकार के समान सरलता से बोधगम्य नहीं है । मैं आपके स्नेह से मन्त्र ज्ञान तथा मन्त्रों के चैतन्य वाले उन-उन विषयों को कहती हूँ जो सौम्य साधन के योग्य हैं । हे प्रभो ! उसे सुनिए ॥ ३-४ ॥

मणिपूरे त्वनायासे[5] यत्प्रसादात् स्थिरो[6] भवेत् ।
एतत्करणमात्रेण योगी भवति निश्चितम् ॥ ५ ॥

हे देव ! जिसकी कृपा से साधक अनायास ही उस मणिपूर चक्र में पहुँचकर स्थिर हो जाता है तथा जिसके करने मात्र से निश्चित रूप से योगी बन जाता है । उसे सुनिए ॥ ५ ॥

---

१. प्राणायामैरनाहते—ख० ।
२. मनु—ख० ।
३. नां मनशाय—क० ।
४. मनुना मन्त्रचैतन्यं विविधानि—ख० ।
५. तव ज्ञाने—ख० ।
६. शिवो—ख० ।

कोटिकोटिमन्त्रजालं[1] तदर्थकोटयः स्मृताः ।
एतन्मध्ये सारभागं कथयामि कुलार्णव ॥ ६ ॥

ऐसे तो करोड़ों करोड़ों की संख्या वाले मन्त्र जाल हैं और उन मन्त्रों के करोड़ों करोड़ों अर्थ भी बताये गए हैं । किन्तु हे कुलार्णव ! मैं उनके भीतर रहने वाले सारभाग को ही कहूँगी ॥ ६ ॥

सर्वत्र समभावेन संस्मरन्[2] मन्त्रमुत्तमम् ।
शरीरमपरिच्छिन्नं ब्रह्माण्डं सचराचरम् ॥ ७ ॥
मूलादिमणिपूरान्तं त्रिगुणं मनुरूपकम् ।
वर्णमालामुपादाय[3] मुहुर्मुहुर्जपेत् सुधीः ॥ ८ ॥

(मणिपूर में रहने वाले उस) उत्तम मन्त्र का समस्त चराचर ब्रह्माण्ड ही अपरिच्छिन्न शरीर है । अतः सुधी साधक सर्वत्र, समभाव से मन्त्र का स्मरण करते हुए मूलाधार से लेकर मणिपूर पर्यन्त त्रिगुणात्मक मन्त्ररूप में विद्यमान् समस्त वर्णमाला का बारम्बार जप करे ॥ ७-८ ॥

पूर्णतेजोमयीं ध्यायेत्[4] कोटिकालाग्निरूपिणीम् ।
स्वदेवतां सदा ध्यायेन्मूलादिब्रह्मरन्ध्रके ॥ ९ ॥
तन्मूर्तिमपरिच्छिन्नां[5] गूढस्थाननिवासिनीम् ।
गभीरोर्ध्वगलानन्दां[6] सुधासागरवासिनीम् ॥ १० ॥

करोड़ों कालाग्नि के रूप में विद्यमान पूर्णतेजोमयी (मातृका वर्णों का) ध्यान करे और स्वदेवता का मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्रपर्यन्त प्रदेश में सदैव ध्यान करे । उस वर्णमाला की मूर्ति अपरिमेय है जो गूढ़ स्थान में रहने वाली है, गम्भीर है, जिसके ऊपर ब्रह्मरन्ध्र से आनन्द का स्रोत प्रवाहित हो रहा है और जो सुधा के समुद्र में निवास करती है ॥ ९-१० ॥

यज्ज्ञात्वा[7] ब्रह्मतुल्यं स्याद् ब्रह्मरन्ध्रे विभावनात् ।
मूलरन्ध्रे मुदा ध्यायेत्[8] कोटिकालानलोज्ज्वलम् ॥ ११ ॥

साधक जिसका ब्रह्मरन्ध्र में ध्यान करने से ब्रह्म के समान हो जाता है, ऐसे करोड़ों कालानल के समान उज्ज्वल उस तेज का ब्रह्मरन्ध्र में प्रसन्नतापूर्वक ध्यान करे ॥ ११ ॥

ज्वलन्तं ध्यानमाकुर्यादूर्ध्वशिखाप्रभाकरम् ।
सुधारसमोदमुग्धं[9] हव्याग्निसदृशोज्ज्वलम् ॥ १२ ॥

---

१. मन्त्रजापात् तदर्थे—ख० ।
२. संस्मरेत् मूर्तिमुत्तमाम्—ख० ।
३. वर्णमालानुसारेण—ख० ।
४. कोटिकामग्निरूपिणीम्—ख० ।
५. गृह—ख० ।
६. गभीराह्लादनानन्दाम्—ख० ।
७. यज्ज्ञात्वेति पुस्तके नास्ति—ख० ।
८. ज्वलाम्—ख० ।
९. रसामोदिमुग्धम्—ख० ।

ललाटं चिन्तयेत् कान्तं पूर्णेन्दुकोटिसङ्कुलम्[१]।
विगलद्रसपुञ्जं तु [२] तद्रसप्रोज्ज्वलाननम् ॥ १३ ॥
स्थिरवायुस्थिराकारं[३] मन्त्रार्थं चेति भावयेत् ।

साधक ऊपर की ओर उठती हुई ज्वाला से प्रकाशित होने वाले, सुधारस के आनन्द से मुग्ध एवं हव्य ग्रहण करने वाली अग्नि के सदृश उज्ज्वल वर्णमाला का ध्यान करें । करोड़ों पूर्णमासी के चन्द्रमा से संयुक्त, अत्यन्त मनोहर उस वर्णमाला के मन्त्रार्थ का ललाट में ध्यान करें । जिस मन्त्रार्थ से रस का समूह प्रवाहित हो रहा है तथा उस रस के प्रवाह से अपना मुख उद्दीप्त हो रहा है ऐसे स्थिर वायु वाले तथा स्थिर आकार के मन्त्रार्थ का चिन्तन करे ॥ १२-१४ ॥

अथवा शुद्धसङ्काशं [४] पूर्णब्रह्ममयूखगम् ॥ १४ ॥
मूलादिब्रह्मरन्ध्रान्तं[५] मूलं ध्यात्वा पुनः पुनः ।
विचिन्तयेत् सूक्ष्मरूपां महागुर्वीं स्वदेवताम् ॥ १५ ॥

अथवा अत्यन्त शुद्धता से संयुक्त पूर्ण ब्रह्म के किरणों में विद्यमान उस मूलभूत तेज का मूलाधार से लेकर ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त प्रदेश में बारम्बार ध्यान कर सूक्ष्म स्वरूप वाली, अत्यन्त गुरुतर स्वदेवता का भी ध्यान करे ॥ १४-१५ ॥

मन्त्रार्थं चेति तज्ज्ञानं तज्ज्ञानान्मोक्षमाप्नुयात् ।
मन्त्रार्थज्ञानमात्रेण [६] सिद्धिनिर्वाणमाप्नुयात् ॥ १६ ॥

यही मन्त्रार्थ है, जिसका ज्ञान करना चाहिए । उस मन्त्र के अर्थ के ज्ञान से साधक मोक्ष प्राप्त कर लेता है । क्योंकि मन्त्रार्थ के ज्ञान मात्र से सिद्धि तथा निर्वाण (मोक्ष) प्राप्त होता है ॥ १६ ॥

न स्थूलं नातिसूक्ष्मं गुणमयवपुषं विश्वनाथं [७]स्वशक्तिं
स्वानन्दानन्दचित्तं कलिफलमचलं चञ्चलं शुक्लरक्तम् ।
पीनापीनादिरूपं त्रिगुणगगमनं मूलपद्मादिवक्त्रे[८]
विश्वात्मानं कुलाख्यं मनुगुणजडितं भावयेत्सिद्धलोकः[९]॥ १७ ॥

सिद्ध लोग प्रथम मूलाधार पद्म के मुख में इस प्रकार के स्वरूप का ध्यान करें, जो न स्थूल है, न अत्यन्त सूक्ष्म है, जिसका शरीर गुणमय है, जो विश्वनाथ तथा अपनी शक्ति

---

१. सङ्गमम्—ख० । २. रसात्प्रोज्ज्वलानलम्—ख० ।
३. वायुं स्थिराकारं—ख० । ४. मयं शुभम्—ख० ।
५. मूलादिब्रह्मरन्ध्रान्तं मूलम् । मूलमाद्यचक्रं तदादिर्यस्य, ब्रह्मरन्ध्रं शिरोदेशस्थं चक्रं तदन्तो यस्य तत् ।
६. मन्त्रार्थज्ञानेति—ख० पुस्तके नास्ति ।
७. सानन्दा ...... सकलं शुक्लवक्त्रं विशुद्धम्—ख० ।
८. रन्ध्रे—ख० । ९. सिद्धिहेतोः—ख० ।

से युक्त है, जिसका चित्त स्वकीयानन्द से ही आनन्दपूर्ण है, जो कलि का फल है, अचल एवं चञ्चल है, शुक्ल तथा रक्त वर्ण वाला है, पीन (मोटा) और अपीन (पतला) स्वरूप वाला है, त्रिगुणगामी है ऐसे कुल नाम वाले मनु (मन्त्र) गुण से जटित विश्वात्मा का ध्यान करना चाहिए ॥ १७ ॥

चतुः षष्टिक्षेत्रे त्रिगुणजननीं ध्याननिपुणां
(महा) [1]मन्त्राकारां भुवनकरुणां बोधविषये ।
महाविद्यामाद्यां [2]मनुमयरसाच्छन्नतनुता-
मवाप्यामन्दाब्धौ [3] कुलपथि भजन्तीह रसिकाः ॥ १८ ॥

(मन्त्र गुण सम्पन्न) रसिक लोग, कुलपथ में, अत्यन्त गम्भीर समुद्र में और जहाँ ६४ योगिनियों का क्षेत्र है वहाँ त्रिगुण (सत्त्व, रज और तम) को उत्पन्न करने वाली, महामन्त्र स्वरूपा, त्रिभुवन को करुण दृष्टि से देखने वाली, ध्यान मात्र से कल्याण करने वाली, ज्ञान देने में महाविद्या स्वरूपा, आद्या, मन्त्रमयी तथा समस्त रसों से आच्छन्न शरीर वाली उस देवी को प्राप्त कर उसका भजन करते हैं ॥ १८ ॥

समस्तं शून्यार्थं रजतघटनारायणमयं
विसर्गं बिन्दुस्थं रविशशिकला वह्निकिरणम् ।
जगद् व्यापाराङ्गं[4] भवविरहितं भावजडितं
विकाराधाराहं[5] दशदलबिले स्थापयति धीः ॥ १९ ॥

समस्त विकारों की आधारभूत अहंभूता बुद्धि, जिस दशकमल में समस्त अर्थ शून्य है, जो रजतघट के समान चमकीला है एवं नारायण मय है, बिन्दु में रहने वाला विसर्ग है, जो सूर्य कला व चन्द्र कला वाला तथा अग्नि के समान देदीप्यमान है, जो सारे जगत् के व्यापार का अङ्ग है, किन्तु स्वयं भवविरहित है और भाव से जड़ा हुआ है, ऐसी स्थिति स्थापित करती है ॥ १९ ॥

सुरासुरभयप्रदं तरुणरूपशोभाकरं
मनोहरकलेवरं सकलदेहसंज्ञापनम्[6] ।
भजन्ति मुनयो नृपा [7]यतय इन्द्रदेवादयो
दशच्छदनिकेतने प्रकृतिदेहमध्यस्थितम् ॥ २० ॥

---

१. महामन्त्राकारं भुवनकरजां वेशविषये—ख० ।
२. तनुगा—ख० ।
३. मवाप्यानन्दाब्धौ कुलपथिजम्—ख० ।
४. व्यापारादिम्—ख० ।
५. विकाराधाराहं दशदलयुतं स्थापयति घीः—ख० ।
६. संज्ञापकम्—ख० ।—सकलदेहान् संज्ञापयति इति भावः ।
७. प्रतिदिनं तथेन्द्रादयः—ख० ।

जो दशपत्र (कमल के) निकेतन (मणिपूर चक्र) में प्रकृति के देह के मध्य में स्थित हैं, देवताओं एवं असुरों दोनों को भयभीत करने वाले हैं, तारुण्य की शोभा के आकर होने से मनोहर शरीर वाले हैं तथा समस्त देहधारियों को प्रेरणा प्रदान करते हैं, ऐसे सदाशिव का मुनिगण, राजा लोग, सन्यासी जन एवं इन्द्रादि देवता भजन करते हैं ॥ २० ॥

प्रचण्डवचनाश्रयं[१] ध्वनिकलापसम्मर्दनं
महोत्कटतपःप्रियं [२]भजति चाशुतोषं शिवम् ।
निधाय हृदि पङ्कजे किमपि नाभिमूलेऽपि वा
विभावगुणभावनं परिकरोति योगी महान् ॥ २१ ॥
स्वकीयगुणसत्त्वके कठिनचित्तसंज्ञार्पणं[३]
चतुर्भुजकलेवरे दशकलाधरेन्दीवरे ।
मनोहरहरं[४] परमसारमाद्याक्षरं
प्रकृत्य[५] परमेश्वरे प्रणवरूपमारोपये ॥ २२ ॥

महान् योगीजन अपने हृदय कमल में अथवा कोई कोई नाभिमूल में जिन्हें स्थापित कर जिनके विभाव (क्रिया) और गुणों की भावना करते हैं और भक्त लोग, प्रचण्ड वचनों के आश्रय, ध्वनि कलाप को सम्मर्दन करने वाले एवं अत्यन्त उत्कट तप के प्रेमी आशुतोष शिव का भजन करते हैं तथा मैं अपने गुण से सत्त्वस्वरूप वाले, चतुर्भुज शरीर वाले, दश कला धारण करने वाले कमल में उन परमेश्वर का उद्‌देश्य कर कठिन चित्त को चेतना प्रदान करने वाले, मनोहर हरस्वरूप, परमसार तथा आद्यक्षर प्रणव के रूप का आरोप करता हूँ ॥ २१-२२ ॥

विविक्तमतिनिर्मलं [६]कमलहासमाल्याश्रयं
शिवं [७]शतकभास्करं सकलदेहमध्येऽपि वा ।
भुजायुतधरं धराधरधरं हि मुद्राधरं
भजन्ति कुलकामिनीपतय ईशवेश्मास्पदा[८] ॥ २३ ॥

कुल कामिनी पति (शक्ति मार्ग पर अधिकार रखने वाले) विविक्त (एकान्त) में निवास करने वाले, (शुद्ध बुद्ध होने से) अत्यन्त निर्मल, कमल के समान मन्दस्मित, माला धारण करने वाले, सैकड़ों सूर्य के समान भासमान, सभी प्राणियों के शरीर में रहने वाले,

---

१. चरणाश्रयं धवलि—ख० । २. भवति—ख० ।
३. संज्ञापनम्—ख० ।
४. मनोहरपरं हरं परमसारमाद्याक्षरम्—ख० ।
५. प्रकृष्ट ..... आरोपयेत्—ख० ।
६. हार—ख० ।
७. सकल .... पद्ममध्ये—ख० ।
८. 'ईश वेश्याम्पदा' इति मुद्रितपाठः ।

अयुत भुजाओं वाले, पर्वतों को धारण करने वाले तथा मुद्राओं को धारण करने वाले भगवान् सदाशिव के लोक में स्थान चाहने वाले साधक सदाशिव का भजन करते हैं ॥ २३ ॥

सदा चरणपङ्कजे [१]विवहानिमुद्राप्तये
कृपामयसलक्षणं[२] गतिगसत्वसम्भावनम् ।
सदैकगुणभावनं परमदेवदेवस्य या[३]
त्रिलोकजननीपते रमणमेव कुर्याद्वशी ॥ २४ ॥

जितेन्द्रिय साधक को त्रिलोकजननी के पति, परमदेवाधिदेव के चरण कमल में (विफलहानिमुद्रा) सफलता की प्राप्ति के लिए सदैव रमण करना चाहिए, जिसमें उनकी कृपा के लक्षण हैं। जो गति देने वाले हैं, सत्त्वगुण से संयुक्त हैं तथा सर्वदा प्रधान गुणों से अनुप्रणित हैं ॥ २४ ॥

एवं [४]कृत्वा निरालम्बविश्वासध्यानवान्नरः ।
अकस्मान्मन्त्रचैतन्यं[५] प्राप्नोत्यर्थविनिर्णयम् ॥ २५ ॥

॥ इति[६] श्रीरुद्रयामले उत्तरंतन्त्रे मन्त्रार्थ चैतन्यविन्यासो नाम द्विपञ्चाशत्तमः पटलः ॥ ५२ ॥

इस प्रकार असहाय होकर विश्वास के साथ मणिपूर चक्र में ध्यान करने वाला साधक भक्त, अकस्मात् मन्त्र चैतन्य तथा मन्त्र के अर्थ की संप्राप्ति कर लेता है ॥ २५ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में मन्त्रार्थ चैतन्य विन्यास नामक बावनवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ५२ ॥

---

१. विफलहानि—ख० ।
२. सुलक्षणम् .... मतिग—ख० ।—कृपामयं सलक्षणं यस्य तत् । प्राचुर्ये मयट् । तत्प्रकृतवचने मयडिति सूत्रेण तस्य विधानम् ।
३. वै—ख० ।
४. जप्त्वा सदा मन्त्रं विश्वमध्ये परः शुचिः—ख० ।
५. मन्त्रस्य चैतन्यम्, चेतनत्वम् । मन्त्रा हि मननात् चेतनत्वं प्रकटयन्ति ।
६. इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रभेदप्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे मन्त्रार्थचैतन्यविन्यासो नाम त्रिपञ्चाशत्तमः पटलः ।

अथ त्रिपञ्चाशत्तमः पटलः

श्रीआनन्दभैरवी[1] उवाच

आनन्दसागराम्भोजमध्यस्थ परमप्रिय ।
इदानीं कालजालादिवारणं शृणु भैरव ॥ १ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे आनन्द सागर के मध्य में विकसित कमल में निवास करने वाले ! हे परमप्रिय प्रभो! हे भैरव ! अब जिससे कालजालादि का वारण हो जाता है उसे आप सुनिए ॥ १ ॥

सम्पूर्य सञ्चयाच्छन्नं वायुं स्वाभाविकीगतिम्[2]
कुम्भयित्वा स्वभावेन चिरकालं सुखी भवेत् ॥ २ ॥
शनैः शनैः रेचयित्वा सर्वदा तद्गतो भवेत् ।
कालजालवशो[3] याति तत्क्षणान्नात्र संशयः ॥ ३ ॥

सञ्चय किए गए आच्छन्न वायु की स्वाभाविक गति को स्वभावानुसार चिरकाल पर्यन्त रोककर कुम्भक प्राणायाम करने से साधक सुखी हो जाता है । फिर उसे धीरे धीरे निकालते हुए रेचन प्राणायाम कर उसी में समाहित हो जावे, तो काल जाल तत्क्षण उसके वश में हो जाता है, इसमें संशय नहीं ॥ २-३ ॥

विना [4]वाय्वाकुञ्चनेन न सिध्यति च को जनः।
वायुचालनमात्रेण सूक्ष्ममार्गोद्गमेन च ॥ ४ ॥
सिध्यत्येव महायोगी कालजालवशोऽपि[5] च ।
कालवशं न करोति मोहादतिसुखायते[6] ॥ ५ ॥
कालभक्षो भवेत् सोऽपि म्रियते नात्र संशयः ।
मणिपुरे मनो दत्त्वा साधयेद् देवताः[7] सदा ॥ ६ ॥

---

१. आनन्दभैरवी उवाच—ख० । २. पतिम्—ख० ।
३. कालजोलवसं—ख० ।
४. कुम्भकयोगेन को हि सिध्यति भूतले—ख० ।—'विना वाय्याकुञ्चेन न सिध्यति च को जनः' इति मूलपाठे वायोराकुञ्चनं निरोधः संकोच इति यावत् । एवं च कुम्भकयोग एव पर्यवसानं भवति ।
५. भवेदिति—ख० । ६. सुखोदयात्—ख० ।
७. देवताम्—ख० ।

वायु के आकुञ्चन के बिना कोई भी साधक सिद्धि नहीं प्राप्त करता । किं बहुना सूक्ष्ममार्ग से वायु को ऊपर उठाकर उसके सञ्चालन से भी सिद्धि प्राप्त होती है । ऐसा करने से महायोगी सिद्ध तो हो ही जाता है, काल जाल भी उसके वश में हो जाता है । किन्तु जो काल जाल को वश में करने का उपाय नहीं करता और मोह में फँस कर ही जो अपने को सुखी मानता है वह अवश्य ही कालकवलित हो जाता है तथा मृत्यु प्राप्त करता है इसमें संशय नहीं । अतः मणिपूर चक्र में अपना मन समाहित कर सदैव देवता की सिद्धि करनी चाहिए ॥ ४-६ ॥

स्तोत्रं ध्यानं नाम गुणं पठित्वा च पुनः पुनः ।
मनोयोगञ्च सर्वत्र वायुना कारयेद् बुधः ॥ ७ ॥
कुम्भयित्वा [1]धारयित्वा रेचयित्वा पुनः पुनः ।
सर्वकालवशं नीत्वा जितात्मा चामरो भवेत् ॥ ८ ॥

बुद्धिमान् साधक देवता के स्तोत्र, ध्यान, नाम तथा गुणों का बारम्बार पाठ करे और सर्वत्र वायु (संयमन) योगके द्वारा उसीमें अपना मन समाहित करे। वायु को बारम्बार कुम्भक करे, धारण (पूरक) करे और धीरे धीरे उसका रेचन करे (बाहर निकाले) । ऐसा करने से समस्त काल को अपने वश में कर साधक जितेन्द्रिय तथा अमर हो जाता है ॥ ७-८ ॥

लोभमोहौ वर्जयित्वा कामक्रोधादिपातकम् ।
सर्वदा वायुपानञ्च कृत्वा रहसि [2]संवशी ॥ ९ ॥
नित्यं वायुसाधनानि षट्चक्रभेदनाय च ।
शनैः शनैर्धारयेद्वै[3] चिरजीवित्वसाधनात् ॥ १० ॥

अपने इन्द्रियों को सभी प्रकार से वश में करने वाला साधक लोभ, मोह, काम तथा क्रोधादि पातकों का त्याग करे । सर्वदा एकान्त में स्थित रह कर वायु पान करे । इस प्रकार के वायु का साधन षट्चक्र के भेदन के लिए नित्य करना चाहिए । अतः चिरञ्जीवि साधन के लिए साधक धीरे धीरे वायु को धारण करे ॥ ९-१० ॥

यदि न चिरजीवी स्यात् कालात्मा वायुसेवकः ।
षट्चक्रभावसिद्ध्यन्ते ज्ञानी मृत्युवशो भवेत् ॥ ११ ॥
अतः कुर्याच्छिवज्ञानं वायुसंसिद्धकारणम् ।
तत्क्रियासाधनार्थाय [4]आदौ पञ्चामराविधिम् ॥ १२ ॥

यदि इस प्रकार वायु का सेवन करने वाला कालात्मा साधक चिरञ्जीवी नहीं हुआ तो भी उसे षट्चक्र भेदन की सिद्धि हो ही जाती है और वह उसका ज्ञान रखते हुए मृत्यु के वश में हो जाता है । अतः सर्वप्रथम शिव का ज्ञान अवश्य करे, जिसमें वायु की संसिद्धि कारण है । उस वायु की संसिद्धि के लिए पञ्चामरा योग का विधान कहा गया है ॥ ११-१२ ॥

---

१. सदायोगी—ख० । २. सद्वशी—ख० ।
३. रेचयेद्वै—ख० । ४. चादौ—ख० ।

कुर्यात् साधकमुख्यश्च निजकायप्रसाधनात् ।
नेतीयोगं तदा कुर्याद् यथा भवति संवशी ॥ १३ ॥
धौतीयोगं तदा कुर्याद् यथा भवति संवशी[१] ।
नेउलीयोगमाकुर्याद्[२] यत्र लोको न विद्यते ॥ १४ ॥
दन्तीयोगं[३] तदा कुर्याद् यदा मुख्यक्रियावतः ।
तदा क्षणेन यः कुर्याद्[४] यदा तृष्णाविवर्जितः ॥ १५ ॥
तृष्णानाशो[५] भवेन्मोक्ष इति मे योगनिर्णयः ।
विशेषेण प्रवक्ष्येऽहं शृणु कैलासपावन ॥ १६ ॥

१. मुख्य साधक कायसिद्धि से पूर्व 'नेतीयोग' अवश्य करे जिससे इन्द्रियाँ वश मे हो जावें । २. साधक इन्द्रियों को वश में करने के लिए 'धौती योग' भी करे । ३. फिर जहाँ कोई भी न हो ऐसे एकान्त स्थल में 'नेउली योग' करे । ४. इस प्रकार मुख्य क्रिया करने के बाद 'दन्ती योग' भी करे । साधक जब तृष्णा से रहित हो जावे तभी इन क्रियाओं को करे । क्योंकि हठयोग का ऐसा निर्णय है कि 'तृष्णा के नाश होने पर ही मोक्ष होता है ।' हे कैलास पावन ! अब उन-उन क्रियाओं को विशेष रूप से कहती हूँ । आप उनका श्रवण कीजिए ॥ १३-१६ ॥

एतत्कार्यं पुरा कृत्वा[६] दिवि देवा मुनीश्वराः ।
कायसिद्धिं मुदा कृत्वा छायामायाविवर्जिताः ॥ १७ ॥
सर्वत्र गामिनः सर्वे धर्मशास्त्रार्थपण्डिताः ।
चिरजीविन एवापि [७]सकलश्रीसमन्विताः ॥ १८ ॥

पूर्व काल में देवताओं और मुनियों ने इस कार्य का सम्पादन कर स्वर्ग प्राप्त किया । प्रसन्नतापूर्वक इससे काय (शरीर) सिद्धि प्राप्त कर वे छाया तथा माया दोनों से रहित हो गए । वे सभी सर्वत्र अप्रतिहत गति वाले बन गए तथा धर्मशास्त्रार्थ के पण्डित हो गए और सब प्रकार की श्री से समन्वित हो आज भी चिरञ्जीवी बने हुए है ॥ १७-१८ ॥

तत्तद्भेदान् प्रवक्ष्यामि साधनं[८] कायरक्षणम् ।
यः करोति महादेव कायसाधनमुत्तमम् ॥ १९ ॥
स आयाति ममानन्दसदने नात्र संशयः ।

---

१. संयमी—ख० । २. सदा कुर्यात्—ख० ।
३. दण्डी सदा मुख्यक्रियारतः—ख० । ४. यः कुर्याद् यथा—ख० ।
५. नाशे—ख० ।—अयं पाठो युक्ततरः प्रतिभाति, यतो हि यस्य च भावेन भावलक्षणमिति सूत्रविहितसप्तम्याज्ञापकत्वमर्थः । अतश्च तृष्णानाशज्ञाप्यो मोक्ष इत्यर्थः सम्पन्नः ।
६. पुरस्कृत्वा—ख० । ७. कमलाश्री—ख० ।
८. साधनान् कायरक्षणान्—ख० ।

हे महादेव ! अब उस काय साधन के भेदों को कहती हूँ । प्रथम काय साधन है, उसके बाद उसका संरक्षण । हे महादेव ! जो उत्तम (श्रेष्ठ) कायसाधन की क्रिया करता है, वह मेरे आनन्दमय लोक को प्राप्त करता है, इसमें संशय नहीं है ॥ १९-२० ॥

प्रभाते च समुत्थाय ब्राह्मे कालफलोदये ॥ २० ॥
सहस्रारे गुरोः पादपङ्कजध्यानमाचरेत् ।
विचिन्तयेत्ततः श्रीमान् गुरुरूपां सरस्वतीम् ॥ २१ ॥

प्रभात काल में जो कर्म फल के उदय का काल है साधक उस समय अपनी निद्रा त्याग कर उठ जावे । तदनन्तर सहस्रार चक्र में गुरु के चरण कमलों का ध्यान करे । तदनन्तर गुरु के रूप में सरस्वती का ध्यान करे ॥ २०-२१ ॥

स्वदेवतां परानन्दरसिको योगबुद्धिमान् ।
प्रणम्य शिरसा नित्यं शौचकार्य[1] समाचरेत् ॥ २२ ॥
शौचक्रियाक्रमेणैव सिद्धः शुचिगुणान्वितः ।
प्रगच्छेच्छौचकार्यार्थं घटमानं तु[2] यत्नतः ॥ २३ ॥

फिर योग में बुद्धिमान् परानन्द का रसिक साधक अपने इष्टदेवता को शिर से नित्य प्रणाम कर शौचकार्य करे । शौचक्रिया के क्रम से ही साधक शुचिता के गुण से सम्पन्न होकर सिद्धि प्राप्त करता है । फिर यत्नपूर्वक शौचकार्य की चेष्टा के उपयुक्त सारी सामग्री एकत्रित कर तब शौचकार्य प्रारम्भ करे ॥ २२-२३ ॥

मृत्तिकाप्रस्थमानञ्च नीत्वा शौचं समाचरेत् ।
कुल्कुलं[3] सप्तदशकं वर्चत्यागं पुनः पुनः ॥ २४ ॥
ततस्तर्जन्या[4] चालोड्य वामहस्तस्य शङ्कर ।
गुदरन्ध्रे समायोज्य क्षालनं हि पुनः पुनः ॥ २५ ॥

एक प्रस्थ प्रमाण की मृत्तिका ले कर शौच कार्य इस प्रकार करे । १७ बार कुल्ला (?) कर बारम्बार मलत्याग करे । फिर हे शङ्कर ! बाये हाथ की तर्जनी अंगुली को गुदा के छिद्र में डालकर बारम्बार उसका छालन करे ॥ २४-२५ ॥

यावच्च[5] विससंत्यागं[6] निःशेषेण मलक्षयम् ।
तावन्मृत्पयसा क्षाल्य शोधयेदुदरं सुधीः ॥ २६ ॥
यावन्न जायते सौख्यं तावत्कालं समाचरेत् ।

---

१. शौचं कार्यं समाचरेत्—ख० ।

२. घटमानं जलं नयेत्—ख० ।—घटते यत्तद् घटमानं जलम्, शौचक्रियोपयोगि जलमिति भावः ।

३. कुन्थनं—ख० ।

४. अल्पतैलैः—ख० ।

५. कालं भवेत् वै तु—ख० ।

६. यावत्कालं भवेद् वै तु—इति जीव० पाठः ।

तत उत्थाय विधिना मृत्तिकाशौचमाचरेत् ॥ २७ ॥
येन क्रमेण विष्ठाया गन्धनाशोऽपि जायते ।
पादद्वयं समाक्षाल्य चान्तःशौचं[1] समाश्रयेत् ॥ २८ ॥

जब तक विस (कमलतन्तु Prostrat gland) से संत्यागपूर्वक समस्त मल विनष्ट न हो जाय तब तक मिट्टी और जल से सुधी साधक उदर का क्षालन करता रहे । जब तक प्रसन्नता न हो तब तक इस क्रिया को करते रहना चाहिए । इसके अनन्तर उठ कर विधिपूर्वक मृत्तिका से शौच क्रिया करे । जब तक हाथ में लगे हुए विष्ठा का दुर्गन्ध दूर न हो तब तक मृत्तिका से हाथ को शुद्ध करना चाहिए । इसके बाद दोनों पैर धो कर अन्त में शौच (भीतरी पवित्रता) इस प्रकार करनी चाहिए ॥ २६-२८ ॥

तत्क्रियासफलं[2] वक्ष्ये शृणु योगेश्वर प्रभो ।
सूक्ष्मवस्त्रसमुद्भूतं डोरकं सूक्ष्मरन्ध्रके[3] ॥ २९ ॥
नासिकाया[4] दृढतरं कोमलं चातिनिर्मलम् ।
शनैः शनैर्नियोज्याथ जिह्वामूले निवेशयेत् ॥ ३० ॥
जिह्वामूलात् सदादाय[5] वारं द्वादशकं सुधीः ।
मन्दमन्दाघर्षणं तु कृत्वा भेदं[6] समानयेत् ॥ ३१ ॥

हे प्रभो ! अन्तः शौच की सारी विधि फल के सहित कहती हूँ, हे योगेश्वर ! उसे सुनिए । अत्यन्त पतले वस्त्र का डोरा जो अत्यन्त मजबूत हो तथा बहुत कोमल भी हो, साथ ही साथ स्वच्छ भी हो उसे अपनी नासिका के सूक्ष्म बिल में डालकर धीरे धीरे जिह्वा के मूल तक डाले । फिर जब वह डोरा जिह्वामूल तक पहुँच जाय तो उसे लेकर सुधी साधक १२ बार धीरे-धीरे घर्षण करे और ऐसा करते हुए उसमें रहने वाले समस्त भेद बाहर निकाल देवे ॥ २९-३१ ॥

मायात्रयेण बीजेन देवीबीजत्रयेण च ।
रमाबीजत्रयेणापि योगिन्यै नम इत्यपि ॥ ३२ ॥
एतन्मन्त्रेण योगीन्द्रो नेतीयोगं समाचरेत् ।
शिरःस्थाङ्गं[7] समाकृत्य कण्ठशोधनमाचरेत् ॥ ३३ ॥

इसके बाद तीन माया बीज (ह्रीं ह्रीं ह्रीं) तीन देवी बीज (क्ली क्लीं क्लीं) तीन श्री बीज (श्रीं श्रीं श्रीं), इसके बाद 'योगिन्यै नमः' इस मन्त्र को पढ़ते हुए योगीन्द्र साधक नेती योग प्रारम्भ करे । प्रथम शिर में रहने वाले अङ्ग को ठीक तरह से सीधा रखकर साधक कण्ठ का शोधन करे ॥ ३२-३३ ॥

---

१. समाचरेत्—ख० । २. सकलम्—ख० ।
३. वस्त्रके—ख० । ४. नासिकायाम्—ख० ।
५. समादाय—ख० । ६. समाचरेत्—ख० ।
७. शिरः शुद्धि ...... करशोधन .... ख० ।

ततो वक्षःशोधनं तु ततो नाभेश्च शोधनम् ।
क्रमेण कुर्यात् कायार्थे[१] तत्प्रकारं शृणु प्रभो ॥ ३४ ॥

इसके बाद वक्षःस्थल का फिर नाभी का शोधन करे । काय की शुद्धि के लिए यह क्रिया क्रमशः करे । हे प्रभो ! अब उसका प्रकार कहती हूँ, श्रवण कीजिए ॥ ३४ ॥

धौतीक्रियां समाकुर्यात् तप्तोदकनिसेवनम् ।
शुक्लवस्त्रं सूक्ष्मसूत्रं [२]चाष्टाङ्गुलप्रमाणकम् ॥ ३५ ॥
द्वात्रिंशद्धस्तमानं तु[३] पूर्णसंख्या उदीरिता ।
मन्त्री प्रथमतः कुर्यात् चतुरङ्गुलवस्त्रकम् ॥ ३६ ॥
दीर्घे पञ्चहस्तमानं तप्तोदकसमन्वितम् ।
भक्षयेत् शेषजिह्वाग्रे संस्थाप्य वसनं सुखम् ॥ ३७ ॥

धौती क्रिया में गर्म जल का प्रयोग करना चाहिए । अत्यन्त पतला एवं स्वच्छ वस्त्र आठ अंगुल मान वाला (चौड़ा) तथा ३२ हाथ का लम्बा धौती का पूर्ण प्रमाण कहा गया है । मन्त्रज्ञ साधक प्रथम ४ अंगुल चौड़ा तथा ५ हाथ लम्बा सूक्ष्म एवं स्वच्छ वस्त्र गर्म जल में डुबोकर जिह्वा के अग्रभाग में स्थापित करे और सुखपूर्वक उस वस्त्र को धीरे धीरे भक्षण करे ॥ ३५-३७ ॥

तर्जनीमध्यमाङ्गुष्ठमुद्राभिर्भक्षयेत् सुधीः ।
क्रमेण वर्धयेन्नित्यं दीर्घे च प्रसवे तथा ॥ ३८ ॥

विद्वान् साधक को वस्त्र में तर्जनी एवं मध्यमा तथा अंगूठे की एकत्र मुद्रा लगाकर भक्षण क्रिया शनैः शनैः करनी चाहिए और क्रमशः वह भक्षण क्रिया नित्य बढ़ाते रहना चाहिए । उस वस्त्र को निकालने में भी देरी से (धीरे-धीरे) निकाले ॥ ३८ ॥

एतन्मन्त्रेण[४] देवेश पूर्वोक्तमनुना तथा ।
सर्वत्र पूर्वबीजेन[५] संशोध्य बीजमुच्चरेत् ॥ ३९ ॥

हे देवेश ! अधोलिखित मन्त्र तथा पूर्वोक्त मन्त्र (द्र० ५३. ३२) द्वारा भक्षण क्रिया करे । सर्वत्र पूर्व बीज (द्र० ५३. ३२) से वस्त्र का संशोधन कर फिर इस प्रकार बीज मन्त्र का उच्चारण करे ॥ ३९ ॥

शक्तिबीजत्रयं पश्चात् कामबीजत्रयं तथा ।
लक्ष्मीबीजत्रयं पश्चान्महाधौतनिवासिनी ॥ ४० ॥

---

१. 'कार्यार्धे—ख० ।—नेतीयोगो नासिकारन्ध्रेण वस्त्रादिक्रियया कण्ठस्य वक्षसः नाभेश्च मलशोधनं भवति । मलच्छन्नानि इमानि स्थानानि यदि स्युस्तदा योगक्रियायां बाधा भवति ।

२. चाष्टाङ्गुलि—ख० ।

३. तन्तुमानन्तु—ख० ।

४. एतन्मन्त्रेणेति श्लोकार्धः ख० नास्ति ।

५. मन्त्रेण—ख० ।

मेवाडीमलमन्त्रे[1] तु क्षालयद्वयमेव च ।
भार्या वहेत्ततः पश्चादुदरे सन्निवेशयेत्[2] ॥ ४१ ॥

तीन शक्ति बीज (ह्रीं ह्रीं ह्रीं), फिर तीन काम बीज (क्लीं क्लीं क्लीं), इसके बाद तीन बार लक्ष्मी बीज (श्रीं श्रीं श्रीं), इसके बाद 'महाधौतनिवासिनी', फिर 'मेवाड़ीमलमन्त्रे' फिर दो बार क्षालय (क्षालय क्षालय), फिर वह्नि भार्या (स्वाहा) इतना कह कर पेट में उस वस्त्र को धीरे-धीरे सन्निविष्ट करे ॥ ४०-४१ ॥

शनैर्निवेशमाकृत्य यावत् सर्वः[3] प्रजायते ।
एतद्योगप्रसादेन[4] वायवी सुकृपा भवेत् ॥ ४२ ॥

इस प्रकार धीरे धीरे उस वस्त्र को निगलते हुए पेट में ले जावे, यह क्रिया तब तक करें जब तक सारा वस्त्र पेट में न पहुँच जावे । जब यह धौती क्रिया का योग पूर्ण हो जाता है तब वायु की कृपा होती है ॥ ४२ ॥

ततः कुर्यात् साधकेन्द्रो विग्रहक्षेमकारणात् ।
नेउलीपरमं योगं[5] गात्रदृढनिबन्धनम् ॥ ४३ ॥
घूर्णायमानमाकुर्यादुदरं[6] परमेश्वर ।
सर्वदा चालनं कुर्यात् प्राणवायुप्रधारणम् ॥ ४४ ॥
वामे घूर्णितमाकृत्य दक्षिणे घूर्णितं चरेत् ।
एवं क्रमेण देवेश[7] पुटपाकं समाचरेत् ॥ ४५ ॥

इसके बाद साधकेन्द्र शरीर के क्षेम के लिए नेउली नाम वाला परम योग करे । जिससे शरीर में दृढ़ता निबद्ध होती है । हे परमेश्वर ! इस नेउली क्रिया में पेट को घुमाते रहना चाहिए और सर्वदा वायु का सञ्चालन करते रहना चाहिए जिससे पेट वायु धारण करने में समर्थ हो जावे । पेट को बायीं ओर से घुमाना प्रारम्भ कर दाहिनी ओर घुमाना चाहिए । हे देवेश ! इसी क्रम से दाहिनी ओर से बायीं ओर भी पेट को घुमाना चाहिए । जिससे पेट वायु धारण के लिए परिपक्व हो जावे ॥ ४३-४५ ॥

एतन्मन्त्रेण देवेश[8] शुभासने हठो भवेत् ।
ब्रह्मबीजत्रयं पश्चात् कालीबीजत्रयं ततः ॥ ४६ ॥
देवीप्रणवयुग्मं तु गात्रस्थायै नमो द्विठः ।
तदन्ते नाडिकादीनां क्षालनं परमाद्भुतम् ॥ ४७ ॥

---

१. मलमन्त्रे—ख० । २. बम्धे—ख० ।
३. सर्व—ख० । ४. एतदिति श्लोकार्ध ख० पुस्तके नास्ति ।
५. गात्रस्य दृढबन्धनम्—ख ।—गात्रस्य शरीरस्य तदङ्गस्य च दृढं बन्धनमिति यावत् ।
६. मान मा—ख० । ७. सदाचरेत्—ख०, पेटपाक—क० ।
८. शुभासन—ख० ।

हे देवेश ! इस मन्त्र से शुभासन पर दृढ़ता आती है, तीन बार ब्रह्मबीज (ॐ ॐ ॐ) इसके बाद तीन बार काली बीज (क्रीं क्रीं क्रीं), इसके बाद देवी प्रणव (ह्रीं ह्रीं ह्रीं), फिर 'गात्रस्थायै स्वाहा' ऐसा करने से नाड़ियों का क्षालन हो जाता है । यह अपने में एक परमाश्चर्य है ॥ ४६-४७ ॥

वक्षःस्थानं[१] महादेव दन्तीयोगेन कारयेत् ।
गजमानं दन्तकाष्ठं निर्मलं सुन्दरं मतम्[२] ॥ ४८ ॥

हे महादेव ! इसके बाद दन्तीयोग के द्वारा वक्षः स्थान की शुद्धि करनी चाहिए । इसके लिए गज मान (८ हाथ) का निर्मल दन्तकाष्ठ सुन्दर कहा गया है ॥ ४८ ॥

दन्तकाष्ठं [३]क्षालयेद्वै मनुना साधकाग्रणीः ।
मायाबीजत्रयं[४] पश्चाद् भैरवीबीजकत्रयम् ॥ ४९ ॥
मर्दिनीबीजयुगलं दन्तकाष्ठनिवासिनी ।
मे हृद्ग्रन्थिं छेदय इति युगलं वह्निसुन्दरी ॥ ५० ॥

श्रेष्ठ साधक उस दन्त काष्ठ का इस मन्त्र से क्षालन करे । तीन मायाबीज (ह्रीं ह्रीं ह्रीं) इसके बाद तीन भैरवी बीज (?) इसके बाद मर्दिनी (दुर्गा) बीज दो बार (दुँ) फिर 'दन्तकाष्ठनिवासिनी मे हृद्ग्रन्थि छेदय छेदय' फिर वह्नि सुन्दरी (स्वाहा) यह मन्त्र है ॥ ४९-५० ॥

विमर्श—मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—ह्रीं ह्रीं ह्रीं ... ... दुँ दुँ दन्तकाष्ठ-निवासिनी मे हृद्ग्रन्थिं छेदय छेदय स्वाहा ॥ ४९-५० ॥

क्रमेण विधिनानेन गलरन्ध्रे निवेशयेत् ।
यावन्नाभेरधो याति यावत् [५]सुखमयानि च ॥ ५१ ॥
तावद्दन्तीयोगकार्यं प्रभाते सर्वकार्यकम् ।
एतदन्ते ततः कुर्यान्नाडीक्षालनमेव च[६] ॥ ५२ ॥

इतना मन्त्र पढ़कर उस कोमल दन्तकाष्ठ को गले के बिल में डाले यह क्रिया तब तक करे जब तक वह नाभि के नीचे न चला जाय, जब तक दोष की शान्ति नहीं होती और प्रसन्नता नहीं होती तब तक दन्ती योग करते रहना चाहिए । यह क्रिया प्रातःकाल में करना उचित है इतना कर लेने के बाद नाडी क्षालन करना चाहिए ॥ ५१-५२ ॥

तन्मन्त्रं शृणु वीरेन्द्र चामरत्वप्रदायकम् ।
आदौ प्रणवमुद्धृत्य दीर्घप्रणवयुग्मकम् ॥ ५३ ॥

---

१. स्थाने महाकाल—ख० । २. नतम्—क० ।
३. कारयेत्—ख० । ४. श्यामाबीजत्रयं—ख० ।
५. सुखमयो न च ख० ।
६. दन्तीयोगक्रियां कृत्वा नाडीचालनं कर्तव्यम्, तेन नाडीशोधनं भवति ।

भुवनेशीबीजयुग्मं चन्द्रबीजत्रयं ततः ।
कृष्णबीजत्रयं पश्चादर्कबीजत्रयं ततः ॥ ५४ ॥
वाग्भवत्रयमुद्धृत्य[१] वह्निबीजत्रयं ततः ।
श्रीबीजं मन्मथं लक्ष्मीं शीतले तदनन्तरम् ॥ ५५ ॥
स्वोदरं[२] नाडिकामूलं मलक्षालययुग्मकम् ।
स्वाहान्तमनुना नित्यं क्षालयेन्नाडिकाधमाः ॥ ५६ ॥

हे वीरेश्वर ! अमरत्व प्रदान करने वाले नाड़ी क्षालन के मन्त्र को सुनिए । सर्वप्रथम प्रणव (ॐ), फिर दो बार दीर्घ प्रणव (औम् औम् ?) फिर भुवनेश्वरी बीज (ह्रीं ह्रीं) दो बार फिर चन्द्रबीज तीन बार (?), इसके बाद तीन बार कृष्णबीज (क्लीं क्लीं क्लीं), फिर तीन बार सूर्य बीज (?), इसके बाद तीन बार वाग्भव बीज (ऐं), फिर तीन बार अग्निबीज (रम्), इसके बाद श्रीबीज (श्रीं), फिर 'मन्मथं लक्ष्मीं शीतले', फिर 'स्वोदरं नाडिका मूलं' फिर 'मलक्षालय' को दो बार, इसके बाद 'स्वाहा' इस मन्त्र से नीचे की समस्त नाडियों का क्षालन करे ॥ ५३-५६ ॥

यावत्तृष्णानाशकः स्यात्तावत्कालं समाचरेत् ।
यावदुद्गमशक्तित्वं[३] त्रिदण्डावधि धारणा ॥ ५७ ॥
तावन्न जायते नाथ क्षालनं सुखसाधनम् ।
यदि भाग्यवशादेव त्रिदण्डवायुकुम्भकम् ॥ ५८ ॥
स्वयमेव समायाति नाडिकाक्षालनं शुभम् ।
यावत्सूक्ष्मानिलालापं[४] मधुपानं निरन्तरम् ॥ ५९ ॥

जब तक इस क्रिया से प्यास अथवा वैषयिक तृष्णा का विनाश न हो तब तक नाडी क्षालन की क्रिया करते रहना चाहिए । हे नाथ ! जब तक शरीर के ऊपर उठने की शक्ति न हो और तीन दण्ड पर्यन्त धारणा शक्ति न हो तब तक नाडियों के प्रक्षालन से सुख प्राप्ति नहीं होती । यदि भाग्यवश तीन दण्ड पर्यन्त वायु का कुम्भक स्वयं हो जाता है तो समझ लेना चाहिए कि नाडीं का प्रक्षालन सिद्ध हो गया । जब तक सूक्ष्म वायु का शब्द होता रहे तब तक निरन्तर मधु (दूध या शहद) का पान करते रहना चाहिए ॥ ५७-५९ ॥

पादाम्भोजनिःसृतं तु परमानन्दवर्धनम् ।
तत्सुखेनापरिच्छिन्नं [५] संज्ञाननिर्मलेन च ॥ ६० ॥
चिदानन्दस्वरूपेण [६] आनन्दाश्रुविमोचनम् ।
तदा हि [७] हृदयग्रन्थिभेदनं देहवर्धनम् ॥ ६१ ॥

---

१. वाग्भवेति श्लोकार्ध—ख० पुस्तके नास्ति । २. शोधयन् नाडिकामूलं—ख० ।
३. उद्गमशक्तिर्न—ख० । ४. मलालापं—ख० ।
५. सज्ञान—ख० । ६. स्वानन्दाश्रुविलोचनम्—ख० ।
७. हृदये ग्रन्थिछेदनं—ख० ।—हृदयस्य ग्रन्थानां भेदनम्, हृदये या ग्रन्थयस्तासां भेदनम्। अयमेव भेदो द्वयोः पाठयोः ।

भगवान् के चरण कमल से निःसृत गङ्गा जल का पान तो अत्यन्त आनन्द बढ़ाने वाला है । उस चिदानन्दस्वरूप, निर्मल ज्ञान से इतने आनन्द की वृद्धि होती है कि आनन्दातिरेक से अश्रु निकलने लगते हैं, जिसका सुख अपरिच्छेद्य (न अमाने वाला) है । जब ऐसा आनन्द होने लगे तो समझना चाहिए कि शरीर की वृद्धि करने वाली हृदय ग्रन्थि का भेदन हो गया ॥ ६०-६१ ॥

तदा हि पुलकं स्थैर्यं देहावेशस्थिरं तथा ।
तदा षट्कञ्ज[1] सिद्धान्तज्ञानं चैतन्यनिर्मलम् ॥ ६२ ॥
चिदानन्दमयो भूत्वा [2]तृष्णाज्ञानविवर्जितः ।
जीवन्मुक्तः परानन्दरसिकः [3]प्रणयप्रियः ॥ ६३ ॥

हृदयग्रन्थि भेदन हो जाने पर शरीर में रोमाञ्च हो जाता है, मन स्थिर हो जाता है, किं बहुना देह में किसी प्रकार का आवेश (कम्पनादि) नहीं होता, उस समय चेतना को निर्मल बनाने वाले षट्चक्र कमल के सिद्धान्त का ज्ञान अपने आप उत्पन्न हो जाता है । ऐसा साधक चिदानन्दमय होकर तृष्णा तथा अज्ञान से रहित हो जाता है और जीवन्मुक्त परमानन्दरसिक तथा सबके प्रेम का पात्र हो जाता है ॥ ६२-६३ ॥

स्थिरचेता महायोगी भवत्येव न संशयः ।
आस्तिको[4] देवभक्तश्च निन्दावादविवर्जितः ॥ ६४ ॥
स एवात्मा महाज्ञानी भवत्येव न संशयः ।
पञ्चयोगं समाकृत्य नित्यादिकमनुत्तमम् ॥ ६५ ॥

यही सर्वश्रेष्ठ पञ्चयोग है । इन क्रियाओं को सिद्ध करने वाला साधक स्थिरचित्त, महायोगी, आस्तिक, देवभक्त, किसी की निन्दा न करने वाला, आत्मज्ञ और महाज्ञानी हो जाता है, इसमें संशय नहीं ॥ ६४-६५ ॥

स्नानं कुर्याद्विधानेन तीर्थराजनिकेतने ।
इडा गङ्गाजले वापि पिङ्गला यमुनाजले ॥ ६६ ॥
सुषुम्नायां सरस्वत्यां [5]वसुपुष्करकोटिषु ।
तथापि बाह्यस्नाने तु सर्वाङ्गमस्तकं विना ॥ ६७ ॥
सप्तवारं समासिञ्चेत्[6] मस्तकं बाह्यवारिणा ।
मार्जनेनापि मनुना मूलमन्त्रेण वा पुनः ॥ ६८ ॥

साधक को चाहिए कि वह तीर्थराज प्रयाग में विधिपूर्वक स्नान करे । अथवा इडारूप गङ्गाजल में, पिङ्गलारूप यमुना जल में, सरस्वती रूप सुषुम्ना में, जो करोड़ों पुष्कर के समान है उस अभ्यन्तर तीर्थ में स्नान करे । यदि वाह्य तीर्थराज में स्नान करता है तो सर्वांग मस्तक

---

१. षट्कज—क० । २. कृष्णाज्ञान—ख० ।
३. प्रलयप्रियः—क० । ४. देवदत्तश्च—ख० ।
५. द्युषु—ख० । ६. समासिञ्च—क० ।

सहित स्नान करे । किन्तु उसके बिना आभ्यन्तर स्नान में मार्जन के मन्त्र से अथवा मूलमन्त्र से बाहरी जल द्वारा सात बार मस्तक का आसिञ्चन करना चाहिए ॥ ६६-६८ ॥

ततोऽङ्गं मार्जयित्वा च सन्ध्यावन्दनमाचरेत् ।
बाह्यसन्ध्यां तु [१] मन्त्रेणैवान्तरे प्रकृतीश्वरम् ॥ ६९ ॥
ऊर्ध्वाधस्तैजसं बिन्दुं नादमण्डलसम्पुटम् ।
सन्ध्यावन्दनमाकृत्य [२] महौषधिं [३] प्रभक्षयेत् ॥ ७० ॥

साधक को अङ्गों के मार्जन के पश्चात् सन्ध्यावन्दन का कार्य करना चाहिए । बाह्य सन्ध्या मन्त्र से करे । अन्तर सन्ध्या में ऊपर से लेकर नीचे तक तैजस बिन्दु स्वरूप नादमण्डल से सम्पुटित प्रकृति ईश्वर का ध्यान करना चाहिए । इस प्रकार सन्ध्यावन्दन कर लेने के पश्चात् महौषधि भक्षण करे ॥ ६९-७० ॥

मूलमन्त्रेणाभिमन्त्र्य पञ्चगव्यं कुलेश्वर ।
ततः कुर्यान्महापूजां स्वस्वमन्त्रोक्तसाधिताम् ॥ ७१ ॥

हे कुलेश्वर ! सदाशिव पञ्चगव्य को मूल मन्त्र से अभिमन्त्रित करे (यही महौषधि के भक्षण का विधान है ?) इसके बाद अपने अपने मन्त्र से उक्त प्रकार से साधित महापूजा करनी चाहिए ॥ ७१ ॥

षट्चक्रार्थं ततो ध्यायेद् यदुक्तं विधिना प्रभो ।
कुण्डलिन्या [४] महापूजा सहस्रनाममङ्गलम् ॥ ७२ ॥
देवतानां [५] पठेद्धीमान् सर्वकाले सुसिद्धये ।

हे प्रभो ! इसके बाद विधि पूर्वक जैसा कहा है उसी प्रकार से षट्चक्रों में स्थित देवताओं का ध्यान करना चाहिए । धीमान् साधक को भली प्रकार सिद्धि प्राप्त करने के लिए, मङ्गल देने वाले देवता के सहस्र नाम का पाठ कर मूलाधार में स्थित कुण्डलिनी की महापूजा करनी चाहिए ॥ ७१-७२ ॥

मूलाधारं मुदा भित्वा सूक्ष्मवायुद्वयेन च ॥ ७३ ॥
ततो भेदं स्वाधिष्ठानं राकिणीविष्णुसङ्गमम् ।
तयोरनुक्रमं नाथ सहस्रनाममङ्गलम् ॥ ७४ ॥
अन्यन्तगुह्यकथनं सत्त्वभक्तिप्रकारकम् ।
भित्वा भेदं मुदा कुर्यान्मणिपीठस्थदेवयोः ॥ ७५ ॥

---

१. मन्त्रजालैः—ख० ।

२. सन्ध्यावन्दनमाकृत्येत्यनेन शुचित्वं द्योतितम् ।

३. प्रकर्षेण औषधभक्षणविधानेनेत्यर्थः ।

४. कुण्डल्यादिमहापूजां—ख० ।

५. देवतानामित्यतः मङ्गलं पर्यन्तं श्लोकद्वयं ख० पुस्तके नास्ति ।

ध्यानं ज्ञानं स्तवं नित्यं यजनं नामकीर्तनम् ।
चैतन्यं रुद्रलाकिन्यास्तथा मृत्युञ्जयस्य च ॥ ७६ ॥
नित्यं गुरुमयं ध्यात्वा सर्वगामिनमीश्वरम्[1] ।
चिरजीवी महायोगी भवत्येव न संशयः ॥ ७७ ॥

॥ इति[2] श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे भैरवभैरवीसंवादे मणिपूरभेदो नाम त्रिपञ्चाशत्तमः पटलः ॥ ५३ ॥

इसके बाद सूक्ष्म दो वायुओं के द्वारा सरलतापूर्वक मूलाधार का भेदन कर स्वाधिष्ठान चक्र में जहाँ राकिणी एवं विष्णु का सङ्गम है उसका भेदन करे । हे नाथ ! उसका अनुक्रम मङ्गल देने वाला विष्णु तथा राकिणी का सहस्र नाम है । जो सत्त्वभक्ति का प्रकार है उसका कथन अत्यन्त गुह्य है । इस प्रकार उस चक्र का भी भेदन कर मणिपूर में स्थित दोनों देवताओं रुद्र एवं लाकिनी तथा मृत्युञ्जय का ध्यान करे । ज्ञान पूर्वक नित्य उनकी स्तुति करे और उनका यजन करे, नाम कीर्तन करे । ऐसा करने से साधक में (आध्यात्मिक) चेतनता आती है । इस प्रकार गुरु स्वरूप सर्वत्र व्याप्त ईश्वर का नित्य ध्यान करने से साधक चिरञ्जीवी एवं महायोगी हो जाता है इसमें संशय नहीं है ॥ ७३-७७ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्रप्रकरण में भैरवीभैरव संवाद में मणिपूर भेद नामक तिरपनवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ५३ ॥

---

१. गुरुतत्त्वं व्यापकतया सर्वेश्वरसदृशं भवति इति यावत्, तस्य ध्यानेन सकलेष्ट-सिद्धिर्भवति ।

२. इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवभैरवी-संवादे मणिपूरणभेदो नाम चतुःपञ्चाशत्तमः पटलः ।

अथ चतु:पञ्चाशत्तमः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच

परापराविभेदज्ञ निगूढज्ञानसाधनम्[१] ।
इदानीं शृणु सर्वज्ञ पञ्चद्रव्यादिसाधनम् ॥ १ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—हे परा एवं अपरा के भेद को जानने वाले ! हे सर्वज्ञ ! अब पञ्च द्रव्यादि साधन को सुनिए जो अत्यन्त गुप्त ज्ञान का साधन है ॥ १ ॥

पञ्चसिद्धद्रव्यशोधनकथनम्

षट्चक्रपद्मभेदार्थं यत्क्रमाज्जायते क्षणात् ।
अमरश्चामरा[२] चैव सर्वसिद्धिप्रदायिका ॥ २ ॥
ब्रह्मज्ञानसाधनी च ब्रह्मानन्दस्वरूपिणी[३] ।
अमरलता[४] तथा ध्येया दूर्वासंज्ञा प्रतिष्ठिता ॥ ३ ॥

षट्चक्र पद्म के भेदन के लिए जिस क्रम से अमर तथा अमरा समस्त सिद्धियों को देने वाली है, सर्वप्रथम ब्रह्मज्ञान की साधनी ब्रह्मानन्द स्वरूपिणी अमरलता जो दूर्वा नाम से प्रतिष्ठित है, उसका ध्यान करना चाहिए ॥ २-३ ॥

सिद्धामरा च निर्गुण्डी सर्वसिद्धिप्रदायिका[५] ।
नीलामरा ततो ग्राह्या नीलतुलसीसङ्गिता ॥ ४ ॥

सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली 'निर्गुण्डी' सिद्धामरा कही जाती है । इसके बाद नील (काली) तुलसी के नाम से प्रसिद्ध 'नीलामरा' ग्रहण करनी चाहिए ॥ ४ ॥

अमरुः[६] समयापत्रं चामरा विल्वपत्रिका ।
शिवप्रिया सदा पूज्या [७]पूर्वोक्तावासमाश्रयेत् ॥ ५ ॥

इसके बाद अमरू जो समयापत्र (भाग) अमरा नाम से बिल्वपत्रिका ग्रहण करे । ये दोनों ही शिव को अत्यन्त प्रिय हैं । अतः ये पूज्य हैं जिन्हें हमने पूर्व में कह दिया है उनको ग्रहण करना चाहिए ॥ ५ ॥

---

१. साधन—क० । २. "अमरश्चामरश्चैव......प्रदायकः"—ख० ।
३. ब्रह्मज्ञानप्रकाशिनी—ख० । ४. अमलता—ख० ।
५. सर्वसिद्धिप्रदायिनी—ख० । ६. अमरा—ख० ।
७. पूर्वोक्ताम्—ख० ।

एतद्भक्षणमन्त्राणि शृणु कैलासभूपते ।
ब्राह्मणी [१] क्षत्रिया वैश्या शूद्रा [२] चक्रमतो जया ॥ ६ ॥
तत्तन्मन्त्रेण संशोध्य भक्षयेन्मनुनामुना ।
सर्वासाम [३] मरादीनां [४] भक्षणे समुदीरिता ॥ ७ ॥

हे कैलासभूपते ! अब इनके भक्षण मन्त्रों को सुनिए । यह विजया ब्राह्मणी, क्षत्रिया, वैश्या तथा शूद्रा के भेद से चार प्रकार की कही गई है । उन-उन मन्त्रों से शोधन कर उन-उन मन्त्रों से सभी प्रकार के विजया का भक्षण करे । ऐसे उनके भक्षण के मन्त्र पहले कह आए हैं ॥ ७-६ ॥

प्रणवं दीर्घप्रणवं कपिले ज्ञानसाधनि ।
मम [५] योगं साधयेति युगं स्वरेण सम्पुटम् ॥ ८ ॥
शाखासमूहसम्पूर्णे [६] महौषधिनिवासिनि ।
मामेकममरं [७] देहि कुरु युग्मं ततो द्विठः ॥ ९ ॥
अमराशनमन्त्राणि शृणुष्व पार्वतीश्वर ।
यस्य स्मरणमात्रेण नरो नारायणो भवेत् ॥ १० ॥

विजयाभक्षण मन्त्र—प्रणव, फिर दीर्घप्रणव, फिर 'कपिले ज्ञानसाधनि मम योगं साधय' (साधय को दो बार), इस स्वर से सम्पुटित 'शाखा समूहसम्पूर्णे महौषधिनिवासिनी मामेक ममरं देहि' के पश्चात् 'कुरु' दो बार, इसके बाद 'स्वाहा', इसके बाद हे पार्वतीश्वर ! अमर (बिल्वपत्र) के भक्षण का मन्त्र सुनिए जिसके स्मरण मात्र से नर नाराण हो जाता है ॥ ७-१० ॥

विमर्श—विजयाभक्षणमन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—ॐ औम् कपिले ज्ञानसाधनि मम योगं साधय साधय शाखा समूह सम्पूर्णे महौषधिनिवासिनी मामेकममरं देहि देहि कुरु कुरु स्वाहा ॥ ७-१० ॥

शिववद् विहरेल्लोके बिल्वपत्रस्य भक्षणात् ।
श्रीबीजत्रयमुद्धृत्य वाग्देवीत्रितयं ततः ॥ ११ ॥
लक्ष्मीकामेश्वरीबीजं [८] रमाकामत्रयं त्रयम् ।
सिद्धविश्वेशि [९] परमे निगूढतरुवासिनि ॥ १२ ॥
मामेकं ज्ञानतत्त्वेऽन्ते [१०] नियोजय युगं द्विठः ।

---

१. ब्रह्माणि—क० । २. क्रमशा—ख० ।
३. सर्वासां पूर्वोक्तानामोषधीनामित्यर्थः ।
४. अमरा देवा आदयो येषां तेषाम् । अनुक्ते कर्तरि कृद्योगे षष्ठी ।
५. यमयोगम्—ख० । ६. प्रशाखा—ख० ।
७. देव—ख० । ८. बीज—क० ।
९. विल्वेशि—क० । १०. तु—ख० ।

एतन्मन्त्रेण वीरेन्द्रो विधितत्त्वाख्यमुद्रया ॥ १३ ॥
शोधयित्वा पुनर्नाथ चामरां[१] शोधयेत्तत: ।

बिल्वपत्र के भक्षण से साधक शिव के समान लोक में विचरण करता है । इसके भक्षण का प्रकार यह है—तीन बार श्री बीज (श्रीं श्रीं श्रीं), वाग्देवता बीज तीन बार (ऐं ऐं ऐं), लक्ष्मी एवं कामेश्वरी बीज तथा रमा एवं काम बीज तीन तीन बार, फिर 'सिद्धविश्वेशि परमे निगूढतरुवासिनि मामेकं ज्ञानतत्त्वे', फिर 'नियोजय' को दो बार, इसके बाद 'स्वाहा', इस मन्त्र से विधितत्त्व नामक मुद्रा प्रदर्शित करते हुए शुद्ध किए गए बिल्वपत्र को हे नाथ ! संशुद्ध कर भक्षण करे ॥ १०-१४ ॥

विमर्श—मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—श्रीं श्रीं श्रीं ऐं ऐं ऐं .. .. .. सिद्धविश्वेशि परमे निगूढतरुवासिनिमामेकं ज्ञानतत्त्वे नियोजय नियोजय स्वाहा ।

दूर्वा[२] देवी त्रिभुवने अमृतत्त्वप्रदायिनि ॥ १४ ॥
ग्रन्थिच्छेदभेदवारी प्रणवाद्ये परे रमा[३] ।
ततो हि विष्णुबीजञ्च किङ्किणी[४] बीजमुद्धरेत् ॥ १५ ॥
राजराजेश्वरीबीजं श्रीबीजं त्रीणि तत्परम्[५] ।
सुधाखण्डे मामिहान्ते सिद्धामरपदं लिखेत् ॥ १६ ॥
देहि देहि नम: स्वाहाशब्दमुच्चार्य शोधयेत् ।
एतद्भक्षणमात्रेण[६] चिरकालं सुखी भवेत् ॥ १७ ॥

इसके बाद दूर्वाभक्षण मन्त्र का प्रकार कहते हैं । 'दूर्वा देवी त्रिभुवने अमृतत्वप्रदायिनी ग्रन्थिच्छेदभेदवारी प्रणवाद्ये परे रमा', इसके बाद विष्णु बीज, फिर किङ्किणी बीज का उच्चारण करे । इसके बाद राजराजेश्वरी (त्रिपुरा) बीज, फिर तीन बार श्री बीज, फिर 'सुधाखण्डे मामिह सिद्धामर पदं देहि देहि नम: स्वाहा' इस मन्त्र को उच्चारण कर शोधन कर भक्षण करे । इसके भक्षण मात्र से साधक चिरकाल पर्यन्त सुखी रहता है ॥ १४-१७ ॥

विमर्श—दूर्वाभक्षण मन्त्र इस प्रकार है—दूर्वा देवी त्रिभुवने अमृतत्वप्रदायिनी । ग्रन्थिच्छेदभेदवारी प्रणवाद्ये परे रमा .. .. श्रीं श्रीं श्रीं सुधाखण्डे मामिह सिद्धामरपदं देहि देहि नम: स्वाहा ।

सर्वसंयोगमात्रेण सिद्धो भवति साधक: ।
सिद्धामराशोधनं तु शृणु श्रीचन्द्रशेखर ॥ १८ ॥

साधक सभी (अमरा) को संयुक्त करने मात्र से सिद्ध हो जाता है । हे चन्द्रशेखर ! अब सिद्धामरा (निर्गुण्डी) के शोधन का प्रकार सुनिए ॥ १८ ॥

---

१. चामरतां तु शोधयेत्—ख० ।
२. पूर्वा—ख० ।—दूर्वा देवी अमृतं प्रददाति, दूर्वाया अशनेन दूर्वाशाऋषिर्महानभवत् ।
३. पुरेव सा—ख० ।
४. किं किं बीजं समुद्धरेत्—क० ।
५. निवैरिसम्—क० ।
६. स्मरणमात्रेण—ख० ।

सिद्धामरा च निर्गुण्डी त्रिषु लोकेषु गोपिता ।
एतत्प्रधानं मूलञ्च पत्रं वा [1] चालयेत् सुधीः ॥ १९ ॥
मूलाभावे दलं [2] ग्राह्यं दलाभावे न मूलकम् ।

सिद्धामरा निर्गुण्डी को कहते हैं । यह तीनों लोकों में गुप्त है । सुधी साधक इसके प्रधान मूल अथवा पत्र का सञ्चालन करे । मूल के अभाव में पत्ता ले लेना चाहिए किन्तु पत्ते के अभाव में मूल ग्रहण न करे ॥ १९-२० ॥

आनयेत् साधकश्रेष्ठः शोभनेन दिनेन तु ॥ २० ॥
तदा भवति सिद्धिश्च कौलानां नियमो नहि ।
कौलिके सर्वसिद्धिश्च कौलिके योगसाधनम् ॥ २१ ॥
कुलाचारविहीनानां [3] योगभोगादिकं कथम् ।
विना योगेन भोगादिसञ्चयो जायते कथम् ॥ २२ ॥

साधक श्रेष्ठ उत्तम तिथि वार नक्षत्र वाले सन्मुहूर्त में इसे ग्रहण करे तभी सिद्धि होती है किन्तु कौल सम्प्रदाय वालों के लिए ऐसा नियम नहीं है । कौलिकों के लिए यह सर्वदा सिद्धि देने वाली है और उनके योग का साधन है । भला जो कुलाचार से विहीन (कौलिक नहीं) है उसे योग भोग किस प्रकार प्राप्त हो सकता है ? इतना ही नहीं बिना योग के भोग सञ्चय किस प्रकार हो सकता है ॥ २०-२२ ॥

योगसाधनमात्रेण [4] भोगसाधनमालभेत् ।
तद्भोगं परमं ज्ञानं [5] कालामृतनिसेवनम् ॥ २३ ॥

मात्र योगसाधन से ही साधक भोग साधन प्राप्त कर लेता है । वह भोग वैषयिक भोग नहीं परम ज्ञान स्वरूप है और काल के विनाश के लिए अमृत का सेवन है ॥ २३ ॥

विषयाह्लादभोगादिरनायासेन वर्धते ।
शरीरिणामादिकार्य [6] शरीरस्य प्रभो प्रियम् ॥ २४ ॥

हे प्रभो ! विषयाह्लाद करने वाले भोगादि तो उसी से अनायास बढ़ते हैं । इसलिए उस ज्ञान की प्राप्ति ही शरीर धारियों का प्रथम कर्तव्य है, जो शरीर के लिए प्रिय है ॥ २४ ॥

शीतलामृतरूपाढ्यं व्यक्ताव्यक्तप्रकारकम् ।
आदिसाधनमेवं हि कथितं स्नेहहेतुना ॥ २५ ॥

---

१. भक्षयेत्—ख० । २. भोज्यं पत्राभावे च—ख० ।
३. योगं योगादिकम्—ख० । ४. योगसञ्चयमात्रेण—ख० ।
५. ज्ञानामृतनिषेवणम्—ख० ।
६. शरीराणाम्—ख० ।—शरीरिणामिति पाठो युक्ततरः, तेषां हि शरीरं प्रियं भवति । तत्रैवात्मतादात्म्यात् ।

(हे प्रभो ! वह ज्ञान) शीतल एवं अमृत रूप से परिपूर्ण है । वह ज्ञान व्यक्त भी है और अव्यक्त भी है । इस प्रकार वह आदि साधन है, जिसको मैंने आप के स्नेह के कारण कहा है ॥ २५ ॥

वल्लभ प्राणरक्षार्थे [१] शोकार्तिवारणाय च ।
पुनस्तु कथये [२] तुभ्यं निर्गुण्डीशोधनं मनुम् ॥ २६ ॥

हे वल्लभ ! अब प्राण की रक्षा के लिए तथा शोक एवं दुःख के वारण के लिए निर्गुण्डी शोधन का मन्त्र आप से फिर कहती हूँ ॥ २६ ॥

निर्गुण्डीशोधनमन्त्रकथनम्

ॐ निर्गुण्डि महामाये [३] महायवनिवासिनि ।
आयुरारोग्यजननि ब्रह्मशब्दनिवासिनि ॥ २७ ॥
मदीयं सकलं कायं शुद्धं [४] कुरु युगं ततः ।
नान्तयुग्मं बिन्दुनादभूषितं चारुतेजसम् ॥ २८ ॥
चतुर्दशस्वरव्याप्तं (ठयुग) [५] बिन्दुभूषितम् ।
लक्ष्मीबीजत्रयं [६] पश्चाद् रमाबीजमयं लिखेत् ॥ २९ ॥
वज्रकायं देहि देहि शब्दान्ते वह्निसुन्दरी ।
एतन्मन्त्रेण संशोध्य भक्षयेत् साधकोत्तमः ॥ ३० ॥
ततोऽमरो भवेत् क्षिप्रं नात्र कार्या विचारणा ।

निर्गुण्डीशोधनमन्त्र—'ॐ निर्गुण्डि महामाये महायवनिवासिनि ! आयुरारोग्य जननि ! ब्रह्म शब्द निवासिनी, मदीयं सकलं कायं शुद्धं कुरु कुरु' इसके बाद नान्त ? (पँ पँ) दो, फिर ठयुग (स्वाहा), फिर बिन्दु भूषित लक्ष्मी बीज तीन बार, फिर रमाबीज, फिर 'वज्रकायं देहि देहि' शब्द के अन्त में 'स्वाहा' । इस मन्त्र से शुद्ध कर उत्तम साधक निर्गुण्डी का भक्षण करे । तब वह शीघ्र ही अमर हो जाता है इसमें विचार की आवश्यकता नहीं है ॥ २९-३१ ॥

विमर्श—निर्गुण्डीशोधनमन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—ॐ निर्गुण्डि महामाये महायवनिवासिनि ! आयुरारोग्य जननि ! ब्रह्म शब्द निवासिनी, मदीयं सकलं कायं शुद्धं कुरु कुरु पँ प स्वाहा स्वाहा श्रीं श्रीं श्रीं श्रीं वज्रकायं देहि देहि स्वाहा ॥ २९-३१ ॥

तुलसीशोधनमन्त्रकथनम्

तुलसीशोधनं वक्ष्ये शृणुष्व परमेश्वर ॥ ३१ ॥
यत्कृत्वा च निरोगी स्याद् बलवान् विजितेन्द्रियः ।

---

१. शोकाश्रु—ख० । २. तेऽहं—ख० ।
३. महासत्त्व—ख० । ४. गुह्यं—ख० ।
५. धायुगं—ख० । ६. उमा—ख० ।

हे परमेश्वर ! अब तुलसीशोधन का प्रकार कहती हूँ । जिसके करने मात्र से साधक निरोग बलवान् एवं जितेन्द्रिय हो जाता है ॥ ३१-३२ ॥

प्रणवं वैष्णवी देवी सत्त्वज्ञाननिवासिनि ॥ ३२ ॥
कामबीजत्रयान्ते तु मां रक्ष युगलं द्विठः ।
एतच्छोधनमाकृत्य भक्षणं यः करोति च[1] ॥ ३३ ॥
कायसिद्धिर्भवेत्तस्य ध्यानधारणयोगिनः[2] ॥ ३४ ॥

॥ इति[3] श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे पञ्चसिद्धद्रव्यशोधनं नाम चतुःपञ्चाशत्तमः पटलः ॥ ५४ ॥

'प्रणव (३ॐ) वैष्णवी देवी सत्त्वज्ञान निवासिनि', फिर तीन बार काम बीज (क्लीं क्लीं क्लीं), फिर 'मां रक्ष रक्ष स्वाहा' इस प्रकार मन्त्र द्वारा शुद्ध की गई तुलसी का जो भक्षण करता है, उस ध्यान धारणा वाले योगी की कार्यसिद्धि होती है ॥ ३२-३४ ॥

विमर्श—तुलसीशोधनमन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—ॐ वैष्णवी देवी सत्त्वज्ञान निवासिनि क्लीं क्लीं क्लीं मां रक्ष रक्ष स्वाहा ॥ ३२-३४ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में सिद्धमन्त्रप्रकरण में षट्चक्रप्रकाश में भैरवीभैरवसंवाद में पञ्चसिद्धद्रव्यशोधन नामक चौवनवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ५४ ॥

---

१. हि—ख० ।—एतस्याः तुलसीदेव्याः संशोधनपूर्वकं सेवनेन सर्वसम्पत्तिर्बले वीर्ये ऐश्वर्ये विद्यायां च ।

२. ध्याने धारणे च योगो यस्य, तस्य योगिनः कायसिद्धिर्भवति । कायस्योड्डयनं दूरदर्शनं दूरश्रवणमित्यादि सिद्धय इत्यर्थः ।

३. इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवीभैरव-संवादे पञ्चद्रव्यशोधनं नाम पञ्चपञ्चाशत्तमः पटलः ।

अथ पञ्चपञ्चाशत्तमः पटलः

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

कथयामि तव स्नेहात् कायवश्यविशेषणात् ।
हठयोगं प्रकथितमिदानीं शृणुत क्रमम् ॥ १ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—(हे महाभैरव) काय वश्य की विशेषता कहते हुए हमने आपके स्नेह से हठ योग कहा । अब उसके क्रम को सुनिए ॥ १ ॥

मणिपूरस्थितं रुद्रं त्रैलोक्ये पवनाक्षयम्[1] ।
कथयामि शिवानन्द शिवशङ्कर मङ्गल[2] ॥ २ ॥

हे शिवानन्द ! हे शिवशङ्कर ! हे मङ्गलरूप ! हे त्रैलोक्य को पवित्र करने वाले ! अब अक्षय मणिपूर में निवास करने वाले रुद्र के विषय में कहती हूँ ॥ २ ॥

स्वाधिष्ठानोर्ध्वदेशे च परमानन्दसागरम् ।
नाभिमूलं मेघजालमध्य विद्युच्छताकुलम् ॥ ३ ॥
रहस्यातिरहस्यं च योगिनामतिसारगम् ।
तन्नाभिमूलदेशे च नीलपद्मं महाप्रभम् ॥ ४ ॥
तद्दलाग्रे सदा भान्ति डादि[3]फान्ताक्षराणि च ।
तद् बाह्ये शोभितं रूपं त्रिकोणमनलस्य च ॥ ५ ॥

स्वाधिष्ठान चक्र के ऊपर वाले प्रदेश में अत्यन्त आनन्द का सागर नाभि का मूल है, जो मेघजाल में रहने वाली सैकड़ों विद्युतों से प्रकाशित है । वह रहस्य से भी परे अति रहस्य है, योगिजनों के लिए ही उसका सारगम्य है । उस नाभि के मूल प्रदेश में अत्यन्त प्रकाशपूर्ण नीलवर्ण का पद्म है । उस पद्म के आगे 'ड' से लेकर 'फ' पर्यन्त १० वर्ण विराजमान हैं । उसके बाहरी भाग में अग्नि का स्वरूप है जो त्रिकोण है ॥ ३-५ ॥

प्रभातसूर्यसङ्काशं शिखाकारं[4] निरञ्जनम् ।
तत्राग्निबीजरूपं च रूपातीतं गुणान्तरम्[5] ॥ ६ ॥
विचिन्तयेन्मेषपृष्ठवाहनं चारुणाकृतिम् ।
चतुर्बाहुं त्रिनयनं चारुदेहधरं परम् ॥ ७ ॥

---

१. परमाक्षरम्—ख० । २. मङ्गलम्—ख० ।
३. भाविकान्ताक्षराणि—ख० । ४. शिखाकारम्—ख० । ५. निरञ्जनम्—क० ।

तत्क्रोडे भाति रुद्रेशः सिन्दूरारुणविग्रहः ।
ब्रह्मरूपी [१] त्रिनयनः सृष्टिसंहारकारकः ॥ ८ ॥

प्रातःकालीन सूर्य के समान देदीप्यमान, शिखा के आकार वाले निरञ्जन हैं । वहीं पर रूप से अतीत एवं निर्गुण अग्नि का बीज भी विद्यमान है । ऐसे मेष वाहन वाले लाल वर्ण के अग्नि का ध्यान करे । जिनके चार बाहु तथा तीन नेत्र हैं जिनका शरीर अत्यन्त मनोहर हैं । इस प्रकार के अग्नि के गोद में सिन्दूर के समान लाल वर्ण वाले रुद्रेश बैठे हुए शोभित हो रहे हैं । उन रुद्र का स्वरूप ब्रह्म के समान है, जो त्रिनेत्र एवं सृष्टि के संहारकर्ता हैं ॥ ६-८ ॥

विभूतिभूषिताङ्गस्तु लोकानामिष्टदो विभुः ।
तस्य [२] वामे सदा भाति लाकिनी परदेवता ॥ ९ ॥

उनका शरीर विभूति से भूषित है जो अपने भक्तों को अभीष्ट प्रदान करते हैं ऐसे रुद्र के वाम भाग में लाकिनी परदेवता सदैव विराजमान रहती हैं ॥ ९ ॥

चतुर्भुजा महादेवी त्रिनेत्रा सौख्यदायिनी ।
श्यामाङ्गी पीतवसना विचित्रालङ्कृतामरा [३] ॥ १० ॥

वह लाकिनी चार भुजाओं वाली त्रिनेत्रा तथा सौख्य देने वाली हैं । उनके शरीर का वर्ण श्याम है, वे पीताम्बर धारण की हुई हैं और विचित्र अलङ्कारों से भूषित हैं ॥ १० ॥

सर्वसिद्धिप्रदा माता सर्वत्र सर्वपालिका ।
सदा रक्षतु मां देवी विद्याभिः कुलपालिका [४] ॥ ११ ॥

वह माता सारी सिद्धियों को देने वाली हैं । सर्वत्र सबकी रक्षा करती हैं । ऐसी कुलपालिका वह लाकिनी देवी विद्याओं के साथ हमारी रक्षा करें ॥ ११ ॥

एवं ध्यात्वा पूजयित्वा जपयागस्तवादिभिः ।
ततः सिद्धो भवेन्मन्त्री मणिपूरप्रसादतः ॥ १२ ॥

इस प्रकार ध्यान कर जप यज्ञ तथा स्तुतियों से उनकी पूजा करे । ऐसा करने से मणिपूर की कृपा से साधक सिद्ध हो जाता है ॥ १२ ॥

मणिपूरफलं वक्ष्ये समासेन शृणुष्व [५] तत् ।
कोटिवर्षशतेनापि फलं वक्तुं न शक्यते ॥ १३ ॥

---

१. वृद्धरूपी त्रिनेत्रश्च—ख० ।—ब्रह्मणो रूपमस्ति यस्य स ब्रह्मरूपी । अथवा ब्रह्मरूपयति बोधयति इति ब्रह्मरूपी, णिनिप्रत्ययः कर्तरि ।

२. तस्या—क० ।

३. अलङ्कृताम्बरा—ख० ।

४. कालिका—ख० ।

५. शृणु प्रभो—ख० ।

मणिपूरानन्तरं हि प्रवक्तव्यमनाहतम्[१] ।
स्तोत्रं ध्यानं नामधेयं[२] सहस्रगुणशङ्करम् ॥ १४ ॥

हे सदाशिव ! संक्षेप में मणिपूर का फल कहूँगी । ऐसे तो करोड़ों वर्षों में भी उसका फल कथन शक्य नहीं है । मणिपूर के बाद अनाहत के विषय में भी कहना है, उसका स्तोत्र ध्यान तथा नामधेय सहस्रों गुना कल्याणकारी है ॥ १३-१४ ॥

फलमत्यन्तगुह्यं च [३] सुहृत्पद्मोपसिद्धिदम् ।
आत्मज्ञानं मोक्षसिद्धिं प्रेमभक्त्यादिलाभकम् ॥ १५ ॥
संहर्ता जनसङ्घानां पालकः कमलाकरः[४] ।
अकस्माज्ज्ञानसन्दोहलक्ष्मीं प्राप्नोति योगिराट् ॥ १६ ॥

॥ इति[५] श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे मणिपूरभेदो नाम पञ्चपञ्चाशत्तमः पटलः ॥ ५५ ॥

उसका फल तो अत्यन्त गोपनीय है, वह सबका सुहृत्पद्म है और शीघ्र ही सिद्धियाँ प्रदान करता है । उससे आत्मज्ञान, मोक्षसिद्धि तथा प्रेमाभक्ति का लाभ प्राप्त होता है । वह कमलाकर है जो जन समूहों का संहर्त्ता एवं पालक है, उसका उपासक योगिराज अकस्मात् ज्ञान संदोह की लक्ष्मी प्राप्त करता है ॥ १६ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में सिद्धमन्त्रप्रकरण में षट्चक्रप्रकाश में भैरवीभैरवसंवाद में मणिपूरभेद नामक पचपनवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ५५ ॥

---

१. अनाहतः—ख० । २. समाधेयम्—ख० ।
३. सुहृत्पद्मोपलब्धिगम्—ख० ।
४. कमलापतिः—ख० ।—अयमेव पाठो युक्ततरः । कमलाकर इति पाठे तु कृधातुः सम्पादने संवर्धने वा बोध्यः ।
५. इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवीभैरव-संवादे मणिपूरभेदो नाम षट्पञ्चाशत्तमः पटलः ।

अथ षट्पञ्चाशत्तमः पटलः

श्रीआनन्दभैरव उवाच

वद कामिनि कौमारि सुरानन्दे कुलेश्वरि ।
हृदयाम्भोजविन्यासमधुना वक्तुमर्हसि ॥ १ ॥
यस्य विज्ञानमात्रेण नरो योगेश्वरो भवेत् ।
सर्वसिद्धिक्रियास्थानं योगिनामतिदुर्लभम् ॥ २ ॥
सर्वतत्त्वस्वरूपं च सिद्धिमार्गप्रकाशकम् ।
हृदयाम्भोज[1]विज्ञानान्मार्तण्डभैरवो भवेत् ॥ ३ ॥

श्रीआनन्दभैरव ने कहा—हे कामिनि ! हे कौमारि ! हे सुरानन्दे ! हे कुलेश्वरि ! अब हृदय स्थल में रहने वाले (अनाहत) पद्मचक्र का विन्यास कहिए, जिसके जान लेने मात्र से ही मनुष्य योगीश्वर बन जाता है । वह तो कमल सभी सिद्धियों का स्थान है और योगियों के लिए सर्वथा दुष्प्राप्य है । वह सभी तत्त्वों का स्वरूप है और सिद्धि मार्ग का प्रकाशक है, इस प्रकार हृदयाम्भोज स्थित कमल का ज्ञान हो जाने पर साधक मार्तण्डभैरव हो जाता है ॥ १-३ ॥

श्रोतुमिच्छामि तत्सर्वं [2]षट्चक्रसारमङ्गलम् ।
स्नेहाद्[3] दृष्टिक्रमेणैव भक्तियोगोद्भवेन च ॥ ४ ॥
भेदनं भावनं ज्ञानं चित्तदर्शनमेव च ।
मन्त्रोद्धारञ्च सङ्केतं सर्वज्ञादिगुणोदयम् ॥ ५ ॥
यजनं काकिनीदेव्या ईश्वरस्य गुणात्मनः ।
स्तवनं कवचं सर्वं सहस्रनाममङ्गलम् ॥ ६ ॥
वायूनां मण्डलज्ञानं समासेन वदस्व मे ।
त्वमेव शरणं देवि त्राहि मां दुःखसङ्कटात्[4] ॥ ७ ॥

मैं आपके स्नेह से, भक्तियोग से उत्पन्न, दृष्टिक्रम से षट्चक्रों के सारभूत, मङ्गलदायी उस अनाहत चक्र के विषय सुनना चाहता हूँ । उस अनाहत चक्र का भेदन ध्यान, ज्ञान, चित्त में संदर्शन, मन्त्रोद्धार, सङ्केत, सर्वज्ञादि गुण का उदय, काकिनी देवी की पूजा, गुणात्मा ईश्वर का स्तवन कवच, मङ्गल करने वाला सहस्र नाम, समस्त वायुओं के मण्डल का ज्ञान

---

१. हृदयाम्भोध—क० । २. षट्सु चक्रेषु मङ्गलम्—ख० ।
३. स्नेह—ख० ।
४. 'संप्रोदश्च कटच्' इति सूत्रेण संगतमित्यर्थे समुपसर्गात् कटच्प्रत्ययः । दुःखानां संकटात् संगमनात् ।

इत्यादि सभी बातें संक्षेप में कहिए । हे देवि ! हमारे लिए तो आपही शरणदात्री हैं अतः दुःख सङ्कट से मेरी रक्षा कीजिए ॥ ५-७ ॥

महाकाल [१]भयाभाव भक्तिभावपरायण ।
ममानन्दभैरवेश [२] शृणु वक्ष्यामि तत्त्वतः ॥ ८ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—हे महाकाल! हे निर्भीक! हे भक्ति भावपरायण! हे मुझे आनन्द देने वाले भैरवेश! अब मैं यथार्थ रूप में उन सभी बातों को कहती हूँ सुनिए ॥ ८ ॥

यदुक्तं भवता चात्र चाश्रुतं [३]चाद्भुतं मतम् ।
नोक्तं कुत्रापि सर्वेश तव स्नेहात् प्रकाशितम् ॥ ९ ॥
अप्रकाश्यमिदं रत्नं दुःखजालनिवारणम् ।
सावधानेन सर्वेश कुरु त्वं योगसाधनम् ॥ १० ॥

अनाहतपद्मचक्रविन्यास—आपने इस समय जो जो प्रश्न किए हैं, वे अश्रुत एवं अद्भुत हैं, हे सर्वेश ! इस विषय में मैने अभी तक किसी से कुछ नहीं कहा था, किन्तु आपके स्नेह वश प्रकाशित करती हूँ । दुःख समूहों को विनष्ट करने वाला यह रत्न को किसी से प्रकाश के योग्य नहीं है, किन्तु हे सर्वेश ! आप मेरे द्वारा कहे गए इस योग साधन को सावधानी से कीजिए ॥ ९-१० ॥

मयि योगं महादेव कृत्वा कालवशं नय [४] ।
मयि योगं न [५]करोति सिद्धिभक्तिक्रियादिकम् ॥ ११ ॥
अकस्मान्मरणं तस्य कालभक्षो न संशयः ।

हे महादेव ! मेरे कहे गए योग का अनुष्ठान कर आप काल को अपने वश में कीजिए । जो लोग मेरे इस योग, सिद्धि, भक्ति तथा क्रियादिकों को नहीं करते वे काल के द्वारा भक्षण कर लिए जाते हैं तथा अकस्मात् मृत्यु प्राप्त करते हैं, इसमें संशय नहीं है ॥ ११-१२ ॥

केवलं मां हृदम्भोजे परिपूर्णफलोदये ॥ १२ ॥
सर्वाकारे [६] मनोराज्ये नानाकौतुकसङ्कुले ।
पूजयित्वा सदा ध्यायेत् काकिनीं मां न संशयः ॥ १३ ॥

हे महादेव ! साधक के परिपूर्ण फल का उदय है जिसमें इस प्रकार के हृत्कमल में अथवा अनेक प्रकार के कौतुकों से परिपूर्ण, सर्वाकार मनोराज्य वाली मुझ काकिनी का पूजन कर सदा ध्यान करे ॥ १२-१३ ॥

स [७] योगी जायते नाथ हृदम्बुजप्रसादतः ।
हृत्पङ्केरुहमध्यस्थाः सर्वे देवाः सवासवाः ॥ १४ ॥

---

१. महाभाग—ख० । २. महानन्द—ख० ।
३. परमाद्भुतम्—ख० । ४. हर—ख० ।
५. करोषि—ख० । ६. सर्वकाममनोबाह्ये ...... सङ्कुलः—ख० ।
७. संयोगी .... हृदम्भोज—ख० ।

मामर्चयन्ति ते नित्यं भक्तिभावपरायणाः ।
ये ध्यायन्ति महावीर[1] ते पश्यन्ति सवासवान् ॥ १५ ॥

हे नाथ ! इसमें संशय नहीं कि वह हृदय स्थित उस कमल की कृपा से योगी हो जाता है । उस हृदय स्थित कमल पर इन्द्र सहित सभी देवता भक्तिभाव में परायण होकर नित्य मेरा अर्चन करते हैं । अतः उस हृत्कमल का जो ध्यान करते हैं । हे महावीर ! वे इन्द्रादि सभी देवताओं का दर्शन पा जाते हैं ॥ १४-१५ ॥

क्रमेण प्राणसंयोगान् मां पश्यन्ति न संशयः ।
मामेकं[2] काकिनीध्यानं स्थिरवायुं प्रचण्डकम् ॥ १६ ॥
पश्यन्ति योगिनः काये अष्टैश्वर्यं महाप्रभम् ।
केवलं भक्तियोगेन नित्ययोगे[3] स्युरुत्तमाः ॥ १७ ॥

इतना ही नहीं उसमें प्राणवायु के संयोग से वे क्रमशः मेरा दर्शन भी प्राप्त कर लेते हैं । (हे सदाशिव !) सभी योगी जन नित्य योग वाले इस शरीर में ही केवल भक्तियोग से अष्टैश्वर्य युक्त एवं तेज से उद्दीप्त स्थिर वायु वाली महाप्रचण्ड मुझ एक काकिनी का ध्यान करने से सर्वश्रेष्ठ हो जाते हैं ॥ १६-१७ ॥

पद्मध्यानं प्रथमतः कृत्वा सिद्धो[4] भवेन्नरः ।
तद्ध्यानं शृणु वीरेश योगिनामिह दुर्लभम् ॥ १८ ॥
हृत्पद्मं कुलपालितं सुललितं हंसेन संशोधितं
बन्धू[5]कामलदीप्तिकोटिजडितं सम्भावितं साधकैः ।
अत्युत्कृष्टमयूखपुञ्जमिलितं सिन्दूरपूरारुणं[6]
ध्यात्वा पश्यति यो नरः प्रतिदिनं काद्यारुणैरावृतम् ॥ १९ ॥

साधक सर्वप्रथम उस पद्म का ध्यान करने से सिद्ध हो जाता हैं । हे वीरेश ! योगियों के लिए भी अत्यन्त दुर्लभ उस ध्यान को सुनिए । शाक्त सम्प्रदायों द्वारा सुरक्षित, परमहंसों के द्वारा शुद्ध किए जाने वाले करोड़ों बन्धूक पुष्प की दीप्ति से जडित, साधकों के द्वारा संभावित, अत्यन्त तेजोमय किरणों से मिश्रित सिन्दूर के समान अरुण वर्ण वाले, ककारादि की अरुणिमा से आच्छन्न उस हृत् कमल का ध्यान कर लेने पर साधक उसका प्रत्यक्ष दर्शन करते हैं ॥ १८-१९ ॥

स स्यात्कोटिधनेश्वरो नरवरो भूयात्त्वभावार्णवे[7]
यो नित्यं लिपिभावनं प्रकुरुते नित्येश्वरालोकनात् ।

---

१. महावीरास्तपस्यन्ति च वासवान्—ख० । वासवेनेन्द्रेण सहितान् इन्द्रसहितान् देवान् । च वासवानिति पाठे तु अनेककल्पसंभूतान् वासवान् इन्द्रान् ।

२. मामैकम्—क० ।

३. नित्ययोगेन चोत्तमम्—ख० ।

४. न संशयः—ख० ।

५. वल्गुं कोमल—ख० ।

६. वर्णारुणम्—ख० ।

७. भूयस्त्वत्यं वक्षसि—ख० ।

तद्ध्यानं क्रमतो वदामि सकलं येन प्रसिद्धो भवे-
दानन्दार्णवमध्यपद्मकलितं काद्यर्कवर्णोज्ज्वलम् ॥ २० ॥

जो साधक लिपि रूप में भावना करता है वह उसके रूप ईश्वर के अवलोकन से इस अभावग्रस्त जगत् रूप समुद्र में कोटि धनेश्वर हो जाता है और राजा हो जाता है । हे सदाशिव ! अब उस लिपि स्वरूप ईश्वर का क्रमपूर्वक ध्यान कहती हूँ जो आनन्द रूप समुद्र में विकसित कमल पर ककारादि रूप से विराजमान हैं, सूर्य के समान उज्ज्वल हैं और जिसके ध्यान करने से साधक भूमण्डल में प्रसिद्ध हो जाता है ॥ २० ॥

दले पूर्वे ध्यायेदतिविमलवर्णं कमिति वा
प्रभातार्कच्छायारुणकिरणयोगं युगमयम् ।
चतुर्बाहुं[१] नित्यं त्रिनयनमनन्तं रविगतं
भवाद्याशक्तिस्थं[२] स्वभवनघटाशोभिततनुम्[३] ॥ २१ कँ ॥

साधक अनाहत पद्म चक्र के पूर्व दिशा में स्थित दल पर अत्यन्त निर्मल 'क' वर्ण का ध्यान करे जो प्रातःकालीन सूर्य की छाया से अरुण (लाल) किरणों से युक्त है, युगमय है और सूर्य में चार बाहुओं एवं तीन नेत्रों से युक्त होकर निवास करता है । भव एवं आद्या शक्ति में निवास करने वाला है । अपने भवन में घटा के समान श्यामवर्ण जिसका शरीर है ॥ (कँ) ॥ २१ ॥

द्वितीये[४] पत्रेऽस्मिन् खमरुणसमूहाश्रयपदं
पदं श्रीतारिण्या अनिलगगनयोः प्रियकरम् ।
मुदा ध्यायेदेवं परममनिलं देवभुजगं
सुवर्णालङ्कारं त्रिनयनममौल्यं सुखमयम् ॥ २२ खँ ॥

उस अनाहत पद्मचक्र के द्वितीय पत्र पर अरुण समूह के आश्रय से व्याप्त 'ख' वर्ण का ध्यान प्रसन्नतापूर्वक करना चाहिए, जो श्री तारिणी का पद है । अनिल एवं आकाश का प्रिय करने वाला है, जो परम एवं अनिल (वायु स्वरूप) है, शेष देव है, सुवर्णालङ्कार से अलंकृत तीन नेत्रों वाला (अमौल्य) बिना मस्तक एवं सुखमय हैं ॥ २२ ॥ (खँ)

तृतीये[५] पत्रेऽस्मिन् विधुयुतकपालं त्रिनयनं
स्वसिन्दूराकारं[६] द्वियुगभुजशोभाभवमहम् ।
सदा ध्यायेदेवं परमपुरुषं श्रीगणपतिं
स्फुरद्रक्ताकारं[७] तरुणमणिमालं जितमदम् ॥ २३ गँ ॥

---

१. चतुर्धाङ्ग—ख० । २. शक्तिस्त्वं—ख० ।

३. स्वस्य भवने या घटा घटना तया शोभिता तनुर्यस्य तम् । स्वभवनघटास्थायिनी स्ववशगा भवति, परभवनघटा परतन्त्रा भवति ।

४. द्वितीये ...... सुखमयमिति श्लोकमिदं ख० पुस्तके नास्ति ।

५. द्वितीयं पत्रस्थं—ख० । ६. ससिन्दूराकारं ... त्रिगुणभुज—ख० ।

७. सुरत्नाकारं वै .... मालं—ख० ।

अनाहत पद्म चक्र के इस तृतीय पत्र में गणपति स्वरूप 'ग' वर्ण का ध्यान करना चाहिए, जो विधु (चन्द्रमा) एवं कपाल से युक्त है, तीन नेत्रों वाला है, सिन्दूर के स्वरूप वाला, चार भुजाओं वाला तथा शोभा से उत्पन्न तेजो वाला है, ऐसे परम पुरुष, रक्त आकार वाले उद्दीप्त मणिमाला से विभूषित तथा मद को जीतने वाले श्री गणपति का ग वर्ण के रूप में ध्यान करना चाहिए ॥ २३ ॥ (गँ)

चतुः पत्रे ध्यायेद्यमरुणशतं[1] घोरनिनदं
क्रियादक्षं मूर्तिं त्रिनयनसरोजं युगभुजम् ।
वराभीतिप्रोच्छत्स्फटिकजपमालादिसहितं
फणालङ्कारङ्गं[2] शिव शिव मुखेशोत्तममहम् ॥ २४ घँ ॥

चतुर्थ पत्र पर 'घ' वर्ण का ध्यान करना चाहिए जो सैकड़ों अरुण के समान लाल है और घोर शब्द करने वाला है । जो क्रिया में दक्ष मूर्तिका स्वरूप है । जिसके कमल के समान तीन नेत्र हैं, दो भुजा हैं जो वर तथा अभय और अत्यन्त स्वच्छ स्फटिक की माला धारण किए हुए हैं । जिनका अङ्ग (शरीरावयव) सर्पों से अलंकृत है जो शिव शिव है, मुखेश है तथा उत्तम तेज वाला है ॥ २४ ॥ (घँ)

ङंबीजं सिन्दूरारुणममखिलनाथं त्रिनयनं
महामोक्षस्थानं [3]मणिकनकरत्नाद्यभरणम् ।
चतुर्बाहुं[4] रुद्रं जगति भवमेकं गुणविभुं
कपालं[5] श्रीमालं[6] वरमभयकं बिभ्रतमहम् ॥ २५ ङँ ॥

पञ्चम पत्र पर 'ङ' बीज वाले, सिन्दूर के समान अरुण वर्ण वाले, विश्वनाथ, तीन नेत्रों वाले, महामोक्ष के स्थान, मणि एवं सुवर्णादि निर्मित अलङ्कार धारण करने वाले, चतुर्बाहु रुद्र का ध्यान करना चाहिए जो संसार में भव नाम से अद्वितीय हैं, अपने गुणों से सर्वत्र व्यापक हैं, जो कपाल से संयुक्त है, श्री युक्त जिनका भाल है, जो वर अभय मुद्रा धारण किए हुए हैं ऐसे तेजःस्वरूप रुद्र का ध्यान करना चाहिए ॥ २५ ॥ (ङँ)

चतुर्बाहूल्लासं[7] कमलवरमालासिसहितं
विभुं तं ध्यायेऽहं विधुशतमुखं तं त्रिनयनम् ।
प्रभातार्कप्रायं सकलमणिरत्नाभरणकं
महाज्योत्स्नाजालं परमरसबिन्दूद्भवतनुम् ॥ २६ चँ ॥

हम षष्ठ पत्र पर 'च' स्वरूप उस व्यापक परमात्मा का ध्यान करते हैं जो चार बाहुओं

---

१. अमलमरुणम्—ख० ।
२. कलाऽलङ्काराङ्ग शिरसिंहमुखेशोत्तममहम्—क० । ३. शशि—ख० ।
४. चतुर्धाङ्गं ..... पतितजननाथम्—ख० । ५. क्रियानाथं देवं—ख० ।
६. श्रियं मिमीते या सा श्रीमा, तामलते भूषयति इति श्रीमालः, कर्तरि अण्प्रत्ययः, अल्घातोः ।
७. चतुर्धाङ्गं ..... कपालेष्वष्टसहितम्—ख० ।

से उल्लसित हैं, उन हाथों में कमल, वर, माला तथा असि (खड्ग) से संयुक्त हैं, जिनका मुख सैकड़ों चन्द्रमा के समान मनोहर है, जो तीन नेत्रों वाले प्रभातकालीन सूर्य के समान (लाल), सब प्रकार की मणियों एवं रत्नों के आभरण वाले हैं महती ज्योत्स्नाजाल से संयुक्त हैं किं बहुना जिनका शरीर (मानो) परम (आनन्द) रस के बिन्दुओं से निर्मित है ॥ २६ ॥ (चँ)

तमेकं नेत्रस्थं [१]छममलकरं नूतनरविं
चतुर्बाहुं[२] ध्याये वरतनुकपालेषु सहितम् ।
सुधाधारापानं कनकजपमालाऽवृततनुं
त्रिनेत्रं योगेन्द्रं वसुदलगतं चारुवदनम् ॥ २७ छँ ॥

मैं वसु (८ वें) दल पर रहने वाले नेत्र पर स्थित, स्वच्छ हाथों वाले सूर्य के समान देदीप्यमान मात्र एक 'छ' का ध्यान करता हूँ जिनकी चार भुजाएं वर, तनु, कपाल तथा बाण से सयुक्त हैं जो निरन्तर सुधा की धारा का पान करने वाले हैं तथा जिनका शरीर सुवर्ण एवं जपमाला से आवृत है, जो त्रिनेत्र और योगेन्द्र हैं ॥ २७ ॥ (छँ)

विमर्श—वसुदलगतं के स्थान पर सप्तदलगतं होना चाहिए । २९वें श्लोक में आठवें दल की पूजा का विधान है । सप्तम दल का विधान छूट है ॥ २७ ॥

चतुर्वक्त्रं ध्याये [३]जमजममरं सारुणतनुं
विशालाक्षं सूक्ष्मं [४]समरसमयं ब्रह्मवपुषम् ।
चतुर्बाहुं[५] देवं त्रिभुवनपदं सारघटितं
महाशङ्खं रुद्रं[६] वरमभयकं विभ्रतबलम् ॥ २८ जँ ॥

हम चार मुख वाले 'ज' स्वरूप अज, अमर, अरुण वर्ण के शरीर वाले, विशाल नेत्रों वाले, अत्यन्त सूक्ष्म, युद्ध में अपनी प्रतिज्ञा का निर्वाह करने वाले, ब्रह्म शरीर रुद्र का ध्यान करते हैं । जो चार बाहुओं वाले, देव स्वरूप, त्रिभुवन रूप चरण वाले एवं सभी सार तत्त्वों से युक्त हैं । किं बहुना जो महाशंख, वर एवं अभयमुद्रा धारण करने वाले एवं (रुद्र) महाबलवान् हैं ॥ २८ ॥ (जँ)

महाकायं तेजोमयमपि चरुं बीजमखिलं
मुदा[७] ध्याये कामापहमतिमुखं चाष्टमदले ।
महासिन्दूराद्रिं दिनकरकलाकोटिविमलं
त्रिनेत्रं पञ्चास्यं दशभुजयुतं [८]सर्ववपुषम् ॥ २९ झँ ॥

मैं (उस अनाहत चक्र पद्म के) अष्टम दल पर महाकाय, तेजोमय, चरुस्वरूप,

१. छल—ख० । २. चतुर्धाङ्ग .... कपालेष्वष्टसहितम्—ख० ।
३. अथ च मनसा चारुणतनुम्—ख० । ४. समयमनिशं चक्रवपुषम्—ख० ।
५. चतुर्धाङ्गं—ख० । ६. रुण्डं—क० ।
७. सदा—ख० ।
८. सर्व वपुर्यस्य तम् । सर्व जगत् तस्य भगवतो वपुं शरीरमेवेति भावः ।

समस्त संसार के बीज, कामनाओं को नष्ट करने वाले, महामुख वाले 'झ' स्वरूप सदाशिव का ध्यान करता हूँ जो बहुत बड़े सिन्दूर के पर्वत के समान लाल हैं, करोड़ों सूर्य की कला के समान निर्मल हैं, जिनके तीन नेत्र, पाँच मुख और दश भुजाएं हैं। जिनके शरीर में सारा जगत् समाविष्ट है ॥ २९ ॥ (झँ)

ञबीजं[१] सार्धेन्दूद्भव[२] शिखमखेशं त्रिनयनं
चतुर्बाहुं[३] ध्याये सुकमलगदाचक्रनियुतम् ।
महामालाव्याप्तं[४] सुकनकशुभाऽलङ्कृतगुरुं
प्रभातार्क[५] विश्वार्चितजडिलरूपं रविदले ॥ ३० ञँ ॥

मैं रवि (१२) दल में चार बाहुओं वाले कमल, गदा, चक्र एवं नियुत धारण करने वाले, त्रिनेत्र 'ञ' बीज स्वरूप सदाशिव का ध्यान करता हूँ जो महामाला से व्याप्त, देदीप्यमान, उत्तम सुवर्ण के आभूषणों से अलंकृत, सब के गुरु, प्रातःकालीन सूर्य के समान अरुण वर्ण वाले एवं विश्वार्चित तथा जटाधारी हैं ॥ ३० ॥ (ञँ)

मनोरूपाच्छन्नं त्रिनयनमधीशारुणदले[६]
टबीजं बिन्द्विन्द्वं[७] जपवटिवराभीत्यसिधरम् ।
तमेकं सोमेशं[८] मणिमयचलत्कुण्डलधरं
मुदा ध्याये शम्भुं हृदि शिवदले सिद्धकमले ॥ ३१ टँ ॥

मैं हृदय के उस सिद्ध कमल स्वरूप अनाहत चक्र के ११ वें (शिव) दल में उन सदाशिव का प्रसन्नतापूर्वक ध्यान करता हूँ जो लाल कमल को अपने मनोरूप से आच्छन्न किए हुए हैं, त्रिनेत्र हैं तथा सबके अधीश्वर हैं। बिन्दु एवं इन्दु से युक्त टकार जिनका बीज है (ट)। जप करने की वटिका (मनियाँ), वर, अभीति तथा असि धारण किए हुए हैं, ऐसे सर्वप्रधान सोमेश्वर जो मणि निर्मित चञ्चल कुण्डल धारण किए हुए हैं, मैं उनका ध्यान करता हूँ ॥ ३१ ॥ (टँ)

त्रिनेत्रं कामाख्यं शिशुकरुणया सिद्धिफलदं
सुरत्नाऽलङ्कारच्छविरुचितनूनां समनघम् ।
ठकारं[९] बिन्द्विन्द्वं नवरविघटाकोटिकिरणं
दले चार्के ध्याये कमलवरमालाशिशुधरम् ॥ ३२ ठँ ॥

(मैं अनाहत पद्म चक्र के) १२ वें (अर्क) दल पर कमल की बनी हुई वरमाला (पहनकर) शिशुरूप धारण करने वाले, त्रिनेत्र, कामेश्वर (शिव) का ध्यान करता हूँ जो (उपमन्यु रूप) शिशु के ऊपर कृपा कर अभीष्ट फल देने वाले हैं। जो उत्तम रत्न के

---

१. ञं—ख० । २. सार्धचन्द्रोद्भव—ख० ।
३. चतुर्धाङ्गं.....स्वकमल.....निविडम् । ४. मालाङ्कितगुरुम्—ख० ।
५. प्रभातार्कम्—ख । ६. अधीशं दशदले—ख० ।
७. टकारं विन्द्वाढ्यम्—ख० । ८. कनकलसत्कुण्डलधरम्—ख० ।
९. विन्द्वाख्यम्........विकलम्—ख० ।

अलङ्कारों की छवि से जगमगाते शरीर को धारण करने वाले हैं । बिन्दु एवं इन्दु से युक्त ठकार (ठँ) जिनका बीज है, करोड़ों नवीन सूर्य समूहों के किरणों के समान जिनके शरीर की दीप्ति है ॥ ३२ ॥ (ठँ)

एतच्छुद्धमनोलयस्य भवनं[१] चैतन्यसंसिद्धये[२]
वर्णानां जपभावनं यदि सदा चिन्तामणेर्मण्डलम् ।
योगीन्द्रः कुरुते वशिष्ठसदृशो वाचां पतिर्भूतले
वाक्सिद्धिं चिरकालवासमखिले देवो हि नो मानुषः ॥ ३३ ॥

चेतना की संसिद्धि के लिए ऊपर कहे गए (कँ) से लेकर (ठँ) पर्यन्त (मातृकाओं का) ध्यान शुद्ध मन के विलय रूप भवन हैं । यह सदैव चिन्तामणि का मण्डल है जहाँ इन वर्णों के जप की भावना करनी चाहिए । जो योगीन्द्र इस प्रकार से तत्तद्दलों पर तत्तद्वर्णों का ध्यान करता है, वह भूतल पर (ऋषि) वशिष्ठ के समान वाक्पति हो जाता है । इस प्रकार वाक्सिद्धि प्राप्त कर वह चिरकाल पर्यन्त इस लोक में वास करता है तथा वह इस विश्व में मनुष्य न होकर देवता बन जाता है ॥ ३३ ॥

वाञ्छाचिन्तामणिगृहं[३] हृदयाम्भोजमण्डलम् ।
तन्मध्ये पवनस्थानं मण्डलाकारमुल्बणम् ॥ ३४ ॥
बुद्धिप्रतिभया व्याप्तं तन्मध्ये पवनाक्षरम् ।
आच्छन्नधूमसङ्काशं प्रसिद्धस्थानमुत्तमम् ॥ ३५ ॥

हृदयाम्भोज का मण्डल ही वाञ्छा का चिन्तामणि गृह है उसके मध्य में वायु का स्थान है जो मण्डल (गोलरूप) के आकार में अत्यन्त उग्र है । वह स्थान बुद्धि की प्रतिभा से व्याप्त है, जिसके मध्य में पवन का अक्षर (य बीज) है जो आच्छन्न धूम के सदृश हैं और श्रेष्ठ प्रसिद्ध स्थान हैं ॥ ३४-३५ ॥

तन्मध्ये देवतापीठं षट्कोणं मण्डलं परम् ।
तन्मध्ये भावयेदिष्टं स्वस्वकल्पोक्तसाधितम् ॥ ३६ ॥

उसके मध्य में देवता का पीठ है, जो षट्कोण मण्डल के समान उत्कृष्ट है । उसके मध्य में साधक अपने अपने कल्प में कहे गए इष्ट साधन वाले वायु का ध्यान करे ॥ ३६ ॥

वायोर्ध्यानं तत्र कुर्यादत्यन्तसूक्ष्मरूपिणम् ।
निराकारं परं ब्रह्म साकारं शब्दरूपिणम् ॥ ३७ ॥
निरक्षरं स्वाक्षराढ्यं महोग्रं[४] स्थिररूपिणम् ।
चतुर्बाहुं[५] जगद्व्याप्तं कृष्णसारासनं यवम् ॥ ३८ ॥

---

१. भुवने—ख० । २. चैतन्यस्य परतत्त्वस्य संसिद्धिस्तस्यै इति भावः ।
३. मणेर्गेहं—ख० ।
४. महोग्रग्रन्थिरूपिणम्—ख० ।—स्थिरं रूपयति इति कर्तरि णिनिप्रत्ययः ।
५. चतुर्धाङ्गं ...... वरम्—ख० ।—चत्वारो बाहवो यस्य तम् ।

लोकत्रयाणां वरदं करुणासिन्धुरूपिणम् ।
पञ्चभूतात्मकं रौद्रं प्राणसञ्ज्ञं किरीटिनम् ॥ ३९ ॥

वायु का ध्यान—वहाँ वायु के इस प्रकार के स्वरूप का ध्यान करना चाहिए—जो अत्यन्त सूक्ष्म रूप वाला है, निराकार परब्रह्म है तथा शब्दरूप से वह साकार भी है । वह निरक्षर होते हुए भी स्वकीय अक्षर (यँ ?) से युक्त है, अत्यन्त उग्र होते हुए भी स्थिर रूप वाला है । उसकी चार भुजाएं हैं, फिर भी वह सारे जगत् में व्याप्त है, वह काले मृग की सवारी करता है, वेगवान् भी है । तीनों लोकों को वर देने वाला है, करुणा का तो वह समुद्र ही है, उसमें पञ्चभूतों की आत्मा सम्मिलित है, वह रौद्र है प्राण उसकी संज्ञा है तथा वह किरीट (मुकुट) धारण किए हुए है ॥ ३७-३९ ॥

संबिभ्रतं [१] वराभीतिघण्टाडमरुसेवकान् ।
ईशनाम्ना [२] परिचितं [३] परहंसं कुलेश्वरम् ॥ ४० ॥
सर्वाऽलङ्कारशोभाङ्गं [४] विवेकोदयकारणम् ।
विचिन्तयेत् साधकेन्द्रः परिवारगणावृतम् ॥ ४१ ॥

वर, अभय, घण्टा, डमरु तथा सेवकों को धारण करने वाले उन वायु को लोग ईश्वर नाम से पहचानते हैं, वह परमहंस हैं तथा शक्ति-मार्ग के ईश्वर हैं । उनके समस्त शरीरावयव अलङ्कार से शोभित हैं, वह ज्ञानोदय का कारण भी है, साधक परिकर समेत उन वायु का इस प्रकार ध्यान करे ॥ ४०-४१ ॥

तत्र पङ्केरुहे ध्यायेदीश्वरं वर्णरूपिणम् ।
त्रैलोक्यमङ्गलं नाथं [५] चतुर्बाहुं [६] किरीटिनम् ॥ ४२ ॥
रत्नमालाशोभिताङ्गं शुक्लवर्णं महाप्रभम् ।
ईश्वरं योगिनामीशं [७] वरदं परमेश्वरम् ॥ ४३ ॥

साधक को उस कमल पर (यँ) वर्णरूप वाले वायु को ईश्वर रूप में ध्यान करना चाहिए । जो तीनों लोकों का मङ्गल करने वाले हैं, सबके नाथ, चार भुजाओं वाले तथा किरीटधारी हैं । उनका शरीर रत्नों की माला से जगमगा रहा है । उनके शरीर का वर्ण शुक्ल है, महान् दीप्ति से संयुक्त है । वे ईश्वर तो हैं ही, योगीश्वर भी हैं, वरदाता तथा परमेश्वर भी हैं ॥ ४२-४३ ॥

वराभीतिशङ्खपद्मश्रिया [८] जुष्टं पुरातनम् ।
रत्नाभरणभूषाङ्गं हृदयाम्भोजवासिनम् ॥ ४४ ॥

---

१. डामर—ख० । २. ईशा—ख० । ३. परं हंसं—ख० ।
४. रविकोदयकारणम्—ख० । ५. नाथ—क० ।
६. चतुर्धाङ्गम्—ख० ।—चतुर्धा विभक्तानि अङ्गानि यस्य तम् ।
७. ध्यायेद् हृत्पद्ममण्डले—ख० ।
८. वराभीतीत्यत आरभ्य पद्ममण्डले पर्यन्तं—ख० नास्ति ।

वाञ्छातिरिक्तफलदं भावसिद्धिप्रकाशकम् ।
परमहंसमीशानं ध्यायेद् हृत्पद्ममण्डले ॥ ४५ ॥

वर, अभय, शंख तथा कमल की शोभा से युक्त हाथ वाले हैं । पुराण पुरुष हैं, उनके अङ्ग रत्न के आभूषणों से भूषित हैं तथा वह हत्कमल के मध्य में निवास करने वाले हैं । वह मनुष्यों को उनकी अभिलाषा से भी अधिक फल देने वाले हैं । भाव की सिद्धि के प्रकाशक हैं ऐसे परमहंस ईश्वर का हृदय कमल के मण्डल में ध्यान करना चाहिए ॥ ४४-४५ ॥

तत्पार्श्वे ध्यानमाकुर्यात् काकिनीं परमेश्वरीम् ।
त्रैलोक्यपूजितां देवीं काकचञ्चुप्रकाशिनीम् ॥ ४६ ॥
चतुर्भुजां पीतवर्णां[1] पीतवस्त्रोपशोभिताम् ।
नवविद्युत्कोटिरूपां विलोलनेत्रपङ्कजाम् ॥ ४७ ॥

काकिनी ध्यान—तदनन्तर उन ईशान प्रभु के पार्श्वभाग में रहने वाली त्रैलोक्य पूजिता अपने काकचञ्चु से विश्व को प्रकाशित करने वाली काकिनी देवी का ध्यान करना चाहिए । जो चार भुजाओं वाली तथा पीले वर्ण की हैं, पीत वस्त्र से शोभित हैं, करोड़ों नवीन बिजलियों के प्रकाश के समान जिनके शरीर का प्रकाश है तथा जिनके नेत्र कमल निरन्तर चलायमान है ऐसी काकिनी देवी का ध्यान करना चाहिए ॥ ४६-४७ ॥

कपालशशिशूलास्त्रवरदानसमाकुलाम् ।
विचित्ररत्ननिर्माण[2]स्वर्णाऽलङ्कारभूषिताम् ॥ ४८ ॥
त्रैलोक्यललितां[3] सूक्ष्मां वराभयकराम्बुजाम् ।
सुधापानरतां मत्तां पूर्णरूपां कुलेश्वरीम् ॥ ४९ ॥

वे काकिनी देवी कपाल, चन्द्रमा के समान, शूल, अस्त्र तथा वरद मुद्रा धारण करने वाली हैं । विचित्र रत्नों से निर्मित तथा स्वर्ण निर्मित अलङ्कारों से भूषित हैं । वे तीनों लोकों में सर्वाधिक सुन्दरी हैं, सूक्ष्म हैं, हाथों में वर तथा अभय धारण किए हुए हैं, सुधा पान में संलग्न है, मस्ती से भरी हुई हैं, परिपूर्ण रूप वाली तथा शाक्तों की ईश्वरी हैं ॥ ४८-४९ ॥

रत्नकङ्कणमालाढ्यां परमानन्दभैरवीम् ।
हृदयाम्भोजमध्यस्थां ध्यायेऽहं हंसगामिनीम् ॥ ५० ॥

वे रत्न निर्मित कङ्कण तथा माला धारण किए हुए हैं, वह परमानन्द स्वरूपा भैरवी है । हृदय में रहने वाले कमल के मध्य में वास करने वाली ऐसी हंसगमना काकिनी का हम ध्यान करते हैं ॥ ५० ॥

तत्पीठमध्यनिकरे[4] त्रिकोणं परिचिन्तयेत् ।
पीठशक्तिं सुवर्णाढ्यां विद्युत्कोटिसमोदयाम् ॥ ५१ ॥

---

१. महादेवीं—ख० ।—पीतो वर्णो यस्याः । पीतवस्त्रेणोपशोभितामिति भावः ।
२. निर्माणाम्—ख० । ३. त्रैगुण्य—ख० ।
४. ध्याननिकटे त्रिकोणाम्—ख० ।

पीठशक्ति का ध्यान—इसके अनन्तर साधक उनके पीठ के मध्य में रहने वाले त्रिकोण का भी ध्यान करे । वह पीठ शक्ति सुवर्ण निर्मित तथा करोड़ों विद्युत् के प्रकाश के समान जगमगाहट से परिपूर्ण है ॥ ५१ ॥

काकिनीसदृशीं मत्तां पूर्णान्तः करणोद्यताम्[1] ।
सर्वाऽलङ्कारभूषाढ्यां परिवारगणावृताम् ॥ ५२ ॥
तद्दक्षिणे पार्श्वभागे [2]चिन्तयेत्त्वामलिङ्गकम् ।
सुवर्णशुद्धसङ्काशं निर्मलं चारुतेजसम् ॥ ५३ ॥

वह भी काकिनी के समान मस्ती से भरी हुई हैं, अन्तःकरण में परिपूर्ण हैं, सभी अलङ्कारों से भूषित तथा अपने परिचारक वर्गों से घिरी हुई हैं । उस पीठ शक्ति के दक्षिण भाग में बिना किसी विशेष लिङ्ग वाले आप सदाशिव का साधक को ध्यान करना चाहिए । वहाँ आप शुद्ध सुवर्ण के सदृश देदीप्यमान शरीर वाले, निर्मल तथा महान् तेजोमय हैं ॥ ५२-५३ ॥

महालक्ष्मीप्रियानन्दं सर्वाकारं निरञ्जनम् ।
ज्ञानयोगोदयं ब्रह्मरूपिणं बहुरूपिणम् ॥ ५४ ॥
प्रदीपकलिकाकारं चिन्तयेदीश्वरं शिवम् ।
एतेषां ज्ञानमाकृत्य[3] वागीशो भवति क्षणात् ॥ ५५ ॥

आप महालक्ष्मी के प्रिय, आनन्द स्वरूप, सर्वाकार तथा निरञ्जन हैं, ज्ञान तथा योग के उदीयमान स्वरूप हैं, ब्रह्मस्वरूप तथा बहुत रूपों वाले हैं । ऐसे प्रदीप की कली के समान आकार वाले आप ईश्वर सदाशिव का साधकों का ध्यान करना चाहिए ॥ ५४-५५ ॥

वाक्यसिद्धिं[4] तत्र नाथ चिन्तयेत् प्रसिद्धये ।
तत्र भानोर्मण्डलञ्च चिन्तयेत् साधकाग्रणीः ॥ ५६ ॥
पद्मकिञ्जल्कमध्ये तु चिन्तयेदरुणायुतम् ।
मासैकसाधनादेव योगी स्याच्छीतलाङ्गधृक् ॥ ५७ ॥

हे नाथ ! वहाँ अपने को प्रसिद्ध करने के लिए वाक्य सिद्धि की अभिलाषा करनी चाहिए । वहीं साधकाग्रणी सूर्यमण्डल का भी ध्यान करे । वहीं उस कमल के केशर के मध्य में एक मास तक अयुत (दश हजार) अरुण से युक्त सूर्य के ध्यान की साधना करने से योगी शीतल शरीर वाला हो जाता है ॥ ५६-५७ ॥

द्विमासे ग्रन्थिभेदः [5]स्यादनन्तगुणवान् भवेत् ।
त्रिमासे[6] योगयोग्यः स्यात् सर्पादिविषनाशकृत् ॥ ५८ ॥

---

१. पूर्वान्तः—ख० ।
२. बाण—ख० ।—बाणलिङ्गं नार्मदं लिङ्गम्, तस्य चिन्ता कार्या, वामलिङ्गकमिति पाठे तु वामं सुन्दरं यल्लिङ्गं तस्य चिन्तेत्याद्यर्थः ।
३. ध्यानम्—ख० ।
४. राज्यसिद्धिम् .... नाथम्—ख० ।
५. अत्यन्तगुणवान्—ख० ।
६. साधको—ख०, सर्वादि इति—क० ।

चतुर्मासे निर्मलात्मा भावकः स्थिरमानसः ।
पञ्चमे मासि सम्प्राप्ते वायवी कृपयान्विता ॥ ५९ ॥
स्थिरवायुः स्थिरा [1]दृष्टिरतीव सुखसम्पदः ।
ततो दिने दिने वृद्धिर्वायूनामनुकम्पया ॥ ६० ॥

दो महीना पर्यन्त ध्यान करने से हृदय ग्रन्थि टूट जाती है तथा साधक अनन्त गुण सम्पन्न हो जाता है । तीन महीना पर्यन्त ध्यान करने से योग की योग्यता प्राप्त होती है तथा वह सर्पों के विष को नाश करने वाला बन जाता है । चार मास पर्यन्त ध्यान करने से साधक निर्मलात्मा, भावना में निपुण तथा स्थिर चित्त वाला हो जाता है । पाँचवें महीने में उस पर वायु की कृपा होने लगती है । वह स्थिर वायु वाला तथा स्थिर दृष्टि से सम्पन्न हो जाता है । सुख सम्पत्ति प्राप्त करने लग जाता है । इस प्रकार वायु की अनुकम्पा प्राप्त हो जाने पर साधक की दिन प्रतिदिन वृद्धि होने लगती है ॥ ५८-६० ॥

षण्मासात् पापसंत्यक्तो मुक्तवद् भ्रमते चिरम् ।
जले चाग्नौ च भूगर्ते कदाचिन्न म्रियेत हि ॥ ६१ ॥
ईश्वरात्मा महाज्ञानी निःशङ्को [2] निरुपद्रवः ।
महाविवेकसिद्धान्तज्ञानी [3] भेदविवर्जितः ॥ ६२ ॥

छः महीना पर्यन्त ध्यान करने से पाप से मुक्ति हो जाती है तथा साधक मुक्त के समान सर्वत्र लोकों में भ्रमण करता है, वह जल, अग्नि तथा पाताल में कहीं भी नहीं मरता । वह ईश्वरात्मा, महाज्ञानी, निःशङ्क तथा उपद्रव से रहित हो जाता है । महाविवेक के सिद्धान्त में ज्ञानी तथा समदृष्टि वाला हो जाता है ॥ ६१-६२ ॥

स भूत्वा चिरजीवी च [4]भुक्तिभागी दिने दिने ।
सप्तमे कल्पसन्त्यक्तो मदनो [5] दोषविग्रहः ॥ ६३ ॥
नित्यानन्दगुणप्राप्तिर्भूमित्यागो दिने दिने ।
अष्टमे सर्वशत्रुघ्नो [6]रामनामविवर्जितः ॥ ६४ ॥

वह चिरञ्जीवी होकर प्रतिदिन उत्तमोत्तम भोगों का भोग करता है । सात मास के अभ्यास से वह विकल्प रहित तथा निर्दोष शरीर होकर काम के समान कमनीय कलेवर वाला बन जाता है । आठ महीने ध्यान के अभ्यास से साधक नित्य आनन्द के गुणों को प्राप्त करता है तथा पृथ्वी पर पैर नहीं रखता अपने समस्त शत्रुओं का विनाश कर देता है, यद्यपि उसका 'राम' नाम नहीं होता ॥ ६३-६४ ॥

अणिमादिदर्शनञ्च ब्रह्मगोविन्ददर्शनम् ।
नवमे क्षालनासिद्धिर्भूमित्यागस्त्रिहस्तकः [7] ॥ ६५ ॥

---

१. त्वतीव सुखसम्पदाम्—ख० । २. निरुपद्रवः—ख० ।
३. सिद्धिस्तु—ख० । ४. मुक्तिभागी—क० ।
५. मदनोपमः—ख० । ६. वाञ्छांनाशविवर्जितः—ख० ।
७. पञ्चभूतमयाङ्गधृक्—ख० ।

दशमे[1] योगसिद्धिश्च षट्चक्रादिप्रदर्शनम् ।
ब्रह्मरन्ध्रभेदनज्ञो महाआनन्दविग्रहः ॥ ६६ ॥

उस साधक को अणिमादि सिद्धियों का दर्शन होने लगता है । केवल इतना ही नहीं उसे ब्रह्म तथा गोविन्द का साक्षात्कार होने लगता है । नौ मास के अभ्यास से उसे क्षालना सिद्धि होती है तथा वह भूमि त्याग कर ऊपर तीन हाथ आकाश पर वास करने लग जाता है । दश मास के अभ्यास से योग सिद्धि तथा षट्चक्रों का दर्शन प्राप्त होने लगता है, उसे ब्रह्मरन्ध्र (शिरः स्थित ब्रह्मरन्ध्र) के भेदन का ज्ञान हो जाता है, वह साधक महान् तथा आनन्दमय हो जाता है ॥ ६५-६६ ॥

एकादशे सर्वसिद्धिः पञ्चभूतमयाङ्गधृक् ।
सप्तस्वर्गालोकनञ्च षट्शिवप्रियदर्शनम् ॥ ६७ ॥
द्वादशे देवसन्मानं देवता-पाददर्शनम् ।
अत्यन्तं सुखसन्तानं मायाजालनिवारणम् ॥ ६८ ॥

ग्यारह मास पर्यन्त ध्यान के अभ्यास से उस साधक को सारी सिद्धियाँ प्राप्त होने लगती हैं, वह पञ्चभूतमय अङ्ग (पृथ्वीरूप, जलरूप, अग्निरूप, वायुरूप, आकाशरूप) को अलग-अलग धारण करने में समर्थ हो जाता है, उसे सातों स्वर्ग दिखाई पड़ने लग जाते हैं तथा षट्शिव का दर्शन प्राप्त होने लगता है । बारह मास के ध्यान के अभ्यास से देवताओं द्वारा सम्मान की प्राप्ति, देवता के चरणों का दर्शन, अत्यन्त सुख, संतान तथा माया जाल से निवृत्ति हो जाती है ॥ ६७-६८ ॥

सर्वविद्यासर्वसिद्धिर्दिव्यभक्तिः[2] शुभोदया ।
ते वीरास्ते च योगीन्द्रास्ते दिव्यास्ते च भैरवाः ॥ ६९ ॥

इस प्रकार से ध्यान करने वाला सभी महाविद्याओं, सभी सिद्धियों तथा दिव्य भक्ति को प्राप्त कर लेता है, उसके कल्याण का उदय हो जाता है, वही घोर है, वही योगीन्द्र है और वही भैरव है ॥ ६९ ॥

ते सर्वे मृत्युजेतारस्ते[3] भक्ता मुक्तिभागिनः ।
ये तिष्ठन्ति महारण्ये निर्जने पर्वते चिरम् ॥ ७० ॥
धारयन्ति साधयन्ति योगमेतत् कुलेश्वर ।
योगे[4] योगाद् भवेन्मोक्ष इति मे तत्त्वनिर्णयः ॥ ७१ ॥

ऐसे ही लोग मृत्यु को जीतने वाले भगवद्भक्त मुक्ति के भागी होते हैं । हे कुलेश्वर ! जो लोग घनघोर अरण्य में, सर्वथा निर्जन स्थान में तथा पर्वत पर चिरकाल पर्यन्त निवास

---

१. दशमे इत्यतो मयाङ्गधृगिति पर्यन्तं—ख० पु० नास्ति ।
२. सर्वा विद्याश्चतुर्दशसंख्याकाः, सर्वाः सिद्धयः यस्यां सा दिव्यभक्तिः शुभोदयकरी इति यावत् ।
३. मृत्युगोप्तार—ख० । ४. योगयोगाद्.........तत्त्वस्य निर्गमः—ख० ।

करते हैं वही इस प्रकार के योग को धारण करने में समर्थ होते हैं, योग में युक्त होने से ही मोक्ष होता है, ऐसा मेरा यथार्थ निर्णय है ॥ ७०-७१ ॥

संसारोत्तारणे[१] मुक्तिर्योगशब्देन कथ्यते ।
लोके हि दुर्लभं योगं योगात्परतरं नहि ॥ ७२ ॥

ससार सागर से पार उतर जाना ही योग शब्द का अर्थ है । अतः इस लोक में योग सर्वथा दुर्लभ है, योग से परे और कुछ नहीं है ॥ ७२ ॥

योगं पञ्चविधं प्रोक्तमेकं विषयसम्मतम् ।
द्वितीयञ्च द्विभेदञ्च पूजायोगं तृतीयकम् ॥ ७३ ॥
भक्तियोगं परं ब्रह्मयोगसारं कुलेश्वर ।
सर्वत्रापि मनोयोगाद्[२] बद्धो मुक्तो भवेद् ध्रुवम् ॥ ७४ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवभैरवीसंवादेऽनाहतपद्मविन्यासो नाम[३] षट्पञ्चाशत्तमः पटलः ॥ ५६ ॥

— ❖ —

योग पाँच प्रकार का कहा गया है । विषयों से संयुक्त होना प्रथम योग है, द्वित्व का भेद करना अर्थात् सब में एक समान बुद्धि रखना द्वितीय योग है । तृतीय योग का नाम पूजा योग है । हे कुलेश्वर ! इसके बाद भक्तियोग चौथा योग है और इसके बाद पाँचवाँ ब्रह्मयोग है । सभी प्रकार के योगों में मन को संयुक्त करने से बद्ध जीव निश्चित रूप से मुक्त हो जाता है ॥ ७३-७४ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्रप्रकरण में षट्चक्रप्रकाश में भैरवीभैरवसंवाद में अनाहतपद्मविन्यास नामक छप्पनवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ५६ ॥

— ❖ —

---

१. संसारोत्तारणात्—ख० ।

२. इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धिमन्त्र .... सप्तपञ्चाशत्तमः पटलः ।

३. मनसो योगो वृत्तिनिरोधः, तस्माद् बद्धो भवति, यदि सांसारिकं विषयमाधृत्य मनोयोगो विधीयते । यदि तु परमेशस्वरूपे योगः क्रियते, तदा मोक्षः ।

अथ सप्तपञ्चाशत्तमः पटलः

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि विवेकगुणलक्षणम् ।
वर्णध्यानानन्तरं हि पूजनं तन्महाफलम्[१] ॥ १ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—हे महाभैरव ! अब विवेक के गुण का लक्षण कहती हूँ । वर्णध्यान (द्र० ५६. २१-३२) के अनन्तर काकिनी पूजन महान् फलदायक होता है ॥ १ ॥

पूजया लभते पूजां विवेकं भावसम्भवम् ।
काकिनीश्वरसंयोगं भावं परमदुर्लभम् ॥ २ ॥

पूजा करने से अपनी भी पूजा प्राप्त होती है । विवेक तो भाव से उत्पन्न होता है, अतः काकिनी और ईश्वर के एकत्र योग में भावना करनी चाहिए जो परम दुर्लभ है ॥ २ ॥

यजनं काकिनीदेव्या ईश्वरस्यापि भावनम् ।
पूजाभावे महासिद्धिर्जायते तत्क्षणाच्छिव ॥ ३ ॥

काकिनी देवी तथा ईश्वर का एकत्र भावन (ध्यान) ही यजन है । हे शिव ! यदि पूजा न भी की जाय तो उनमें भावना मात्र से तत्क्षण महासिद्धि प्राप्त हो जाती है ॥ ३ ॥

भावेन लभ्यते पूजा विवेकं पूजया लभेत् ।
विवेकं[२] ब्रह्मभावं तु प्राप्नोति कोटिजन्मनि ॥ ४ ॥
अथवा लभ्यते शीघ्रं तवापि मदनुग्रहैः ।
तत्प्रकारं शृणु प्राणवल्लभ त्रिपुरेश्वर ॥ ५ ॥
यस्य विज्ञानमात्रेण भवेत् परमभावकः ।

ब्रह्मभाव से पूजा में प्रवृत्ति होती है, पूजा से विवेक का लाभ होता है और हमारा ही विवेक है जो करोड़ों जन्म में प्राप्त होता है, अथवा आपके अनुग्रह को प्राप्त करने पर शीघ्रता से ब्रह्मभाव प्राप्त हो जाता है, हे त्रिपुरेश्वर ! हे प्राणवल्लभ ! अब उसका प्रकार सुनिए, जिसके जान लेने मात्र से साधक परमभावुक हो जाता है ॥ ४-६ ॥

विचिन्तयेद्वर्णपार्श्वे चतुर्दिक्षु क्रमेण तु ॥ ६ ॥
सिद्धेश्वरान् योगयुक्तान् महापुरुषसंश्रितान्[३] ।

---

१. महत्फलम्—ख० । २. विवेकब्रह्माभावस्तु—ख० ।
३. संज्ञितान्—ख० ।

ब्रह्माणं परमं हंसं रुद्रं विश्वेश्वरं प्रभुम् ॥ ७ ॥

साधक वर्णों के पार्श्वभाग में चारो दिशाओं में क्रमशः इस प्रकार ध्यान करे। सिद्धेश्वरों का, जो योग से युक्त है, महापुरुषों का आश्रय लेने वालों का, ब्रह्मा का, परमहंसों का, रुद्र का तथा विश्वेश्वर प्रभु का ध्यान करे ॥ ६-७ ॥

मृत्युञ्जयं[1] महाकालं नीलकण्ठं सुरेश्वरम् ।
श्रीविष्णुं कमलानाथं पञ्चचूडं कुमारकम् ॥ ८ ॥

मृत्युञ्जय, महाकाल, नीलकण्ठ, सुरेश्वर, कमलानाथ, श्रीविष्णु पञ्चचूड़ा (शङ्कर) एवं कार्तिकेय का ध्यान करे ॥ ८ ॥

चन्द्रं सूर्यं [2] प्रजानाथं दक्षं मुनीन्द्रमेव च ।
प्रचेतसं[3] मरीचिञ्च कश्यपं पुलहं तथा ॥ ९ ॥

वह साधक चन्द्रमा, सूर्य, प्रजापति, दक्ष, मुनीन्द्र, प्रचेता, मरीचि, कश्यप तथा पुलह का ध्यान करे ॥ ९ ॥

वशिष्ठञ्च भृगुञ्चैव गौतमं कपिलं मुनिम् ।
पुलस्त्यञ्च क्रतुञ्चैव प्रह्लादं कर्दमं तथा ॥ १० ॥

साधक वशिष्ठ, भृगु, गौतम, कपिलमुनि, पुलस्त्य, क्रतु, प्रहलाद तथा कर्दम का ध्यान करे ॥ १० ॥

अथर्वाङ्गिरसर्षिञ्च[4] बालखिल्यान् मरीचिपान् ।
मानसञ्चान्तरीक्षञ्च[5] विद्याश्च पवनं विभुम् ॥ ११ ॥

अथर्वा, अंगिरा ऋषि, मरीचि का पान करने वाले बालखिल्यों का, ब्रह्मदेव के मानस पुत्रों का, अन्तरिक्ष का, विद्या का तथा सर्वत्र व्यापक पवन देव का ध्यान करे ॥ ११ ॥

तेजसञ्च जलञ्चैव महीस्पर्शञ्च शब्दकम् ।
तथा रूपं रसं गन्धं प्रकृतिञ्च विकारकम् ॥ १२ ॥

तेज, जल, मही, स्पर्श, शब्द, रूप, गन्ध (पञ्च तन्त्राओं का), प्रकृति का तथा उसके समस्त विकारों का ध्यान करे ॥ १२ ॥

यच्चान्यत् कारणं सर्वं[6] भुवाक्षयं चराचरम् ।
तत्पार्श्वगामिनो देवा सेन्द्रा[7] भ्रमन्ति नित्यशः ॥ १३ ॥

---

१. मृत्युं जयति इति मृत्युञ्जयः, 'संज्ञायां मृतृवृजिधारिसहितपिदमः' इति सूत्रेण खच्प्रत्ययः । 'अरुर्द्विषदजन्तस्य मुम्' इति मुम् ।

२. प्रभानाथम्—ख० ।
३. प्रचेतारम्—क० ।
४. अङ्गिरसञ्चैव—ख० ।
५. मानसाश्चान्तरीक्षाश्च—ख० ।
६. भवाक्ष्चय—ख० ।
७. सम्भान्ति—क० ।

इसके अतिरिक्त सृष्टि के जो अन्य कारण हैं उनका तथा पृथ्वी पर रहने वाले समस्त चराचर का ध्यान करे । उन काकिनी देवी के चारों ओर नित्य भ्रमण करने वाले इन्द्रादि देवताओं का भी ध्यान करना चाहिए ॥ १३ ॥

अगस्त्यश्च महातेजा मार्कण्डेयश्च वीर्यवान् ।
यमदग्निर्भरद्वाजः [1]संवर्तश्च्यवनस्तथा ॥ १४ ॥

महातेजस्वी अगस्त्य, वीर्यवान् मार्कण्डेय, यमदग्नि, भरद्वाज, संवर्त तथा च्यवन ऋषियों का भी ध्यान करना चाहिए ॥ १४ ॥

दुर्वासाश्च महाभाग ऋष्यशृगंश्च धार्मिकः ।
सनत्कुमारो भगवान् योगाचार्यो महातपाः ॥ १५ ॥

महाभाग्यवान् दुर्वासा, परम धार्मिक शृङ्गी ऋषि, भगवान् सनत्कुमार तथा महातपस्वी योगाचार्य का ध्यान करना चाहिए ॥ १५ ॥

असितो देवलश्चैव जैगीषव्यश्च तत्त्ववित् ।
ऋषभार्जितशक्रश्च [2] महावीर्यस्तथा मणिः ॥ १६ ॥

असित, देवल, तत्त्ववेत्ता जैगीषव्य, ऋषभ, अर्जित, शक्र और महावीर्यवान् मणि का ध्यान करना चाहिए ॥ १६ ॥

आयुर्वेदं [3] तथाष्टाङ्गमेते भान्ति स्वमूर्तयः ।
चन्द्रमाः सह नक्षत्रैरादित्यैश्च गभस्तिभिः ॥ १७ ॥

अष्टाङ्ग आयुर्वेद ये सभी मूर्तिमान् रूप से तथा नक्षत्रों के सहित चन्द्रमा और किरणों के सहित द्वादशादित्य का ध्यान करे ॥ १७ ॥

वायव ऋतवश्चैव सङ्कल्पः प्राण एव च ।
मूर्तिमन्तो महात्मानो महाव्रतपरायणाः ॥ १८ ॥

४९ वायु, ६ ऋतुयें, सङ्कल्प और पञ्च प्राण—ये सभी महात्मा जो मूर्तिमान् रूप से महाव्रत परायण हैं उनका ध्यान करे ॥ १८ ॥

एते चान्ये च बहव ईश्वरं समुपासते ।
एते पार्श्वे चिन्तनीया वर्णानां साधकोत्तमैः ॥ १९ ॥

ये तथा और अन्य बहुत से देवता गण ईश्वर की उपासना करते हैं । अतः उन-उन वर्णों के पार्श्वभाग में श्रेष्ठ साधकों को उनका ध्यान करना चाहिए ॥ १९ ॥

---

१. सर्वाभ्य—क० ।
२. शत्रुश्च—ख० ।
३. आयुर्वेदमित्यतः परायणाः पर्यन्तं—ख० पुस्तके नास्ति ।—अष्टावङ्गानि यस्मिन् स तम् । आयुः वेदयति प्रापयति ज्ञापयति वा इति आयुर्वेदः, तम् ।

तत्पार्श्वस्थः प्रभाकोटिधारकः प्रतिभाति च ।
अर्थो[१] धर्मश्च कामश्च हर्षो द्वेषस्तथा दमः ॥ २० ॥
तत्र गन्धर्वमुख्याश्च सहिताप्सरसस्तथा ।
विंशतिः सप्त चैवान्ये लोकपालाश्च सर्वशः ॥ २१ ॥
शुक्रो बृहस्पतिश्चैव बुधोऽङ्गारक एव च ।
शनैश्चरश्च राहुश्च ग्रहाः सर्वे तथैव च ॥ २२ ॥
मन्त्रो रथन्तरश्चैव [२]हविष्मान् वसुमानपि ।
आदित्याः साधिराजानो नानावृन्दैरुपासिताः[३] ॥ २३ ॥

इतना ही नहीं उन वर्णों के पार्श्वभाग में करोड़ों प्रभाधारी सूर्य के समान तेजस्वी अर्थ, धर्म, काम, हर्ष, द्वेष, दम इसके अतिरिक्त २७ मुख्य मुख्य गन्धर्व, सात अप्सरायें तथा सभी लोकपाल, शुक्र, बृहस्पति बुध, मङ्गल, शनैश्चर, राहु एवं केतु आदि सभी ग्रह, मन्त्र, रथन्तर, साम, हविष्मान् (अग्नि), वसुमान् अधिराजों के सहित समस्त आदित्य ये सभी अनेक वृन्दों के द्वारा उपासित हैं ॥ २०-२३ ॥

मरुतो विश्वकर्मा च वसवश्च कपालिनः ।
तथा पितृगणाः सर्वे सर्वाणि च हवींष्यथ ॥ २४ ॥
ऋग्वेदः सामवेदश्च यजुर्वेदस्तथा विधिः[४] ।
अथर्ववेदश्च तथा सर्वशास्त्राणि चैव हि ॥ २५ ॥
इतिहासोपदेशश्च वेदाङ्गानि च सर्वशः ।
ग्रहा यज्ञाश्च[५] सोमाश्च दैवतानि च सर्वशः ॥ २६ ॥
सावित्री तारिणी[६] दुर्गा वाणी सप्तविधा तथा ।
मेधा धृतिः स्मृतिश्चैव प्रज्ञा बुद्धिर्यशः क्षमा ॥ २७ ॥
सामानि श्रुतिशास्त्राणि गाथास्तु विविधास्तथा ।
भाष्याणि तर्कयुक्तानि देहवन्ति विभान्ति च ॥ २८ ॥

मरुद्गण, विश्वकर्मा, अष्टवसु, कपालधारी भैरव, सभी पितृगण, सभी प्रकार की हवियाँ, ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद, विधि अर्थात् चार प्रकार की विधियाँ (१. उत्पत्ति, २. अधिकार, ३. विनियोग और ४. प्रयोग), अथर्ववेद, सभी शास्त्र (अर्थात् सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा, वेदान्त तथा धर्मशास्त्र), इतिहास (रामायण, महाभारत), उपदेश (धर्मशास्त्र), वेदाङ्ग (१. शिक्षा, २. कल्प, ३. व्याकरण, ४. निरुक्त, ५. छन्द और

---

१. अर्थो धर्मश्चेत्यत एव चेति पर्यन्तं श्लोकद्वयं ख० पुस्तके नास्ति ।
२. हविमान्—क० । ३. उपागताः—ख० ।
४. निधिः—क० । ५. ग्रहा यज्ञश्च—क० ।
६. सावित्री दुर्गतरिणी—क० ।—तारिणीति पाठे तारयति या सा इति विग्रहे णिनिर्बाहुलकात् । दुर्गतरिणी इति पाठे तु दुर्गस्य संसारस्य तरणे तरिणी नौका इति यावत् ।

६. ज्योतिष), ग्रह यज्ञ (सोमादि), सभी दैवत, सावित्री, तारिणी, दुर्गा, सात प्रकार की वाणी, मेघा, धृति, स्मृति, प्रज्ञा, बुद्धि, यश, क्षमा, अनेक प्रकार के साम, श्रुति शास्त्रादि, नाना प्रकार की गाथायें और तर्क से युक्त अनेक प्रकार के भाष्य—ये सभी देह धारण कर काकिनी तथा ईश्वर के सन्निधान में निवास करते हुए शोभा प्राप्त करते हैं ॥ २०-२८ ॥

नाटिका विविधाः कार्याः[१] कथाख्यायिककारिकाः ।
अत्र तिष्ठन्ति ये पुण्या ये पुण्या गुरुपूजकाः ॥ २९ ॥

अनेक प्रकार की नाटिकायें, कथायें, आख्यायिकायें, कारिकायें तथा सभी पुण्यात्मा लोग एवं पुण्यात्मा गुरुपूजक लोग उनके सन्निधान में निवास करते हैं ॥ २९ ॥

क्षणा लवा मुहूर्ताश्च दिवारात्रिश्च सर्वतः ।
अर्धमासास्तथामासाः ऋतवः षट् च शङ्कर ॥ ३० ॥
संवत्सराः [२]पञ्चयुगं मासा रात्रिश्चतुर्विधा ।
कालचक्रञ्च यद्दिव्यं नित्यमक्षयमव्ययम् ॥ ३१ ॥
धर्मचक्रस्तथा चापि नित्यमास्ते महेश्वर ।

हे शङ्कर! क्षण, लव, मूहूर्त, दिन, रात्रि, अर्धमास (पक्ष), मास, छः ऋतुयें, पाँचों संवत्सर, मास, चार प्रकार की रात्रि, दिन, देवताओं का नित्य तथा अक्षय एवं अव्यय कालचक्र, धर्मचक्र, हे महेश्वर ! वहाँ पर ये सभी विग्रह धारण कर नित्य स्थित रहते हैं ॥ ३०-३२ ॥

अदितिश्च[३] दितिश्चैव रुद्रश्च विनता तथा ॥ ३२ ॥
कालिका [४]युवती देवी सुरसा चाथ गौतमी ।
प्राधा[५] कद्रुश्च वै देव्यो देवतानाञ्च मातरः ॥ ३३ ॥
रुद्राणी श्रीश्च लक्ष्मीश्च भद्रा षष्ठी तथा परा ।
पृथिवीसञ्ज्ञिता देवी ह्रीः स्वाहा कीर्ति रेव च ॥ ३४ ॥
सुरा देवी शची चैव तथा पुष्टिररुन्धती ।
संसिद्धि[६] सिद्धिदा विद्या महादेवी रतिस्तथा ॥ ३५ ॥
एताश्चान्याश्च वै देव्य उपतस्थुरलङ्कृताः ।

अदिति, दिति, रुद्र, विनता, कालिका, सुरभी, देवी, सुरसा, गौतमी, प्राधा, कद्रू सभी

---

१. नाटका विविधा काव्या कथाख्यायिकककारिकाः—क० ।

२. पञ्चयुग्मं—ख० ।

३. अदितिदिखतिर्दनुश्चैव सुरसा विनता इव—क० ।—दो—धातुरवखण्डने, ततः क्तिन्प्रत्ययः, न दितिरदितिखण्डिता, स्वविचारे विचला न भवति । दितिस्तु खण्डिता, मध्ये मध्ये स्वविचारं खण्डयति ।

४. सुरभी देवी शर्मा—ख० । ५. एताश्चान्याश्च—ख० ।

६. संसिद्धिर्वासा नियतिर्विडीदेवीरतिस्तथा—क० ।

देवियाँ तथा देवमाताएं, रुद्राणी, श्री, लक्ष्मीं, भद्रा, षष्ठी, परा देवी, पृथ्वी संज्ञा से प्रसद्धि देवी. ह्रीं देवी, स्वाहा, कीर्ति, सुरादेवी, शची, पुष्टि, अरुन्धती, संसिद्धि, सिद्धिदा, महाविद्यायें महादेवियाँ रति ये लोग तथा इनके अतिरिक्त अन्य देवियाँ सज-धज कर उन काकिनी सहित ईश्वर की उपासना करती हैं ॥ ३२-३६ ॥

आदित्यावसवो रुद्रा मरुतश्चाश्विनावपि ॥ ३६ ॥
विश्वेदेवाश्च साध्याश्च पितरश्च महर्षयः ।
राजर्षयस्तत्र भान्ति हरिश्चन्द्रादयः प्रभो ॥ ३७ ॥

हे प्रभो ! द्वादशादित्य, अष्टवसु, एकादश रुद्र, ४९ मरुद्गण, दोनों अश्विनी कुमार, विश्वेदेवगण, साध्य, पितृगण, सप्त महर्षिगण, हरिश्चन्द्रादि राजर्षि उन काकिनीश्वर के सन्निधान में शोभा पाते हैं ॥ ३६-३७ ॥

सर्वे हेमकुण्डलिनः सर्वाऽलङ्कारभूषिताः ।
भावुका गीतवाद्यादि [१]निस्वनैर्मग्नदेहिनः ॥ ३८ ॥
भावयन्ति महेशानीं काकिनीं परमेश्वरीम् ।
वर्णरूपां नित्यकलां महेश्वरपतिव्रताम् ॥ ३९ ॥
ईश्वरं भावयन्त्येते पूजयन्ति निरन्तरम् ।

उक्त सभी (देव देवियाँ अप्सरायें, महाविद्यायें तथा कालचक्रादि) हेम निर्मित कुण्डल धारण किए हुए, सभी प्रकार के अलङ्कारों से विभूषित, भाव में विभोर होकर गीत वाद्य आदि के शब्दों के साथ, शरीर का भाव छोड़कर महेशानी, काकिनी परमेश्वरी, वर्णस्वरूपादेवी, नित्यकला से युक्त महेश्वर की पतिव्रता उन काकिनी की तथा महेश्वर की भावना करते हैं तथा निरन्तर पूजा भी करते हैं ॥ ३८-४० ॥

वेष्टिताः सुन्दराकाराः [२] अष्टसिद्धिसमृद्धिदाः [३] ॥ ४० ॥
एताः पूज्या महाकाल वर्णपार्श्वचराः प्रभाः [४]।

हे महाकाल ! (काकिनी के ककारादि) वर्णों के पार्श्व में रहने वाले उक्त सभी तेजस्वी देवी और देवताओं की पूजा करनी चाहिए । ये सभी सुन्दर स्वरूप धारण कर काकिनी और ईश्वर को वेष्टित (घेरकर) स्थित हैं तथा आठों प्रकार की सिद्धि एवं समृद्धि को देने वाले हैं ॥ ४०-४१ ॥

प्रसीद नाथ स्वामीति नाम्ना मनसि पूजयेत् ॥ ४१ ॥
'वर्णेश्वर प्रियानन्दां काकिनीं पूजयाम्यहम्'।

---

१. विश्व—क० ।—गीतं वाद्यमादिर्यस्य तादृशैः निस्वनैर्मग्ना देहिना । आनन्दसागरे निमग्ना भवन्ति, विलक्षणगीतादिश्रवणेनेति भावः ।

२. सुन्दरकराः—क० ।

३. समृद्धिदा—क० ।

४. प्रभो—ख० ।

इति मन्त्रेणैव[१] पूज्या वर्णरूपा सरस्वती ॥ ४२ ॥
तदा प्रसन्ना: सिद्ध्यन्ति श्रीकाकिन्या: कलौ युगे ॥ ४३ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवभैरवीसंवादे काकिनीश्वरवर्णपार्श्व[२]चरयजनं नाम सप्तपञ्चाशत्तम:[३] पटल: ॥ ५७ ॥

ईश्वर की पूजा, 'हे नाथ ! हे स्वामिन् ! प्रसन्न होईए', ऐसी भावना कर साधक को मन में पूजा करनी चाहिए । फिर 'वर्णेश्वर प्रियानन्दां काकिनीं पूजयाम्यहम्' इस मन्त्र से वर्णरूपा सरस्वती की पूजा करनी चाहिए । ऐसा करने से सभी काकिनी देवियाँ प्रसन्न हो कर सिद्ध होती है ॥ ४२-४३ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तर तन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्र प्रकरण में षट्चक्र प्रकाश में भैरवी भैरव संवाद में काकिनी ईश्वरवर्ण पार्श्वचरयजन नामक सत्तावनवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ५७ ॥

---

१. वै पूज्या—ख० ।
२. पर्णपार्श्व—इति सं० पुस्तके पाठ: ।
३. अष्टपञ्चाशत्तम: पटल:—ख० ।

अथाष्टपञ्चाशत्तमः पटलः

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

काकिनीसिद्धिसाधनवर्णनम्

अथाष्टसिद्धिमाहात्म्यं शृणु श्रीचन्द्रशेखर ।
मन्त्रोद्धारं तथा न्यासं कवचाङ्ग तव प्रियम् ॥ १ ॥
स्तोत्रं सहस्रनामाख्यं साष्टोत्तरमनुप्रियम् ।
साकारध्यानमखिलं सालोक्यादिपदप्रदम् ॥ २ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—हे चन्द्रशेखर! अब अष्टाङ्गसिद्धि का माहात्म्य, काकिनी देवी का मन्त्रोद्धार, न्यास, आपको प्रिय लगने वाले कवच, उसके अङ्गभूत न्यास, अष्टोत्तर सहस्रनाम वाला स्तोत्र, काकिनी के प्रिय मन्त्र तथा सालोक्यादि मुक्ति देने वाले उनके सब प्रकार के साकार रूप का ध्यान कहती हूँ, उसे सुनिए ॥ १-२ ॥

यस्य [1] करणमात्रेण [2] सुरो भवति मानुषः ।
वृक्षबीजाद् भवेद् वृक्षः श्रद्धयाश्च फलोदयः ॥ ३ ॥
तथा तथैव मन्त्राणामुदयो बीजयोगतः ।
बीजं तु परमं ज्ञानं बीजाधीनं चराचरम् ॥ ४ ॥

जिसके अनुष्ठान करने मात्र से मनुष्य साक्षात् देवता बन जाता है । जिस प्रकार वृक्ष के बीज से वृक्ष की उत्पत्ति होती है, (वैसे ही मन्त्र एवं देवता में) श्रद्धा से फल की उत्पत्ति होती है । उसी प्रकार बीज के योग से मन्त्रों की उत्पत्ति होती है । इस प्रकार बीज ही सर्वोत्तम ज्ञान है और यह सारा चराचर जगत् बीज से ही उत्पन्न हुआ है ॥ ३-४ ॥

बीजमाश्रित्य सर्वेन्द्राः प्रतिभान्ति महौजसः ।
कोटिसूर्यप्रतीकाशाः प्राणस्थाननिवासिनः ॥ ५ ॥

सभी इन्द्र (आदि देवता) बीज के आश्रय से अत्यन्त तेजस्वी बन कर शेभित हो रहे हैं । कोई करोड़ों सूर्य के समान भासमान होकर प्राणस्थान में निवास करते हैं ॥ ५ ॥

के चाप्ययुतसूर्याभाः शतसूर्यसमप्रभाः ।
केचिद् द्वादशसूर्याभाः को [3] जनश्चैकभासुराः ॥ ६ ॥

---

१. स्मरण—ख० ।
२. शिवो—ख० ।
३. केऽपि ज्वलत्प्रभाकराः—ख० ।

कोपि [1]नाम मुनिर्दीप्तः कोपि चन्द्रसमप्रभः ।
कोपि श्रीकान्तिकिरणः शङ्खचक्रगदाधरः ॥ ७ ॥

कोई देव दशहजार सूर्य के समान, कोई सौ सूर्य के समान, कोई १२ सूर्य के समान, कोई मात्र एक सूर्य के समान, कोई मुनि के समान मात्र चमकते हुए, कोई चन्द्रमा के सदृश शीतल प्रकाश युक्त, कोई तो श्री के समान किरणों वाले, कोई देव शंख चक्र गदा धारण किए हुए हैं ॥ ६-७ ॥

एते बीजसमुद्भूता [2]निर्बीजाश्च पञ्चदेवताः ।
ब्रह्मविष्णुशिवानन्दभैरवाः [3] प्राणदेवताः ॥ ८ ॥

ये सभी प्रकार के देवता बीज से ही उत्पन्न हुए हैं । किन्तु १. ब्रह्मा, २. विष्णु, ३. शिव, ४. आनन्दभैरव और ५. प्राणदेवता—इन पाँचों देवताओं की उत्पत्ति बिना बीज के हुई है ॥ ८ ॥

ब्रह्माब्रह्मस्वरूपेण श्वासमार्गप्रवेशकः ।
विष्णुर्वैष्णवतत्त्वेन[4] कुम्भकान्तर्गतः प्रभुः ॥ ९ ॥
शिवः संहाररूपेण महाप्रलयगः प्रभुः ।
आनन्दभैरवः श्रीमान् मूलज्ञानीपरात्परः ॥ १० ॥

ब्रह्मा ब्रह्म के स्वरूप से श्वास मार्ग में प्रविष्ट हैं । विष्णु प्रभु वैष्णवतत्त्व से कुम्भक के भीतर विराजमान हैं । शिव संहार के स्वरूप से सृष्टि का प्रलय करते हैं और श्रीमान् आनन्दभैरव तो मूल के ज्ञाता तथा परात्पर हैं ॥ ९-१० ॥

मूलाम्भोजाद् ब्रह्मरन्ध्रं यावत्तत्र [5]प्रवेशिका ।
प्राणविद्यास्वरूपेण बीजरूपा सनातनी ॥ ११ ॥
सा भाव्या योगिभिर्नित्यं योगाङ्गैरतिभाव्यते ।
योगशास्त्रं विना नाथ के जानन्ति महर्षयः ॥ १२ ॥

मूलाधार से लेकर जहाँ तक ब्रह्मरन्ध्र का स्थान है वहाँ तक प्राणविद्या स्वरूप से प्रवेश करने वाली, सनातनी एवं बीजरूपा प्राणविद्या पाचवीं देवता कही गई हैं । योगी जनों के द्वारा वही नित्य भावना करने के योग्य हैं, वहीं शास्त्रों में योग के अङ्ग के रूप में कही गई हैं । हे नाथ ! उस प्राणदेवता को बिना योग के कौन महर्षि जान सकता है ? ॥ ११-१२ ॥

---

१. नानामनोर्दीप्तिः—ख० ।
२. बीजाश्च—क० ।—निर्गतं बीजं यासां ताः पञ्च देवताः । ब्रह्मा विष्णुः शिवः आनन्दो भैरवश्चेति प्राणापानसमानोदानव्यानाख्यपञ्चप्राणवासुदेवताः ।
३. भैरव इति समस्तपदात्मकः पाठः—ख० पुस्तके ।
४. विष्णुर्वैष्णवतन्त्रेणेति—ख० ।
५. प्रवेशकः—ख० ।

अत्यन्तदुःखसाध्या[१] सा योगिज्ञेया मनोयवा ।
नानारूपा बृहद्रूपा श्वासोच्छ्वासप्रकाशिनी ॥ १३ ॥
हृदयाम्भोजमध्यस्था ईश्वरस्थानवासिनी ।
कालचञ्चुप्रकाशा[२] सा सर्वभूतहृदिस्थिता ॥ १४ ॥

वह अत्यन्त दुःख के साथ साध्य हैं, योगियों द्वारा ज्ञान गम्य हैं, मन के समान वेगवर्ता और चञ्चल हैं । उनके अनेक रूप हैं, उनका स्वरूप भी बृहत् है । वह श्वास तथा उच्छ्वास से प्रकाश करने वाली हैं । वह हृदयकमल (अनाहत चक्र) में रहकर महेश्वर के स्थान में निवास करती हैं । कलाचञ्चु से प्रकाश करने वाली वह सभी के हृदय कमल पर स्थित हैं ॥ १३-१४ ॥

सर्वेषां ज्ञानकर्त्री च सर्वानन्दकरी हृदि ।
सा देवी काकिनी[३] विद्या ईश्वरी परमा कला ॥ १५ ॥
विभाव्या कोटिसूर्याभा कोटिचन्द्रसमानना ।
तस्या मन्त्रं महामन्त्रं ब्रह्ममन्त्रं हि योगिनाम् ॥ १६ ॥

जो सभी को ज्ञान देने वाली एवं हृदय में आनन्द करने वाली हैं वही काकिनी नाम की देवी है, महाविद्या ईश्वरी तथा परमा कला है । अतः सभी को करोड़ों सूर्य के समान प्रकाश करने वाली आह्लाद उत्पन्न करने वाले करोड़ों चन्द्रमा के समान मुख से शोभित उसी काकिनी का ध्यान करना चाहिए । उनका मन्त्र सभी मन्त्रों से उत्तम है । योगीजनों के लिए तो वह ब्रह्ममन्त्र है ॥ १५-१६ ॥

शृणुनाथ कुलानन्द भैरव्यादिमनुं मुदा ।
एतन्मन्त्रप्रभावेण[४] परात्मानं वशं नयेत् ॥ १७ ॥

हे शाक्त सम्प्रदाय को आनन्द देने वाले प्रभो ! अब आप उस भैरवी के आदि मन्त्र को प्रसन्नतापूर्वक सुनिए । इस मन्त्र के प्रभाव से साधक परमात्मा को भी अपने वश में कर लेता है ॥ १७ ॥

दीर्घप्रणवमुच्चार्य वामनेत्रं समुद्धरेत् ।
मायान्ते[५] वाग्भवं बीजं कामबीजं समुद्धरेत् ॥ १८ ॥
कामबीजं तथैश्वर्ये नमोऽन्ते[६] वह्निकामिनी ।
एतन्मन्त्रप्रसादेन भवेत् कालवशः क्षणात् ॥ १९ ॥

दीर्घ प्रणव (आँ ?) का उच्चारण कर वामनेत्र (ई) का उच्चारण करे, फिर माया

---

१. अनन्तसुख—ख० । २. काकचञ्चुप्रकाशा—ख० ।
३. देवीर्ति—ख० ।
४. प्रसादेन—ख० ।—एतस्य मन्त्रस्य भैरवमन्त्रस्य प्रभावेण प्रसादेन वा इति पाठद्वयीयो भावः।
५. मायानामिति—क० । ६. नमोन्तवह्नि—ख० ।

बीज (ह्रीं), फिर वाग्भव बीज (ऐं), फिर काम बीजं (क्लीं), पुनः काम बीज (क्लीं), फिर 'ऐश्वर्ये' के बाद 'नमः स्वाहा'—इस मन्त्र की कृपा हो जाने पर तत्क्षण साधक के वश में काल हो जाता है ॥ १८-१९ ॥

विमर्श—(क्लीं) आँ ईं ह्रीं ऐं क्लीं क्लीं ऐश्वर्ये नमः स्वाहा (ऐं) । यह भैरवी का प्रथम मन्त्र है । इसे क्लीं ओर ऐं से सम्पुटित करना चाहिए ॥ १८-१९ ॥

अत्यन्तसुखमाप्नोति[1] भयाज्ञानापहो भवेत् ।
कामेन पुटितं मन्त्रं वाग्भवेनापि वा प्रभो ॥ २० ॥
स्वमन्त्रपुटितं कृत्वा सिद्धिः स्यादचिरादिह ।
अथान्यमन्त्रं वक्ष्यामि [2]सावधानोऽवधारय ॥ २१ ॥

इतना ही नहीं, ऐसा साधक अत्यन्त सुख भी प्राप्त करता है । उसके सब प्रकार के भय तथा अज्ञान दूर हो जाते हैं । हे प्रभो ! यह मन्त्र काम बीज (क्लीं) अथवा वाग्भव (ऐं) के द्वारा सम्पुटित कर जप करने से थोडे ही समय में सिद्धि हो जाती है । इसके अतिरिक्त एक अन्य मन्त्र भी कहती हूँ, हे महाभैरव ! सावधानी से सुनिए ॥ २०-२१ ॥

भद्रकालीं समुद्धृत्य किङ्किणीबीजमुद्धरेत् ।
बालाबीजं[3] समुद्धृत्य माहेश्वर्यै नमो द्विठः ॥ २२ ॥

'भद्रकालीं' पद कहकर किङ्किणी बीज ? का उच्चारण करे, फिर बाला बीज (स्फैं ?) का उच्चारण कर 'माहेश्वर्यै नमः स्वाहा' ऐसा कहे ॥ २२ ॥

केवलं मूलमन्त्रेण पुटितं मूलमन्त्रकैः ।
पूजयेत् परया भक्त्या हृदयाम्भोजमण्डले ॥ २३ ॥

केवल मूलमन्त्र से (द्र०. ५८, १९-२०) अथवा सम्पुटित मूल मन्त्र से साधक अपने हृदयाम्भोज में अत्यन्त भक्ति भाव से उन काकिनी देवी का पूजन करे ॥ २३ ॥

विमर्श—भैरवी का अन्य मन्त्र— .. .. भद्रकाली .. .. माहेश्वर्यै नमः स्वाहा ।

अप्रकाश्यमिमं मन्त्रं सर्वतन्त्रेषु गोपितम् ।
लक्षजपेन सिद्धिः स्याद् हृदयाब्जे [4]स्थिरो भवेत् ॥ २४ ॥

यह मन्त्र सभी तन्त्रों में गुप्त रखा गया है, क्योंकि अप्रकाश्य है । इस मन्त्र का एक लाख जप करने से सिद्धि होती है और साधक का मन हृदयाब्ज के अनाहत चक्र में स्थिर हो जाता है ॥ २४ ॥

अकस्माद्दीपकलिकाकारं जीवं[5] प्रपश्यति ।

---

१. अनन्तेति—ख० । २. सावधानावधारयेति—क० ख० ।
३. कलाबीजमिति—ख० । ४. शिवो—ख० ।
५. बीजमिति—ख० ।—दीपस्य कलिकाया आकारो यस्य तादृशं जीवं स्वस्वरूपं प्रपश्यति ।

ततो भवेन्महायोगी ईश्वरीमन्त्रसाधनात् ॥ २५ ॥

ऐसा साधक अकस्मात् दीप की कलिका के आकार में जीव का दर्शन प्राप्त कर लेता है। फिर तो ईश्वरी मन्त्र के साधन से वह महायोगी भी हो जाता है ॥ २५ ॥

ध्यानं वक्ष्यामि पूजाया गुह्याद् गुह्यतरं परम् ।
ध्यात्वा पाद्यादिभिर्नाथ मनःकल्पितपुष्पकैः ॥ २६ ॥

हे सदाशिव ! अब पूजा में विहित अत्यन्त गोपनीय (श्रीश्वरी काकिनी के) ध्यान को कहूँगी। सर्वप्रथम (काकिनी का) ध्यान करे, फिर उन देवी को पाद्यादि से पूजा कर तथा मानसिक पुष्प समर्पण करे ॥ २६ ॥

पूजयेत्परया भक्त्या मन्त्रध्यानपरायणः ॥ २७ ॥

साधक अत्यन्त भक्ति भाव से युक्त हो कर मन्त्र द्वारा इस प्रकार ध्यान परायण होकर पूजा करे ॥ २७ ॥

श्रीश्वरीकाकिनीध्यानकथनम्

शशधरशतकोटिश्रीमयूखप्रभायाः
या सुरतरुगुणशोभा निर्मला वेदहस्ता ।
अरुणकिरणभाला हारमाला विलोला
हृदयकमलमध्ये श्रीश्वरीं तां भजामि ॥ २८ ॥

जो सैकड़ों करोड़ चन्द्रमा की श्री वाली किरणों की प्रभा से युक्त हैं, जो कल्प वृक्ष के गुणों की शोभा से सम्पन्न हैं, सर्वथा निर्मल एवं वेदों को अपने हाथ में लिए हुए हैं, जिनके मस्तक से लाल किरणें निकल रही हैं तथा जो हार की माला से सुशोभित और चञ्चला हैं ऐसी श्रीश्वरी भगवती काकिनी का मैं अपने हृत्कमल के मध्य में ध्यान करता हूँ ॥ २८ ॥

एवं [१] सर्वस्वरूपां तां विभाव्य हृदयाम्बुजे ।
पुनः पुनः पूजयेद्वै त्रैलोक्योद्भवपुष्पकैः ॥ २९ ॥

इस प्रकार सर्वस्वरूपा उन काकिनी का हृदय कमल में ध्यान कर त्रिलोकी में उत्पन्न होने वाले अनेक पुष्पों द्वारा उनकी बारम्बार पूजा करनी चाहिए ॥ २९ ॥

अवश्यं सिद्धिमाप्नोति पूजायोगप्रभावतः ।
आयुरारोग्यजननं [२] पूजनं सुमहाफलम् ॥ ३० ॥
ततो जपेन्महामन्त्रं वर्णमालाक्रमेण तु ।
प्राणायामं ततः कृत्वा न्यसेत् सर्वाङ्गमध्यके ॥ ३१ ॥

इस पूजा योग के प्रभाव से साधक को अवश्य सिद्धि प्राप्त होती है । काकिनी का

१. सर्वात्मरूपामिति—ख० ।
२. जननीं सुमहत्फलसम्भवाम्—ख० ।

पूजन महान् फल देने वाला है । इससे आयु तथा आरोग्य एवं श्री प्राप्ति तो होती ही है । इसके बाद वर्णमाला के क्रम से (द्र० . ५९, १७-२४) महामन्त्र का जप करे । प्रथम प्राणायाम करे फिर सर्वाङ्ग न्यास करे ॥ ३०-३१ ॥

न्यासकथनम्

मातृकाग्रन्थिनिकरे न्यसेत् पूर्वोक्तनामभिः ।
यदुक्तं पूर्वपटले तेषां नामाभिरेव च ॥ ३२ ॥
विन्यस्य मन्त्रपुटितं मन्त्रन्यासं ततश्चरेत् ।
काकिन्या अष्टशक्तीनां न्यासं कुर्यात्ततः परम् ॥ ३३ ॥

मातृका ग्रन्थि के निकट में कहे गए नामों से तथा पूर्वोक्त पटल में कहे गए उन-उन देवताओं के नाम से न्यास करें । तदनन्तर सम्पुटित मन्त्र द्वारा न्यास कर मन्त्रन्यास करे । तदनन्तर काकिनी की अष्टशक्तियों का भी न्यास करे ॥ ३२-३३ ॥

काकजिह्वाद्विकाण्डेशी[1] कामाख्या[2] काकिनी ध्वजा ।
काकिनी काकमाला च काकचञ्चुप्रकाशिनी ॥ ३४ ॥
कोकिलाचाष्टशक्तीनां नाम्ना विन्यस्य मस्तके ।
कण्ठकूपे न्यसेत्पश्चात् षोडशस्वरसम्पुटम् ॥ ३५ ॥
हृदये विन्यसेन्नाथ कादिद्वादशसम्पुटम् ।
मन्त्रं विन्यस्य विधिना नाभौ मन्त्रेण सम्पुटम्[3] ॥ ३६ ॥

१. काकजिह्वा, २. द्विकाण्डेशी, ३. कामाख्या, ४. काकिनी ध्वजा, ५. काकिनी, ६. काकमाला, ७. काकचञ्चुप्रकाशिनी तथा ८. कोकिला—ये उन आठ शक्तियों के नाम है । उक्त आठ नामों द्वारा मस्तक पर न्यास कर कण्ठकूप में षोडशस्वर से सम्पुटित मूल मन्त्र का न्यास करे । इसके बाद हे नाथ ! हृदय में क से लेकर ठ पर्यन्त द्वादश वर्णों का सम्पुट न्यास करे ॥ ३४-३६ ॥

डादिफान्तं तु विन्यस्य बादिलान्तं स्वलिङ्गके ।
मूलाधारे मूलमन्त्रपुटितं वादिसान्तकम् ॥ ३७ ॥

इसके बाद नाभि में ड से लेकर फ वर्णों द्वारा (१० वर्ण से) सम्पुटित न्यास करे । तदनन्तर 'ब से लेकर ल पर्यन्त (६) वर्णों से लिङ्गस्थान में न्यास करे । फिर व से लेकर स पर्यन्त ४ वर्णों से सम्पुटित मूल मन्त्र से मूलाधार में न्यास करे ।

विन्यस्य व्यापकं न्यासं कृत्वाङ्गानि च बन्धयेत् ।
ततः प्राणायाममेकं[4] कृत्वा प्राणान् समाश्रयेत् ॥ ३८ ॥

---

१. द्विकाकेशीति—ख० । २. काकाक्षा—ख० ।
३. नाभौ मन्त्रेण सम्पुटं मन्त्रं विधिना विन्यस्य जपेत् ।
४. प्राणायामत्रिकं कृत्वा प्राणायामं समाश्रयेत्—ख० ।

इसके बाद व्यापक न्यास कर अपने समस्त अङ्गों को मन्त्र से बाँधकर रक्षित करे । इसके बाद एक प्राणायाम कर प्राणों को स्थिर कर लेवे ॥ ३७-३८ ॥

ततः स्तोत्रं पठेद्धीमान् तत्सर्वं शृणु शङ्कर ।
हविष्याशी[1] वशीभूत्वा साधयेदिह सिद्धये ॥ ३९ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे काकिनीसिद्धिसाधन [2]नामाष्टपञ्चाशत्तमः पटलः ॥ ५८ ॥

हे शङ्कर ! इसके बाद धीमान् साधक को जिस स्तोत्र का पाठ करना चाहिए, उसे आप सुनिए क्योंकी स्तोत्र पाठ के अनुष्ठान में हविष्यान्न का भोजन कर जितेन्द्रिय हो सिद्धि के लिए देवता की साधना करनी चाहिए ॥ ३९ ॥

॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में काकिनी की सिद्धि के लिए साधन नामक अट्ठावनवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ५८ ॥

---

१. हविष्यमश्नाति तच्छीलो वशी स्वेन्द्रियविजेता भूत्वा सिद्धये सिद्धिमवाप्तुं साधयेत् ।

२. ऊनषष्टितमः पटलः—ख० ।

अथैकोनषष्टितमः पटलः

काकिनीस्तोत्रविन्यासः
श्रीआनन्दभैरवी उवाच[१]

ज्ञानेश्वरी शुभकरी परिभावनीया
योगेश्वरैर्हरिहरैर्गुरुभिर्महेन्द्रैः ।
तां काकिनीं परशिवां[२] परमेशपत्नीं
संस्तौमि[३] चारुहृदयाम्बुजपीठमध्ये[४] ॥ १ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—जिन ज्ञानेश्वरी एवं शुभकरी काकिनी देवी का योगेश्वरों, हरिहरों, गुरुजनों तथा महेन्द्रादि देवताओं द्वारा ध्यान किया जाता है, उन परमेशपत्नी परशिवा काकिनी देवी की मैं अपने कोमल हृदय में रहने वाले कमल दल के मध्य पीठ में स्तुति करता हूँ ॥ १ ॥

एकाकिनी त्रिजगतामतिनाशकाले
त्वां काकिनीं [५]समरकार्णा(ण्ड)ककाकपत्नीम् ।
त्वं[६] साक्षिणी भुवनभङ्गविधौ सकास्ते
भूषण्डकाकमहिषीव वयं भजामः ॥ २ ॥

जो इस त्रिलोकी के संहार काल में मात्र अकेली रहती हैं, ऐसी समरकाण्डक (?) काकपत्नी आप काकिनी का हम भजन करते हैं। हे माता! आप इन भुवनों के प्रलय काल की साक्षिणी हैं और इस भूखण्ड की काकमहिषी के समान ककार वर्ण से संयुक्त रहती हैं (ऐसे काकिनी के विग्रह का ध्यान करना चाहिए) ॥ २ ॥

एकाकिनीं सकलधारणकालयोगे
आधार्य देहसमये सति काकिनीं त्वाम् ।
वाय्वासने मनस आशु विकारनाशे
काकेन्द्रचञ्चुचलितामहमेवमीडे ॥ ३ ॥

हे समस्त विश्व के धारण काल में समर्थ माता! मैं अपने देह के हृदय स्थान में आप काकिनी का ध्यान कर, मन के विकार शीघ्र नष्ट हो जाने पर वाय्वासन पर काकेन्द्र चञ्चु से चलायमान आपकी स्तुति करता हूँ ॥ ३ ॥

---

१. ख. पुस्तके नास्ति । २. प्रसविनीमिति—ख० । ३. तामिति—ख० ।
४. राजिमध्ये—ख० । ५. कालिक—ख० ।
६. त्वां साक्षिणीं भुवनभङ्गविधौ सकान्ते.....महिषीं सततं भजामीति—ख० ।

भावोदये प्रणयिनीमगतौ[1] च भावा
आह्लादयोगविभवे[2] भुवनेश्वरीं त्वाम् ।
मन्दारहाररुचिरे[3] परमेश्वरि त्वं
रक्षां कुरु प्रथमतो मतिमाश्रयामि ॥ ४ ॥

हे आह्लाद रूप योग से ऐश्वर्यशीले ! हे मन्दारहाररुचिरे ! हे परमेश्वरि ! आप अगतिक जनों पर (शरण देकर) कृपा करने वाली हैं । ऐसी भाव के उदय होने पर भावुक जनों मे प्रणय करने वाली आप भुवनेश्वरी का मैं ध्यान करता हूँ, मैं प्रथमतः आपका आश्रय ग्रहण करता हूँ मेरी मति की रक्षा कीजिए ॥ ४ ॥

चन्द्रोदये[4] सुखमयी द्युतिकोटिदीप्ता
गोप्यागमे [5]सुमतिभिः स्वमनांसि शुद्धा ।
सा त्वं सुखात्वं[6] भव भावविपूजनीये
रक्षां कुरु प्रथमभास्करमङ्घ्रिमीडे ॥ ५ ॥

हे चन्द्रोदये ! आप सुखमयी हैं, करोड़ों प्रकाश से उद्दीप्त हैं, बुद्धिमानों के द्वारा आप आगम शास्त्र में गोपनीय हैं, स्वजनों के मानस को शुद्ध करने वाली हैं । अतः हे सदाशिव ! (की पत्नी) भावपूर्वक पूजा के योग्य एवं सुखदायिनी माता सर्वप्रथम मेरी रक्षा कीजिए । मैं सूर्य के समान प्रकाशित आपके चरण कमलों की स्तुति करता हूँ ॥ ५ ॥

ते पादपङ्कजमजस्रमहं भजामि
सानन्दबिन्दु विमलासनभावपुञ्जे[7] ।
गुञ्जावटी[8] विमलमाल्यसुशोभिताङ्गे
स्यामेव[9] मे चरमभावसमूहदात्री ॥ ६ ॥

हे आनन्द से युक्त बिन्दु के विमल आसन पर स्थित भाव समूहों वाली ! हे गुञ्जावटी की विमल माला धारण करने से शोभित अङ्गों वाली ! मैं आपके पाद पङ्कज की अजस्र सेवा करता हूँ और आगे भी इसी प्रकार करता रहूँ । आप मुझे अपने चरमभाव समूह को देने वाली होएँ ॥ ६ ॥

पञ्चानने दशभुजे सकलास्त्रयुक्ते
विद्ये भये नरहरे नरहारभूषे ।

---

१. विभवे—ख० ।
२. आह्लादाधायको योग आह्लादयोगस्तस्य विभव ऐश्वर्यम् ।
३. तृतीयचरणं मन्दारहारादि ख—पु० नास्ति ।
४. चन्द्रोदये इत्यादि प्रथमचरणं ख० पु० नास्ति ।
५. सुखकरी शुभदया शुद्धा—ख० ।
६. सुखानुभवकारिणि पूजनीये—ख० ।
७. ननहासपुञ्जे—ख० ।
८. गुञ्जात्कटी विमलमाल सुशोभिताङ्गे ।
९. श्यामे च मे.......धात्री—ख० ।

प्रेतासने[1] त्रिनयने जननी त्वमेव
रक्षे[2] शुभे चरणपङ्कजमाश्रयामि ॥ ७ ॥

हे पञ्चानने ! हे दशभुजे ! हे सकलास्त्रयुक्ते ! हे विद्ये ! हे भये ! हे नरहरे ! हे कपालभूषे ! हे प्रेतासने ! हे त्रिनयने ! आप ही हमारी माता हैं, हे रक्षे ! हे कल्याणकारिणी ! मैं आपके चरण कमलों का आश्रय ग्रहण करता हूँ ॥ ७ ॥

श्री सुन्दरि प्रणतरक्षिणि वेदमात-
स्तारेश्वरी[3] त्वमपि रक्ष विनाशकाले ।
यद्येकभक्त[4] इतिहासपुराणवक्ता
नित्यानुरक्तहरपादसरोजमीडे ॥ ८ ॥

हे श्री ! हे सुन्दरि ! हे प्रणतरक्षिणि ! हे वेदमातः ! यतः आप तारेश्वरी हैं अतः मेरे इस विनाशकाल में आप मेरी रक्षा कीजिए । क्योंकि मैं एक सदाशिव का भक्त हूँ, इतिहास पुराण का वक्ता हूँ और नित्य अनुरक्त रह कर भगवान् सदाशिव के चरण कमलों की प्रार्थना करता हूँ ॥ ८ ॥

ते श्रीपदं भुवनसारमनन्तसेव्यं
योगास्पदं कृतिभिराश्रयमेकयोगम् ।
सर्वे भजन्ति निजमोक्षफलाय नित्यं
दीनोऽहमम्ब[5] भुवनेशि मुदा[6] भजामि ॥ ९ ॥

हे मातः ! आपका श्री युक्त पद भुवन का सार है, अनन्त श्री विष्णु का सेव्य है, योग का आस्पद है, पुण्यात्माओं का आश्रय स्थान है, एकमात्र योगस्वरूप है, सभी लोग मोक्ष फल की प्राप्ति के निमित्त उसका भजन करते हैं । इसलिए हे अम्ब ! हे भुवनेशि ! दीनता युक्त मैं भी प्रेम से उसी का भजन करता हूँ ॥ ९ ॥

त्रैलोक्यपूजितपदं हृदयाम्बुजस्थं
चित्तप्रकाशकमले[7] स्वसुखानुभूतम् ।
मायाश्रयं सकलसिद्धिनिदानरूपं
मञ्जीरहारविनतं वरमाश्रयामि ॥ १० ॥

हृदय कमल में रहने वाला आपका पद त्रैलोक्य पूजित है । हे चित्त को प्रकाशित करने वाली, कमला स्वरूपे ! वह पद आत्मानन्द के सुख का अनुभव करने वाला है, माया

---

१. श्वेतासने—ख० ।—प्रेत आसनं यस्याः सा तत्सम्बोधने, प्रेतासने त्रीणि नयनानि यस्याः सा, तत्सम्बोधने इति यावत् ।

२. दीनोऽस्मि ते—ख० ।

३. तारेश्वरीति—क० ।

४. यद्येक एव इतिहासपुराणरूपे नित्यं तवैव खलु पादसरोजमीडे—ख० ।

५. मद्य—ख० ।

६. मुदाश्रयामि—ख० ।

७. चित्तप्रकाशकमशेषसुखानुभूतमिति—ख० ।

का आश्रय है, सारी सिद्धियों के निदान का स्वरूप है, मञ्जीर के हार से विनत है, ऐसे श्रेष्ठ आपके पद का मैं आश्रय ग्रहण कर रहा हूँ ॥ १० ॥

कौटीरहार[१]कमलप्रियमाल्यशोभे
शोभाकरे स्थिरतरा भव मे हृदब्जे ।
भूमण्डले हि बलवान्कृतकृत्य एव
त्वामीश्वरीं हृदि मुदा सुखमाश्रयामि ॥ ११ ॥

हे मणि माणिक्य के हारों वाली ! कमलों की प्रिय माला से शोभा धारण करने वाली। हे शोभाकरे ! आप मेरे हृदय कमल में स्थिरतापूर्वक निवास कीजिए । भूमण्डल में बलवान् तथा कृतकृत्यता के लिए मैं अपने हृदय में आप ईश्वरी का आश्रय लेता हूँ ॥ ११ ॥

नित्ये[२] पुरा भजति योगसुसिद्धयेऽसौ
शम्भुर्गिरीश इति चेश्वरपार्श्वगामि ।
सायुज्यनाथपदवीं गत ईशकान्ते
एकाकिनी कुलवताङ्घ्रियुगं किमन्यैः ॥ १२ ॥

हे ईश्वर को अपने पार्श्व में स्थापित करने वाली नित्ये ! पूर्वकाल में अपनी योग सिद्धि के लिए जिन्होंने आपका भजन किया, वे ईश्वर, गिरीश, सायुज्य प्राप्त कर आपके नाथ बन गए । हे ईशकान्ते ! एकमात्र शक्ति सम्प्रदाय वालों के लिए आपका चरण ही शरण है, अन्यों का सहारा प्राप्त करने से क्या ? ॥ १२ ॥

ध्यायन्ति योगिन [३]इहाघसमूहशैलं
संहार[४] हेतुकसदाघविनाशनाय ।
चित्तोत्सवाय विभवाय जयाय भूमेः
दीनोऽहमाशु विभजामि पदं श्रिये ते ॥ १३ ॥

हे मातः! योगीजन अघसमूह को चूर्ण करने के लिए शैल के समान आपके चरण कमल का मृत्यु के कारणीभूत पाप के विनाश के लिए ध्यान करते हैं । चित्त की प्रसन्नता के लिए, ऐश्वर्य प्राप्ति के लिए, पृथ्वी के विजय के लिए भी लोग उन्ही का ध्यान करते हैं । मैं तो अत्यन्त दीन हूँ, अतः शीघ्र ही श्री की प्राप्ति के लिए आपके चरणकमलों का भजन करता हूँ ॥ १३ ॥

कृष्णे सिते [५]विमलपीतनिभे सुरक्ते
वर्णाश्रये त्वमव [६]मामतिदीनमेकम् ।

---

१. चन्द्रोदये सुखमयं द्युतिकोटिदीप्तमिति—ख० ।

२. नित्यं पुरा भवति वै खलु योगसिद्ध्यै ।—नितरां भवा नित्या ध्रुवा । 'त्यब् नेर्ध्रुवे' इति वार्तिकेन त्यपि सति नित्या इति । सम्बोधने नित्ये ।

३. इहैव तवाङ्घ्रियुग्मम् ।

४. हेतुवडपाघविनाशनाय—क० ।

५. विमलपङ्कजकोशसंस्थे—ख० ।

६. मामिह—ख० ।—एकमतिदीनमतिहीनं मामित्यन्वयः । दीङ् क्षये इत्यस्माद्दीनशब्दो

पुत्रं तवैव चरणाम्बुजमेव[1] कान्तं
नीलाम्बुजे स्थिरतरं कुरु कामदात्रि ॥ १४ ॥

हे कृष्णे! हे श्वेते! हे निर्मले! हे पीतसदृशे! हे सुरक्ते! हे मातृकावर्णों में निवास करने वाली! मैं अत्यन्त दीन हूँ, अकेला निःसहाय आपका पुत्र हूँ अतः मेरी रक्षा कीजिए । हे कामदात्रि! हे नीलाम्बुजे ! आप मुझे अपने मनोहर चरण कमलों में स्थिर कीजिए ॥ १४ ॥

सर्वेश्वरी प्रियकरि[2] भवभावहन्त्रि
नाना[3] ध्वनिप्रणतकामदुघे विचित्रे ।
रत्नाम्बरे सुखपदं यदि देहि दास्यं
त्वं[4] चारुवर्णगलिते[5] पदमाश्रयामि ॥ १५ ॥

हे प्रियकरि ! हे जन्म के चक्कर का विनाश करने वाली ! हे विचित्रे ! हे अनेक प्रकार से आर्त पुकार करने वाले प्रणत जनों की कामधेनु ! आप सर्वेश्वरी हैं । हे रत्नाम्बरे ! हे चारुवर्णगलिते ! यदि मैं आपके चरण कमलों का आश्रय लेता हूँ तो आप मुझे सुख प्रदान करने वाला अपना दास्य भाव प्रदान कीजिए ॥ १५ ॥

रत्नाकरे सकरुणेऽरुणकोटिवर्णे
स्वर्णादिनिर्मित[6]सृजापविशोभिताङ्गी ।
त्वं काकिनी यदि कटाक्षनिपातमेकं
सर्वं[7] कुरुष्व सुखमोक्षपथप्रमोदी ॥ १६ ॥

हे रत्नाकरे ! हे सकरुणे ! हे अरुण कोटिवर्णे, आप स्वर्णादि से निर्मित आभूषणों के द्वारा सुशोभित अङ्गों वाली काकिनी हैं । आप ही सुख तथा मोक्षपथ में प्रमोद प्रदान करने वाली हैं । अतः एक बार मात्र अपने कटाक्ष के निक्षेप से मेरा समस्त कार्य पूर्ण कीजिए ॥ १६ ॥

हृत्पद्मादिवर्णध्यानम्

आद्ये प्रवालविमलेऽमलमाल्यशोभे
सूक्ष्मेऽतिसूक्ष्मनिकरे[8] करुणानिधाने ।
(क) बाले[9] वले प्रचले चपले प्रलापे
योगेशि पादकमलं कुलमाश्रयामि ॥ १७ ॥

हे आद्ये ! हे प्रवाल (मूँगा) के समान विमल वर्ण वाली ! हे अत्यन्त शुभ्र माला से

निष्ठान्तः, ओदितश्चेति तस्य नत्वे दीनः, क्षीण इत्यर्थः ।

१. संश्रृतं माम्—ख० ।　　२. प्रियकरी—ख० ।
३. नानात्मिके सकलकामहरे विचित्रे—ख० ।　　४. तच्चारु—ख० ।
५. गणितम्—ख० ।　　६. स्वार्थादि—ख० ।
७. कर्णे कुरुष्व खलु मोक्षपदानुभेदी—ख० ।　　८. तनु देहि पदाब्जयुग्मम्—ख० ।
९. त्वं षोडशी इत्यारभ्य पटलान्तं श्लोक—कदम्बकं ख०—पुस्तके नास्ति ।

शोभित होने वाली ! हे सूक्ष्मे ! हे अतिसूक्ष्मनिकरे ! हे करुणानिधाने ! हे बाले ! हे बले ! हे प्रचले ! हे चपले ! हे प्रलापे ! हे योगेशि ! मैं आपके पाद कमल का जो कुल (शक्ति) स्वरूप हैं, उसका आश्रय लेता हूँ ॥ १७ ॥

(ख) त्वं षोडशी खरतरा खरखड्गहस्ते
खड्गेश्वरी प्रखरवाक्यमाथाढ्यवक्त्रे ।
म खर्जूरहाररुचिरे खलहन्त्रि तुभ्यं
नित्यं नमो नम उपेन्द्रगिरीन्द्रसेव्ये ॥ १८ ॥

हे तीक्ष्ण तलवार अपने हाथ में धारण करने वाली ! आप षोडशी खरतरा एवं खड्गेश्वरी हैं । हे आढ्यवक्त्रे ! आप प्रखर वाक्य वाली हैं । हे खर्जूर की माला के धारण से रुचिर शोभा वाली, हे खलहन्त्रि ! हे विष्णु तथा गिरीन्द्र से भी सेवनीय देवी ! आपको नित्य नमस्कार है नित्य नमस्कार है ॥ १८ ॥

(ग) गीतानते तरुतरे प्रणमामि नित्यं
गात्रेश्वरी गतिहरे गणनाथसेव्ये ।
गायन्ति ते चरणपङ्कजसारगीतं
रक्षाप्रचण्डकलुषादनुपेक्षणीयम् ॥ १९ ॥

अनाहत पद्म में 'ग' का स्वरूप—हे गीत से प्रसन्न होने वाली देवी ! हे तरुतरे ! हे गतिहरे ! हे गणेश जी से सेवनीय ! आप सबके गात्र की अधीश्वरी हैं । मैं आपको नित्य प्रणाम करता हूँ । सभी लोग आपके चरण पङ्कज का सारभूत गीत (यश) गायन कर रहे हैं । मैं अप्रचण्ड (छोटे) पापों के करने से आपकी उपेक्षा के योग्य नहीं हूँ अतः मेरी रक्षा कीजिए ॥ १९ ॥

(घ) दीर्घस्वरे घनवरे घनघोरनादे
घोरानने नवघने घटनाघनानाम् ।
घोरास्पदे घटगते घटशून्यकर्त्रि
त्वं काकिनी समवतु क्षितिदोषजालात् ॥ २० ॥

हे दीर्घ स्वरों वाली ! हे घनवरे ! हे घनघोर शब्द करने वाली ! हे भयानक मुख वाली ! हे नवघने ! आप बादलों के समूहों की संघटना हैं । हे घोर स्थान में निवास करने वाली ! हे सबके घटरूप शरीर में रहने वाली ! हे शरीर रूपी घट को शून्य करने वाली आप (सर्वसमर्थ) काकिनी देवी हैं । आप इस पृथ्वी के दुःख रूप जाल से मेरी रक्षा कीजिए ॥ २० ॥

(ङ) आनुस्वरे स्मरहरे ननु रूपविद्ये
संयोगिनीप्रबलशत्रुविनाशभूते ।
रक्षेऽतिरक्ष करुणां कुरु देहि मोक्षं
(च) चण्डि प्रचण्डनयने चरणं भजे ते ॥ २१ ॥

हे 'ङ' रूप से अनुस्वार भूते ! हे स्मर को विनष्ट करने वाली ! हे मन्त्ररूप में महाविद्या स्वरूप वाली ! हे प्रबलशत्रुओं का विनाश करने वाली काकिनी ! आप संयोगिनी हैं। हे रक्षा करने वाली देवी ! मेरी विशेष रूप से रक्षा कीजिए। मुझ पर करुणा कीजिए और मुझे मोक्ष प्रदान कीजिए। हे चण्डि ! हे प्रचण्डनयने ! मैं आपके चरणों का भजन करता हूँ॥ २१ ॥

(छ) छत्रप्रदे छलहरे छदवासिनी त्वं
छद्मस्थिते हृदयपङ्कजदक्षयोगे[1]।
(ज) त्वां पूजये जयधरे यदुनाथजन्यो
जाये जयं यदिह देहि पदं भजामि ॥ २२ ॥

'छ', 'ज'—हे राज्य छत्र प्रदान करने वाली ! हे कपट को दूर करने वाली ! आप (कमल) पत्र में निवास करती हैं। हे हृदय पद्म में दक्षता पूर्वक रहने वाली देवी तथा (छल) छद्म में स्थित रहने वाली, यदुनाथ का जन्य (सेवक ?) मैं आपकी पूजा करता हूँ। हे जय धारण करने वाली देवी ! हे जाये ! आप मुझे इस लोक में जय प्रदान कीजिए। मैं आपके चरण कमलों की सेवा करता हूँ॥ २२ ॥

(झ) झङ्के झनज्वलयतीह रिपुं पिबन्ति
त्वं कौशिकी सकलदेहविशोधनी त्वम् ।
(न) नित्येऽनुनासिकपदे सकलार्थदे त्वं
(ञ) रक्षां कुरुष्व विपदे कुलपुञ्जगुञ्जे ॥ २३ ॥

'भ', . . . 'ञ'—हे झङ्कार से देदीप्यमान ! हे शत्रुओं का रक्त पीने वाली ! आप कौशिकी हैं, सबके देह का शोधन करने वाली हैं। हे नित्य अनुनासिकपदे ! हे सकलार्थ देने वाली ! हे विपदे ! हे शाक्त सम्प्रदाय वालों की गुञ्जास्वरूपे ! आप मेरी रक्षा कीजिए॥ २३ ॥

विमर्श—कौशिकी योगमाता हैं। .. .. ..

(ट) टङ्कारगेऽट्टहसने टललेऽट्टहासे
(ठ) ठक्कारिणी सठहरा परिनिष्ठिता त्वम् ।
सिंहेष्टपृष्ठनिलयेऽस्थिरयोगभावं
हृत्पद्मके कुरु सदा सकलार्थदात्रि ॥ २४ ॥

'ठ'—हे टङ्कार में रहने वाली ! हे अट्टहास करने वाली ! हे टलले ! हे अट्टहासे ! आप ठक्कारिणी हैं। सठता का अपहरण करने वाली तथा परिनिष्ठिता हैं। हे सिंह के पीठ पर निवास करने वाली ! हे सकलार्थदात्रि ! आप मेरे हृदय रूपी पद्म में स्थिर रह कर योग की भावना कीजिए॥ २४ ॥

---

१. हृदयं पङ्कजमिव, ''उपमितं व्याघ्रादिभिः सामान्याप्रयोगे'' इति समासः।

फलश्रुति

एतत्स्तोत्रं पठेद्धीमान् ध्यानन्यासपरायणः ।
विभाव्य स्तौति यो योगी स योगी मोक्षभाग्भवेत् ॥ २५ ॥
हृत्पङ्करुहमध्यस्थं स पश्यति जगत्त्रयम् ।
अष्टसिद्धियुतः[1] शीघ्रं जीवन्मुक्तो भवेन्नरः ॥ २६ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे काकिनीस्तोत्रविन्यासो नामोनषष्टितमः पटलः ॥ ५९ ॥

— ❖ —

धीमान् साधक ध्यान तथा न्यास में परायण रह कर इस स्तोत्र का पाठ करे । इस प्रकार भावना पूर्वक इस स्तोत्र से स्तुति करे तो वह योगी बन कर मोक्ष का भागी बन जाता है। इतना ही नहीं वह इन तीनों लोकों को अपने हृदय कमल में ही देख लेता है । किं बहुना वह अष्टसिद्धि से युक्त रह कर शीघ्र जीवन्मुक्त हो जाता है ॥ २५-२६ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के मन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्रप्रकरण में काकिनीस्तोत्रविन्यास नामक उनसठवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ५९ ॥

— ❖ —

---

१. अष्टौ सिद्धयोऽणिमाद्याः प्रसिद्धाः, ताभिर्युतोऽलङ्कृत इति यावत् ।

अथ षष्टितमः पटलः

आनन्दभैरव उवाच

वद कान्ते परानन्दे रहस्यं कुलसुन्दरि ।
यस्य विज्ञानमात्रेण भवेद् गङ्गाधरो हरिः ॥ १ ॥

आनन्दभैरव ने कहा—हे परानन्दे ! हे कुलेश्वरि ! हे कान्ते ! आप मुझसे उस रहस्य का वर्णन कीजिए जिसके जान लेने मात्र से साधक शिव शङ्कर तथा भगवान् विष्णु बन जाता है ॥ १ ॥

ईश्वरस्य स्तवब्रह्मपरं निर्वाणसाधनम् ।
शोभा[१] कोटियोगपतेर्योगेन्द्रस्य परापतेः ॥ २ ॥

उन भगवान् सदाशिव का स्तव (स्तुति) जो ब्रह्मपरक है, सबके मुक्ति का साधन है । जो करोड़ों शोभा से युक्त योग के पति हैं, योगेन्द्र हैं और पराशक्ति के पति हैं, उसे कहिए ॥ २ ॥

ईश्वरं के न मानन्ति ब्रह्मविष्णुशिवादयः ।
तस्य स्मरणमात्रेण महावाग्मी च मृत्युजित् ॥ ३ ॥

उन भगवान् ईश्वर को कौन नहीं मानता । ब्रह्मा, विष्णु, शिवादि सभी तो उनको मानते हैं । उस स्तव के स्मरण मात्र से मनुष्य महावाग्मी तथा मृत्यु पर विजय प्राप्त करने वाला बन जाता है ॥ ३ ॥

मन्त्री [२] वेदान्तसिद्धान्तं तं भजन्ति महर्षयः ।
देवा मनुष्या गन्धर्वास्तं भजन्ति महेश्वरम् ॥ ४ ॥
अकालमृत्युहरणं सर्वदा सर्वतोमुखम् ।
सदा तस्य स्तवं दिव्यं श्रोतुमिच्छामि शाङ्करि [३] ॥ ५ ॥

मन्त्रज्ञ साधक, महर्षि जन, देवता, मनुष्य एवं गन्धर्व सभी उन वेदान्तसिद्धान्तभूत महेश्वर का भजन करते हैं । हे शाङ्करि ! मैं उन महेश्वर के अकाल मृत्यु को हरण करने वाले, सर्वतोमुख तथा दिव्य स्तुति को सदैव सुनने की इच्छा करता हूँ ॥ ४-५ ॥

---

१. शोभा कोटिर्योगपते......परागतिः—ख० ।

२. सर्ववेदान्तसिद्धान्तैस्तम्—ख० ।

३. शङ्करो—ख० ।

सुरस्तवनम्

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

कौल त्वं शृणु शङ्करप्रियकरं स्तोत्रं तदीशस्य[१] च
श्रीनाथाय नमः कुलेश [२]परमप्राणेश तुभ्यं मुदा ।
सानन्दाय नमो भवाय पतये लोकेश्वरायो ॐ नमो
भूतेशाय गणाधिपाय यतये[३] श्रीशूलिने ते नमः ॥ ६ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—हे कुलमार्ग के उपासक महाभैरव ! अब आप उन ईश्वर को प्रिय लगने वाले स्तोत्र को सुनिए । हे कुलेश ! हे परम प्राणेश ! आप श्रीनाथ के लिए प्रसन्नता पूर्वक मेरा नमस्कार है । सानन्द के लिए नमस्कार है, भव के लिए नमस्कार है, पालन करने वाले के लिए नमस्कार है, लोकेश्वर के लिये नमस्कार है । भूतेश्वर, गणाधिपति, यति स्वरूप श्री शूली आपको मेरा नमस्कार है ॥ ६ ॥

कान्ताय प्रणवाय[४] योगपतये योगेश्वरायो ॐ नमो
महारायाक्षरेश्वराय[५] महते नित्याय नित्यं नमः ।
स्वाधिष्ठानविभेदकाय हरये मूलाब्जसम्भेदिने
नाभेरम्बुजभेदिने[६] हृदयाम्भोद्भिदकायों नमः ॥ ७ ॥

कान्त के लिए, प्रणव के लिए, योगपते तथा योगेश्वर के लिए, ॐ स्वरूप वाले के लिए नमस्कार है । महाराय (विपुल सम्पत्ति वाले) के लिए, अक्षरेश्वर, महान् तथा नित्य स्वरूप वाले के लिए मेरा नित्य नमस्कार है । स्वाधिष्ठान चक्र के भेदन करने वाले के लिए, हरि के लिए, मूलाधार कमल के संभेदन करने वाले के लिए, नाभि पर स्थित मणिपूर नामक कमल के भेदन करने वाले के लिए तथा हृदय में स्थित अनाहत कमल भेदन करने वाले के लिए ॐ नमः ॥ ७ ॥

कालाय प्रणवाय मायवशिने नित्यं नमो भास्वते
मोक्षाय प्रमथेश्वराय कवये खट्वाङ्गहस्ताय ते ।
भक्तिश्रीनिधये[७] महेन्द्रखचराय[८] मायाश्रयार्यो नमो
विज्ञानाय शिवाय सूक्ष्मगतये गूढाय भूयो नमः ॥ ८ ॥

काल के लिए, प्रणव के लिए, ? और म के लिए, इन्द्रियों पर विजय प्राप्त करने वाले के लिए नित्य नमस्कार है । भास्वान् के लिए, मोक्षस्वरूप, प्रमथेश्वर, कवि, खटाङ्ग

---

१. मदीशस्य च—ख० । २. सततम्—ख० ।
३. सततम्—ख० ।—यतिः यन्यासिराट्, तस्मै, श्रिया सहितः शूली, तस्मै इति भावः।
४. प्रभवाय—ख० ।
५. ओङ्काराय, कवीश्वराय—ख० ।—भोगानामायो वृद्धिः, तत्रान्तर्यागिणे इति यावत् ।
६. ओम्नमोऽम्बुजभेदिने हृत्पद्मोद्भेदकाय ओं नमः—ख० ।
७. निलये—ख० । ८. खचरैर्माया....ख० ।

धारण करने वाले के लिए, भक्ति रूपी श्री के निधान वाले के लिए, महेन्द्र तथा आकाशचारी के लिए, माया को आश्रय देने वाले के लिए मेरा ३ॐ नमः (स्वीकार होए)। विज्ञान स्वरूप वाले के लिए, सबका कल्याण करने वाले के लिए, सूक्ष्मगति वाले के लिए तथा गूढ़ रूप वाले के लिए मेरा बारम्बार नमस्कार है ॥ ८ ॥

सर्वज्ञाय जयाय भूतिपतये[1] भूतेश्वराय प्रभो
पञ्चास्याय हराय देवपतये गौरीश्वराय श्रिये ।
भोगायान्तरगामिने[2] हरिहरायानन्दचिद्रूपिणे
कल्याणाय भगाय शुद्धमतिभिर्नित्यं नमस्ते नमः ॥ ९ ॥

सर्वज्ञ के लिए, सर्वत्र जय प्राप्त करने वाले के लिए, भूतिपति तथा भूतेश्वर के लिए, प्रभु के लिए, पञ्चमुख के लिए, हर के लिए, देवेश्वर के लिए, गौरीश्वर के लिए, श्री स्वरूप वाले के लिए, भोग स्वरूप वाले के लिए, सबके अन्तःकरण में रहने वाले के लिए, हरिहर स्वरूप वाले के लिए तथा आनन्द एवं चिद्रूप वाले के लिए, कल्याणकारी के लिए तथा ऐश्वर्यशाली के लिए समस्त शुद्धि युक्त मन वाले साधकों के द्वारा किया गया नित्य का नमस्कार, पुनः नमस्कार है ॥ ९ ॥

गोविन्दप्रियवल्लभाय विधये ब्रह्मादिकोत्पत्तये
उत्पत्तिस्थितिसंहृतिप्रकृतये [3]बाह्याय विश्वेश्वर ।
तुभ्यं काल नमो नमः प्रलययोगोल्लासिने भूभृते
विज्ञाताय[4] गिरीन्द्रपूजित विभो भूताधिपायानिशम्[5] ॥ १० ॥

गोविन्द श्री कृष्ण के प्रियवल्लभ के लिए, विधि के लिए ब्रह्मादि देवों की उत्पत्ति करने वाले के लिए, उत्पत्ति, स्थिति तथा संहार रूप प्रकृति वाले के लिए और सबसे वाह्य स्वरूप और वाले के लिए नमस्कार है ! हे विश्वेश्वर ! हे काल ! आपको नमस्कार है, पुनः नमस्कार है । हे गिरीन्द्र पूजित विभो ! प्रलय योग काल में उल्लास वाले, पृथ्वीधारण करने वाले, विज्ञात तथा भूतों के अधिपति स्वरूप में विराजमान आपको निरन्तर नमस्कार है ॥ १० ॥

गौरीशाय गणार्चिताय मनसे[6] मान्याय[7] भूवासिने
भूतोत्साहमहीशनाथशशिचूडाय प्रधानाय ते ।
नित्यं नित्यकलाकुलाय फणिचूड़ाय[8] प्रबुद्धाय ते
तेजःशान्तिपते सतां[9] पतिपते निर्वासिसे ते नमः ॥ ११ ॥

---

१. भूतपतये—ख० । २. ओंभोगान्तरगामिने—ख० ।
३. बाम्यायेति—क० । ४. विख्याताय—ख० ।
५. भूतानामधिपाय स्वामिने । ६. मनवे—ख० ।
७. मन्याय—क० । ८. बुद्धायेति—ख० ।
९. संजलपतिनिर्वासशे नमः—क० ।

गौरीश्वर के लिए, गणों द्वारा पूजा प्राप्त करने वाले के लिए, मन तथा मान्य के लिए, पृथ्वी पर (नाना रूपों से) निवास करने वाले के लिए, प्राणियों में उत्साह पैदा करने वाले महीश्वरों के नाथ के लिए, चन्द्रमा को अपने चूडा में धारण करने वाले के लिए और उन प्रधान के लिए नमस्कार है । नित्य कला के कुल से पूर्ण, सर्प की माला धारण करने वाले, ज्ञानस्वरूप ! आपको नित्य नमस्कार है । हे तेजःस्वरूप ! हे शान्तिपते ! हे मतांपतिपते ! वस्त्र से रहित नग्न स्वरूप वाले ! आपके लिए नमस्कार है ॥ ११ ॥

शोभाकोटियुताय चन्द्रकिरणाह्लादाय सूक्ष्माय ते
तुभ्यं नाथ नमो नमः प्रणमतामानन्दसिन्धूत्सवा ।
हेरम्ब[1] श्रयकार्तिकेयजनकानन्दप्रियाय प्रभो
पित्रे सर्वसुखाय सर्वपतये श्रीनीलकण्ठेश्वर ॥ १२ ॥

करोड़ों शोभा वाले के लिए, चन्द्रकिरणों के समान आह्लाद करने वाले के लिए तथा सूक्ष्म शरीर धारण करने वाले के लिए नमस्कार है । आपको हे नाथ ! नमस्कार है, पुनः नमस्कार है । हे प्रभो ! आपको प्रणाम करने वालों के लिए आनन्द सिन्धु के समान अनेक उत्सव प्राप्त होते हैं । आनन्द से प्रेम करने वाले, गणेश तथा कार्तिकेय के जनक, सर्वपति तथा समस्त चराचर जगत् के स्वामी एवं पिता रूप हे प्रभो ! हे श्री नीलकण्ठेश्वर ! सबको सुख देने वाले सर्वपति आप के लिए नमस्कार है ॥ १२ ॥

त्रिब्रह्मार्पितभूतये सुरतये[2] श्रीभास्वते योगिना-
मानन्दोदयकारिणे कुलपते ते[3] नाथ तुभ्यं नमः ।
ब्रह्मानन्दकुलाय रौप्यगिरये सौन्दर्यसंसिद्धये
सर्वानन्दकराय सम्परतरायाढ्याय सत्यं[4] नमः ॥ १३ ॥

त्रिब्रह्मस्वरूप के लिए, सबको विभूति (ऐश्वर्य) प्रदान करने वाले के लिए, सुरति वाले के लिए, श्री भास्वान् के लिए और योगीयों के आनन्दोदय करने वाले के लिए नमस्कार है । हे कुलपते ! हे नाथ ! आपको नमस्कार । ब्रह्मानन्द के सर्वस्व के लिए, चाँदी के पहाड़ के समान विग्रह धारण करने वाले के लिए, सौन्दर्य की संसिद्धि प्राप्त करने वाले के लिए, सबको आनन्द प्रदान करने वाले के लिए, परात्पर (ब्रह्म) के लिए और आढ्य स्वरूप वाले आप के लिए मेरा संत्यतः नमस्कार है ॥ १३ ॥

काशीशं कौशिकीशं सुरतरुकिरणं कारणाख्यं सुखाख्यं[5]
गौरीशं [6]गङ्गिरीशं गुरुमगुरुगिरिश्रेणिलिप्ताङ्गवङ्गम् ।

---

१. हेरमबाश्रयकार्तिकेशजनका....ख० । २. सुरपते—ख० ।
३. हे—ख० ।
४. सत्यमिति—क० ।
५. सुधाख्यमिति—ख० ।
६. सर्वमीशं गुरुगिरिनमितं श्रोणिलिप्ताङ्गभस्ममिमति—ख० ।

घोषाख्यं मञ्जुघोषं घनगणघटितं घोरसङ्घट्टनादं
चार्वीशं[१] राघवेशं घनहृदि घटमामीश्वरं घौटकेशम्[२] ॥ १४ ॥

हे नाथ ! मेरे तमोगुण के कारण घने हृदय में काशीश्वर एवं कौशिकीश्वर को स्थापित कीजिए । कल्पतरु के समान किरणों वाले, सबके कारणभूत, सुखस्वरूप, गौरीश, गं गिरीश, गुरु, अगुरु, गिरि की श्रेणी से विलिप्त अङ्ग वाले, घोष, मञ्जुघोष, अनेक घनों (बादलों) से घटित, घोर सङ्कट युक्त नाद वाले, चार्वीश, राघवेश, ईश्वर तथा घुटाए हुए केश वाले ईश्वर को घने हृदय में स्थापित कीजिए ॥ १४ ॥

लाक्षाभाण्डं[३] विशालो वसति तव करे स्थावरो जङ्गमो वा
भूताध्यक्षो[४] वशिष्ठः स्वपरिजनकुले सर्वदा पाहि शम्भो ।
भक्तिज्ञानं [५]न दातुं चपलमलमणिश्रेणिमाला विलोला
लोकाभीतो[६] कलङ्की विधिशतमुकुटश्रीपदाम्भोरुहं ते ॥ १५ ॥

चाहे यह लाक्षा की आभा वाला और विशाल समस्त ब्रह्माण्ड हो, चाहे स्थावर का समुदाय हो या फिर जङ्गम का समुदाय हो, सभी आपके हाथ में निवास करते हैं । हे शम्भो ! आप भूताध्यक्ष हैं एवं वशी हैं । मैं आपके परिजन कुल में हूँ, आप मेरी सर्वदा रक्षा कीजिए । हे देवि ! आप चञ्चल, अमल, मणि माला की श्रेणी से युक्त है, चञ्चला हैं, लोक से निर्भीक किन्तु कलङ्की मैनें सैकड़ों ब्रह्मदेवों के मुकुट मणियों से धृष्ट आपके चरण कमलों का आश्रय लिया है । क्या आप मुझे भक्ति ज्ञान प्रदान नहीं करेंगी ? ॥ १५ ॥

धूर्तः शौरिः प्रशान्तो विमलमधुरसामोदमानोऽप्रमत्तो[७]
मायामोहापदेवी[८] सुरमदमदनो दानसम्मानदाता ।
त्वं[९] नाथं श्रीपदाम्भोरुहविमलतले[१०] ते कथं ना सुरक्षे
पूर्वास्यो दक्षिणास्यो धनपतिवदनः पश्चिमास्यो [११]मुनिस्त्वम् ॥ १६ ॥

धूर्त, शौरि, प्रशान्त, विमल तथा मधुर रस से सब प्रकार से संतुष्ट रहने वाले

---

१. अर्धीशं ..... जनघटनया चेश्वरमिति .... ख० ।
२. घोटकानामीशं घोटकेशमित्यनेन तीव्रगतिकानां मनांसि ईशयति इति यावत् ।
३. नित्यं वै त्वं विशालो वसति तव करे ... ख० ।
४. भूताध्यक्षं वाशिष्ठमिति—ख० ।
५. न दत्तमिति ख० ...... चपलसितमणि .... विलोलो .... ख० ।
६. लोकातीतः कलङ्कीविद्युशत ..... अम्भोरुहस्ते—ख० ।—अकलङ्की इति पदच्छेदो भाति । 'अतो रोरप्लुतादप्लुते' इति सूत्रेण रोरुत्वम् ।
७. मोदमानः प्रमत्तो—ख० ।
८. प्रणाशो .... सर्वसम्मानदाता—ख० ।
९. ते नाथ ।
१०. तलेऽहं कथं चाशु वक्ष्ये—ख० ।
११. मुनीन्द्र—ख० ।

सर्वदा सावधान, माया तथा मोह को दूर करने वाले, सुरमद में प्रसन्न रहने वाले, दान सम्मान के देने वाले और देवताओं के हर्ष से हर्षित होने वाले आप हैं । ऐसे हे नाथ ! आपके चरण कमल के विमल तल में मेरी सुरक्षा क्यों नहीं होगी । क्योंकि आपका मुख पूर्व की ओर, दक्षिण की ओर, उत्तर की ओर तथा पश्चिम की ओर है । आप मन्त्रद्रष्टा मुनि भी हैं ॥ १६ ॥

भेदी[1] सिद्धान्त[2]विद्याधरनिधिकिरणः कारणोऽनन्तशक्ति-
र्यः साक्षात् कामधेनुः स च धनपतिपः सर्वभोगानुरागी ।
पादाम्भोजे हि नित्यं [3]कलगिरिसुतानाथ ते योगिपत्वं
चित्तं मे चञ्चलाख्यं शशिधरकिरणो वाक्पते[4] योगसिद्धिः ॥ १७ ॥

जो सबका भेदन करने वाले हैं, सिद्धान्त विद्या को धारण करने वाली निधियों को प्रकाशित करने वाले हैं, सब के कारण हैं और अनन्त शक्ति सम्पन्न हैं, ऐसे आप साक्षात् कामधेनु हैं, धनपति कुबेर के रक्षक हैं और समस्त भोगों में अनुराग प्रगट करने वाले हैं । ऐसे हे मनोहर पार्वती के पति ! आपके चरण कमलों में योगियों के रक्षण का भार है । योगसिद्धि भी है । हे वाक्पते ! आप चन्द्रमा के किरणों के समान आह्लाद उत्पन्न करते हैं, अतः मेरे चञ्चलता युक्त चित्त का सुधार कीजिए और योगसिद्धि प्रदान कीजिए ॥ १७ ॥

कपर्दी[5] श्रीखड्गासिवरगदया वेदभुजया
धनच्छायासङ्कोचरचनावशच्छद्मविजयः[6] ।
जयी जेता जायेर्जयमनुकरोतु श्रियतमो
ज्वलज्झंझावाते क्षणधर इह क्रोध इति मे ॥ १८ ॥

हे प्रभो ! आपकी कपर्द्द, श्री खड्ग, असि, वर, गदा तथा वेदरूपी भुजा की धनच्छाया के संकोच की रचना से विजय प्राप्त कर मैं जयी जेता बन जाऊँ । ऐसी आप कृपा करें और उस जलते हुए झञ्झावात में नाशवान् मेरा क्रोध विनष्ट हो जावे ॥ १८ ॥

अथाऽऽज्ञा[7]चक्रान्तर्गतविवरमाच्छन्नजटिलः
प्रतिज्ञाभङ्गस्थकटकशतकोटिप्रकटितः ।

---

१. भेदे—ख० । २. विधु ।

३. समरगिरि...योगपत्रमिति—क० ।

४. वाक्पतेर्योगसिन्धो—ख० ।—'वाक्पते, योगसिन्धो' इति पदद्वयस्य संबोधने औचित्यम्, अथवा वाक्पते ! हे भगवन् ! तदा योगसिद्धिर्भवति, इत्यन्वयः ।

५. कापर्दी श्रीखड्गासिवरगदयावेद भुजगो ।
धनच्छायां संकोचय मम सदा कायनिचये । जयी जेता जातेर्ज ....—ख० ।

६. स्थूलविजयः—ख० ।

७. सदाज्ञाचक्रान्तर्गतविषधरमाच्छन्नजटिलः—ख० ।

कुठारस्ते[१] क्रोधी कमठकटवासी[२] कठिनहा
ककाराद्यं[३] नत्वा दशकिरणमानोऽवतु सदा ॥ १९ ॥

आज्ञाचक्र के अन्तर्गत रहने वाले, विवर को आच्छादित करने वाले, अत्यन्त टेढ़ा, प्रतिज्ञा भङ्ग करने वाले, सैकड़ों करोंड़ कटक (सेना) के लिए आपके द्वारा प्रकट किया जाने वाला क्रोध, कमठ रूप आसन पर निवास करने वाला, कठिन लोगों का वध करने वाला, आपका कुठार जो दश किरणों से युक्त है वह आपके ककारादि द्वादश (क से ठ पर्यन्त) वर्णों को नमस्कार करने वाले हमारी सर्वदा रक्षा करें ॥ १९ ॥

सुधाखण्डादेव्याः[४] स्तवनपठनेन प्रियकरं
पदाम्भोजं चेति प्रचयति[५] स्वभाग्यं कुलपते[६] ।
प्रधाने[७] भूखण्डे जयति यदि मृत्युञ्जयपदं
विनोदं भूयोगं पचति[८] सहसा[९] प्रेमतरलः ॥ २० ॥

हे कुलपते ! इस स्तोत्र के पाठ से साधक को सुधाखण्ड वाली देवी को प्रिय लगने वाले आपके पदाम्भोज में प्रीति होती है । स्वभाग्योदय होता है । प्रधान भूखण्ड में वह विजय प्राप्त करता है । किं बहुना मृत्युञ्जय पद प्राप्त करता है । यदि वह सहसा प्रेम में तरल (आर्द्र) होकर इसका पाठ करता है तो विनोद तथा भूयोग (पृथ्वी) भी प्राप्त करता है ॥ २० ॥

यद्येवं प्रपठेदिदमनियतं[१०] कौलावलीसंयुतं[११]
स्तोत्रं[१२] साररहस्यभारपरमानन्दैकचित्तस्थलम् ।
योगीन्द्रावगतित्वमुक्तफलदं[१३] सर्वेश्वरत्वं पदं
चन्द्रादित्यसमागतं परपदाह्लादैकमात्रं लभेत् ॥ २१ ॥

साधक बिना नियम के भी यदि कौलावली ('क से लेकर 'ठ' पर्यन्त ? वर्णों की स्तुति) से संयुक्त, सार तथा रहस्य से भरे चित्त के परमानन्द का एकमात्र स्थल, योगीन्द्रों को गति से युक्त मुक्ति फल देने वाले इस स्तोत्र का पाठ करे तो वह चन्द्र तथा आदित्य के समान तेजस्वी तथा एकमात्र परमपद का आह्लाद एवं सर्वेश्वरत्व पद प्राप्त कर लेता है ॥ २१ ॥

---

१. कुठारास्त्रः—ख० । २. तट—ख० ।
३. ककाराद्यर्णोर्द्वादशकिरणयुक्तोऽवतु सदा—ख० ।
४. सुधाखण्डं हुत्वा स्तवनपठने न प्रिय....ख० । ५. प्रचरति—ख० ।
६. कुलपतेः—ख० ।
७. प्रधाने—ख० ।—अयमेव पाठो युक्तः प्रतिभाति, अर्थसंगतेः ।
८. पठति—ख० । ९. तरणः—ख० ।
१०. नु—ख० । ११. सम्मतमिति—ख० ।
१२. संसारे सरहस्यकं भवभयानन्दैकचित्तस्थलमिति—ख० ।
१३. मुक्तिफलदमिति—ख० ।—अर्थसंगत्या अयमेव पाठो युक्ततरो भाति ।

ते शम्भो यदि पादाम्भोरुहमङ्गलवल्लिका[1] ।
पूज्यते[2] सर्वदा योगी निर्वाणगुणसिद्धये ॥ २२ ॥
किन्न सिद्ध्यति भ्रूमध्ये शिवभक्तिप्रसादतः ॥ २३ ॥

॥ इति श्री रुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने अनाहत पद्मे [3]सुरस्तवनं नाम षष्टितमः पटलः ॥ ६० ॥

हे शम्भो ! आपके चरण कमलों की मङ्गल वल्लिका रूप इस स्तोत्र का निर्वाणगुण सिद्धि के लिए योगी यदि पाठ करे तो वह सर्वदा पूजित होता है । बहुत क्या कहें ? भ्रूमध्य में (साधना से) शिवभक्ति की कृपा से कौन सी सिद्धि प्राप्त नहीं होती ॥ २२-२३ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में अनाहत पद्म में सुरस्तवन नामक साठवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ६० ॥

---

१. पाद एव अम्भोरुहं कमलम्, अथवा पादोऽम्भोरुहमिव, तत्र मङ्गलवल्लिका ।
२. स्तौति वै सर्वदा....ख० ।—पूज्यते सर्वदा योगी, इति मूलपाठो युक्ततरः प्रतिभाति ।
३. अत्र क—खपुस्तकयोः पटलसंख्या समाना जाता ।

अथैकषष्टितमः पटलः

श्रीआनन्दभैरव उवाच

वद कल्याणि कामेशि त्रैलोक्यपरिपूजिते ।
ब्रह्माण्डानन्तनिलये[1] कैलासशिखरोज्ज्वले ॥ १ ॥
कालिके कालरात्रिस्थे महाकालनिषेविते ।
शब्दब्रह्मस्वरूपे त्वं वक्तुमर्हसि सादरात् ॥ २ ॥
सहस्रनामयोगाख्यम्[2] अष्टोत्तरमनन्तरम् ।

श्रीआनन्दभैरव ने कहा—हे कल्याण करने वाली देवि ! हे कामेशि ! हे त्रिलोक से परिपूजित ! हे अनन्त ब्रह्माण्ड की निवासभूमि ! हे कैलास को उज्ज्वल शिखर बनाने वाली ! हे कालिका देवी ! हे कालरात्रि में स्थिति वाली ! हे महाकाल से सेवित देवि ! हे शब्द ब्रह्मस्वरूपा देवि ! आप आदरपूर्वक (ईश्वर एवं शक्ति के) काकिन्यष्टोत्तर सहस्रनाम-योगाख्य स्तोत्र कहने में समर्थ हैं ॥ १-३ ॥

अनन्तकोटिब्रह्माण्डं सारं परममङ्गलम् ॥ ३ ॥
ज्ञानसिद्धिकरं साक्षाद् अत्यन्तानन्दवर्धनम् ।
सङ्केतशब्दमोक्षार्थं[3] काकिनीश्वरसंयुतम् ॥ ४ ॥

यह सहस्रनाम योग नामक स्तोत्र अनन्त कोटिब्रह्माण्ड का सार स्वरूप है और परम मङ्गल कारक है । यह स्तोत्र ज्ञान की सिद्धि प्रदान करने वाला, साक्षात् रूप से अत्यन्त आनन्द को बढ़ाने वाला, संकेत रूप शब्द के द्वारा मोक्ष प्रदान करने वाला और काकिनी देवी एवं ईश्वर से संयुक्त है ॥ ३-४ ॥

परानन्दकरं ब्रह्म निर्वाणपदलालितम्[4] ।
स्नेहादभिसुखानन्दादादौ[5] ब्रह्म वरानने ॥ ५ ॥
इच्छामि सर्वदा मातर्जगतां सुरसुन्दरि ।
स्नेहानन्दरसोद्रेकसम्बन्धान्[6] कथय द्रुतम् ॥ ६ ॥

---

१. आनन्द—ख० । २. इदं पद्यार्ध ख० पु० नास्ति ।
३. शङ्केत—क० । ४. मादितमिति—क० ।
५. स्नेहादतिसुखा .... श्रोतुं वरानने—ख० ।
६. सम्बन्धान्कवचं द्रुतमिति—ख० ।—स्नेहेनानन्दः स्नेहानन्दः, स चासौ रसश्च तस्योद्रेको वर्धनम्, तेन जनिताः सम्बन्धास्तान् । स्नेहानन्दः सत्त्वगुणजनितो भवति, रजस्तमोभ्यां तु आनन्दस्य विखण्डनं भवति ।

यह सहस्रनाम उत्कृष्ट आनन्द को देने वाला और ब्रह्मरूप निर्वाण के पद को प्राप्त कराने वाला है । अतः हे वरानने ! पहले स्नेहपूर्वक आपके मुख से आनन्द रूप सुख को देने वाले स्तोत्र को मैं सुनना चाहता हूँ । हे सुरसुन्दरि ! हे जगत् की माता ! सर्वदा जीव का कल्याण करने वाली आप स्नेह रूप आनन्द रस से पूर्ण सहस्रनाम स्तोत्र को शीघ्र कहिए ॥ ५-६ ॥

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

ईश्वर श्रीनीलकण्ठ नागमालाविभूषित ।
नागेन्द्रचित्रमालाढ्य नागाधिपरमेश्वर ॥ ७ ॥
काकिनीश्वरयोगाढ्यं सहस्रनाम मङ्गलम् ।
अष्टोत्तरं[१] वृताकारं कोटिसौदामिनीप्रभम् ॥ ८ ॥
आयुरारोग्यजननं शृणुष्वावहितो मम ।

आनन्दभैरवी ने कहा—हे ईश्वर ! हे श्रीनीलकण्ठ ! हे नागमाला से विभूषित ! हे चित्र विचित्र नागेन्द्रों की मालाओं से समृद्ध ! हे नागाधिपरमेश्वर ! अष्टोत्तर सहस्रनाममङ्गल स्तोत्र काकिनी देवी और ईश्वर के संयुक्त नाम से समृद्ध है । यह वृत्ताकार और करोड़ों विद्युत् की प्रभा से सम्पन्न है । यह स्तोत्र अयुष्य को बढ़ाने वाला तथा आरोग्य प्रदान करने वाला है । इसे आप सावधान होकर मुझसे सुनें ॥ ७-९ ॥

अनन्तकोटिब्रह्माण्डसारं नित्यं परात्परम् ॥ ९ ॥
साधनं ब्रह्मणो ज्ञानं [२]योगानां योगसाधनम् ।
सार्वज्ञगुह्यसंस्कारं संस्कारादिफलप्रदम् ॥ १० ॥

यह स्तोत्र अनन्तकोटि ब्रह्माण्डों का सार स्वरूप है । यह सहस्रनामयोग नित्य एवं श्रेष्ठों में श्रेष्ठ है । यह स्तोत्र ब्रह्म-ज्ञान का साधन है और योगों का साधन भी है । यह सर्वज्ञता प्रदान करने वाला, रहस्य की बात का संस्कारक है और संस्कार आदि फलों को देने वाला है ॥ ९-१० ॥

वाञ्छासिद्धिकरं साक्षान्महापातकनाशनम् ।
महादारिद्र्यशमनं महैश्वर्यप्रदायकम् ॥ ११ ॥

यह सहस्रनामयोग सभी मनोरथों को सिद्ध करने वाला और साक्षात् रूप से महान् पापों को नष्ट करने वाला है । यह स्तोत्र साधक की दरिद्रता को नष्ट करने वाला और महान् ऐश्वर्यों को देने वाला है ॥ ११ ॥

जपेद्यः[३] प्रातरि प्रीतो मध्याह्नेऽस्तमिते रवौ ।
नमस्कृत्य जपेन्नाम ध्यानयोगपरायणः ॥ १२ ॥

इस स्तोत्र का जो साधक प्रातःकाल, मध्याह्न एवं सायंकाल नमस्कार करके

---

१. अष्टोत्तरं विभाकरमिति—क० । २. योगिनामिति—ख० ।
३. पठेद्य प्रातरुत्थाय .... मध्याह्ने वा तथाविधः—ख० ।

अत्यन्त प्रसन्नता पूर्वक ध्यान एवं योगपरायण होकर पाठ करता है (उसकी दरिद्रता नष्ट हो जाती है) ॥ १२ ॥

काकिनीश्वरसंयोगं ध्यानं ध्यानगुणोदयम् ।
आदौ ध्यानं समाचर्य निर्मलोऽमलचेतसा ॥ १३ ॥

काकिनी और ईश्वर का संयुक्त ध्यान और ध्यान में उनके गुणोदय इसमें विहित है। पहले इन दोनों का संयुक्त ध्यानकर विषयों से विमुख होकर निर्मल एवं (रागद्वेष रूप) मलरहित चित्त से इनकी पूजा करनी चाहिए ॥ १३ ॥

ध्यायेद् देवीं महाकालीं काकिनीं कालरूपिणीम् ।
परानन्दरसोन्मत्तां श्यामां कामदुघां पराम्[1] ॥ १४ ॥
चतुर्भुजां खड्गचर्मवरपद्मधरां हराम् ।
शत्रुक्षयकरीं रत्नाऽलङ्कारकोटिमण्डिताम् ॥ १५ ॥
तरुणानन्दरसिकां पीतवस्त्रां मनोरमाम् ।
केयूरहारललितां ताटङ्कद्वयशोभिताम् ॥ १६ ॥
ईश्वरीं कामरत्नाख्यां काकचञ्चुपुटाननाम् ।
सुन्दरीं वनमालाढ्यां चारुसिंहासनस्थिताम् ॥ १७ ॥
हत्पद्म[2]कर्णिकामध्याकाशसौदामिनीप्रभाम् ।

इसके बाद महाकाली कालस्वरूपिणी काकिनी देवी का इस प्रकार ध्यान करना चाहिए।

काकिनी का ध्यान—परमानन्द के रस में मग्न, श्याम वर्ण वाली, कामनाओं की पूर्ति करने वाली, श्रेष्ठ, चार भुजाओं वाली, हाथों में तलवार, ढाल, अभयमुद्रा और कमल धारण करने वाली, दुःखों का हरण करने वाली, शत्रु का विनाश करने वाली, करोड़ों रत्नों एवं अलङ्कारों से मण्डित, तरुण आनन्द में रस लेने वाली, पीले-पीले वस्त्रों को धारण करने वाली, मनोरमा, हाथ में बाजूबन्द एवं गले में हार पहने हुए, दोनों कानों में कुण्डलों से सुशोभित, ईश्वर की प्रिया, कामरत्न नाम वाली, कौऐ के चोंच के समान मुखमुद्रा वाली, सुन्दरी, वनमाला से सुशोभित, सुन्दर सिंहासन पर स्थित और योगियों के हृत्कमल की कर्णिका के बीच में आकाशीय विद्युत के समान प्रभा वाली महाकाली काकिनी का ध्यान करना चाहिए ॥ १४-१८ ॥

एवं ध्यात्वा पठेन्नाममङ्गलानि पुनः पुनः ॥ १८ ॥

इस प्रकार से ध्यान कर पुनः पुनः इस सहस्रनाम के मङ्गलदायक नामों को पढ़ना चाहिए ॥ १८ ॥

ईश्वरं कोटिसूर्याभं [3]ध्यायेद्धृदयमण्डले ।

---

१. परामिति—ख० ।—हरामिति पाठे हरतीति हरा, पचादजन्तता ज्ञेया। परामिति पाठे तु उत्कृष्टामित्यर्थो ज्ञेयः ।

२. हत्पद्मकर्णिकामध्यकोटि सौदामिनि प्रभामिति—ख० । ३. हृन्मण्डले परम्—ख०।

चतुर्भुजं वीररूपं लावण्यं भावसम्भवम् ॥ १९ ॥
श्यामं हिरण्यभूषाङ्गं चन्द्रकोटिसुशीतलम् ।
अभयं वरदं पद्मं[1] महाखड्गधरं विभुम् ॥ २० ॥
किरीटिनं महाकायं स्मितहास्यं[2] प्रकाशकम् ।
हृदयाम्बुजमध्यस्थं नूपुरैरुपशोभितम् ॥ २१ ॥
कोटिकालानलं दीप्तं काकिनीदक्षिणस्थितम्[3] ।

ईश्वर का ध्यान—हृदय मण्डल में करोड़ों सूर्यों की प्रभा वाले, चतुर्भुज, वीररूप, लावण्य से युक्त, भावगम्य, श्याम वर्ण के, स्वर्ण से विभूषित अङ्गों वाले, करोड़ों चन्द्रों की कौमुदी से शीतल, अभय मुद्रा एवं वरमुद्रा धारण किए हुए, महान् तलवार एवं कमल को अपने हाथ में धारण करने वाले, सर्वत्र व्याप्त, मुकुट पहने हुए, महाकाय, स्मित हास वाले, (ज्ञान के) प्रकाशक, हृदय-कमल के मध्य स्थित, नूपुरों से सुशोभित, प्रलयकालीन अग्नियों के समान प्रदीप्त तथा दक्षिण भाग में आसीन काकिनी देवी से युक्त ईश्वर का ध्यान करना चाहिए ॥ १९-२२ ॥

एवं विचिन्त्य मनसा योगिनं[4] परमेश्वरम् ॥ २२ ॥
ततः पठेत् सहस्राख्यं[5] वदामि शृणु तत्प्रभो ॥ २३ ॥

इस प्रकार योगी को परमेश्वर का मन से ध्यान करके इस सहस्रनाम को पढ़ना चाहिए, जिसे हे प्रभो ! मैं कहती हूँ, आप कृपया सुनिए ॥ २२-२३ ॥

काकिनीश्वरसहस्रनामस्तोत्रम्

अस्य श्रीकाकिनीश्वरसहस्रनामस्तोत्रस्य ब्रह्माऋषिर्गायत्रीच्छन्दो जगदीश्वर काकिनी देवता निर्वाणयोगार्थ सिद्ध्यर्थे जपे[6] विनियोगः

विनियोग—इस काकिनी एवं ईश्वर से युक्त सहस्रनाम स्तोत्र के ऋषि ब्रह्मा हैं, गायत्री छन्द हैं तथा जगदीश्वर एवं काकिनी देवता हैं, इस स्तोत्र का निर्वाणयोगार्थ की सिद्धि के लिए विनियोग है ॥

ॐ ईश्वरः[7] काकिनीशान ईशान कमलेश्वरी ।
ईशः काकेश्वरीशानी[8] ईश्वरीशः कुलेश्वरी ॥ २४ ॥
ईशमोक्षः[9] कामधेनुः कपर्दीशः कपर्दिनी ।

---

१. पद्ममहा....ख० ।
२. स्मितहास्यप्रकाशकम्—ख० ।
३. दक्षिणे—ख० ।
४. योगिनाम्—ख० ।
५. सहस्रास्यम्—ख० ।
६. जपे—ख० पु० नास्ति ।
७. ॐ ॐ ईश्वरः काकिनीशा ईशानः कुलेश्वरी । ईशः साक्षी कामधेनुः कपर्दिन्नीकपद्मिनी—ख० ।
८. ईश सामर्थ्ये इत्यस्माद् धातोः 'स्थेशभासपिसकसो वरच्' इति कर्त्तरि वरच्, ततः प्रयोगे डीष् ।
९. इदं पद्यार्ध ख० पुस्तके न दृश्यते ।

कौलः कुलीनान्तरगा कविः [1]काव्यप्रकाशिनी ॥ २५ ॥
कलादेशः सुकविता कारणः[2] करुणामयी ।
कञ्जपत्रेक्षणः काली कामः [3]कोलावलीश्वरी ॥ २६ ॥
किरातरूपी कैवल्या किरणः[4] कामनाशना ।
कार्णाटिशः[5] सकर्णाटी कलिकः कालिकापुटा ॥ २७ ॥
किशोरः कीशुनमिता[6] केशवेशः कुलेश्वरी ।
केशकिञ्जल्ककुटिलः[7] कामराजकुतूहला[8] ॥ २८ ॥
करकोटिधरः कूटा क्रियाक्रूरः क्रियावती ।
कुम्भहा[9] कुम्भहन्त्री च कटकच्छकलावती ॥ २९ ॥
कञ्जवक्त्रः[10] कालमुखी कोटिसूर्यकरानना ।
कम्रः कलपः समृद्धिस्था कुपोऽन्तस्थः कुलाचला ॥ ३० ॥

१. पूर्णः पूर्णेन्दुदिवाननकमलकटाखोत्कटाधाप—ख० । हारी नारी धाता विधाता प्रसरति च तान् योगयोग्यान् ... योगी भूयान्नरोऽसौ ... भृत्योः ... प्रभुरिति भुवने ... गुप्तदेहः—ख० ।

२. .... जनयति भवतः पाति पृथ्वी च योगी—ख० ।—मालाधारी प्रपायात् मम कुल सकलं सर्वदा शङ्करौ वै तत्क्रोडे .... निलतुलतुलना सन्निभं भाति सूक्ष्म तच्छ्रीनाथा ... मद्यहरणं भावयेदाशु कुञ्जे—ख० ।

३. स च कित रिपुहृत् कोशविध्वंसकारी सर्वाधीशो महेशो निखिलसुखमयो निर्गुणो निर्विकारो लोकातीतोऽहि तीव्रो ..... नियतं प्राणनाथं तमीडे—ख० ।

लगाने वाले, करुणानाथ, दाता तथा तपस्वी हैं, उनकी जय हो, उनकी जय हो । मन्त्रोद्धार में जो गुप्त रूप से निवास कर रक्षा करते हैं, उन प्राणनाथ की मैं स्तुति करता हूँ ॥ ८ ॥

भावान्तो[१] योऽतिगुर्वी हृदि जयकमलेऽतेऽमरप्रत्यथर्वो
वाग्देवी देवतायै नम इति मनुना मोहितो वाक्पतीशः ।
मन्त्रार्थोद्दीपनाख्यो विजयसखाकोटिभिर्वेष्टितो यो
बालार्कानन्दरश्मिप्रचयशतमखः पातु मां दुःखजालात् ॥ ९ ॥

(भावान्तो ... ... थर्वो ?) जो वाक्पतीश होकर भी 'वाग्देवी देवतायै नमः' इस मन्त्र पर मोहित है, जो मन्त्रों के अर्थ के उद्दीपन स्वरूप हैं, जो सैकड़ों विजय सखा (श्री कृष्ण) से वेष्टित (घिरे हुये) हैं, बाल सूर्य के आनन्द रूप रश्मि के संचय करने वाले शत यज्ञ स्वरूप है, वे इस दुःख जाल से हमारी रक्षा करें ॥ ९ ॥

हृष्टाङ्गा[२] सङ्गताङ्गाननविमलशिखाकोटिभिर्वर्जितो यो
मन्त्राच्चैतन्यहर्ता प्रणवमयशिवं तत्सदान्ते शिवं च ।
ध्यात्वा माहेश्वरायां नम इति जपनात् ते महेन्द्राधिपः स्यात्
कालीपुत्रः स एव त्वमभयवरदः सेव्यते यैः स मुक्तः ॥ १० ॥

हृष्टाङ्ग एवं सुन्दर अङ्गों वाले, विमल मुखों तथा मनोहर केश कलापों वाली करोड़ों स्त्रियों से जो वर्जित हैं, जो मन्त्र से उनकी चेतना को आकृष्ट कर अपने वश में कर लेते हैं, उन शिव के प्रणव के सहित 'शिव (ॐ शिव) तत्सत् शिव' इस मन्त्र का ध्यान कर 'माहेश्वराय नमः' इस मन्त्र का जप करने से साधक महेन्द्र का भी अधिपति बन जाता है, वही साधक कालीपुत्र है, जो अभय तथा वर देने वाले आप प्रभु की सेवा करता है और वही तत्त्वतः मुक्त भी है ॥ १० ॥

विमर्श—संगतेन अङ्गेनाननेन विमलशिखया कोट्या च वर्जितः। अथवा संगतादि-विमलशिखान्तानामितरेतरयोगद्वन्द्वं कृत्वा तासां कोट्याः, ताभिर्वर्जितो रहितः, निराकार इति यावत् ।

हंसः प्राणाविहन्ता[३] त्वमखिलवरदस्त्वं निदानः[४] प्रधानः
शान्तीशस्त्वं प्रतिष्ठः प्रणवशिवसदाभद्रमाहेश्वराय ।

---

१. तारान्ते याऽपि गुर्वी निजहृदिकमलेऽन्ते सरस्वत्ययो वा
तस्मै नितयं नमो मे नम इति मनुना ......
मन्त्रार्थे हैपलाख्यो निजविजय .....
बालार्कानन्दवश्य ...... ख० ।
२. कृत्याकृत्यास्वरूपो कुलविमलशिखाकोटिभिः संयुक्तो यो—ख० । मन्त्रञ्चैतन्यहर्ता प्रणवमथ शिवां तत्सदान्ते शिवं च ..... सेवते यः स मुक्तः ।
३. प्राणो—ख० ।
४. निधान—ख० ।

अन्तेऽत्युच्चैर्नमोऽन्ते[1] मनुमिह जपते सम्पदे दोषभङ्गा-
दानन्दाब्धौ [2]त्वमीशो गुरुरिह चपलं चापलं मां प्रपाहि[3] ॥ ११ ॥

आप ही हंस हैं, प्राणादि के हन्ता हैं, सबको वर देने वाले हैं, सबके निदान हैं, सब में प्रधान हैं, 'शान्तीशस्त्वं प्रतिष्ठः, प्रणवशिवसदाभद्रमाहेश्वराय अत्युच्चैर्नमः' इस मन्त्र का जप करने वाले का दोष नष्ट कर देते हैं, ऐसे आनन्द सागर के संपत्ति स्वरूप आप ईश, तथा गुरु युक्त मुझ चपल की तथा अतिचपल की रक्षा कीजिए ॥ ११ ॥

विमर्श—प्रणमसि व च ।—प्रणबश्च शिवश्च सदाभद्रश्च महेश्वराणामयं माहेश्वरः, स च, एतेषां समाहारद्वन्द्वः। अथवा प्रणवशिवसदाभद्रसहितो माहेश्वर इति मध्यमपदलोपिसमासः।

आनन्दोद्रेककारी[4] त्वमपि सकरुणासागरो भक्तिदाता
दाता विद्याधरीणां त्वमपि सुररिपुः पार्वतीप्राणनाथः ।
तारे बिन्द्वाधराढ्यं क्षरमथविधुमत्तं मन्त्रमेकाक्षरं ते
तारान्तं त्र्यक्षरन्तं प्रजपति यदि यो योगिराड् भूतले स्यात् ॥ १२ ॥

हे प्रभो ! आप आनन्दोद्रेक के कर्त्ता है, करुणा के सागर हैं, भक्ति के दाता हैं । आप अपने उपासकों को विद्याधरी जैसी अप्सराएँ देते हैं, आप असुर के शत्रु हैं, पार्वती के प्राणनाथ हैं, आपके एकाक्षर ॐ शिव अथवा शिव ॐ इस त्र्यक्षर मन्त्र का जो जप करते हैं वे पृथ्वी पर योगिराट् बन जाते हैं ॥ १२ ॥

सर्पाण्डस्थं[5] सुसिद्धो हरविधुमधरं चन्द्रबिन्दुस्वरूपं
जप्त्वा नित्यं विलोमं प्रणवमृतिहरं वह्निकान्ता तदन्ते ।
एतद्रूपं पदं[6] यो भजति वरगतं हेममञ्जीरनादं
मम्रेक्षानन्दचित्तं विजयवरकुलानन्ददः प्राणगं ते ॥ १३ ॥

सबके अन्त में वह्निकान्ता (स्वाहा) से युक्त 'ॐ नमः शिवाय' मन्त्र के उत्तम पदों का जो सुवर्णमय मञ्जीर के समान उच्चारण करते हुए प्रसन्न चित्त होकर जप करता हैं वह साधक विजय प्राप्त करता हैं और श्रेष्ठ कुण्डलिनी का आनन्द भी प्राप्त कर लेता है ॥ १३ ॥

---

१. अन्ते उच्चैर्नमोऽन्तं मनुमिह जपति तत्पदे देवभृङ्ग ।
२. त्वमेको—ख० ।   ३. मां च पाहि—ख० ।
४. सृष्टिस्थित्यन्तकारी.... करुणासागरो मुक्तिदाता
पूज्यो विद्याधरीणां त्वमसुरविजय....... ।
तारान्तं बिन्दुयुक्तं सकलविधुयुतं मन्त्रमेकाक्षरं
जप्त्वा ध्यात्वा च देवीं त्रिभुवनविजयी... ..... । इति ख० ।
५. सप्तार्णस्थं सुसिद्धो हरवधुमधुरं .... ।
.... दुरित .... ।
६. सदा यो भजति मनुवरं सर्वसिद्धीश्वरो वै ।
हे मातः ! शोभनेऽस्मि न विजय वर कुलानन्द सन्तानयुक्तः ।

उच्चाटे मोहने वाप्यरिवशसमये[१] शान्तिपुष्ट्यान्तवश्ये[२]
ते[३] मन्त्रान् योजयित्वा जपति यदि सुधीः श्रीपदाब्जावलम्बी।
सिध्येत्[४] षट्कर्मसारं परमगुरुगतः स भवेत् कल्पशाखी
राजेन्द्रः सर्वलोके धनपतिसदृशः शम्भुनाथप्रसादात् ॥ १४ ॥

उच्चाटन में, मोहन में, शत्रु को वश में करते समय, शान्ति कार्य में, पुष्टिकर्म में और वश्य कार्य के लिये किये जाने वाले मन्त्र में, आपके उक्त मन्त्रों की योजना कर तथा आपके चरणों का सहारा लेने वाला, परमगुरु का ध्यान करने वाला जो सुधी साधक जप करता है, मारण, मोहन, उच्चाटन, शान्ति, पुष्टि तथा वश्य ये ६ कर्म अवश्य ही सिद्ध हो जाते हैं। वे शम्भुनाथ सदाशिव की प्रसन्नता से कल्पवृक्ष हो जाते हैं सारे लोक में कुबेर के सदृश धनवान् एवं राजेन्द्र बन जाते हैं ॥ १४ ॥

खान्तं[५] शक्रादिरूढं विधुनयनयुतं कामबीजं त्रिशक्तिं
चाद्येऽन्ते[६] ॐ शिवायानलवधुमिलितं यो जपेन्नाथमन्त्रम् ।
तेनाम्नायो जपित्वा कुलपथनिरतः साधकः श्रीवरेण्यः
किं तस्यासाध्यसिद्धिं त्रिजगति स सुखी सन्मुखी योगमार्गी ॥ १५ ॥

खान्त (क) शक्रादिरूढं विधुनयनयुतं कामबीज (क्लीं) त्रिशक्ति (ह्रीं) आदि में, फिर अन्त में 'ॐ शिवाय स्वाहा' इस मन्त्र का हे नाथ ! जो जप करता है वह साधक आम्नाय (वेद) का पारगामी, कुलपथ में संलग्न तथा श्रीमानों में सर्वश्रेष्ठ हो जाता हैं, उस साधक के लिये इन तीनों लोकों में कोई भी वस्तु असाध्य नहीं, वही सुखी तथा योगमार्गी बन जाता है ॥ १५ ॥

सर्वातीतो[७] विहारी पदगतिरहितः सर्वगामी विरामी
हस्ताभावो विनेता निरवधिवरदः सर्वरूपी विरूपी ।
मन्त्रज्ञस्त्वं[८] सुमन्त्री महमयसमयः संशयासारहन्ता
मन्ता विश्वेश्वरीणां परपशुपतयेऽन्ते नमः पातु नम्रम् ॥ १६ ॥

हे प्रभो ! आप सबसे परे हैं, फिर भी सब में विहार करने वाले हैं, पैर की गति से रहित हैं, फिर भी सर्वत्र पहुँचने वाले हैं, आपके हाथ नहीं है, फिर भी सबको नियन्त्रित रखने

---

१. वद्य इति—ख० । २. काले—ख० ।
३. तन्त्रमन्त्रान् .... इति—ख० ।
४. सिद्धः षट्कर्मसारः स भवति भुवने भूतनाथ प्रपन्नः ।
५. शान्तम्—ख० ।
६. तस्यान्ते..... नम इति मिलितं .... ।
त्वन्नाम्ना .... किं वरेण्यः ।
किन्तस्या साध्यसिद्धिः प्रजपति सुमुखी योगभागप्रपन्नः—ख० ।
७. सर्वाभीतो.... .... विवासी ।
८. मन्त्रज्ञस्थः .... सकलमनुमयः संशये मन्त्रो विश्वेश्वरीणां ... .

वाले हैं तथा सबको असंख्य वर देने वाले हैं, बिना रूप के हैं, फिर भी सर्वस्वरूपी हैं, आप मन्त्रज्ञ सुमन्त्री हैं, महमय समय ? हैं संशय रूपी आसार (वर्षा या जन्म अन्धकार) के हन्ता हैं। 'विश्वेश्वरीणां मन्ता पशुपतये नमः', 'नम्रं मा पातु' विश्वेश्वरियों को मान देने वाले आप पशुपति को नमस्कार है, मुझ नम्र की रक्षा करें ॥ १६ ॥

योगी भोगी विरागी[१] त्वमतुलविभवः सम्भवः पञ्चचूडो
वाणी[२] शेषः प्रियेशः[३] शशिग्रथितमृडाशोभिताङ्गो[४] ह्यनङ्गः ।
कामो माया रमेशः प्रथमदिनकरश्रेणि[५] शोभावलिप्तः
सर्वाङ्गं यः प्रपायादमलकमलगः[६] क्रोधगो योऽवलोकम् ॥ १७ ॥

आप योगी हैं, भोगी हैं, विरागी हैं, अतुलविभव संपन्न हैं, संभव हैं, पञ्चचूड हैं, वाणी हैं, शेष हैं, प्रियेश हैं, चन्द्रमा को मस्तक में धारण करने वालें, पार्वती से शोभित अङ्ग वाले होकर भी अनङ्ग हैं, काम (क्लीं) माया (ह्रीं) रमा (श्रीं) उनके ईश हैं, उदीयमान सूर्य के समूहों से होने वाली शोभा से संयुक्त हैं, स्वच्छ कमल पर निवास करने वाले फिर भी क्रोध को प्राप्त करने वाले वह सदाशिव हमारे सर्वाङ्ग की रक्षा करें ॥ १७॥

एतच्छ्रीशङ्करस्तोत्रं यः पठेन्नियतः शुचिः ।
संवत्सराद् भवेत् सिद्धिः सर्वज्ञानप्रदायिनी ॥ १८ ॥

जो पवित्र होकर नियमपूर्वक इस श्रीशंकर स्तोत्र का पाठ करता है उसे एक वर्ष में सर्वज्ञानप्रदायिनी सिद्धि प्राप्त हो जाती है ॥ १८॥

शुचौ वाप्यशुचौ स्तौति भक्त्या यः साधकोत्तमः ।
स सर्वयातनामुक्तो योगी ग्रन्थिविभेदकः ॥ १९ ॥
अकस्मात् सिद्धिमाप्नोति प्रेमानन्दसुभक्तिदाम् ।

जो साधकोत्तम, पवित्र अथवा अपवित्र अवस्था में इस स्तोत्र का पाठ भक्तिपूर्वक करता है वह समस्त यातना अर्थात् सारी बाधाओं से मुक्त हो जाता हैं और षट्चक्रों की ग्रन्थि का विभेदक बन जाता है । उसे प्रेम आनन्द तथा सुभक्ति प्रदान करने वाली सिद्धि अनायास ही प्राप्त हो जाती हैं ॥ १९-२० ॥

शतमष्टोत्तरं चास्य पुरश्चर्याविधिः स्मृतः ॥ २० ॥
न स्नानं न जपः कार्यं न पूजादिविधानकम् ।
केवल स्तवपाठेनानाहते सुस्थिरो भवेत् ॥ २१ ॥

---

१. विरोगी—ख० ।
२. वानीशेशः—ख० ।
३. शशिशकलरुचा—ख० ।
४. शशिना ग्रथितो मृडः शिवः, आशोभितानि अङ्गानि यस्य सः । द्वयोर्मध्यमपदलोपि समासो बोध्यः ।
५. विलिप्तः—ख० ।
६. सर्वा सिद्धिं प्रपायादमलकमलगः क्रोधज्ञो यो नृलोकम्—ख० ।

पुरश्चरण—इस स्तोत्र के पुरश्चरण की विधि १०८ कही गई है । इसमें स्नान, जपकार्य तथा पूजादि का विधान नहीं हैं, साधक केवल इस स्तोत्र के पाठ से अनाहत चक्र में पहुँच कर स्थिर हो जाता है ॥ २०-२१ ॥

चिरञ्जीवी वीतरागो[1] वीतसंसारभावनः ।
पठित्वा धारयित्वा[2] च योगभ्रष्टो न सम्भवेत् ।
अनायासे[3] योगसिद्धिं प्राप्नोति विपुलां श्रियम् ॥ २२ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे ईश्वरस्तोत्रविन्यासो नाम द्विषष्टितमः पटलः ॥ ६२ ॥

इस स्तोत्र का पाठ करने से, यन्त्र बना कर धारण करने से, साधक योगभ्रष्ट नहीं होता किन्तु चिरञ्जीवी, वीतराग तथा संसार की भावना से विरत हो जाता है । उसे बिना परिश्रम के ही योगसिद्धि तथा अनन्त लक्ष्मी की प्राप्ति हो जाती है ॥ २२ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्रप्रकरण में षट्चक्रप्रकाश में भैरवीभैरवसंवाद में ईश्वर स्तोत्र विन्यास नामक बासठवें पटल की डॉ सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ६२ ॥

१. वीतरोगी—ख० ।—वीतराग इत्येव पाठो युक्तः । वीतरोग इति पाठेऽपि संसाररूपो रोगश्चेत्तर्हि सोऽपि पाठः सम्भवति ।
२. भावयित्वा—ख० ।
३. सर्वायासे—क० ।

अथ त्रिषष्टितमः पटलः

आनन्दभैरवी उवाच

कवचं शृणु चास्यैव लोकनाथ शिवापते ।
ईश्वरस्य परं[1] ब्रह्म निर्वाणयोगदायकम् ॥ १ ॥
कवचं दुर्लभं लोके [2]नामसम्मोहनं परम् ।
कवचं ध्यानमात्रेण[3] निर्वाणफलभाग्भवेत् ॥ २ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे लोकनाथ ! हे शिवा के स्वामी ! परात्पर परब्रह्म एवं निर्वाणयोग को देने वाले, इन ईश्वर के कवच को सुनिए । सम्मोहन नाम का यह श्रेष्ठ कवच संसार में दुर्लभ है । इस कवच के ध्यान मात्र से साधक निर्वाणफल को प्राप्त करने वाला हो जाता है ॥ १-२ ॥

अस्य[4] किं (पु)त्वत्रमाहात्म्यं तथापि तद्वदाम्यहम् ।
केवलं ग्रन्थिभेदाय निजदेहानुरक्षणात् ॥ ३ ॥
सर्वेषामपि योगेन्द्र देवानां योगिनां तथा ।
भावादि[5] सिद्धिलाभाय कायनिर्मलसिद्धये ॥ ४ ॥

इस कवच का क्या माहात्म्य है ? फिर भी मैं उसे कहती हूँ—केवल ग्रन्थिभेद (?) और अपने शरीर की रक्षा के लिए इसका प्रयोग किया जाता है । सभी देवों तथा योगियों में हे योगेन्द्र ! भावादि सिद्धि लाभ के लिए तथा शरीर की निर्मल सिद्धि के लिए इसका पाठ करना चाहिए ॥ ३-४ ॥

प्रकाशितं महाकाल तव स्नेहवशादपि ।
सर्वे मन्त्राः प्रसिद्ध्यन्ति सम्मोहकवचाश्रयाः ॥ ५ ॥
कवचस्य ऋषिर्ब्रह्मा छन्दोऽनुष्टुबुदाहृतम् ।
ईश्वरो देवता प्रोक्त[6]स्तथा शक्तिश्च काकिनी ॥ ६ ॥

हे महाकाल ! इसे भी हमने आपके स्नेहवश प्रकाशित किया है । सम्मोहन कवच को धारण कर सभी मन्त्र प्रकृष्ट रूप से सिद्ध होते हैं । कवच के ऋषि ब्रह्मा और छन्द अनुष्टुप् कहे गए हैं । इस कवच के देवता 'ईश्वर' तथा शक्ति 'काकिनी-देवी' हैं ॥ ५-६ ॥

---

१. परमम्—ख० ।　　२. नाथ—ख० ।
३. मार्गेण—ख० ।　　४. अन्यर्तिक—ख० ।
५. तारादि—ख० ।—भाव आदिर्यासां ता भावादयः, ताश्च ताः सिद्धयश्च तासां लाभाय प्राप्तये ।　　६. प्रोक्ता—ख० ।

कीलकं [१]क्रूं तथा ज्ञेयं ध्यानसाधनसिद्धये ।
हृदब्जभेदनार्थे [२] तु विनियोगः प्रकीर्तितः ॥ ७ ॥

ध्यान और साधन सिद्धि के लिए 'क्रूं' (हुं ?) यह कीलक जानना चाहिए । इस कवच का विनियोग कुण्डलिनी के अन्तर्गत हृत्कमल के भेद के लिए प्रतिपादित है ॥ ७ ॥

एतच्छ्रीसम्मोहनमहाकवचस्य ब्रह्मा ऋषिरनुष्टुप् छन्द ईश्वरो देवता काकिनी शक्तिः [३]क्रूं कीलकं ध्यानसाधनसिद्धये हृदब्जभेदार्थे [४] जपे विनियोगः

कवच का विनियोग—ॐ तत्सत् एतच्छ्रीसम्मोहन महाकवचस्य ब्रह्मा ऋषिरनुष्टुप् छन्दः, ईश्वरो देवता, काकिनी शक्तिः, क्रूं कीलकं ध्यानसाधनसिद्धये हृदब्जभेदार्थे जपे विनियोगः ॥ ७ ॥

प्रणवो मे पातु शीर्षं ललाटं च सदाशिवः ।
प्रासादो हृदयं पातु बाहुयुग्मं महेश्वरः ॥ ८ ॥
पृष्ठं पातु महादेव उदरं कामनाशनः ।
पार्श्वौ पातु कामराजो बालः [५] पृष्ठतलान्तरम् ॥ ९ ॥

प्रणव (ॐ) मेरे शिर की रक्षा करें । सदाशिव मेरे ललाट की रक्षा करें । प्रासाद (?) मेरे हृदय को और महेश्वर मेरे दोनों बाहुओं की रक्षा करें । महादेव पीठ की और कामनाशन उदर की रक्षा करे । दोनों पार्श्व भाग की कामराज और पृष्ठतल के भीतर की बाल (बटुक) रक्षा करें ॥ ८-९ ॥

कुक्षिमूलं [६] महावीरो ललितापतिरीश्वरः ।
मृत्युञ्जयो नीलकण्ठो लिङ्गदेशं सदावतु ॥ १० ॥
लिङ्गाधो मुद्रिका पातु पादयुग्ममुमापतिः ।
अङ्गुष्ठं पातु सततं पार्वतीप्राणवल्लभः ॥ ११ ॥

महावीर कुक्षिमूल की रक्षा करें और ललिता देवी के पति ईश्वर, मृत्युञ्जय एवं नीलकण्ठ सदैव मेरे लिङ्गदेश की रक्षा करें । मुद्रिका (?) लिङ्ग के अधःप्रदेश की तथा उमापति दोनों पैरों की रक्षा करें । पार्वती देवी के प्राणवल्लभ (शिव) निरन्तर मेरे अङ्गुष्ठों की रक्षा करें ॥ १०-११ ॥

गुल्फं पातु त्रयम्बकश्च जानुनी युवतीपतिः ।
ऊरुमूलं सदा पातु मञ्जुघोषः सनातनः ॥ १२ ॥
सिमनी [७]देशमापातु भैरवः क्रोधभैरवः ।
लिङ्गदेशोद्गमं पातु लिङ्गरूपी जगत्पतिः ॥ १३ ॥

---

१. हुं—ख० ।
२. हृदब्जं हृत्कमलं तस्य भेदनार्थं विकासनार्थे, सूर्यकरैः कमलं प्रभिन्नं भवति ।
३. हुं—ख० । ४. भेदनार्थे—ख० ।
५. बलिः—ख० । ६. तूणं—ख० । ७. सीमनीं सदा—ख० ।

त्र्यम्बक मेरे गुल्फ (एड़ी के ऊपर की गाँठ) की और युवतीपति (शिव) दोनों जानुओं (घुटनों) की रक्षा करें। मञ्जुघोष सनातन सदैव मेरे ऊरुमूल (जङ्घा के जोड़ों) की रक्षा करें। भैरव एवं क्रोधभैरव मेरे सिवनी की रक्षा करें और लिङ्गरूपी जगत्पति (शिव) लिङ्गदेश के उद्गम स्थान की रक्षा करें ॥ १२-१३ ॥

हृदयाग्रं सदा पातु महेशः काकिनीश्वरः।
ग्रीवां पातु वृषस्थश्च कण्ठदेशं दिगम्बरः ॥ १४ ॥
लम्बिकां पातु गणपो नासिकां भवनाशकः[1]।
भ्रूमध्यं पातु योगीन्द्रः [2]महेशः पातु मस्तकम् ॥ १५ ॥

महेश एवं काकिनी के ईश्वर सदैव हृदय के अग्र भाग की रक्षा करें। वृषस्थ शिव ग्रीवा की तथा दिगम्बर शिव कण्ठदेश की रक्षा करें। गणप (शिव) लम्बिका (घेंघा) की और भवनाशक (शिव) नासिका की रक्षा करें। योगीन्द्र भ्रूमध्य की रक्षा करे और महेश मस्तक की रक्षा करें ॥ १४-१५ ॥

मूर्ध्निदेशं मुनीन्द्रश्च द्वादशस्थो महेश्वरः।
द्वादशाम्भोरुहं पातु [3]काकिनीप्राणवल्लभः ॥ १६ ॥
नाभिमूलाम्बुजं पातु महारुद्रो जगन्मयः।
स्वाधिष्ठानाम्बुजं पातु सदा हरिहरात्मकः ॥ १७ ॥

मुनियों के इन्द्र (शिव) मूर्ध्नि भाग की और द्वादश (ज्योतिर्लिङ्ग) में निवास करने वाले महेश्वर एवं काकिनी देवी के प्राण वल्लभ (शिव) द्वादश कमल (ग्रन्थि) की रक्षा करें। जगन्मय महान् रुद्र नाभिमूल-कमल की रक्षा करें। हरि एवं हर रूप वाले (शिव) सदैव स्वाधिष्ठान-कमल की रक्षा करें ॥ १६-१७ ॥

मूलपद्मं सदा पातु ब्रह्मेन्द्रो डाकिनीश्वरः।
कुण्डलीं सर्वदा पातु डाकिनी योगिनीश्वरः ॥ १८ ॥
कुण्डली मातृका पातु वटुकेशः शिवो(रो?) हरः।
राकिणीविग्रहं पातु वामदेवो महेश्वरः ॥ १९ ॥

ब्रह्मेन्द्र एवं डाकिनी देवी के ईश्वर सदैव 'मूलपद्म' की रक्षा करें। डाकिनी के ईश्वर और योगिनी के ईश्वर सर्वदा (शरीरस्थ) कुण्डली की रक्षा करें। बटुकेश एवं शिव (शिरः ?) तथा हर कुण्डली में रहने वाली मातृकाओं की रक्षा करें। वामदेव एवं महेश्वर राकिणी विग्रह (?) की रक्षा करें ॥ १८-१९ ॥

पञ्चाननः सदा पातु लाकिनीवज्रविग्रहम्।
स्वस्थानं द्वादशारञ्च वीरः पातु [4]सुकाकिनीम् ॥ २० ॥

---

१. नाशनः—ख०।—भवं संसारं नाशयति स भवनाशकः। पूर्वं नाशक इति ण्वुलन्तं साधयित्वा भवेन सह षष्ठीसमासः पश्चात् कार्यः।

२. सदेशः—ख०। ३. कामिनी—ख०। ४. स्वकाकानीम्—ख०।

वीरेन्द्रः कर्णिकां पातु द्वादशारं विषाशनः ।
षोडशारं सदा पातु क्रोधवीरः सदाशिवः ॥ २१ ॥

पञ्चानन शिव सदैव लाकिनीवज्रविग्रह (?) की रक्षा करें । स्वस्थान एवं द्वादशार (चक्र) तथा सुकाकिनी (?) की वीर (शिव) रक्षा करें । वीरेन्द्र 'कर्णिका' की तथा विष को पीने वाले शिव द्वादशार (चक्र) की रक्षा करें । क्रोधवीर सदाशिव सदैव षोडशार (चक्र) की रक्षा करें ॥ २०-२१ ॥

मां पातु [१]वज्रनाथेशोऽरिभयात्[२] क्रोधभैरवः ।
षट्चक्रं[३] सर्वदा पातु लाकिनीश्रीसदाशिवः ॥ २२ ॥
{षोडशाम्भोरुहान्तस्थं पातु धूम्राक्षपालकः ।
दिङ्नाथेशो महाकायो मां पातु परमेश्वरः } ।
आकाशगङ्गाजटिलो[४] द्विदलं[५] पातु मे परम् ।
गङ्गाधरः सदा पातु [६]हाकिनीं परमेश्वरः ॥ २३ ॥

वाज्रनाथेश मेरी और क्रोधभैरव मेरी शत्रुभय से रक्षा करें । इस प्रकार शरीरस्थ कुण्डली के षट्चक्र की लाकिनी देवी और श्री सदाशिव रक्षा करें । { धूम्राक्षपालक (शिव) अन्तस्थ षोडश कमलों की रक्षा करें । दिङ्नाथेश, महाकाय एवं परमेश्वर मेरी रक्षा करें । } आकाश गङ्गा के समान जटा धारण करने वाले (शिव) मेरे श्रेष्ठ द्विदल (भ्रूमध्यस्थ दो वर्ण) की रक्षा करें । इस प्रकार हाकिनी देवी, परमेश्वर और गङ्गाधर सदैव मेरी रक्षा करें ॥ २२-२३ ॥

हाकिनी [७]परशिवो मे भ्रूपद्मं परिरक्षतु ।
दण्डपाणीश्वरः पातु मनोरूपं द्विपत्रकम् ॥ २४ ॥
साधुकेशः सदा पातु मनोन्मन्यादिवासिनम् ।
पिङ्गाक्षेशः[८] सदा पातु भयभूमौ तनूं मम ॥ २५ ॥

हाकिनी एवं पर शिव मेरे भ्रूपद्म की चारों ओर से रक्षा करें । दण्डपाणीश्वर (शिव) मेरे मनोरूप द्विपत्रक की रक्षा करें । साधुओं के ईश सदैव मनोन्मन्यादि वासी की रक्षा करें । पिङ्गाक्षेश भय में पड़े हुए मेरे शरीर की रक्षा करें ॥ २४-२५ ॥

उन्मनी [९]स्थानकं पातु रोधिनीसहितं मम ।
सुधाघटः सदा पातु ममानन्दादिदेवताम् ॥ २६ ॥

---

१. वज—ख० । २. विभवान्—ख० । ३. षड्वक्रं—ख० ।
४. आकाशगङ्गयाऽऽभिषिक्तः, स चासौ जटिलश्च । मध्यमपदलोपिसमासः । अथवाऽऽकाशगङ्गयैव जटिलः । सैव जटा इति भावः ।
५. विदलं पातु चेश्वरः—ख० । ६. पिङ्गलाक्षः—ख० ।
७. हाकिनीशः शिरः पातु भ्रू पद्मं—ख० । ८. पिङ्गलाक्षः—ख० ।
९. मे स्थलं..... बोधिनीसहितं शिवः—ख० ।

आनन्दभैरवः पातु गूढदेशाधिदेवताम् ।
मायामयोपहा[१] पातु सुषुम्नानाडिकाकलाम् ॥ २७ ॥

मेरे रोधिनीसहित उन्मनीस्थानक की (वे पिङ्गाक्षेश) रक्षा करें । सुधाघट (देव) मेरे आनन्दादि देवता की सदा रक्षा करें । आनन्दभैरव मेरे गूढ़ देश के अधिदेवता की रक्षा करें । मायामयोपहा (या मायामहोपहा ?) मेरे सुषुम्ना नाड़ी की कला की रक्षा करें ॥ २६-२७ ॥

इडाकलाधरं पातु कोटिसूर्यप्रभाकरः ।
पिङ्गलामिहिरं पातु चन्द्रशेखर ईश्वरः ॥ २८ ॥
कोटिकालानलस्थानं सुषुम्नायां सदावतु ।
सुधासमुद्रो मां पातु रत्नकोटिमणीश्वरः ॥ २९ ॥

चन्द्रशेखर और ईश्वर मेरे इडा नाडी की कला धारण करने वाले (चक्र) की रक्षा करें। कोटिसूर्य प्रभा वाले शिव मेरे पिङ्गलामिहिर की रक्षा करें । सुषुम्ना नाड़ी में विद्यमान् कोटिकाल रूप अग्नि के स्थान की वे सदैव रक्षा करें । करोड़ों रत्नों और मणियों के ईश्वर और सुधा के समुद्र (शिव) मेरी रक्षा करें ॥ २८-२९ ॥

शिवनाथः सदा पातु कुण्डलीचक्रमेव मे ।
विष्णुचक्रं महादेवः कालरात्रः कुलान्वितम् ॥ ३० ॥
मृत्युजेता सदा पातु सहस्रारं सदा मम ।
सहस्रदलगं शम्भुं स्वयम्भूः पातु सर्वदा ॥ ३१ ॥

शिवनाथ मेरे कुण्डलीचक्र की ही सदा रक्षा करें । कालरात्र महादेव मेरे कुल से युक्त विष्णुचक्र की रक्षा करें । मृत्युजेता (शिव) सदैव मेरे सहस्रार की रक्षा करें । स्वयम्भू सदैव सहस्रदलगत शम्भु की रक्षा करें ॥ ३०-३१ ॥

सर्व[२]रूपिणमीशानं पातु शर्वो हि सर्वदा ।
सर्वत्र सर्वदा[३] पातु श्रीनीलकण्ठ ईश्वरः ॥ ३२ ॥
सर्वबीजस्वरूपो मे बीजमालां सदावतु ।
मातृकां सर्वबीजेशो मातृकार्णं[४] शिवो मम ॥ ३३ ॥

शर्व सदा सर्वरूपी ईशान की रक्षा करें । श्री नीलकण्ठ ईश्वर सर्वत्र और सदा मेरी रक्षा करें । सर्वबीज स्वरूप (शिव) मेरी बीज माला की सदा रक्षा करें । सभी बीजों के ईश शिव मेरे मातृकाओं की और मेरे मातृका वर्ण की रक्षा करें ॥ ३२-३३ ॥

अहङ्कारं हरः पातु करमालां सदा मम ।
जलेऽरण्ये महाभीतौ पर्वते शून्यमण्डपे ॥ ३४ ॥

---

१. मायामयः सदा—ख० । २. मुनि—ख० ।
३. सर्वाङ्गं सर्वदा पातु देवः—ख ।
४. मातृकानामृस्मं दुर्ग भूमिः, तत्संबोधने । अथवा शिवेन सह मध्यमपदलोपिसमासः ।

व्याघ्रभल्लूकमहिषपश्वादिभयदूषिते ।
महारण्ये घोरयुद्धे गगने भूतलेऽतले ॥ ३५ ॥

हर मेरे अहङ्कार तथा करमाला की सदा रक्षा करें और वह देव जल में या वन में, महान् भय में पर्वत पर (जन) शून्य स्थान पर, व्याघ्र, भालू, महिष, आदि पशुओं के भय से दूषित महान् दुर्गम् अरण्य में, घोर युद्ध में, गगन में, भूतल पर अथवा पाताल में मेरी रक्षा करें ॥ ३४-३५ ॥

अत्युत्कटे शस्त्रघाते शत्रुचौरादिभीतिषु ।
महासिंहभये क्रूरे मत्तहस्तिभये तथा ॥ ३६ ॥
ग्रहव्याधिमहाभीतौ सर्पभीतौ च सर्वदा ।
पिशाचभूतवेतालब्रह्मदैत्यभयादिषु ॥ ३७ ॥

अत्यन्त उत्कट शस्त्र की चोट लगने पर, शत्रु एवं चोर आदि के भयों में, विकट सिंह के भय में, क्रूर और मदमत्त हाथी के भय में, ग्रह एवं व्याधि के महान् सङ्कट में और सर्वदा सर्पभय में तथा पिशाच, भूत, वेताल (शव), ब्रह्म (पिशाच) एवं दैत्य आदि भयों में मेरी रक्षा करें ॥ ३६-३७ ॥

अपवादा [1]पवादेषु मिथ्यावादेषु सर्वदा ।
करालकालिकानाथः प्रचण्डः प्रखरः परः ॥ ३८ ॥
उग्रः [2]कपर्दी भीदंष्ट्री कालाच्छन्नकरः कविः ।
क्रोधाच्छन्नो [3]महोन्मत्तो गरुडीशो महेशभृत[4] ॥ ३९ ॥
पञ्चाननः पञ्चरश्मिः पावनः पावमानकः ।
शिखा [5]मात्रामहामुद्राधारकः क्रोधभूपतिः ॥ ४० ॥
द्रावकः पूरकः पुष्टः पोषकः पारिभाषिकः ।
एते पान्तु महारुद्रा द्वाविंशतिमहाभये ॥ ४१ ॥

अपवाद एवं आपवादों में तथा सर्वदा मिथ्या चर्चाओं (गपबाजी) से मेरी रक्षा करें। १. करालकालिकानाथ, २. प्रचण्ड, प्रखर, पर, उग्र, कपर्दी, भीदंष्ट्री, कालाच्छन्नकर, कवि, १०. क्रोधाच्छन्न, महोन्मत्त, गारुडीश, महेशभृत, पञ्चानन (शिव), पञ्चरश्मि पावन, पावमानकः, शिखामात्रामहामुद्राधारक, क्रोधभूपति, २०. द्रावक, पूरक, पुष्टपोषक और २२. पारिभाषिक—ये बाइस महारुद्र हमारी महान् भयों में रक्षा करें ॥ ३८-४१ ॥

एते सर्वे शक्तियुक्ता मुण्डमालाविभूषिताः ।
अहङ्कारेश्वराः क्रुद्धा योगिनस्तत्त्वचिन्तकाः ॥ ४२ ॥

---

१. अन्नादे रुपवादेषु—ख० । २. कपर्दमी—ख० ।
३. मदोन्मत्तो—ख० । ४. महास्त्रभृत्—ख० ।
५. मात्रौ—ख० ।—शिखा च मात्रा च महामुद्रा चेति द्वन्द्वः । धारयतीति धारकः । शिखा मात्रामहामुद्राणां धारक इति षष्ठीसमासः ।

चतुर्भुजा महावीराः खड्गखेटकधारकाः ।
कपालशङ्खमालाढ्या नानारत्नविभूषिताः ॥ ४३ ॥
किंकिणीजालमालाढ्या हेमनूपुरराजिताः[1] ।
नानालङ्कारशोभाढ्याश्चन्द्रचूडाविभूषिताः ॥ ४४ ॥
सदानन्दयुताः श्रीदा मोक्षदाः कर्मयोगिनाम् ।
सर्वदा भगवान् पातु ईश्वराः पान्तु नित्यशः ॥ ४५ ॥

ये सभी महारुद्र अपनी अपनी शक्तियों से युक्त होकर मुण्डमाला से विभूषित होकर, अहङ्कारेश्वर, क्रुद्ध, योगिन, तत्त्वचिन्तक, कपालशंख की माला से समृद्ध, नाना रत्नों से विभूषित, किङ्कीणी जालयुक्त माला से समृद्ध, सुवर्ण के नूपुरों से शोभित, नाना प्रकार के अलङ्करणों की शोभा से सम्पन्न, चूड़ा में चन्द्र से विभूषित, सदा आनन्द युक्त और कर्म योगियों को सर्वदा श्री-सम्पत्ति देने वाले एवं अन्त में मोक्ष देने वाले ये ईश्वर भगवान् (महारुद्र) नित्य मेरी रक्षा करें ॥ ४२-४५ ॥

ब्रह्मा पातु मूलपद्मं श्रीविष्णुः पातु षड्दलम् ।
रुद्रः पातु दशदलमीश्वरः पात्वनाहतम् ॥ ४६ ॥
सदाशिवः पातु नित्यं षोडशारं सदा मम ।
परो[2] द्विदलमापातु षट्शिवाः पान्तु नित्यशः ॥ ४७ ॥

षट्चक्र रक्षा - ब्रह्मा मूलपद्म की रक्षा करें । श्रीविष्णु षट्दल कमल की रक्षा करें । रुद्र दशदल (कमल) की रक्षा करें और ईश्वर अनाहत चक्र की रक्षा करें । सदाशिव नित्य मेरे षोडशार की रक्षा करें । षट्शिव श्रेष्ठ द्विदल चक्र की नित्य रक्षा करें ॥ ४६-४७ ॥

अपराः पान्तु सततं मम देहं कुलेश्वराः ।
पूर्णं ब्रह्म सदा पातु सर्वाङ्गं सर्वदेवताः ॥ ४८ ॥
कालरूपी सदा पातु मनोरूपी शिरो[3] मम ।
आत्मलीनः सदा पातु ललाटं वेदवित्प्रभुः ॥ ४९ ॥

अन्य कुलेश्वर मेरे शरीर की सतत रक्षा करें । पूर्ण ब्रह्म सदा रक्षा करें और सभी देवता सभी अङ्गों की रक्षा निरन्तर करें । कालरूपी शिव एवं मनोरूपी शिव सदा मेरे शिर की रक्षा करें । वेदवित् आत्मलीन प्रभु सदा मेरे ललाट की रक्षा करें ॥ ४८-४९ ॥

वाराणसीश्वरः पातु [4]मम भ्रूमध्यपीठकम् ।
योगिनाथः[5] सदा पातु मम दन्तावलिं दृढम् ॥ ५० ॥
ओष्ठाधरौ सदा पातु झिल्टीशो भौतिकेश्वरः ।
नासापुटद्वयं पातु भारभूतीशोऽतिथीश्वरः ॥ ५१ ॥

---

१. सुनूपुरविराजिता—ख० ।
२. परश्च द्विदलं पातु—ख० ।
३. शिवो—ख० ।
४. नीलकेशो हरेश्वरः—ख० ।
५. योगिनाथ इत्यारभ्य अतिथीश्वरानं ख० पु० नास्ति ।

वाराणसी (पीठ) के ईश्वर मेरे भ्रूमध्यपीठ की रक्षा करें । योगिनाथ (शिव) मेरी दृढ़ दन्तावलि की रक्षा करें । झिन्टीश एवं भौतिकेश्वर सदा मेरे दोनों ओष्ठों की रक्षा करें । भार भूतीश और अतिथीश्वर मेरे दोनों नासापुटों की रक्षा करें ॥ ५०-५१ ॥

गण्डयुग्मं सदा पातु स्थाणुकेशो हरेश्वरः ।
कर्णदिशं सदा पातु [१]अमरोऽर्धीश्वरो मम ॥ ५२ ॥
महासेनेश्वरस्तुण्डं मम पातु निरन्तरम् ।
श्रीकण्ठादिमहारुद्राः[२] स्वाङ्गग्रन्थिषु मातृकाः ॥ ५३ ॥

स्थाणुकेश और हरेश्वर सदैव मेरे दोनों गालों की रक्षा करें । अमर (शिव) एवं अर्धनारीश्वर शिव सदैव मेरे दोनों कर्ण प्रदेश की रक्षा करें । महासेनेश्वर, निरन्तर मेरी ठुड्डी (तुण्ड) की रक्षा करें । श्री कण्ठ आदि (५१) महारुद्र मेरे अङ्गों ग्रन्थियों में रहने वाली मातृकाओं की रक्षा करें ॥ ५२-५३ ॥

मां पातु कालरुद्रश्च सर्वाङ्गं कालसंक्षयः ।
अकाल [३]तारकः पातु उदरं परिपूरकः ॥ ५४ ॥
अगस्त्यादिमुनिश्रेष्ठाः पान्तु योगिन ईश्वराः ।
श्रीनाथेश्वर ईशानः पातु मे सूक्ष्मनाडिकाः ॥ ५५ ॥

कालरुद्र मेरी रक्षा करें और काल संक्षय मेरे सभी अङ्गों की रक्षा करें । अकालतारक एवं परिपूरक शिव मेरे उदर की रक्षा करें । अगस्त्यादि मुनिश्रेष्ठ, योगी और ईश्वर (मेरी) रक्षा करें । श्रीनाथेश्वर ईशान मेरी सूक्ष्म नाडियों की रक्षा करें ॥ ५४-५५ ॥

त्रिशूली पातु पूर्वस्यां दक्षिणे मृत्युनाशनः ।
पश्चिमे वारुणीमत्तो महाकालः सदाऽवतु ॥ ५६ ॥
उत्तरे चावधूतेशो भैरवः कालभैरवः ।
ईशाने पातु शान्तीशो वायव्यां योगिवल्लभः ॥ ५७ ॥
मरुत्कोणे दैत्यहन्ता पातु मां सततं शिवः ।
वह्निकोणे सदा पातु कालानलमुखाम्बुजः ॥ ५८ ॥

पूर्व दिशा में त्रिशूली और दक्षिण दिशा में मृत्युनाशक शिव मेरी रक्षा करें । पश्चिम में वारुणीमत्त महाकाल सदैव मेरी रक्षा करें । उत्तर दिशा में अवधूतों के ईश, भैरव एवं कालभैरव मेरी रक्षा करें, ईशानकोण में शान्तीश तथा वायव्य कोण में योगिवल्लभ शिव मेरी रक्षा करें । पुनः मरुत्कोण में दैत्यहन्ता शिव निरन्तर मेरी रक्षा करें । वह्निकोण में कालानलमुखाम्बुज शिव सदा मेरी रक्षा करें ॥ ५६-५८ ॥

ऊर्ध्वं ब्रह्मा सदा पातु अधोऽनन्तः सदाऽवतु ।

---

१. अर्घेश्वरो—ख० ।

२. श्रीकण्ठादयो महान्तो रुद्रदेवा मातृकाश्च स्वाङ्गग्रन्थिषु पान्तु रक्षन्तु इत्यर्थः ।

३. अकालतारकः—ख० ।

सर्वदेवः सदा पातु [1]सर्वदेहगतं सुखम् ॥ ५९ ॥
इहार्हा[2]वल्लभः पातु कालाख्येशो गुणो मम।
रविनाथः सदा पातु हृदयं मानसं मम ॥ ६० ॥
चन्द्रेशः पातु सततं भ्रूमध्यं मम कामदः ।
वज्रदण्डधरः पातु रक्ताङ्गेशस्त्रिलोचनम् ॥ ६१ ॥

ऊर्ध्व दिक् में ब्रह्मा सदैव मेरी रक्षा करें और अधः दिक् पाताल में अनन्त सदैव मेरी रक्षा करें । सभी देव मेरे सब शरीर गत सुख की सदा रक्षा करें । अर्हावल्लभ यहाँ पर और कालाख्य ईश मेरे गुणों की रक्षा करें । रविनाथ मेरे हृदय एवं मानस पटल की सदा रक्षा करें । चन्द्रेश और कामद (शिव) मेरे भ्रूमध्य की सतत रक्षा करें । वज्र और दण्ड धारण करने वाले रक्ताङ्गेश मङ्गल के ईश मेरे आँखों की और तीसरे ज्ञान चक्षु की रक्षा करें ॥ ५९-६१ ॥

बुधश्यामसुन्दरेशः पातु मे हृदयस्थलम् ।
सुवर्णवर्णगुर्वीशो मम कण्ठं सदाऽवतु ॥ ६२ ॥
सिन्दूरजलदच्छन्नाद्यर्कशुक्रेश्वरो गलम्[3] ।
नाभिदेशं सदा पातु शनिश्यामेश ईश्वरः[4] ॥ ६३ ॥

बुधश्यामसुन्दरेश मेरे हृदयस्थल की रक्षा करें । सुवर्ण वर्ण वाले गुर्वीश सदा मेरे कण्ठ की रक्षा करें । सिन्दूर के समान बादलों से आच्छन्न अर्कशुक्रेश्वर शिव मेरे गले की रक्षा करें । शनि श्यामेश ईश्वर सदा मेरे नाभि प्रदेश की रक्षा करें ॥ ६२-६३ ॥

राहुः[5] पातु महावक्त्रः केवलं मुखमण्डलम् ।
केतुः पातु महाकायः सदा मे गुह्यदेशकम् ॥ ६४ ॥

महावक्त्र राहु (के ईश) मेरे सम्पूर्ण मुख मण्डल की रक्षा करें । महाकाय केतु (के ईश) सदैव मेरे गुह्य प्रदेश की रक्षा करें ॥ ६४ ॥

विमर्श—इस प्रकार ५९ से ६४ श्लोक के बीच नौ ग्रहों के ईश भगवान् शङ्कर से प्रार्थना की गई है, कि वे मेरे अङ्गों की रक्षा करें ॥ ६४ ॥

इन्द्रादिदेवताः पान्तु परिवारगणैर्युताः[6] ।
शिरोमण्डलदिग्रूपं पान्तु वैकुण्ठवासिनः ॥ ६५ ॥
भैरवा भैरवीयुक्ताः सर्वदेहसमुद्भवाः ।
भीमदंष्ट्रा महाकाया[7] मम पान्तु निरन्तरम् ॥ ६६ ॥

---

१. रक्ताङ्गेशः त्रिलोचनः—ख० ।
२. इहार्हा इत्यारभ्य स्त्रिलोचमित्यन्तं ख० पु० नास्ति ।
३. गणम्—ख० ।—गलमिति पाठो युक्ततरः प्रतिभाति, अग्रे च नाभिदेशस्य कथनात् ।
४. शनिरिव श्याम ईशः, शनिश्यामेश इत्यर्थः । ५. शशि—ख० ।
६. गुणैरिति—ख० । ७. महाकायम्—ख० ।—महाकायमिति पाठे तु द्वितीयान्तं महाकायं रक्षणक्रियायाः कर्मतया मन्यते । महाकाया इति पाठे तु बहुव्रीहिर्बोध्यः ।

अपने परिवारगणों से युक्त होकर इन्द्रादि देवता मेरी रक्षा करें । वैकुण्ठवासी देवता दिक् रूप मेरे शिरो मण्डल की रक्षा करें । सर्वदेह में समुद्भूत होने वाले, भयङ्कर द्रंष्टा वाले एवं महान् शरीर वाले भैरवी युक्त भैरव गण मेरी निरन्तर रक्षा करें ॥ ६५-६६ ॥

यज्ञभुङ्नीलकण्ठो मे हृदयं पातु सर्वदा ।
उन्मत्तभैरवा:[1] पान्तु ईश्वरा: पान्तु सर्वदा ॥ ६७ ॥
क्रोधभूपतय: पान्तु श्रीमायामदनान्विता: ।

यज्ञ के भोक्ता नीलकण्ठ सर्वदा मेरे हृदय की रक्षा करें । उन्मत्त भैरव गण मेरी रक्षा करे और ईश्वर सर्वदा मेरी रक्षा करें । क्रोध के भूपति गण और मदन से संयुक्त श्रीमाया मेरी रक्षा करें ॥ ६७-६८ ॥

फलश्रुतिकथनम्

इत्येतत् कवचं तारं तारकब्रह्ममङ्गलम् ॥ ६८ ॥
कथितं नाथ यत्नेन कुत्रापि न प्रकाशितम् ।
तव स्नेहवशादेव प्रसन्नहृदयान्विता[2] ॥ ६९ ॥

फलाश्रुतिकथन—इस प्रकार इस तार प्रणवात्मक तारक ब्रह्म मङ्गल कवच का मैंनें यत्नपूर्वक वर्णन किया । हे नाथ ! मैंनें कहीं भी इसको प्रकाशित नहीं किया है । हे देव ! प्रसन्न हृदय से युक्त आप के स्नेह वश ही मैने इसे आप से कहा है ॥ ६८-६९ ॥

कृपां कुरु दयानाथ तवैव कवचाद्भुतम् ।
हिताय जगतां मोहविनाशायामृताय च ॥ ७० ॥
पठितव्यं साधकेन्द्रैर्योगीन्द्रैरुपवन्दितम् ।
दुर्लभं सर्वलोकेषु सुलभं तत्त्ववेदिभि: ॥ ७१ ॥

हे दयानाथ ! कृपा कीजिए । यह अद्भुत कवच जगत् के कल्याण के लिए और मोह का विनाश करने हेतु तथा अमृतत्त्व (की प्राप्ति) के लिए आप से ही कहा गया है । इन्द्र के समान साधकों द्वारा तथा योगीन्द्रों के द्वारा यह स्तुत हैं तथा पढ़ने योग्य है । यह कवच सभी लोकों में दुर्लभ है तथा तत्त्वदर्शियों को ही सुलभ है ॥ ७०-७१ ॥

असाध्यं साधयेदेव पठनात् कवचस्य च ।
धारणात् पूजनात् साक्षात् सर्वपीठफलं[3] लभेत् ॥ ७२ ॥
काकचञ्चुपुटं कृत्वा सप्तधा पञ्चधापि वा ।
कवचं प्रपठेद्विद्वान् गूढसिद्धिनिबन्धनात् ॥ ७३ ॥

इस कवच के पाठ मात्र से असाध्य कार्य सरलता से साध्य हो जाते हैं । यदि इस कवच को धारण कर ले और इसकी पुजा करे तो सभी पीठ जन्य फलों का साक्षात् लाभ प्राप्त होता है । रहस्यमय सिद्धि की प्राप्ति के लिए विद्वान् साधक को चाहिए कि वह काकचञ्चुपुट करके सात बार अथवा पाँच बार इस कवच का पाठ करे ॥ ७२-७३ ॥

---

१. ख० पु० नास्ति । २. हृदयान्वित—ख० । ३. सर्वामिष्टकुलम्—ख० ।

काकिनीश्वरसंयोगं सुयोगं[1] कवचान्वितम् ।
ईश्वराङ्गं विभाव्यैव कल्पवृक्षसमो भवेत् ॥ ७४ ॥

काकिनी एवं ईश्वर के संयोग को तथा कवच से युक्त सुयोग को एवं ईश्वर के अङ्ग की विभावना (ध्यान) करके साधक कल्पवृक्ष के समान सिद्धि वाला हो जाता है ॥ ७४ ॥

एतत्कवचपाठेन देवत्वं लभते ध्रुवम् ।
आरोग्यं परमं ज्ञानं मोहनं जगतां वशम् ॥ ७५ ॥

इस कवच के पाठ से साधक निश्चय ही देवत्व प्राप्त कर लेता है । इसके पाठ से आरोग्य, श्रेष्ठ ज्ञान, मोहन और जगत् का वशित्व प्राप्त होता है ॥ ७४ ॥

स्तम्भयेत् परसैन्यानि पठेद्‌वारत्रयं यदि ।
शान्तिमाप्नोति शीघ्रं स [2]षट्कर्मकरणक्षमः ॥ ७६ ॥
आकाङ्क्षा [3] रसलालित्यविषयाशाविवर्जितः ।
साधकः कामधेनुः स्यादिच्छादिसिद्धिभाग्भवेत् ॥ ७७ ॥

यदि इस कवच का तीन बार पाठ किया जाय तो शत्रु के सेना का स्तम्भन हो जाता है। साधक शीघ्र ही शान्ति को प्राप्त करता है और वह षट्कर्म करने में समर्थ हो जाता है ।

विमर्श—जब तक विघ्न रहते हैं व्यक्ति षट्कर्म की साधना नहीं कर सकता और शान्ति होने से ही साधना में मन लगता है ॥ ७६ ॥

आकाङ्क्षा, रस लालित्य एवं विषयों की आशा से रहित साधक कामधेनु रूप स्वयं हो जाता है, उसे इच्छा-सिद्धि प्राप्त हो जाती है ॥ ७६-७७ ॥

सर्वत्र गतिशक्तिः स्यात् स्त्रीणां मन्मथरूपधृक् ।
अणिमालघिमाप्राप्तिगुणादिसिद्धिमाप्नुयात् ॥ ७८ ॥
योगिनीवल्लभो भूत्वा विचरेत् साधकाग्रणीः ।
यथा गुहो गणेशश्च तथा स मे हि पुत्रकः ॥ ७९ ॥

साधक को सर्वत्र जाने की शक्ति प्राप्त हो जाती है । वह स्त्रियों के मध्य कामदेव का रूप धारण कर सकता है । उसे अणिमा, लघिमा एवं प्राप्ति आदि गुण सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती है । साधक योगिनियों का वल्लभ होकर तथा साधको के मध्य अग्रणी होकर पृथ्वी पर विचरण करता है । अन्ततः जैसे गुह (कार्तिकेय) और गणेश मेरे पुत्र हैं वैसे ही वह भी मेरा पुत्र बन जाता है ॥ ७८-७९ ॥

श्रीमान् कुलीनः सारज्ञः सर्वधर्मविवर्जितः ।
शनैः शनैर्मुदा याति षोडशारे यतीश्वरः ॥ ८० ॥

---

१. सूत्रञ्च—ख० ।
२. षट्चक्रधारणक्षमः—ख० ।
३. आकाङ्क्षा इत्यारभ्य कथं भवेद् इत्यन्तं ख० पु० नास्ति ।

यत्र भाति शाकिनीशः सदाशिवगुरुः प्रभुः ।
क्रमेण परमं स्थानं प्राप्नोति मम योगतः ॥ ८१ ॥

कवच धारण करने वाला साधक श्री सम्पन्न, कुलीन सार की बातों को जानने वाला, सभी (नित्य, नैमित्तिक कर्म आदि धर्मों से रहित हो जाता है । वह यतीश्वर धीरे धीरे षोडश दलों वाले कमल में प्रसन्नता से प्रविष्ट हो जाता है । जहाँ पर शाकिनी के ईश, गुरु सदाशिव और प्रभु शोभित होते हैं वहाँ पर मेरे (कवच आदि के) योग से क्रमशः श्रेष्ठ स्थान को प्राप्त करता है ॥ ८०-८१ ॥

मम योगं विना नाथ तव भक्तिः कथं भवेत् ।
एतत्सम्मोहनाख्यस्य[१] कवचस्य प्रपाठतः ॥ ८२ ॥
वाणी वश्या स्थिरा लक्ष्मीः[२] सर्वैश्वर्यसमन्वितः ।
त्यागिता लभ्यते पश्चान्निःसङ्गो विहरेत् शिवः ।
सदाशिवे मनो[३] याति सिद्धमन्त्री मनोलयः[४] ॥ ८३ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवीभैरव संबादेऽनाहतेश्वरसम्मोहनाख्यकवचं नाम त्रिषष्टितमः पटलः ॥ ६३ ॥

मेरे योग के बिना, हे नाथ ! आप की भक्ति कैसे होगी ? अतः इस सम्मोहन नामक कवच के पाठ मात्र से ही भक्ति जागृत हो जाती है । इस कवच के पाठ से वाणी वश में हो जाती है और सभी ऐश्वर्यों से युक्त लक्ष्मी स्थिर हो जाती है । त्याग करने वाला साधक बाद में निःसङ्ग होकर सिद्धि प्राप्त करता है और शिव होकर वह विचरण करता है । उसका मन सदाशिव में विलीन हो जाता है और वह साधक सिद्ध मन्त्र वाला हो जाता है ॥ ८२-८३ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्र प्रकरण में षट्चक्र प्रकाश निरूपण में, भैरवी-भैरव संवाद में 'अनाहतेश्वर-सम्मोहन' कवच नामक तिरसठवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'सरला' हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ६३ ॥

१. एतस्य सम्मोहने आख्या यस्येति बहुव्रीहिः । अथवा एतत्संमोहनमाचष्टे इति कः कर्तरि बोध्यः ।
२. यदा वाणी वश्या भवति, वशमायाति, तदा लक्ष्मीः स्थिरा भवति ।
३. मन्त्रो न संशयः—ख० ।
४. चतुर्वर्ग लभेत् साध्यो ब्रह्मज्ञानी सदाशिवः । सर्व भूतसमः शान्तः परमानन्दचिन्मयः ॥ भवेत् लोके न संदेहो मानवोऽस्य प्रसादतः—ख० अ० पाठः ।

अथ चतुष्षष्टितमः पटलः

श्री आनन्दभैरवी उवाच

अथ भेदान् प्रवक्ष्यामि सर्वेन्द्रियविनिग्रहान् ।
शृणु चैकमनाः शम्भो यदि वाञ्छाफलेच्छुकः ॥ १ ॥
पुनर्ज्ञानं समाप्नोति स्मृतिविज्ञानवर्जितम् ।
यत्र वै कुरुते न्यासं मम तन्त्रोक्तसम्मतम् ॥ २ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—सभी इन्द्रियों के निग्रहों के भेदों को अब मैं कहती हूँ । हे शम्भो ! यदि आप को इसे जानने की इच्छा है तो सावधान होकर सुनिए ॥ १ ॥

वह साधक पुनः स्मृति एवं विज्ञान से रहित (परम) ज्ञान को प्राप्त करता है मेरे तन्त्रोक्त सम्मत न्यास को जो जहाँ करता है ॥ २ ॥

कण्ठपद्मभेदविज्ञानविन्यासः

अनाहतोर्ध्वं श्रीपद्मं दलषोडशवेष्टितम् ।
कण्ठकूपमहाधूमावयवे कोटिभास्वरम् ॥ ३ ॥
पञ्चरश्मियुतं क्षेत्रं तन्मध्ये केशवप्रभम् ।
तन्मध्ये कर्णिकास्थानं परमाह्लादवर्धनम् ॥ ४ ॥
अप्रकाश्यं सुगोप्यन्तु शिवरूपं सदाशिवम् ।
पूजयेन्मतिमान् ज्ञानी साकिनीशक्तिवल्लभम् ॥ ५ ॥

अनाहत चक्र के ऊपर षोडशदल कमल में, जो कण्ठ कूप रूप महान् धूमावयव में कोटि-कोटि प्रकाश से भास्वर है एवं पाँच प्रकार की रश्मियों से युक्त क्षेत्र है, उस क्षेत्र के मध्य में केशव प्रभावान् का स्थान है । उसके मध्य कर्णिका स्थान में बुद्धिमान ज्ञानी साधक उत्कृष्ट आह्लाद का वर्धन करने वाले अप्रकाश्य और सुगोप्य शिव रूप सदाशिव की वो शाकिनी देवी एवं शक्ति के वल्लभ के सहित पूजा करे ॥ ३-५ ॥

महाजनाः कामकलादिबीजै-
निरुध्य वक्त्रं परिभावयन्ति ।
मेघाभमुग्रं स्थिरविद्युदाभं
श्यामं महासुन्दरविग्रहामलम् ॥ ६ ॥

महान् साधक जन कामकलादि (ईं) बीज के द्वारा प्राणायाम कर के तथा चित्तवृत्ति रूप मुख को निरुद्ध करके शाकिनी और शिव का ध्यान करे । मेघ के समान आभा वाले, उग्र, स्थिर विद्युत् की चमक से युक्त, श्याम वर्ण के अत्यन्त सुन्दर विग्रह वाले देवता का ध्यान करे ॥ ६ ॥

निरूपणं नास्ति गतिप्रकाश-
श्चालोकनं पञ्चमवर्णयोग: ।
जातेर्विचार: प्रतिपादको य:
सदाशिवं शान्तजनाश्रयं भजे ॥ ७ ॥

जिन सदाशिव का निरूपण शब्दों द्वारा नहीं किया जा सकता है, पञ्चम वर्ण से युक्त जिनके गतिमान प्रकाश का अवलोकन नहीं किया जा सकता, जिनके जाति के विचार का प्रतिपादक तत्त्व नहीं है उन शान्त एवं शान्तजनों के आश्रयभूत सदाशिव का साधक को भजन करना चाहिए ॥ ७ ॥

अकालचक्रं कुलकालचक्रं
प्रकाशमानं भजतां सुरद्रुमम् ।
यजन्ति चक्रं तरुणारुणायुतं
सिन्दूरशैलामलदीप्तवन्तम्[१] ॥ ८ ॥
ब्रह्मादिदेवा: प्रतिपूजयन्ति ।
तदादिदेवस्य समाधिभावम् ॥ ९ ॥

वे साधक प्रकाशमान एवं कल्पवृक्ष रूपी अकालचक्र और कुलकालचक्र का भजन करते हैं और उस तरुण अरुणिमा से युक्त तथा सिन्दूर के पर्वत के समान दीप्त एवं निर्मल चक्र का यजन करते हैं ॥ ८ ॥

उन आदि देव सदाशिव के समाधिभाव में स्थित रूप की ब्रह्मादि देव गण भी पूजा किया करते हैं ॥ ९ ॥

भल्लेशी भल्लकुल्ला कलयति वलिभिर्वीरभल्लूकभाला-
भर्गभ्रान्तिर्विभान्ती भयलविलकलाकालसर्पातुरस्था ।
कौला कैलासमालाकुलकमलजले बिन्दुलावण्यलीला
कण्ठाम्भोजे ज्वलन्ती कनकमधुगृहे पीठपूरे समाधौ ॥ १० ॥

शिव (= भल्ल) की पत्नी, शिव के परिवार वाली (गृहणी), तीन रेखाओं से युक्त वीर भालू के समान काले रंग की (भौहों से युक्त) मस्तक वाली, भगवान् शङ्कर को भी भ्रान्ति में डाल देने वाली, भय को काटने में निपुण, आतुर अर्थात् घायल कालसर्प पर बैठी हुई देवी का भजन करना चाहिए । कैलास पर्वत की मालाओं के (रूप कमल जल में विराजमान कौल (सदाशिव) के सहित, बिन्दुरूपा, लावण्य युक्त, लीला विलास वाली, कण्ठाम्भोज में ज्वाला के समान प्रदीप्त, कमल के समान मधु (सुधा) गृह में विराजमान, पीठ पूर में एवं समाधि में विराजमान (देवी की आराधना करनी चाहिए) ॥ १० ॥

विमर्श—सर्प पहले भागने या छिपने की कोशिश करता है किन्तु घायल होने पर वह काटता ही है । ऐसे काल सर्प को भी देवी साकिनी नियन्त्रित करने वाली हैं।

---

१. सिन्दूरस्य शैलेनामलं दीप्तवन्तमिति चक्रस्य विशेषणम् ।

सदेशम्—समीपवर्ती चन्द्रचूड़ से युक्त वह देवी मेरी रक्षा करे । **वरद-सम ददं**—उपकारी के समान देने वाले । **भर्ग**—हरस्मरहरो भर्गस्त्र्यम्बकस्त्रिपुरान्तकः - इत्यमरः ॥ १० ॥

ध्येया या चिन्तनीया रुचिरविकिरणा साकिनी पीतवस्त्रा
सा पायान्नीरदाभं वरदसमददं चन्द्रचूडं सदेशम् ।
ब्रह्मेन्द्रैर्योगिमुख्यैर्विरचयति दलग्रन्थि संस्थानचित्रं
विद्युत्पुञ्जप्रकाशा मुनिगणनिलया सेव्यतां साधकेन्द्रैः ॥ ११ ॥

पीले वस्त्रों को धारण करने वाली, सुन्दर सूर्य की किरणों से युक्त साकिनी देवी का ध्यान एवं चिन्तन करना चाहिए । मेघ के सदृश आभा वाले सदाशिव (= सद + ईश = सदेशं) चन्द्र जिसके चूड़ा में विराजमान हैं ऐसे वर एवं अभय मुद्रा धारण करने वाले भगवान् शङ्कर से युक्त साकिनी देवी मेरी रक्षा करें । ब्रह्मेन्द्रों एवं प्रधान योगियों के द्वारा पूजित, (कण्ठाम्भोज) के दल = ग्रन्थि के संस्थान में विचित्र रूप से अवस्थित, विद्युत् के पुञ्ज के समान प्रकाशमान, मुनिगणों के निवास स्थान भगवान् सदाशिव के सहित साकिनी की साधकेन्द्रों के द्वारा परिचर्या होती रहती है—ऐसी साकिनी एवं सदाशिव का ध्यान करना चाहिए ॥ ११ ॥

आकाशाख्य प्रकाशे द्विरसदलकलाप्रोज्ज्वले ब्रह्ममार्गे
जीवानां हंसमाला विचरितपवने धूमधूमेन्दुशुभ्रे ।
श्रीमार्तण्डो विशुद्धे जयति कुलपथोद्दीपनः प्राणवायुः
साकिन्या योगिनीभिर्वसति सुखपदामोदचिन्तामनीशः ॥ १२ ॥

आकाशाख्य प्रकाश में दो (रस =) ६ दल वाले अर्थात् द्वादशदल कमल में कला से प्रज्ज्वलित ब्रह्ममार्ग में, धूँए से युक्त धूमिल चन्द्रमा के समान शुभ्र, जीवों के (हंस माला विरचित पवन ?) प्राणों में विराजमान, कुल मार्ग के उद्दीपक प्राणवायु रूप श्रीमार्तण्ड जो विशुद्ध चक्र में विराजमान हैं उनकी जय हो । योगिनियों के सहित जो साकिनी के साथ, जो सदाशिव सुख पद की सुगन्ध में सदैव रहने वाले हैं, उन साकिमी-सहित शङ्कर का यजन करना चाहिए ॥ १२ ॥

द्वावेव धत्तः सकलञ्च कालं
सदाशिवौ तौ मधुपूरवासिनौ ।
इच्छाक्रियाज्ञानविराजितौ यौ
प्रधानदेवौ भजतां सुखास्पदौ ॥ १३ ॥

सभी समयों में उन मधुपूर (मणिपूर) में निवास करने वाले दोनों सदाशिव एवं साकिनी देवी का ध्यान धारण करना चाहिए । सुख के निवास स्थान, इच्छा, क्रिया एवं ज्ञान में विराजमान उन दोनों प्रधान देवों का भजन करना चाहिए ॥ १३ ॥

विशुद्धपद्मे प्रकृतीश्वरौ यौ
प्रचक्रतू बाणशिवादिभेदिनौ ।
अकाररूपे गुरुमन्त्रदीप्तौ
कुलाकुलार्थौ पथि भावनीयौ ॥ १४ ॥

जो प्रकृति एवं ईश्वर रूप से विशुद्ध पद्म में वास करने वाली हैं और षोडशार आदि चक्रों का भेदन करने वाले हैं उनका ध्यान करना चाहिए । अकार रूप से गुरु मन्त्र से प्रदीप्त उन दोनों देवी का कुल एवं अकुल के लिए कुलमार्ग में साधक को भजन करना चाहिए ॥ १४ ॥

विमर्श—बाणशिवादिभेदिनी - बाण = ५, शिव = ११, ५ + ११ = १६ अर्थात् षोडशार आदि विभिन्न षट्चक्रों को भेदन करने वाले सदाशिव एवं शाकिनी हैं ॥ १४ ॥

महाभैरव उवाच

कुलजे परमे विद्ये नित्यानन्दस्वरूपिणि ।
भेदान् सर्वान्मम स्नेहाद्वक्तुमर्हसि सुन्दरि ॥ १५ ॥

महाभैरव ने कहा—हे कुलजे ! हे परमे ! हे विद्ये ! हे नित्यानन्द स्वरूपिणी ! हे सुन्दरि ! आप मेरे स्नेह के कारण सभी भेदों को प्रतिपादित करने में समर्थ हैं ॥ १५ ॥

कालकूटमहाभीममदोन्मादसुविस्मृतः ।
अहं न जाने योगार्थान् नित्यायुर्बन्धनप्रियान् ॥ १६ ॥
यदि मां रक्षितुं शक्ता विषाक्ताङ्गं सदावतु ।

वस्तुतः महाभयङ्कर कालकूट (विष) के मदोन्माद में मुझे विस्मृत हो गया है । नित्य आयु देने वाले धन एवं प्रिय योग के अर्थों को मैं नहीं ज्ञात कर पा रहा हूँ । यदि विषाक्त अङ्ग वाले मुझे रक्षा करने की सामर्थ्य है तो सदा मेरी रक्षा कीजिए ॥ १६-१७ ॥

कथं वा कण्ठसञ्चारः कथं वा राक्षसी क्रिया ॥ १७ ॥
कथं वा रिपुविद्वेषी कथं वा मङ्गलोदयः ।
कियद्वा विनयाह्लादं कियद्वा कालसाधनम् ॥ १८ ॥
नवीनत्वं कथं याति ध्यानं वा कीदृशं तव ।
तवाङ्गागुरुसद्भावं कुलपीठप्रदर्शनम् ॥ १९ ॥
कुण्डलीगमनं कुत्र साधकानां कुलं कुतः ।
वर्णध्यानं कुत्र पदे दलभेदः कथं भवेत् ॥ २० ॥
स्फूर्तिर्विद्यावियोगो हि पूर्वज्ञानसमोदयः ।
कथं समरसप्राप्तिः कथं वा कायकल्पनम् ॥ २१ ॥
मथनं कामदेवस्य कथं देहे व्यवस्थितिः ।
कण्ठाम्भोजस्थिरः को वा भावज्ञानी च को जनः ॥ २२ ॥
भावादि त्वत्कृपादृष्ट्वा वद आदौ पतिं प्रति ।

अतः हे देवि ! विस्मृत निम्न योगार्थों को आप अपने स्वामी (शङ्कर) से प्रतिपादित कीजिए—१. कण्ठसंचार क्या है ?, २. राक्षसी-क्रिया क्या है ?, ३. रिपुविद्वेषण कैसे होता है ?, ४. मंगलोदय कैसे होगा ? ५. विनयाह्लाद कितना है ?, और ६. कालसाधन कितना है ?, ७. नवीनत्व कैसे प्राप्त करते हैं ?, ८. आपका ध्यान किस प्रकार करना चाहिए ?, ९. आप के अङ्गों में गुरु सद्भाव ?, १०. कुलपीठ प्रदर्शन?, ११. कुण्डली गमन कहाँ होता है ?, १२. साधकों के कुल (शक्ति) कहाँ हैं ?, १३. वर्ण का ध्यान कहाँ

करे ?, १४. पैर में दलभेद कैसे होता है ?, १५. स्फूर्तिविद्या वियोग ?, १६. पूर्वज्ञान-समोदय ?, १७. समरस की प्राप्ति कैसे होती है ?, १८. कायकल्पन कैसे होता है ?, १९. कामदेव का मथन और उसकी देह में कैसे व्यवस्थिति होती है ?, २०. कण्ठपद्म में स्थिर कौन है ? और २१. कौन साधक भावज्ञानी है ?,—इन भावादि को आप अपनी कृपा दृष्टि से पहले हमें कहिए जो आपके स्वामी हैं (क्योंकि विष के नशे में मैं यह सब कुछ भूल गया हूँ) ॥ १७-२३ ॥

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

आदौ श्रीकण्ठसञ्चारः श्रूयतां परमेश्वर ॥ २३ ॥
श्रोतव्यं मन्त्रिभिर्नित्यं कर्तव्यं प्रत्यहं प्रभो ॥ २४ ॥

(१) **श्रीकण्ठसञ्चार**—

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे परमेश्वर ! पहले आप '**श्रीकण्ठसञ्चार**' की प्रक्रिया सुनिए । हे प्रभो ! इस 'श्रीकण्ठसञ्चार' को मन्त्रवेत्ता साधकों को नित्य सुनना चाहिए और नित्य इस क्रिया को करना चाहिए ॥ २३-२४ ॥

कण्ठे षोडशकं दलं तदुदरे श्रीकर्णिकामण्डले
तद्बाह्ये चतुरस्रकं सुखमयं षट्कोणमन्तर्गतम् ।
बाह्ये द्वारचतुष्टयं नवगृहं भूबिम्बषट्कं ततः
श्रीचन्द्रातपमूर्ध्वके मधुपुरी तत्कर्णिकायां यजेत् ॥ २५ ॥

कण्ठ में सोलह दल का कमल अवस्थित है । उसके उदर में श्री कर्णिकामण्डल है । उसके बाहर सुखमय चतुरस्र (भूपुर) है । उसके अन्दर षट्कोण है । उसके बाहर चार द्वारों से युक्त नौ गृहों वाला भूबिम्बषट्क है उसके ऊपर श्रीचन्द्र एवं सूर्य के ऊर्ध्व भाग में मधुपुरी है उसी की कर्णिका में साधक को यजन करना चाहिए ॥ २५ ॥

तत्कर्णिकामध्यनिगूढदेशे
सम्भाति नित्यं मधुपूरदेशः ।
तन्मध्यदेशेऽष्टपुरीप्रकाशः
कौलक्रियासाधनसिद्धये स्यात् ॥ २६ ॥

उस मधुपूर देश में कर्णिका के मध्य अत्यन्त गुप्त देश में नित्य ही मधुपूर देश प्रकाशित है और उसके मध्यभाग में अष्टपुरियों का प्रकाश कौल क्रिया साधन की सिद्धि के लिए अवस्थित है ॥ २६ ॥

पूर्वादिताः प्रेमकलाधिनाथाः
प्रभान्ति माध्वीरसरसारस्निग्धाः[१] ।
तेषां प्रणामः क्रियते यतीन्द्रै-
र्ध्येयाः सदा कण्ठदलप्रकाशः ॥ २७ ॥

---

१. माध्वीरससारेण स्निग्धाः ।

पूर्व से आरम्भ कर पहले १. प्रेमकलाधिनाथ हैं जो माध्वी रस से आप्लावित एवं स्निग्ध हैं, जो यतीन्द्रों के द्वारा कण्ठपद्म के दल-प्रकाश सदा ध्यान के योग्य हैं उन्हें प्रणाम किया जाता है ॥ २७ ॥

वामेश्वरः पूर्वगृहं प्रयाति
राहुर्गृहं ज्येष्ठगणेश्वरीशः ।
रौद्रात्मको मृत्युपतेर्गृहं तथा
कालीश्वरो नैर्ऋतिहेममन्दिरम् ॥ २८ ॥
सकलविकरणीशो वारुणां मन्दिरं तत्
सवनधिकरणीशो पावनः मन्दिरं तत् ।
सबलविमथनीशो मन्दिरं चोत्तरस्थं
समवति निजगेहं सर्वभूताधिदेवः॥ २९ ॥

पूर्वगृह में वामेश्वर हैं और राहुगृह में ज्येष्ठगणेश्वर के स्वामी, मृत्यु के स्वामी (यम) का गृह रौद्रात्मक है तथा नैर्ऋति कोण के हेम मन्दिर में काली एवं ईश्वर का निवास स्थान है । वारुण मन्दिर (= गृह) में सकल विकरणीश हैं और पवन के मन्दिर में सवनधिकरणीश का वास है । उत्तरस्थ मन्दिर सबलविमथनीश का है और सर्वभूताधिदेव अपने गृह में (हम सबकी) रक्षा करते हैं ॥ २८-२९ ॥

मध्यं मनोन्मनीनाथः सर्वालम्भस्तदूर्ध्वकम् ।
मन्दिरं हेमजडितं नानारत्नविनिर्मितम् ॥ ३० ॥

मध्य में मनोन्मनीनाथ हैं उसके ऊपर सर्वालम्भ हैं । इनका मन्दिर सुवर्णजटित एवं नाना प्रकार के रत्नों से विशेषतः निर्मित है ॥ ३० ॥

विमर्श—प्रेमकलाधिनाथों का वास स्थान इस प्रकार जानना चाहिए—

१. पूर्वगृह (पूर्व दिक्)	वामेश्वर	वामा देवी
२. राहुगृह (आग्नेयकोण)	ज्येष्ठगणेश्वरीश	ज्येष्ठा देवी
३. यमगृह (दक्षिणदिक्)	रौद्रात्मक	रौद्री देवी
४. नैर्ऋति (नैर्ऋत्यकोण)	कालीश्वर	काली देवी
५. वारुणमन्दिर (पश्चिमदिक्)	सकलविकरणीश	कलविकरणी देवी
६. पावनमन्दिर (वायवीयकोण)	सवनधिकरणीश	बलविकरणी देवी
७. उत्तरस्थ मन्दिर (उत्तर दिक्)	सबलविमथनीश	बलप्रमथनी देवी
८. निजगृह (ईशानकोण)	सर्वभूताधिदेव	सर्वभूतदमनी देवी
९. मध्य में	मनोन्मनीनाथ	श्रीदा देवी ॥ २८-३० ॥

एतेषां शक्तयो ध्येयाः स्वस्ववामपदोज्ज्वलाः ।
तासां नाम्ना योजयित्वा स्वमन्त्रैः प्रणवेन वा ॥ ३१ ॥
सम्पुटीकृत्य जप्त्वा च असाध्यं खलु सिद्ध्यति ।
नवकोणोर्ध्वगेहे च पूर्वस्यां दिशि राजते ॥ ३२ ॥

इन (प्रेमकलाधिनाथों एवं मनोन्मनीनाथ) के अपने-अपने वाम भाग में अवस्थित उज्ज्वल शक्तियों का ध्यान करना चाहिए। उनके नाम में मन्त्रों को या प्रणव (ॐ) को जोड़कर अथवा सम्पुट करके जपने से असाध्य कार्य भी सिद्ध हो जाते हैं ॥ ३१-३२ ॥

नव कोणों के ऊर्ध्व गृह में पूर्व दिशा में ये विराजमान हैं ॥ ३२ ॥

वामा देवी महातेजोमयी भुजचतुष्टया।
नानालङ्कारशोभाङ्गी साधकाऽभीष्टदा सदा ॥ ३३ ॥
वह्नौ हेममन्दिरे च ज्येष्ठा देवी चतुर्भुजा।
सर्वालङ्कारसंयुक्ता पद्ममालाविराजिता ॥ ३४ ॥

इन शक्तियों का ध्यान इस प्रकार है—

१. महान् तेज से युक्त चार भुजाओं वाली, नानाविध अलङ्कारों से विभूषित अङ्गों वाली तथा साधकों को सदैव अभीष्ट प्रदान करने वाली **वामा देवी** का ध्यान करना चाहिए ॥ ३३ ॥

२. वह्निकोण के सुवर्णजटित मन्दिर में चार भुजाओं वाली, समस्त अलङ्कारों से भूषित और कमलों की माला पर विराजमान **ज्येष्ठा देवी** का ध्यान करना चाहिए ॥ ३४ ॥

ध्येया सदा योगिमुख्यैः सर्वसिद्धिसमृद्धये।
यमस्वर्णमन्दिरे च रौद्री परमसिद्धिदा ॥ ३५ ॥
चतुर्भुजा त्रिनेत्रा च ध्येयालङ्कारमण्डिता।
नैर्ऋते हेमगेहे च काली देवी चतुर्भुजा ॥ ३६ ॥

३. प्रधान योगियों के द्वारा समस्त सिद्धियों की प्राप्ति के लिए परमसिद्धिदात्री **रौद्री** देवी का ध्यान सदा दक्षिणदिशा के स्वर्णजटित मन्दिर में किया जाता है ॥ ३५ ॥

४. तीन नेत्रों वाली, नाना अलङ्कारों से सजी हुई, चार भुजाओं वाली **काली देवी** का ध्यान नैर्ऋत्यकोण स्थित स्वर्ण मन्दिर में करना चाहिए ॥ ३६ ॥

सर्वालङ्कारशोभाढ्या त्रिनेत्रा वरदायिनी।
सर्वास्त्रधारिणी देवी मुण्डमालासुशोभिता ॥ ३७ ॥
ध्येया योगेन्द्रविद्याभिः परमा ज्ञानदायिनी।
कलविकरणी देवी भाति वारुणमन्दिरे ॥ ३८ ॥

समस्त अलङ्कारों से सुशोभित, तीन नेत्रों वाली, वर देने वाली, सभी अस्त्रों को अपने हाथ में धारण करने वाली और नर मुण्डों की माला धारण करने वाली (**काली देवी** का ध्यान कहा गया है) ॥ ३७ ॥

५. परमोत्कृष्ट ज्ञानदायिनी **कलविकरणी देवी**, जो वारुण मन्दिर (पश्चिम दिक्) में सुशोभित हैं, उनका योगेन्द्र विद्याओं के द्वारा ध्यान किया जाता है ॥ ३८ ॥

चतुर्भुजा योगिमाता त्रिनेत्रा भरणान्विता।
सा ध्येया योगिमुख्यैश्च अणिमाद्यष्टसिद्धिदा ॥ ३९ ॥

पावने स्वर्णगेहे च ध्येया साधकसत्तमैः ।
बन्धूकपुष्पसङ्काशा केयूरहारमालिनी ॥ ४० ॥

योगियों की माता, त्रिनेत्रा, आभूषणों से आच्छादित और अणिमा (महिमा आदि) अष्ट सिद्धियों को देने वाली देवी का ध्यान योगिमुख्यों के द्वारा किया जाता है ॥ ३९ ॥

६. उत्तम साधकों के द्वारा वायव्य कोण के सुवर्ण के गृह में केयूर (बाजूबन्द) और हार की माला धारण करने वाली और बन्धूक (गुलदुपहिरया) के पुष्प के समान रक्त वर्ण (बलविकरणी) देवी का ध्यान किया जाता है ॥ ४० ॥

बलविकरणी देवी सर्वाभरणभूषिता ।
चतुर्भुजा त्रिनेत्रा च सर्वादिसिद्धिदायिनी ॥ ४१ ॥
बलप्रमथिनी देवी धनदा मोक्षदा सदा ।
कुबेरहेमगेहस्था सर्वानन्दकरोद्यता ॥ ४२ ॥

सभी आभूषणों से भूषित, चार भुजाओं वाली, त्रिनेत्रा, सभी (अणिमा महिमा आदि) सिद्धियों को देने वाली, **बलविकरणी देवी** का ध्यान कहा गया है ॥ ४१ ॥

७. सदैव धन देवी वाली, मोक्ष दात्री, सभी प्रकार के आनन्दों को देने के लिए तत्पर, स्वर्णगृह में स्थित, उत्तर (कुबेर) दिशा में **बलप्रमथनी देवी** का ध्यान करना चाहिए ॥ ४२ ॥

श्रीसर्वभूतदमनी ध्येया ईशानमन्दिरे ।
प्रथमारुणसङ्काशा करवीरस्त्रजान्विता ॥ ४३ ॥
चतुर्भुजा त्रिनेत्रा च सर्वालङ्कारशोभिता ।
मध्ये श्रीकर्णिकायाश्च ध्येया सर्वजनेश्वरैः ॥ ४४ ॥
सूर्यप्रभा सदा ध्येया देवी श्रीदा मनोन्मनी ।
चतुर्भुजा महादीप्तिरलङ्कारोपशोभिता ॥ ४५ ॥

८. उदयकालीन सूर्य के समान लाल वर्ण वाली, करवीर (कनैल) के पुष्प की माला धारण करने वाली, तीन नेत्रों वाली, चार भुजाओं से युक्त और सभी अलङ्कारों से सुशोभित **श्रीसर्वभूतदमनी देवी** का ध्यान ईशान कोण के मन्दिर में करना चाहिए ॥ ४३-४४ ॥

९. समस्त जनेश्वरों के द्वारा श्रीकमल के मध्य कर्णिका में **मनोन्मनी** एवं सूर्य की प्रभा से युक्त **श्रीदा देवी** का सदैव ध्यान किया जाता है ॥ ४४-४५ ॥

त्रिनेत्रा वरदा सर्वा सर्वान्तः करणस्थिता ।
सकलगुणात्मशक्तियुक्ता देवी चतुर्भुजा ॥ ४६ ॥
अरुणायुतसङ्काशा रुण्डमालाविराजिता ।
अनन्तानन्तमहिमा[1] ध्येया साद्या चतुर्भुजा ॥ ४७ ॥
त्रिनेत्रा रक्तवसना सर्वालङ्कारमण्डिता[2] ।

---

१. अनन्तानन्तो महिमा यस्याः सा; २. सर्वालङ्कारैर्मण्डिता इति ।

श्रीदा (समृद्धि देने वाली) **देवी** चार भुजाओं वाली, महान् दीप्ति युक्त, अलङ्कारों से सुशोभित है, वह तीन नेत्रों वाली, वरदात्री, समस्त चराचर जगत् के अन्तः करण में स्थित हैं। वह चतुर्भुजा देवी समस्त गुणात्मशक्ति से युक्त हैं । करोड़ों सूर्य के समान प्रकाशमान, नरमुण्डों की माला से सुशोभित, अनन्त अनन्त महिमा वाली, साद्या (?) वह आदि देवी चतुर्भुजा, तीन नेत्रों वाली हैं और लाल वस्त्र धारण करने वाली हैं । उन सभी अलङ्कारों से सजी हुई देवी का ध्यान करना चाहिए ॥ ४५-४८ ॥

एतासां ध्यानमाकृत्य पूजयेद्विधिवत् ततः ॥ ४८ ॥
मनः[1]कल्पितद्रव्यैश्च साक्षात्कल्पितद्रव्यकैः ।
जप्त्वा नाम्ना योजयित्वा समर्प्य विधिवत्सुधीः ॥ ४९ ॥

इन देवियों का ध्यान करके फिर विधिवत् पूजा करनी चाहिए । मनसा कल्पित द्रव्यों से और साक्षात् कल्पित द्रव्यों के द्वारा पूजन करके अपना नाम संयोजित कर उस सुधी साधक को जप करके जप का समर्पण (देवी के हाथ में) करना चाहिए ॥ ४८-४९ ॥

कृत्वा मांसासवैर्योगी तर्पयेन्मधुधारया ।
अभिषेकं कुलद्रव्यैः साधकैर्योगिभिः सह ॥ ५० ॥
भोजयेद् योगिमुख्यांश्च ब्राह्मणान् वेदपारगान् ।
नानाविधकुलद्रव्यै भक्ष्यैर्भोज्यैश्च योगिराट् ॥ ५१ ॥
ततः प्रकाशमाप्नोति मनोयोगेन वार्पयेत् ।
एतत्प्रकारः कण्ठस्य सञ्चारः परमेश्वर ॥ ५२ ॥
लभ्यते विधिनानेन दिव्यभावेन वार्पयेत् ।
ततः सिद्धिमवाप्नोति साकिनीदर्शनं तथा ॥ ५३ ॥
पत्न्या सार्धं साधकेन्द्रः सिद्धमन्त्रमवाप्नुयात् ।

योगी मांस एवं आसवों की मधु धारा से तर्पित करे और साधकों एवं योगियों के साथ कुल (शक्ति) द्रव्यों के द्वारा अभिषेक करे । मुख्य योगियों एवं वेद में पारङ्गत ब्राह्मणों को नाना प्रकार के कुल द्रव्यों के द्वारा तथा भक्ष्य पदार्थ और भोज्य पदार्थों के द्वारा योगिराट् भोजन कराए । तब वह साधक प्रकाश प्राप्त करता है । उसे मनोयोग से देवी को अर्पित करे । हे परमेश्वर! यह कण्ठ (पद्म) के सञ्चार की विधि है । इस विधि से साधक दिव्य प्रकाश प्राप्त करता है, उसे दिव्य भाव से देवी को समर्पित करे । इसके बाद सिद्धि प्राप्त होती है और साकिनी देवी का दर्शन प्राप्त होता है । अतः साधकेन्द्र पत्नी के साथ सिद्ध मन्त्र को प्राप्त करे ॥ ५०-५४ ॥

अथ वक्ष्ये महाकाल राक्षसीं परमां क्रियाम् ॥ ५४ ॥
येन कर्मसाधनेन शिवत्वमपि लभ्यते ।
चीनाचारं राक्षसीनां कुलीनानां सदाशिव ॥ ५५ ॥
राक्षसी वेदभाषा च वेदमन्त्रविशोधिता ।
चीनाचारं राक्षसीनां साधनादेव सिद्ध्यति ॥ ५६ ॥

---

१. मनसा कल्पितानि द्रव्याणि, तैरित्यर्थः ।

(२) राक्षसी क्रिया—

हे महाकाल ! अब मैं उत्कृष्ट '**राक्षसी-क्रिया**' को कहती हूँ, जिस कर्म के साधन से 'शिवत्व' भी प्राप्त होता है ॥ ५४-५५ ॥

हे सदाशिव ! राक्षसी क्रिया कुलीनों (= प्रखर शाक्तोपासकों) का 'चीनाचार' है। राक्षसी (चीनाचार) वेदभाषा एवं वेदमन्त्रों से विशिष्टतया शोधित है, अतः राक्षसी कुलीनों का 'चीनाचार' साधना से ही सिद्ध होता है ॥ ५५-५६ ॥

चीनाचारं प्रवक्ष्यामि राक्षसीनां महाफलम् ।
अष्टादश प्रकारन्तु चीनाचारं प्रचक्षते ॥ ५७ ॥
सर्वत्र शुद्धसद्भावः प्रयोजनविरागवित् ।

महान् फल को देने वाले राक्षसी कुलीनों (प्रकृष्ट शाक्त उपासकों) के चीनाचार को अब मैं कहूँगी । वस्तुतः चीनाचार (= प्रकृष्ट शाक्त-उपासना) अट्ठारह प्रकार का कहा गया है । किन्तु सभी प्रकारों में निष्प्रयोजन एवं विराग युक्त साधक को शुद्ध हृदय एवं शुद्ध भाव से युक्त होना चाहिए ॥ ५७-५८ ॥

उत्तमोत्तमसंज्ञं चानुत्तमोत्तममेव च ॥ ५८ ॥
अत्यन्तोत्तमसंज्ञं[१] चात्यन्तानुत्तममेव च ।
अनुत्तमोत्तमं नाथ चात्युत्तममथापरम् ॥ ५९ ॥
उत्तमं सप्तविधञ्च चीनाचारेषु योजयेत् ।

हे नाथ ! अट्ठारह चीनाचारों में से सात **उत्तम** (कोटि के) चीनाचारों के नाम इस प्रकार हैं—१. उत्तमोत्तम, २. अनुत्तमोत्तम, ३. अत्यन्तोत्तम, ४. अत्यन्तानुत्तम, ५. अनुत्तमोत्तम, ६. अत्युत्तम, और ७. उत्तम ॥ ५८-६० ॥

अत्यन्तमध्यमं चीने चातिमध्यममेव च ॥ ६० ॥
मध्यमध्यमसञ्ज्ञञ्च मध्यमं तु चतुर्विधम् ।

चीनाचारों में **मध्यम** (कोटि के) चार चीनाचारों के नाम इस प्रकार हैं—१. अत्यन्तमध्यम, २. अतिमध्यम, ३. मध्यमध्यम और ४. मध्यम ॥ ६०-६१ ॥

अत्यन्ताधमसञ्ज्ञञ्चात्यन्ताधममेव च ॥ ६१ ॥
अत्यधमाधमं चैवात्यन्ताधमाधमं तथा ।
अत्यधमं तथा नाथाधमाधममथापरम् ॥ ६२ ॥
अधमं सप्तमं विद्धि राक्षसीचीनसाधने ।
दिनपक्षमासवर्षभेदेषु कारयेत् क्रमात् ॥ ६३ ॥

हे नाथ ! उन चीनाचारों में से **अधम** (कोटि के) सात राक्षसी चीनाचारों के नाम इस प्रकार हैं—१. अत्यन्ताधम, २. आत्यन्ताधम, ३. अत्यधमाधम, ४. अत्यन्ताधमाधम,

---

१. अन्तमतिक्रान्ता अत्यन्ता, तादृशो उत्तमा संज्ञा यस्य तम् ।

५. अत्यधम, ६. अधमाधम और ७. अधम (इनका प्रयोग साधक को) दिन, पक्ष, मास फिर वर्ष पर्यन्त भेदों में क्रम से करना चाहिए ॥ ६१-६३ ॥

आदावुत्तमसिद्धान्तश्रवणं कुरु शङ्कर ।
यदा ऋतुमती पृथ्वी त्रिदिनं चाम्बुवाचिषु ॥ ६४ ॥
तद्दिनात्तु दिनं यावत्तावद्धि मांसचर्वणम् ।
चीनद्रुमासवानन्दपञ्चतत्त्वनिषेवणम् ॥ ६५ ॥
अबाधतो यः करोति चोत्तमोत्तमेव तत् ।

(१) **उत्तम चीनाचार**—१. सर्वप्रथम हे शङ्कर ! आप **चीनाचार के उत्तम सिद्धान्त** का श्रवण कीजिए । जब पृथ्वी ऋतुमती होती है और अम्बु (वाही नदियों में) लहरों के मध्य तीन दिन का (वर्षाकाल में) ऋतुकाल होता है उस दिन से आरम्भ कर एक दिन तक मांस का चर्वण और चीनद्रुम एवं आसव तथा आनन्द इन पञ्च तत्त्वों का सेवन करना चाहिए । इनका सेवन जो बिना बाधा के निरन्तर करता है वह उत्तमोत्तम चीनाचार होता है ॥ ६४-६६ ॥

विमर्श—आर्द्रा नक्षत्र के तीन दिन तक पृथ्वी वर्षा ऋतु में ऋतुमती कही जाती है ।

अनुत्तमोत्तमं वक्ष्ये पूजाकालेषु योजयेत् ॥ ६६ ॥
केवलं गुप्तभावेन पञ्चतत्त्वनिषेवणम् ।
अत्यागं स्वीयबीजं तु कुलपीठस्य मन्थनम् ॥ ६७ ॥

२. अब **अनुत्तमोत्तम चीनाचार** का क्रम कहती हूँ जिसे पूजा के समय में योजित करना चाहिए । अनुत्तमोत्तम चीनाचार में केवल गुप्त होकर पञ्चतत्त्व का सेवन करना चाहिए । अपने बीज का त्याग नहीं करना चाहिए किन्तु कुलपीठ (= शक्तिपीठ) का मन्थन करना चाहिए ॥ ६६-६७ ॥

तत्पीठमथनोद्धृतसुधारसनियोजनम् ।
आसवेषु च सर्वेषु तदासवनिषेवणम् ॥ ६८ ॥
अष्टप्रकारमांसाढ्यं सदा चर्वणतत्परम् ।
पूजाकालं विना द्रव्यं नाहरेत् साधकोत्तमः ॥ ६९ ॥
अनुत्तमोत्तमं[१] तद्धि सर्वदेशे च सर्वदा ।

शक्तिपीठ की योनि में मंथन कर सुधारस (अमृत) का शोषण कर लेना चाहिए । सभी आसवों का सेवन करना चाहिए । आठ प्रकार के मांस से संवर्द्धित चर्वण में उसे सदैव तत्पर रहना चाहिए । उस उत्तम साधक को पूजा काल के बिना अन्य समयों में (पञ्च आसव) द्रव्य का आहरण नहीं करना चाहिए । इस प्रकार अनुत्तमोत्तम चीनाचार सर्वदा और सभी स्थानों में करते रहना चाहिए ॥ ६८-७० ॥

अत्यन्तोत्तमचीनं तु वक्ष्याम्यत्र विधानतः ॥ ७० ॥
येन सिद्धो भवेन्मन्त्री सदाशिवादिदर्शनम् ।

---

१. नास्ति उत्तमो यस्मात् सोऽनुत्तमः । अनुत्तमेष्वपि उत्तमस्तमित्यर्थः ।

३. अब मैं **अत्यन्तोत्तम चीनाचार** का विधान पूर्वक वर्णन करुँगी । जिससे सिद्ध एवं मन्त्रज्ञ साधक सदाशिवादि देवों का दर्शन प्राप्त कर लेता है ॥ ७०-७१ ॥

प्रत्यहं वत्सरं व्याप्य निशायामर्धरात्रके ॥ ७१ ॥
पञ्चतत्त्वं समानीय अष्टनायिकया सह ।
पूजयेत् क्रमतो मन्त्री तत्कथाश्रवणोत्सुकः ॥ ७२ ॥

प्रत्येक दिन, एक वर्ष पर्यन्त रात्रि में भी अर्ध रात्रि में पञ्च (आसव) तत्त्व को लाकर अष्टनायिकाओं के साथ उनकी कथा श्रवण में उत्सुक होकर मन्त्रज्ञ साधक क्रमपूर्वक (आठों नायिकाओं के साथ एक-एक करके) पूजा करे ॥ ७१-७२ ॥

क्रमेण मथनं कृत्वाऽऽसवे संयोज्य नित्यशः ।
शुद्धभावेन[१] गृह्णीयाद् ब्राह्मण्यां बीजमर्पयेत् ॥ ७३ ॥

क्रम से मथन करके नित्यशः आसव में संयोजित करके ब्राह्मणी (नायिका) में बीज का मर्षण करके (उसे खींचकर) ग्रहण करे ॥ ७३ ॥

तद्बीजेन समासिञ्चेन्मस्तकादिषु पङ्कजे ।
दत्वा ताभ्यो दक्षिणादीन् स्वातन्त्र्यमपि चाचरेत् ॥ ७४ ॥
अत्यन्तोत्तममेतद्धि न चारम्भो विशां विना ।

उस बीज के द्वारा मस्तक आदि कमल में समासिञ्चन करे । उन नायिकाओं को फिर दक्षिणा देकर स्वातन्त्र्य रूप से भी आचरण करे । यही अत्यन्तोत्तम चीनाचार है जिसका आरम्भ विना (विशां?) प्रजा के नहीं करना चाहिए ॥ ७४-७५ ॥

अत्यन्तानुत्तमं विद्धि येन सिद्धो भवेन्मनुः ॥ ७५ ॥
आनन्दे त्यागमापन्ने पुनरानन्दमाश्रयेत् ।
सर्वदानन्दसंयुक्तः प्रजपेद्यजनादिषु ॥ ७६ ॥

४. अब **अत्यन्तानुत्तम चीनाचार** को जानिए जिससे मन्त्र की सिद्धि होती है। आनन्द में त्याग के आने पर पुनः आनन्द का आश्रयण करे और सर्वदा आनन्द के युक्त रहकर यजनादिक क्रियाओं में जप करे ॥ ७५-७६ ॥

न विशेषो दिवारात्रौ सर्वदारसुसंयुतः ।
उक्तासनोपविष्टस्तु निर्जने कुलसाधनम् ॥ ७७ ॥
अनुत्तमोत्तमं विद्धि मायाजालनिकृन्तनम् ।
कालाकालं विहायादौ स्वकुलं परमेव वा ॥ ७८ ॥

सभी स्त्रियों से संयुक्त रहकर दिन में और रात्रि में, विशेषतः किसी एक समय में नहीं, उक्त आसन से बैठकर निर्जन स्थान में कुल साधन करे ॥ ७७ ॥

---

१. शुद्धश्चासौ भावश्चेति कर्मधारयः । सर्वत्र भावशुद्धिरेव मूलम् ।

५. अब अनुत्तमोत्तम चीनाचार को जानिए जिसमें मायाजाल का निकृन्तन हो अथवा काल और अकाल को छोड़कर पहले अपने कुल की श्रेष्ठ क्रिया सम्पादित करे ॥ ७८ ॥

तन्नाम्नाहूय यत्नेन दापयेदासनादिकम् ।
महाशङ्खं समानीय कुलद्रव्यं तथानघ ॥ ७९ ॥
विधिना पूजनं कृत्वा कुलवारे च साधकः ।
दाता भोक्ता संविदश्च शोधितस्य कुलेश्वर ॥ ८० ॥

उन-उन नामों को कहकर यत्नपूर्वक आसनों का साधन करे । हे पापरहित देव ! हे कुलेश्वर ! शोधित संविद (?), महाशङ्ख (?) तथा कुलद्रव्य (?) लाकर कुल वार में विधिपूर्वक पूजा करके साधक दाता एवं भोक्ता होवे ॥ ७९-८० ॥

स्वीयाङ्गे न्यासजालादीन् तासामङ्गे ततः परम् ।
शिवपूजां ततः कृत्वा कुलपूजां समारभेत् ॥ ८१ ॥
पीठे संयोज्य शम्भुं चाक्षुब्धोऽयुतजपं चरेत् ।
जपं समर्पयेत् तस्या वामहस्ताम्बुजे सुधीः ॥ ८२ ॥

पहले अपने अंगों पर न्यास आदि करे । फिर उनके अंगों पर न्यास करे । पहले शिवपूजा करे फिर कुल (शक्ति) पूजा आरम्भ करे । शम्भु को पीठ पर संयोजित करके बिना क्षुब्ध हुए अयुत (एक लाख) जप करे । सुधी साधक उन शक्ति के बाएँ हस्त कमल में जप का समर्पण करे ॥ ८१-८२ ॥

विसर्जनं स्वबीजस्य ततो नित्याप्रतर्पणम् ।
आसवे योजयित्वा तु तया सार्धं पिबेन्मधु ॥ ८३ ॥

पहले अपने बीज का विसर्जन करे फिर नित्या का तर्पण आदि कृत्य करे । आसव में (उस बीज को ?) मिलाकर मधु को उन शक्ति के साथ पान करे ॥ ८३ ॥

वामभागे कुलं कृत्वा लक्षजाप्यं समापयेत् ।
कुलद्रव्यैश्च होमः स्यात् तद्दशांशेन तर्पणम् ॥ ८४ ॥
तद्दशांशाभिषेकं तु दशांशं विप्रभोजनम् ।
ततः कुमारीभोज्यञ्च मधुमांसासवैः प्रभो ॥ ८५ ॥

शक्ति (कुल) को बाएँ भाग में रखकर एक लाख जप पूर्ण करे । कुलद्रव्यों (?) से होम होता है उसके दशांश से तर्पण करे । उसके दशांश से अभिषेक करे और उसका दशांश ब्राह्मण भोजन करावे । हे प्रभो ! तब मधु मांस आदि आसवों के द्वारा कुमारी भोजन करावे ॥ ८४-८५ ॥

प्रत्यहं वत्सरं व्याप्य कुलवारे कुजे शनौ ।
वत्सरान्ते मम पदाम्भोजं पश्यति निश्चितम् ॥ ८६ ॥
अनुत्तमोत्तमञ्चैतद् राक्षसीचीनसाधने ।

प्रत्येक दिन एक वर्ष पर्यन्त शक्ति के वार रवि भौम एवं शनि को (विशेष साधन करे

तो साधक) निश्चित ही मेरे चरणकमलों का वर्ष के अन्त में दर्शन करता है । राक्षसी (अत्यन्त उत्कट) चीनाचार साधन में यही अनुत्तमोत्तम चीनाचार है ॥ ८६-८७ ॥

अत्युत्तमं प्रवक्ष्यामि सावधानावधारय ॥ ८७ ॥
सदा जितेन्द्रियो भूत्वा योगाभ्यासपरायणः ।
मांसासवाद्यैः सन्तर्प्य कालिकां घोरनिःस्वनाम् ॥ ८८ ॥
एकादशीव्यतीपाते कुलवारे कुले तिथौ ।
कुलमानीय साक्षाद्वै परंब्रह्ममयो भवन् ॥ ८९ ॥
केवलं लयभावेन देवीपूजां समारभेत् ।

६. अब मैं **अति-उत्तम चीनाचार** को कहूँगी जिसे सावधान होकर आप सुनें । सदैव जितेन्द्रिय होकर, योग एवं अभ्यास साधन में रत रहते हुए, मांस एवं आसवों आदि से घोर निःस्वन वाली कालिका का सम्यक् रूप से तर्पण करके, एकादशी व्यतीपात (?) में कुलवार में एवं कुल तिथि में कुल (शक्ति) को लाकर साक्षात् परब्रह्मय होकर केवल लय भाव (?) से देवी पूजा की आरम्भ करे ॥ ८७-९० ॥

कुलदृष्टया च तद्बुद्ध्या तत्तद्ध्यानपरायणः ॥ ९० ॥
मूलाधारे महाचक्रे योगिनीकोटिराजिते ।
कोटिब्रह्मालये सिद्धे सूक्ष्ममार्गेण साधकः ॥ ९१ ॥
ज्योतिराकाशगङ्गाभिर्यथाधाराभिराप्लुताम् ।
पृथिवीं ब्रह्मजननीं ब्रह्मानन्दस्वरूपिणीम् ॥ ९२ ॥
तथा कुलमयीं नित्यां नित्यानन्दस्वरूपिणीम् ।
कुलकुण्डलिनीं देवीं विश्वमातां त्रिलोचनाम् ॥ ९३ ॥
महाघनरसोल्लासां महोन्मादादिबिन्दुभिः ।
गलिताभिर्महाधाराजन्याब्धिशतकोटिभिः ॥ ९४ ॥
परिच्छिन्नाभिरुद्धते ज्योतीरन्ध्रे महापथे ।
अत्रैव सततं भाति सूक्ष्मात्सूक्ष्मतराऽपरा ॥ ९५ ॥
बिन्दूद्भवा महाधारा कोटिसौदामिनीप्रभा[1] ।

कुल की दृष्टि से एवं कुल-बुद्धि से उन-उन (शक्तियों) का ध्यान करते हुए पूजा करे करोड़ो योगिनियों से प्रदीप्त मूलाधार महाचक्र में करोड़ो ब्रह्मालय (स्वर्ग) की सिद्धि में सूक्ष्म मार्ग से साधक उन कुलकुण्डलिनी का ध्यान करे जो ज्योति एवं आकाश गंगा की धाराओं से सिंचित हो रही हैं, जो पृथ्वी स्वरूपा, ब्रह्मकी जननी, ब्रह्मानन्द-स्वरूपिणी, कुलमयी, नित्या, नित्यानन्द स्वरूपिणी समस्त विश्व की माता, तीन नेत्रों से युक्त, महा घन (बादल) के जल से उल्लसित, महा उन्मादादि बिन्दुओं से युक्त, गलित होती हुई महाधाराओं से उत्पन्न सौ करोड़ समुद्र से आप्लुत चारों ओर उद्धृत महापथ रूप ज्योतिरन्ध्र में विद्यमान है । यहीं पर सदैव वह देवी सूक्ष्म से सूक्ष्मतर एवं अपर रूप से

---

१. कोटिसंख्याकाः सोदामिन्यस्तासां प्रभा यस्यां सा ।

भासित होती रहती हैं। बिन्दु से उद्भूत महाधारा एवं करोड़ों विद्युत् की प्रभा से युक्त देवी का ध्यान करे ॥ ९०-९६ ॥

तस्या रूपस्य का पूजा कुलदेव्या महाप्रभो ॥ ९६ ॥
केवलं बिन्दुधाराभिस्तर्पयामि सदानघाम् ।

हे महाप्रभो ! उन कुल देवी की किस प्रकार पूजा की जाती है ? सदैव उन निष्पाप देवी की पूजा 'बिन्दु धाराओं में तृप्त कर रहा हूँ'—यह सोंचते हुए करे ॥ ९६-९७ ॥

कुलदेवीं जगद्रूपां स्थूलसूक्ष्मस्वरूपिणीम्[1] ॥ ९७ ॥
मूलादिब्रह्मरन्ध्रान्तं तर्पयामि सुरेश्वरीम् ।
इत्येवं मनसा यस्य तस्य किं बाह्यपूजया ॥ ९८ ॥
तथापि कल्पयाम्यत्र सा(शा)रदीये महोत्सवे ।
यथा कुलवतीं दुर्गां तथाहं कुलनायिकाम् ॥ ९९ ॥

स्थूल एवं सूक्ष्म स्वरूप वाली जगद्रूपा कुलदेवी सुरेश्वरी का मैं मूलादि (मूलाधार चक्र) से लेकर ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त तर्पण करता हूँ। इस प्रकार जिस साधक की मानस पूजा होती है उसकी बाह्य पूजा से क्या ? तथा मैं शारदीय (नवरात्र) के महोत्सव में कुलवती दुर्गा की जैसें (बाह्योपचार से पूजा एवं तर्पण आदि करता हूँ) वैसे ही कुलनायिका की पूजा मैं करता हूँ ॥ ९७-९९ ॥

मूलपद्मात्समाकृष्य नागिनीं नागकन्यकाम् ।
कुहकोद्भवरूपस्थां मनुष्यगणकन्यकाम् ॥ १०० ॥

नागिनी एवं नाग (हिमालय) कन्या पार्वती की मैं (सर्पिणी रूपिणी कुण्डलिनी की) मूल पद्म से समाकृष्ट करके कुहकोद्भव रूप में स्थित रहने वाली मनुष्य गण की कन्या की पूजा करता हूँ ॥ १०० ॥

वामेऽहं कल्पयाम्यत्र कुलपीठे मनोरमे ।
कुलदेवीं वामभागे पूजयाम्यधुनामुना ॥ १०१ ॥
तर्पयामि महाबिन्दूद्भवासवघटामृतैः ।
मांसाष्टकयुतैर्नित्यं मुद्राभिर्मीनमिश्रितैः ॥ १०२ ॥
यथान्तःकरणे सा तु तथा मे बाह्यतर्पणम् ।
शुभं भवतु नित्यं मे महारात्रिश्च सौख्यदा ॥ १०३ ॥
कुलं भवतु सौख्यं मे बाह्यपूजा शुभा मम ।
इत्येवं मनसा यस्य तस्याः सौख्यं कुतः प्रभो ॥ १०४ ॥

मनोरम कुलपीठ के वामभाग में स्थिर रहने वाली देवी की मैं कल्पना करता हूँ और वामभाग में कुलदेवी की पूजा अब मैं इस मन्त्र से करता हूँ—

---

१. स्थूलानि सूक्ष्माणि च स्वरूपाणि सन्ति यस्यां सा, इनिप्रत्ययान्तः ।

तर्पयामि महाबिन्दु ... ... ब्राह्मपूजा शुभा मम । आसव से पूर्ण अमृत घड़ों से तथा मांसाष्टक से संयुक्त मुद्राओं एवं मात्स्य से मिश्रित महाबिन्दु में उद्भूत देवी का मैं तर्पण करता हूँ । जिस प्रकार मेरे अन्तःकरण में वह देवी (तर्पण को प्राप्त कर रहीं) है वैसे ही मेरे बाह्यतर्पण को प्राप्त करे । नित्य मेरा शुभ हो और मेरी रात्रि नित्य सुखदायी हो । मेरे लिए सुख से युक्त कुल (देवी) होएँ और मेरी बाह्य पूजा शुभ होए । इस प्रकार जिस योगी की भावात्मक मनसा पूजा होती है हे प्रभो ! उसका सुख कहाँ ? अर्थात् उससे बढ़कर कोई सुखी नहीं होता ॥ १०१-१०४ ॥

सर्वदा पूजनं तस्य चैव कालो निरर्थकः ।
अभेदबुद्ध्या सर्वत्र पूजनं भावसाधने ॥ १०५ ॥
अत्युत्तममिति प्रोक्तं कौलानां योगसाधने ।
जातिवृत्तं न तत्रैव यदीच्छति फलोदयम् ॥ १०६ ॥

इस प्रकार सर्वदा उस योगी की पूजा चलती रहती है । उसका एक क्षण भी निरर्थक नहीं जाता । इस प्रकार भावसाधना में सर्वत्र (सभी काल में) अभेद बुद्धि से (सोऽहं) पूजन होता रहता है । कौलाचार की योगसाधना में इसी को अत्युत्तम (चीनाचार) कहा गया है जिसमें जातिवृत्त (?) नहीं होता । वहीं पर फल की प्राप्ति हो जाती है जहाँ वह योगी इच्छा करता है ॥ १०५-१०६ ॥

उत्तमं सम्प्रवक्ष्येऽहं यथोचितफलोदयम् ।
अत्र तन्त्रे क्रिया गुप्ता गुप्तमामन्त्रितं कुलम् ॥ १०७ ॥
गुप्तं कुलरसं नित्यं गुप्तपानं सदा प्रभो ।
वर्षे वर्षे पूर्णसिद्धिं प्राप्नुयान्नात्र संशयः ॥ १०८ ॥

७. यथोचित फल देने वाले **उत्तम चीनाचार** को अब मैं कहती हूँ । इस तन्त्र (= उत्तम चीनाचार की पूजा पद्धति) में क्रिया गुप्त है । आमन्त्रित कुलदेवी भी अत्यन्त गुप्त हैं । कुल रस गुप्त है और हे प्रभो ! नित्य गुप्त पान भी होता रहता है । एक वर्ष में ही पूर्णसिद्धि प्राप्त हो जाती है इसमें संशय नहीं है ॥ १०७-१०८ ॥

मासे मासे तर्पणं तु पक्षे पक्षे कुलक्रिया ।
दिने दिने सदा पानं कौलानामिति लक्षणम् ॥ १०९ ॥
गुप्तक्रियाभिः सिद्ध्येत न प्रकाश्यं कदाचन ।
सर्वत्यागी तदैव स्यात् प्रकाशो जायते यदि ॥ ११० ॥

प्रत्येक मास में तर्पण होता रहता है और पक्ष-पक्ष में कुल की क्रिया होती रहती है । प्रतिदिन सदैव पान चलता रहता है यही (उत्तम चीनाचार वाले) कौलों का लक्षण है । गुप्त क्रियाओं के द्वारा ही सिद्धि होती है । अतः साधक को इस गुप्त क्रिया को किसी से नहीं कहना चाहिए । यदि इस गुप्तक्रिया को किसी से कह दिया जाता है तो उसी समय सभी सिद्धियाँ चली जाती हैं ॥ १०९-११० ॥

उत्तमं भावमालम्ब्य क्षिप्रं सिद्ध्यति साधकः ।
तस्यैव लक्षणं नित्यं तन्त्रनाथे निरूपितम् ॥ १११ ॥

शिवोक्तिलक्षणे प्रोक्तं भैरवेण मया सह ।
तत्सर्वं ज्ञानमालम्ब्य चोत्तमस्त्वं भविष्यसि ॥ ११२ ॥

साधक उत्तम भाव का आलम्बन ग्रहण करके शीघ्र ही सिद्धि प्राप्त कर लेता है । उसी के नित्य लक्षण को तन्त्र नाथ (?) में कहा गया है ॥ १११ ॥

शिव की उक्ति रूप से मेरे और भैरव के मध्य संवाद में जो कुछ भी कहा गया है वह सब कुछ ज्ञान का आलम्बन करके उत्तम (चीनाचार) होगा ॥ ११२ ॥

अत्यन्तमध्यमं वक्ष्ये चीनाचारक्रमेण तु ।
यत्कृत्वा मुनयः सर्वे कौललक्षणभावकाः ॥ ११३ ॥
पीठोपपीठमध्ये च महापीठे कुलार्णवे ।
महाचीनद्रुमलतावेष्टिते[1] साधकान्विते ॥ ११४ ॥
तत्रैकमासनं कृत्वा तिथित्रयदिने शुभे ।
उक्तासनमुपानीय तत्र निश्चयचेतसा ॥ ११५ ॥
लक्षमेकं जपेन्नित्यं कामनाविषयस्थितः ।
कृष्णे वा शुक्लपक्षे वा होमादिविधिमाचरेत् ॥ ११६ ॥

(२) **मध्यम चीनाचार**—१. हे प्रभो! चीनाचार के क्रम में **अत्यन्त मध्यम चीनाचार** को मैं कहती हूँ । जिसे करके साधक सभी मुनिगण कौल लक्षण वाले भावक हो गए । कुलार्णव में पीठ एवं उपपीठ के मध्य में साधकों से युक्त महाचीन (?) के वृक्ष एवं लता से घिरे हुए महापीठ पर एक आसन पर स्थित होकर शुभ तिथि में तीन दिन उरु आसन को लाकर वहाँ दृढ़मन से एक लाख जप करे । नित्य कामना के विषय को (सोंचते हुए) स्थित साधक जप करे । कृष्ण पक्ष में या शुक्ल पक्ष में होम आदि विधि-विधान से करे ॥ ११३-११६ ॥

कुमारीं भोजयित्वा तु कण्ठे तौ भावयेत्सदा ।
मासेन सिद्धिमाप्नोति कुलद्रव्यप्रसादतः ॥ ११७ ॥
अत्यन्तमध्यमं चीनं कथितं तव यत्नतः ।
अतिमध्यममावक्ष्ये यज्ज्ञात्वा योगिराड् भवेत् ॥ ११८ ॥

कुमारी भोजन कराकर कण्ठ (पद्म) में दोनों (शिवशक्ति) की सदा भावना करे । इस प्रकार करने से कुलद्रव्य के प्रसाद से एक मास में सिद्धि प्राप्त हो जाती है । इस प्रकार यह अत्यन्त मध्यम चीनाचार आपसे हमने प्रयत्न पूर्वक कहा है ॥ ११७-११८ ॥

कालाकालं विहायाथ सदान्तःकरणस्थितः ।
भावयित्वा सुधादेवीं डाकिन्यादिस्वरूपिणीम् ॥ ११९ ॥
पञ्चशक्तिं समानीय पूजयेत्कुलजै रसैः ।
कुलपुष्पैः साधकेन्द्रः कुलीनं भावयेत्ततः ॥ १२० ॥

---

१. महाचीनद्रुमलताभिर्वेष्टित इत्यर्थः । चीनदेशेऽयं वृक्षः सम्भाव्यते ।

यथा बाह्ये तथा हृद्ये कण्ठे मणिगृहे तथा ।
वैकुण्ठे विष्णुकमले मूलाधारे पुनः पुनः ॥ १२१ ॥

२. अब मैं **अतिमध्यम चीनाचार** को कहती हूँ जिसके ज्ञान से साधक योगियों का स्वामी बन जाता है । (इस क्रम में) काल या अकाल का विचार न करके सभी समय सदा अन्तःकरण में स्थित साधक डाकिन्यादि स्वरूपिणी सुधादेवी की भावना करके, पञ्चशक्ति का समानयन करके कुल रसों एवं कुल पुष्पों के द्वारा पूजा करनी चाहिए । साधकेन्द्र को तब कुल देवी की भावना करनी चाहिए । जैसी बाह्य पूजा होती है वैसी हृत्कमल में और कण्ठपद्म तथा मणिपूर चक्र में, वैकुण्ठ में एवं विष्णु कमल में पूजा होती है । किन्तु मूलाधार पद्म में पुनः पुनः पूजा करनी चाहिए ॥ ११९-१२१ ॥

ध्यात्वा ध्यात्वा तर्पयेद्यः स कामविजयी भवेत् ।
अतिमध्यममेतत्तु योगिनामपि दुर्लभम् ॥ १२२ ॥
मध्यमध्यममावक्ष्ये कुलीनफलसागरम् ।
वाञ्छासिद्धिकरं साक्षात् शिववद्विहरेन्मुदा ॥ १२३ ॥

देवी का ध्यान करके जो साधक तर्पण करता है वह कामविजयी हो जाता है । यह अतिमध्यम चीनाचार योगियों को भी दुर्लभ है ॥ १२२ ॥

३. अब मैं **मध्यमध्यम चीनाचार** कहती हूँ जो कुलीन साधक के लिए फल का सागर, वाञ्छासिद्धि प्रदान करने वाला, और प्रसन्नता के साथ साक्षात् शिव के समान विचरण करने वाला होता है ॥ १२३ ॥

मासमध्ये पञ्चवारं पञ्चतत्त्वनिषेवणम् ।
यजनं भावनं नित्यं होमकर्म समापयेत् ॥ १२४ ॥
बाह्यक्रियासु निपुणः श्मशाने विपिनेऽपि वा ।
भावयेत् कान्तं शिरसि काकिनीं साकिनीं कलाम् ॥ १२५ ॥

इस क्रम में एक मास के बीच में पाँच बार पञ्चतत्त्व का सेवन करना चाहिए । पूजन, उनकी भावना एवं होमकर्म नित्य सम्पूर्ण करना चाहिए ॥ १२४ ॥

बाह्य क्रियाओं में निपुण होना चाहिए, चाहे वह श्मशान में हो या वन में । साधक को चाहिए कि वह प्रिय काकिनी एवं साकिनी की कला की भावना शिर में करे ॥ १२५ ॥

पञ्चशक्तिं द्वयं वापि गृहीत्वा तर्पणं चरेत् ।
तर्पणान्ते जपेद्विद्यामहर्निशमनातुरः ॥ १२६ ॥

पञ्चशक्ति अथवा दोनों (शिव-शक्ति) को ग्रहण करके तर्पण करना चाहिए । तर्पण के अन्त में विद्या (= मूलमन्त्र) का जप रात-दिन बिना आतुरता के करना चाहिए ॥ १२६ ॥

विमर्श—शरीर में मल-मूत्र आदि आवेगों को रोकना आतुरता है । अतः आवेगों को न रोकते हुए नित्य कर्म करते हुए, अहर्निश जप करते रहना चाहिए ॥ १२६ ॥

होमतर्पणकाले तु कुलशक्तिं प्रपूजयेत् ।

आसनं स्वागतं पाद्यमर्घमाचमनीयकम् ॥ १२७ ॥
मधुपर्कं च मनस्नानवसनाभरणानि च ।
गन्धपुष्पधूपदीपनैवेद्यं[१] शीतलं जलम् ॥ १२८ ॥
पक्वान्नं पक्वमांसञ्च पक्वञ्च व्यञ्जनादिकम् ।
कर्पूरवासितं नीरं ताम्बूलं तदनन्तरम् ॥ १२९ ॥
लवङ्गादिसमायुक्तं दत्वा गन्धानुलेपनम् ।
गन्धमाल्यादिकं दत्वा प्रार्थयेत्सुहितं वरम् ॥ १३० ॥
तस्यै दत्वा स्वमात्मानं कुलपीठे स्थिरो भवेत् ।
कण्ठपद्मे मनो याति शक्तिमन्त्रप्रभावतः ॥ १३१ ॥
मध्यमध्यममेतद्धि कुलीनविप्रभोजनम् ।

होम तथा तर्पण के समय कुलशक्ति की पूजा निम्न उपचारों से करनी चाहिए—१. आसन, २. स्वागत, ३. पाद्य, ४. अर्घ ५. आचम, ६. मधुपर्क, ७. मनस्नान, ८. वस्त्र, ९. आभूषण, १०. गन्ध, ११. पुष्प, १२. धूप, १३. दीप, १४. नैवेद्य, १५. शीतल जल, १६. पक्वान्न, १७. पक्वमांस, १८. पक्व व्यञ्जन आदि, १९. कर्पूर-वासित, २०. नीर २१. ताम्बूल, २२. लवङ्ग से युक्त (पान) २३. गन्ध, २४. अनुलेपन, २५. गन्ध, २६. माला आदि देकर सुन्दर एवं हितकारी वर की प्रार्थना करनी चाहिए । उन (काकिनी-साकिनी) को अपने को समर्पित करके वह कुलपीठ में स्थिर हो जाता है । इस प्रकार शक्तिमन्त्र के प्रभाव से मन कण्ठपद्म में लीन हो जाता है । कुलीन विप्र का भोजन यह मध्य-मध्यम चीनाचार है ॥ १२७-१३२ ॥

क्रमशः सिद्धिमाप्नोति मध्यमं शृणु भैरव ॥ १३२ ॥
यथा काले कुलद्रव्यं समानीय प्रयत्नतः ।
नवशक्तिमेकशक्तिं त्रिशक्तिं वासमाहरेत् ॥ १३३ ॥
गुप्तस्थाने समानीय गुप्तद्रव्यैः प्रपूजयेत् ।
दशोपचारविधिना पूजयेदिष्टदेवताम् ॥ १३४ ॥

४. अब हे भैरव ! **मध्यम चीनाचार** को आप सुनिए, जिससे क्रमशः सिद्धि की प्राप्ति हो जाती है । प्रयत्नपूर्वक यथासमय कुलद्रव्यों को लाकर नौ शक्ति, एक शक्ति अथवा त्रिशक्ति का समाहरण करना चाहिए । गुप्त स्थान में इन्हें लाकर गुप्त द्रव्यों से इनकी पूजा करनी चाहिए । इष्ट देवता की पूजा दशोपचार से करनी चाहिए ॥ १३२-१३४ ॥

प्रातःकाले च मध्याह्ने सायाह्ने मध्यरात्रिके ।
सहस्रजपमाकृत्यार्चनं वारचतुष्टयम् ॥ १३५ ॥

प्रातःकाल, मध्याह्न, सायंकाल एवं मध्यरात्रि में चारो बार सहस्र जप करके अर्चन करना चाहिए ॥ १३५ ॥

---

१. गन्धः पुष्पं धूपो दीपो नैवेद्यमिति समाहारद्वन्द्वः । पञ्चोपचारे एतानि द्रव्याणि योज्यानि ।

मध्यरात्रौ शक्तिमात्रं स्थापयेदग्रतः सुधीः ।
साक्षान्मूर्त्तौ दिगम्बर्यां मुद्रया परिपूजयेत् ॥ १३६ ॥
जयन्ती मङ्गला काली भद्रकाली कपालिनी ।
दुर्गा शिवा क्षमा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तु ते ॥ १३७ ॥
अनेन मनुनाभ्यर्च्य परंब्रह्मस्वरूपिणीम् ।
कुलद्रव्यं पिबेत् पश्चाच्छक्तिदत्तं पुनः पुनः ॥ १३८ ॥

विद्वान् साधक को चाहिए कि वह मध्य रात्रि में मात्र शक्ति को आगे स्थापित करे। दिगम्बर मुद्रा के द्वारा साक्षात् मूर्ति की पूजा करनी चाहिए ॥ १३६ ॥

जयन्ती मङ्गला काली भद्रकाली कपालिनी ।
दुर्गा शिवा क्षमा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते ॥

इस मन्त्र से परब्रह्मस्वरूपिणी देवी को नमस्कार करके उन शक्ति से प्रदत्त कुल द्रव्य का पान पुनः पुनः करना चाहिए ॥ १३७-१३८ ॥

शक्तिप्रसादं विधिना संशोध्य पानमाचरेत् ।
शोधयामि परां देवीं कुलास्यपद्मनिर्गताम् ॥ १३९ ॥
पिबामि परमानन्दैस्तत्प्रसादात्कुलेश्वरि ।

शक्ति के प्रसाद को निम्न मन्त्र से विधिपूर्वक संशोधित करके पान करना चाहिए—

शोधयामि परां देवीं कुलास्यपद्मनिर्गताम् ।
पिबामि परमानन्दैस्तत्प्रसादात् कुलेश्वरि ॥

परा कुल देवी के मुख रूपी कमल से निस्सृत (होने वाले कुल द्रव्य का) मैं शोधन करता हूँ । हे कुलेश्वरि ! आपके प्रसाद से अत्यन्त आनन्द में विभोर होकर मैं इसका पान करता हूँ ॥ १३९-१४० ॥

इत्यादि मध्यमं प्रोक्तं चीनाचारेषु दुर्लभम् ॥ १४० ॥

इस प्रकार के अन्य चीनाचारों में मध्यम चीनाचार को दुर्लभ कहा गया है ॥ १४० ॥

अत्यन्ताधमचीनं तु वक्ष्याम्यत्र विशेषतः ।
मासमध्ये त्रिदिनं तु तर्पणं तु त्रयं त्रयम् ॥ १४१ ॥
अष्टोत्तरशतं जाप्यं केवलं शक्तिशोधनम् ।
ऋषिमातृकराङ्गादिन्यासं स्वीयतनौ चरेत् ॥ १४२ ॥

(३) अधम चीनाचार—अब मैं **अत्यन्त-अधम चीनाचार** को विशेष रूप से आप से कहती हूँ । साधक को एक मास के मध्य में तीन दिन तक तीन-तीन बार तर्पण करना चाहिए ॥ १४१ ॥

केवल शक्ति शोधन (मन्त्र) को एक सौ आठ बार जपना चाहिए । ऋषि न्यास, मातृकान्यास तथा कराङ्गादि न्यास को अपने शरीर में करना चाहिए ॥ १४२ ॥

कुलाङ्गेऽपि समाकृत्य पीठे शम्भुं नियोजयेत्।
धर्माधर्मकलास्नेहमात्माग्नौ[१] मनसा स्रुचा ॥ १४३ ॥
सुषुम्नावर्त्मना नित्यमक्षवृत्तीर्जुहोम्यहम् ।
स्वाहान्तमन्त्रमुच्चार्य नियोज्य जपमाचरेत् ॥ १४४ ॥

कुलाङ्ग में भी शम्भु को पीठ पर आसीन करना चाहिए । धर्माधर्म, कला, स्नेह एवं आत्मा की अग्नि में मनरूपी स्रुचा से सुषुम्ना (नाड़ी) के मार्ग से नित्य अक्षवृत्ति (?) से मैं हवन करता हूँ । मन्त्र के अन्त में 'स्वाहा' शब्द का उच्चारण कर जप करना चाहिए ॥ १४३-१४४ ॥

जपं समर्प्य विधिना स्तोत्रं कवचमापठेत् ।
कवचान्ते ततो मन्त्री स्वबीजहोममाचरेत् ॥ १४५ ॥

साधक को विधानपूर्वक (देवी के हाथ में) जप समर्पित करके स्तोत्र एवं कवच का पाठ करना चाहिए । कवच पाठ के अन्त में मन्त्री साधक स्वबीज होम की विधि प्रतिपादित करे ॥ १४५ ॥

कुलत्रिकोणगगनवायूज्वलकुलानले ।
कुलप्रकाशिते पद्मतले च मनुनामुना ॥ १४६ ॥
प्रकाशाकाशहस्ताभ्यामवलम्ब्योन्मनीस्रुचा ।
धर्माधर्मकलास्नेहपूर्णमग्नौ जुहोम्यहम् ॥ १४७ ॥
स्वाहेति मन्त्रमुच्चार्य ततस्तेनैव तर्पणम् ।
तर्पणान्ते चाभिषेकं स्वशक्तिकुलजै रसैः ॥ १४८ ॥
शक्तीनां ब्राह्मणस्थाने भोजनञ्च समापनम् ।
केवलं त्रिदिनं मासे चात्यन्ताधमलक्षणम् ॥ १४९ ॥

कुल, त्रिकोण, गगन, वायु, उज्ज्वल कुल एवं अग्नि में कुल से प्रकाशित कमल के नीचे निम्न मन्त्र से हवन करना चाहिए—

प्रकाशाकाशहस्ताभ्यामवलम्ब्योन्मनी स्रुचा ।
धर्माधर्मकलास्नेहपूर्णमग्नौ जुहोम्यहम् ॥

इस मन्त्र के अन्त में स्वाहा शब्द का उच्चारण कर इसके बाद उसी मन्त्र से (तर्पयामि कहकर) तर्पण करना चाहिए । तर्पण के अन्त में कुल शक्ति के अपने निस्सृत रसों के द्वारा उनका अभिषेक करना चाहिए । ब्राह्मण भोजन के स्थान में शक्तियों को भोजन कराकर पूजन की समापन करना चाहिए । इस प्रकार मास में केवल तीन दिन अत्यन्त-अधम का लक्षण कहा गया है ॥ १४६-१४९ ॥

अत्यन्तात्यधमं चीनं वक्ष्यामि कुलवल्लभ ।
राक्षसीक्रियया व्याप्तं भुजङ्गाकारभोजनम् ॥ १५० ॥

---

१. धर्मः, अधर्मः, तयोः कला, तस्याः स्नेहः ।

२. हे कुल वल्लभ ! अब मैं **अत्यन्त-अति-अधम चीनाचार** को कहती हूँ—

यह चीनाचार राक्षसी (अत्यन्त उत्कट) क्रिया से व्याप्त और भुजङ्गाकार (वायु) भोजन वाला है ॥ १५० ॥

अहमेव परंब्रह्म बुद्ध्यात्मानं प्रतर्पयेत् ।
आत्मम्भरी स्वयं नित्यं शक्तित्यागपरो नरः ॥ १५१ ॥
अन्तरे च न तु त्यागो मनसा कर्मसाधनम् ।
पञ्चतत्त्वं स्वयं पीत्वा सदानन्दस्वरूपवान्[1] ॥ १५२ ॥
बीजत्यागं न करोति लिङ्गं वक्त्रे पुनः पुनः ।
दन्तावलियुते वक्त्रे बीजोच्चारणमुच्चकैः ॥ १५३ ॥
उपांशु मानसं वापि जप्त्वा ब्रह्ममयो भवेत् ।
न तु बाह्ये महापूजा एकादशीव्रतं विना ॥ १५४ ॥
एकादश्यामवश्यं तु पूजयेत्सुरसुन्दरीम् ।
यथाविधि विधानेन शक्तिं सन्तोषयेत् सुधीः ॥ १५५ ॥

'मैं ही परब्रह्म हूँ' इस बुद्धि से अपना ही तर्पण करना चाहिए । मैं आत्म स्वरूप स्वयं नित्य शक्ति त्याग में परायण (सृष्टि से पहले की स्थिति वाला) नर हूँ । अन्तरात्मा में तो (शक्ति का) त्याग नहीं होना चाहिए । यह कर्मसाधना मन से करे । पञ्चतत्त्व को स्वयं पीकर सदानन्द स्वरूप से युक्त (मैं ही हूँ) ऐसा सोंचते हुए मुख में लिङ्ग (चिन्ह) रूप बीज का त्याग पुनः पुनः नहीं करना चाहिए । दन्तावलि से युक्त मुख में ऊँचे स्वर से बीजोच्चारण पूर्वक पूजन करना चाहिए । जप उपांशु (बड़बड़ाते हुए सा) या मन में करके साधक ब्रह्ममय हो जाए । बाह्य पूजा में महापूजा नहीं होती । एकादशीव्रत के बिना ही एकादशी की अवश्य पूजा करे । विद्वान् साधक यथाविधि एवं विधानानुसार सदाशिव एवं शक्ति को (षोडशोपचार पूजन से) सन्तुष्ट करे ॥ १५१-१५५ ॥

सर्वदेशे सर्वपीठे तत्राशुचिर्न विद्यते ।
अशुचेर्भावमालब्य नरकं खलु गच्छति ॥ १५६ ॥
विष्ठायां गन्धनिबिडे मांसमेदादिगन्धके ।
सुगन्धदेशके वापि एकभावेन पूजयेत् ॥ १५७ ॥
पूजान्ते षट्सहस्राख्यस्तोत्रं कवचमापठेत् ।
तदन्ते विहरेद्वीरो मदनाह्लादवर्जितः ॥ १५८ ॥

सभी प्रदेश में या सभी पीठ में वहाँ वह अशुद्ध नहीं रहता है । यदि साधक अशुद्ध होने का भाव अपने में रखता है तो वह निश्चित ही नरक को जाता है ॥ १५६ ॥

विष्ठा में, तेज गन्ध में, मांस एवं मेदा आदि की गन्ध में अथवा सुगन्धियुक्त प्रदेश में एकभाव से पूजा करनी चाहिए ॥ १५७ ॥

---

१. सदानन्दस्य स्वरूपमिति षष्ठीतत्पुरुषः, तदस्यातीति मतुबन्तः ।

पूजा के अन्त में षट्सहस्राख्य स्तोत्र एवं कवच का पाठ करे । अन्त में वीर साधक मदन एवं आह्लाद से रहित होकर (साम्य अवस्था में) विचरण करे अर्थात् न बहुत प्रसन्न रहे या न बहुत कामुक ही होए ॥ १५८ ॥

अन्तरे कुण्डलीयुक्तः कामकर्ता स्वयं भवेत् ।
न तु बाह्ये स्वबीजस्य त्याग एव सुरेश्वर ॥ १५९ ॥
तदा योगे स्थिरो याति चात्यन्तात्यधमादिभिः ।
अत्यधमाधमं वक्ष्ये कालात्मञ्छृणु सादरम् ॥ १६० ॥

अन्तरात्मा में कुण्डली (जागरण) से युक्त होकर स्वयं कामकर्ता हो जाता है । हे सुरेश्वर ! वह स्व-बीज का त्याग भी बाहर नहीं करता है (अर्थात् अन्तरात्मा में ही आनन्द लेता रहता है) ॥ १५९ ॥

इस प्रकार अत्यन्त-अति अधम आदि चीनाचारों के द्वारा योगी साधक तब जाकर योग में स्थिर होने लगता है ॥ १६० ॥

३. हे कालात्मन् ! अब आप **अतिअधमाधम चीनाचार** को आदरपूर्वक सुनिए ॥ १६० ॥

मासमध्ये वारमेकं कुलाचारं सचीनकम् ।
कुलमालां समानीय कुलेन पुटितं मनुम् ॥ १६१ ॥
शक्तियुक्तो जपेन्मन्त्री मन्त्रध्यानपरायणः ।
चतुर्दण्डगतो रात्रौ जपारम्भ उदीरितः ॥ १६२ ॥

एक मास में एक बार चीनाचार से युक्त कुलाचार करना चाहिए । साधक को चाहिए कि कुलमाला लाकर कुल (शक्ति) से उस मूल मन्त्र को संपुटित कर मन्त्राक्षरों के और शक्ति युक्त सदाशिव के ध्यान में तल्लीन होकर मन्त्री साधक मन्त्र का जप करे । चार दण्ड रात्रि बीत जाने पर मन्त्र का जप कहा गया है ॥ १६१-१६२ ॥

जपेत्तु सकलां रात्रिं वेददण्डस्थिते न तु ।
भयं नैव तु कर्तव्यं हास्यं तत्र विवर्जयेत् ॥ १६३ ॥
कालीतन्त्रविधानेन तारातन्त्रक्रमेण वा ।
पूजाजपं समर्प्याथ शक्तिं सम्प्रार्थयन्मुदा ॥ १६४ ॥

चार (= वेद) दण्ड रात्रि शेष रहने पर सम्पूर्ण रात्रिपर्यन्त जप करे । उस समय उसे भय नहीं करना चाहिए । हँसी उस समय बिल्कुल नहीं करना चाहिए । साधक काली की पूजा पद्धति के विधानानुसार अथवा तारा (विद्या) के तन्त्रानुसार पूजन करे । अन्त में पूजा एवं जप दोनों ही शक्ति को समर्पित करके प्रसन्न मन से प्रार्थना करे ॥ १६३-१६४ ॥

स्तोत्रं कवचमुच्चार्य विहरेच्च यथाविधिम्
मासमध्ये दिनमेकं कृत्वा योगी भवेन्नरः ।
पशुत्वं न समायाति वीरतन्त्रप्रसादतः
एतदन्यदिने नाथ पञ्चतत्त्वाक्ततण्डुलम् ॥ १६५ ॥

वदनाम्भोरुहे दत्त्वा जपेत्तद्गतमानसः ।
एवं वत्सरपर्यन्तं कृत्वा योगी भवेन्नरः ॥ १६६ ॥
अत्यधमाधमं कृत्वा पशुत्वमपि मुञ्चति ।

फिर यथाविधि (काली या तारा के) स्तोत्र एवं कवच का पाठ करके (आनन्द समुद्र में) विचरण करे । इस प्रकार एक महीने में मात्र एक दिन इस चीनाचार को करके साधक योगी बन जाता है और वीर तन्त्र (पद्धति) के प्रसाद से उसमें पशुत्व (= इन्द्रियों के प्रति विषय भोग की लोलुपता) नहीं होती है ॥ १६५ ॥

हे नाथ ! उस महीने के अन्य दिनों में पञ्च तत्त्वों से आप्लावित तण्डुल को शक्ति के मुखकमल में भोग लगाकर उन्हीं के ध्यान में तल्लीन मन होकर मन्त्र का जप करता रहे। इस प्रकार से एक वर्ष तक करने वाल साधक योगी बन जाता है और वह अत्यधमाधम चीनाचार करके पशुत्व से भी छुटकारा प्राप्त कर लेता है ॥ १६५-१६७ ॥

कुलेश परमानन्द वक्ष्येऽत्यन्ताधमाधमम्[1] ॥ १६७ ॥

४. हे कुलेश ! हे परमानन्द ! अब मैं आपसे **अत्यन्त अधमाधम चीनाचार** को कहती हूँ ॥ १६७ ॥

भवेयुः साधकाग्र्याश्च वीराः पशुगुणोदयाः ।
उच्चदेशे गृहं कृत्वा मण्डलाकारमेव च ॥ १६८ ॥
शक्तिं बिना चरेत्कार्यं नृणां मुण्डत्रयोदशे ।
आसनं तत्र संस्कृत्य जपेत्तु शङ्खमालया ॥ १६९ ॥

इस चीनाचार में पशु के गुणों से युक्त, वीर एवं अग्रगण्य साधक होना चाहिए। ऊँचे स्थान पर मण्डलाकार घर बनाकर वह तेरह नर मुण्डों के साथ बिना शक्ति के इस चीनाचार को करे । वहाँ पर अपने आसन का संस्कार करके वह शङ्खमाला के द्वारा जप प्रारम्भ करे ॥ १६८-१६९ ॥

अनुकल्पितद्रव्येण साक्षात्कल्पितद्रव्यकैः ।
पूजयेत्परया भक्त्या स्वात्मानं शक्तिकुण्डलीम् ॥ १७० ॥
एकाकी निर्जने देशे तद्गतः प्रजपेन्मनुम् ।
कुलपूजाक्रमेणैव आत्मशक्तिं प्रतर्पयेत् ॥ १७१ ॥
सहस्रनामयोगाङ्गं षट्चक्रभेदनक्रमात् ।
पठित्वा स्तोत्रकवचं विन्यसेदात्मनो हृदि ॥ १७२ ॥

अनुकल्पित द्रव्यों द्वारा और अन्य साक्षात् कल्पित द्रव्यों से अत्यन्त भक्तिपूर्वक अपनी शक्ति कुण्डलिनी की पूजा करे ॥ १७० ॥

अकेले एवं निर्जन प्रदेश में उनमें ही तल्लीन होकर मन्त्र का जप करे और कुल पूजा के ही क्रमानुसार आत्मशक्ति का तर्पण करे ॥ १७१ ॥

---

१. अधमादपि अधमः, अन्तमतिक्रान्तोऽत्यन्तः, स चासौ अधमाधमश्च ।

योग के अङ्गभूत सहस्रनाम, स्तोत्र एवं कवच का पाठ करके षट्चक्रों का क्रमशः भेदन करते हुए अपने हृदय प्रदेश में विन्यास करे ॥ १७२ ॥

गुप्तजाप्यक्रमेणैव सिद्धो भवति मानवः ।
इत्येतत्कथितं नाथ महासिद्धिकरं परम् ॥१७३॥
दिवारात्रौ साधकस्य विशेषो नास्ति शङ्कर ।
पशुभावं परित्यज्य सिद्धोऽत्यन्ताधमाधमम् ॥१७४॥

इस प्रकार क्रमशः गुप्त जप करता हुआ साधक सिद्ध हो जाता है । हे नाथ ! इस प्रकार मैंने आप से महान् सिद्धि देने वाले श्रेष्ठ चीनाचार को कहा है ॥ १७३ ॥

हे शङ्कर ! इस चीनाचार में दिन एवं रात के पूजा क्रम में कोई विशेष कर्म नहीं है (अर्थात् पहले की ही तरह आचार करना है) । इस प्रकार अत्यन्ताधमाधम चीनाचार करके साधक पशुभाव को छोड़कर सिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ १७४ ॥

अत्यधमं प्रवक्ष्यामि चीनाचारक्रमेण तु ।
येन सिद्धो भवेन्मन्त्री पशुभावं विमुञ्चति ॥१७५॥

५. हे नाथ ! अब मैं **अति-अधम चीनाचार** को कहती हूँ जिस चीनाचार के क्रम द्वारा मन्त्री साधक सिद्ध हो जाता है और पशुभाव से मुक्ति प्राप्त कर लेता है ॥ १७५ ॥

शृणु प्राणेश वरद सिद्धानामधिपाधिप ।
पातालमण्डपं कृत्वा गन्धनिर्गमवर्जितम् ॥१७६॥
तत्रासनं समाकृत्य तत्र मुण्डत्रयं त्रयम् ।
तन्मध्ये निवसेन्नाथ कुलविद्यासमन्वितः ॥१७७॥

हे प्राणेश ! हे वर देने वाले ! हे सिद्धों के अधिपाधिपति ! (इस चीनाचार के क्रम को) सुनिए । गन्ध (या सुगन्ध) से रहित प्रदेश में पातालमण्डप (जमीन खोद कर गुफा) बनाकर वहाँ आसन पर बैठकर वहीं पर तीन-तीन नरमुण्डों को लेकर उनके मध्य हे नाथ ! कुल विद्या से युक्त होकर साधक रहे ॥ १७६-१७७ ॥

कुलीनां पण्डितां नारीं दिव्यालङ्कारमण्डिताम् ।
सर्वदानन्दनिलयां रसिकां क्रोधवर्जिताम् ॥१७८॥
सुन्दरीं [१] यौवनाह्लादललितां देवयोगिनीम् ।
एवंभूतां देवशक्तिं वामभागे नियोज्य च ॥१७९॥

दिव्य अलङ्कारों से सुशोभित कुलीन एवं पण्डित (ज्ञानी) नारी को देव की शक्ति समझते हुए अपने वाग भाग में नियोजित करे । वह स्त्री सर्वदा आनन्द का निलय, रसिक प्रकृति की तथा क्रोध से सर्वथा वर्जित रहे ॥ १७८-१७९ ॥

पूजयेत्परया भक्त्या यथेष्टदेवतां प्रभो ।

---

१. यौवनस्याह्लादेन ललिता । यूनो भावो यौवनम् । ''हायनान्तयुवादिभ्योऽण्'' इत्यण्प्रत्ययः ।

केवलं पूजनं कृत्वा त्रिदिनं कुलमन्दिरे ॥ १८० ॥
अथ सप्तदिनान्[1] वापि पूजाजपविधिं चरेत् ।
शक्तिं सन्तर्पयेद् भक्त्या नवकन्यामथापि व ॥ १८१ ॥

हे प्रभो ! वहाँ अत्यन्त भक्तिपूर्वक यथेष्ट देवता की पूजा करे । उस कुल मन्दिर में मात्र तीन दिन पूजा अथवा सात दिन तक पूजा एवं (मन्त्र) जप विधि का आचरण करे। वह भक्ति पूर्वक शक्ति का और नौ कन्याओं का भी तर्पण करे ॥ १८०-१८१ ॥

वस्त्रालङ्कारभूषाद्यैः कुलद्रव्यैर्यथाविधि ।
सन्तोषयेत् सदा कामी लिङ्गध्यानपरायणः ॥ १८२ ॥

वस्त्र एवं अलङ्कार आदि आभूषणों से तथा यथाविधि कुलद्रव्यों वह कामी साधक लिङ्ग (चिह्न) के ध्यान में परायण रहकर उनकों संतुष्ट करे ॥ १८२ ॥

धूपदीपौ तथा दद्यात् सर्वदा साधकोत्तमः ।
यथा तत्त्वान्तनाशः स्यात्तथा तच्चित्ततामसम् ॥ १८३ ॥
नश्यत्येव महाकाल अत्यधमप्रसादतः ।

सधकोत्तम योगी सर्वदा धूप एवं दीप दर्शन कराए । हे महाकाल ! अत्यधम चीनाचार के प्रसाद से जैसे तत्त्वों का नाश हो जाता है वैसे ही उसके चित्त का तामस (कालुष्य) निश्चित ही नष्ट हो जाता है ॥ १८३-१८४ ॥

अधमाधममावक्ष्ये यथोक्तफलसिद्धये ॥ १८४ ॥
मन्त्री पीठे समागम्य मुक्तकेशो दिगम्बरः ।
घृणालज्जाविरहितो निर्जने विपिनेऽपि वा ॥ १८५ ॥

६. हे देव ! अब मैं यथोक्त फल की सिद्धि के लिए **अधमाधम चीनाचार** को कहती हूँ । पीठ पर मन्त्रवेत्ता साधक आकर मुक्त केश एवं दिगम्बर (नग्न) होकर घृणा तथा लज्जा से रहित होकर निर्जन स्थान पर या वन में भी इस चीनाचार की विधि करे ॥ १८४-१८५ ॥

गङ्गागर्भे गिरौ वापि बिल्वमूले चतुष्पथे ।
वटमूलेऽश्वत्थमूले चीनद्रुमतलेऽपि वा ॥ १८६ ॥
कृष्णपक्षे चतुर्दश्यां समारभ्य प्रयत्नतः ।

इस चीनाचार को गंगा के गर्भगृह में, पर्वत पर, बेल के पेड़ के नीचे, चौराहे पर, वट वृक्ष या पीपल के पेड़ के नीचे अथवा चीनद्रुम (?) के नीचे कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि से आरम्भ करके प्रयत्नपूर्वक करे ॥ १८६-१८७ ॥

मुण्डमेकमधः क्षिप्त्वा गन्धचन्दनलेपितम् ॥ १८७ ॥
हस्तार्धमानतो नाथ चाण्डालं हीनजातिगम् ।

---

१. दिनशब्दस्य नपुंसकत्वेऽपि अत्र पुंस्त्वम् । लिङ्गमशिष्यं लोकाश्रयत्वाल्लिङ्गस्येति महाभाष्यवचनात् ।

तत्र स्थित्वा जपेन्मन्त्री भयमात्रं विवर्जयेत् ॥ १८८ ॥

एक (नर) मुण्ड को नीचे फेंक कर गन्ध एवं चन्दन उसे लगाकर हस्तार्ध माप मात्र रहकर, हे नाथ ! हीन जाति के चाण्डाल को (लाकर) वही स्थित रहकर मन्त्री साधक भय को एकदम छोड़कर जप करे ॥ १८७-१८८ ॥

चाण्डालीशक्तिमानीय कुलद्रव्यं तथा प्रभो ।
तद्दिनात्तद्दिनं यावत्तावदष्टोत्तरं शतम् ॥ १८९ ॥
विधिना शोधनं कृत्वा शक्त्यै दत्वा स्वयं पिबेत् ।
आनन्दसागरे मग्नः सर्वदर्शी निरामयः ॥ १९० ॥
मांसमुद्राचर्वणं तु सदानन्दमयो भवन् ।
प्रत्यहं साधनं कृत्वा वर्षमध्ये च मासकम् ॥ १९१ ॥

हे प्रभो ! चाण्डाली शक्ति को तथा कुल द्रव्य को लाकर उसी दिन से उस दिन (रविवार से रविवार) तक १०८ बार जप करे । और विधि विधान पूर्वक शोधन करके शक्ति को समर्पित कर स्वयं भी पीए । वह आनन्द समुद्र में मग्न होकर निरामय एवं सर्व दर्शन करते हुए मांस मुद्रा का चर्वण कर सदैव आनन्दमय होकर प्रत्येक दिन साधना करके और वर्ष के मध्य एक मास तक साधना करे ॥ १८९-१९१ ॥

मासेन सिद्धिमाप्नोति राक्षसीक्रमतः प्रभो ।
अधमाधमकार्येण पशुश्चीनाश्रितो भवेत् ॥ १९२ ॥
अधमं शृणु यत्नेन कौलानामतिदुर्लभम् ।
अधमादिक्रमेणैव वत्सरान्मां प्रपश्यति ॥ १९३ ॥

हे प्रभो ! इस प्रकार राक्षसी (उत्कट, अघोर) क्रम से एक मास में सिद्धि प्राप्त हो जाती है । और अधमाधम कार्य के द्वारा साधक पशु चीनाश्रित हो जाता है ॥ १९२ ॥

७. अब कौल साधकों के अत्यन्त दुर्लभ **अधम चीनाचार** को यत्नपूर्वक सुनिए । साधक अधमादि क्रम के द्वारा एक वर्ष के भीतर ही मेरा दर्शन प्राप्त कर लेता है ॥ १९३ ॥

पशुवत्सकलं कार्यं रात्रौ चापि कुलक्रिया ।
कुलदेव्यास्त्रिरात्रौ[1] च कुलपीठे मनोरमे ॥ १९४ ॥
पूजयेत् परमानन्दैः कुलध्यानपरायणः ।
कुलपुष्पैः कुलद्रव्यैः साङ्गोपाङ्गैर्विधानतः ॥ १९५ ॥

अधम चीनाचार में सभी कार्य पशु (आचार) के समान ही करना चाहिए और रात्रि में उसी प्रकार कुल-क्रिया को भी करे । कुल के ध्यान में परायण होकर अत्यन्त आनन्द से मनोरम कुलपीठ पर साङ्गोपाङ्ग विधानानुसार कुल पुष्पों एवं कुल द्रव्यों द्वारा तीन रात्रि तक कुल देवी का पूजन करना चाहिए ॥ १९४-१९५ ॥

---

१. त्रिरावृत्ता रात्रिस्त्रिरात्रिस्तत्र त्रिरात्राविति मध्यमपदलोपिसमासो ज्ञेयः, न तु तिसृणां रात्रीणां समाहारस्त्रिरात्रं तत्रेति विग्रहः ।

कुलपूजां मध्यरात्रौ ब्राह्मणौ ब्राह्मणीयुतः ।
क्षत्रियः क्षत्रियायुक्तौ वैश्यो वैश्यान्वितः सदा ॥ १९६ ॥
शूद्रः शूद्रकलायुक्तो निजाभावे परायुतः ।

ब्राह्मण साधक ब्राह्मणी से युक्त होकर, क्षत्रिय साधक क्षत्राणी से युक्त होकर, वैश्य साधक वैश्य स्त्री से युक्त होकर तथा शूद्र साधक शूद्रा स्त्री से युक्त होकर मध्य रात्रि में कुल पूजा करे । यदि अपनी स्त्री न प्राप्त हो तो उसी जाति की अन्य स्त्री लेकर कुल पूजा करे ॥ १९६-१९७ ॥

जुहुयात् कालसर्पिण्या वदनाम्भोजसुन्दरे ॥ १९७ ॥
पुरश्चरणवत् कार्यं दिवारात्रौ प्रतर्पयेत् ।
अकालमृत्युजेता स्यात् परानन्दमयो भवन् ॥ १९८ ॥
अनायासेन सिद्धिः स्यादधमस्य प्रसादतः ।

हे सुन्दर मुख कमल देव ! इस प्रकार काल सर्पिणी (कुण्डली) का यजन करना चाहिए । पुरश्चरण के ही समान दिन एवं रात्रि में भी तर्पण पर्यन्त क्रिया करनी चाहिए । इस प्रकार इस अधम चीनाचार की क्रिया से देवी के प्रसाद से अनायास ही साधक को सिद्धि प्राप्त हो जाती है और परमानन्द में मग्न ही का अकाल मृत्यु को जीतने वाला हो जाता है ॥ १९७-१९९ ॥

रिपुविद्वेषणं वक्ष्ये देवदेव शृणु प्रभो ॥ १९९ ॥
यस्य प्रसादमात्रेण निःशत्रुरवरान् भवेत् ।
कण्ठपद्मे दृढो भूत्वा साकिनीं श्रीसदाशिवम् ॥ २०० ॥
पूजयित्वा विधानेन भावयेत् तद्गतो यदि ।
मञ्जुघोषस्य मनुना पुटीकृत्य सदाशिवम् ॥ २०१ ॥
तारयद्वयमुच्चार्य रक्षात्मानं युगं तथा ।
परपक्षं छेदयति योगशत्रून् विनाशय ॥ २०२ ॥
युगलं युगलं तत्र रमावह्नित्रयं त्रयम् ।
ततो मारययुग्मं तु खादयद्वयमेव च ॥ २०३ ॥
शत्रुकण्ठत्रिशूल्यन्ते निकण्ठरिपुपञ्चकान् ।
हारयद्वयमुच्चार्य स्वाहान्तमनुमाजपेत् ॥ २०४ ॥

(३) रिपुविद्वेषण—

हे देवदेव ! हे प्रभो ! अब मैं **'रिपुविद्वेषण'** को कहती हूँ जिसकी प्रसन्नता मात्र से साधक निःशत्रु एवं अवरों से हीन हो जाता है । कण्ठ पद्म में दृढ होकर शाकिनी एवं श्रीसदाशिव की विधानानुसार पूजा करके यदि साधक भावना करते हुए तद्गत (भाव में हो जाता है तो वह शत्रुरहित हो जाता है) । 'सदाशिवं' को मञ्जुघोष (?) के मन्त्र से सम्पुटित करके दो बार प्रणव (ॐ ॐ) का उच्चारण करके 'आत्मानं रक्ष आत्मानं रक्ष' दो बार, फिर 'परपक्षं छेदय छेदय' कहकर 'योग शत्रून् विनाशय' दो रमा बीज (श्री श्रीं), तीन

वह्निबीज (रं रं रं) इसके बाद 'मारय मारय खादय खादय', फिर 'शत्रु कण्ठ त्रिशूलि' के बाद 'निकण्ठरिपु पञ्चकान्' शब्द, फिर दो बार 'हारय हारय' अन्त में 'स्वाहा' कहकर मन्त्र का जप करे ।

इस मन्त्र का जप करने से वह स्वयं तो योगाभ्यासी होता है और शत्रु विद्वेषी भी हो जाता है ॥ २०१-२०४ ॥

विमर्श—मन्त्र का स्वरूप—'सदाशिवं (मञ्जुघोष ?) ॐ ॐ आत्मानं रक्ष आत्मानं रक्ष परपक्षं छेदय छेदय योग शत्रून् विनाशय विनाशय श्रीं श्रीं रं रं रं मारय मारय खादय खादय शत्रुकण्ठत्रिशूलिनि कण्ठरिपुपञ्चकान् हारय हारय स्वाहा' ॥ २०४ ॥

स भवेद्रिपुविद्वेषी योगाभ्यासी स्वयं भवेत् ।
अन्यमन्त्रं प्रवक्ष्यामि सावधानोऽवधारय ॥ २०५ ॥
अघोरमन्त्रपुटितं साकिनीनिजमन्त्रकम् ।
तदन्ते कामराजं तु रिपुं मे योगविघ्नदम् ॥ २०६ ॥
दारयद्वयमुच्चार्य विद्वेषयद्वयं वदेत् ।
परपक्षं छेदयेति कालजालं हरद्वयम् ॥ २०७ ॥
स्वाहान्तमन्त्रमुच्चार्य जपेत् कण्ठाधिदेवताम् ।
स भवेद्रिपुविद्वेषी योगविघ्नादिविघ्नहृत्[१] ॥ २०८ ॥

शत्रुविद्वेषण के लिए एक अन्य मन्त्र भी अब मैं कहती हूँ उसे सावधान होकर सुनिए। अघोरमन्त्र से सम्पुटित शाकिनी देवी का अपना मन्त्र, फिर 'कामराजं रिपु मे योगविघ्नदम्', दो बार 'दारय' पद (दारय दारय) और दो बार 'विद्वेषय' पद (विद्वेषय) कहे । 'परपक्षं छेदय छेदय कालजालं हर हर' कहकर अन्त में 'स्वाहा' कहते हुए 'कण्ठाधि देवताक' मन्त्र का जप करना चाहिए । वह साधक रिपुविद्वेषी हो जाता है और योग में आने वाले विघ्न नष्ट हो जाते हैं ॥ २०५-२०८ ॥

विमर्श—मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार होगा—(अघोरमन्त्र, शाकिनी मन्त्र, पुनः अघोरमन्त्र) कामराजं रिपु मे योगविघ्नदं दारय दारय विद्वेषय विद्वेषय परपक्षं छेदय छेदय कलजालं हर हर स्वाहा ॥ २०८ ॥

मङ्गलोदयमावक्ष्ये येन योगी भवेन्नरः ।
रात्रिशेषे समुत्थाय जपेन्मध्यन्दिनावधि ॥ २०९ ॥
योगध्यानं सर्वदैव कण्ठपद्मे स्थिरो भवेत् ।
मङ्गलोदयमाप्नोति चिरजीवी भवेद् ध्रुवम् ॥ २१० ॥

(४) मङ्गलोदय—

अब मैं **मङ्गलोदय** को कहती हूँ जिसके करने से साधक योगी बन जाता है । रात्रिशेष

---

१. योगे योगकर्मणि ये विघ्नास्त आदयो येषां ते योगविघ्नादयः, ते च ते विघ्नाश्च, तान् हरतीति योगविघ्नादिविघ्नहृत्, हृधातोः कर्तरि क्विप् ।

रहने पर ही उठकर मध्यन्दिन तक जो साधक मन्त्र का जप करता है वह ध्यान योग में सर्वदा ही स्थिर हो जाता है और मङ्गलोदय को प्राप्त करता है तथा निश्चय ही चिरञ्जीवी होता है ॥ २०९-२१० ॥

विस्मयाह्लादमावक्ष्ये यत्कृत्वा योगिनीपतिः ।
स्वीकृत्य च कुलं द्रव्यं परानन्दमयो भवन् ॥ २११ ॥
ध्यानाद्विलयमाप्नोति तस्य नाशः कुतः प्रभो ।
क्रमेण परतां याति क्रयविक्रयवर्जितः ॥ २१२ ॥
तस्मिन् प्रलयमापन्ने कुतो देहः कुतो मृतिः ।
तस्यैव सर्वदा पूजा बाह्यपूजा निरर्थिका ॥ २१३ ॥
एतस्मिन् प्रलये याते कुतः सृष्टिस्थितिर्भवेत् ।
सृष्टिस्थितिमयो भूत्वा विलयं याति निश्चितम् ॥ २१४ ॥

(५) विस्मयाह्लाद—

अब मैं विस्मयाह्लाद को कहती हूँ जिसको करके साधक योगिनियों का स्वामी बन जाता है । कुल को एवं कुल द्रव्य को स्वीकार करके 'परानन्दमय' होकर जो साधक देवी के ध्यान में विलीन हो जाता है तो हे प्रभो ! फिर उसका नाश कैसे सम्भव है? वह साधक क्रमशः श्रेष्ठता को प्राप्त करता जाता है (प्रारब्ध एवं क्रियामाण कर्म के) क्रय एवं विक्रय से रहित होकर उसके प्रलय में प्राप्त होने पर कहाँ देह और कहाँ उसकी मृत्यु ? उसी की सर्वदा पूजा होती है । बाह्य पूजा निरर्थक होती है । इसके प्रलय होने पर कहाँ सृष्टि है और कहाँ स्थिति होती है? वह साधक सृष्टि एवं स्थितिमय होकर निश्चित ही विलय को प्राप्त करता है ॥ २११-२१४ ॥

कालसाधनमावक्ष्ये यथा कुण्डलिनीपदम् ।
यदा समरमानन्दः सानन्दचेतसान्वितः[१] ॥ २१५ ॥
तदैव फलदं कालं तस्मिन् काले च साधयेत् ।
साधनादेव सिद्धिः स्यात् तत्कालसाधनञ्चरेत् ॥ २१६ ॥

(६) कालसाधन—

अब मैं कालसाधन को कहती हूँ जिससे कुण्डलिनी सिद्ध होती है । जब आनन्द युक्त चित्त के द्वारा सामरस्य आनन्द प्राप्त होता है तभी काल फलदायी होता है उस काल तक साधना करनी चाहिए । क्योंकि साधन से ही सिद्धि प्राप्त होती है अतः उस 'कालसाधन' की क्रिया करनी चाहिए ॥ २१५-२१६ ॥

शृणु नाथ नवीनत्वं येन याति नरोत्तमः ।
प्रातःकालं समारभ्य यावद्दण्डचतुष्टयम् ॥ २१७ ॥
शौचं स्नानादिकं कृत्वा चासनाभ्यासमाश्रयेत् ।

---

१. आनन्देन सहेति सानन्दं चेतः, तेनान्वितः । बहुव्रीहिगर्भस्तत्पुरुषसमासः ।

ततो योगधारणाञ्च ततः पूजादिकं प्रभो ॥ २१८ ॥
ततो जपादिकं कृत्वा प्राणायामं समाचरेत् ।
षट्षोडशद्वादशं तु कुण्डलीवायुधारणम् ॥ २१९ ॥
ततो न्यासं स्तोत्रपाठं कवचं नाममङ्गलम् ।
पठित्वा देवतां हृद्ये पुनरानीय यत्नतः ॥ २२० ॥
चरणोदकपानं तु पञ्चासवनिषेवणम् ।
दुग्धपानं ततः पश्चात् सन्ध्यावधि विधानतः ॥ २२१ ॥
रात्रौ ध्यानं सदा कृत्वा समाधिं क्रमतो लभेत् ।
एवं क्रमेण देवेश नवीनत्वं समाप्नुयात् ॥ २२२ ॥

(७) नवीनत्वप्राप्ति—

हे नाथ ! अब आप 'नवीनत्व' को सुनिए जिसके करने से उत्तम साधक 'नवीनत्व' को प्राप्त करता है । प्रातःकाल से लेकर चार दण्ड तक शौच एवं स्नान आदि नित्य कृत्य करके योगासन पर बैठ जाए । हे प्रभो ! इसके बाद योगधारणा आदि को करके पूजा आदि कर्म करना चाहिए । इसके जप आदि करके प्राणायाम करे । छः बार, सोलह बार या बारह बार प्राणायाम करते हुए कुण्डली में वायु धारण की क्रिया करे । इसके विभिन्न न्यासों को करके स्तोत्र पाठ एवं कवचपाठ तथा सहस्रनाम का पाठ करना चाहिए । इन्हें पढ़कर देवता को पुनः हृदय प्रदेश में यत्न पूर्वक सन्निहित करे । फिर देवी के चरणोदक का पान और पञ्च आसव का सेवन करे । फिर दूध पीकर विधानानुसार सन्ध्या तक कार्य करे । रात्रि में सदा ध्यान करके समाधि की अवस्था को क्रमशः प्राप्त करे । हे देवेश ! इस क्रम से साधना करने पर नवीनत्व की प्राप्ति हो जाती है ॥ २१७-२२२ ॥

ध्यानकथनम्

मम ध्यानं प्रवक्ष्यामि सावधानोऽवधारय ।
अनाश्रयं सदा ध्यायेदानन्दप्रणयादिभिः ॥ २२३ ॥

(८) सदाशिव एवं देवी का ध्यान—

अब मैं अपना ध्यान कहती हूँ, सावधान होकर उसे धारण कीजिए । प्रेम आदि के द्वारा आनन्द प्रदान करने वाले निराश्रय ईश्वर का ध्यान करना चाहिए ॥ २२३ ॥

निराश्रयं निराकारं मम ध्यानमुदीरितम् ।
रूपातीतं निर्विकल्पं[1] सर्वज्ञं योगवारिदम् ॥ २२४ ॥
कोटिसूर्यप्रतीकाशं तेजोबिम्बं निराकुलम् ।
ज्वालामालासहस्राढ्यं कालानलशतोपमम् ॥ २२५ ॥
दंष्ट्राकरालदुर्धर्षं जटामण्डलमण्डितम् ।
त्रिशूलं वरहस्तञ्च घोररूपं भयानकम् ॥ २२६ ॥

---

१. निर्गता विविधाः कल्पाः कल्पना यस्मात्तदिति बहुव्रीहिसमासः ।

अनन्तानन्तमहिमं [१] सर्वगामिनमीश्वरम् ।
सर्वतः पाणिपादं तत् सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम् ॥ २२७ ॥
सर्वमावृत्यं तिष्ठन्तं कण्ठस्थं कण्ठवायुगम् ।
मम ध्यानं सदा कृत्वा परं ब्रह्ममयो भवेत् ॥ २२८ ॥

मेरा ध्यान निराश्रय और निराकार कहा गया है । रूपातीत, निर्विकल्प, सर्वज्ञ, योगवारिद, कोटिसूर्यो की प्रभा के समान, तेजरूप बिम्ब वाले, निराकुल, ज्वाला की सहस्र मालाओं से आच्छादित, सैकड़ों प्रलयकालीन अग्नि के समान प्रोज्ज्वल, भयङ्कर दंष्ट्रा वाले, दुर्धर्ष (जिन्हें जीतना कठिन है), जटा के समूह से विभूषित हाथों में त्रिशूल एवं वर मूद्रा धारण करने वाले, घोररूप, भयानक, अनन्त-अनन्त महिमा वाले, सभी जगह जाने वाले, ईश्वर (सर्वसमर्थ), सभी ओर हाथ-पैर वाले एवं सभी ओर आँख, शिर एवं मुख वाले, सभी को आवृत करके विराजमान, कण्ठ में निवास करने वाले और कण्ठवायु गत अर्थात् प्राणमय मेरा (शङ्कर का) ध्यान करना चाहिए । वस्तुतः सदैव मेरा ध्यान करके साधक परम् ब्रह्ममय हो जाता है ॥ २२४-२२८ ॥

ममाज्ञा गुरुसद्भावं शृणु यत्नेन भैरव ।
कण्ठस्थं दैवतं देवगुरुरूपं महागुणम् ॥ २२९ ॥
आनन्दभैरवं पश्चान्महाकालं ततः परम् ।
ज्ञानानन्दं सदानन्दं भैरवानन्दमेव च ॥ २३० ॥
श्यामानन्दं शिवानन्दं कालानन्दमतः परम् ।
सुधानन्दं हरानन्दं सुरानन्दमतः परम् ॥ २३१ ॥
कुलानन्दं प्रियानन्दं यज्ञानन्दमतः परम् ।
ध्यानानन्दं परानन्दं योगानन्दं ततः परम् ॥ २३२ ॥
क्रोधानन्दं क्रियानन्दं बोधानन्दं ततः परम् ।
देवानन्दं जयानन्दं विजयानन्दमेव च ॥ २३३ ॥
ब्रह्मानन्दं प्रभानन्दं पूर्णानन्दं ततः परम् ।
जगदानन्दरूपं च ममाज्ञागुरुचक्रगम् ॥ २३४ ॥
ममाज्ञागुरुसद्भावं कृत्वाऽभ्यर्च्य विभावयेत् ।
कण्ठपद्मे स्थिरो याति साधकः स्थिरचेतसा ॥ २३५ ॥

(९) आज्ञा गुरु-सद्भाव—

हे भैरव ! अब मैं अपने 'आज्ञा गुरु-सद्भाव को कहती हूँ, उसे प्रयत्न पूर्वक सुनिए। कण्ठ में निवास करने वाले, देवता रूप, देवगुरु रूप तथा महागुण वाले निम्न गुरुओं का विभावन करना चाहिए—

१. आनन्दभैरव, २. महाकाल, ३. ज्ञानानन्द, ४. सदानन्द, ५. भैरवानन्द, ६. श्यामानन्द, ७. शिवानन्द, ८. कालानन्द, ९. सुधानन्द, १०. हरानन्द, ११. सुरानन्द,

---

१. अनन्तानन्तो महिमा यस्य, तम् ।

१२. कलानन्द, १३. प्रियानन्द, १४. यज्ञानन्द, १५. ध्यानानन्द, १६. परानन्द, १७. योगानन्द, १८. क्रोधानन्द, १९. क्रियानन्द, २०. बोधानन्द, २१. देवानन्द, २२. जयानन्द, २३. विजयानन्द, २४. ब्रह्मानन्द, २५. प्रभानन्द, २६. पूर्णानन्द और २७. जगदानन्द—ये २७ मेरे 'आज्ञागुरु' हैं जो चक्रगत हैं । मेरे इन 'आज्ञागुरुसद्भाव' को विभावन कर स्थिरचित्त से अर्चना करके साधक कण्ठपद्म में स्थिर हो जाता है ॥ २२९-२३५ ॥

कुलपीठपूजाकथनं

वक्ष्येऽहं देवदेवेश कुलपीठप्रदर्शनम् ।
कामस्थानं कामकलावेष्टितं योगिनीपदम् ॥ २३६ ॥
कामरूपं महापीठं कुलपीठं प्रकीर्तितम् ।
तस्य दर्शनमात्रेण जीवन्मुक्तो न संशयः ॥ २३७ ॥

(१०) कुलपीठप्रदर्शन—

कुलपीठ पूजा कथन—हे देवदेवेश ! अब मैं कुलपीठ पूजा का प्रदर्शन कहती हूँ । कामकला (ईं) से वेष्टित, कामस्थान, योगिनीपद, कामरूप, महापीठ और कुलपीठ कहा गया है । उसके दर्शन मात्र से साधक जीवन्मुक्त हो जाता है—इसमें सन्देह नहीं करना चाहिए ॥ २३६-२३७ ॥

तत्प्रकारविधिं वक्ष्ये सावधानोऽवधारय ।
कुलपीठे समागम्य यद तद्गतमानसः ॥ २३८ ॥
तदैव पूजनं कृत्वा किं न सिद्ध्यति भूतले ।
आदौ भवेत् कालरूपभूपतिः[1] सिद्धिदर्शकः[2] ॥ २३९ ॥

अब मैं कुल पीठ पूजा का प्रकार और उसकी विधि कहती हूँ उस विधि को सावधान होकर धारण कीजिए । कुलपीठ में (मानस पूजा करते हुए) आकर जब साधक तद्गत मन वाला हो जाता है तभी पूजा करके साधक इस भूतल पर क्या क्या सिद्धि नहीं प्राप्त कर सकता ? पहले सिद्धि का दर्शक साधक काल्परूपभूपति हो जाता है ॥ २३८-२३९ ॥

कुलपूजाविधानेन निजपीठे प्रपूजयेत् ।
कामेश्वरीं कालकन्यां कामकौतूहलोज्ज्वलाम् ॥ २४० ॥
कालरूपां प्रपूज्याथ सर्वभावेन पूजयेत् ।
सुधादानं पाद्यदानं अर्घ्यमांसादि मुद्रया ॥ २४१ ॥

कुलपूजा के विधानानुसार कुलपीठ पर कामेश्वरी कालकन्या, कामकौतूहलोज्ज्वला एवं कालरूपा देवी के सभी भावों से पूजा करनी चाहिए । सुधा (अमृत) समर्पण, पाद्य प्रदान और अर्घ्य एवं मांस आदि मुद्रा के द्वारा पूजन करना चाहिए ॥ २४१ ॥

---

१. कालस्य रूपमिव रूपं यस्यासौ कालरूपः, भुवः पतिर्भूपतिः । कालरूपश्चासौ भूपतिश्चेति कर्मधारयः ।

२. पश्यति इति दर्शकः, दृशेर्ण्वुल्प्रत्ययः कर्तरि । सिद्धीनां दर्शक इति ।

आचमनीयं सकुलं गन्धमालिङ्गनादिकम् ।
नखदंष्ट्राक्षतादीनि पुष्पाणि विविधानि च ॥ २४२ ॥
समूहधूपदानं तु कुलपीठप्रदर्शकम् ।
तत्स्पर्शनं भवेद्दीपः प्रवेशो हि कुलान्तरे ॥ २४३ ॥

कुल के सहित सभी को आचमन, गन्ध एवं आलिङ्गन, नख, दंष्ट्रा तथा अक्षत एवं विविध पुष्पों से पूजा करनी चाहिए ॥ २४२ ॥

धूप एवं दीपदान समूह में सबको करना चाहिए । कुलपीठ के प्रदर्शक तथा उनका स्पर्शन करने वाला दीपक कुलान्तर में प्रवेश करने वाला होता है ॥ २४३ ॥

तन्नैवेद्यं महासौख्यं सर्वतन्त्रेषु गोपितम् ।
कुलद्रव्यं तु पानार्थं ततस्ताम्बूलभक्षणम् ॥ २४४ ॥
स्थापनं तर्पणं विद्धि मम पूजाक्रमादिकम् ।
तन्मूलेन यथा नाथ पूर्वोक्तेन प्रकारयेत् ॥ २४५ ॥

उनका नैवेद्य महान् सुखकारी है एवं सभी तन्त्रों में छिपा हुआ गुप्त है । पान के लिए कुल द्रव्य है, इसके बाद ताम्बूल भक्षण कराना चाहिए । मेरे पूजा के क्रम में स्थापन एवं तर्पण को जानना चाहिए । हे नाथ ! उसके मूल मन्त्र के द्वारा पूजा पूर्वोक्त प्रकार से करनी चाहिए ॥ २४४-२४५ ॥

कुण्डलीगमनवर्णनम्

कुण्डलीगमनं वक्ष्ये संक्षेपाच्छृणु वल्लभ ।
कायशोधनमाकृत्य आसनादिकमाचरेत् ॥ २४६ ॥
प्राणायामं त्रिधा कृत्वा भूतन्यासं समाचरेत् ।
अङ्गन्यासकरन्यासौ[१] बीजन्यासेषु षोढया ॥ २४७ ॥
व्यापकं पञ्चधा कृत्वा भूतशुद्धिं समाचरेत् ।
जीवेनैक्यं विभाव्यैव ब्रह्मरन्ध्रे निवेशयेत् ॥ २४८ ॥

(११) कुण्डलीगमन—

हे वल्लभ् ! अब मैं कुण्डली के गमन को कहती हूँ, संक्षेप में उसे सुनिए । साधक को शरीर शोधन (नित्य कर्म) करके आसनादिक करना चाहिए । तीन बार प्राणायाम करके भूतन्यास करना चाहिए । षोढा अङ्गन्यास, कराङ्गन्यास एवं बीजन्यास करके पांचधा व्यापक न्यास करके साधक को भूतशुद्धि करनी चाहिए । उसमें से एक जीव की भावना करके उस जीव को ब्रह्मरन्ध्र में प्रविष्ट कराना चाहिए ॥ २४६-२४८ ॥

ब्रह्मरन्ध्रे ततो गत्वा सुषुम्नामुखमाश्रयेत् ।
तन्मध्ये कर्णिकास्थानं तन्मध्ये च चतुर्दलम् ॥ २४९ ॥

---

१. अङ्गेषु न्यासः, करयोश्च न्यासो देवतास्थापनम् । द्वयोर्द्वन्द्वः ।

चतुर्दलान्ते सा देवी विभाति तामुपाश्रयेत् ।
तामुपकुञ्च्य यत्नेन सिद्धरूपी प्रबुद्धयेत् ॥ २५० ॥

ब्रह्मरन्ध्र में जाकर तब सुषुम्ना के मुख पर उस जीव का आश्रयण करना चाहिए । उस सुषुम्ना-मुख के मध्य मे कर्णिका स्थान है, उसके मध्य में चतुर्दल है, चतुर्दल के अन्त में देवी विराजमान हैं उन्हीं की पूजा करनी चाहिए । उन देवी का उपकुञ्चन (जागरण) करके प्रयत्नपूर्वक सिद्धरूप का प्रबोधन करना चाहिए ॥ २४९-२५० ॥

देवैः सार्धं ततो गच्छेत् षड्दले काकिनीस्थले ।
तया सार्धं कुण्डलिन्या देवैर्गच्छेद् दशच्छदे[१] ॥ २५१ ॥
एवं क्रमेण हृत्पद्मं षोडशारं ततः परम् ।
द्विदलं भेदमाकृत्य बोधिनीचक्रमाश्रयेत् ॥ २५२ ॥

इसके बाद देवताओं के साथ काकिनी देवी के निवास स्थान षड्दल कमल पर जाए । तब उन कुण्डलिनी देवीके साथ देवताओं के सहित दशदल कमल पर जाना चाहिए ॥ २५१ ॥

इसी क्रम से हृत्कमल षोडशार पर जाना चाहिए । इसके बाद द्विदल कमल पर आकर बोधिनी चक्र का साधक को आश्रयण करना चाहिए ॥ २५२ ॥

ततः कटाहमाभेद्य पूर्णशैलं समाश्रयेत् ।
ततोऽसौ ह्युन्मनीं भित्वा घटाधारे मनोलयम् ॥ २५३ ॥

इसके बाद कटाह का भेदन करके पूर्णशैल पर समाश्रयण करे । इसके बाद इसके उन्मनी का भेदन करके घटाधार पर मन का विलय करना चाहिए ॥ २५३ ॥

तदूर्ध्वे प्रलयाकारं ब्रह्मचक्रं निराकुलम् ।
तदूर्ध्वे ब्रह्मदण्डं तु तदूर्ध्वे केवलं जलम् ॥ २५४ ॥
सर्वं जलं समालम्ब्य सहस्रारं प्रभामयम् ।
तदूर्ध्वे कर्णिकास्थानं सिद्धखड्गं तदूर्ध्वके ॥ २५५ ॥
सर्वबीजमयं नाथ मातृकामण्डलं ततः ।
मातृकामण्डलोर्ध्वे च प्रेतबीजं सुधामयम् ॥ २५६ ॥
प्रेतासनोपरि ध्यायेन्महाकालकुलेश्वरीम् ।
तत्रैव श्रीपदाम्भोजतले संस्थापयेन्मनः ॥ २५७ ॥

उसके ऊपर प्रलायाकार एवं निराकुल 'ब्रह्मचक्र' का पूजन करे । उसके ऊपर ब्रह्मदण्ड है और उसके ऊपर मात्र जल है । सभी जल का स्पर्श कर प्रदीप्त सहस्रार है । उसके ऊर्ध्व में कर्णिका स्थान है उसके ऊपर सिद्ध खड्ग है । हे नाथ ! उसके बाद सर्वबीजात्मक मातृकामण्डल है । मातृकामण्डल के ऊपर सुधामय प्रेतबीज (सोऽहं) है । उस प्रेतासन के ऊपर महाकाल एवं कुलेश्वरी का ध्यान करना चाहिए । वहीं पर श्रीपदाम्भोज के नीचे मन को संस्थापित करना चाहिए ॥ २५४-२५७ ॥

---

१. दश दशच्छदा यत्रासौ दशच्छदः, यथा सप्तच्छदो भवति वृक्षस्तद्वत् ।

पूर्वोक्तदेवताभिस्तु लययोगेन लेपयेत् ।
तत्रैव स्थित्वा संध्यायेन्मूलेऽनलमनुं प्रभो ॥ २५८ ॥

पूर्वोक्त देवताओं के साथ लययोग से लेपन करना चाहिए । हे प्रभो ! वहीं पर रहकर मूल में अनल (रं) मन्त्र का ध्यान करना चाहिए ॥ २५८ ॥

वायुबीजेन प्रज्वाल्य दहेद्देहं यतीश्वरः ।
तन्नेत्रद्वयपर्यन्तं कर्णयुग्मावधि प्रभो ॥ २५९ ॥
प्रदह्य भ्रूदले नेत्रे वह्नौ वह्निलयं चरेत् ।
तच्छिखापटलेनैव क्षरन्ति ब्रह्मबिन्दवः ॥ २६० ॥

उस अग्निबीज (रं) को वायुबीज (यं) से प्रज्वलित करके साधक यतीश्वर अपने शरीर का दहन कर देना चाहिए । हे प्रभो ! उसको नेत्रद्वय से लेकर दोनों कर्ण पर्यन्त तक जला दें । भ्रूपद्म में दोनों नेत्रों में वह्नि को वह्नि में विलीन कर दे । उसके शिखा पटल से ही ब्रह्म बिन्दुओं का क्षरण होता है ॥ २५९-२६० ॥

तद्बिन्दुधारया देहं वरुणैः प्लावयेत्ततः ।
शुद्धदेहं ततो ध्यायेद् बीजेन प्रथमाङ्कुरम् ॥ २६१ ॥
अधोमार्गेण सन्ध्यायेत् कुण्डलिन्या गमागमम्[1] ।
इत्येतत् कथितं नाथ कुण्डलीगमनादिकम् ॥ २६२ ॥

उन ब्रह्मबिन्दुओं की धारा से देह को वरुणों के द्वारा आप्लावित करे । इसके बाद (स्नान से) शुद्ध उस बीज से प्रथमांकुरित शरीर का ध्यान करे ॥ २६१ ॥

इस प्रकार अधोमार्ग से कुण्डलिनी का आने जाने का ध्यान करे । हे नाथ इस प्रकार कुण्डलिनी के गमनादिक विधान को कहा है ॥ २६२ ॥

साधकालम्बनकथनम्

साधकालम्बनं[2] वक्ष्ये येन सिद्धो हि साधकः ।
प्राणविद्यासुसिद्धिः स्यादायुरारोग्यमालभेत् ॥ २६३ ॥
श्रीकारुणोऽकारणगुप्तभावे
विभावयामि प्रियपादपद्मम्[3] ।
एवं मनोयोगमुपेत्य नित्यं
श्रीसाधकालम्बनमेव सम्पदम् ॥ २६४ ॥

(१२) साधकों के कुल—

साधक के आलम्बन का कथन—हे प्रभो ! अब मैं आपसे साधकों के लिए आलम्बन

---

१. गमश्चागमश्चेत्यनयोः समाहारो गमागमम् ।

२. साधकस्यालम्बनमाश्रयः ।

३. प्रियौ च तौ पादौ च प्रियपादौ तौ पद्ममिव, इति उपमितसमासः ।

विषय को कहती हूँ जिससे साधक सिद्ध योगी हो जाता है । इसके ज्ञान से प्राणविद्या की सम्यक् सिद्धि हो जाती है और आयु एवं आरोग्य का लाभ होता है ॥ २६३ ॥

मैं प्रिय चरण कमल का श्रीकारुण-अकारण गुप्त भाव में विभावन करता हूँ । इस प्रकार मनोयोग की दशा में आकर नित्य श्रीसाधक का आलम्बन ही सर्व सम्पदा है ॥ २६४ ॥

नित्योपलब्धिविज्ञाने सुन्दरीचरणाम्बुजे ।
आत्मानमर्पयन् भावैः साधकालम्बनं हि तत् ॥ २६५ ॥

इस प्रकार नित्योपलब्धि विज्ञान में सुन्दरी के चरण कमल में भावों के द्वारा अपनी आत्मा को समर्पित करना ही 'साधकालम्बन' है ॥ २६५ ॥

वर्णध्यानं शृणु प्रीतः शङ्कर प्राणशङ्कर ।
मूलादिब्रह्मरन्ध्रान्तमकारादीन् स्मरेद् बुधः ॥ २६६ ॥
स्मृत्वा ग्रथित्वा मनुना विलोमेन पुनः पुनः ।
भावयेन्मनसा योगी सत्त्वाधिष्ठानतत्परः ॥ २६७ ॥

(१३) वर्ण का ध्यान—

हे शङ्कर ! हे प्राणशङ्कर ! प्रसन्नता के साथ अब आप **वर्णध्यान** को सुनिए । विद्वान् साधक को मूलादि से लेकर ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त अकारादिकों का स्मरण करना चाहिए ॥ २६६ ॥

स्मरण करके और पुनः पुनः विलोम से मन्त्र द्वारा उसे ग्रथित करके सत्त्वाधिष्ठान में तत्पर योगी मन से भावना करे ॥ २६७ ॥

कोटिसूर्यायुताभासं प्रत्येकग्रन्थिभेदतः ।
मन्त्राक्षरं परंब्रह्म ध्यात्वा ध्यात्वा विभाकरम् ॥ २६८ ॥
भित्वा सहस्रारमध्यं क्षकारं भाति चन्द्रगम् ।
अनुलोमविलोमेन[१] विभाव्य ध्यानमाचरेत् ॥ २६९ ॥

प्रत्येक ग्रन्थि के भेद से करोड़ो सूर्य के प्रकाश से युक्त आभा वाले विभाकर परब्रह्म स्वरूप मन्त्राक्षरों का ध्यान करके सहस्रार मध्य का भेदन करके चन्द्रगत क्षकार भासमान है । इस प्रकार अनुलोम एवं विलोम क्रम से भावना करके ध्यान करना चाहिए ॥ २६८-२६९ ॥

अकारादिक्षकारान्तं वर्णध्यानं समीरितम् ।
दलभेदं प्रवक्ष्यामि यत्र यत्र पदे स्थितिः ॥ २७० ॥
विसर्गाद् बिन्दुपर्यन्तो दलभेदः प्रकीर्तितः ।
तथापि शृणु योगेन्द्र सङ्केतार्थविनिर्णयम् ॥ २७१ ॥

अकारादि से लेकर क्षकार पर्यन्त वर्णों का ध्यान इस प्रकार (से विभावन करके) कहा गया है ॥ २७० ॥

---

१. अनुलोमेन सहिता विलोमस्तेन । अनुगतं च तल्लोम चेति—अच्प्रत्ययः समासान्तः ।

(१४) दलभेद—

हे प्रभो ! अब मैं (कमल) दल के भेद को कहती हूँ जहाँ-जहाँ पद में (जिसकी) स्थिति है । (कमल) दल के भेद विसर्ग से लेकर बिन्दु पर्यन्त कहे गए हैं । हे योगेन्द्र सङ्केतार्थ का निर्णय भी सुनिए ॥ २७०-२७१ ॥

देवतादक्षिणावर्त्या योगेन भावयेद्दलम् ।
एवं मूलादिपद्मानां भेदः श्रीकण्ठभूषण ॥ २७२ ॥
एवं सहस्रारपद्मदलभेदः प्रकीर्तितः ।

दल में साधक योगी (मनसा) योग के द्वारा दक्षिण क्रम से (बाएँ से दाएँ) देवता का ध्यान करे । हे श्रीकण्ठ भूषण इस प्रकार मूलादि पद्मों (मूलाधारपद्म) के भेद हैं । इसी प्रकार (दक्षिणावर्त्य) सहस्रार पद्मदल का भेद भी कहा गया है ॥ २७२-२७३ ॥

स्फूर्तिविद्यां प्रवक्ष्यामि अकस्मात्सिद्धिदायिनीम् ॥ २७३ ॥
निरन्तरं जपेद्विद्यां समभावपरायणः ।
अकस्मात्स्फूर्तिविद्यः स्यात्काव्यवाक्पतिरीश्वरः ॥ २७४ ॥
वाचां सिद्धिः करे तस्य कुब्जिकासिद्धिरेव च ।
यदि कण्ठाम्बुजे ध्यायेत् काकचञ्चुपुटस्थितः ॥ २७५ ॥
इत्येताः स्फूर्तिविद्या हि [१] सर्वपद्मदलस्थिताः ।

(१५) स्फूर्तिविद्यावियोग—

हे प्रभो ! अब मैं अकस्मात् सिद्धि देने वाली **स्फूर्तिविद्या** को कहती हूँ । साधक सम भाव में परायण होकर निरन्तर विद्या का जप करे । जिस साधक को अकस्मात् स्फूर्ति विद्या होती है वह काव्य कर्ता, वाक्पति एवं (सर्व विद्या में) समर्थ होता है; उसके हाथ में वाक् सिद्धि और कुब्जिकासिद्धि भी प्राप्त होती है । काकचञ्चुपुटस्थितः होकर साधक यदि कण्ठाम्बुज में ध्यान करे तो यही सभी पद्मों में स्थित स्फूर्तिविद्या कही गई है ॥ २७३-२७६ ॥

वियोगं सम्प्रवक्ष्यामि येन मन्त्री च निर्भयः ॥ २७६ ॥
स्त्रीपुत्रधनमित्रादिलोभमोहादिपातकम् ।
वर्जयित्वा तनुक्लेशं विवेकं समुपाश्रयेत् ॥ २७७ ॥
वियोगः स हि विज्ञेयो मन्त्रन्यासपरायणः ।

हे प्रभो ! अब मैं **वियोग** को कहती हूँ जिससे मन्त्र जापक साधक निर्भय हो जाता है । स्त्री, पुत्र, धन एवं मित्रादि तथा लोभ-मोहादि पातक और शरीर के क्लेश एवं विवेक को छोड़कर उसे देवी का उपासक हो जाना चाहिए । मन्त्र एवं न्यास में परायण होकर सभी कुछ छोड़कर देवी के परायण होना ही वियोग जानना चाहिए ॥ २७६-२७८ ॥

अथ वक्ष्ये त्रियोगेन्द्र पूर्वज्ञानसमोदयम् ॥ २७८ ॥

---

१. सर्वाणि च तानि पद्मानि च, तेषां दलेषु पत्रेषु स्थिताः ।

काले काले क्रियासिद्धिश्चण्डिकापार्श्वगो भवेत् ।
पूर्वस्यां दिशि पूर्वाह्णे वदनाम्भोजमण्डलः ॥ २७९ ॥
ज्ञानद्रव्यसमरसैरुदयं भावयेद् रविम् ।
पूर्वं पूर्वस्वजन्मादिज्ञानसमोदयं लभेत् ॥ २८० ॥

(१६) पूर्वज्ञानसमोदय—

हे त्रियोगेन्द्र ! अब मैं पूर्वजन्म के **ज्ञान के समोदय** को कहती हूँ । समय-समय पर क्रियासिद्धि चण्डिका के परायण होने से होती है । पूर्वा में पूर्व दिशा में उनका मुखकमल का मण्डल विराजमान है । ज्ञान, द्रव्य का समरस का उदय होते हुए रवि की भावना करनी चाहिए। इस क्रिया से पूर्व-पूर्व के जन्म की बातों का ज्ञान उसे हो जाता है ॥ २७९-२८० ॥

आकाशे च मनो दत्वा आकाशाख्यं स्मरन्मनुम् ।
पूर्वजन्मादिसञ्ज्ञानं जानाति समभावकः ॥ २८१ ॥
इति ते कथितं नाथ पूर्वज्ञानसमोदयम् ।

आकाश में मन समाहित कर आकाशाख्य मन्त्र का स्मरण करते हुए सम भाव वाला साधक पूर्वजन्मादि के ज्ञान को जान लेता है । हे नाथ ! इस प्रकार मैंने पूर्वज्ञान समोदय को आप से कहा है ॥ २८१-२८२ ॥

अथात्र संप्रवक्ष्यामि सिद्धः शुद्धः फलार्थभाक् ॥ २८२ ॥
येन क्रमेण सम्भूयात् खेचरीमेलनं प्रभो ।
या या समरसप्राप्तिः सा सैव फलसिद्धिदा ॥ २८३ ॥
शृणु संक्षेपतो वक्ष्ये पश्चाद्वक्तव्यमेव तत् ।
आसनादिकमाकृत्य कायसङ्कोचमाचरन् ॥ २८४ ॥
कामलता क्षुद्रतरैर्भेदिता वसनाग्रकैः ।
तालुमूलोत्तरे. मूले नियोज्य मधुपो भवेत् ॥ २८५ ॥

(१७) समरस की प्राप्ति—

हे प्रभो ! अब मैं सिद्ध पुरुष का **शुद्ध फल एवं अर्थ का कहने वाला ज्ञान** कहती हूँ । जिसके क्रम द्वारा खेचरी का मिलन होता है । साधक को जो जो समरस की प्राप्ति होती है वह वैसे ही फल की सिद्धि प्रदान करने वाली होती है । यद्यपि इसे बाद में कहना चाहिए तथापि इसे आप से संक्षेप से कहती हूँ उसे सुनिए । आसनादिक क्रियाओं को करके शरीर का संकोचन करते हुए अत्यन्त क्षुद्ररूप से भेदित कामलता वासनाग्रकों (जिह्वाग्र) के द्वारा तालुमूल के उत्तर भाग में मूल में नियोजित करके (ब्रह्मरन्ध्र से चूते हुए अमृत रूप) मधु का पान करना चाहिए ॥ २८२-२८५ ॥

तदैव जपमाकृत्य वायुं धृत्वा मधुं पिबेत् ।
सा स्यात्समरसप्राप्तिः कामलिङ्गे स्थिरो भवेत् ॥ २८६ ॥

तभी तक जप करके वायु को धारण करके मधु का पान करना चाहिए । वह समरस

की प्राप्ति होती है जिसमें कामलिङ्ग में (मन) स्थिर होता है । इस प्रकार हमने मुख्य विद्या को कहा है ॥ २८६ ॥

इत्येषा कथिता विद्या लताभेदं शृणु प्रभो ।
श्वेतवाट्यालसूत्रेण[1] निर्मिता या लता शुभा ॥ २८७ ॥
अथवा पद्मसूत्रेण लतां कुर्याद्विचक्षणः ।
अष्टादशाङ्गुलमितं नातिसूक्ष्मं प्रमाणवत् ॥ २८८ ॥
जित्वाधः सन्निवेश्याथ घर्षयेत् कामसुन्दर ।
तदा जित्वा स्वयं याति घर्षणेन पुनः पुनः ॥ २८९ ॥
पश्चाज्जित्वा क्रियां कुर्यात्तालुमूले निधाय च ।
क्रमेणामृतमाप्नोति जिह्वाधश्छेदने ध्रुवम् ॥ २९० ॥

(१८) कायकल्पन—

अब हे प्रभो ! आप **कायलता के भेदन** को सुनिए । श्वेतबटी हुई सूत्र से निर्मित जो शुभालता है अथवा पद्मसूत्र से विचक्षण साधक लता बनाए । १८ अङ्गुल की यह लता अत्यन्त सूक्ष्म न हो । हे काम सुन्दर जिह्वाधः भाग में सन्निवेषित करके इससे घर्षण करे । इस प्रकार पुनः पुनः घर्षण से तब वह जित्वा स्वयं जाती है । तब पीछे जाकर तालुमूल में उसे रखकर (घर्षण) क्रिया करे । इस प्रकार करके क्रमशः जिह्वाके अधः छेदन से निश्चित ही अमृत की प्राप्ति होती है ॥ २८६-२९० ॥

सा स्यात्समरसप्राप्तिर्यदि मन्त्राक्षरं भजेत् ।
जीवब्रह्मबुद्धिमन्तास्तु तिष्ठन्ति निरञ्जने ॥ २९१ ॥
कूष्माण्डाकारदेही च ब्रह्मसाधनतत्परः ।
सदा समरसप्राप्तिरनायासेन लभ्यते ॥ २९२ ॥

यदि मन्त्राक्षर का भजन करे तो वह समरसता की प्राप्ति साधक को प्राप्त हो जाती है। जीव एवं ब्रह्म की बुद्धि निरञ्जन आत्मा में (एकरस होकर) बैठ जाती है ॥ २९१ ॥

ब्रह्मसाधन में तत्पर योगी के कोहड़े के आकार का जीव सदैव अनायास ही समरसता की प्राप्ति करता रहता है ॥ २९२ ॥

जले स्थले भूमिगर्ते शरीरं नापि नश्यति ।
अजरामरदेही स्याद् योगोऽयं योगिदुर्लभः ॥ २९३ ॥
कायकल्पनमावक्ष्ये येन सिद्धपतिर्भवेत् ।
शृणुष्वैकमनाः शम्भो गृहस्थानां तु दुर्लभम् ॥ २९४ ॥

उस योगी का शरीर जल, स्थल या गड्ढे में भी नष्ट नहीं होता है । उसकी आत्मा सदैव अजर-अमर हो जाती है । यह योग अन्य प्रकार के योगियों को दुर्लभ है ॥ २९३ ॥

अब मैं **कायाकल्प** (=शरीर का नवीन यौवन प्राप्त करना) कहती हूँ जिससे योगी

---

१. श्वेतं यद् वाट्यालसूत्रं तेनेत्यर्थः । वाट्यालः कश्चन सूत्रारम्भकपदार्थः ।

सिद्धों का भी स्वामी हो जाता है । हे शम्भो ! आप सावधान मन होकर सुनिए यह ज्ञान गृहस्थों को अत्यन्त दुर्लभ है ॥ २९४ ॥

महारण्ये पद्मवने शीतले गन्धशोभिते ।
कायकल्पनमाकृत्य[1] भावयेत् कण्ठपङ्कजम् ॥ २९५ ॥
उदारचित्तः सर्वत्र वैष्णवाचारतत्परः ।
पद्मे पद्मे स्वदेहस्य कल्पना च दले दले ॥ २९६ ॥

पद्मवन के महान् वन (कण्उपद्म) में जो शीतल एवं सुगन्धि से शोभित हैं उस कण्ठाम्बुज में कायाकल्प की भावना करनी चाहिए ॥ २९५ ॥

वैष्णवाचार में तत्पर योगी सदैव उदारचित्त होकर अपने देह (के यौवन) की कल्पना (शरीर में स्थित अन्य) पद्मों एवं अन्य दलों में करे ॥ २९६ ॥

क्रमशः कण्ठपद्मे च स्वीयदेहस्य कल्पना ।
क्रियते यदि योगेन्द्रैस्तदा देहस्य रक्षणम् ॥ २९७ ॥
अन्यथा मृत्युवश्यः स्याद् योगभ्रष्टो भवेन्नरः ।
एवं क्रमेण सर्वत्र कुर्यात् कायस्य कल्पनम् ॥ २९८ ॥
जरामरणदुःखाद्यैर्मुच्यते[2] मोहसङ्कटात् ।

इसी प्रकार क्रमशः अपने कण्ठपद्म में अपने शरीर की कल्पना यदि योगेन्द्र साधकों द्वारा की जाती है तब देह का रक्षण होता है । अन्यथा योगी योगभ्रष्ट हो जाता है और वह मृत्यु के वशीभूत हो जाता है । इसी क्रम से सर्वत्र (सभी पद्मों में) कायाकल्प करना चाहिए । इससे योगी बुढ़ापा एवं मृत्यु आदि दुःखों से तथा मोहरूप सङ्कट से छुटकारा प्राप्त कर लेता है ॥ २९८-२९९ ॥

अथान्यत् सम्प्रवक्ष्यामि कायकल्पनमेव तत् ॥ २९९ ॥

कायकल्पननिरूपणम्

नानापीठे त्वसाध्ये च [3]चक्षुरिन्द्रियवर्जिते ।
मनोगम्ये स्थिरो भूत्वा स्वदेहमपि कल्पयेत् ॥ ३०० ॥

हे प्रभो ! अब मैं **अन्य प्रकार के कायाकल्प** को कहती हूँ (उसे सावधान होकर सुनिए) । चक्षु इन्द्रिय को छोड़कर नाना प्रकार के असाध्य एवं मनोगम्य पीठों में स्थिर होकर अपने देह की भी कल्पना करे ॥ २९९-३०० ॥

वाराणस्यादिपीठे च महाज्वालामुखीपदे ।
कुरुक्षेत्रे प्रयागे च दक्षिणे द्वारकादिषु ॥ ३०१ ॥

---

१. कायस्य देहस्य कल्पनं नवनिर्माणम् ।

२. जरा च मरणं च जरामरणे त एव दुःखे, ते आद्ये येषां तैः ।

३. चक्षुरिन्द्रियेण वर्जिते इति । यत्र यक्षुरिन्द्रियस्य गतिर्न भवति, एवंभूते मनोगम्ये विषये इत्यर्थः ।

हरिद्वारोदये तीर्थे मार्कण्डेये च कापिले ।
वृन्दावने गुह्यपीठे गङ्गायमुनयोस्तटे ॥ ३०२ ॥
पुष्करे पृथिवीतीर्थे कायतीर्थे गयादिषु ।
कालकल्पनमाकृत्य श्रद्धावान् पूजयेत्परम् ॥ ३०३ ॥

वाराणसी आदि ५१ पीठों में और महाज्वालामुखी रूप स्थान पर तथा (देह के) दक्षिण में स्थित कुरुक्षेत्र एवं प्रयाग और द्वारका आदि (तीर्थों) में, हरिद्वार के उदयस्थान तीर्थ में, मार्कण्डेय एवं कपिल तीर्थ, वृन्दावन, गुह्यपीठ, गंगा यमुना के तट पर, पुष्कर तीर्थ, पृथ्वीतीर्थ, कायतीर्थ, गया आदि तीर्थों में श्रद्धावान् योगी साधक कायाकल्प की भावना करते हुए श्रेष्ठ परब्रह्म की पूजा करे ॥ ३०१-३०३ ॥

सदाशिवं साकिनीशं शाकिनीयोगिनीगणैः ।
वेष्टितं परया भक्त्या ध्यात्वा देहं प्रकल्पयेत् ॥ ३०४ ॥
प्रकल्प्य स्वतनुं तत्र ततो देवस्य कल्पयेत् ।
येषां मनसि यद्ध्यानं तद्ध्यानं कायकल्पनम् ॥ ३०५ ॥
एतत्कायकल्पनेन मौनी वाक्सिद्धिमाप्नुयात् ।
इदानीं कामदेवस्य मथनं शृणु भैरव ॥ ३०६ ॥

साकिनी के स्वामी सदाशिव एवं शाकिनी को योगिनियों के समूहों से घिरे हुए ध्यानकर उत्कृष्ट भक्ति भावना से देह का प्रकल्पन करे । वहाँ पर अपने भी देह की कल्पना करने के बाद तब देवताओं की (उपस्थिति की) कल्पना करे । मन में जिसका ध्यान होता है उसी का ध्यान कायाकल्प है । इस कायाकल्प से मौन हुआ साधक वाक्सिद्धि (जो कह दे वहीं हो जाय) प्राप्त कर लेता है ॥ ३०४-३०६ ॥

कामदेवस्य मथनं सुखदं मोक्षदं परम् ।
यावद् बिन्दुः स्थिरो देहे तावन्मृत्युभयं कुतः ॥ ३०७ ॥
बिन्दुपाताद्भवेन्नाशस्ततो हि बिन्दुरक्षणम् ।
तत्तदौषधमावक्ष्ये येन बिन्दुः स्थिरो भवेत् ॥ ३०८ ॥

(१९) कामदेव का मथन और उसकी व्यवस्थिति—

हे भैरव ! अब आप कामदेव मंथन को सुनिए । कामदेव का मंथन अत्यन्त सुखदायी एवं मोक्ष देने वाला है । जब तक देह में बिन्दु (वीर्य) स्थिर रहता है तब तक साधक को मृत्यु का भय कहाँ ? वस्तुतः बिन्दु (वीर्य) के पतन से ही नाश होता है । अतः बिन्दु की रक्षा करनी चाहिए । इसलिए जिस औषधि से बिन्दु स्थिर हो जाता है उस औषधि को अब मैं कहती हूँ ॥ ३०६-३०८ ॥

नित्यं सेवनमाकुर्यादेतेषां मूलमाहरन् ।
श्वेतापराजितामूलं सिद्धिमूलं ततः परम् ॥ ३०९ ॥
शतपर्णिमूलमेकं कदम्बमूलमेव च ।
श्वेतकुन्दपुष्पमूलं करवीरं तथाशितम् ॥ ३१० ॥

कृष्णधुस्तूरमूलं[1] तु सेफालीमूलमेव च ।
चितामूलं तथा शम्भो निर्गुण्डीमूलमाहरन् ॥ ३११ ॥

निम्न औषधियों के मूल को लेकर नित्य सेवन करना चाहिए—

१. श्वेत अपराजिता की जड़, २. सिद्धि की जड़ (सिद्धमूल), ३. शतपर्णिमूल, ४. कदम्बमूल, ५. श्वेत कुन्द पुष्प मूल, ६. करवीर की जड़, ७. आशित की जड़, ८. कृष्ण धतूर की जड़, ९. सेफाली की जड़, १०. चितामूल, और हे शम्भो ! ११. निर्गुण्डी की जड़ लाकर (नित्य सेवन करे) ॥ ३०९-३११ ॥

एकीकृत्य विधानेन [2]रविवारेऽर्कमूलकैः ।
समभागेन योगेन्द्र चूर्णीकृत्य पृथक् पृथक् ॥ ३१२ ॥
शुक्रवारे च पूर्वाह्णे मिश्रं कुर्याद्दिनत्रयम् ।
षड्रात्रि शोधयेत् काममुद्राभिर्वामदेवताः ॥ ३१३ ॥

रविवार के दिन अर्कमूलों के साथ (निम्न) विधानानुसार सभी को इकट्ठा कर, हे योगेन्द्र ! उन्हें समभाग में अलग-अलग चूर्ण बना ले । शुक्रवार को पूर्वाह्न में इन्हें मिलावें और तीन दिन एवं छः रात्रि तक अर्थात् ९ दिन तक इनका शोधन (वामदेवता ?) काम मुद्राओं के द्वारा करे ॥ ३१२-३१३ ॥

मध्यमाङ्गुलिमुत्तोल्य दक्षिणेनापि मुष्टिना ।
धृत्वा च शोधयेदादौ द्रव्यमूलानि साधकः ॥ ३१४ ॥

मध्यमा अङ्गुली को उठाकर दक्षिण मुष्टी में रखकर साधक पहले उन द्रव्यमूलों का शोधन करे ॥ ३१४ ॥

विजयाचूर्णयोगेन पिबेच्चूर्णं द्वितोलकम् ।
अर्धतोलकमुनैक्यं विजयाः सार्धतोलकाः ॥ ३१५ ॥
मिश्रीकृत्य विधानेऽपि तत्तत्कुजदिने शुभे ।
एतत्प्रभक्षणेनैव मदनं वशमानयेत् ॥ ३१६ ॥

दो तोला उस चूर्ण को विजया चूर्ण के साथ मिलाकर पीना चाहिए । आधा तोला मुनक्का और डेढ़ तोला विजया का विधानपूर्वक मिश्रण करके उसे शुभकारी मङ्गलवार के दिन भक्षण करें । इस प्रकार इसका भक्षण करने से कामदेव वश में आ जाते हैं ॥ ३१५-३१६ ॥

यदा मनसि आयाति पुष्पधन्वा महाबली ।
तदा तं पूजयित्वा च कामदेवं निवारयेत् ॥ ३१७ ॥

जब महान् बलवान् कामदेव मन में आवे, तभी उनका पूजन करके उन्हें निवारित कर दे अर्थात् मन में आने से रोक दे ॥ ३१७ ॥

---

१. कृष्णो यो धुस्तूरस्तस्य मूलम् । धत्तुरपदमपि तत्रार्थे प्रयुज्यते ।
२. अर्को मन्दारस्तस्य मूलकैः । मूलान्येव मूलकानि स्वार्थे कप्रत्ययः ।

इति कामस्य मथनं देहे व्यवस्थितं शृणु ।
अङ्गुष्ठगुल्फजानूरुसिमनीलिङ्गनाभिषु ॥ ३१८ ॥

हे प्रभो ! अब आप काम के मथन को देह में व्यवस्थित करना सुनिए । अंगूठे के मूल में, गुल्फ, जानू, ऊरु, सिमनी (सीवनी), लिङ्ग एवं नाभि प्रदेश में काम (वीर्य) की स्थिति होती है ॥ ३१७-३१८ ॥

हृद्ग्रीवाकण्ठदेशेषु लम्बिकायां तथा नसि ।
भ्रूमध्ये मस्तके मूर्ध्नि वाय्वाकाशप्रियालये ॥ ३१९ ॥
वायुरूपं स्वदेहं तु स्थापयित्वा मनुं जपेत् ।
कुम्भकप्राणयोगेन निजदेहव्यवस्थितिः ॥ ३२० ॥

हृदय, ग्रीवा, कण्ठ-प्रदेश, लम्बिका (घण्टी) तथा नाक में, भ्रूमध्य, मस्तक, मूर्धा, वायु, आकाश, प्रियालय (लिङ्ग) में वायुरूप से अपने देह को स्थापित कर साधक मन्त्र का जप करे । कुम्भक नामक प्राणायाम के योग (साधना) से अपने देह की व्यवस्थिति कही गई है ॥ ३१९-३२० ॥

कण्ठाम्भोजे स्थिरो यो हि तं जनं शृणु भैरव ।
योगारम्भावधिर्यो[1] हि स्त्रीसंसर्गं विवर्जयेत् ॥ ३२१ ॥
मातॄणां गमनं नास्ति यस्य स कण्ठसंस्थितः ।
नित्यं करोति योगं यो धर्मात्मा स्थिरचेतसा ॥ ३२२ ॥
स एव कण्ठपद्मे च स्थिरो भवति निश्चितम् ।

(२०) कण्ठपद्म में स्थिरचित्त साधक—

हे भैरव ! कण्ठपद्म में जो जन स्थिर है उन जन को सुनिए । जो योगारम्भ से ही स्त्रीसंसर्ग (अष्टमैथुन) को छोड़ देता है और जिसकी माता का गमन नहीं होता (?) वह कण्ठ संस्थित है । जो धर्मात्मबुद्धि एवं स्थिर चित्त से नित्य योग करता है । वह साधक निश्चित ही कण्ठपद्म में स्थिर हो जाता है ॥ ३२१-३२३ ॥

भावज्ञानी[2] च यो विद्वान् तं विदामि दयार्णव ॥ ३२३ ॥
कुण्डलीस्पर्शमात्रेण तन्मयो जायते क्षणात् ।
सर्वदेवे परं भावं कृत्वा ज्ञानेन पूजयेत् ॥ ३२४ ॥

(२१) भावज्ञानी साधक—

हे दया के समुद्र ! जो विद्वान् **भावज्ञानी** है उसे अब मैं कहती हूँ । केवल कुण्डली के स्पर्श से ही जो तन्मय हो जाय और सभी देवों में श्रेष्ठ भावना करके ज्ञान के द्वारा (मानस) पूज करे, वह विद्वान् एवं भावज्ञानी है ॥ ३२३-३२४ ॥

---

१. योगस्यारम्भः, तस्यावधिः ।
२. भावस्यान्तस्तत्त्वस्य ज्ञानी ज्ञाता । ज्ञानमस्ति यस्येति ज्ञानी, इनिप्रत्ययोमत्वर्थीयः ।

सर्वपीठे स्थिरो भूत्वा ज्ञानात्मा परिपूजयेत् ।
क्रमेण कण्ठभेदः स्याद् योगी भवति सत्वरम् ॥ ३२५ ॥
धनं धान्यं धरां धर्मं कीर्तिमायुर्यशः श्रियम् ।
तुरगान् दन्तिनः पुत्रान् लोकान् सर्वस्वस्वोदयम् ॥ ३२६ ॥
एतज्ज्ञानप्रसादेन लभ्यते परमेश्वरम्[1] ॥ ३२७ ॥

इस प्रकार सभी पीठ में स्थिर होकर ज्ञानात्मा साधक क्रमपूर्वक शीघ्र कण्ठ का भेदन करके योगी हो जाता है । वह धन, धान्य, भूमि तथा धर्म, कीर्ति, आयु और यश एवं समृद्धि से युक्त होकर हाथी-घोड़े आदि पशु तथा पुत्रों एवं सर्वस्व लोकों को प्राप्त कर लेता है । इस प्रकार अन्ततः वह ज्ञान की प्रसन्नता के द्वारा परमेश्वर को प्राप्त कर लेता है ॥ ३२५-३२७ ॥

ज्ञात्वा योगेन्द्रचक्रं त्रिभुवनविवरध्वान्तजाल प्रकाशं
मूलाम्भोजे रसाख्ये दशदलविमले हृत्स्वपद्मे विलासम् ।
कण्ठाम्भोजे मनोज्ञे द्विदलस्वकमले भावयन्तं सुरेन्द्रैः
श्वेताम्भोजे परेशं निरवधिगगनं पूजये भावयामि ॥ ३२८ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्र-प्रकाशे भैरवीभैरव संवादे कण्ठपद्मभेदविज्ञानविन्यासो नाम चतुष्षष्टितमः पटलः ॥ ६४ ॥

— ❖ —

योगेन्द्र (षट्) चक्र का ज्ञानकर साधक त्रिभुवन के विवरों में भी पहुँचने वाले दीप्ति युक्त प्रकाश के समूह को प्राप्त कर लेता है । वह साधक दशदल के विमल हृत्पद्म के रस नामक मूलाम्भोज में विलास करता हुआ (लोकों में विचरण करता रहता है) । इसलिए मैं दो दल वाले कमल में मनोज्ञ कण्ठाम्भोज में भावना करते हुए सुरेन्द्रों के द्वारा पूजनीय श्वेताम्भोज में अवधि रहित गगन वाले परमात्मा का ध्यान करता हूँ और उनकी पूजा करता हूँ ॥ ३२८ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्र प्रकरण में षट्चक्रप्रकाश निरूपण में भैरवीभैरव के संवाद में कण्ठपद्मभेदविज्ञानविन्यास नामक चौसठवें पटल की डाँ० सुधाकर मालवीय कृत 'सरला' हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ६४ ॥

— ❖ —

१. पातीति पः परमात्मा, रमयति इति रमा, पचादित्वादच्प्रत्ययः कर्तरि ज्ञेयः । यस्य परमात्मनो रमा परमा, तस्या ईश्वर ईश्वरत्वं यस्मिन् ऐश्वर्ये, तत् तादृशमलौकिकमैश्वर्यं लभ्यते, प्राप्यते । तत्र एतज्ज्ञानस्य प्रसादः कारणम् ।

अथ पञ्चषष्टितमः पटलः

शाकिनी-सदाशिवार्चनम्

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

अथ कान्त प्रवक्ष्यामि समुदायफलोदयम् ।
कण्ठाम्भोजस्य वर्णानां ध्यानं मन्त्रं शृणु प्रभो ॥ १ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—हे कान्त ! इसके बाद मैं समुदायफलोदय को कहती हूँ। हे प्रभो ! अब आप कण्ठपद्म के वर्णों के ध्यान एवं उनके मन्त्रों को सुनिए ॥ १ ॥

शाकिनीसहितं नित्यं पूजयित्वा सदाशिवम् ।
मूढोऽपि योगिनां श्रेष्ठः किमन्ये ध्यानयोगिनः ॥ २ ॥
ध्यात्वा सम्पूजयेद्यस्तु सोऽभीष्टं फलमाप्नुयात् ।
ततो ध्यानं प्रवक्ष्यामि वीरनाथ शृणु प्रभो ॥ ३ ॥

नित्य शाकिनी देवी के सहित सदाशिव की पूजा करके मूढ़ साधक भी योगियों में श्रेष्ठ हो जाता है फिर अन्य ध्यानपरायण योगियों की तो बात ही क्या है । जो साधक ध्यान करके पूजन करता है वह अभीष्ट फल की प्राप्ति कर लेता है । अतः हे प्रभो ! हे वीरनाथ ! आप पहले (शाकिनी एवं सदाशिव के) ध्यान को सुनिए ॥ २-३ ॥

आदौ श्रीशाकिनीध्यानं पश्चाद् ध्यानं सदाशिवे[1]।
द्वयोरभेदबुद्ध्या[2] च कामजेता स्वयं भवेत् ॥ ४ ॥

साधक को पहले शाकिनी देवी का ध्यान करना चाहिए । उसके बाद साधक सदाशिव का ध्यान करे । दोनों का अभेद बुद्धि से ध्यान करने से साधक स्वयं कामनाओं को जीत लेने वाला होता है ॥ ४ ॥

वन्दे नित्यां सुशीलां त्रिभुवनवरदां शाकिनीं पीतवस्त्रां
वेदाद्यां वेदमातां सुखमयललितां वेदहस्तोज्ज्वलाङ्गीम् ।
ध्याये पीयूषधारामलघटसुधया स्निग्धदेहां हसन्तीं
मायां शम्भोर्ललाटे विधुकिरणकरां श्रीसदानन्दयुक्ताम् ॥ ५ ॥

शाकिनीध्यान—नित्या, सुशीला, त्रिभुवन को वर देने वाली, पीले वस्त्रों को पहनने वाली, वेदाद्य, वेदमाता, सुखमय ललिता, हाथों में वेद लिए हुए, उज्ज्वल अङ्गों वाली

---

१. सदाशिवे इति विषयसप्तमी । सदाशिवविषयकं ध्यान पश्चात् करणीयम् ।

२. शिवस्य शिवायां चाभेदबुद्धिः कार्या, शक्ति शक्तिमतोरभेद इति सिद्धान्तात् ।

शाकिनी देवी की मैं वन्दना करता हूँ । अमृत धारा के निर्मल घड़े की सुधा से स्निग्ध देह वाली हंसती हुई, मायास्वरूपा, शम्भु के ललाट पर स्थित चन्द्रमा के किरणों के समान हाथों वाली श्री सदानन्द शम्भु से युक्त शाकिनी देवी का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ५॥

अम्भोजास्त्रादिमुद्रासिवरदजटा धारयन्तीं करालं
श्यामां पीनस्तनाढ्यां त्रिनयनकमलां प्रेतलिङ्गासनस्थाम् ।
सर्वाङ्गालङ्कृतां श्रीं विधुशतवदनाम्भोजशोभां वहन्तीं
शम्भोरानन्दकर्त्रीं चरमगुणपदां स्थूलसूक्ष्मस्वरूपाम् ॥ ६ ॥

कमल, अस्त्र आदि मुद्रा, तलवार, वरद हस्त वाली, जटा को धारण करने वाली, कराल, श्यामा, पीन स्तनों से युक्त, तीन नेत्र कमलों से युक्त, प्रेत के शव पर बैठी हुई, सभी अङ्गों में आभूषणों से अलङ्कृत, श्री सम्पन्न, सैकड़ों चन्द्रमा के समान कान्तिमान् मुख वाली और सैकड़ों कमलों की शोभा को धारण करने वाली, शम्भु के आनन्द को बढ़ाने वाली, श्रेष्ठगुणों से युक्त पैरों वाली (?) स्थूल एवं सूक्ष्म स्वरूपा शाकिनी देवी का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ६ ॥

एवं ध्यायेन्महायोगी स्थूलसूक्ष्मस्वरूपिणीम् ।
अभेद्यभेदकरणीं शङ्कर प्रेमवल्लभ ॥ ७ ॥

महान् योगी साधक इस प्रकार से स्थूल एवं सूक्ष्म स्वरूप वाली देवी का ध्यान करते हुए, हे शङ्कर ! हे प्रेमवल्लभ ! इस प्रकार की अभेद का भेदन करने वाली शाकिनी देवी का ध्यान करे ॥ ७ ॥

या विद्या वाग्भवाढ्या हरिवधुकमला[1] केवले निष्फलन्ते
मायालक्ष्मीस्त्रिकूटं शशिमुखितदधः शाकिनी क्षेत्रपालम् ।
वक्षद्वन्द्वं त्रिकूटं वधुमधरमिवासिद्धिमिष्टां विधेहि
स्वाहान्तोऽयं महेशत्रिभुवनभविकाह्लादहेतोः प्रकाशः ॥ ८ ॥

जो विद्या स्वरूपा, वाग्भव ऐं से युक्त, भगवान् विष्णु की पत्नी कमला, (केवले निष्फलन्ते?), माया (ह्रीं), लक्ष्मी (श्रीं) और त्रिकूट (कादि, सादि हादि), चन्द्रमुखि, शाकिनी और क्षेत्रपाल की मैं स्तुति करता हूँ । वक्ष द्वय, त्रिकूट (कइल.....) युवति के अधर के समान इष्ट सिद्धि को प्राप्त कराइए । अन्त में स्वाहा कहे । महेश एवं त्रिभुवन के आह्लाद की हेतुभूता कल्याण एवं प्रकाश रूपा शाकिनी देवी ज्ञान के प्रकाश से मुझे प्रकाशित कीजिए—इस प्रकार मन्त्र है ॥ ८ ॥

शाकिनी विद्या का मन्त्र—'ऐं हरिवधुकमला ह्रीं श्रीं कादि सादि हादि शशिमुखि शाकिनी क्षेत्रपालं वक्ष वक्षः त्रिकूट – 'वधुमधरमिवासिद्धिमिष्टां विधेहि स्वाहा' इस प्रकार मन्त्र होना चाहिए ॥ ८ ॥

---

१. 'हरेर्वधूः कमला, ङ्यापोः संज्ञाछन्दसोर्बहुलमित्यत्र बहुलग्रहणाद् वधूघटकोकारस्य ह्रस्वः' ।

प्रणवं पूर्वमुद्धृत्य वाग्भवं तदनन्तरम् ।
शाकिनी त्वं तदन्ते तु मम दोषान् विनाशय ॥ ९ ॥

पहले प्रणव का उच्चारण कर तदनन्तर वाग्भव (ऐं) का उच्चारण करे । फिर 'शाकिनी त्वं' के अन्त में 'मम दोषान् विनाशय' कहना चाहिए ॥ ९ ॥

विमर्श—मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार हुआ–'ॐ ऐं शाकिनी त्वं मम दोषान् विनाशय' ॥ ९ ॥

युगलं वह्निकान्तां च मन्त्रार्थाः सारदाः स्मृताः ।
कामराजं समुद्धृत्य हिरण्याक्षि सनातनि ॥ १० ॥
शाकिन्यन्ते महामाये मायावह्निश्रिया युतम् ।
एषा मन्त्रात्मिका विद्या कण्ठाम्भोजप्रकाशिनी ॥ ११ ॥

दो बार वह्निकान्ता (स्वाहा स्वाहा) कहने से मन्त्रार्थ सारद (?) कहा गया है । कामराज (क्लीं) कहकर 'हिरण्याक्षि' 'सनातनि' और 'शाकिनी' के अन्त में 'महामाये', फिर माया (ह्रीं), वह्नि (रं) और श्रीं से युक्त करना चाहिए । इस प्रकार मन्त्र का स्वरूप हुआ—'ॐ ऐं शाकिनी त्वं मम दोषान् विनाशय स्वाहा स्वाहा क्लीं हिरण्याक्षि सनातनि शाकिनि महामाये ह्रीं रं श्रीं' । इस प्रकार यह कण्ठ के पद्म को प्रकाशित करने वाली मन्त्रात्मिका-विद्या कही गई हैं ॥ १०-११ ॥

शाकम्भरी महाविद्या तस्य वामे विभाति च ।
तस्य मन्त्रं प्रवक्ष्यामि ज्ञात्वैव योगवित् प्रभुः ॥ १२ ॥
महामन्त्रस्य माहात्म्यं कथितुं नैव शक्यते ।
भावमात्रेण सिद्धिः स्यात् किं पुनर्मोक्षसाधनम् ॥ १३ ॥

महाविद्या शाकम्भरी उन (सदाशिव) के बाएँ भाग में विराजती हैं । अब मैं उनके मन्त्र को कहती हूँ जिसके जान लेने मात्र से ही साधक योग का ज्ञाता और समर्थ हो जाता है । उस महामन्त्र के माहात्म्य को कहने के लिए कोई समर्थ नहीं है । भावमात्र से ही सिद्धि प्राप्त हो जाती है फिर मोक्ष की तो बात ही क्या है ? ॥ १२-१३॥

विद्यां कामकलां विचित्रवसनां पद्मासनस्थां शिवां
कामाख्यां सकलान् स्वरान् त्रिजगतां शाकैर्महायोगिनी ।
नित्यं या परिपाल्यते भगवतीं शाकम्भरीं तां भजे
सा योगाधिप-रक्षका निशि दिशि श्रीकण्ठपद्मे प्रभा ॥ १४॥

शाकम्भरी देवी की स्तुति—विद्या, कामकला (ईं), विचित्र वस्त्रों वाली, पद्मासन में बैठी हुई शिवा (कल्याणस्वरूपा), कामाख्या, कामेश्वरी नाम वाली, सभी स्वरों की और तीनों जगत् का शाक स्वरूप से भरण करने वाली माता (शाकम्भरी) महायोगिनी, जो नित्य जगत् का परिपालन करती है उन शाकम्भरी देवी का मैं भजन करता हूँ । वह योगेश्वरों की दिन एवं रात में तथा दिशाओं में रक्षा करने वाली हैं—ऐसी 'श्रीकण्ठपद्म' में प्रभा रूप से विराजमान शाकम्भरी का मैं भजन करता हूँ ॥ १४ ॥

अद्यापि प्रियकण्ठपद्मनिकरे सम्भाति शाकम्भरी
विद्यावाक्कमलायुतं स्मितमुखि प्रान्ते च शाकम्भरि ।
वह्निर्वारुणवायुबीजमनलद्वन्द्वं हि वक्षद्वयं
वह्निप्रेमकलान्वितो[1] मनुवरः साक्षाज्जगत्क्षोभकृत् ॥ १५ ॥

वह शाकम्भरी देवी आज भी प्रिय के कण्ठरूप पद्म समूह में विराजमान है । हे स्मित मुख वाली ! हे शाकम्भरि ! विद्या (ह्रीं), वाक् (ऐं), कमला (श्रीं) से युक्त, प्र के अन्त में वह्नि (रं) वारुण (वं) और वायुबीज (यं), फिर अनल द्वय स्वाहा-स्वाहा, फिर वक्ष द्वय (वक्ष वक्ष) वह्नि (रं) प्रेम कला (क्लीं) से समन्वित श्रेष्ठ मन्त्र साक्षात् जगत् को क्षुभित करने वाला है ॥ १५ ॥

विमर्श—मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार होगा—'ह्रीं ऐं श्रीं रं वं यं रं रं रं क्लीं वक्ष वक्ष' ॥ १५ ॥

शाकम्भरीं महामायां पूजयेद् द्वारदेवताम् ।
तदन्ते सर्वदेवाश्च शक्रादीन् परिपूजयेत् ॥ १६ ॥
ध्यात्वा च शाकिनीं देवीं शाकम्भर्याश्च दक्षिणे ।
पूजयेत् परया भक्त्या पूर्वोक्तविधिना प्रभो ॥ १७ ॥

महामाया शाकम्भरी देवी की और द्वारदेवता की पूजा करनी चाहिए । उसके बाद इन्द्रादि सभी देवों की पूजा करनी चाहिए । हे प्रभो ! शाकिनी देवी का ध्यान कर उनके दक्षिण भाग में शाकम्भरी का ध्यान कर श्रेष्ठ भक्ति से पूर्वोक्तविधि के द्वारा उनकी पूजा करे ।—'ऐं श्री रं वं यं स्मितमुखि शाकम्भरि स्वाहा स्वाहा वक्ष वक्ष रं क्लीं' ॥ १६-१७ ॥

शाकम्भरीं त्रिनयनां सूर्येन्दुवह्नियोजिताम्[2] ।
रक्तपद्मस्थितां श्यामां वेदबाहुश्रियोज्ज्वलाम् ॥ १८ ॥
वराभयकरां खड्गकपालकमलान्विताम् ।
नानालङ्कारशोभाङ्गी मुक्तकुन्तलभूषिताम् ॥ १९ ॥
प्रसन्नवदनाम्भोजस्मितहास्यविराजिताम् ।
साधकाभीष्टदां नित्यां महाविद्यां भजाम्यहम् ॥ २० ॥

शाकम्भरी देवी का ध्यान—तीन नेत्रों वाली शाकम्भरी देवी सूर्य, चन्द्र एवं अग्नि से युक्त हैं । वह रक्त कमल पर स्थित हैं । वह श्याम वर्ण वाली अपने श्री सम्पन्न उज्ज्वल हाथों में वेद लिए हुए हैं । वर एवं अभय मुद्रा धारण करने वाली तथा खड्ग, कपाल तथा कमल लिए हुए हैं । नाना प्रकार के आभूषणों से विभूषित अङ्गों वाली, मुक्त केशों वाली, प्रसन्न मुख कमल वाली, स्मित हास से सुशोभित, अपने साधकों को अभीष्ट फल देने वाली, नित्या महाविद्या शाकम्भरी का मैं ध्यान करता हूँ ॥ १८-२० ॥

---

१. मनुर्मन्त्रः, तेषु मनुषु वरः श्रेष्ठः, मन्त्रराज इति यावत् ।

२. सूर्यश्च इन्दुश्च वह्निश्चेति सूर्येन्दुवह्नयः, तैर्योजिताम् । अत एव—वन्दे वह्निशशाङ्क-सूर्यनयनमिति शिवतत्त्वप्रतिपादकं पदम् ।

ततो मानसपूजाञ्च ध्यानान्ते तु समाचरेत् ।
पुनर्ध्यानं ततः कृत्वा चित्तावाहनमाचरेत् ॥ २१ ॥
पाद्याद्यैः पूजयेन्नित्यं भक्त्या च योगसिद्धये ।

मानसपूजा—ध्यान के बाद शाकम्भरी देवी की मानस पूजा करनी चाहिए । पुनः ध्यान करके चित्त में फिर उनका आवाहन करे । पाद्य आदि अर्घ्य से योग की सिद्धि के लिए नित्य भक्तिपूर्वक पूजा करनी चाहिए ॥ २१-२२ ॥

ततो जपेच्छतं वापि चाष्टोत्तरसहस्रकम् ॥ २२ ॥
एवं लक्षसमाप्ते तु कण्ठे देवीं प्रपश्यति ।
होमादीन् क्रमशः कुर्याद् ब्राह्मणानां तु भोजनम् ॥ २३ ॥

इसके बाद एक सौ आठ या एक हजार आठ जप करे । इस प्रकार एक लाख जप समाप्त होने पर कण्ठ पद्म में साधक देवी के दर्शन करता है । इसके बाद क्रमशः होम आदि और ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए ॥ २२-२३ ॥

तदन्ते शाकिनीपूजा प्रथमे वापि कारयेत् ।
तत्प्रकारं शृणु प्राणवल्लभे कामसुन्दरि ॥ २४ ॥

शाकिनी पूजा प्रकार—उसके बाद पहले शाकिनी की पूजा करे । हे प्राणवल्लभे ! हे कामसुन्दरि ! उनकी पूजा का प्रकार सुनिए ॥ २४ ॥

आदौ जलं शोधयित्वा हस्तौ पादौ च विग्रहम् ।
क्षालयित्वा द्विराचम्य मूलमन्त्रेण साधकः ॥ २५ ॥
शिखाबन्धनमाकृत्य चासनं परिशोधयेत् ।
ततोऽर्घ्यस्थापनं कृत्वा पीठं निर्माय यत्नतः ॥ २६ ॥

पहले जल का शोधन करके हाथ, पैर एवं शरीर का प्रक्षालन करके दो बार मूल मन्त्र से साधक आचमन करे । फिर शिखाबन्धन करके आसन का शोधन करे । इसके बाद अर्घ्य स्थापन करके प्रयत्नपूर्वक पीठ का निर्माण करे ॥ २५-२६ ॥

पीठचक्रं शोधयित्वा पीठपूजां समाचरेत् ।
ततो ध्यानं भूतशुद्धिं न्यासजालं समाचरेत् ॥ २७ ॥
पुनः प्राणायामयुग्मं कृत्वा देहं दृढं नयेत् ।
ततो ध्यानं मानसार्चा[१] मुद्रादर्शनमेव च ॥ २८ ॥

इसके बाद पीठचक्र का शोधन करके पीठ पूजा प्रारम्भ करे । ध्यान एवं भूतशुद्धि करके तब विभिन्न न्यासों को करे । पुनः दो बार प्राणायाम करके दृढ शरीर को स्थिर करे । इसके बाद ध्यान, फिर मानस पूजा और मुद्रा आदि का प्रदर्शन करे ॥ २७-२८ ॥

---

१. मनसा अर्चा पूजा । मानसी पूजा महते कल्याणाय भवति ।

ततः पाद्यं तथार्घ्यं तु चारुशङ्खेन कारयेत् ।
आचमनीयं ततः स्नानं पुनराचमनं तथा ॥ २९ ॥

इसके बाद पाद्य एवं अर्घ्य देकर सुन्दर शङ्ख की ध्वनि करे । आचमन कराके फिर स्नान और पुनः आचमन करावे ॥ २९ ॥

गन्धं पुष्पाणि सर्वाणि बिल्वपत्राणि दापयेत् ।
निजावरणदेवांश्च पूजयित्वा क्रमेण तु ॥ ३० ॥
धूपदीपौ निवेद्याथ नैवेद्यं पानकं[१] ततः ।
पुनराचमनं दत्वा बलिद्रव्याणि दापयेत् ॥ ३१ ॥

फिर चन्दन लगावे और पुष्पों को चढ़ाकर सभी बेल पत्रों को चढ़ा देवे । निज आवरण देवों की क्रम से पूजा करके धूप, दीप तथा नैवेद्य एवं पेय द्रव्यों का भोग लगावे । पुनः आचमन कराके फिर बलि-द्रव्यों का भोग लगावे ॥ ३०-३१ ॥

बलिं दत्वा जपेन्मन्त्रं सहस्रं वा शताष्टकम् ।
दिवसे यज्जपं कुर्याद्रात्रौ तज्जाप्यमाश्रयेत् ॥ ३२ ॥
जपं समर्पयेद् विद्वान् गुह्यातिगुह्यमन्त्रकैः ।
प्राणायामं त्रिषट्कृत्वा वन्दनं च प्रदक्षिणम् ॥ ३३ ॥

बलि देकर १००८ या एक सौ आठ बार मन्त्र जपना चाहिए । दिन में जितना जप करे रात्रि में भी उतना ही जप करना चाहिए । विद्वान् साधक मन्त्र के जप को अति गुप्त रूप से देवी को समर्पण करके तीन बार और छः बार प्राणायाम करके वन्दना और देवी की प्रदक्षिणा करनी चाहिए ॥ ३२-३३ ॥

स्तोत्रञ्च कवचं नित्यं सहस्रनाममङ्गलम् ।
पठेद् भक्त्या कण्ठपद्मे कायकल्पनकृन्नरः ॥ ३४ ॥

नित्य स्तोत्र, कवच, मङ्गलकारक सहस्रनाम का पाठ भक्तिपूर्वक करे । इस प्रकार साधक कण्ठपद्म में कायाकल्प करता हुआ साधन करे ॥ ३४ ॥

एवं विधिविधानेन पूजयित्वा सदाशिवम् ।
अस्मिञ्छास्त्रे क्रिया गुप्ता गुप्तनारी प्रपूजनम् ॥ ३५ ॥
अथवा मनसा सर्वं पूजायागजपं[२] चरेत् ।
यथा देव्यास्तथा शम्भोर्जपयागः समीरितः ॥ ३६ ॥

इस प्रकार से विधि विधानपूर्वक सदाशिव की पूजा कर साधन करे । इस तन्त्र-साधन के शास्त्र में क्रिया गुप्त रूप से होनी चाहिए (अर्थात् यज्ञ यागादिक के तरह जन संकुल क्रिया नहीं होती) और नारी का पूजन भी गुप्त होना चाहिए अथवा

---

१. पीयते चर्व्यते यत्तत्पानं तदेव न पानकम्, स्वार्थे कप्रत्ययः । ताम्बूलमित्यर्थः ।

२. नास्ति जपः स्फुटमुच्चारणं यस्मिन् पूजाकर्मणि तद् अजपम् ।

हवनादि याग एवं जप सभी कुछ मानसपूजा करे । क्योंकि जैसे देवी का याग है वैसे ही शम्भु का भी याग कहा गया है ॥ ३५-३६ ॥

एवं क्रमेण पूज्याश्च बाह्यस्था मुनयः क्रमात् ।
पूज्या वर्णकला नाथ तद्बाह्यस्थानं प्रपूजयेत् ॥ ३७ ॥
एवं हि मासकार्येण वरं सिद्धिं समाप्नुयात् ॥ ३८ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे भैरवीभैरवसंवादे शाकिनीसदाशिवार्चनं नाम पञ्चषष्टितमः पटलः ॥ ६५ ॥

इस प्रकार क्रम से बाह्य पूजा में मुनियों की भी पूजा करे । हे नाथ ! उनके बाह्य भुपुर में स्थित मातृका वर्णों की कलाओं का भी पूजन करना चाहिए । इस प्रकार एक महीने तक क्रिया को गुप्त रूप से करने पर श्रेष्ठ सिद्धि प्राप्त हो जाती है ॥ ३७-३८ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्ध मन्त्र प्रकरण में भैरवीभैरवसंवाद में शाकिनीसदाशिवार्चन नामक पैंसठवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ६५ ॥

अथ षष्ठषष्टितमः पटलः

शाकिनी पूजाविधि
श्रीआनन्दभैरवी उवाच

कैलासशिखरारूढ पञ्चवक्त्र त्रिलोचन ।
सर्वभूतप्रपूज्याथ शाकिनीयजनं शृणु ॥ १ ॥

शाकिनी पूजा विधि—श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे कैलाश पर्वत के शिखर पर विराजमान ! हे पाँच मुखों वाले ! हे त्रिलोचन ! सर्वभूत के द्वारा पूजन के लिए शाकिनी देवी के यजन की विधि सुनिए ॥ १ ॥

त्रिविधपूजाकथनम्

पूजनं त्रिविधं प्रोक्तं मनः साक्षाद्वचोमयम् ।
मानसं योगिनां प्रोक्तं साक्षात् पूजागृहं प्रभो ॥ २ ॥
वाचामयं तामसानां नृपाणां कामिनां प्रभो ।
एका पूजा च त्रिविधा कथिता परमेश्वर ॥ ३ ॥

तीन प्रकार का पूजन कहा गया है - १. मानस पूजन, २. साक्षात् पूजन और ३. वाङ्मयी पूजा । मानस पूजा योगियों के द्वारा की जाती है । हे प्रभो ! पूजा गृह में (देव विग्रह के समक्ष) साक्षात् पूजा की जाती है । किन्तु वाङ्मयी पूजा तामसी व्यक्तियों, राजाओं एवं कामना से प्रेरित कामियों द्वारा की जाती है । हे परमेश्वर ! इस प्रकार एक ही पूजा है जो विधि भेद से तीन प्रकार की कही गई है ॥ २-३ ॥

सा पूजा सिद्धिदा काले त्रिकाले सर्वकालके ।
काले सिद्धिर्गृहस्थानां त्रिकाले ब्रह्मचारिणाम् ॥ ४ ॥
योगिनां सर्वकालेऽपि विफला दुष्टचेतसाम् ।
भावत्रयं हि पूजानां रजः सत्त्वतमोमयम् ॥ ५ ॥

वह पूजा सिद्धि प्रदान करती है जो एक काल में, त्रिकाल में और सभी समयों में की जाती है । एक काल में की गई पूजा गृहस्थों को सिद्ध होती है और ब्रह्मचारियों की पूजा त्रिकाल में सिद्ध होती है । योगियों की पूजा सभी समयों में सिद्ध होती है । किन्तु दुष्ट चित्त वाले जनों की पूजा विफल ही होती है । वस्तुतः पूजाओं का तीन भाव है - १ राजसिकभाव, २. सात्त्विक भाव और ३. तामसिक भाव ॥ ४-५ ॥

त्रिशक्तिपूजनं नाथ सर्वत्र परिकीर्तितम् ।
ब्रह्माणीं वैष्णवीं तत्र पूजयेत् तां महेश्वरीम् ॥ ६ ॥

त्रिभावेन पूजयित्वा शक्तिं ब्रह्मत्रयेण च ।
पशुरूपवीररूपदिव्यरूपेण [१] पूजयेत् ॥ ७ ॥
बलिदानं हि सर्वत्र परं मोक्षाय केवलम् ।
क्रमेण शृणु योगेश सर्वाविद्यादिपूजनम् [२] ॥ ८ ॥

सर्वाविद्यादिपूजाविधिकथनम्

यत्कृत्वा सम्भवेद् योगी परं ब्रह्ममयोऽचिरात् ॥ ९ ॥

सभी तन्त्रों में, हे नाथ ! त्रिशक्ति (रजः सत्त्व, तम) की पूजा कही गई है । उनमें से ब्रह्माणी शक्ति (रजस्) की, वैष्णवी शक्ति (सत्त्व) की तथा माहेश्वरी शक्ति (तमस्) की पूजा की जाती है । ब्रह्मत्रय के द्वारा पूजा करके फिर पशुरूप, वीररूप एवं दिव्यरूप तीन भावों से पूजा करनी चाहिए । सभी पूजा में मोक्ष के लिए श्रेष्ठ बलिदान होता है । अतः जिस पूजा को करने से योगी शीघ्र ही ब्रह्ममय हो जाता है, हे योगेश ! उस सर्व विद्यादि पूजन को क्रमपूर्वक आप सुनिए ॥ ६-९ ॥

स्थानं वीक्ष्य महेन्द्र कोटिसदृशं श्रीलक्षणैर्लक्षितं
देवानां दिवि वीरनाथ रुचिरं पुण्यं पवित्रं सुखम् ।
रम्यं देवगृहान्वितं परजलैर्व्याप्तं तरुच्छायया
सौगन्धादिषु मान्यशैलपवनं काले वसन्तेऽपि वा ॥ १० ॥
शून्ये देवगृहे तले वरतरोश्चित्तार्पितात्मा यति-
श्चाम्भोजासनसंस्थितो मृदुकटे व्याघ्राजिने वारणे ।
आदौ पादयुगं भुवि स्थितमिति व्याशोध्य हस्तौ तथा
नीरं निर्मलगन्धराजमिलितं संक्षाल्य पद्मासनः ॥ ११ ॥

करोड़ों इन्द्र के सदृश समृद्धि वाले एवं श्री-शोभा के लक्षणों से युक्त स्थान को देखकर पूजा स्थान चुनना चाहिए । हे वीरनाथ ! देवों का स्वर्ग में, मनोहर, पुण्य, पवित्र सुख वाला स्थान है । वृक्षों की छाया से युक्त देवगृह रम्य होना चाहिए । वसन्त काल में भी पर्वत की वायु सुगन्धि से सम्पन्न होनी चाहिए । निर्जन देवगृह में अथवा श्रेष्ठ वृक्ष के नीचे साधक यति को परमात्मा में चित्त को समाहित करना चाहिए । गजाजिन अथवा व्याघ्र के चर्म के आसन पर विराजमान होकर पूजन करना चाहिए, अथवा कमल के समान मृदु आसन पर बैठकर पूजा करनी चाहिए । पृथ्वी पर रहकर पहले अपने दोनों पैरों और हाथों को धोकर गन्ध मिश्रित जल से प्रोक्षण करते हुए पद्मासन में बैठकर पूजा प्रारम्भ करनी चाहिए ॥ १०-११ ॥

जलशोधनमन्त्रस्तु [३] श्रूयतां परमेश्वर ।
प्रणवं स्तरणप्रान्ते वज्रोदकमतः परम् ॥ १२ ॥

---

१. पशु-वीर-दिव्येति त्रीणि रूपाणि भगवतः पूजने उक्तानि ।

२. सर्वा विद्याः, ता आदिर्यासां वासां पूजनम् । बाहुलकाद् ह्रस्वाभावः ।

३. जलस्य शोधने स्वच्छीकरणे पवित्रीकरणे च यो मन्त्रस्तस्य स्वरूपं गुप्तरूपेणाग्रे उक्तमस्ति ।

शोधयामि ततः स्वाहा जलमन्त्र उदाहृतः ।
प्रक्षिपेत्तज्जलं भिन्नजले भैरवशङ्कर ॥१३॥

हे परमेश्वर ! अब आप जल शोधन के मन्त्र को सुनिए । आस्तरण के प्रान्तभाग में रखे जल को 'ॐ' वज्रोदकं शोधयामि स्वाहा' इस मन्त्र से, शोधन करे । हे भैरवशङ्कर, भिन्न जल में उस शुद्ध जल को छोड़े ॥ १२-१३ ॥

हस्तौ पादौ तज्जलेन क्षालयेत् काममायया ।
विग्रहं मूलमन्त्रेण चाचमने द्वे उदाहृते ॥१४॥

उस शुद्ध जल से भगवान् का हाथ और पैर ॐ क्लीं श्रीं स्वाहा' कहते हुए धुलावे और मूर्ति को दो बार मूल मन्त्र से आचमन भी करावे ॥ १४ ॥

शिखाबन्धनमन्त्रस्तु शृणून्मत्तकुमारक ।
अप्रकाश्यं महामन्त्रं शिखाबन्धनमासनम् ॥१५॥
शोधयेत् त्रिपुरानाथ कालाग्निशिखयोज्ज्वल ।
आसनं शोधयाम्यद्य द्वारपालो भवानिशम् ॥१६॥
प्रणवाद्यैर्नमोऽन्तेन शोधयेत् परमेश्वर ।
शोधयेत् त्रिपुरानाथ कालाग्निशिखयोज्ज्वल ॥१७॥
शिखाग्रं बन्धयाम्यद्य द्वारपालो भवानिशम् ।

हे उन्मत्तकुमार ! आप अब शिखाबन्धन मन्त्र को सुनिए । वस्तुतः शिखा बन्धन और आसन का महामन्त्र प्रकाशित करने योग्य नहीं है । हे त्रिपुरानाथ ! हे कालाग्नि की शिखा से उज्ज्वल ! हे परमेश्वर ! 'ॐ अद्य द्वारपालो भवानिशं आसनं शोधयामि नमः' इस मन्त्र से आसन का शोधन करे । हे त्रिपुरानाथ ! हे कालाग्निशिखा से उज्ज्वल देव ! 'ॐ अद्य द्वारपालों भवानिशं शिखाग्रं बन्धयामि नमः' इस मन्त्र से शिखा बाँधनी चाहिए ॥ १५-१८ ॥

ततोऽर्घ्यं स्थापयेद् विद्वान् शङ्खाधारे मनोरमे ॥१८॥
मूलमन्त्रेण संक्षाल्य ततो मूलेन पूरयेत् ।
रक्तचन्दनयुक्तेन जलेन चन्दनेन च ॥१९॥
ततो दूर्वार्घ्यं पुष्पाणि साधारे दापयेत् सुधीः ।
दशधा मूलमन्त्रं तु तत्र जप्त्वा[१] सुधामयम् ॥२०॥

इसके बाद विद्वान् साधक को मनोरम शङ्खाधार में अर्घ्य स्थापित करना चाहिए । उस शङ्ख को मूलमन्त्र से ही प्रक्षालित करे और मूलमन्त्र से ही जलपूर्ण करे । लाल चन्दन और श्वेत चन्दन उस जल में मिला देना चाहिए । इसके बाद विद्वान् साधक आधार सहित स्थापित उस शङ्ख जल से दूर्वा एवं अर्घ्य पुष्प से देवता को अर्घ प्रदान करे । अमृत के समान अर्घ जल से मूलमन्त्र को दस बार पढ़कर अर्घ देना चाहिए ॥ १८-२० ॥

---

१. छान्दसत्वादिडभावः । जपधातुः सेट् कः ।

धेनुमुद्रां[१] मत्स्यमुद्रां योनिमुद्रां प्रदर्शयेत् ।
जपेत् तत्र सारमन्त्रमाच्छाद्य मत्स्यमुद्रया ॥ २१ ॥

इसके बाद धेनुमुद्रा, मत्स्यमुद्रा और योनिमुद्रा का प्रदर्शन करना चाहिए । मत्स्य मुद्रा से ढककर हाथ में जल लेकर सार मन्त्र जपना चाहिए ॥ २१ ॥

आत्मानं प्रोक्षयेदादौ ततो द्रव्याणि प्रोक्षयेत् ।
ततः पीठं सुनिर्माय ताम्रे हेमशलाकया ॥ २२ ॥
नवकोणं विलिख्याथ षट्कोणञ्च तदन्तरे ।
बाह्ये च मण्डलद्वन्द्वं षोडशार्णं ततो लिखेत् ॥ २३ ॥
तद्बाह्ये च चतुर्द्वारं भूबिम्बद्वितयं पुनः ।
एवं पीठं विनिर्माय दलेऽर्णान् विलिखेत्ततः ॥ २४ ॥
ॐ सुरेखायै नमः स्वाहा मन्त्रेण परिलेखयेत् ।
प्रणवञ्च महारेखाशब्दान्ते शोधयामि युक् ॥ २५ ॥

उस जल से पहले अपने को शुद्ध करे उसके बाद सभी द्रव्यों को प्रोक्षण कर शोधन करे । उसके बाद सोने की शलाका से ताँबे पर सुन्दर पीठ का निर्माण करना चाहिए । पहले ९ कोण बनावें फिर उसके अन्दर षट्कोण बनावें । उसके बाहर से दो गोले खींचकर घेर देना चाहिए । फिर १६ स्वरों को लिखे । उसके बाहर दो रेखाओं से चार द्वार वाले भूपुर का निर्माण करे । इस प्रकार पीठ का निर्माण करके कमल दल पर अक्षरों को लिखे । 'ॐ सुरेखायै नमः स्वाहा' मन्त्र से उसे परिवेष्टित करे ॥ 'ॐ महारेखा शोधयामि' मन्त्र से उसे शोधित करे ॥ २२-२५ ॥

वह्निबीजायादिमनून् शोधयेत् पीठचक्रकम् ।
पीठपूजां ततः कुर्यात् प्रणवादिनमोऽन्तकैः ॥ २६ ॥
सांपदं पूर्वमुच्चार्य हृदयाय नमस्ततः ।
षड्दीर्घभाजा बीजेन पूजयेद् वामतः सुधीः ॥ २७ ॥
पूर्वादीशानपर्यन्तं चतुर्दिक्षु च मध्यके ।
पूजयित्वा च तन्मध्ये वर्णोच्चारणपूर्वकैः ॥ २८ ॥
पीठशक्तिं पूजयित्वा पीठनायकमर्चयेत् ।
प्रणवादिनमोऽन्तेन सर्वत्र प्रतिपूजयेत् ॥ २९ ॥

पीठ एवं चक्रगत मन्त्रों को वह्नि बीज (रं) से शोधन करे । इसके बाद पीठ पूजा प्रारम्भ करे । 'ॐ सां हृदयाय नमः' मन्त्र दीर्घ 'सां सीं सूं सै सौ सः' बीजों को लगाकर बाएँ से विद्वान् साधक पूजन प्रारम्भ करे । पूर्व दिशा से लेकर ईशानकोण पर्यन्त चारों दिशाओं तथा मध्य में पूजा करके वर्णोच्चारण पूर्वक उनके मध्य में पीठ शक्ति की पूजा करके पीठ नायक की पूजा करनी चाहिए । सर्वत्र आदि में प्रणव और अन्त में नमः पद लगाकर पूजा करे ॥ २६-२९ ॥

---

१. आसां मुद्राणां स्वरूपमुक्तमस्ति ।

विद्यापूजनम्

पीठशक्तिं शाकिनीं तु तथा शाकम्भरीं शिवाम् ।
लक्ष्मीं सरस्वतीं दुर्गां चण्डिकां गणनायिकाम् ॥ ३० ॥
भद्रकालीं विशालाक्षीं श्रद्धां मायां दयां कलाम् ।
रणचण्डां मधुमतीं प्रसन्नां रत्नमालिनीम् ॥ ३१ ॥
हिरण्यवर्णां[१] कौमारीं वाग्देवीं त्रिजटां महीम् ।
त्रिशूलिनीं वेदमातां सिद्धाद्यां मधुनायिकाम् ॥ ३२ ॥
मधुपुरेश्वरीं कुब्जां तथा मधुमतीं यजेत् ।
शाकाख्यां[२] शाकचक्षाञ्च[३] वरहस्तां हसन्मुखीम् ॥ ३३ ॥
कपालिनीं खड्गहस्तां[४] वनमालाञ्च माधवीम् ।
विचित्राङ्गीं ललज्जिह्वां चेकितानां प्रभामयीम् ॥ ३४ ॥
सर्वां सर्वाकर्षिणीञ्च बहुरूपां सुरां सुधाम् ।
सर्वमयीं वर्णमयीं मुण्डमालां त्रिकालिकाम् ॥ ३५ ॥
विश्वेश्वरीं विश्वमातां महाविद्यां सनातनीम् ।
एता विद्याः पूजनीयाः प्रणवादिनमोऽन्तिकाः ॥ ३६ ॥

यहाँ पर निम्नलिखित पीठशक्तियों की विद्या पूजनीय हैं—१. शाकिनी, २ शाकम्भरी, ३. शिवा, ४. लक्ष्मी, ५ सरस्वती, ६. दुर्गा, ७. चण्डिका, ८. गणनायिका, ९.भद्रकाली, १०. विशालाक्षी, ११. श्रद्धा, १२. माया, १३. दया, १४ कला, १५. रणचण्डा, १६. मधुमती, १७. प्रसन्ना, १८. रत्नमालिनी, १९. हिरण्यवर्णा, २०. कौमारी, २१. वाग्देवी, २२. त्रिजटा, २३. मही, २४. त्रिशूलिनी, २५. वेदमाता, २६. सिद्धा, २७. आद्या, २८. मधुनायिका, २९. मधुपुरेश्वरी, ३०.कुब्जा और ३१. मधुमती का यजन करना चाहिए। ३२. शाकाख्या, ३३ शाकचक्षा, ३४. वरहस्ता, ३५. हसन्मुखी, ३६. कपालिनी, ३७. खड्गहस्ता, ३८. वनमाला, ३९ माधवी, ४०. विचित्राङ्गी, ४१. ललज्जिह्वा, ४२. चेकिताना, ४३. प्रभामयी, ४४. सर्वा, ४५. सर्वाकर्षिणी, ४६. बहुरूपा, ४७ सुरा, ४८. सुधा, ४९. सर्वमयी, ५०. वर्णयमी, ५१. मुण्डमाला, ५२. त्रिकालिका, ५३. विश्वेश्वरी, ५४. विश्वमाता, ५५. महाविद्या, ५६. सनातनी—इन छप्पन विद्याओं का आदि में प्रणव (ॐ) और अन्त में नमः पद लगाकर पूजन करना चाहिए ॥ ३०-३६ ॥

शाकिनीध्यानम्

ततो ध्यानं प्रवक्ष्यामि संक्षेपतः शृणु प्रिये ।
शाकिनीं श्रीवेदविद्यां स्थूलसूक्ष्मस्वरूपिणीम् ॥ ३७ ॥

---

१. हिरण्यस्य वर्णः पीतो भवति, तादृशो वर्णो यस्याः सा ।
२. शाका आख्या यस्याः सा, शाका इति मत्वर्थीयोऽच्प्रत्ययः, ततष्टाप् ।
३. शाकेन चष्टे, शाकं चष्टे इति वा शाकचक्षा, पचाद्यच्, टाप् ।
४. खड्गो हस्ते यस्याः सा खड्गहस्ता, व्यधिकरणबहुव्रीहिसमासो ज्ञापकसिद्धः ।

पीतवर्णां त्रिनयनां वेदहस्तां हसन्मुखीम् ।
सदाशिवयुतां गौरीं सर्वालङ्कारमण्डिताम् ॥ ३८ ॥
त्रिलोचनां सूर्यचन्द्रवह्निमण्डलमण्डिताम् ।
कपालपद्मविमलवराभयकराम्बुजाम् ॥ ३९ ॥
देवदानवगन्धर्वयोगिसिद्धप्रपूजिताम् ।
षोडशारमहापद्मसंस्थितां वनमालिनीम् ॥ ४० ॥
शाकम्भरीदेवविद्यामाधवीशक्तिशोभिताम् ।
मुनिदेव [१]महेन्द्रादिब्रह्मविष्णुशिवाश्रयाम् ॥ ४१ ॥
ध्यायेऽहं कण्ठपद्मस्थां सर्वसिद्धिसमृद्धिदाम् ।

शाकिनी देवी का ध्यान—हे प्रिये ! अब इसके बाद शाकिनी देवी का ध्यान संक्षेप में कहता हूँ उसे सुनिए—

शाकिनी देवी श्री वेद विद्या एवं स्थूल तथा सूक्ष्म स्वरूप वाली हैं। पीले वर्ण वाली, तीन नेत्रों वाली, वेद हाथ में धारण करने वाली प्रसन्न मुद्रा में हँसते हुए मुखारविन्द वाली, सभी प्रकार के अलङ्कारों से सजी हुई सदाशिव से युक्त गौरी हैं । सूर्य, चन्द्र एवं वह्नि के मण्डल से सुशोभित तीन लोचनों से युक्त, कपाल, श्वेत पद्म, वर तथा अभय मुद्रा धारण करने वाले कर कमलों से युक्त हैं । शाकिनी देवी देवताओं, दानवों, गन्धर्व एवं योगिजन तथा सिद्धों से प्रकृष्ट रूप से पूजित हैं । ये वनमाला धारण करने वाली देवी षोडशार महापद्म पर विराजमान हैं । शाकिनी देवी शाकम्भरी, देव, विद्या तथा माधवी (विष्णु की) शक्ति से सुशोभित हैं । मुनि, देव, महेन्द्र आदि तथा ब्रह्मा, विष्णु एवं शिव को आश्रय देने वाली हैं । ऐसी सर्वसिद्धि तथा समस्त समृद्धि को देने वाली कण्ठ पद्म में निवास करने वाली शाकिनी देवी का हम ध्यान करते हैं ॥ ३७-४२ ॥

भूतशुद्धिकथनम्

एवं ध्यात्वा कण्ठपद्मे भूतशुद्धिं ततश्चरेत् ॥ ४२ ॥
भूतशुद्धिं प्रवक्ष्यामि येन कण्ठे स्थिरो भवेत् ।
आकाशगामिनी सिद्धिर्लभ्यते नात्र संशयः ॥ ४३ ॥

इस प्रकार कण्ठपद्म में शाकिनी का ध्यान करके पुनः भूतशुद्धि करनी चाहिए । अब मैं भूतशुद्धि को कहता हूँ जिसके करने से कण्ठ में साधक स्थिर हो जाता है और उसे आकाशगामिनी सिद्धि प्राप्त हो जाती है, इसमें संशय नहीं है ॥ ४२-४३ ॥

संयोज्य जीवं कुलवस्त्रमध्ये
श्री कुण्डलिन्या सह मूलपद्मम् ।
क्रमेण भित्वा समयोर्ध्वतुण्डो
विशुद्धपद्मे लयमाचरेद् बुधः ॥ ४४ ॥

---

१. मुनयो देवा महेन्द्रादयः, ब्रह्म–विष्णु–शिवा आश्रयो यस्याः सा । आश्रय इति कथनेन एते शयनभूमय इति बोध्यम् ।

कुल वस्त्र के मध्य में बुद्धिमान साधक जीव का संयोजन करके मूल पद्म को श्री कुण्डलिनी के साथ मिलाकर क्रमशः ऊर्ध्व मुख से भेदन करके विशुद्ध पद्म में विलय कर दे ॥ ४४ ॥

शाकिनीपार्श्वभागे तु जीवं संस्थापयेत् सुधीः ।
कुण्डलिन्या लयं कृत्वा वह्निबीजेन भस्मसात् ॥ ४५ ॥
देहं तदा विदधीत वायुबीजेन शोषयेत् ।
वरुणेनामृतं कृत्वा वेदनारहितो भवेत् ॥ ४६ ॥

विद्वान् साधक शाकिनी देवी के पार्श्वभाग में जीव को संस्थापित करे दे । कुण्डलिनी का उसमें लय करके वह्नि बीज (रं) से उसे भस्मसात् कर दे । फिर वायुबीज (यं) से देह का शोषण करे । फिर वारुण बीज (वं) से अमृतीकरण करके वेदनारहित होए ॥ ४५-४६ ॥

धैर्येण भावयेद्देवं शाकिनीशं सदाशिवम् ।
त्रैलोक्यान्वितमीशानं पञ्चवक्त्रं त्रिलोचनम् ॥ ४७ ॥
पूर्वोक्तध्यानमाकुर्यान्मन्त्राक्षराणि भावयेत् ।
चिच्छक्तौ परमात्मानं भावयित्वा पुनः पुनः ॥ ४८ ॥
आत्मलग्नं तत्र पदे कृत्वा चिन्तामणिं भजेत् ।

प्राणप्रतिष्ठा

धूम्राकारं महाकाशं विचिन्त्य तेजसावृतम् ॥ ४९ ॥
लीलामयं देवताया रूपं सम्पूज्य मानसैः ।
क्रमेण नासिकाद्वारात् सोऽहंबीजेन चालयेत् ॥ ५० ॥
आनीय संमुखे पीठे संस्थाप्य जीवमर्पयेत् ।
तत्रैव संस्थिरो भूत्वा तत्प्राणान् तत्र स्थापयेत् ॥ ५१ ॥
[१]आंह्रीं क्रों शब्दमुच्चार्य यं रं लं वं ततः परम् ।
इत्याद्यैः स्थापयेत् प्राणान् ततोऽर्चविधिमाचरेत्[२] ॥ ५२ ॥

शाकिनी देवी के ईश सदाशिव देव का फिर धैर्य के साथ ध्यान करे । वे सदाशिव त्रैलोक्य से युक्त ईशान, पाँच मुख वाले और तीन नेत्रों से युक्त हैं । इस प्रकार पूर्वोक्त (पृ०) ध्यान करके मन्त्राक्षरों का विभावन करे । पुनः पुनः चित् एवं शक्ति में परमात्मा का ध्यान करके उनके पैर में अपने को संलग्न करके चिन्तामणि का भजन करना चाहिए ।

प्राणप्रतिष्ठा—धूम के आकार वाले, तैजस से युक्त महाकाश वाले, लीलामय देवता रूप का मानसोपचारों से पूजन करके क्रमशः नासिका के द्वार से सोऽहं बीज से चालन करे । उन्हें (चिन्तामणि को) लाकर तथा संमुख पीठ पर संस्थापित करके जीव को समर्पित कर

---

१. मन्त्रस्य स्वरूपमत्रोक्तमस्ति, तत एवावगन्तव्यम् ।

२. अर्चनमर्चः, तस्य विधिः । भावे कप्रत्ययो घञर्थे कविधानमिति वचनेन ।

दे । वहीं पर सुस्थिर होकर उनके प्राणों को वहाँ स्थापित कर दे । इस प्रकार प्राणप्रतिष्ठा के क्रम में प्राणों को 'आं ह्रीं क्रों' शब्द का उच्चारण कर 'यं रं लं वं' का उच्चारण करते हुए स्थापित करे । इसके बाद पूजन की विधि का आचरण करे ॥ ४७-५२ ॥

पूजानिरूपणे न्यासकथनम्

न्यासजालं ततः कुर्यात् शृणु तत्त्वासनादिकम् ।
सदाशिव ऋषिश्चास्य मस्तके संन्यसेत् सुधीः ॥ ५३ ॥

पूजाविधान में न्यास कथन—हे देवि ! इस (प्राण प्रतिष्ठा) के बाद विभिन्न प्रकार के न्यासों को करना चाहिए । उस न्यास के तत्त्व एवं आसनादि को आप सुनिए । इसके ऋषि सदाशिव हैं । विद्वान् साधक को ऋषि का न्यास मस्तक पर करना चाहिए ॥ ५३ ॥

सदाशिवाय ऋषये नमः प्रणवमाद्यके ।
मुखे प्रणवमुच्चार्य चानुष्टुप्छन्दसे नमः ॥ ५४ ॥
हृदि प्रणवमुच्चार्य शाकिन्यै तदनन्तरम् ।
सदाशिवप्रयुक्तायै देवतायै नमस्ततः ॥ ५५ ॥

१. आदि में प्रणव लगाकर 'ॐ सदाशिवाय ऋषये नमः' कहकर मस्तक में न्यास करे । २. 'ॐ अनुष्टुप् छन्दसे नमः' कहकर मुख में न्यास करे । ३. 'ॐ शाकिन्यै सदाशिवदेवतायै नमः' कहकर हृदय में न्यास करे ॥ ५४-५५ ॥

कराङ्गन्यासौ सङ्कुर्यात् षड्दीर्घस्वरसंयुतैः ।
सकारैर्देवदेवेश मातृकां बीजसम्पुटाम् ॥ ५६ ॥
मातृकास्थानमालम्ब्य सांबीजेन तु वा चरेत् ।
व्यापकषोडशवारं प्राणयामयुगं चरेत् ॥ ५७ ॥

षड्दीर्घ स्वर (आ ई ऊ ऐ ॠ ॡ) से युक्त करके करन्यास और अङ्गन्यास करे । हे देव देवेश ! सकारों के द्वारा मातृका वर्णों को बीज से सम्पुटित कर न्यास करे अथवा सां बीज से युक्त मातृकास्थान का आलम्बन कर न्यास करे । सोलह बार प्राणयाम-युग्म करके व्यापक न्यास करना चाहिए ॥ ५६-५७ ॥

पुनर्ध्यानं मानसार्चा[१] योनिमुद्रां प्रदर्शयेत् ।
पद्ममुद्रां ततः कृत्वा पाद्याद्यैः परिपूजयेत् ॥ ५८ ॥
आदौ मूलं समुच्चार्य एतत्पाद्यं ततः स्मरेत् ।
सदाशिवप्रयुक्तायै शाकिन्यै नम इत्यपि ॥ ५९ ॥

पुनः ध्यान करके मानस उपचार से पूजन करते हुए योनि मुद्रा का प्रदर्शन करे । फिर पद्ममुद्रा दिखाकर पाद्य आदि से पूजन करे । आदि में मूल मन्त्र का उच्चारण करके 'एतत् पाद्यं' और 'सदाशिवशाकिन्यै नमः' इसे भी संयोजित करे ॥ ५८-५९ ॥

---

१. मनसि भवा मानसी, आसमन्तादर्चनमर्चा, मानसी अर्चा इति विशेषणसमासः ।

विमर्श—मूल मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—सदाशिवाय शाकिन्यै नमः एतत्पाद्यं समर्पयामि ॥ ५८-५९ ॥

एवं क्रमेण पूर्वार्घ्यमाचमनीयं निवेदयेत् ।
स्नानीयं क्रमतो दद्यात् पुनराचमनीयकम् ॥ ६० ॥
गन्धं पुष्पाणि मूलेन दद्याद् भक्त्या सदाशिवे ।
बिल्वपत्राणि मूलेन दत्वा वरुणमर्चयेत् ॥ ६१ ॥

इस क्रम से पूर्व अर्घ और आचमन को निवेदित करते हुए पूजा करे । (इदं अर्घ्य सर्मर्पयामि, इदं आचमनं समर्पयामि) । स्नान कराकर क्रमपूर्वक पुनः आचमन कराना चाहिए । हे सदाशिवे ! भक्तिभाव से मूल मन्त्र द्वारा गन्ध-द्रव्य एवं पुष्प प्रदान करे । फिर मूल मन्त्र से बिल्व पत्रों द्वारा वरुण देवता का अर्चन करे ॥ ६०-६१ ॥

धेनुमुद्रां मत्स्यमुद्रां सिंहमुद्रां प्रदर्शयेत् ।
प्रणवं सां हृदयाय नमश्चाग्नौ प्रपूजयेत् ॥ ६२ ॥
प्रणवञ्च सीं शिरसे स्वाहया नैर्ऋते यजेत् ।
प्रणवं सूं शिखायै वषड् वायौ यजेत् क्रमात् ॥ ६३ ॥
प्रणवं सैं कवचाय कूर्चमीशे प्रपूजयेत् ।
मध्ये सौं नेत्रत्रयाय वौषट् प्रणवमाद्यके ॥ ६४ ॥

धेनुमुद्रा, मत्स्यमुद्रा और सिंहमुद्रा का प्रदर्शन करे । फिर 'ॐ सां हृदयाय नमः' कहकर अग्नि का पूजन करे । 'ॐ सीं शिरसे स्वाहा' कहकर नैर्ऋत्य कोण में पूजन करे । 'ॐ सूँ शिखायै वषट्' कहकर क्रम से वायव्य कोण में यजन करे । ॐ सैं कवचाय हुँ' (=कूर्च) कहकर ईशान कोण में पूजन करे । 'ॐ सौं नेत्रत्रयाय वौषट्' कहकर (यन्त्र के) मध्य में पूजन करे ॥ ६२-६४ ॥

चतुर्दिक्षु ततः पश्चात् सः अस्त्राय ततो हि फट् ।
प्रणवाद्यं पूजयित्वा मस्तके ऋषिमर्चयेत् ॥ ६५ ॥
प्रणवं मूलऋषये सदाशिवाय कृत्ततः ।
पूर्वादिवामतः पूज्याः परिवारादिदेवताः ॥ ६६ ॥

इसके पश्चात् आदि में प्रणव लगाकर चारों दिशाओं में 'ॐ सः अस्त्राय फट्' मन्त्र से पूजन करके मस्तक पर ऋषि का अर्चन करे । 'ॐ सदाशिवाय ऋषये नमः' मन्त्र से मस्तक में ऋषि का पूजन करे। परिवारादिक देवताओं का पूर्व से वामतः पूजन करना चाहिए।

विमर्श—चतुर्दिक्षु—चतुः संख्याकासु दिक्षु इति मध्यमपदलोपिसमासः । प्रणवाद्यं—प्रणव आद्यो यस्य तं प्रणवाद्यम् ॥ ६५-६६ ॥

परिवारादिदेवता पूजाकथनम्

आनन्दभैरवं पश्चान्महाकालं समर्चयेत् ।
(ज्ञानानन्दं सदानन्दं भैरवानन्दमेव च ।

श्यामानन्दं शिवानन्दं कालानन्दं ततः परम्) ।
सुधानन्दं हरानन्दं सुरानन्दं समर्चयेत् ॥ ६७ ॥
कुलानन्दं प्रियानन्दं यज्ञानन्दमतः परम् ।
ध्यानानन्दं परानन्दं योगानन्दं समर्चयेत् ॥ ६८ ॥

परिवारादिदेवता पूजाविधि—१. आनन्द भैरव के बाद २. महाकाल की अर्चना करे । फिर ३. ज्ञानानन्द, ४. सदानन्द, ५. भैरवानन्द, ६. श्यामानन्द, ७. शिवानन्द तथा ८. कालानन्द की पूजा करे । तत्पश्चात् ९. सुधानन्द, १०. हरानन्द और ११. सुरानन्द का पूजन करे । इसके बाद १२. कुलानन्द, १३. प्रियानन्द, १४. यज्ञानन्द, १५. ध्यानानन्द, १६. परानन्द, एवं १७. योगानन्द का यजन करे ॥ ६७-६८ ॥

क्रोधानन्दं[1] क्रियानन्दं[2] बोधानन्दं[3] तथार्चयेत् ।
देवानन्दं जयानन्दं विजयानन्दमेव च ॥ ६९ ॥
ब्रह्मानन्दं प्रभानन्दं पूर्णानन्दं समर्चयेत् ।
जगदानन्दरूपं तु ममाज्ञागुरुचक्रगम् ॥ ७० ॥
पूजयित्वा देहशक्तिमेतेषां पार्श्वके यजेत् ।

१८. क्रोधानन्द, १९. क्रियानन्द, २०. बोधानन्द, २१. देवानन्द, २२. जयानन्द २३. विजयानन्द, २४. ब्रह्मानन्द, २५. प्रभानन्द, २६. पूर्णानन्द तथा २७. जगदानन्द रूप ममाज्ञागुरु चक्र-गत देवों की अर्चना करके उनके देह की शक्ति का पूजन उनके पार्श्व भाग में करे ॥ ६९-७१ ॥

कल्याणीं कामकन्यां त्रिपुरां षोडशीं तथा ॥ ७१ ॥
विद्याधरीं नीलवर्णां श्यामां सिंहासनस्थिताम् ।
चण्डिकामुपकन्याञ्च चन्द्रचूडसरस्वतीम् ॥ ७२ ॥
कपिलां मेघदूताञ्च धूम्रवर्णां जटाधराम् ।
त्रिलोचनां खेचरीञ्च गगनां कामरूपिणीम् ॥ ७३ ॥

१. कल्याणी, २. कामकन्या, ३. त्रिपुरा, ४. षोडशी, ५. विद्याधरी, ६. नीलवर्णा, ७. श्यामा, ८. सिंहासनस्थिता, ९. चण्डिका, १०. उपकन्या, ११. चन्द्रचूड़सरस्वती, १२. कपिला, १३. मेघदूता, १४. धूम्रवर्णा, १५. जटाधरा, १६. त्रिलोचना, १७. खेचरी, १८. गगना, १९. कामरूपिणी ॥ ७१-७३ ॥

पीनकुचां व्याघ्रमुखीं मधुपानां मदोन्मदाम् ।
रम्यां स्नेहकलां धर्मां तथा मधुमतीं हराम् ॥ ७४ ॥
हारमालां वनमालां चकोरां कुलकामिनीम् ।
पूजितां गुरुसर्वाणीं सर्वतत्त्वस्वरूपिणीम् ॥ ७५ ॥

---

१. क्रोधेनानन्दो भवति यस्य सः, तम्; २. क्रियया आनन्दो यस्य ।
३. बोधेनानन्दो यस्य तमिति;

२०. पीनकुचा, २१. व्याघ्रमुखी, २२. मधुपाना, २३. मदोन्मदा, २४. रम्या, २५. स्नेहकुला, २६. धर्मा, २७. मधुमती, २८. हरा, २९. हारमाला, ३०. वनमाला, ३१. चकोरा, ३२. कुलकामिनी सर्वतत्त्व स्वरूपिणी गुरुसर्वाणी इन ३२ शक्तियों का यजन करना चाहिए ॥ ७४-७५ ॥

पूजयेत् सर्वतः शक्त्या ईशानान्तं क्रमेण तु ।
तन्मध्ये केशवं ध्यात्वा दलस्वरमुपार्चयेत् ॥ ७६ ॥

चारों ओर ईशान कोण तक क्रम से शक्ति का पूजन करे । उन शक्तियों के मध्य केशव का ध्यान करके दल पर स्वरों का अर्चन करना चाहिए ॥ ७६ ॥

अकारादिषोडशार्णान् प्रणवादिनमोऽन्तिकान् ।
नीलवर्णान् सरक्ताढ्यान् कुङ्कुमालक्तवेष्टितान् ॥ ७७ ॥
विद्युत्कोटिसमाभासपद्मरागसमोज्ज्वलान् ।
मनोरथपूर्णकरान् जगदानन्दवर्धकान् ॥ ७८ ॥
सुप्रियाकण्ठताल्वादिपरमात्मप्रदर्शकान् ।
तेषां नाम्ना पूजयित्वा यथा मार्तण्डमण्डले ॥ ७९ ॥
तथाऽत्र ते पूजिताः स्युः स्वस्वनामप्रचोदिताः ।

अकारादि सोलह स्वर वर्णों का आदि और अन्त में प्रणव (ॐ) लगाकर (ॐ अं नमः ॐ, ॐ आं नमः ॐ आदि) पूजन करे । नील वर्णो की लालिमा से युक्त कुङ्कुम से एवं आलता से वेष्टित, करोड़ों विद्युत् के प्रभा से भासमान, पद्मराग मणि के समान उज्ज्वल, मनोरथ को पूर्ण करने वाले, जगत् के आनन्द का वर्धन करने वाले, सुप्रिया के कण्ठ एवं ताल्वादि परमात्मा तत्त्व के प्रदर्शक देवों की मार्तण्ड मण्डल के समान उनके नाम से पूजा करके तथा उन-उन का अपना नाम लेकर 'अत्र ते पूजिताः स्युः' यहाँ वे पूजित हुए यह कहे ॥ ७७-८० ॥

शृणु नाथ महाकाय मदोन्मत्त[१] दिगम्बर ॥ ८० ॥
स्थिरचेताः[२] सदा भूत्वा पूजय त्वं हि शाकिनीम् ।
तत्र पद्मकर्णिकायां शवरूपं सदाशिवम् ॥ ८१ ॥

हे नाथ ! हे महाकाय ! हे मदोन्मत्त ! हे दिगम्बर ! आप सुनिए । सदा स्थिरचित्त होकर शाकिनी देवी का आप पूजन कीजिए । कमल की उस कर्णिका में शवरूप सदाशिव के साथ यजन करे ॥ ८०-८१ ॥

पीठपूजनम्

ध्यात्वा तद्गतमध्ये तु पीठचक्रं प्रपूजयेत् ।
मूलाधारे कामरूपं कामचक्रं त्रिलक्षणम् ॥ ८२ ॥

---

१. मदेन विजयापानेन विषपानेन वा उन्मत्तः, विभोरः ।

२. स्थिरं चेतो यस्य, तादृशो भूत्वा इत्यर्थः ।

पीठाय नम उच्चार्य चाद्यतारकमुच्चरेत् ।
हृदि जालन्धरं पीठं सिद्धपीठं त्रिचक्रकम् ॥ ८३ ॥
ललाटे पूर्णगिर्याख्यं हिङ्गुलादं सुपीठकम् ।
उड्डियानं तदूर्ध्वे तु मेघकुञ्जं स्वपीठकम् ॥ ८४ ॥
महापीठं भ्रुवोर्मध्ये वाराणसीञ्च लिङ्गकम् ।
लोचनत्रयमध्ये तु ज्वलन्तीसिद्धपीठकम् ॥ ८५ ॥
ज्वालामुखी त्रिवेणी च पीठत्रयमुदाहृतम् ।
त्रिलोचने त्रिपीठं मे अवश्यं परिपूजयेत् ॥ ८६ ॥

पीठ पूजा विधि—उनके मध्य में ध्यान करके पीठचक्र की पूजा करे । १. मूलाधार में 'ॐ कामरूपं कामचक्रं त्रिलक्षणं पीठाय नमः' कहकर पूजा करे । २. हृदय में जालन्धर पीठ सिद्धपीठ और त्रिचक्र पीठ की पूजा करे । ३. ललाट में पूर्णगिरि नामक पीठ, हिङ्गुलाद और सुपीठक की पूजा करे । ४. ऊर्ध्व भाग में उड्डियान, मेघकुञ्ज एवं स्वपीठक की, ५. भ्रू मध्य में महापीठ, वाराणसी तथा लिङ्गिक पीठ की, ६. नेत्र-त्रय के मध्य में ज्वलन्तीसिद्ध पीठ, ज्वालामुखी और त्रिवेणी इन तीन पीठ की पूजा करने को कहा गया है । मेने त्रिनेत्र में अवश्य ही तीन पीठों की पूजा करनी चाहिए ॥ ८२-८६ ॥

मुखाम्बुजे पूजयेद् वै मायारतिं सुभद्रिकाम् ।
कम्पिल्लनगरं वंशनगरं कामभञ्जनम् ॥ ८७ ॥
हिरण्यनगरं तत्र एकदन्तारसायनाम् ।
कपालपीठं ताल्वाख्यं फणिपीठं मुखे यजेत् ॥ ८८ ॥
कण्ठे मधुपुरीपीठं सुधापीठं तदन्तिके ।
आह्लादपीठं श्रीपीठं शून्यपीठं प्रियाञ्जलम् ॥ ८९ ॥

७. मुख कमल में मायारति, सुभद्रिका, कम्पिल्लनगर, वंशनगर और कामभञ्जन, पीठ की पूजा करे । ८. वहाँ मुख में हिरण्यनगर, एकदन्तारसायन, कपालपीठ, ताल्वाख्य पीठ और फणिपीठ का यजन करे । ९. कण्ठ में मधपुरी पीठ और उसके पास में सुधापीठ आह्लादपीठ, श्रीपीठ, शून्यपीठ एवं प्रियाञ्जल पीठ की पूजा करे ॥ ८७-८९ ॥

पुरञ्जनाख्यं भद्राख्यं कण्ठे अम्भपुरी मम ।
नाभौ महापीठराजमयोध्याभवपीठकम् ॥ ९० ॥
लक्ष्मीपीठं ब्रह्मपीठं लाङ्गलीपीठमेव च ।
मानपीठं ज्ञानपीठं रुद्रपीठं तदन्तिके ॥ ९१ ॥
लाकिनी कुलपापीठं वलाकापीठमेव च ।
रौद्रप्रभामहापीठं म्लेच्छवासिसुपीठकम्[१] ॥ ९२ ॥
मक्कासिद्धकरीपीठं निरञ्जनस्वपीठकम् ।

---

१. म्लेच्छानां वासो म्लेच्छवासः, सोऽस्यास्तीति मत्वर्थीय इनिः ।

ब्राह्मीपीठं दत्तपीठमभयापीठमेव च ॥ ९३ ॥
रंगिणीपीठमेवं हि फेत्कारीपीठमर्चयेत् ।
गर्गरीसिद्धपीठं च चन्द्रशेखरशैलकम् ॥ ९४ ॥
हरिद्वाराख्यपीठं तु समुद्रपीठमर्चयेत् ।
कट्यां सङ्केतपीठं च काञ्चीपीठं त्रिघर्घरम् ॥ ९५ ॥
शूलिनीपीठमभ्यर्च्य लङ्कापीठं समर्चयेत् ।
वारुणीपीठमभ्यर्च्य वज्रपीठं समर्चयेत् ॥ ९६ ॥
सिद्धकटाहपीठञ्च महासंहारपीठकम् ।
षट्पीठं द्राविडापीठं विष्णुपीठं रसान्वितम् ॥ ९७ ॥
दलपीठं तथा राधापीठं पञ्चनलाख्यकम् ।
कुण्डलीचक्रपीठं तु कामपीठं समर्चयेत् ॥ ९८ ॥

१०. मेरे कण्ठ में ही पुरञ्जन नामक, भद्र नामक और अम्भ पुरी नामक पीठ की तथा ११. नाभि में महापीठराज अयोध्याभवपीठ और उसके पास में लक्ष्मीपीठ, ब्रह्मपीठ, लाङ्गलीपीठ, मानपीठ, ज्ञानपीठ, रुद्रपीठ, लाकिनी-कुलपा-पीठ, बलाकापीठ, रौद्र प्रभा-महापीठ, म्लेच्छवासि-सुपीठ, मक्कासिद्धकरीपीठ, निरञ्जनस्वपीठ, ब्राह्मीपीठ, दत्तपीठ और अभयापीठ, रङ्गिणीपीठ तथा फेत्कारी पीठ का अर्चन करे। वही पर गर्गरीसिद्धपीठ और चन्द्रशेखरशैलकपीठ, हरिद्वार नामक पीठ तथा समुद्रपीठ का यजन करे। १२. कटि भाग में संकेत पीठ, काञ्चीपीठ एवं त्रिघर्घर का तथा शूलिनीपीठ का अर्चन करके लङ्का पीठ की अर्चना करे। वारुणीपीठ का पूजन करके वज्र पीठ का पूजन करे। सिद्धकटाहपीठ, महासंहारपीठ, षट्पीठ, द्राविडापीठ, रसान्वितपीठ, विष्णुपीठ, दलपीठ, राधापीठ, पञ्चनलाख्यपीठ, कुण्डलीचक्रपीठ एवं कामपीठ का अर्चन करे ॥ ८९-९८ ॥

महावाय्वाकाशपीठं त्रिकालचक्रपीठकम् ।
ब्रह्मपीठं धरापीठं शत्रुपीठं समर्चयेत् ॥ ९९ ॥
कुब्जराख्यं महापीठं कालधर्माख्यपीठकम् ।
तद्वामे डाकिनीपीठं गर्भपीठं तदन्तिके ॥ १०० ॥
मयूरपीठमभ्यर्च्य गारुडीपीठमर्चयेत् ।
प्रणवं पूर्वमुच्चार्य चात्र पीठस्थितान् स्वरान् ॥ १०१ ॥
पूजयामि पद्मपुष्पैः प्रसन्नाः प्रभवन्तु ते ।

महावाय्वाकाशपीठ, त्रिकालचक्रपीठ, ब्रह्मपीठ, धरापीठ, शत्रुपीठ का पूजन करे। कुब्जराख्य महापीठ, कालधर्माख्यपीठ, और उसके वाम भाग में डाकिनीपीठ, तथा उसी के पास गर्भपीठ, मयूरपीठ का अर्चन करके गारुडीपीठ का पूजन करे। पहले प्रणव (ॐ) फिर पीठस्थित स्वरों को उच्चरित कर 'पद्मपुष्पै पूजयामि ते प्रसन्नाः भवन्तु' कहकर पूजा करे ॥ ९९-१०२ ॥

विमर्श—'ॐ अं संकेतपीठं पद्मपुष्पैः पूजयामि ते प्रसन्नाः भवन्तु' आदि मन्त्र ऊह करके पूजन करना चाहिए ॥ ९९-१०२ ॥

शिवलोकार्चनम्

पूजयित्वा पीठलोकं शिवलोकं समर्चयेत् ॥१०२॥
क्षेत्रपाललोकमेवं धूम्रलोकं त्रिलोककम् ।
पूजयेत् सागरान् सप्त भुवनानि चतुर्दश ॥१०३॥
ताराग्रहगणक्रान्तलोकपालयुतानि [१] च ।
पूजयित्वा तद्बाह्ये च शक्तिविद्याः प्रपूजयेत् ॥१०४॥

शिवलोकार्चन—पीठलोक के देवों की पूजा करके, अब शिवलोक के देवों की पूजा करे । इसी प्रकार क्षेत्रपाललोक, धूम्रलोक एवं त्रिलोक की पूजा करके सात सागर तथा चौदह भुवन की पूजा करे । क्रान्त लोकपालों से संयुक्त तारा एवं ग्रह गणों की पूजा करके उसके बाहर शक्ति विद्या का पूजन करना चाहिए ॥ १०३-१०४ ॥

डाकिनी राकिणी पूज्या लाकिनी काकिनी तथा ।
शाकिनी हाकिनी पश्चात् प्रभा नीला च बोधिनी ॥१०५॥
उन्मनी भाविनी चिन्ता प्रियाङ्गी मानसेश्वरी ।
उल्कामुखी क्रोधमुखी विप्रचित्ता सुभद्रिका ॥१०६॥
नागिनी नागमाला च पृथिवीतीर्थवासिनी [२] ।
अकलङ्का जाह्नवी च स्वर्गगङ्गा मनोन्मनी ॥१०७॥

शक्ति विद्या पूजा विधान—१. डाकिनी, २ राकिणी, ३. लाकिनी, ४. काकिनी तथा ५. शाकिनी और ६. हाकिनी ये शक्तिविद्या पूजनीय कही गई हैं । इनके पश्चात् ७. प्रभा, ८. नीला, ९. बोधिनी, १०. उन्मनी, ११. भाविनी, १२. चिन्ता, १३. प्रियाङ्गी, १४. मानसेश्वरी, १५. उल्कामुखी, १६. क्रोधमुखी, १७. विप्रचित्ता, १८. सुभद्रिका, १९. नागिनी, २०. नागमाला, २१. पृथिवीतीर्थवासिनी, २२. अकलङ्का, २३. जाह्नवी, २४. स्वर्गगङ्गा और २५. मनोन्मनी—आदि शक्तिविद्या पूजनीय हैं ॥ १०५-१०७ ॥

सं सत्वस्था रं रजःस्था तं तमः स्था प्रपूजयेत् ।
सर्वां देवीं पूजयेद् वै प्रणवादिनमोऽन्तिकाम् [३] ॥१०८॥

इसके बाद सं सत्त्वस्था, रं रजःस्था और तं तमःस्था आदि (सत्व, रज, तम) में स्थित देवी की पूजा करनी चाहिए । सभी देवियों की पूजा, आदि में प्रणव (ॐ) और अन्त में नमः पद लगाकर करनी चाहिए ॥ १०८ ॥

विमर्श— 'ॐ डाकिन्यै नमः', 'ॐ राकिण्यै नमः' आदि । 'ॐ सं सत्त्वस्था देव्यै नमः', 'ॐ रं रजःस्था देव्यै नमः', 'ॐ तं तमस्था देव्यै नमः' मन्त्र कहकर पूजा करनी चाहिए ॥ १०८ ॥

---

१. ताराणां ग्रहाणां च गणाः, तैः क्रान्ता लोकास्तान् पालयन्ति ये तैर्युतानि ।

२. पृथिवीतीर्थे वसति तच्छीला पृथिवीतीर्थवासिनी ।

३. प्रणव आदिर्यस्याः, नमोऽन्तिको यस्याः सा, पुत्रः प्रणवादिश्च नमोऽन्तिकश्चेति कर्मधारयः ।

पञ्चोपचारकथनम्

धूपदीपौ स्वमूलेन दद्यात् साधकयोगिराट् ।
नैवेद्यं शोधयित्वा च दद्यात् पानार्थकं प्रभो ॥ १०९ ॥

पञ्चोपचार पूजन—श्रेष्ठ योगी साधक अपने मूल मन्त्र को पढ़ते हुए धूप एवं दीप दिखाए । हे प्रभो ! अच्छी तरह से शोधन करके नैवेद्य प्रदान करे तथा पानार्थक द्रव्यों को समर्पित करे ॥ १०९ ॥

विशेषबलि अर्पणम्

पुनराचमनं दत्वा विशेषबलिमर्पयेत् ।
पूर्वोक्तस्तु मामानेन पञ्चतत्त्वक्रियादिभिः ॥ ११० ॥
अनेन मनुना दद्यात् बलित्रयमनुत्तमम् ।
प्रणवं कालमायेऽन्ते सर्वपीठनिवासिनि ॥ १११ ॥
तदन्ते कालिकाबीजं स्वबीजं तदनन्तरम् ।
आकाशवाहिनीत्यन्ते बलिं गृह्ण ततः परम् ॥ ११२ ॥
पञ्चतत्त्वादिमिलितं कपाले तदनन्तरम् ।
परिगृह्णयुगं पश्चात् शब्दबीजं ततो द्विजः ॥ ११३ ॥
अनेन मनुना दद्याद् बलित्रयमनुत्तमम् ।
सर्वत्र मानसैर्योगी ददाति पूजनं बलिम् ॥ ११४ ॥

पुनः आचमन कराकर विशेष बलि समर्पित करे । पूर्वोक्त मन्त्र में 'मम अनेन पञ्चतत्त्वक्रियादिभिः' आदि जोड़कर इस मन्त्र से उत्तम तीन बलि प्रदान करे । ॐ और काल फिर माया (श्रीं) के अन्त में 'सर्वपीठनिवासिनि' उसके अन्त में कालिका बीज (ह्रीं), फिर स्वबीज, फिर 'आकाशवाहिनी' शब्द के बाद 'बलिं गृह्ण' कहे । पञ्च तत्त्वादि से मिलकर कपाल में 'परिगृह्ण' शब्द दो बार जोड़े, फिर द्विज को आकाशबीज (हं) जोड़ना चाहिए । इस मन्त्र से तीन परिष्कृत बलि प्रदान करे । किन्तु योगी सर्वत्र मानस द्वारा पूजन एवं बलि प्रदान करे ॥ ११०-११४ ॥

जपकथनम्

प्राणायामं त्रिधा कृत्वा जपेन्मन्त्रं यथाविधि ।
सहस्रं वा शतं वापि चाष्टोत्तरसमन्वितम् ॥ ११५ ॥
दिवसे यज्जपं कुर्याद्रात्रौ तज्जाप्यमाश्रयेत् ।
जपं समर्पयेद् देव्या वामहस्ते तु मन्त्रकैः ॥ ११६ ॥

मन्त्र जप विधान—तीन बार प्राणायाम करके विधि के अनुसार मन्त्र का जप प्रारम्भ करे । जप संख्या १००८ हो या १०८ होनी चाहिए । दिन में जितना जप करे, रात में भी उतना ही जप होना चाहिए अर्थात् ऐसा न हो कि दिन में १००८ कर लिया और रात में १०८ पर ही छोड़ दिया । जप करने के बाद मन्त्र जापक साधक को चाहिए कि वह देवी के बाएँ हाथ में जप समर्पित करे ॥ ११५-११६ ॥

गुह्यातिगुह्यगोप्त्री[१] त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम् ।
सिद्धिर्भवतु मे देवि त्वत्प्रसादात् सुरेश्वरि ॥ ११७ ॥

साधक का जप समर्पण—हे देवि ! आप गुह्याति गुह्य की भी गोप्त्री हैं । हमारे द्वारा किए गए (गुह्य) जप को आप ग्रहण करे । हे सुरेश्वरि ! आपकी प्रसन्नता से मुझे सिद्धि प्राप्त होए । इस प्रकार 'गुह्यतिगुह्य-सुरेश्वरि' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर जप समर्पण करे ।

प्राणायामं त्रिषट्कृत्वा वन्दनं च प्रदक्षिणम् ।
संवन्दे वरदे देवि त्रैलोक्यकुलपावनि ॥ ११८ ॥
सर्वसिद्धिप्रदे देवि शाकिनी त्वां नमाम्यहम् ।

१८ (= ६ x ३) बार प्राणायम करके फिर उनकी वन्दना कर प्रदक्षिणा करे । हे त्रैलोक्य कुल पावनि ! हे देवि ! हे वरदायिनी ! हे वन्दनीये ! हे सर्वसिद्धिप्रदायिनि ! हे शाकिनी देवि ! मैं आपको प्रणाम करता हूँ । इस प्रकार 'संवन्दे ... ... नमाम्यहम्' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर प्रणाम् करे ॥ ११८-११९ ॥

वेदविद्याप्रकाशे त्वं नानाविद्याविनोदिनि ॥ ११९ ॥
भवानि सिद्धिदे देवि वरदा भव सर्वदा ।
सर्वदानवहन्त्री त्वं मम शत्रून् विनाशय ॥ १२० ॥
अकालमृत्युहरणं कुलकौमारिशाकिनि ।
सदाशिवयुते नित्ये सदाशिवविहारिणि ॥ १२१ ॥
अमरत्वं सदा देहि भक्तिं मुक्तिं प्रयच्छ मे ।
शाकिनी प्राणदे देवि देवानां प्राणरक्षिणि ॥ १२२ ॥

हे नाना प्रकार की विद्याओं में विनोद करने वाली ! हे वेद विद्या की प्रकाशक ! हे भवानि ! हे देवि ! हे सिद्धि देने वाली ! आप सर्वदा मेरे लिए वरदायिनी होइए । आप सभी दानवों का विनाश करने वाली हैं । आप मेरे भी शत्रुओं का विनाश कीजिए । हे कुल-कौमारि शाकिनि देवि ! आप अकाल मृत्यु की हर्ता हैं । हे सदाशिव के साथ विहार करने वाली देवि ! आप सदाशिव से संयुक्त (अर्धनारीश्वर) विग्रह वाली एवं नित्य (हमारे हृत्कमल में विराजमान रहकर) सदा मुझे अमरत्व प्रदान करें और भोग एवं मोक्ष को भी प्रदान करें । हे प्राणदायिनि शाकिनी देवि ! आप देवताओं के भी प्राणों की रक्षा करने वाली हैं ॥ १९१-१२२ ॥

शाकम्भरि नमस्तेऽस्तु मम देहं समाश्रय ।
वाञ्छाकल्पतरोर्मूले स्थायिनि प्रेमदायिनि ॥ १२३ ॥
सर्वलोकार्चिते सिद्धिकण्ठपद्मे स्थिरा भव ॥ १२४ ॥

हे शाक के द्वारा पालन करने वाली ! आपको मेरा नमस्कार है । आप मेरे शरीर में विराजमान होवें । हे प्रेम देने वाली ! हे वाच्छा कल्पतरु के मूल में निवास करने वाली ! हे

---

१. गुह्यमतिगुह्यं च गोपायति या सा, गुपेः कर्तरि तृच्प्रत्ययः ।

सर्वलोक से पूजित देवि ! मेरे सिद्धिप्रद कण्ठ-पद्म में स्थिर होइए ॥ १२३-१२४ ॥

कण्ठाम्भोरुहमण्डले सुविमले वाञ्छाफले ज्वालिनी
कामाख्ये प्रणमामि शाकिनि पदं मातर्हि शाकम्भरि ।
देवानां जगतां हिताय विनये सम्यग्वरश्रीप्रदे
स्थित्यादिक्रमसंस्थिता भव महाकाशप्रभाचञ्चले ॥ १२५ ॥

हे कण्ठ पद्म के मण्डल में विराजमान ! हे सुन्दर एवं निर्मल (हृदय वाली)!, हे वाञ्छा रूप फल प्रदान करने वाली ! हे ज्वालिनि ! हे कामाख्या देवि ! हे शाकिनि ! हे माता ! हे शाकम्भरि ! मैं आपके चरण कमलों में प्रणाम करता हूँ । हे देवताओं एवं समस्त चराचर जगत् के हित के लिए विनय देने वाली ! हे सम्यक् वर तथा समृद्धि देने वाली ! हे महाकाश की प्रभा से युक्त चञ्चल मन वाली मेरे स्थित्यादि क्रम में संस्थित होइए ॥ १२५॥

विमर्श—इस प्रकार नमस्कार के अन्त में 'वेदविद्याप्रकाशिनी महाकाशप्रभाचञ्चले' आदि ११९ से १२५ तक के मन्त्रों को पढ़कर देवि शाकिनी के समक्ष प्रार्थना करनी चाहिए।

इति प्रणम्य भावेन भुक्तिमुक्ती[१] लभेद् ध्रुवम् ।
पूजाफलमवाप्नोति प्रदक्षिणरतो नरः ॥ १२६ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवभैरवीसंवादे शाकिनीयजनं नाम षष्ठषष्टितमः पटलः ॥ ६६ ॥

इस प्रकार अत्यन्त भाव विभोर होकर प्रणाम करके प्रार्थना करने से निश्चय ही देवी शाकिनी की प्रसन्नता से साधक समस्त समृद्धि वाले भोग एवं मोक्ष का भागी होता है । इस प्रकार प्रदक्षिणा में निरत रहने वाले साधक श्रेष्ठ को पूजा के फल की प्राप्ति हो जाती है ॥ १२६ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्ध मन्त्र प्रकरण में षट्चक्र प्रकाश में भैरवीभैरवसंवाद में शाकिनीयजन नामक छाछठवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ६६ ॥

१. भुक्तिर्भोग ऐहलौकिकः, मुक्तिर्मोक्षः पारलौकिकः, द्वयोः प्राप्तिः ।

अथ सप्तषष्टितमः पटलः

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

कुरु नाथ वन्दनं भो पूजनं कवचं पठ ।
वर्णाध्यानं[१] कण्ठपद्मे स्थिरो भव जगत्पते ॥ १ ॥
परमा शाकिनी विद्या [२]महामोहनिवारिणी ।
योगिनीकोटिभिः सार्धं राजते सूर्यवत् सदा ॥ २ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—हे नाथ ! अब कण्ठस्थित पद्म (विशुद्ध चक्र) में वन्दना कीजिए, पूजन कीजिए, कवच पढ़िए और वर्णध्यान कीजिए । हे जगत्पते ! अब स्थिर हो जाइये । हे नाथ ! उस कण्ठपद्म में महामोह का निवारण करने वाली परमा शाकिनी विद्या करोड़ों योगिनियों के साथ सूर्य के समान तेजस्विनी होकर सदा विराज रही हैं ॥ १-२ ॥

वाराणसीपुरे स्थित्वा कण्ठपद्मस्थितां भज ।
स्तोत्रेणानेन विधिना भक्तिं कुरु महाशिवे ॥ ३ ॥

आप वाराणसी पुरी में रहकर कण्ठपद्म में स्थित उस शाकिनी का भजन कीजिए । तथा उन महाशिवा में इस स्तोत्र का पाठ करते हुए विधिपूर्वक भक्ति कीजिए ॥ ३ ॥

अखण्डे [३]नीलपङ्केरुहविमलकरे स्थापितां षोडशारे
हेमाभां विद्युताभां सुकणकवलयां चन्द्रकोटिप्रभावाम् ।
श्रीकन्यां शाकिनीशां त्रिपुरहरकराम्भोजपूजाविनोदीं
कामाख्यां रुद्रमायां वधुनयनयुतां शक्रकान्तप्रकाशाम् ॥ ४ ॥
सिन्धुस्थां भावयामि प्रमथगणवधूप्रोज्ज्वलां वेदयुक्तां
योगेन्द्रानन्दकर्त्रीं कमलवलयां नीलजीमूतनेत्राम् ।
ओङ्कारां कारणाख्यां मधुगृहनिकरामष्टगेहप्रकाशा-
मानन्दज्ञाननित्यां द्विविनदलकलां कण्ठवैकुण्ठशोभाम् ॥ ५ ॥

अखण्ड, नीलवर्ण के कमल से निकलने वाली विमल किरणों से युक्त षोडशार में स्थापित, सुवर्ण की दीप्ति तथा विद्युत् के सदृश आभा वाली, स्वर्ण कङ्कण पहने हुए, करोड़ों चन्द्रमा के समान प्रभा वाली श्रीकन्या, शाकिनी रूपा परमेश्वरी, जो त्रिपुर का वध करने वाले

---

१. वर्णानामाध्यानमिति विग्रहे षष्ठीतत्पुरुषः ।

२. महान् मोहो महामोहः, सन्महदिति समासः, तं निवारयति तच्छीला कर्तरि णिनिः।

३. आनन्दे – जीवा० ।

सदाशिव के कर कमलों द्वारा प्राप्त पूजा से प्रसन्न रहने वाली हैं, रुद्रमाया कामाख्या वधु (तीन) नेत्रों वाली शक्रकान्त (विष्णु) के समान प्रकाश वाली हैं ऐसी समुद्र में निवास करने वाली भगवती का मैं ध्यान करता हूँ जो प्रमथ गणों की वधू हैं, प्रोज्ज्वल वर्णों वाली हैं, वेदों को धारण की हुई हैं, योगेन्द्रों को आनन्द करने वाली, कमलवन में निवास करने वाली, नीले बादल के समान नेत्रों वाली, ओङ्कार स्वरूपा, सबकी कारण स्वरूपा, मधुगृह (महाशाला) के निकट रहने वाली, अष्टगेहों को प्रकाशित करने वाली, आनन्द एवं ज्ञान तथा नित्य स्वरूपा, १६ कमल दल रूप कलाओं वाली, कण्ठ रूप वैकुण्ठ की शोभा स्वरूपा हैं ॥ ४-५ ॥

धर्मार्थज्ञानदात्रीं त्रिभुवनभुविकाह्लादहेतोः प्रकाश्यां
विन्ध्यस्थां पीठकन्यां त्रिकमलनयनां वेदहस्तां प्रसन्नाम् ।
स्मेरास्यां चन्द्रवक्त्रां हरिहरविधिभिर्ध्यानगम्यां कदाचि-
च्छम्भुस्थां चारुरूपां भवभयहरणीं तारिणीं भावयामि ॥ ६ ॥

धर्म, अर्थ तथा ज्ञान देने वाली, त्रिभुवन रूप भ्रू पद्म में क (सुख) तथा आह्लाद के लिए प्रकाश करने वाली, विन्ध्य में निवास करने वाली, विन्ध्यपीठ में कन्या रूप से विद्यमान् रहने वाली, कमल के समान तीन नेत्रों वाली, हाथ में वेदों को लिए हुए, प्रसन्नता से पूर्ण मन्दहास्य करने वाली, चन्द्रमुखी, विष्णु, शिव तथा ब्रह्मदेव द्वारा ध्यान करने पर गम्य (प्रगट होने वाली), कभी सदाशिव के हृदय में रहने वाली, मनोज्ञ स्वरूपा, संसार का भय दूर करने वाली ऐसी तारिणी देवी का ध्यान करता हूँ ॥ ६ ॥

सूक्ष्मां [१]स्थूलप्रभाढ्यां [२]चरणतलविभाकोटिबन्धूककान्तिं
कान्तानां कामकान्तां जयरतिभवतीं शाकिनीं शोकहन्त्रीम् ।
शब्दान्तःप्रान्तरस्थां स्थितिलयगगनां पद्मरागस्रजाढ्यां
कान्त्या विश्वं ज्वलन्तीं मदनवधुरमाबीजमालां स्मरामि ॥ ७ ॥

सूक्ष्म स्वरूपा, स्थूल प्रभा वाली, करोड़ों बन्धूक पुष्प के समान अपने चरण तल से प्रकाश करने वाली, सभी स्त्रियों में अत्यन्त कमनीय कान्ति वाली, जय तथा रति स्वरूपा, अत्यन्त पूजनीया, शोकहन्त्री शाकिनी देवी का ध्यान करता हूँ । जो देवी शब्द के अन्त में सबसे प्रान्तर (निगूढ़ स्थान) में परा स्वरूप से निवास करने वाली हैं, गगन स्वरूपा हैं, जहाँ सृष्टि की स्थिति तथा लय होता है जो पद्मराग मणि की माला से अलंकृत है, अपनी दिव्य कान्ति से विश्व को प्रकाशित करती हैं ऐसी मदन बीज, काम बीज तथा रमा बीज (श्रीं) के संयुक्त स्वरूप वाली (उन शाकिनी) का स्मरण करता हूँ ॥ ७ ॥

व्याघ्रस्थां व्याघ्रवस्त्रां हरिणनयनकैः केवलानन्दरूपां
वामां शक्तिं प्रवालां त्रिकुलजलकलां कालराजेश्वरीं याम् ।
आनन्दाब्धौ प्रभान्तीं प्रभुगणभयहां मातृकाबीजभूषां
घोरामट्टाट्टहास्यां दशनसुहसनां चारुनेत्रां भजामि ॥ ८ ॥

---

१. स्थूला बृहती या प्रभा, तया आढ्यां समृद्धाम् ।

२. चरणतलस्य या विभा, तया, कोटिबन्धूकपुष्पसदृशी कान्तिर्यस्याः सा ।

जो बाघ पर सवारी करती हैं, व्याघ्र चर्म का वस्त्र धारण करती हैं, अपने हरिण के समान चञ्चल नेत्रों से केवल आनन्द स्वरूप वाली हैं, वामा शक्ति तथा प्रवाल स्वरूपा हैं, जो त्रिकुलजलकला (?) हैं, जिन्हें काल राजेश्वरी कहा जाता है, जो आनन्द के समुद्र में शोभित होने वाली, अपने प्रभु सदाशिव के गणों के भय को दूर करने वाली, मातृकाबीज का आभूषण धारण करने वाली, घोर अट्टाट्टहास्य करने वाली, दाँतों से सुन्दर स्मित करने वाली एवं मनोहर नेत्रों वाली शाकिनी हैं उन का मैं भजन करता हूँ ॥ ८ ॥

बालादित्यायुताभां चरमपदमदां मद्यमाधुर्यभक्षां
क्षोणीसिंहासनस्थां मणिमयजपमालाभिर्वरानन्दहस्ताम् ।
मातल्लीलाकलापां तरतनुविमलां चामले कण्ठपद्मे
नित्यज्ञानप्रकाशां भजति मम सदानन्दचित्तावसन्नाम् ॥ ९ ॥

अयुत (दश हजार) संख्या में उदीयमान आदित्यों के समान आभा वाली, मद (हर्ष, मस्ती) से उत्कर्ष पदवी प्राप्त करने वाली, मद्य के माधुर्य का भक्षण करने वाली, क्षोणी रूप सिंहासन पर स्थिति करने वाली, मणिमय जपमाला, अभय, वर तथा आनन्द अपने हाथों में धारण करने वाली, लीला पूर्वक कलाप (संभाषण, बातचीत) करने वाली, सूक्ष्म शरीर तथा विमल स्वभाव वाली, नित्य ज्ञान से प्रकाश वाली एवं अमल कण्ठ पद्म में गुप्त रूप से रहने वाली, हे माता ! आपको मेरा आनन्दोद्रेक से परिपूर्ण चित्त भजता रहता है ॥ ९ ॥

हालापानोद्यताङ्गीं परमसुखमयीं वेदसन्तानकर्त्रीं
योगानन्दादिकर्त्रीं तरुणघनघटाघोररूपां करालाम् ।
आकाशाम्भोजमध्येऽविकलकरयुषा व्यापकाङ्गप्रकाशां
सा माता श्रीं वहन्तीं परिसमयकलौ मोक्षभक्तिं भजे त्वाम् ॥ १० ॥
सा विद्याधर्मचिन्तामणिगुणजनिता योजिता जातु भीतौ
शब्दब्रह्मैकहेतुस्थलनिलयमहाज्ञानसाक्षिप्रतीता ।
त्वं माता वेदमाता हर हर कलुषं बालिशं तारयन्ती
जीवात्मानं द्विरक्षक्षयमरणभयभ्रान्तिमाभञ्जयन्ती ॥ ११ ॥

हाला नामक विष के पान करने के लिए समुद्यत अङ्गों वाली, परम सुखस्वरूपा, वेद की परम्परा का संवर्धन करने वाली, योग एवं आनन्दादि करने वाली, अत्यन्त घनघोर घटा के समान घोर स्वरूप वाली, महाविकराल रूप वाली, आकाश रूप कमल के मध्य में अविकल किरणों की श्री से अपने व्यापक अङ्ग का प्रकाश करने वाली, ऐसी उन माता का जो श्री को धारण करने वाली एवं मोक्ष तथा भक्ति स्वरूपा हैं, उनका इस कलिकाल से मैं आपका भजन करता हूँ ॥ १० ॥

वह माता शाकिनी विद्याधर्म के चिन्तामणि रूप गुणों को जन्म देने वाली हैं, जीवों को भीति (भय) में योजना करती हैं । शब्द ब्रह्म के एकमात्र स्थल में निवास करती हैं, महाज्ञान की साक्षी होने से (ज्ञानस्वरूपा) जानी जाती है । ऐसी हे माता ! आप ही वेदों की माता हो, मुझ वालिश (अज्ञ) का तरन तारन करती हुई मेरे पापों का हरण कीजिए, पुनः पुनः मेरे पापों का हरण कीजिए । हे माता ! क्षय, मरण, भय तथा भ्रान्ति को हर प्रकार से दूर करती हुई मुझ जीवात्मा की आप रक्षा कीजिए, रक्षा कीजिए ॥ ११ ॥

विमर्श—हर-हर—यह द्विरुक्ति दार्ढ्य (दृढ़ता) के लिए कही जाती है ।

ज्वाला[१]मालाविलोला कलयति कलुषं शाकिनी सैव माता
यातायातप्रभातोदयदिवसनिशाभ्रान्तिमोहारिनाशा ।
दासानामामवासा वसति शशिगृहे कार्तिकेशासुवंशा
संसारेऽशादिहंसा चल चल चपलं त्वं कलाषोडशारे ॥ १२ ॥

वही शाकिनी माता, ज्वाला की माला से चञ्चला हैं, पापों का विनाश करती हैं । आवागमन, प्रभात, उदय, दिन रात्रि रूप भ्रान्ति के कुहरे को विनष्ट करती हैं । अपने भक्तों की शरणस्थली हैं । जो चन्द्रमा रूप गृह में निवास करती हैं, कार्तिक की ईश्वरी हैं, उत्तम वंश की जन्मदात्री हैं, संसार में वही शकार से लेकर 'हं' वर्ण स्वरूपा हैं । अतः हे चपल मन वाली आप कलायुक्त उस षोडशार में शीघ्र चलिए, शीघ्र चलिए ॥ १२ ॥

बीजात्मा यज्ञकुण्डे रचयति चरणाच्छन्दसां गद्यपद्यैः
पाताले भूकराले कुलयुगदलके निर्गता वेदशक्तिः ।
पश्यन्ती मध्यमाद्या नयनवचनगा वैखरी वाक्स्वरूपा
कण्ठे हृत्पद्ममूले कथयति कविता स्तम्भितास्त्वां प्रयामि ॥ १३ ॥

हे माता ! यज्ञकुण्ड में पड़ी हुई आपकी बीजात्मा गद्य, पद्यों के द्वारा अनेक छन्दों के अनेक चरणों का निर्माण करती हैं, आपका वेद (ज्ञान) शक्ति पाताल में तथा भयङ्कर भू भाग में कौलिकों के दोनों दलों में सर्वत्र प्रकाशित रहे । पश्यन्ती तथा मध्यमारूपा, आद्या, नेत्र तथा वचनों से प्रकाशित की जाने वाली वैखरी रूपा वाणी स्वरूपा आप कण्ठ में, हृदय कमल में, मूलाधार में, कविता (बुद्धि) का कथन करती हैं तथा स्तम्भन भी करती हैं । अतः मैं आपकी शरण में आ रहा हूँ ॥ १३ ॥

परा सा पर्वा सा रहितमतहासा प्रविश मे
घनश्यामे वामे द्विकमलललाटेऽतिशिखया ।
वहन्ती सिन्दूरं त्रिजपपरयानामपरया
मुखाम्भोजे वश्या भवभवयुगं षोडशदले ॥ १४ ॥

हे घनश्यामे ! हे वामे ! वही परा, वही पर्वा एवं वही मति की मन्दता को दूर करने वाली आप मेरे दो कमलो वाले ललाट (आज्ञाचक्र) में अत्यन्त तेज के साथ प्रवेश कीजिए । आप मेरे तीनों काल में नाम की परम्परा से एवं जप करने से सिन्दूर धारण करती हुई षोडश दल वाले मेरे मुख कमल (कण्ठकूप) में वश्या होकर विराजमान होइए ।

विमर्श—हे मातः घनश्यामे ! हे वामे ! आप वही परा हो पर्वा हो मतिराहित्य को दूर करने वाली भी वही आप हो । अतः अत्यन्त तेजस्विता के साथ मेरे दो कमल वाले ललाट (आज्ञा चक्र) में प्रवेश कीजिए । इतना ही नहीं मेरे तीनों काल में जप करने से तथा नाम की परायणता से सिन्दूर धारण करती हुई, आप षोडशदल वाले मेरे मुखाम्भोज (कण्ठकूप विशुद्ध चक्र) में वश्या भव, वश्या भव अर्थात् वशीभूत होइए ॥ १४ ॥

---

१. ज्वालानां मालास्ताभिर्विलोला चञ्चला ।

रमा लज्जा माया वधुमदनकूर्च्चास्त्रसहिते
हिते मातः शाकम्भरि धरणि बाला कमलया ।
निशार्धे शत्र्वङ्गं हन हन करे संहर रिपुं
त्रितारी षट्कूटा [1]मदनवधुजाह्निजाया हर अघम् ॥ १५ ॥

रमाबीज लज्जाबीज मायाबीज वधुबीज मदन बीज तथा कूर्चास्त्र के सहित हे शाकम्भरि ! हे धरणि ! आप बाला तथा कमला के साथ आधी रात के समय मेरे शत्रु के अङ्ग का हनन कीजिए, हनन कीजिए, हे हरमहिषि, मेरे शत्रुओं का संहार कीजिए । यतः आप त्रितारी एवं षट्कूटा मदन वधुजा का अह्नि स्वरूपा जाया हो अतः मेरे पापों का विनाश कीजिए ॥ १५ ॥

योगेन्द्रानन्दमुद्रां तरतनुतपनां तापिनीं तप्तदेहां
मुग्धानां मोहमुग्धां मुकुटशशिमणिच्छाययाच्छन्नवेशाम् ।
कामाख्यां ब्रह्मबीजध्वनिमदनकुलाद्यादिबीजप्रतिष्ठां
स्वाहान्तां भावयामि क्षितिसुरपतिहंसाख्यब्रह्मास्त्रविद्याम् ॥ १६ ॥

योगेन्द्रों के आनन्द की मुद्रा, शरीर में तपन रूप से विद्यमान रहने वाली, अतएव तापिनी स्वरूपा, तप्त शरीर वाली, सभी मुग्धों (अतत्त्वज्ञों) को मोह से मोहित करने वाली, मुकुटमणि में लगी हुई चन्द्रमा रूप मणियों की छाया से आच्छन्न केश वाली, कामाख्या नाम से प्रसिद्ध ऐसी ब्रह्मबीज, ध्वनि बीज, मदन बीज, कुलबीज, आद्यादि बीज से प्रतिष्ठित राजा तथा देवता, परमहंसों की ब्रह्मास्त्र विद्या को, जिसके अन्त में 'स्वाहा' शब्द है, ऐसी भगवती का मैं ध्यान करता हूँ ॥ १६ ॥

सायाह्ने कामलक्ष्मीः पवनविधुयुता दीर्घनेत्रा त्रिनेत्रा
सावित्री मध्यकाले न चलति चलति श्रद्धया मस्तकोर्ध्वे ।
कोट्यर्काभासमाना न नमति कुटिलं तेजसा व्याकुलालं
कालोल्काकोटिकूटं रमयति धवलास्यारुणाङ्गी प्रभाते ॥ १७ ॥

जो सांयकाल में शीतल पवन चन्द्रमा से युक्त विशाल नेत्रों एवं तीन नेत्रों वाली काम लक्ष्मी हैं । मध्य काल में वही सावित्री हैं, जो कभी चञ्चल नहीं होतीं, यदि चलायमान भी होती हैं तो श्रद्धा से मस्तक के ऊर्ध्वभाग में रहती हैं । जो करोड़ों सूर्य के समान भासमान हैं, कभी मन्द नहीं होतीं, तेज से अत्यन्त कठोर हैं, जो करोड़ों के समूह में काल रूपी उल्का को रमण कराती हैं, वही प्रभात में श्वेत मुख वाली तथा लाल वर्णों वाली गायत्री रूप में स्थित रहती हैं।

गायत्री वर्णमात्रामितवनवनिता मानिता भालकूपे
हालाकालानलाङ्गी तिमिरहरपदालीढपादारविन्दा ।
त्वं विद्या वाग्भवाद्या [2]प्रणवतनुमयी देवलक्ष्मीः प्रसादा[3]
नादाद्याचार्धचन्द्रोज्ज्वलयुगलं षोडशारे ममारे ॥ १८ ॥

---

१. मदनस्य कामदेवस्य या वधूस्ततो जाता, बाहुलकाद् ह्रस्वः ।

२. प्रणव एव तनुस्तत्स्वरूपा, स्वार्थे मयट् ।

३. प्रसादयति या सा सदेर्ण्यन्तात् पचाद्यच्प्रत्ययः ।

वह गायत्री वर्णमात्रा तथा श्वेत कमल के वन की वनिता हैं, भालकूप (= द्विदल-कमल) में मानिता हैं, उनका अङ्ग हाला (विष) के लिए कालानल है, वह अपने पादारविन्द के स्पर्श मात्र से समस्त तिमिर समुदायों का हरण करने वाली हैं । हे माता । आप विद्या, आद्या, वाग्भवबीजा, प्रणव रूप शरीर वाली, देवलक्ष्मी हैं । सबके ऊपर कृपा करने वाली हैं, नाद (ब्रह्म) की आद्या हैं । अपने अर्धचन्द्र से उज्ज्वल युगल पादारविन्दों से षोडशार वाले मेरे उर में निवास कीजिए ॥ १८ ॥

जाया माया विमाया हयमुखि विमले केवले तारहारे
हारार्कचित्रिताङ्गि स्ववधुयुगयुगे तारयद्वन्द्वचन्द्रे ।
स्वाहा मेधा स्वधा त्वं [1]श्रुतिनुतिसुनतिग्रन्थिवाग्वादिनी त्वं
मामेकं रक्षयुग्मं धरणिधरसुखं सञ्चयाग्निप्रियान्ता ॥ १९ ॥

हे हयमुखि (अश्वग्रीवा स्वरूपे) हे विमले ! हे केवले ! हे तारहारे ! हे हार रूप आदित्य के प्रकाश से चित्रित अङ्गों वाली ! आप जाया हैं, माया हैं, हे चन्द्रमुखि मुझे तारय तारय । आप ही स्वाहा, मेधा एवं स्वधा हैं, श्रुति, नुति, सुनति, ग्रन्थि तथा वाग्वादिनि हैं, हे अग्निप्रियान्ता ! (स्वाहा स्वरूप) आप मात्र अकेले मेरी रक्षा कीजिए तथा धरणिधर (भूपतियों) के सुख को सञ्चित कीजिए ॥ १९ ॥

विमर्श—श्रुतिर्नुतिः सुनतिः, तासां ग्रन्थिः, तत्र वाग्वादिनी सरस्वती, तद्ग्रन्थिरहस्योद्घाटने साक्षात् सरस्वती इति भावः ।

एतत् स्तववरं पठेद्यदि सदा ध्यात्वा नरेन्द्रः सुखी
धन्यः पुण्यमुपैति देवविलयं पीठादिसन्दर्शनम् ।
योगानामपि सिद्धिभाक्प्रियतरं ज्ञानं धनं लभ्यते
राजानं वशयन्ति ते च सहसा साक्षात् कटाक्षै रमाम् ॥ २० ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे शाकिनीस्तोत्रविन्यासो नाम सप्तषष्टितमः पटलः ॥ ६७ ॥

— ❖ —

यदि भगवति शाकिनी का ध्यान करते हुए नरेन्द्र इस श्रेष्ठ स्तोत्र का पाठ करें तो वे सर्वदा सुखी रहते हैं । वे धन्य हो जाते हैं, पुण्य प्राप्त करते हैं, इनका अपने इष्टदेव में विलय हो जाता है, उनको भगवती के पीठादि का सदंर्शन प्राप्त हो जाता है । वे समस्त योगों के सिद्धि के भाजन हो जाते हैं । इस प्रकार अपना अभीष्ट तो प्राप्त करते ही हैं ज्ञान तथा धन भी प्राप्त करते हैं । ऐसे लोग सहसा राजा को अपने वश में कर लेते हैं । किं बहुना अपने कटाक्षों से साक्षात् भगवती महालक्ष्मी को भी वश में कर लेते हैं ॥ २० ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्रप्रकरण में षट्चक्रप्रकाश में भैरवीभैरवसंवाद में शाकिनीस्तोत्रविन्यास नामक सरसठवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ६७ ॥

— ❖ —

अथाष्टषष्टितमः पटलः

श्रीआनन्दभैरव उवाच

त्रैलोक्यरक्षणार्थाय पूजयामि तवानघे ।
संसारविलयार्थाय तव श्रीचरणाम्बुजम् ॥ १ ॥

श्रीआनन्दभैरव ने कहा—हे अनघे ! मैं त्रिलोकी की रक्षा के लिए तथा संसार से छुटकारा पाने के लिए आपके श्री चरण कमलों की पूजा करता हूँ ॥ १ ॥

विशुद्धवर्णध्यानकथनम्

महादेवि जगद्धात्रि परमानन्दवर्धिनि ।
भवानि भैरवि प्राणे वर्णध्यानं वदामलम् ॥ २ ॥

हे महादेवि ! हे जगद्धात्रि ! हे परमानन्दवर्धिनि ! हे भवानि ! हे भैरवि ! हे प्राणे ! अब आप अत्यन्त निर्मल वर्णों (षोडश स्वरों) का ध्यान कहिए ॥ २ ॥

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

अथ कामेश गौराङ्ग धर्माधर्मप्रदर्शक ।
इदानीं शृणु सर्वज्ञ महाज्ञाननिरूपणम् ॥ ३ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे कामेश ! हे गौराङ्ग ! हे धर्म तथा अधर्म का प्रदर्शन करने वाले ! हे सर्वज्ञ ! अब महाज्ञान का निरूपण करने वाले वर्णध्यान को सुनिए ॥ ३ ॥

वर्णध्यानं तव स्नेहात् कथये मम रूपकम् ।
अकस्मात् सिद्धिदं ध्यानं ज्ञानमात्रेण सिद्ध्यति ॥ ४ ॥

वह वर्णध्यान मेरा साक्षात् स्वरूप है । अकस्मात् सिद्धि देने वाला है तथा उसके ज्ञान मात्र से ध्यान सिद्ध हो जाता है । अतः आपके स्नेहवश उसे प्रकाशित करती हूँ ॥ ४ ॥

अकारं ध्यायेऽहं हरिहरचतुर्वक्त्रविबुधैः[1]
सदा ध्येयं शुक्लं विधुमुखिवधुश्रीश्रुतिभुजम् ।
विधेयं कौमारं त्रिनयनमलङ्कारजडितं
कपालाब्जास्त्राहिमहितशितांशुप्रभकरम् ॥ ५ ॥ अं

वर्णध्यानम्—विष्णु, शिव तथा ब्रह्मदेव आदि देवों के द्वारा ध्यान के योग्य उस

---

१. हरिश्च हरश्च चतुर्वक्त्रश्च (ब्रह्मा च) ते च ते विबुधाश्च, तैः ।

अकार का मैं ध्यान करता हूँ, जिसका वर्ण शुक्ल है। जो विधुमुखि वधू तथा श्री से युक्त श्रुति (वेद) का भोग करने वाला तथा सब कुछ करने वाला है वह कुमारावस्था से युक्त है। तीन नेत्रों वाला तथा अनेक अलङ्कारों से जड़ित है, कपाल, कमल अस्त्र, अहि (सर्प) तथा महान् शीतांशु की प्रभा जिसके हाथ में है ऐसे अकार का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ५ ॥ अं।

आं बीजाढ्यां प्रभासां कनकघटमधुप्रीतिमानां विमानां
शुक्लच्छायां वहन्तीं श्रुतिभुजसहितां पद्मनालाख्यमालाम्।
खड्गं तां धारयन्तीं मुकुटमणिरुचिं क्रोधमाकाशदेशं
नानालङ्कारदीप्तिं हिमकरकपिलावाहनीं भावयामि ॥ ६ ॥ आं

आं रूपबीज वाली, प्रकर्ष युक्त तेजों से भासमान, सुवर्ण निर्मित घट में स्थित, मधु से प्रीति करने वाली, विशिष्ट मान वाली, शुक्लच्छाया का वहन करने वाली, वेदयुक्त भुजाओं से संयुक्त, पद्मनाल की माला धारण किए हुए, खड्ग धारण करने वाली, मुकुट में लगी हुई मणियों से जगमगाती हुई, चण्डिस्वरूपा, आकाश प्रदेश को अपने क्रोध से भरती हुई, नाना अलङ्कारों से दीप्तिमान् बनाती हुई और चन्द्रमा की किरणों को धारण करने वाली आकार रूपा देवी का ध्यान करता हूँ ॥ ६ ॥ आँ।

इं मायां भुवनस्थितां वधुयुतां श्रीषोडशीसंयुतां
मायालक्षणलक्षितां त्रिजगतां विद्याभयश्रीपदाम्।
हस्ताम्भोजचतुष्टयां त्रिनयनां शूलासिमालाम्बुजां
नानारत्नजनूपुरां सुरनतां ध्याये विशुद्धाम्बुजे ॥ ७ ॥ इं

'इं' जो माया स्वरूपा, भुवन में व्याप्त, वधु युक्त, श्री षोडशी (ललिता) से संयुत तीनों जगत् में माया रूप लक्षण से लक्षित होने वाली, विद्या, अभय तथा श्री को अपने पद में धारण करने वाली, तीन नेत्रों वाली, कमल रूप, चारों भुजाओं में शूल, असि, माला एवं कमलों को धारण किए हुए, अनेक रत्न निर्मित नूपुरों वाली और देवताओं के द्वारा नति प्राप्त करने वाली उन 'इं' स्वरूपा देवी का मैं अपने विशुद्ध पद्म में ध्यान करता हूँ ॥ ७ ॥ इं।

कोट्यर्काभासमानां कनकमयमहालङ्कृतां ध्यानगम्यां
ईकाराकारमूर्तिं त्रिनयनकमलां वेदहास्योज्ज्वलाङ्गीम्।
शङ्खाम्भोजासिघण्टासहिततनुवरां देवसिंहासनस्थां
वेदस्थां वेदसिद्धां रुधिरशितयुतां बाललीलां भजामि ॥ ८ ॥ ईं

करोड़ों सूर्यों के समान भासमान, सुवर्ण निर्मित महान् तेजस्वी अलङ्कारों से अलंकृत, ध्यान करने पर प्रत्यक्ष होने वाली, दीर्घ 'ई' कार के आकार की मूर्ति वाली, कमलों के समान तीन नेत्र वाली, वेद तथा हास्य युक्त उज्ज्वल अङ्गों वाली, शंख, कमल, खड्ग तथा घण्टा धारण की हुई, श्रेष्ठ अङ्गों देवताओं के सिंहासन पर विराजमान, वेद में निवास करने वाली, वेदसिद्धा देवी, रुधिर तथा श्वेत से युक्त बाल लीला वाली ईंकार का मैं भजन करता हूँ ॥ ८ ॥ ईं।

उकारं ब्रह्माणं त्रिमुनिसहितं काञ्चनरसं
हयं हंसारूढं इवरसनयुतं मन्दिराजालवाद्यम् ।
विशालं वेदास्यं शतरविसुवर्णं त्रिनयनं
जटाकुण्डाह्लादं तरुणपुरुषं नौमि सततम् ॥ ९ ॥ उं

उकार स्वरूप, त्रिमुनि सहित ब्रह्मदेव का में ध्यान करता हूँ, जो काञ्चन के रस वाले, हयग्रीव तथा हंसारूढ़ हैं, इव (?) रसना से युक्त मन्दिराजालवाद्य (?) विशाल तथा वेद मुख हैं, सैकड़ों सूर्य तथा सुवर्ण के समान तेजस्वी हैं, तीन नेत्र वाले, जटा के समान कुण्ड से प्रसन्नता प्राप्त करने वाले हैं, ऐसे तरुण पुरुष के रूप में उकार का मैं नित्य ध्यान करता हूँ ॥ ९ ॥ उं ।

ऊंकारं सर्वरूपं विधुशतजटितं काञ्चनाभं त्रिसर्गं
मन्दारैर्मानसाप्तं प्रचयघनरसं शुद्धसूत्राक्षमालम् ।
हस्तौ द्वौ संवहन्तं फणिगणललनामालयानन्दरूपं
सिद्धानामिष्टसिद्धिं कुलकमलघनं भावये षोडशारे ॥ १० ॥ ऊं

सर्वस्वरूप, सैकड़ों चन्द्रमा से जड़े हुए सुवर्ण के समान देदीप्यमान, (सृष्टि, स्थिति एवं प्रलय रूप) तीन सर्गों वाले, 'दीर्घ ऊंकार' का मैं ध्यान करता हूँ । मन्दार के द्वारा मन में प्राप्त होने वाले, कर्पूर के समान सञ्चित रस वाले, शुद्ध सूत्र की जपमाला अपने दोनों हाथों में धारण करने वाले, सर्पसमूहों की ललनाओं की माला से आनन्दस्वरूप, सिद्धों के लिए उनके इष्ट सिद्धि स्वरूप एवं शाक्त सम्प्रदाय वालों के कमल घन ऊं रूप का मैं षोडशार में ध्यान करता हूँ ॥ १० ॥ ऊं ।

ऋंकारं सप्तरेखासहितविमलया मालया शोभिताङ्गं
मायाविस्थं प्रसन्नाननकमलवरं वारणाकारदेहम् ।
पुण्यं यज्ञादिसिद्धं मदनशशिकलामादनं षड्भुजाढ्यं
घण्टाचार्वस्त्रखड्गामलकमलकपालाङ्गमेकं भजामि ॥ ११ ॥ ऋं

सात रेखाओं के सहित विमल माला से शोभित अङ्गों वाले, मायाबीजों में रहने वाले, उन ऋंकार का मैं ध्यान करता हूँ । जिनका सुन्दर मुख कमल प्रसन्न है, तथा हाथी के आकार का जिनका शरीर है, जो पुण्यकर्मा, यज्ञादि से सिद्ध होते हैं, जो कामदेव तथा शशिकला के हर्ष के कारण हैं, जो ६ भुजाओं से संयुक्त हैं, जो घण्टा, मनोहर अस्त्र, खड्ग, अमल (अभय मुद्रा), कमल तथा कपाल से युक्त अङ्गो वाले हैं मैं मात्र उन्हीं का भजन करता हूँ ॥ ११ ॥ ऋं ।

ॠं बीजं चातिथीशं शितकमलमुखं शुक्लवर्णं त्रिनेत्रं
मायालक्ष्मीस्वरान्तं तरुणरविकरं षड्भुजं नीलवस्त्रम् ।
नानालङ्कारशोभातरमुकुटतटं चन्द्रबिम्बस्वभावं
खड्गाब्जज्ञानमुद्रामधुधर-सुगदा पाशपाणिं भजामि ॥ १२ ॥ ॠं

अतिथीश, श्वेत कमल के समान मुख वाले, शुक्ल वर्ण की कान्ति से युक्त, त्रिनेत्र माया (ह्रीं) लक्ष्मी (श्रीं) तथा अन्त में स्वर (अकारादि वर्णों) से संयुक्त उन दीर्घ ॠंकार (बीज) का मैं ध्यान करता हूँ, जो देदीप्यमान सूर्य के समान किरणों वाले हैं, ६ भुजाओं से युक्त तथा नील वस्त्र धारण किए हुए हैं, जिनके मुकुट का अग्रभाग अनेक प्रकार के अलङ्कारों से शोभित है, जो चन्द्र बिम्ब के समान स्वच्छ हैं तथा अपने हाथ में खड्ग, कमल, ज्ञानमुद्रा, मधुपात्र, सुन्दर गदा एवं पाश धारण किए हुए हैं ऐसे दीर्घ ॠंकार का मैं भजन करता हूँ ॥ १२ ॥ ॠं ।

ऌंकारं [1]स्थाणुकेशं त्रिनयनवदनाम्भोजतेजःप्रकाशं[2]
पूर्णात्मानं परेशं त्रिगुणघनमयं नीलवर्णं त्रिभावम् ।
षड्बाहुं पिङ्गकेशामलगलितशिरोमण्डलं मालयाढ्यं
वेदासिज्ञानमालाम्बुजवरगदया शोभितं भावयामि ॥ १३ ॥ ऌं

स्थाणुक वन के अधीश्वर स्वरूप, त्रिनेत्र, सदाशिव के मुख कमल के समान तेजस्वी, पूर्णात्मा परमेश्वर 'ऌँ' का मैं ध्यान करता हूँ । जो त्रिगुण से सान्द्रमय (घन) हैं, नीलवर्ण वाले तथा त्रिभाव एवं ६ बाहुओं वाले हैं, माला से संयुक्त जिनका शिरोमण्डल पीले पीले केशों की अमलता से गलित है, जो वेद, खड्ग, ज्ञान, माला, कमल तथा श्रेष्ठ गदा से शोभित हैं उन ऌकार का मैं ध्यान करता हूँ ॥ १३ ॥ ऌं ।

ॡंकारं शितवसनयुक्शुक्लकिरणं
सुधामग्नं ध्याये हरिणनयनं वेदभुजगम् ।
भुजङ्गाम्भोजासिप्रियवरदभावं शुभकरं
करालं भूपालं सुरमुनिगणैः सेव्यमनिशम् ॥ १४ ॥ ॡं

स्वच्छ परिधान धारण करने वाले, शुक्ल किरणों वाले, सुधा समुद्र में डूबे हुए, हरिणनेत्र, चार भुजाओं वाले 'ॡं' कार का मैं ध्यान करता हूँ जिनका मङ्गलमय हाथ सर्प, कमल, खड्ग तथा प्रिय वरदभाव से युक्त है, जो कराल एवं भूपाल हैं तथा देवता मुनिगणों से निरन्तर सेवित हैं ॥ १४ ॥ ॡं ।

एंबीजं कालवर्णं शतयुवतिगतं वेष्टितं देवमुख्यैः
सूर्याभं बिन्दुसर्गं भुजयुगसहितं पद्मभालं[3] करालम् ।
सालङ्कारं किरीटं त्रिनयनममरं नूपुरेन्दुप्रकाशं
झिण्टीशं शम्बरीशं प्रमथसुतगणैर्व्यापितं भावयामि ॥ १५ ॥ एं

काल के समान काले वर्ण वाले, सैकड़ों युवति जनों में रहने वाले, मुख्य मुख्य देवगणों से घिरे हुए, सूर्य के समान तेजस्वी, बिन्दु मात्र से सृष्टि करने वाले, उन एं बीज का

---

१. स्थाणवस्तत्सदृशाः केशा यस्य सः, तम् ।

२. त्रयाणां नयनानां वदनाम्भोजस्य च तेजः प्रकाशयति, तमित्यर्थः ।

३. पद्मं कमलं भाले मस्तके विराजते यस्य । अथवा पद्मवत् शोभमानो भालो यस्य ।

मैं ध्यान करता हूँ, जिनकी दो भुजाएं हैं । कमल के समान भाल वाले, अत्यन्त कठोर, अलङ्कारों के सहित जिनका किरीट है, जो त्रिनेत्र एवं अमर हैं, अपने नूपुर से चन्द्रमा के समान प्रकाश करने वाले झिण्टीश, शम्बर नामक मायाधिपति तथा प्रमथ पुत्रों के गणों से व्याप्त रहने वाले उस 'एँ' बीज का ध्यान करता हूँ ॥ १५ ॥ एं ।

शुक्लाभं वा भवार्णं त्रिवलितनयनं शुद्धबन्धूकवस्त्रं
रत्नालङ्कारहारं त्रिभुवनवचनं षड्भुजं बीजसारम् ।
ध्यायेऽहं षोडशारे त्रिमदनरमणे भावितं पञ्चरश्मिं
योगाद्यं भौतिकेशं गगनपथकरं वह्निजायास्वरान्तम् ॥ १६ ॥ ऐं

शुक्ल वर्ण वाले, वाग्बीज के वर्ण से संयुक्त, तीन स्थानों से वक्र नेत्र वाले, शुद्ध बन्धूक पुष्प के समान रक्त वस्त्र धारण किए हुए, अनेक प्रकार के रत्न, अलङ्कार एवं हार से संयुक्त, तीनों लोकों में वाणी रूप से विख्यात, छः भुजाओं वाले, समस्त सृष्टि के बीज सार, ऐसे 'ऐं' का जो योग तथा भौतिकेश के आदि (= ऐ) हैं, जिनकी किरणें आकाश मण्डल तक व्याप्त हैं तथा जिनका 'ऐं' स्वाहा' मन्त्र स्वरूप है, पाँच रश्मि वाले जो 'त्रिमदनरमणे' अर्थात् मदन तथा रति रूपी मणि से जो भावित (अथवा इकार, उकार एवं बिन्दु युक्त तीन ऐं रूप वाले) भावित हैं उनका मैं षोडशार चक्र में ध्यान करता हूँ ॥ १६ ॥ ऐं ।

भजे [१]प्रणवलक्षणं शितकरं चलत्कुण्डलं
चतुर्भुजविभाकरं कमलशङ्खशूलाभयम् ।
अलङ्कृतकलेवरं विमलपीतवस्त्रं मुखं
शुक्लांशुशतवेष्टितं मुकुटनूपुराढ्यं परम् ॥ १७ ॥ ओं

प्रणव रूप लक्षण वाले, स्वच्छ किरणों वाले, जिनके कुण्डल चञ्चल हैं, जो चार भुजाओं वाले सूर्य के समान तेजस्वी हैं, अपने हाथों में कमल, शंख, शूल तथा अभय मुद्रा धारण किए हुए, अनेक प्रकार के अलंकृत शरीर वाले हैं, ऐसे स्वच्छ पीताम्बर पहने हुए जो सैकड़ों चन्द्रमा से परिवेष्टित हैं और उत्कृष्ट मुकुट तथा नूपुर से शोभित हैं उन ॐकार का मैं भजन करता हूँ ॥ १७ ॥ ॐ ओम् ।

ध्याये चानुग्रहेशं प्रणवधवल औङ्काररूपं सुसूक्ष्मं
ब्रह्माद्वारप्रभेदं श्रुतिभुजललितं खड्गबाणास्त्रमालम् ।
जन्तूनां कोटिकान्तिं शतरविमुकुटं क्रोधराजं महेशं
रत्नालङ्कारशोभं चरलतलरिभामण्डलं सारुणाभम् ॥ १८ ॥ औं

अनुग्रह करने में सदाशिव के समान, प्रणव स्वरूप होने से स्वच्छ, सुसूक्ष्म उन औंकार स्वरूप का मैं ध्यान करता हूँ । जो ब्रह्मद्वार के कपाट को खोलने वाले हैं, खड्ग, बाण, अस्त्र और माला से जिनकी चार भुजाएं सुशोभित हैं, अत्यन्त सौन्दर्य सम्पन्न, सैकड़ों

---

१. प्रणवो लक्षणं परिचायको यस्य तमित्यर्थः ।

सूर्य के समान देदीप्यमान जिनका मुकुट है, जो भैरव महेश्वर हैं तथा रत्न के अलङ्कारों से शोभा सम्पन्न हैं और जिनके चरण तल का दीप्त मण्डल अरुणाई से संयुक्त है उन औं स्वरूप परमात्मा का मैं ध्यान करता हूँ ॥ १८ ॥ औं ।

अङ्कारं बिन्दुभावं ललितदशभुजं व्याघ्रचर्माम्बराढ्यं
पञ्चास्यं तं त्रिनेत्रं स्वकणकवलयं चन्द्रकोटिप्रकाशम् ।
शूलास्त्रासीषु चक्रप्रतनफलगदाखेटकाम्भोजमालं
ध्याये चाक्रूरदेवं परशुखरपदं सारदं स्थूलसूक्ष्मम् ॥ १९ ॥ अं

अत्यन्त मनोहर दशभुजा वाले, व्याघ्र चर्म का परिधान धारण किए हुए, बिन्दु संयुक्त उस अङ्कार का मैं ध्यान करता हूँ जो पाँचमुखों एवं तीन नेत्रों से युक्त हैं । सुवर्ण के कङ्कण को धारण किए करोड़ों चन्द्रमा के प्रकाश से युक्त है और जो अपनी भुजाओं में शूल, अस्त्र, खड्ग, बाण, चक्र, प्रतन, फल, गदा, खेटक तथा कमल की माला लिए हुए हैं, (सारद) अमृत प्रदान करने वाले स्थूल एवं सूक्ष्म अं रूप देव का मैं ध्यान करता हूँ ॥ १९ ॥ अं

अःकारं श्रीविसर्गं कमलदलगतं दीनदातारमेकं
शुक्लाभं कोटिसूर्यं शतभुजललितं वेदविद्यास्त्रखड्गम् ।
सर्वाङ्गारक्तधारं त्रिनयनकमलानन्दितं मन्दहास्यं
पञ्चाशद्वक्त्रशोभाभवतनुकिरणं कारणं भावयामि ॥ २० ॥ अः

कमल दल पर विराजमान, दीनों के लिए एकमात्र दाता, श्री रूप विसर्ग से युक्त, जिन अःकार शरीर की कान्ति शुक्ल वर्ण की है, जो करोड़ों सूर्य के समान भासमान हैं । वेद, विद्या, अस्त्र तथा खड्ग को धारण करने वाली सौ भुजाओं को धारण करने से शोभा पा रहे हैं, जिनका सर्वाङ्ग रक्त (प्रेम) की धारा से अनुरञ्जित है, जो त्रिनेत्र एवं महालक्ष्मी से आनन्द प्राप्त करते हैं, मन्द मन्द हास्य वाले अपने (वर्णमातृका रूप) पचास मुखों की शोभा से समस्त संसार रूप शरीर में प्रकाश देने वाले, ऐसे सर्वकारणभूत अःकार का मैं ध्यान करता हूँ ॥ २० ॥ अः

एवं ध्यात्वा षोडशारे स्थिरचेताः प्रपूजयेत् ।
वर्णरूपं शक्तियुतं लोकनाथं सदाशिवम् ॥ २१ ॥
तदा प्रसन्ना बुद्धिः स्यादमरो जायतेऽचिरात् ।
खेचरत्वं वाक्यसिद्धिं जलस्तम्भादिसिद्धिभाक् ॥ २२ ॥

इस प्रकार वर्ण रूप, शक्ति संयुक्त लोकनाथ सदाशिव रूप, षोडश स्वरों का षोडश अरा में ध्यान कर साधक स्थिर चित्त हो कर उनकी पूजा करे । ऐसा करने से साधक की बुद्धि प्रसन्नता प्राप्त करती है, वह थोड़े ही काल में देवता स्वरूप हो जाता है । इतना ही नहीं वह खेचरता (आकाशगमन), वाक्यसिद्धि तथा जलस्तम्भन आदि क्रियाओं में सिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ २१-२२ ॥

पूर्वादिवामतो ध्यायेत् कामनाभयवर्जितः ।
गुप्तस्थाने ध्यानकार्यं [1]यत्र विद्याः स्फुरन्ति ताः ॥ २३ ॥।

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे विशुद्धवर्णध्यानं नाम अष्टषष्टितमः पटलः ॥ ६८ ॥

— ❖ —

साधक कामना तथा भय से वर्जित होकर षोडशार में पूर्व दिशा से वायीं ओर क्रम से ध्यान करे । ध्यान रहे यह ध्यान कार्य किसी गुप्त स्थान में करे जहाँ महाविद्याओं के स्फुरित होने का स्थान है ॥ २३ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्रप्रकरण में षट्चक्रप्रकाश में भैरवीभैरव संवाद मे विशुद्धवर्ण ध्यान नामक अड़सठवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ६८ ॥

— ❖ —

---

१. यत्र ता विद्याः स्फुरन्ति इत्यन्वययोजना । विद्यास्तावच्चतुर्दशसंख्याकाः । तत्रागमशास्त्रस्य धर्मशास्त्रे परिगणना कृताऽस्ति ।

अथैकोनसप्ततितमः पटलः

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

कैलासशिखरारूढ पञ्चवक्त्र त्रिलोचन ।
अभेद्यभेदकप्राणवल्लभ श्रीसदाशिव ॥ १ ॥
भवप्राणप्ररक्षाय[1] कालकूटहराय च ।
प्रत्यङ्गिरापादुकाय दान्तं शब्दमयं प्रियम् ॥ २ ॥
इच्छामि रक्षणार्थाय भक्तानां योगिनां सताम् ।
अवश्यं कथयाम्यत्र सर्वमङ्गललक्षणम् ॥ ३ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे कैलाश के शिखर पर रहने वाले ! हे पञ्चमुख, हे त्रिलोचन ! हे अभेद्य-भेदक प्राण-वल्लभ ! हे श्रीसदाशिव ! संसार के प्राणिमात्र की प्रकृष्ट रूप से रक्षा के लिए, कालकूट विष का हरण करने वाले के लिए और प्रत्यङ्गिरा-पादुका वाले आपके लिए वश में आने वाले, शब्दमय एवं प्रिय सर्वमङ्गलों से युक्त स्तोत्र को अवश्य कहूँगी- क्योंकि भक्तों, योगियों एवं सज्जनों की रक्षा करने की मेरी इच्छा है ॥ १-३ ॥

शाकिनीसदाशिवस्तवनम्
मङ्गलाष्टोत्तरसहस्रनामविन्यासः

अष्टोत्तरसहस्राख्यं सदाशिवसमन्वितम् ।
महाप्रभावजननं दमनं दुष्टचेतसाम् ॥ ४ ॥

एक हजार आठ संख्या वाला यह स्तोत्र सदाशिव से युक्त है । यह सर्वमङ्गल स्तोत्र-महान् प्रभावोत्पादक तथा दुष्ट हृदय व्यक्तियों का दमन करने वाला है ॥ ४ ॥

सर्वरक्षाकरं लोके कण्ठपद्मप्रसिद्धये ।
अकालमृत्युहरणं सर्वव्याधिनिवारणम् ॥ ५ ॥

यह, कण्ठ (स्थित शतदल) कमल की सिद्धि के लिए है और संसार में सभी पुण्यात्माओं का रक्षक है । यह स्तोत्र अकाल मृत्यु से बचाने वाला एवं सभी व्याधियों का नाशक है ॥ ५ ॥

योगसिद्धिकरं साक्षाद् अमृतानन्दकारकम् ।
विषज्वालादिहरणं मन्त्रसिद्धिकरं परम् ॥ ६ ॥

---

१. भवः संसारस्तस्य प्राणाः, तेषां प्ररक्षः, तस्मै ।

नाम्नां स्मरणमात्रेण योगिनां वल्लभो भवेत् ।
सदाशिवयुतां देवीं सम्पूज्य संस्मरेद् यदि ॥ ७ ॥

यह योग में सिद्धि-प्रदान करने वाला है और साक्षात् रूप से अक्षय आनन्द को देने वाला है । यह विष की ज्वाला को हर लेने वाला है और मन्त्रसिद्धि का श्रेष्ठ साधन है । इस स्तोत्र के नामों के स्मरण मात्र से साधक योगियों का स्वामी हो जाता है । यदि वह साधक सदाशिव के सहित देवी की पूजा कर उन (भगवान् शिव एवं पार्वती) का स्मरण करता है तो वह साधक योगिश्रेष्ठ होता है ॥ ६-७ ॥

मासान्ते सिद्धिमाप्नोति खेचरीमेलनं भवेत् ।
आकाशगामिनीसिद्धिः पठित्वा लभ्यते ध्रुवम् ॥ ८ ॥
धनं रत्नं क्रियासिद्धिं विभूतिसिद्धिमालभेत्[१] ।
पठनाद् धारणाद्योगी महादेवः सदाशिवः ॥ ९ ॥

इस स्तोत्र के पाठ से एक मास के अन्त में ही सिद्धि प्राप्त हो जाती है और खेचरी का मिलन हो जाता है । इसके पाठ से आकाश में विचरने की सिद्धि निश्चित ही प्राप्त हो जाती है । धन एवं रत्न, क्रिया की सिद्धि तथा अन्य विभूतियों की सिद्धि प्राप्त हो जाती है । इस स्तोत्र के पाठ से तथा शरीर में गण्डे के साथ धारण करने से योगी साधक महादेव तथा सदाशिव स्वरूप हो जाता है ॥ ८-९ ॥

विष्णुश्चक्रधरः साक्षाद् ब्रह्मा नित्यं तपोधनः ।
योगिनः सर्वदेवाश्च मुनयश्चापि योगिनः ॥ १० ॥
सिद्धाः सर्वे सञ्चरन्ति धृत्वा च पठनाद् यतः ।
ये ये पठन्ति नित्यं तु ते सिद्धा विष्णुसम्भवाः ॥ ११ ॥
किमन्यत् कथनेनापि भुक्तिं मुक्तिं क्षणाल्लभेत् ॥ १२ ॥

(पाठ एवं धारण से) वह साक्षात् चक्रधारी विष्णु के समान हो जाता है । नित्य तपस्या करने वाले ब्रह्मा के समान होता है । योगीजन, सभी देव, ऋषि एवं मुनि तथा सिद्ध गण, क्योंकि इसका पाठ करते हैं और हाथ में धारण करते हैं, इसलिए (अन्य लोकों में) सञ्चरण करते है । इस प्रकार जो जो नित्य इसका पाठ करते हैं वे विष्णु से सम्भूत सिद्ध गण हैं ॥ ११ ॥

बहुत कहने से क्या लाभ है ? साधक इस स्तोत्र से भुक्ति (भोग) और मुक्ति क्षण में प्राप्त कर लेता है ॥ १२ ॥

विनियोगकथनम्

अस्य श्रीभुवनमङ्गलमहास्तोत्राष्टोत्तरसहस्रनाम्नः सदाशिवऋषिर्गायत्रीच्छन्दः सदाशिवशाकिनीदेवता पुरुषार्थाष्टसिद्धिसमययोगसमृद्धये विनियोगः

---

१. विभूतीनां सर्वैश्वर्य्याणां सिद्धिस्तामित्यर्थः ।

विनियोग—इस श्रीभुवनमङ्गल महास्तोत्र सहस्रनाम के सदाशिव ऋषि है, गायत्री छन्द हैं और सदाशिवशाकिनी देवता हैं। चारों पुरुषार्थ (अणिमा आदि) अष्टसिद्धि एवं 'समययोग' के लिए इस स्तोत्र का विनियोग है।

श्रीभुवनमङ्गल महास्तोत्र
अष्टोत्तरसहस्रनामकथनम्

ॐ शाकिनी पीतवस्त्रा सदाशिव उमापतिः ।
शाकम्भरी महादेवी भवानी भुवनप्रियः ॥ १३ ॥
योगिनी योगधर्मात्मा योगात्मा श्रीसदाशिवः ।
युगाद्या युगधर्मा च योगविद्या सुयोगिराट् ॥ १४ ॥
योगिनी योगजेताख्यः सुयोगा योगशङ्करः ।
योगप्रिया योगविद्वान् योगदा योगषड्भुवि ॥ १५ ॥

ॐ शाकिनी, पीतवस्त्रा, सदाशिव, उमापति, शाकम्भरी, महादेवी, भवानी, भुवनप्रिय, योगिनी, योगधर्मात्मा, योगात्मा, श्रीसदाशिव, युगाद्या, युगधर्मा, योगविद्या, सुयोगिराट्, योगिनी, योगजेताख्य, सुयोगा, योगशङ्कर, योगप्रिया, योगविद्वान्, योगदा, योगषड्भुवि ॥ १३-१५ ॥

त्रियोगा जगदीशात्मा जापिका जपसिद्धिदः[1] ।
यत्नी यत्नप्रियानन्दो विधिज्ञा वेदसारवित् ॥ १६ ॥
सुप्रतिष्ठा शुभकरो मदिरा मदनप्रियः ।
मधुविद्या माधवीशः क्षितिः क्षोभविनाशनः ॥ १७ ॥
वीतिज्ञा मन्मथघ्नश्च चमरी चारुलोचनः ।
एकान्तरा कल्पतरुः क्षमाबुद्धो रमासवः ॥ १८ ॥
वसुन्धरा वामदेवः श्रीविद्या मन्दरस्थितः ।
अकलङ्का निरातङ्क उतङ्का शङ्कराश्रयः ॥ १९ ॥
निराकारा निर्विकल्पो रसदा रसिकाश्रयः ।
रामा रामननाथश्च[2] लक्ष्मी नीलेषुलोचनः ॥ २० ॥

त्रियोगा, जगदीशात्मा, जापिका, जपसिद्धिद, यत्नी, यत्नप्रियानन्दो, विधिज्ञा, वेदसारवित्, सुप्रतिष्ठा, शुभकरो, मदिरा, मदनप्रिय, मधुविद्या, माधवीश, क्षिति, क्षोभविनाशन, वीतिज्ञा, मन्मथघ्नश्च, चमरी, चारुलोचन, एकान्तरा, कल्पतरु, क्षमाबुद्धो, रमासव, वसुन्धरा, वामदेव, श्रीविद्या, मन्दरस्थित, अकलङ्का, निरातङ्क, उतङ्का, शङ्कराश्रय, निराकारा, निर्विकल्प, रसदा, रसिकाश्रय, रामा, रामननाथश्च, लक्ष्मी, नीलेषुलोचन ॥ १६-२० ॥

विद्याधरी धरानन्दः कनका काञ्चनाङ्गभृक् ।
शुभा शुभकरोन्मत्तः प्रचण्डा चण्डविक्रमः ॥ २१ ॥

---

१. जपेन सिद्धिर्जपसिद्धिः, तृतीयातत्पुरुषः, तां ददातीति ।
२. रामयतीति रामनः कर्तरि ल्युट्प्रत्ययो बाहुलकात्, णत्वाभावोऽपि ।

सुशीला देवजनकः काकिनी कमलाननः[१] ।
कज्जलाभा कृष्णदेहः शूलिनी खड्गचर्मधृक् ॥ २२ ॥
गतिग्राह्यः प्रभागौरः क्षमा क्षुब्धः शिवा शिवः ।
जवा यतिः परा हरिर्हराहरोऽक्षराक्षरः ॥ २३ ॥
सनातनी सनातनः श्मशानवासिनीपतिः ।
जयाक्षयो धराचरः समागतिः प्रमापतिः ॥ २४ ॥
कुलाकुलो मलाननो वलीवला मलामलः ।
प्रभाधरः परापरः सरासरः कराकरः ॥ २५ ॥

विद्याधरी, धरानन्द, कनका, काञ्चनाङ्गधृक्, शुभा, शुभकरोन्मत्त, प्रचण्डा, चण्डविक्रम, सुशीला, देवजनक, काकिनी, कमलानन, कज्जलाभा, कृष्णदेह, शूलिनी, खड्गचर्मधृक्, गतिग्राह्य, प्रभागौर, क्षमा, क्षुब्ध, शिवा, शिव, जवा, यति, परा, हरिर्हरा हर, अक्षरा, अक्षर, सनातनी, सनातन, श्मशानवासिनीपति, जयाक्षय, धराचर, समागति, प्रमापति, कुलाकुल, मलानन, वलीवला, मलामल, प्रभाधर, परापर, सरासर, कराकर ॥ २१-२५ ॥

मयामयः पयापयः पलापलो दयादयः ।
भयाभयो जयाजयो गयागयः फलान्वयः ॥ २६ ॥
समागमो धमाधमो रमारमो वमावमः ।
वराङ्गणा धराधरः प्रभाकरो भ्रमाभ्रमः ॥ २७ ॥
सती सुखी सुलक्षणा कृपाकरो दयानिधिः ।
धरापतिः प्रियापतिर्विरागिणी मनोन्मनः ॥ २८ ॥
प्रधाविनी सदाचलः प्रचञ्चलातिचञ्चलः ।
कटुप्रिया महाकटुः पटुप्रिया महापटुः ॥ २९ ॥
धनावली गणागणी खराखरः फणिः क्षणः ।
प्रियान्विता शिरोमणिस्तु शाकिनी सदाशिवः ॥ ३० ॥

मयामय, पयापय, पलापल, दयादय, भयाभय, जयाजय, गयागय, फलान्वय, समागम, धमाधम, रमारम, वमावम, वराङ्गणा, धराधर, प्रभाकर, भ्रमाभ्रम, सती, सुखी, सुलक्षणा, कृपाकर, दयानिधि, धरापति, प्रियापतिर्विरागिणी, मनोन्मन, प्रधाविनी, सदाचल, प्रचञ्चलातिचञ्चल, कटुप्रिया, महाकटु, पटुप्रिया, महापटु, धनावली, गणागणी, खराखर, फणि, क्षण, प्रियान्विता, शिरोमणि, शाकिनी, सदाशिव ॥ २६-३० ॥

रुणारुणो घनाघनो हयी हयो लयी लयः ।
सुदन्तरा सुदागमः खलापहा महाशयः ॥ ३१ ॥
चलत्कुचा जवावृतो घनान्तरा स्वरान्तकः ।
प्रचण्डघर्घरध्वनिः प्रिया प्रतापवह्निगः ॥ ३२ ॥

---

१. कमलवद् आननं मुखं यस्य सः ।

प्रशान्तिरुन्दुरुस्थिता महेश्वरी महेश्वरः ।
महाशिवाविनी घनी रणेश्वरी[१] रणेश्वरः[२] ॥ ३३ ॥
प्रतापिनी प्रतापनः प्रमाणिका प्रमाणवित् ।
विशुद्धवासिनी मुनिर्विशुद्धविन्मधूत्तमा ॥ ३४ ॥
तिलोत्तमा महोत्तमः[३] सदामया दयामयः ।
विकारतारिणी तरुः सुरासुरोऽमरागुरुः ॥ ३५ ॥

रुणारुण, घनाघन, हयी, हय, लयी, लय, सुदन्तरा, सुदागम, खलापहा, महाशय, चलत्कुचा, जवावृत, घनान्तरा, स्वरान्तक, प्रचण्डघर्घरध्वनि, प्रिया, प्रतापवह्निग, प्रशान्तिरुन्दुरुस्थिता, महेश्वरी, महेश्वर, महाशिवाविनी, घनी, रणेश्वरी, रणेश्वर, प्रतापिनी, प्रतापन, प्रमाणिका, प्रमाणवित्, विशुद्धवासिनी, मुनिर्विशुद्धविन्मधूत्तमा, तिलोत्तमा, महोत्तम, सदामया, दयामय, विकारतारिणी, तरु, सुरासुर, अमरागुरु ॥ ३१-३५ ॥

प्रकाशिका प्रकाशकः प्रचण्डिका विभाण्डकः ।
त्रिशूलिनी गदाधरः प्रवालिका महाबलः ॥ ३६ ॥
क्रियावती जरापतिः प्रभाम्बरा दिगम्बरः ।
कुलाम्बरा मृगाम्बरा निरन्तरा जरान्तरः ॥ ३७ ॥
श्मशाननिलया शम्भुर्भवानी भीमलोचनः ।
कृतान्तहारिणीकान्तः कुपिता कामनाशनः ॥ ३८ ॥
चतुर्भुजा पद्मनेत्रो दशहस्ता महागुरुः ।
दशानना दशग्रीवः क्षिप्ताक्षी क्षेपनप्रियः ॥ ३९ ॥
वाराणसी पीठवासी काशी विश्वगुरुप्रियः ।
कपालिनी महाकालः कालिका कलिपावनः ॥ ४० ॥

प्रकाशिका, प्रकाशक, प्रचण्डिका, विभाण्डक, त्रिशूलिनी, गदाधर, प्रवालिका, महाबल, क्रियावती, जरापति, प्रभाम्बरा, दिगम्बर, कुलाम्बरा, मृगाम्बरा, निरन्तरा, जरान्तर, श्मशाननिलया, शम्भु भवानी, भीमलोचन, कृतान्तहारिणीकान्त, कुपिता, कामनाशन, चतुर्भुजा, पद्मनेत्र, दशहस्ता, महागुरु, दशानना, दशग्रीव, क्षिप्ताक्षी, क्षेपनप्रिय, वाराणसी, पीठवासी, काशी, विश्वगुरुप्रिय, कपालिनी, महाकाल, कालिका, कलिपावन ॥ ३६-४० ॥

रन्ध्रवर्त्मस्थिता वाग्मी रती रामगुरुप्रभुः ।
सुलक्ष्मीः प्रान्तरस्थश्च योगिकन्या कृतान्तकः ॥ ४१ ॥
सुरान्तका पुण्यदाता तारिणी तरुणप्रियः ।
महाभयतरा तारास्तारिका तारकप्रभुः ॥ ४२ ॥

---

१. रणे ईश्वरी इव । अथवा रणस्य ईश्वरी स्वामिनी ।

२. रणस्येश्वरोऽधिष्ठाता शिवो भगवान् ।

३. एषामयमतिशयेनोत्कृष्ट उत्तमः । महाँश्चासौ उत्तमश्च ।

तारकब्रह्मजननी महादृप्तः भवाग्रजः ।
लिङ्गगम्या लिङ्गरूपी चण्डिका वृषवाहनः ॥ ४३ ॥
रुद्राणी रुद्रदेवश्च कामजा काममन्थनः ।
विजातीया जातितातो विधात्री धातृपोषकः ॥ ४४ ॥
निराकारा महाकाशः सुप्रविद्या विभावसुः ।
वासुकी पतितत्राता[१] त्रिवेणी तत्त्वदर्शकः ॥ ४५ ॥

रन्ध्रवर्त्मस्थिता, वाग्मी, रती, रामगुरुप्रभु, सुलक्ष्मी, प्रान्तरस्थश्च, योगिकन्या, कृतान्तक, सुरान्तका, पुण्यदाता, तारिणी, तरुणप्रिय, महाभयतरा, तारास्तारिका, तारकप्रभु, तारकब्रह्मजननी, महादृप्त, भवाग्रज, लिङ्गगम्या, लिङ्गरूपी, चण्डिका, वृषवाहन, रुद्राणी, रुद्रदेवश्च, कामजा, काममन्थन, विजातीया, जातितात, विधात्री, धातृपोषक, निराकारा, महाकाश, सुप्रविद्या, विभावसु, वासुकी, पतितत्राता, त्रिवेणी, तत्त्वदर्शक ॥ ४१-४५ ॥

पताका पद्मवासी च त्रिवार्ता कीर्तिवर्धनः ।
धरणी धारणाव्याप्तो विमलानन्दवर्धनः ॥ ४६ ॥
विप्रचित्ता कुण्डकारी विरजा कालकम्पनः ।
सूक्ष्माधारा अतिज्ञानी मन्त्रसिद्धिः प्रमाणगः ॥ ४७ ॥
वाच्या वारणतुण्डश्च कमला कृष्णसेवकः ।
दुन्दुभिस्था वाद्यभाण्डो नीलाङ्गी वारणाश्रयः ॥ ४८ ॥
वसन्ताद्या शीतरश्मिः प्रमाद्या शक्तिवल्लभः ।
खड्गिना चक्रकुन्ताढ्यः शिशिराल्पधनप्रियः ॥ ४९ ॥
दुर्वाच्या मन्त्रनिलयः खण्डकाली कुलाश्रयः ।
वानरी हस्तिहाराद्यः प्रणया लिङ्गपूजकः ॥ ५० ॥

पताका, पद्मवासी, त्रिवार्ता, कीर्तिवर्धन, धरणी, धारणाव्याप्त, विमलानन्दवर्धन, विप्रचित्ता, कुण्डकारी, विरजा, कालकम्पन, सूक्ष्माधारा, अतिज्ञानी, मन्त्रसिद्धि, प्रमाणग, वाच्या, वारणतुण्डश्च, कमला, कृष्णसेवक, दुन्दुभिस्था, वाद्यभाण्ड, नीलाङ्गी, वारणाश्रय, वसन्ताद्या, शीतरश्मि, प्रमाद्या, शक्तिवल्लभ, खड्गिना, चक्रकुन्ताढ्या, शिशिराल्पधनप्रिय, दुर्वाच्या, मन्त्रनिलय, खण्डकाली, कुलाश्रय, वानरी, हस्तिहाराद्य, प्रणया, लिङ्गपूजक ॥ ४६-५० ॥

मानुषी मनुरूपश्च नीलवर्णा विधुप्रभः ।
अधश्चन्द्रधरा कालः कमला दीर्घकेशधृक् ॥ ५१ ॥
दीर्घकेशी विश्वकेशी त्रिवर्गा खण्डनिर्णयः ।
गृहिणी ग्रहहर्ता च ग्रहपीडा ग्रहक्षयः ॥ ५२ ॥
पुष्पगन्धा वारिचरः क्रोधादेवी दिवाकरः ।
अञ्जना क्रूरहर्ता च केवला कातरप्रियः ॥ ५३ ॥

---

१. पतितानां त्राता त्राणकर्ता रक्षक इति यावत् ।

पद्मामयी पापहर्ता विद्याद्या शैलमर्दकः ।
कृष्णजिह्वा रक्तमुखो भुवनेशी परात्परः ॥ ५४ ॥
वदरी मूलसम्पर्कः क्षेत्रपाला बलानलः ।
पितृभूमिस्थिताचार्यो[१] विषया बादरायणिः ॥ ५५ ॥

मानुषी, मनुरूपश्च, नीलवर्णा, विधुप्रभ, अधश्चन्द्रधरा, काल, कमला, दीर्घकेशक्, दीर्घकेशी, विश्वकेशी, त्रिवर्गा, खण्डनिर्णय, गृहिणी, ग्रहहर्ता, ग्रहपीडा, ग्रहक्षय, पुष्पगन्धा, वारिचर, क्रोधादेवी, दिवाकर, अञ्जना, क्रूरहर्ता, केवला, कातरप्रिय, पद्मामयी, पापहर्ता, विद्याद्या, शैलमर्दक, कृष्णजिह्वा, रक्तमुख, भुवनेशी, परात्पर, वदरी, मूलसम्पर्क, क्षेत्रपाला, बलानल, पितृभूमिस्थिताचार्य, विषया, बादरायणि ॥ ५१-५५ ॥

पुरोगमा पुरोगामी वीरगा रिपुनाशकः ।
महामाया महान्मायो वरदः कामदान्तकः ॥ ५६ ॥
पशुलक्ष्मीः[२] पशुपतिः पञ्चशक्तिः क्षपान्तकः ।
व्यापिका विजयाच्छन्नो विजातीया वराननः ॥ ५७ ॥
कटुमूर्तिः शाकमूर्तिस्त्रिपुरा पद्मगर्भजः[३] ।
अजाब्या जारकः प्रक्ष्या वातुलः क्षेत्रबान्धवा ॥ ५८ ॥
अनन्तानन्तरूपस्थो लावण्यस्था प्रसञ्चयः ।
योगज्ञो ज्ञानचक्रेशो बभ्रमा भ्रमणस्थितः ॥ ५९ ॥
शिशुपाला भूतनाथो भूतकृत्या कुटुम्बपः ।
तृप्ताश्वत्थो वरारोहा वटुकः प्रोटिकावशः ॥ ६० ॥

पुरोगमा, पुरोगामी, वीरगा, रिपुनाशक, महामाया, महान्माय, वरद, कामदान्तक, पशुलक्ष्मी, पशुपति, पञ्चशक्ति, क्षपान्तक, व्यापिका, विजयाच्छन्नो, विजातीया, वरानन, कटुमूर्ति, शाकमूर्तिस्त्रिपुरा, पद्मगर्भज, अजाब्या, जारक, प्रक्ष्या, वातुल, क्षेत्रबान्धवा, अनन्तानन्तरूपस्थो, लावण्यस्था, प्रसञ्चय, योगज्ञ, ज्ञानचक्रेशो, बभ्रमा, भ्रमणस्थित, शिशुपाला, भूतनाथ, भूतकृत्या, कुटुम्बप, तृप्ताश्वत्थ, वरारोहा, वटुक, प्रोटिकावश ॥ ५६-६० ॥

श्रद्धा श्रद्धान्वितः पुष्टिः पुष्टो रुष्टाष्टमाधवा ।
मिलिता मेलनः पृथ्वी तत्त्वज्ञानी चरुप्रिया ॥ ६१ ॥
अलब्धा भयहानत्या दशनः प्राप्तमानसा ।
जीवनी परमानन्दो विद्याढ्या धर्मकर्मजः ॥ ६२ ॥
अपवादरताकाङ्क्षी[४] विल्वानाभद्रकम्बलः ।
शिविवाराहनोन्मत्तो विशालाक्षी परन्तपः ॥ ६३ ॥

---

१. पितृणां भूमौ स्थित आचार्यः ।

२. पश्यतीति पशुस्तादृशी दर्शनशीला लक्ष्मीर्यस्याः सा ।

३. पद्मगर्भे जात इति । सप्तम्यां जनेर्ड इति डप्रत्ययः ।

४. अपवादे रतं रतिमाकाङ्क्षति या सा, कर्मणि उपपदेऽण्प्रत्ययस्ततो ङीप् ।

गोपनीया सुगोप्ता च पार्वती परमेश्वरः ।
श्रीमातङ्गी त्रिपीठस्थो विकारी ध्याननिर्मलः ॥ ६४ ॥
चातुरी चतुरानन्दः पुत्रिणी सुतवत्सलः ।
वामनी विषयानन्दः किङ्करी क्रोधजीवनः ॥ ६५ ॥

श्रद्धा, श्रद्धान्वित, पुष्टि, पुष्टो, रुष्टाष्टमाधवा, मिलिता, मेलन, पृथ्वी, तत्त्वज्ञानी, चरुप्रिया, अलब्धा, भयहान्त्या, दशन, प्राप्तमानसा, जीवनी, परमानन्द, विद्याढ्या, धर्मकर्मज, अपवादरताकाङ्क्षी, विल्वानाभद्रकम्बल, शिविवाराहनोन्मत्तो, विशालाक्षी, परन्तप, गोपनीया, सुगोप्ता, पार्वती, परमेश्वर, श्रीमातङ्गी, त्रिपीठस्थ, विकारी, ध्याननिर्मल, चातुरी, चतुरानन्द, पुत्रिणी, सुतवत्सल, वामनी, विषयानन्द, किङ्करी, क्रोधजीवन ॥ ६१-६५ ॥

चन्द्रानना प्रियानन्दः कुशला केतकीप्रियः ।
प्रचला तारकज्ञानी त्रिकर्मा नर्मदापतिः ॥ ६६ ॥
कपाटस्था कलापस्थो विद्याज्ञा वर्धमानगः ।
त्रिकूटा त्रिविधानन्दो नन्दना नन्दनप्रियः ॥ ६७ ॥
विचिकित्सा समाप्ताङ्गो मन्त्रज्ञा मनुवर्धनः ।
मन्निका चाम्बिकानाथो विवाशी वंशवर्धनः ॥ ६८ ॥
वज्रजिह्वा वज्रदन्तो विक्रिया क्षेत्रपालनः ।
विकारणी पार्वतीशः प्रियाङ्गी पञ्चचामरः ॥ ६९ ॥
आंशिका वामदेवाद्या विमायाढ्या परापरः ।
पायाङ्गी परमैश्वर्या दाता भोक्त्री दिवाकरः ॥ ७० ॥

चन्द्रानना, प्रियानन्द, कुशला, केतकीप्रिय, प्रचला, तारकज्ञानी, त्रिकर्मा, नर्मदापति, कपाटस्था, कलापस्थ, विद्याज्ञा, वर्धमानग, त्रिकूटा, त्रिविधानन्द, नन्दना, नन्दनप्रिय, विचिकित्सा, समाप्ताङ्ग, मन्त्रज्ञा, मनुवर्धन, मन्निका, चाम्बिकानाथ, विवाशी, वंशवर्धन, वज्रजिह्वा, वज्रदन्त, विक्रिया, क्षेत्रपालन, विकारणी, पार्वतीश, प्रियाङ्गी, पञ्चचामर, आंशिका, वामदेवाद्या, विमायाढ्या, परापर, पायाङ्गी, परमैश्वर्या, दाता, भोक्त्री, दिवाकर ॥ ६६-७० ॥

कामदात्री[१] विचित्राक्षो रिपुरक्षा क्षपान्तकृत् ।
घोरमुखी घर्घराख्यो विलज्वा ज्वालिनीपतिः ॥ ७१ ॥
ज्वालामुखी धर्मकर्ता श्रीकर्त्री कारणात्मकः ।
मुण्डाली पञ्चचूडाश्च त्रिशावर्णा स्थिताग्रजः ॥ ७२ ॥
विरूपाक्षी बृहद्गर्भो राकिनी श्रीपितामहः ।
वैष्णवी विष्णुभक्तश्च डाकिनी डिण्डिमप्रियः ॥ ७३ ॥
रतिविद्या रामनाथो राधिका विष्णुलक्षणः ।
चतुर्भुजा वेदहस्तो लाकिनी मीनकुन्तलः ॥ ७४ ॥

---

१. कामानां मनोरथानां दात्री समर्पयित्री ।

मूर्धजा लाङ्गलीदेवः स्थविरा जीर्णविग्रहः ।
लाकिनीशा लाकिनीशः प्रियाख्या चारुवाहनः ॥ ७५ ॥

कामदात्री, विचित्राक्षो, रिपुरक्षा, क्षपान्तकृत्, घोरमुखी, घर्घराख्यो, विलज्वा, ज्वालिनी-पति, ज्वालामुखी, धर्मकर्ता, श्रीकर्त्री, कारणात्मक, मुण्डाली, पञ्चचूडाश्च, त्रिशावर्णा, स्थिताग्रज, विरूपाक्षी, बृहद्गर्भो, राकिनी, श्रीपितामह, वैष्णवी, विष्णुभक्तश्च, डाकिनी, डिण्डिमप्रिय, रतिविद्या, रामनाथो, राधिका, विष्णुलक्षण, चतुर्भुजा, वेदहस्तो, लाकिनी, मीनकुन्तल, मूर्धजा, लाङ्गलीदेव, स्थविरा, जीर्णविग्रह, लाकिनीशा, लाकिनीश, प्रियाख्या, चारुवाहन ॥ ७१-७५ ॥

जटिला त्रिजटाधारी चतुराङ्गी चराचरः ।
त्रिश्रोता पार्वतीनाथो भुवनेशी नरेश्वरः ॥ ७६ ॥
पिनाकिनी पिनाकी च चन्द्रचूडा विचारवित् ।
जाड्यहन्त्री जडात्मा च जिह्वायुक्तो जरामरः ॥ ७७ ॥
अनाहताख्या राजेन्द्रः काकिनी सात्त्विकस्थितः ।
मरुन्मूर्तिः पद्महस्तो विशुद्धा शुद्धवाहनः ॥ ७८ ॥
वृषली वृषपृष्ठस्थो विभोगा भोगवर्धनः ।
यौवनस्था युवासाक्षी लोकाद्या लोकसाक्षिणी ॥ ७९ ॥
बगला चन्द्रचूडाख्यो भैरवी मत्तभैरवः ।
क्रोधाधिपा वज्रधारी इन्द्राणी वह्निवल्लभः ॥ ८० ॥

जटिला, त्रिजटाधारी, चतुराङ्गी, चराचर, त्रिश्रोता, पार्वतीनाथो, भुवनेशी, नरेश्वर, पिनाकिनी, पिनाकी, चन्द्रचूडा, विचारवित्, जाड्याहन्त्री, जडात्मा, जिह्वायुक्तो, जरामर, अनाहताख्या, राजेन्द्र, काकिनी, सात्त्विकस्थित, मरुन्मूर्ति, पद्महस्तो, विशुद्धा, शुद्धवाहन, वृषली, वृषपृष्ठस्थो, विभोगा, भोगवर्धन, यौवनस्था, युवासाक्षी, लोकाद्या, लोकसाक्षिणी, बगला, चन्द्रचूडाख्यो, भैरवी, मत्तभैरव, क्रोधाधिपा, वज्रधारी, इन्द्राणी, वह्निवल्लभ ।

निर्विकारा सूत्रधारी मत्तपाना दिवाश्रयः ।
शब्दगर्भा[१] शब्दमयो वासवा वासवानुजः ॥ ८१ ॥
दिक्पाला ग्रहनाथश्च ईशानी नरवाहनः ।
यक्षिणीशा भूतिनीशो[२] विभूतिर्भूतिवर्धनः ॥ ८२ ॥
जयावती कालकारी कल्क्यविद्या विधानवित् ।
लज्जातीता लक्षणाङ्गो विषपायी मदाश्रयः ॥ ८३ ॥
विदेशिनी विदेशस्थोऽपापा पापवर्जितः ।
अतिक्षोभा कलातीतो निरिन्द्रियगणोदया ॥ ८४ ॥

---

१. शब्दः शब्दतत्त्वं गर्भे यस्याः सा ।
२. भूतिनीनामीशो भूतिनीशः । भगवान् शिवः ।

वाचालो वचनग्रन्थिमन्दरो वेदमन्दिरा ।
पञ्चमः पञ्चमीदुर्गो दुर्गा दुर्गतिनाशनः ॥ ८५ ॥

निर्विकारा, सूत्रधारी, मत्तपाना, दिवाश्रय, शब्दगर्भा, शब्दमयो, वासवा, वासवानुज, दिक्पाला, ग्रहनाथश्च, ईशानी, नरवाहन, यक्षिणीशा, भूतिनीश, विभूतिर्भूतिवर्धन, जयावती, कालकारी, कल्क्यविद्या, विधानवित्, लज्जातीता, लक्षणाङ्गो, विषपायी, मदाश्रय, विदेशिनी, विदेशस्थ, अपापा, पापवर्जित, अतिक्षोभा, कलातीत, निरिन्द्रियगणोदया, वाचालो, वचनग्रन्थिमन्दर, वेदमन्दिरा, पञ्चम, पञ्चमीदुर्गो, दुर्गा, दुर्गतिनाशन ॥ ८१-८५ ॥

दुर्गन्धा गन्धराजश्च सुगन्धा गन्धचालनः ।
चार्वङ्गी चर्वणप्रीतो विशङ्का मरलारवित् ॥ ८६ ॥
अतिथिस्था स्थावराद्या जपस्था जपमालिनी ।
वसुन्धरसुता तार्क्षी तार्किकः प्राणतार्किकः ॥ ८७ ॥
तालवृक्षावृतोन्नासा तालजाया जटाधरः ।
जटिलेशी जटाधारी सप्तमीशः प्रसप्तमी ॥ ८८ ॥
अष्टमीवेशकृत् काली सर्वः सर्वेश्वरीश्वरः ।
शत्रुहन्त्री नित्यमन्त्री तरुणी तारकाश्रयः ॥ ८९ ॥
धर्मगुप्तिः सारगुप्तो मनोयोगा विषापहः ।
वज्रावीरः सुरासौरी चन्द्रिका चन्द्रशेखरः ॥ ९० ॥

दुर्गन्धा, गन्धराजश्च, सुगन्धा, गन्धचालन, चार्वङ्गी, चर्वणप्रीत, विशङ्का, मरलारवित्, अतिथिस्था, स्थावराद्या, जपस्था, जपमालिनी, वसुन्धरसुता, तार्क्षी, तार्किक, प्राणतार्किक, तालवृक्षावृतोन्नासा, तालजाया, जटाधर, जटिलेशी, जटाधारी, सप्तमीश, प्रसप्तमी, अष्टमीवेशकृत्, काली, सर्व, सर्वेश्वरीश्वर, शत्रुहन्त्री, नित्यमन्त्री, तरुणी, तारकाश्रय, धर्मगुप्ति, सारगुप्त, मनोयोगा, विषापह, वज्रावीर, सुरासौरी, चन्द्रिका, चन्द्रशेखर ॥ ८६-९० ॥

विटपीन्द्रा वटस्थानी भद्रपालः कुलेश्वरः ।
चातकाद्या चन्द्रदेहः प्रियाभार्या मनोयवः ॥ ९१ ॥
तीर्थपुण्या तीर्थयोगी जलजा[१] जलशायकः ।
भूतेश्वरप्रियाभूतो भगमाला भगाननः ॥ ९२ ॥
भगिनी भगवान् भोग्या भवती भीमलोचनः ।
भृगुपुत्री भार्गवेशः प्रलयालयकारणः ॥ ९३ ॥
रुद्राणी रुद्रगणपो रौद्राक्षी[२] क्षीणवाहनः ।
कुम्भान्तका[३] निकुम्भारिः कुम्भान्ती कुम्भिनीरगः ॥ ९४ ॥

---

१. जले जाता जलजा, कमला, लक्ष्मीरिति यावत् ।
२. रौद्रे भयानकेऽक्षिणी यस्याः सा इति भावः । षच् समासान्तः षित्त्वान् ङीष् ।
३. शवासना शवारूढो विषमा प्रेतवासनः । प्रेतलिङ्गस्थिता प्रौढो वारन्द्रा नवकान्तकः ॥

कूष्माण्डी धनरत्नाढ्यो महोग्राग्राहकः शुभा ।
शिविरस्था शिवानन्दः शवासनकृतासनी ॥ ९५ ॥

विटपीन्द्रा, वटस्थानी, भद्रपाल, कुलेश्वर, चातकाद्या, चन्द्रदेह, प्रियाभार्या, मनोयव, तीर्थपुण्या, तीर्थयोगी, जलजा, जलशायक, भूतेश्वरप्रियाभूत, भगमाला, भगानन, भगिनी, भगवान्, भोग्या, भवती, भीमलोचन, भृगुपुत्री, भार्गवेश, प्रलयालयकारण, रुद्राणी, रुद्रगणपो, रौद्राक्षी, क्षीणवाहन, कुम्भान्तका, निकुम्भारि, कुम्भान्ती, कुम्भिनीरग, कूष्माण्डी, धनरत्नाढ्य, महोग्राग्राहक, शुभा, शिविरस्था, शिवानन्द, शवासनकृतासनी ॥ ९१-९५ ॥

प्रसंशा समनः प्राज्ञा विभाव्या भव्यलोचनः ।
कुरुविद्या कौरवंशः कुलकन्या मृणालधृक् ॥ ९६ ॥
द्विदलस्था परानन्दो नन्दिसेव्या बृहन्नला ।
व्याससेव्या व्यासपूज्यो धरणी धीरलोचनः ॥ ९७ ॥
त्रिविधारण्या तुलाकोटिः कार्पासा खार्पराङ्गधृक् ।
वशिष्ठाराधिताविष्टो वशगा वशजीवनः ॥ ९८ ॥
खड्गहस्ता खड्गधारी शूलहस्ता विभाकरः ।
अतुला तुलनाहीनो विविधा ध्याननिर्णयः ॥ ९९ ॥
अप्रकाश्या विशोध्यश्च चामुण्डा चण्डवाहनः ।
गिरिजा गायनोन्मत्तो मलामाली चलाधमः ॥ १०० ॥

प्रसंशा, समन, प्राज्ञा, विभाव्या, भव्यलोचन, कुरुविद्या, कौरवंश, कुलकन्या, मृणालधृक्, द्विदलस्था, परानन्द, नन्दिसेव्या, बृहन्नला, व्याससेव्या, व्यासपूज्यो, धरणी, धीरलोचन, त्रिविधारण्या, तुलाकोटि, कार्पासा, खार्पराङ्गधृक्, वशिष्ठाराधिताविष्ट, वशगा, वशजीवन, खड्गहस्ता, खड्गधारी, शूलहस्ता, विभाकर, अतुला, तुलनाहीन, विविधा, ध्याननिर्णय, अप्रकाश्या, विशोध्य, चामुण्डा, चण्डवाहन, गिरिजा, गायनोन्मत्त, मलामाली, चलाधम ॥ ९६-१०० ॥

पिङ्गदेहा पिङ्गकेशोऽसमर्था शीलवाहनः ।
गारुडी गरुडानन्दो विशोका वंशवर्धनः ॥ १०१ ॥
वेणीन्द्रा चातकप्रायो विद्याद्या दोषमर्दकः ।
अट्टहासा अट्टहासो मधुभक्षा मधुव्रतः ॥ १०२ ॥
मधुरानन्दसम्पन्ना माधवो मधुनाशिका ।
माकरी मकरप्रेमो माघस्था मघवाहनः ॥ १०३ ॥
विशाखा सुसखा सूक्ष्मा ज्येष्ठो ज्येष्ठजनप्रिया ।
आषाढनिलयाषाढो मिथिला मैथिलीश्वरः[१] ॥ १०४ ॥

---

१. मैथिलीनामीश्वरः ।

शीतशैत्यगतो वाणी विमलालक्षणेश्वरः[१] ।
अकार्यकार्यजनको भद्रा भाद्रपदीयकः ॥ १०५ ॥

पिङ्गदेहा, पिङ्गकेश, असमर्था, शीलवाहन, गारुडी, गरुडानन्दो, विशोका, वंशवर्धन, वेणीन्द्रा, चातकप्राय, विद्याद्या, दोषमर्दक, अट्टहासा, अट्टहास, मधुभक्षा, मधुव्रत, मधुरा-नन्दसम्पन्ना, माधव, मधुनाशिका, माकरी, मकरप्रेमो, माघस्था, मघवाहन, विशाखा, सुसखा, सूक्ष्मा, ज्येष्ठ, ज्येष्ठजनप्रिया, आषाढनिलयाषाढ, मिथिला, मैथिलीश्वर, शीतशैत्यगत, वाणी, विमलालक्षणेश्वर, अकार्यकार्यजनको, भद्रा, भाद्रपदीयक ॥ १०१-१०५ ॥

प्रवरा वरहंसाख्यः पवशोभा पुराणवित् ।
श्रावणी हरिनाथश्च श्रवणा श्रवणाङ्कुरः ॥ १०६ ॥
सुकर्त्री साधनाध्यक्षो विशोध्या शुद्धभावनः ।
एकशेषा शशिधरो धरान्तः स्थावराधरः ॥ १०७ ॥
धर्मपुत्री धर्ममात्रो विजया जयदायकः ।
दासरक्षादि विदशकलापो विधवापतिः ॥ १०८ ॥
विधवाधवलो धूर्तः धूर्ताढ्यो धूर्तपालिका ।
शङ्करः कामगामी च देवला देवमायिका ॥ १०९ ॥
विनाशो मन्दराच्छन्ना मन्दरस्थो महाद्वया ।
अतिपुत्री त्रिमुण्डी च मुण्डमाला त्रिचण्डिका ॥ ११० ॥

प्रवरा, वरहंसाख्य, पवशोभा, पुराणवित्, श्रावणी, हरिनाथश्च, श्रवणा, श्रवणाङ्कुर, सुकर्त्री, साधनाध्यक्ष, विशोध्या, शुद्धभावन, एकशेषा, शशिधर, धरान्त, स्थावराधर, धर्मपुत्री, धर्ममात्र, विजया, जयदायक, दासरक्षादि, विदशकलाप, विधवापति, विधवाधवल, धूर्त, धूर्ताढ्य, धूर्तपालिका, शङ्कर, कामगामी, देवला, देवमायिका, विनाश, मन्दराच्छन्ना, मन्दरस्थ, महाद्वया, अतिपुत्री, त्रिमुण्डी, मुण्डमाला, त्रिचण्डिका ॥ १०६-११० ॥

कर्कटीशः कोटरश्च सिंहिका सिंहवाहनः ।
नारसिंही नृसिंहश्च नर्मदा जाह्नवीपतिः ॥ १११ ॥
त्रिविधस्त्री त्रिसर्गास्त्रो दिगम्बरो दिगम्बरी ।
मुञ्चानो मञ्चभेदी च मालञ्चा चञ्चलाग्रजः ॥ ११२ ॥
कटुतुङ्गी विकाशात्मा ऋद्धिस्पष्टाक्षरोऽन्तरा ।
विरिञ्चः प्रभवानन्दो नन्दिनी मन्दराद्रिधृक् ॥ ११३ ॥
कालिकाभा काञ्चनाभो मदिराद्या मदोदयः ।
द्रविडस्था दाडिमस्थो मज्जातीता मरुद्गतिः ॥ ११४ ॥
क्षान्तिप्रज्ञो विधिप्रज्ञा वीतिज्ञोत्सुकनिश्चया ।

---

१. विमलाया लक्षणे ईश्वरः । अथवा लक्षयतीति लक्षणः, कर्तरि ल्युट् । विमलायाः लक्षणश्चासौ ईश्वरश्च इति विग्रहः ।

अभावो मलिनाकारा कारागारा विचारहा ॥ ११५ ॥

कर्कटीश, कोटरश्च, सिंहिका, सिंहवाहन, नारसिंही, नृसिंहश्च, नर्मदा, जाह्नवीपति, त्रिविधस्त्री, त्रिसर्गास्त्रो, दिगम्बर, दिगम्बरी, मुञ्चानो, मञ्चभेदी, मालञ्चा, चञ्चलाग्रज, कटुतुङ्गी, विकाशात्मा, ऋद्धिस्पष्टाक्षर, अन्तरा, विरिञ्च, प्रभवानन्दो, नन्दिनी, मन्दराद्रिधृक्, कालिकाभा, काञ्चनाभो, मदिराद्या, मदोदय, द्रविडस्था, दाडिमस्थो, मज्जातीता, मरुद्गति, क्षान्तिप्रज्ञो, विधिप्रज्ञा, वीतिज्ञोत्सुकनिश्चया, अभाव, मलिनाकारा, कारागारा, विचारहा ॥ १११-११५ ॥

शब्दः कटाहभेदात्मा शिशुलोकप्रपालिका ।
अतिविस्तारवदनो विभवानन्दमानसा [१] ॥ ११६ ॥
आकाशवसनोन्मादी [२] मेपुरा मांसचर्वणः ।
अतिकान्ता प्रशान्तात्मा नित्यगुह्या गभीरगः ॥ ११७ ॥
त्रिगम्भीरा तत्त्ववासी राक्षसी पूतनाक्षरः ।
अभोगगणिका हस्ती गणेशजननीश्वरः ॥ ११८ ॥
कुण्डपालककर्ता च त्रिरूण्डा रुण्डभालधृक् ।
अतिशक्ता विशक्तात्मा देव्याङ्गी नन्दनाश्रयः ॥ ११९ ॥
भावनीया भ्रान्तिहरः कापिलाभा मनोहरः ।
आर्यदिवी नीलवर्णा सायको बलवीर्यदा ॥ १२० ॥

शब्द, कटाहभेदात्मा, शिशुलोकप्रपालिका, अतिविस्तारवदन, विभवानन्दमानसा, आकाशवसनोन्मादी, मेपुरा, मांसचर्वण, अतिकान्ता, प्रशान्तात्मा, नित्यगुह्या, गभीरग, त्रिगम्भीरा, तत्त्ववासी, राक्षसी, पूतनाक्षर, अभोगगणिका, हस्ती, गणेशजननीश्वर, कुण्डपालककर्ता, त्रिरूण्डा, रुण्डभालधृक्, अतिशक्ता, विशक्तात्मा, देव्याङ्गी, नन्दनाश्रय, भावनीया, भ्रान्तिहर, कापिलाभा, मनोहर, आर्यदिवी, नीलवर्णा, सायको, बलवीर्यदा ॥ ११६-१२० ॥

सुखदो मोक्षदाताऽतो जननी वाञ्छितप्रदः ।
चातिरूपा विरूपस्थो वाच्या वाच्यविवर्जितः ॥ १२१ ॥
महालिङ्गसमुत्पन्ना काकभेरी नदस्थितः ।
आत्मारामकलाकायः सिद्धिदाता गणेश्वरी ॥ १२२ ॥
कल्पद्रुमः कल्पलता कुलवृक्षः कुलद्रुमा ।
सुमना श्रीगुरुमयी गुरुमन्त्रप्रदायकः ॥ १२३ ॥
अनन्तशयनाऽनन्तो जलेशी जह्नजेश्वरः ।
गङ्गा गङ्गाधरः श्रीदा भास्करेशो महाबला ॥ १२४ ॥
गुप्ताक्षरो विधिरता विधानपुरुषेश्वरः ।

---

१. विभवस्यानन्दो मानसे यस्याः सा । व्यधिकरणबहुव्रीहिः ।

२. आकाश एव वसनं यस्य, स चासौ उन्मादी चेति बहुव्रीहिगर्भस्तत्पुरुषः ।

सिद्धकलङ्का कुण्डाली वाग्देवः पञ्चदेवता ॥ १२५ ॥

सुखद, मोक्षदाता, जननी, वाञ्छितप्रद, चातिरूपा, विरूपस्थो, वाच्या, वाच्य-विवर्जित, महालिङ्गसमुत्पन्ना, काकभेरी, नदस्थित, आत्मारामकलाकाय, सिद्धिदाता, गणेश्वरी, कल्पद्रुम, कल्पलता, कुलवृक्ष, कुलद्रुमा, सुमना, श्रीगुरुमयी, गुरुमन्त्रप्रदायक, अनन्त-शयनाऽनन्तो, जलेशी, जह्नजेश्वर, गङ्गा, गङ्गाधर, श्रीदा, भास्करेशो, महाबला, गुप्ताक्षरो, विधिरता, विधानपुरुषेश्वर, सिद्धकलङ्का, कुण्डाली, वाग्देव, पञ्चदेवता ॥ १२१-१२५ ॥

अल्पातीता मनोहारी त्रिविधा तत्त्वलोचना ।
अमायापतिर्भूभ्रान्तिः पाञ्चजन्यधरोऽग्रजा ॥ १२६ ॥
अतितप्तः कामतप्ता मायामोहविवर्जितः ।
आर्या पुत्रीश्वरः स्थाणुः कृशानुस्था जलाप्लुतः ॥ १२७ ॥
वारुणी मदिरामत्तो मांसप्रेमदिगम्बरा ।
अन्तरस्थो देहसिद्धा कलानलसुराद्रिपः [१] ॥ १२८ ॥
आकाशवाहिनी देवः काकिनीशो दिगम्बरी ।
काकचञ्चुपुटमधुहरो गगनमाब्धिपा ॥ १२९ ॥
मुद्राहारी महामुद्रा मीनपो [२] मीनभक्षिणी [३] ।
शाकिनी शिवनाथेशः काकोर्ध्वेशी सदाशिवः ॥ १३० ॥

अल्पातीता, मनोहारी, त्रिविधा, तत्त्वलोचना, अमायापतिर्भूभ्रान्ति, पाञ्चजन्यधरोऽग्रजा, अतितप्त, कामतप्ता, मायामोहविवर्जित, आर्या, पुत्रीश्वर, स्थाणु, कृशानुस्था, जलाप्लुत, वारुणी, मदिरामत्तो, मांसप्रेमदिगम्बरा, अन्तरस्थो, देहसिद्धा, कलानलसुराद्रिप, आकाश-वाहिनी, देव, काकिनीशो, दिगम्बरी, काकचञ्चुपुटमधुहरो, गगनमाब्धिपा, मुद्राहारी, महामुद्रा, मीनपो, मीनभक्षिणी, शाकिनी, शिवनाथेश, काकोर्ध्वेशी, सदाशिव ॥ १२६-१३० ॥

कमला कण्ठकमलः स्थायुकः प्रेमनायिका ।
मृणालमालाधारी च मृणालमालमालिनी ॥ १३१ ॥
अनादिनिधना तारा दुर्गतारा निराक्षरा ।
सर्वाक्षरा सर्ववर्णा सर्वमन्त्राक्षमालिका ॥ १३२ ॥
आनन्दभैरवो नीलकण्ठो ब्रह्माण्डमण्डितः ।
शिवो विश्वेश्वरोऽनन्तः सर्वातीतो निरञ्जनः ॥ १३३ ॥

कमला, कण्ठकमल, स्थायुक, प्रेमनायिका, मृणालमालाधारी, मृणालमालमालिनी, अनादिनिधना, तारा, दुर्गतारा, निराक्षरा, सर्वाक्षरा, सर्ववर्णा, सर्वमन्त्राक्षमालिका, आनन्दभैरवो, नीलकण्ठो, ब्रह्माण्डमण्डित, शिवो, विश्वेश्वरोऽनन्त, सर्वातीतो, निरञ्जन ॥ १३१-१३३ ॥

---

१. कलारूपोऽनलोऽग्निर्यस्य सः । सुराद्रिं सुमेरुं पाति रक्षति इति सुराद्रिपः । पुनः कर्मधारयः ।

२. मीनं पाति रक्षति इति मीनपः ।

३. मीनं भक्षयति तच्छीला, ताच्छील्ये णिनिः कर्तरि ।

फलश्रुतिकथनम्

इति ते कथितं नाथ त्रैलोक्यसारमङ्गलम् ।
भुवनमङ्गलं नाम महापातकनाशनम् ॥ १३४ ॥

हे नाथ ! इस प्रकार मैंने त्रैलोक्य का सार स्वरूप तथा मङ्गलकारी और महान् पातक को नष्ट कर देने वाले 'भुवनमङ्गल' नामक सदाशिवशाकिनी देवता के सहस्रनाम स्तोत्र को कहा है ॥ १३४ ॥

अस्य प्रपठनेऽपि च यत्फलं लभते नरः ।
तत्सर्वं कथितुं नालं कोटिवर्षशतैरपि ॥ १३५ ॥

अब फलश्रुति कहते हैं—इस स्तोत्र के पाठ से जिस फल की प्राप्ति साधक को होती है, उसे भी करोड़ वर्षों में सम्पूर्ण रूप से नहीं कहा जा सकता है ॥ १३५ ॥

तथापि तव यत्नेन फलं शृणु दयार्णव ।
राजद्वारे नदीतीरे सङ्ग्रामे विजनेऽनले ॥ १३६ ॥
शून्यागारे निर्जने वा घोरान्धकाररात्रिके ।
चतुष्टये श्मशाने वा पठित्वा षोडशे दले ॥ १३७ ॥
रक्ताम्भोजैः पूजयित्वा मनसा कामचिन्तयन् ।
घृताक्तैर्जुहुयान्नित्यं नाम प्रत्येकमुच्चरन् ॥ १३८ ॥

हे दया के समुद्र ! तथापि आपके यत्न से (प्राप्त) फल को आप सुनें । राजद्वार पर, नदी के तट पर, संग्राम में अथवा निर्जन स्थान में या अग्नि में, जन शून्य गृह में या निर्जन घर में, घोर अन्धकार युक्त रात्रि में, चतुष्पथ (चौराहे) पर अथवा श्मशान में षोडश दल में (स्तोत्र) पढ़कर रक्त कमल से पूजा कर मनसा कामना का चिन्तन करते हुए घृत सम्मिश्रित हविर्द्रव्य (या रक्त कमल) से प्रत्येक नाम का उच्चारण करते हुए आहुतियाँ देनी चाहिए ॥ १३६-१३८ ॥

मूलमन्त्रेण पुटितमाज्यं वह्नौ समर्पयेत् ।
अन्तरे स्वसुखे होमः सर्वसिद्धिसुखप्रदः ॥ १३९ ॥
सद्योमधुयुतैर्मांसैः सुसुखे मन्त्रमुच्चरन् ।
प्रत्येकं नामपुटितं हुत्वा पुनर्मुखाम्बुजे ॥ १४० ॥

मूल मन्त्र से सम्पुटित आज्य को वह्नि में समर्पित करे । इस प्रकार अन्तरात्मा में सुखानुभूति करते हुए होम सभी सिद्धियों एवं सुखों को देने वाला होता है । मधु युक्त मांसों के द्वारा अत्यन्त सुखपूर्वक मन्त्र का उच्चारण करते हुए प्रत्येक नाम को उस मन्त्र से पुनः मुख कमल में सम्पुटित करके हवन कर आहुति देवे ॥ १३९-१४० ॥

कुण्डलीरसजिह्वायां जीवन्मुक्तो भवेन्नरः ।
धृत्वा वापि पठित्वा वा स्तुत्वा वा विधिना प्रभो ॥ १४१ ॥

महारुद्रो भवेत्साक्षान्मम देहान्वितो भवेत् ।
योगी ज्ञानी भवेत् सिद्धः सारसङ्केतदर्शकः ॥१४२॥

हे प्रभो! इस स्तोत्र के धारण से, अथवा पाठ से, या स्तुति से, या विधि से, कुण्डली के (अमृत) रस से जिह्वा में आस्वाद होने से साधक जीवित रहते हुए भी मुक्ति को प्राप्त कर लेता है । इस स्तोत्र के पाठ से साधक साक्षात् मेरे देह से युक्त होकर 'महारुद्र' हो जाता है । वह योगी, ज्ञानी तथा ऐसा सिद्ध पुरुष हो जाता है जो (ज्ञान के) सार को संकेत रूप से प्रदर्शित करता है ॥ १४१-१४२ ॥

अपराजितः सर्वलोके किमन्यत् फलसाधनम् ।
धृत्वा राजत्वमाप्नोति कण्ठे पृथ्वीश्वरो भवेत् ॥१४३॥
दक्षहस्ते तथा धृत्वा धनवान् गुणवान् भवेत् ।
अकालमृत्युहरणं[१] सर्वव्याधिनिवारणम्[२] ॥१४४॥

वह समस्त लोक में अपराजिता होता है । उससे बढ़ कर और कोई फल साधन की आवश्यकता नहीं होती । इस स्तोत्र को कण्ठ में धारण करने से राजत्व को प्राप्त करता है और वह साधक पृथ्वी का स्वामी हो जाता है । यदि साधक दाहिने हाथ में धारण करता है तो वह धनवान् एवं सर्वगुणसम्पन्न हो जाता है । यह सहस्रनाम स्तोत्र साधक को अकालमृत्यु से बचाता है तथा यह सभी व्याधियों का निवारण करने वाला है ॥ १४३-१४४ ॥

हुत्वा राजेन्द्रनाथश्च महावाग्मी सदाऽभयः ।
सर्वेषां मथनं कृत्वा गणेशो मम कार्तिकः ॥१४५॥
देवनामधिपो भूत्वा सर्वज्ञो भवति प्रभो ।
यथा तथा महायोगी भ्रमत्येव न संशयः ॥१४६॥

इस स्तोत्र के द्वारा हवन से साधक राजाओं का अधिपति, महान् वाक् कुशल और सदा भयरहित रहता है । वह सभी का मंथन करके गणेश और मेरे पुत्र कार्तिकेय के समान हो जाता है । हे प्रभो ! वह साधक अन्ततः देवताओं का अधिपति होकर सर्वज्ञ हो जाता है। इसमें संशय नहीं है कि इसे न करने वाला महान् योगी भी इधर-उधर भ्रमण ही करता रह जाता है ॥ १४५-१४६ ॥

प्रातःकाले पठेद् यस्तु मस्तके स्तुतिधारकः ।
जलस्तम्भं करोत्येव रसस्तम्भं तथैव च ॥१४७॥
राज्यस्तम्भं नरस्तम्भं वीर्यस्तम्भं तथैव च ।
विद्यास्तम्भं सुखस्तम्भं क्षेत्रस्तम्भं तथैव च ॥१४८॥
राजस्तम्भं धनस्तम्भं ग्रामस्तम्भं तथैव च ।

प्रातःकाल उठकर जो साधक अपने ध्यान में इस स्तुति को धारण करता है वह

---

१. अकाले यो मृत्युः, तस्य हरणम् ।

२. सर्वे व्याधयस्तेषां विनाशनम्, विनाशकम्, कर्तरि ल्युट् ।

'जल स्तम्भन' और 'रस का स्तम्भन' भी करता है । प्रतिदिन प्रातःकाल ध्यानस्थ होकर जो साधक इस स्तुति को धारण करता है वह राज्यस्तम्भन, नरस्तम्भन, वीर्यस्तम्भन, विद्यास्तम्भन, सुखस्तम्भन, क्षेत्रस्तम्भन, राजस्तम्भन, धनस्तम्भन तथा ग्रामस्तम्भन कर देता है ॥ १४७-१४९ ॥

मध्याह्ने च पठेद् यस्तु वह्निस्तम्भं करोत्यपि ॥ १४९ ॥
कालस्तम्भं वयःस्तम्भं श्वासस्तम्भं तथैव च ।
रसस्तम्भं वायुस्तम्भं बाहुस्तम्भं करोत्यपि ॥ १५० ॥
सायाह्ने च पठेद् यस्तु कण्ठोदरे च धारयन् ।
मन्त्रस्तम्भं शिलास्तम्भं शास्त्रस्तम्भं करोत्यपि ॥ १५१ ॥

मध्याह्न काल में पाठ करने वाला साधक वह्नि स्तम्भन कर देता है । वह साधक कालस्तम्भन, वयःस्तम्भन, श्वासस्तम्भन, रसस्तम्भन, वायुस्तम्भन और बाहुस्तम्भन भी करता है । जो साधक इस स्तोत्र का पाठ सायंकाल करता है और अपने गले तथा पेट पर धारण करता है, वह मन्त्र की गति को रोक देता है, शिला को रोकने में तथा शास्त्रस्तम्भन करने में समर्थ होता है ॥ १४९-१५१ ॥

हिरण्यरजतस्तम्भं वज्रस्तम्भं तथैव च ।
अकालत्वादिसंस्तम्भं वातस्तम्भं करोत्यपि ॥ १५२ ॥
पारदस्तम्भनं शिल्पकल्पना ज्ञानस्तम्भनम् ।
आसनस्तम्भनं व्याधिस्तम्भनं बन्धनं रिपोः ॥ १५३ ॥

सायंकाल स्तोत्र पाठ करने वाला साधक सोने और चाँदी का स्तम्भन और वज्र का स्तम्भन, अकालत्व आदि का संस्तम्भ तथा वायु को भी रोक सकता है । वह साधक पारद (पारा) स्तम्भन, शिल्प (कल्पना) का स्तम्भन, ज्ञान स्तम्भन, आसनस्तम्भन, रोगों का स्तम्भन तथा शत्रु बन्धन कर सकता है ॥ १५२-१५३ ॥

षट्पद्मस्तम्भनं कृत्वा योगी भवति निश्चितम् ।
वन्ध्या नारी लभेत् पुत्रं सुन्दरं सुमनोहरम् ॥ १५४ ॥
भ्रष्टो मनुष्यो राजेन्द्रः किमन्ये साधवो जनाः ।

अन्ततः वह साधक शरीर के भीतर विद्यमान षट्दल कमल का स्तम्भन करके निःसन्देह योगी हो जाता है । वन्ध्या स्त्री यदि यह साधना करे तो सुन्दर एवं सुमनोहर पुत्र को प्राप्त करती है । इस स्तोत्र के प्रभाव से भ्रष्ट मनुष्य भी राजेन्द्र हो जाता है । यदि अन्य साधुजन इसकी साधना करें तो बात ही क्या है ? ॥ १५४-१५५ ॥

श्रवणान्मकरे लग्ने चित्रायोगे च पर्वणि ॥ १५५ ॥
हिरण्ययोगे वायव्यां लिखित्वा माघमासके ।
वैशाखे राजयोगे वा रोहिण्याख्या विशेषतः ॥ १५६ ॥
श्रीमद्भुवनमगलं नाम यशोदात् भवेद् ध्रुवम् ।
जायन्ते राजवल्लभा अमराः खेचरा लिखनेन ॥ १५७ ॥

धर्मार्थकाममोक्षं च प्राप्नुवन्ति च पाठकाः ।
कीर्तिरात्मदृष्टिपातं लभते नात्र संशयः ॥ १५८ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे शाकिनीसदाशिवस्तवनमङ्गलाष्टोत्तरसहस्रनाम-विन्यासो नाम एकोनसप्ततितमः पटलः ॥ ७९ ॥

मकर लग्न में और चित्रायोग में तथा पर्वों पर, हिरण्य योग में माघमास में वायव्य (कोण) पर लिखकर तथा वैशाख मास में या राजयोग में विशेषतः रोहिणी नामक योग में (इसकी पूजा से) यह श्रीमद्भुवनमङ्गल नामक स्तोत्र निश्चय ही यश देने वाला होता है। इन योगों में इसके लेखन से साधक राजवल्लभ तथा देवता और आकाशगामी हो जाता है। इसके पाठ करने वाले साधक धर्म, अर्थ, काम, और मोक्ष को प्राप्त करते हैं । इसमें संशय नहीं है कि वे साधक कीर्ति तथा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करते हैं ॥ १५५-१५८॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीप में सिद्धमन्त्रप्रकरण के षट्चक्र प्रकाश में भैरवी-भैरव के संवाद में 'शाकिनी-सदाशिव स्तवन मङ्गलाष्टोत्तर सहस्रनाम स्तोत्र विन्यास नामक उनहत्तरवें पटल की डाँ सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ६९ ॥

अथ सप्ततितमः पटलः

सदाशिवशाकिनीकवचफलादेशकथनम्

श्रीआनन्दभैरव उवाच

कथितं शाकिनीसारं सदाशिवफलोदयम् ।
श्रुतं परमकल्याणं भेदभाषाक्रमोदयम् ॥ १ ॥
इदानीं श्रोतुमिच्छामि कवचं सारदुर्लभम् ।
यस्य विज्ञानमात्रेण भवेत् साक्षात् सदाशिवः ॥ २ ॥

श्रीआनन्दभैरव ने कहा—सदाशिव के फलोदय और शाकिनीसार को हमने कहा है। इस परम कल्याणप्रद और भेदभाषा के क्रमोदय को आपने सुना । अब मैं सार रूप दुर्लभ कवच को सुनना चाहता हूँ जिसके ज्ञान मात्र से साधक साक्षात् सदाशिव हो जाता है ॥ १-२ ॥

वद कान्ते शब्दमयि यदि स्नेहोऽस्ति मां प्रति ।
आनन्दभैरवं नत्वा सोवाचानन्दभैरवी ॥ ३ ॥

हे शब्दमयात्मक कान्ते ! यदि मेरे प्रति आपका थोड़ा भी स्नेह हो, तो इस कवच को मुझसे कहिए । इस प्रकार कहे जाने पर आनन्दभैरवी ने आनन्दभैरव को नमस्कार करके कहा ॥ ३ ॥

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

गुरोः परमकल्याणं कवचं कथये तव ।
सदाशिवस्य शाकिन्या भैरवानन्दविग्रह ॥ ४ ॥
शृणुष्व कामदं नामाद्भुतं कवचमङ्गलम् ।

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे गुरु ! आपसे परम कल्याणकारी सदाशिव तथा शाकिनी के कवच को कहती हूँ । हे भैरवानन्दविग्रह ! कामद नामक अद्भुत एवं मङ्गल कवच को आप सुनिए ॥ ४-५ ॥

त्रैलोक्यसारभूतं च सर्वज्ञानविवर्धनम् ॥ ५ ॥
सर्वमन्त्रौघनिकरं ज्ञानमात्रेण सिद्ध्यति ।
सर्वगूढप्रियानन्दं सामरस्यं कुलान्तरम् ॥ ६ ॥
प्रचण्डचण्डिकातुल्यं सर्वनिर्णयसाक्षिणम् ।
सर्वबुद्धिकरानन्दं कुलयोगिमनोगतम् ॥ ७ ॥

सदाशिव-शाकिनी कवच का फलादेश

यह त्रैलोक्यसारभूत और सभी ज्ञान की वृद्धि करने वाला कवच है ॥ ५ ॥

इस कवच के ज्ञान मात्र से सभी मन्त्रों के समूह के समूह सिद्ध हो जाते हैं । यह कवच सभी रहस्यप्रिय को आनन्द प्रदान करने वाला तथा कुलान्तर और सामरस्य पूर्ण है। यह कवच चण्डिका के समान प्रचण्ड और सभी निर्णयों का साक्षी है । सभी बुद्धिमानों को आनन्द प्रदान करने वाला और कुल-योगी के मनोनुकूल है ॥ ६-७ ॥

रामसेव्यं शिवं शम्भुसेवितं विषनाशनम् ।
अप्रकाश्यं महायोगं धनारोग्यविवर्धनम् ॥ ८ ॥
सर्वसौभाग्यजननं सर्वानन्दकरं परम् ।
सर्वतन्त्रदुर्लभं यत् कथितं रुद्रयामले ॥ ९ ॥

यह कवच राम द्वारा सेव्य है, कल्याणकारी तथा शम्भु द्वारा सेवित तथा विष का नाशक है । यह दूसरे किसी से प्रकाशित न करने वाला, महान् योग तथा धन एवं आरोग्य प्रदान करने वाला है । यह कवच सभी प्रकार के सौभाग्य की वृद्धि करने वाला है और यह श्रेष्ठ एवं सभी आनन्दों को प्राप्त करने वाला है । यह कवच जो इस रुद्रयामल में कहा गया है सभी तन्त्रों में दुर्लभ है ॥ ८-९ ॥

विनियोगकथनम्

अस्य श्रीशाकिनीसदाशिवकामनानाममहाकवचस्य सदाशिवऋषिर्गायत्रीच्छन्दः शाकिनी देवता सकलहरीं जीवबीजं मायास्त्रशक्तिः कामस्वाहा कीलकं वज्रं दंष्ट्राघोरघर्घरामहोग्राशाकिनीशक्तिः सदाशिवमहामन्त्रसिद्धये विनियोगः

इस कवच का विनियोग इस प्रकार है—श्री शाकिनी सदाशिव कामना नामक इस महाकवच के सदाशिव ऋषि, गायत्री छन्द, शाकिनी देवता सकलहरीं जीव बीज, माया (ह्रीं) और अस्त्र (फट्) शक्ति हैं, कामस्वाहा कीलक हैं, वज्रदंष्ट्राघोरघर्घरामहोग्रा शाकिनी शक्ति हैं सदाशिव महामन्त्र की सिद्धि में इसका विनियोग है ।

ॐ प्रभावा सदा पातु महाकाशाधिशाकिनी ।
त्रिगुणा चण्डिका पातु क्रोधद्रंष्ट्रा करालिनी ॥ १० ॥

कवच—ॐ प्रभावा महाकाशाधिशाकिनी देवी मेरी सदैव रक्षा करें । त्रिगुणा, चण्डिका, क्रोधदंष्ट्रा एवं करालिनी देवी मेरी रक्षा करें ॥ १० ॥

अनन्ताऽनन्तमहिमा [१] महास्त्रदलपङ्कजम् ।
पूर्वाह्णं पातु सततं गायत्री सविता मम ॥ ११ ॥
आकाशवाहिनी देवी शिरोमङ्गलमद्भुतम् ।
सर्वदा पातु मे गुह्यं लिङ्गं चक्रं सुधामयम् ॥ १२ ॥

---

१. अनन्तानन्तो महिमा यस्यासौ बहुव्रीहिसमासेन साधुता बोध्या ।

महामण्डलमध्यस्था पातु मे भालमण्डलम् ।
सहस्रशतकोटीन्दुयोगिनीगणमण्डलम् ॥ १३ ॥
महाचक्रेश्वरी पातु महाचक्रेश्वरो मम ।
मुखाब्जं चण्डिका देवी दन्तावलिमनन्तकः ॥ १४ ॥

अनन्तानन्त महिमा वाली देवी सविता गायत्री मेरी निरन्तर महास्रदल कमल की पूर्वाह्ण में रक्षा करें । आकाशवाहिनी देवी मेरे शिरोमङ्गल एवं अद्भुत सुधामय चक्र की, गुह्य प्रदेश की एवं लिङ्ग की सदैव रक्षा करें । महामण्डलमध्यस्था देवी मेरे भाल मण्डल की रक्षा करें । यह देवी मेरे सहस्र शतकोटि चन्द्रयोगिनी के गण के मण्डल की रक्षा करें । महाचक्रेश्वरी एवं महाचक्रेश्वर मेरी रक्षा करें । चण्डिका देवी मेरे मुखकमल की और अनन्तक मेरी दन्तावलि की रक्षा करें ॥ ११-१४ ॥

जिह्वाग्रं तालुमूलस्था तालुमूलं मनोजवः ।
तीक्ष्णदंष्ट्रा दन्तमध्यं कण्ठाग्रं चिबुकं शिवः ॥ १५ ॥
सदा पातु षोडशारं शाकिनी श्रीसदाशिवः ।
कण्ठमध्यस्थितं पातु महामोहविनाशिनी ॥ १६ ॥

तालुमूल में रहने वाली देवी मेरे जिह्वाग्र की और कामदेव मेरे तालुमूल की रक्षा करें। तीक्ष्णदंष्ट्रा देवी मेरे दन्तमध्य की और शिव मेरे कण्ठाग्र एवं चिबुक की रक्षा करें । शाकिनी एवं श्रीसदाशिव सदैव मेरे षोडशार (शरीरस्थ चक्र) की रक्षा करें । महामोहविनाशिनी देवी मेरे कण्ठमध्यस्थित (कमल) की रक्षा करें ॥ १५-१६ ॥

प्रेतराजः सदा पातु महादेवी स्वपङ्कजम् ।
विद्यादेवी महाशक्तिः कूटस्थानं सदाशिवः ॥ १७ ॥
महाकाशावलम्बी मे धूम्रां भोजञ्च धूर्जटी ।
कौमुदी पटलाङ्गी मे वर्णषोडशसंज्ञकम् ॥ १८ ॥

प्रेतराज ('सोऽहं' बीज) सदैव मेरी रक्षा करें । महादेवी स्वपङ्कज की रक्षा करें । महाशक्ति मेरी विद्या देवी की और सदाशिव मेरे कूटस्थान (गुप्तस्थान) की रक्षा करें ; महाकाशाबलम्बी मेरी रक्षा करें और धूर्जटी देवी धूम्राम्भोज (अन्धकार-कमल) की रक्षा करें । कौमुदी एवं पटलाङ्गी देवी मेरे वर्णषोडशसंज्ञक स्थान की रक्षा करें ॥ १७-१८ ॥

अकारादिकान्तवर्णान् श्रीदेवी परिपातु मे ।
हेमचित्ररथस्था[१] मे चित्रिणी पातु मे मधु ॥ १९ ॥
अपर्णा या विशुद्धं मे षोडशी षोडशाक्ष्यकम् ।
पञ्चदुर्गा सहदेवः प्रत्येकं पातु मे दलम् ॥ २० ॥

श्री देवी मेरे (शरीरस्थ) अकारादिक (५१) वर्ण मातृकाओं की चारों ओर से रक्षा करें । हेमचित्ररथस्था देवी एवं चित्रिणी देवी मेरे मधु (माधुर्य) की रक्षा करें । अपर्णा मेरे

---

१. हेम्नः सुवर्णस्य चित्रम्, तदेव रथस्तत्र तिष्ठति या सा ।

विशुद्ध (चक्र) की और षोडशी देवी मेरे षोडशाक्ष्यक (चक्र) की रक्षा करें । अपने देवों के साथ पञ्चदुर्गा मेरे प्रत्येक सहस्त्रदल कमल की रक्षा करें ॥ १९-२० ॥

दीपमासहल्कीं मे प्रवरा पातु मे बला ।
व्यापिनी चानवच्छिन्ना पातु मे दलमण्डलम् ॥ २१ ॥
अकालतारिणी दुर्गा शुक्रं[1] चक्रं सदावतु ।
शाकिनीशो महामाया परिवारान्विताऽवतु ॥ २२ ॥

दीपमासहल्की मेरी रक्षा करें । प्रवरा एवं बाला देवी मेरी रक्षा करें । व्यापिनी और अनवच्छिन्ना (किसी से युक्त न रहने वाली) देवी मेरी सहस्त्रदल कमल के मण्डल की रक्षा करें । अकालतारिणी दुर्गा देवी मेरे शुक्रस्थ चक्र की सदैव रक्षा करें । शाकिनी के ईश और महामाया देवी अपने परिवार के साथ मेरी रक्षा करें ॥ २१-२२ ॥

पञ्चरश्मिनीलकण्ठो मधुपूरं स्वपीठकम् ।
सदा पातु कण्ठपङ्केरुहाश्रयस्वरानपि ॥ २३ ॥
कण्ठस्वर्गः[2] सदा पातु कन्दर्पेशो मनोगतिः ।
शाकिनी शाकविभवा शाकेशी शाकसम्भवा ॥ २४ ॥

पञ्चरश्मि से युक्त नीलकण्ठ मेरे स्वपीठाश्रित मधुपूर (चक्र) की रक्षा करें । वे सदैव मेरे कण्ठ स्वरूप कमल के आश्रयभूत सभी स्वरों की भी रक्षा करें । कण्ठस्वर्ग, कन्दर्प के ईश एवं मनोगति (शिव) मेरी सदैव रक्षा करें । शाकिनी, शाकविभवा, शाकेशी एवं शाकसम्भवा देवी (चारों दिक् में) सदैव मेरी रक्षा करती रहें ॥ २३-२४ ॥

शाकम्भरीश्वरा पातु सुमना दलषोडशम् ।
सदाशिवः सदा पातु परिवारगणैः सह ॥ २५ ॥
हृदयं शाकिनी देवी शिरःस्थानं सदावतु ।
काकिनीसहितं पातु द्वादशारं कुलेश्वरी ॥ २६ ॥

शाकम्भरीश्वरा एवं सुमना देवी मेरे षोडशदल हृत् कमल की रक्षा करें । परिवार गणों के सहित सदाशिव निरन्तर मेरी रक्षा करें । शाकिनी देवी हृदय एवं शिरः प्रदेश की निरन्तर रक्षा करें । कुलेश्वरी देवी काकिनी देवी के साथ मेरे द्वादशार शरीरस्थ द्वादश (दल कमल) की रक्षा करें ॥ २५-२६ ॥

दलद्वादशकं पातु कामनाथः सदाशिवः ।
अभेदरूपिणी पातु कादिठान्ताक्षरं मम ॥ २७ ॥
वाणी मे हृदयग्रन्थिर्देशं तु कपिलेश्वरः ।
पायान्मेषं च सूर्यास्या विमाया हृत्सु कर्णिकाम् ॥ २८ ॥

---

१. 'क' पुस्तके सुक्रमिति पाठः ।

२. कण्ठे स्वर्गो यस्य स । यन्न दुःखेन सम्भिन्नं न च ग्रस्तमनन्तरम् । अभिलाषोपनीतं च तत्सुखं स्वःपदास्पदम् ॥

तालहस्ता महावाणी पातु मे हृदयान्तरम् ।
शोषिणी मोहिनी वह्निः पातु मे हृदयाम्बुजम् ॥ २९ ॥

कामदेव के नाथ सदाशिव मेरे द्वादश दल कमल की रक्षा करें । अभेदरूपिणी देवी मेरे कादि से लेकर ठ पर्यन्त अक्षरों की रक्षा करें । कपिलेश्वर मेरी वाणी की तथा मेरे हृदयग्रन्थि प्रदेश की रक्षा करें । सूर्यास्या एवं विमाया देवी मेरे हृत् कमल की कर्णिका एवं मेघ (?) की रक्षा करें । ताल हाथ में लेने वाली महावाणी देवी मेरे हृदयान्तर प्रदेश की रक्षा करें तथा शोषिणी एवं मोहिनी देवी तथा वह्नि देव मेरे हृदयाम्बुज की रक्षा करें ॥ २७-२९ ॥

पिलापिप्पलादेशो रतिर्मे हृदयेप्सितम् ।
योगिनीकुलदन्तश्च पातु मे हृत्स्वरानपि ॥ ३० ॥
केकरेशो गूढसंज्ञा वज्रधारी हृदम्बुजम् ।
एकलिङ्गी सदा पातु हृदयान्तः शिवं मम ॥ ३१ ॥
तदधो मण्डलं पातु भेदाभेदविवर्जिता ।
अकाललक्षणः पातु पाशिनी नाभिमण्डलम् ॥ ३२ ॥

पिलापिप्पलादेश एवं रति मेरे हृदयेप्सित की रक्षा करें । योगिनी एवं कुलदन्त मेरे हृत् स्वरों की भी रक्षा करें । केकरेश, गूढसंज्ञा एवं वज्रधारी मेरे हृदाम्बुज की रक्षा करें । एकलिङ्गी देवी मेरे हृदयस्थ शिव की रक्षा करें । भेदाभेदविवर्जिता देवी मेरे उस अधःमण्डल की रक्षा करें । अकाल वाले शिव लक्षण एवं पाशिनी देवी मेरे नाभि प्रदेश की रक्षा करें ।

कालकूटस्वरूपो मे नाभिपद्मं प्रपातु मे ।
चन्द्रचूडा विधुमुखी शाकिनी मे दशाम्बुजम् ॥ ३३ ॥
त्रिवृत्ताकारमुद्रा मे पातु रुद्रश्च लाकिनीम् ।
त्रिखण्डारोहणः पातु डादिफान्ताक्षरानपि ॥ ३४ ॥

कालकूट विष स्वरूप शिव मेरे नाभि कमल की रक्षा करें । चन्द्रचूडा, चन्द्रमुखी शाकिनी देवी मेरे (शरीरस्थ) दस कमलों की रक्षा करें । (तीन वृत्त के आकार की) त्रिवृत्ताकार-मुद्रा, रुद्र और लाकिनी मेरी रक्षा करें । त्रिखण्डारोहण (शिव) एवं डकार से लेकर फकार पर्यन्त अक्षर मातृकाएँ भी मेरी रक्षा करें ॥ ३३-३४ ॥

कालिका कपिला कृष्णा घनावाला कपालिनी ।
ललिता तारिणी सर्वा महामाया दशच्छदम् ॥ ३५ ॥
परिपातु कामदुर्गा लाकिनी पातु मे सदा ।
सदाशिवः पातु नित्यं मणिपूरं कुलस्थलम् ॥ ३६ ॥

कालिका, कपिला, कृष्णा, घनावाला, कपालिनी, ललिता, तारिणी, एवं महामाया सभी मेरे दशच्छद (कमल) की रक्षा करें । (कामनाओं की पूर्ति करने वाली) कामदुर्गा चारों ओर से मेरी रक्षा करें । लाकिनी सदैव मेरी रक्षा करें । सदाशिव नित्य मेरे कुलस्थल मणिपूर (चक्र) की रक्षा करें ॥ ३५-३६ ॥

जाड्यनाशकरी दुर्गा मुण्डमालाविभूषिता ।

मां पातु सप्तरोधात्मा केशवेशी महापदम् ॥ ३७ ॥
अभया चण्डिका कृष्णा कालिका कुलपण्डिता ।
वज्रवर्णा धारणाख्या धरा धात्री क्षमा रमा ॥ ३८ ॥
वासुकी वसुधा वाच्या सर्वाणी सर्वमङ्गला ।
पार्वती सर्वशक्तिस्था पार्वणे परिपातु माम् ॥ ३९ ॥

मुण्डमालाओं से विभूषित, बुद्धि की जड़ता को नष्ट करने वाली दुर्गा मेरी रक्षा करें। सप्तरोधात्मा केशवेशी देवी (महापद) मेरी रक्षा करें । अभया, चण्डिका, कृष्णा (राधिका), कालिका, कुलपण्डिता, वज्रवर्णा, धारणाख्या, धरा, धात्री, क्षमा, रमा, वासुकी, वसुधा, वाच्या, सर्वाणी, सर्वमङ्गला, सर्वशक्तिस्था एवं पार्वती देवी विभिन्न पर्वों पर मेरी चारों ओर से रक्षा करें ॥ ३७-३९ ॥

रणे राजकुले द्यूते वादे मानापमानके ।
गेहेऽरण्ये प्रान्तरे च जले चानलमध्यके ॥ ४० ॥
सर्वाणी सर्वदा पातु महातन्त्रार्थभूषिता ।

संग्राम में, राजकुल के मध्य, जूए में, वाद-विवाद (=मुकदमें) में, मान या अपमान में, गृह में या अरण्य में, देश की सीमा पर, जल में या अग्नि के मध्य महातन्त्र के अर्थ से विभूषित सर्वाणी देवी सर्वदा मेरी रक्षा करें ॥ ४०-४१ ॥

विजया पद्मिनी जाया जानकी कमलावती ॥ ४१ ॥
एताः पान्तु दिग्विदिक्षु महापातकनाशनाः ।
अन्तरं पातु लिङ्गस्था लिङ्गमूलाम्बुजं मम ॥ ४२ ॥

विजया, पद्मिनी, जाया, जानकी एवं कमलावती—ये महान् पापों को नष्ट करने वाली देवियाँ चारों दिशाओं तथा विदिशाओं में भी मेरी रक्षा करें । मेरी आन्तरिक स्थिति को एवं लिङ्गमूल में स्थित कमल को लिङ्गस्था देवी रक्षा करें ॥ ४१-४२ ॥

कर्णिकां पातु सततं काञ्चीपीठस्थिता शिवा ।
अतिवेगान्विता पातु वह्निमण्डलमेव मे ॥ ४३ ॥

काञ्चीपीठ में स्थित शिवा देवी सतत् मेरी कर्णिका (षटदल कमल के मध्य) रक्षा करें और अतिवेग से युक्त देवी मेरे वह्निमण्डल की भी रक्षा करें ॥ ४३ ॥

राक्षसीशा सदा पातु जम्बुद्वीपनिवासिनी ।
जाह्नवी भास्करा मौना मलयस्था मलाङ्गजा ॥ ४४ ॥
मतितप्ता पापहन्त्री परिपातु विभाकरी ।
लयस्थानं सदा पातु कुञ्जरेश्वरसंस्थिता ॥ ४५ ॥

राक्षसियों की ईश्वर और जम्बुद्वीपनिवासिनी देवी मेरी सदा रक्षा करें । १. जाह्नवी, २. भास्करा, ३. मौना, ४. मलयस्था, ५. मलाङ्गजा, ६. मतितप्ता, ७. पापहन्त्री और ८. विभाकरी देवी मेरी चारों ओर से रक्षा करें । हाथियों के अधिराज सिंह पर सवारी करने वाली (दुर्गा देवी) मेरे लयस्थान की सदा रक्षा करें ॥ ४४-४५ ॥

विंशत्यर्णमहाविद्या लम्बमाना कुलस्थली ।
मन्दिरे पातु मां नित्यं वित्तसंहारकारिणी ॥ ४६ ॥
अनन्तशयना पातु वटमूलनिवासिनी ।
प्रलये मां काली पातु वटपत्रनिवासिनी ॥ ४७ ॥

बीस अक्षरों की महाविद्या, लम्बमाना, और कुलस्थली तथा धन समृद्धि का संहार करने वाली देवी मन्दिर में नित्य मेरी रक्षा करें । अनन्त भगवान् की शेष शय्या पर शयन करने वाली और वट वृक्ष के मूल में निवास करने वाली देवी मेरी रक्षा करें । प्रलय काल में वट के पत्ते पर निवास करने वाली काली देवी मेरी रक्षा करें ॥ ४६-४७ ॥

केवलाख्या सदा पातु महाकूर्चस्वरूपिणी ।
आयुरारोग्यदात्री मे धनं राज्यं सदावतु ॥ ४८ ॥
कामरूपं गृहं पीठं परिपातु महाबला ।
बलाका घोरदंष्ट्रा मे उदरं पातु सर्वदा ॥ ४९ ॥
सर्वरोगहरा पातु मुण्डमालाविभूषिता ।
आनन्दो नन्दनाथो मे हृदूर्ध्वाब्जं सदाऽवतु ॥ ५० ॥

महाकूर्च स्वरूप वाली केवल नामक देवी मेरी सदा रक्षा करें । आयु एवं आरोग्य देने वाली देवी मेरी धन एवं राज्य की सर्वदा रक्षा करें । महा बलशाली देवी कामरूप गृह के पीठ को चारों ओर से रक्षा करें । बलाका एवं घोरदंष्ट्रा वाली देवी सर्वदा मेरे उदर की रक्षा करें । सभी प्रकार के रोगों को हरण करने वाली मुण्डमाला से विभूषित देवी मेरी रक्षा करें । आनन्द (नाथ) और नन्दनाथ मेरे हृदयस्थ ऊर्ध्व कमल की सदा रक्षा करें ॥ ४८-५० ॥

षट्पद्मं सर्वदा पातु नानारूपविहारिणी ।
अकलङ्का निराधारा नित्यपुष्टा निरिन्द्रिया ॥ ५१ ॥
षोडशोर्ध्वं महापद्मं द्विदलं पातु सर्वदा ।
दिग्विदिक्षु सदा पातु शाकिन्याद्यष्टशक्तयः ॥ ५२ ॥

नाना रूपों में विहार करने वाली देवी मेरे षट्दल कमल की सदा रक्षा करें । १. अकलङ्का, २. निराधारा, ३. नित्यपुष्टा और ४. निरिन्द्रिया देवी मेरे षोडश दल ऊर्ध्व महापद्म की और (भ्रूमध्यस्थित) द्विदल कमल की सर्वदा रक्षा करें । शाकिनी आदि आठ शक्तियाँ चारों दिशाओं और चारो विदिशाओं में सदा मेरी रक्षा करें ॥ ५१-५२ ॥

अतिगुप्तस्थलं पातु पापनाशकरी परा ।
क्षालनाख्या लिङ्गगुह्ये पातु मे पावनं प्रभा ॥ ५३ ॥
विप्रचित्ता कोटराक्षी लिपिभूता सरस्वती ।
चतुर्दलं सदा पातु विभूतिः कामया सह ॥ ५४ ॥
पान्तु विद्याः सदैताश्च रिपुपक्षविनाशनाः ।
कटिदेशं सदा पातु चामुण्डा शूलधारिणी ॥ ५५ ॥

पापों का नाश करने वाली और परा देवी मेरे अत्यन्त गुप्त स्थल की रक्षा करें ।

क्षालना नामक देवी मेरे पावन लिङ्ग एवं गुह्य स्थान की रक्षा करें । १. विप्रचित्ता, २. कोटराक्षी, ३. (एकपञ्चाशत्) लिपिभूता देवी और ४. सरस्वती देवी विभूति और काम के साथ सर्वदा मेरे चतुर्दल की रक्षा करें । शत्रुपक्ष का विनाश करने वाली ये महाविद्याएँ सदा मेरी रक्षा करें । शूलधारिणी चामुण्डा देवी सदैव मेरे कटिदेश की रक्षा करें ॥ ५३-५५ ॥

त्रिनेत्रा सर्वदा पातु भूर्भुवःस्वःस्वरूपिणी ।
वसन्तादिकलाः पान्तु पामरोग्रप्रतापिनी ॥ ५६ ॥
षड्भुजा सर्वदा पातु वेदहस्ता प्रपातु माम् ।
अतिविद्या सर्वविद्या चण्डविद्या प्रपातु माम् ॥ ५७ ॥

भूर्भुवः स्वः स्वरूप वाली त्रिनेत्रा देवी सर्वदा मेरी रक्षा करें । पामरजनों को उग्र रूप से प्रकृष्ट ताप देने वाली देवी मेरे वसन्त आदि कलाओं की रक्षा करें । षड्भुजा देवी सर्वदा मेरी रक्षा करें । हाथों में वेद धारण करने वाली देवी मेरी प्रकृष्ट रूप से रक्षा करें । १. अतिविद्या २. सर्वविद्या, और ३. चण्डविद्या देवी सर्वदा मेरी रक्षा करें ॥ ५६-५७ ॥

वारुणी मदिरा पातु सर्वाङ्ग शाकिनी मम ।
गृहोदरी सदा पातु सर्वाङ्गं वज्रधारिणी ॥ ५८ ॥
उल्कामुखी सदा पातु भृगुवंशसमुद्भवा ।
अकालतारिणी दुर्गा ललिता धर्मधारिणी ॥ ५९ ॥
विंशत्यर्णा महाविद्या सर्वत्र सर्वदाऽवतु ।
हसकलहरीं विद्या परिपातु सदाशिवा ॥ ६० ॥

वारुणी, मदिरा और शाकिनी मेरे सर्वाङ्ग की रक्षा करें । वज्र धारण करने वाली गृहोदरी देवी सदा मेरे सर्वाङ्ग की रक्षा करें । भृगुवंश में समुद्भूत उल्कामुखी देवी मेरी सदैव रक्षा करें । अकाल मृत्यु से बचाने वाली दुर्गा देवी और धर्म धारण करने वाली ललिता देवी तथा बीस अक्षरों की महाविद्या सर्वत्र एवं सर्वदा मेरी रक्षा करें । सदाशिवा हसकलहरी-विद्या (हादिश्रीविद्या) मेरी चारों ओर से रक्षा करें ॥ ५८-६० ॥

सहस्रवदना वाणी परिपातु जलोदरी ।
जलरूपा सदा पातु महोज्ज्वलकलेवरा ॥ ६१ ॥
षोडशी सकलहरीं सर्वाणी पातु पार्वती ।
महामत्ता सदा पातु कामनाथप्रपूरका ॥ ६२ ॥
वामदेवी सदा पातु सर्वाङ्गे देहदेवता ।
कामपीठस्थिता दुर्गा परिवारगणावृता ॥ ६३ ॥

सहस्रमुख वाली वाणी देवी मेरी रक्षा करें । महान् उज्ज्वल विग्रह वाली जलरूपा जलोदरी देवी मेरी सदैव रक्षा करें । सकलहरीं (सादि) षोडशी देवी और सर्वाणी एवं पार्वती मेरी रक्षा करें । कामनाथ-प्रपूरका महामत्ता देवी सदा मेरी रक्षा करें । वामदेवी सदा मेरे सम्पूर्ण शरीर में रहने वाले देवता की रक्षा करें । कामपीठ में स्थित दुर्गा अपने परिवारगणों के साथ मेरी रक्षा करें ॥ ६१-६३ ॥

सदाशिवः सदा पातु सामवेदस्वरूपगा ।
श्मशानवासिनी देवी महाकालसमन्विता ॥ ६४ ॥
आर्या देवी सदा पातु माता पातु महाकला ।
सर्वत्र कपिला पातु महाभगवतीश्वरी ॥ ६५ ॥

सामवेदस्वरूप वाली, श्मशानवासिनी और महाकाल से युक्त महाकाली और सदाशिव मेरी सदा रक्षा करें । आर्या देवी मेरी सदैव रक्षा करें और महाकला माता मेरी रक्षा करें । महाभगवती ईश्वरी कपिला देवी सर्वत्र मेरी रक्षा करें ॥ ६४-६५ ॥

फलश्रुतिकथनम्

इति ते कथितं नाथ महाविद्याफलप्रदम्[1] ।
कवचं दुर्लभं लोके तव स्नेहात् प्रकाशितम् ॥ ६६ ॥
अतिगुह्यतरं ज्ञानं कवचं सर्वसिद्धिदम् ।
अमलोदारचित्तः[2] सन् पूजयित्वा सदाशिवम् ॥ ६७ ॥

फलश्रुति—हे स्वामि ! इस प्रकार हमने फलदायिनी महाविद्या के दुर्लभ कवच को आप के स्नेह के कारण प्रकाशित किया है । सदाशिव की निर्मल और उदारचित्त से पूजा कर जो साधक सर्वसिद्धिदायक इस कवच का पाठ करता है वह अत्यन्त गुह्य ज्ञान को प्राप्त करता है ॥ ६६-६७ ॥

तथा श्रीशाकिनीदेव्याः पूजनं सुमहत्फलम् ।
राज्यदं धनदं वाञ्छासिद्धिदं धर्मसिद्धिदम् ॥ ६८ ॥
वाचां सिद्धिं करे प्राप्य अष्टसिद्धिः करे भवेत् ।
काकिनीदर्शनं प्राप्य शाकिनीदर्शनं भवेत् ॥ ६९ ॥

श्रीशाकिनी देवी के पूजन का महान् फल है । श्री शाकिनी देवी की पूजा राज्य देने वाली, धन देने वाली, इच्छा सिद्धि एवं धर्मसिद्धि प्रदान करने वाली है । इस कवच के पाठ एवं शाकिनी देवी के पूजन से वाक्सिद्धि प्राप्त कर साधक (अणिमा महिमा आदि) अष्ट सिद्धियों को प्राप्त कर लेता है । साधक काकिनी देवी के दर्शन प्राप्त कर श्री शाकिनी का दर्शन प्राप्त करता है ॥ ६८-६९ ॥

मन्त्रसिद्धिं तन्त्रसिद्धिं क्रियासिद्धिं लभेद् ध्रुवम् ।
आकाशगामिनी सिद्धिः करे तस्य विराजते ॥ ७० ॥
पुरुषो दक्षिणे बाहौ योषिद्वामभुजे तथा ।
धृत्वा कवचराजं तु राजत्वं लभते ध्रुवम् ॥ ७१ ॥
महापातककोटीश्च हत्वा राजत्वमालभेत् ।
वने वृक्षतलेऽश्वत्थमूले स्थित्वा पठेद् यदि ॥ ७२ ॥

---

१. महाविद्यायाः फलं प्रददाति यः, सः, तमित्यर्थः ।

२. अमलं कामक्रोधादिमलशून्यमुदारं च चित्तं यस्यासौ ।

वह साधक निश्चय ही मन्त्रसिद्धि, तन्त्रसिद्धि एवं क्रियासिद्धि प्राप्त करता है । उस साधक के हाथ में आकाश में विचरण करने की सिद्धि आ जाती है । जो पुरुष साधक इसे दाहिने हाथ में और युवती साधक इस महान् कवच को बाएँ हाथ में धारण करता है तो उसे निश्चय ही राजत्व की प्राप्ति होती है । यदि इस कवच को वन में वृक्ष के नीचे अथवा पीपल के पेड़ के मूल पर बैठकर साधक पाठ करे तो वह करोड़ों महान् पापों को नष्ट कर राज्यलाभ करता है ॥ ७०-७२ ॥

त्रिसन्ध्यं दशधा जप्त्वा शतधा वा सहस्रधा ।
स भवेत् कल्पवृक्षेशो भूमीशो नात्र संशयः ॥ ७३ ॥
कोटिवर्षसहस्राणि चिरजीवी स योगिराट् ।
महासिद्धो भवेद् धीमान् महापातकनाशकृत् ॥ ७४ ॥

इसे तीन सन्ध्याओं में दश बार जप कर या शत बार अथवा हजार बार पाठ कर साधक कल्पवृक्ष का स्वामी और समस्त भूमि का स्वामित्व प्राप्त करता है—इसमें सन्देह नहीं है । वह योगिराट् करोड़ों वर्षों तक जीवित रहता है तथा महान् पातकों का विनाश कर बुद्धिमान् साधक महासिद्ध हो जाता है ॥ ७३-७४ ॥

मासार्धेन भवेद् योग्यो विप्रो गुणसमन्वितः ।
वर्षैकेण क्षत्रियश्च वैश्यो वर्षचतुष्टये ॥ ७५ ॥
शूद्रो द्वादशवर्षेण योगी भवति पाठतः ।
एवं महाफलं नित्यं कवचं यः पठेत् सुधीः ॥ ७६ ॥
भोगमोक्षौ करे तस्य किमन्यैर्बहुभाषितैः ॥ ७७ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवभैरवीसंवादे सदाशिवशाकिनीकवचफलादेशो नाम सप्ततितमः पटलः ॥ ७० ॥

ब्राह्मण आधे महीने में ही योग्य गुणों से समन्वित हो जाता है तथा क्षत्रिय साधक एक वर्ष में और वैश्य साधक चार वर्षों में योग्य साधक बन जाता है । शूद्र इस सदाशिवशाकिनी कवच के पाठ से बारह वर्षों में योगी हो जाता है । अधिक क्या कहना है—इस प्रकार इस कवच को जो विद्वान् नित्य पढ़ता है उसके पास भोग और मोक्ष दोनों ही आ जाते हैं ॥ ७५-७७ ॥

॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्रप्रकरण में षट्चक्रप्रकाश में भैरवीभैरवसंवाद मे सदाशिवशाकिनी कवच फलादेश नामक सत्तरवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ७० ॥

अथैकसप्ततितमः पटलः

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

श्रूयतां देव कल्याण त्रैलोक्यविजयात्मक ।
सदाशिवमनुं नाथ महापातकनाशनम् ॥ १ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे कल्याणस्वरूप ! हे त्रैलोक्य को विजय करने वाले ! हे देव ! हे नाथ ! अब महापातकों को नाश करने वाले सदाशिव के मन्त्र को सुनिये ॥ १ ॥

आयुरारोग्यफलदं सर्वशत्रुनिवारणम् ।
अतिगुह्यतमं ध्यानं बालिशानां सुखावहम् ॥ २ ॥

यह मन्त्र आयु एवं आरोग्य रूप फल देने वाला है । यह समस्त शत्रुओं का विनाशक है, यह अत्यन्त गुप्त ध्यान है और बालिशों (ब्रह्म को न जानने वाले) अज्ञानियों के लिए नितान्त सुखकारी है ॥ २ ॥

सदाशिवमन्त्रकथनम्

आद्याबीजं समुद्धृत्य कामबीजं तदन्तरम् ।
रुद्रबीजं रमाबीजं कालबीजं ततः सदा ॥ ३ ॥
शिवनाथप्रियानन्दं ज्ञानं देहि युगं द्विठः ।
फणिबीजं[1] समुद्धृत्य राजराजेश्वरीमनुम् ॥ ४ ॥
वैष्णवीबीजमुद्धृत्य शिवबीजं तदन्तिके ।
सदाशिवाय शब्दान्ते हल्लेखा वह्निसुन्दरी ॥ ५ ॥
आदिबीजं समुद्धृत्य ततो वामतनुस्थिता ।
शब्दबीजं मूलबीजं सदाशिव नमोऽस्तु ते ॥ ६ ॥

सर्वप्रथम आद्याबीज (ह्रीं ?) का उच्चारण कर तदनन्तर कामबीज (क्लीं) का उच्चारण करे । फिर रुद्रबीज (हौं) का, तदनन्तर रमाबीज (श्रीं) का, फिर कालबीज (?) का उच्चारण करने के पश्चात् 'शिव नाथ ! प्रियानन्दं ज्ञानं देहि' के पश्चात् दो ठ (स्वाहा), फिर फणिबीज (?), तदनन्तर राजराजेश्वरी का मन्त्र (?), फिर वैष्णवीबीज (?) का उच्चारण कर शिव बीज (हौं ?) का उच्चारण कर 'सदाशिवाय' यह पद, फिर 'हल्लेखा (हृदयाय नमः), तदनन्तर वह्निसुन्दरि (स्वाहा) का उच्चारण करना चाहिए । फिर आदि बीज (ॐ) का उच्चारण करे, फिर 'वामतनुस्थिता' यह पद, फिर शब्दबीज

---

१. फणिनः शेषस्य भगवतो बीजम् ।

(ऐं), फिर मूलबीज (३ँ०) का उच्चारण कर 'सदाशिव नमोऽस्तु ते' यह पद उच्चारण करना चाहिए ॥ ३-६ ॥

फलश्रुति

द्विठान्तोऽयं[१] मनुः श्रेष्ठः सर्वरत्नसमृद्धिदः ।
वासुदेवसमो विद्वान् स भवेन्नात्र संशयः ॥ ७ ॥
वैष्णवो वा महाशाक्तो महाशैवोऽथवा पुनः ।
गृह्णीयान्मनुराजेन्द्रं यत्प्रसादाच्छिवो भवेत् ॥ ८ ॥
विमला वाक्यसिद्धिः स्यात्कार्य सिद्धिर्न संशयः ।

दो ठकारों (स्वाहा) से युक्त यह मन्त्र सर्वश्रेष्ठ है और सम्पूर्ण रत्नों की सिद्धि प्रदान करता है । इसका जप करने वाला भगवान् वासुदेव के समान विद्वान् हो जाता है—इसमें संशय नहीं है । चाहे वैष्णव हो, चाहे महाशक्ति का उपासक हो, चाहे महाशैव ही क्यों न हो ? उसे इस महामन्त्रराज का ग्रहण अवश्य करना चाहिए, जिसका अनुग्रह प्राप्त कर साधक सदाशिव बन जाता है । उसे सर्वथा निर्दोष वाक्यसिद्धि प्राप्त हो जाती है, कार्य सिद्धि में तो कोई संशय ही नहीं है ॥ ७-९ ॥

शिवमन्त्रकथनम्

शिवमन्त्रं प्रवक्ष्यामि येन सर्वार्थपारगः ॥ ९ ॥
अकालेऽपि च योगी स्यात् कामधेनुस्वरूपवान् ।
हालाहलं समुद्धृत्य ततो माहेशबीजकम् ॥ १० ॥
श्रीबीजं धर्मबीजञ्च क्षेत्रपालमनुं तथा ।
नीलकण्ठमनुं पश्चात् प्रियागुं बीजमुद्धरेत् ॥ ११ ॥
शिवबीजं तदन्ते तु सदाशिवाय धीमहि ।
तन्नः शिवः प्रचोशब्दाद्दयादेवं द्विठो मनुः ॥ १२ ॥

हे भैरव ! अब शिव मन्त्र को कहती हूँ, जिसकी उपासना से साधक सभी अर्थों को प्राप्त कर लेता है । वह असमय में भी योगी बन जाता है और कामधेनु के समान सबकी वाञ्छापूर्ण करने में समर्थ हो जाता है । हालाहल (?) का उच्चारण कर महेश बीज (हौं) का उच्चारण करे, फिर श्रीबीज (श्रीं) तथा धर्मबीज (?), तदनन्तर क्षेत्रपाल का मन्त्र (?), फिर नीलकण्ठ का मन्त्र (?), फिर प्रियागु (?) बीज, तदनन्तर शिव बीज (हौं), फिर 'सदाशिवाय धीमहि' पद, फिर 'तन्नः प्रचोदयात्' पद का उच्चारण कर अन्त में दो ठ (स्वाहा) का उच्चारण करे ॥ ९-१२ ॥

शिवपूजनम्

आवाहनं पाद्यमर्घ्यमाचमनीयमनन्तरम् ।
गन्धपुष्पबिल्वपत्रकोटिभिः परिपूजयेत् ॥ १३ ॥

---

१. द्वौ ठौ ठकारौ अन्तौ अन्तावयवौ यस्य मनोः मन्त्रस्य स मनुः ।

स्तोषणं पोषणं पुष्टं दारणं मारणं तथा ।
सुप्तं कलहमुक्तानां पूजनं सुमहत्फलम् ॥ १४ ॥

इसके बाद 'आवाहन' पाद्य, अर्घ्य, आचमनीय' तदनन्तर गन्धपुष्प तथा एक करोड़ उत्तम विल्वपत्रों से सदाशिव का पूजन करे । इस प्रकार कलहमुक्त अर्थात् शान्तचित्त साधक के द्वारा किया गया पूजन संतोष प्रदान करता है । पोषण कर पुष्ट करता है । शत्रुवर्ग का विनाश, मारण तथा सुप्त (निष्क्रिय) बना देता है ॥ १३-१४ ॥

शर्वादीन् परिपूज्याथ सद्योजातादिमर्चयेत् ।
प्राणायामत्रयं कृत्वा जपेत् तद्गतमानसः ॥ १५ ॥

शर्वादि की पूजा करने के पश्चात् सद्योजात आदि शिव विग्रहों का पूजन करे । तदनन्तर तीन प्राणायाम कर मन से स्मरण करते हुए उक्त मन्त्र का जप करना चाहिए ॥ १५ ॥

ध्यानकथनम्

देवं पिनाकपाणिं च पञ्चवक्त्रं त्रिलोचनम् ।
शूलखट्वाङ्गमुशलगदापाणिं महाभुजम् ॥ १६ ॥
देवदेवं महादेवं सर्वभूतात्मकं गुरुम् ।
त्रैलोक्यरक्षकं शम्भुं भुजङ्गहारभूषितम्[1] ॥ १७ ॥
अट्टहासादिशक्तीनां सहस्रगणमण्डितम् ।
वृषासनस्थं नीलेशं नीलकण्ठं सदाशिवम् ॥ १८ ॥

जप करने के समय सदाशिव के रूप का इस प्रकार ध्यान करना चाहिए, जो अपने हाथ में पिनाक नामक धनुष लिए हुए हैं, पाँच मुख, तीन नेत्र वाले तथा त्रिशूल खटाङ्ग मुशल एवं गदा धारण किए हुए विशाल भुजाओं से युक्त हैं । देवाधिदेव, महादेव, सर्वभूतात्मक सर्वश्रेष्ठ गुरु एवं त्रिलोकी की रक्षा करने वाले भुजङ्गहारभूषित शम्भु हैं । जो अट्टहासादि शक्तियों एवं सहस्रों गणों से मण्डित हैं, बैल पर सवार हैं, नीलेश, नीलकण्ठ एवं सदाशिव हैं ॥ १६-१८ ॥

एवं ध्यात्वा जपेन्मन्त्रं सहस्रं प्रत्यहं शुचिः ।
विशेषेण दिवारात्रौ समभागेन सञ्जपेत् ॥ १९ ॥

इस प्रकार उक्त स्वरूप वाले सदाशिव का ध्यान कर प्रतिदिन पवित्रता पूर्वक दिन में अथवा रात्रि में विशेष कर एक समान भाग से जप करना चाहिए ॥ १९ ॥

तत्रैव त्र्यम्बकं ध्यात्वा तत्तद्रूपेण साधकः ।
तद्बुध्वा पूजयित्वा च त्र्यम्बकं यो जपेन्नरः ॥ २० ॥
तस्य हस्ते त्रिभुवनं हस्तामलकवद्[2] भवेत् ।
भोगमोक्षौ करे तस्य किमन्यत् साधनेन च ॥ २१ ॥

इसी प्रकार जो साधक त्र्यम्बक का तत्तद्रूप से ध्यान कर उनका ज्ञान रखते हुए

---

१. भुजङ्गस्य सर्पस्य हारेण भूषितम् । २. हस्ते आमलकं हस्तामलकम्, सुप्सुपेति समासः।

पूजन कर त्र्यम्बक मन्त्र का जप करता है, उसके हाथ में हस्तामलकवत् सारा त्रिभुवन वशीभूत हो जाता है । किं बहुना समस्त भोग और मोक्ष उसके हाथ में हो जाते हैं और साधनों से क्या ? ॥ २०-२१ ॥

सदाशिवेन मनुना सम्पुटीकृत्य यो जपेत् ।
तस्य सर्वार्थसिद्धिः स्याद् यद्यन्मनसि वर्तते ॥ २२ ॥

सदाशिव के मन्त्र (द्र० . ७१ . ३-७) से सम्पुटित कर जो त्र्यम्बक मन्त्र का जप करता है उसके मन में सोची हुई समस्त कामनायें पूर्ण हो जाती हैं ॥ २२ ॥

प्रणवं पूर्वमुच्चार्य त्र्यम्बकं तदनन्तरम् ।
यजामहे समुद्धृत्य सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् ॥ २३ ॥
उर्वारुकमिवान्ते तु बन्धनात् पदमुद्धरेत् ।
मृत्योर्मुक्षीयशब्दान्ते[1] मामृताद्वह्निसुन्दरी ॥ २४ ॥

प्रथम प्रणव (ॐ) का उच्चारण करें, फिर 'त्र्यम्बकं यजामहे' कहकर 'सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्', फिर 'उर्वारुकमिव' इस पद का, फिर 'बन्धनात्' का, तदनन्तर 'मृत्योर्मुक्षीय मांमृतात् स्वाहा' पद का उच्चारण करे ॥ २३-२४ ॥

सदाशिवेन पुटितं मन्त्रं यो जपते नरः ।
स भवेत् कल्पतरुपः पूजनेनामृतं लभेत् ॥ २५ ॥
सर्वकालं सुखी भूत्वा मोक्षमाप्नोति निश्चितम् ।
अन्यं त्र्यम्बकमन्त्रं तु शृणुष्व सर्वकामदम् ॥ २६ ॥

इस मन्त्र का सदाशिव के मन्त्र (द्र० . ७१, ३-७) से सम्पुटित कर जो मनुष्य जप करता है, वह कल्पवृक्ष की रक्षा करने में समर्थ हो जाता है किं बहुना पूजन से अमरता प्राप्त कर लेता है । वह सर्वकाल सुखी रह कर निश्चित रूप से अन्त में मोक्ष प्राप्त कर लेता है। अब हे भैरव ! एक अन्य त्र्यम्बक मन्त्र को सुनिए जो जप करने वालों की सारी कामनायें पूर्ण कर देता है ॥ २५-२६ ॥

राज्यदं धनदं मन्त्रं महापातकनाशनम् ।
शब्दब्रह्ममयं साक्षात् सर्वज्ञानं लभेद् ध्रुवम् ॥ २७ ॥
कालकूटं समुद्धृत्य मृत्युञ्जयं समुद्धरेत् ।
महापातकराशिं मे हरयुग्मं ततो द्विठः ॥ २८ ॥

यह मन्त्र साधक को राज्य देने वाला, धन देने वाला तथा महापातकों को नष्ट करने वाला है और यह साक्षाद् शब्दब्रह्म का स्वरूप है । साधक इसके जप से निश्चित रूप से सब प्रकार का ज्ञान प्राप्त कर लेता है । 'कालकूट' का उच्चारण कर 'मृत्युञ्जय' पद कहे, फिर 'महापातकराशिं' के बाद दो बार हर पद (हर हर), फिर 'स्वाहा' कहे ॥ २७-२८ ॥

---

१ . प्रणव ओङ्कार आदिः मामृताद् अन्त इति श्रुत्वा मरुत्तरादियानचालनमन्यद् वा यत् कार्य क्रियते, तत्रैव पूर्णा सिद्धिर्लभ्यते । अत्र नास्ति सन्देहः ।?

अन्यमन्त्रं प्रवक्ष्यामि सावधानोऽवधारय ।
विद्याद्ये प्रणवं दत्वा कामबीजद्वयं द्वयम् ॥ २९ ॥
मृत्युञ्जयं क्षेत्रपालं विशुद्धेशं स्थिरं कुरु ।
युगलं कामबीजान्तं देव्यन्ते वह्निसुन्दरी ॥ ३० ॥

हे महाभैरव ! अब अन्य मन्त्रों को कहती हूँ, सावधान होकर सुनिए । विद्या (ऐं) के पहले प्रणव (ॐ) अर्थात् (ॐ ऐं), फिर दो दो बार काम बीज (क्लीं क्लीं क्लीं क्लीं), फिर 'मृत्युञ्जय क्षेत्रपाल विशुद्धेश स्थिरं कुरु', फिर दो बार कामबीज (क्लीं क्लीं), तदनन्तर 'देवि स्वाहा' का उच्चारण करे ॥ २९-३० ॥

अन्यं मन्त्रं प्रवक्ष्यामि सावधानोऽवधारय ।
कामकालीयुगं पश्चात् संज्ञाबीजद्वयं ततः ॥ ३१ ॥
बटुकं कामबीजञ्च षोडशारं प्रकाशय ।
युगलं शक्तिकूटञ्च शिवबीजं ततो द्विठः ॥ ३२ ॥

अब हे भैरव ! अन्य मन्त्र कहती हूँ, सावधान होकर उसे समझिए । प्रथम कामबीज (क्लीं) फिर कालीबीज (क्रीं) इसके पश्चात् दो संज्ञाबीज ? फिर 'बटुक' पद, इसके बाद कामबीज (क्लीं), फिर 'षोडशारं प्रकाशय' पद, फिर दो बार शक्तिकूट, फिर शिवबीज इसके बाद दो ठ (स्वाहा) ॥ ३१-३२ ॥

पूर्ववत् सकलं कुर्याज्जपपूजादिकं प्रभो ।
सदाशिवपूजनं च ध्यानहोमादितर्पणम् ॥ ३३ ॥

हे प्रभो ! पूर्व में कही गई रीति के अनुसार सभी जप पूजादिकार्य सदाशिव के पूजन ध्यान तथा होम एवं तर्पण इस मन्त्र के जप में भी करना चाहिए ॥ ३३ ॥

अन्यं मन्त्रं प्रवक्ष्यामि महादेवं समुद्धरेत् ।
बटुकं क्षेत्रपालं च गणेशस्य मनुं ततः ॥ ३४ ॥
कण्ठाब्जं मे सदानन्द प्रकाश युगं द्विठः ।
अस्यापि ध्यानमाकृत्य जप्त्वा लक्षं समापयेत् ॥ ३५ ॥

अब अन्य मन्त्र कहती हूँ । पहले महादेवं, फिर 'बटुकं क्षेत्रपालं' शब्द का उच्चारण कर तदनन्तर गणेश मन्त्र (गं गणपतये नमः) कहे । इसके बाद 'कण्ठाब्जं मे सदानन्द प्रकाशय प्रकाशय' कहकर दो ठकार (स्वाहा) पद का उच्चारण करे । इस मन्त्र का भी आगे कहे जाने वाले प्रकार से ध्यान करे । फिर एक लाख जप करने के बाद इसकी पूर्णाहुति कर देनी चाहिए ॥ ३४-३५ ॥

करकलितकपालः कुण्डली दण्डपाणि-
स्तरुणतिमिरनीलो व्यालयज्ञोपवीती ।
क्रमसमयसपर्याविघ्नविच्छेदहेतु-
र्जयति वटुकनाथः सिद्धिदः कौलिकानाम् ॥ ३६ ॥

बटुक का ध्यान—हाथ में कपाल धारण किए हुए, कुण्डल से विभूषित, हाथ में दण्ड लिए हुए, अत्यन्त घोर अन्धकार के समान नीलवर्ण, सर्प का यज्ञोपवीत पहने हुए। पूजा के कार्यक्रम के समय सपर्या (पूजा) करने पर विघ्न का विच्छेद करने वाले तथा कौलिकों (शाक्त सम्प्रदाय वालों) को सिद्धि प्रदान करने वाले श्री बटुकनाथ की जय हो ॥ ३६ ॥

वन्दे बालं स्फटिकसदृशं कुण्डलोल्लासिवक्त्रं
दिव्याकल्पैर्नवमणिमयैः किङ्किणीनूपुराद्यैः ।
दीप्ताकारं विशदवसनं सुप्रसन्नं त्रिनेत्रं
हस्ताब्जाभ्यां दधतमनिशं शूलदण्डौ दधानम् ॥ ३७ ॥

मैं बाल स्वरूप उन बटुकभैरव की वन्दना करता हूँ, जो स्फटिकमणि के समान कान्तिमान हैं । जिनका मुखमण्डल कर्ण कुण्डल से देदीप्यमान है, जो नवीन मणियों से विरचित किङ्किणी नूपुरादि दिव्य विभूषणों से सुन्दर वेष तथा जाज्वल्यमान वेश वाले हैं। जिनका वस्त्र अत्यन्त विशद है, जो अपने दोनों कर कमलों में सर्वदा त्रिशूल और दण्ड धारण किए हुए हैं, प्रसन्न चित्त तथा तीन नेत्र वाले हैं, उन बटुकभैरव की मैं वन्दना करता हूँ ॥ ३७ ॥

उद्यद्भास्करसन्निभं त्रिनयनं रक्ताङ्गरागोज्ज्वलं
स्मेरास्यं वरदं कपालमभयं शूलं दधानं करैः ।
नीलग्रीवमुदारकौस्तुभधरं शीतांशुखण्डोज्ज्वलं
बन्धूकारुणवाससं भयहरं देवं सदा भावये ॥ ३८ ॥

जो उदीयमान सूर्य के समान कान्तिमान हैं तीन नेत्रों से युक्त एवं रक्तवर्ण के अङ्गराग से उज्ज्वल हैं, मन्द मन्द हास्य से युक्त मुखमण्डल वाले तथा वरदाता हैं अपने हाथ में कपाल, अभय मुद्रा तथा त्रिशूल धारण किए हुए हैं, जिनकी ग्रीवा नील है, जो चन्द्र किरणों के समान देदीप्यमान कौस्तुभ धारण किए हुए हैं, जो बन्धूक (दुपहरिया) के पुष्प के समान लाल वर्ण का वस्त्र पहने हुए हैं, ऐसे भय का हरण करने वाले बटुक देवता का मैं सदा ध्यान करता हूँ ॥ ३८ ॥

देवेशं बटुकं सदाशिवगुरुं त्रैलोक्यरक्षाकरं
नानालङ्कृतभूषणं शशधरं बन्धूकपुष्पोज्ज्वलम् ।
श्वेताश्वेतविभूषणं मणिमयं कृष्णं सनीलं शिवं
देवानामधिदैवतं सुखकरं नाथं सदा भावये ॥ ३९ ॥

त्रिलोकी की रक्षा करने वाले सदाशिव रूप में सर्वश्रेष्ठ देवेश बटुक जो अनेक प्रकार के आभूषणों से अलंकृत, शश (खरहा), चिन्ह धारण करने वाले, बन्धूक पुष्प के समान कान्तिमान्, मणि निर्मित श्वेत एवं अश्वेत विभूषण धारण किए हुए काले एवं नीलवर्ण वाले हैं, सबका कल्याण करने वाले, देवताओं के अधिदेवता हैं, ऐसे सुखदायी श्री बटुकनाथ का मैं सदा ध्यान करता हूँ ॥ ३९ ॥

एवं ध्यात्वा महायोगी नीलकण्ठं सदाशिवम् ।
कण्ठपद्मे स्थिरो भूत्वा शाकिनीदर्शनं लभेत् ॥ ४० ॥

भूत्वा महावीरनाथो मनोयोगमवाप्नुयात् ।
सिद्धमन्त्रं प्रवक्ष्यामि येन सर्वत्र पारगः ॥ ४१ ॥

महायोगी इस प्रकार नीलकण्ठ सदाशिव का ध्यान कर कण्ठपद्म में अपने को स्थिर कर शाकिनी का दर्शन प्राप्त करता है । तदनन्तर महावीरों का स्वामी बनकर मनोयोग प्राप्त करता है । हे भैरव ! अब उन सिद्धमन्त्रों को कहती हूँ जिनके जप से सर्वत्र सफलता प्राप्त होती है ॥ ४०-४१ ॥

आकाशगामिनी[१] सिद्धिः स्तम्भनादिसुसिद्धिभाक्[२] ।
वाक्सिद्धिं कायसिद्धिञ्च जरामरणवर्जितः ॥ ४२ ॥

उन मन्त्रों के अनुष्ठान से साधक आकाशगामिनी सिद्धि तथा स्तम्भनादि सुसिद्धियों का भाजन हो जाता है, वह वाक्सिद्धि एवं कायसिद्धि प्राप्त कर जरा और मरण के दुःख से रहित हो जाता है ॥ ४२ ॥

शिवबीजं[३] समुद्धृत्य विजयाबीजमुद्धरेत् ।
कामकालीयुगान्ते तु रमात्रिकूटमुद्धरेत् ॥ ४३ ॥
बीजत्रयं समुद्धृत्य (स्फें स्फें स्फें) कामनाथाय शब्दतः ।
सदाशिवाय शब्दान्ते वरदाय नमो द्विठः ॥ ४४ ॥

शिवबीज (ह्रौं) का उच्चारण कर विजया बीज (?) का उच्चारण करे, फिर काम बीज (क्लीं) एवं कालीबीज (ह्रीं) इन दो बीजों का उच्चारण कर श्री बीज (श्रीं) के त्रिकूट का उच्चारण करे । फिर तीन बार स्फें स्फें स्फें इस बीज का उच्चारण कर 'कामनाथाय सदाशिवाय' शब्द के बाद 'वरदाय नमः', फिर 'स्वाहा' कहे ॥ ४३-४४ ॥

एतन्मन्त्रप्रसादेन योगी स्यान्नात्र संशयः ।
अन्यं मन्त्रं प्रवक्ष्यामि यथावदवधारय ॥ ४५ ॥

इस मन्त्र को सिद्ध कर लेने के पश्चात् साधक योगी बन जाता है इसमें संशय नहीं है । अब हे भैरव ! अन्य मन्त्रों को कहती हूँ । उसे वह जैसा है उसी प्रकार आप ध्यान से सुनिए।

क्षान्तबीजं समुद्धृत्य लान्तबीजत्रयं तथा ।
भवानीबीजमुद्धृत्य सङ्घट्टयुगलं ततः ॥ ४६ ॥
क्रोधराजबीजयुग्मं लक्ष्मीशपतये ततः ।
वरदाय हृत्पदान्ते कामदाय ततो द्विठः ॥ ४७ ॥

क्षान्त बीज (हं) का उच्चारण कर फिर तीन बार लान्त (रं रं रं) का उच्चारण करे । फिर भवानी बीज (ह्रीं) का उच्चारण कर 'संघट्ट' पद का दो बार (संघट्ट संघट्ट) उच्चारण करे, फिर क्रोधराजबीज (हुँ) का दो बार (हुँ हुँ) उच्चारण कर 'लक्ष्मीशपतये

---

१. आकाशे स्पष्टतया गन्तुमर्हति या सा ।

२. स्तम्भनमवरोधः, तदादिर्यासां सुसिद्धीनाम्, ता भजत इति ।

३. सम्प्रदायगम्यं वाऽस्य ।

वरदाय हृत्कामदाय स्वाहा' का उच्चारण करे ॥ ४६-४७ ॥

अन्यं मन्त्रं प्रवक्ष्यामि येन योगी भवेन्नरः ।
गगनाबीजमुद्धृत्य कामराजं समुद्धरेत् ॥ ४८ ॥
मायान्ते देवदेवाय हृच्छिवाय द्विठो मनुः ।
एतन्मन्त्रप्रसादेन किन्न सिद्ध्यति भूतले ॥ ४९ ॥
अनायासेन योगी स्यात् किं पुनः साधनेन च ।
केवलं जपमात्रेण योगी स्यान्नात्र संशयः ॥ ५० ॥

हे भैरव ! अब अन्य मन्त्र कहती हूँ, जिससे साधक नर योगी बन जाता है, गगन बीज (हं) का उच्चारण कर कामराज बीज (क्लीं) का उच्चारण करे । फिर मायाबीज (ह्रीं) का उच्चारण करे, फिर 'देवदेवाय हृच्छिवाय स्वाहा' कहे—यह मन्त्र है । इस मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर पृथ्वी में ऐसी कौन सी वस्तु है, जो सिद्ध न हो । इस मन्त्र से साधक अनायास योगी बन जाता है, फिर इसका साधन करे तो कहना ही क्या है ? मात्र इसके जप करने से मनुष्य योगी बन जाता है इसमें संशय नहीं है ॥ ४८-५० ॥

अन्यं वक्ष्ये भैरवेन्द्र प्रणवं कामराजकम् ।
श्रीबीजं वह्नियुगलं रिपुहरयुगं ततः ॥ ५१ ॥
सिद्धिं देहि ततः स्वाहा[१] मन्त्रोऽयं योगिदुर्लभः ।
पूर्ववद्ध्यानमेवं हि कृत्वाऽमरत्वमश्नुते ॥ ५२ ॥

हे भैरवेन्द्र ! अब अन्य मन्त्र कहती हूँ । प्रथम प्रणव (ॐ) का उच्चारण करे, फिर कामराज (क्लीं) का, फिर श्री बीज (श्रीं), फिर वह्नि् को दो बार (वह्नि वह्नि) फिर दो बार रिपुहर (रिपुहर रिपुहर) फिर 'सिद्धिं देहि स्वाहा' । यह मन्त्र योगीजनों के लिए भी दुर्लभ है । इसका पूर्ववद् ध्यान कर योगी अमरता प्राप्त कर लेता है ॥ ५१-५२ ॥

अन्यं मन्त्रं प्रवक्ष्यामि येन पीठस्थिरो भवेत् ।
अमादिबीजमाभाष्य ततो महापदं स्मरेत् ॥ ५३ ॥
कालाय विकरणाय कलान्ते तु समुद्धरेत् ।
बलाय बलविकरणाय षोडशारदलं ततः ॥ ५४ ॥
निवेशाय युगं वित्तं स्थापयान्ते सदाशिव ।
काकिनीशाभावह्निसुन्दरीकामदो मनुः ॥ ५५ ॥

हे भैरव ! अब अन्य मन्त्र कहती हूँ, जिससे साधक पीठ में स्थिर हो जाता है । अमादिबीज (ॐ ?) का उच्चारण कर 'महापद' का उच्चारण करे । फिर 'कालाय कलविकरणाय', इसके बाद 'बलाय बलविकरणाय', फिर 'षोडशारदलं', फिर 'निवेशाय' पद दो बार (निवेशाय निवेशाय), पुनः 'वित्तं स्थापय सदाशिव', फिर 'काकिनीशाभा', फिर 'वह्नि सुन्दरी' (स्वाहा) का उच्चारण करे । यह मन्त्र सभी प्रकार की कामनायें पूर्ण करता है ॥ ५३-५५ ॥

---

१. साङ्केतिकोऽयं मन्त्रः । अत्रैव वर्तते तदीयः संकेतः ।

एकाक्षरं प्रवक्ष्यामि येन सिद्धो मनुर्भवेत् ।
क्षान्तबीजं बिन्दुयुक्तं चन्द्रबीजं तथोद्धरेत् ॥ ५६ ॥
अधो दन्तयुतं कृत्वा जपेत् तद्गतमानस: ।
प्रत्येकदलमध्ये तु ध्यात्वा देवं सदाशिवम् ॥ ५७ ॥
अनायासेन सिद्धि: स्यात् प्राणरक्षा सदा भवेत् ।

अब एकाक्षर मन्त्र कहती हूँ जिसके अनुष्ठान से मनुष्य सिद्ध हो जाता है, क्षान्त, ओंकार तथा बिन्दुयुक्त चन्द्र बीज (हौं) का उच्चारण करे । फिर अधोभाग में दन्तयुक्त करके जपे । इसके प्रत्यके दल के मध्य में सदाशिव का ध्यान करते हुए उसी में मन लगा कर जप करे । ऐसा करने से साधक को अनायास सिद्धि प्राप्त हो जाती है तथा सर्वदा उसके प्राणों की रक्षा होती रहती है ॥ ५६-५८ ॥

पुनरेकाक्षरं वक्ष्ये येन सिद्ध्यन्ति मानवा: ॥ ५८ ॥
न देयं पाशवेभ्यश्च निन्दकेभ्यो विशेषत: ।
शिवं चन्द्रबिन्दुयुक्तं महामन्त्रं प्रकीर्तितम्[१] ॥ ५९ ॥
अस्य साधनमात्रेण योगिनां वल्लभो भवेत् ॥ ६० ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे एकसप्तिततम: पटल: ॥ ७१ ॥

अब हे भैरव ! फिर अन्य एकाक्षर मन्त्र कहती हूँ, जिससे मनुष्य सिद्धि प्राप्त कर लेता है । इस संसार पाश में बँधे हुए लोगों को विशेष कर निन्दा करने वाले जनों को नहीं देना चाहिए । वह मन्त्र चन्द्र बिन्दु से संयुक्त शिव (शिँ) कहा गया है इसके साधन मात्र से साधक योगियों का बल्लभ हो जाता है ॥ ५८-६० ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्रकथन प्रकरण में षट्चक्र-प्रकाश में भैरवीभैरवसंवाद में इकहत्तरवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ७१ ॥

---

१. चन्द्रबिन्दुरनुस्वारस्तेन संयुक्तस्यास्य मन्त्रस्य महत्त्वं परिज्ञेयम्, यद्यपि मन्त्रशब्दो नित्यपुंल्लिङ्ग:, तथापि लिङ्गमशिष्यं लोकाश्रयत्वाल्लिङ्गस्येति महाभाष्योक्त्या लोकाश्रयत्वेन तस्यात्र क्लीबताऽपि बोध्या, अथवा 'जानीहि' इत्यस्याध्याहारेण तत्प्रयोज्यं कर्मत्वं ज्ञेयम् ।

अथ द्विसप्ततितमः पटलः

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

महाकाल शिवानन्द परमानन्दनिर्भर ।
त्रैलोक्यसिद्धिद प्राणवल्लभ श्रूयतां स्तवः ॥ १ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे महाकाल ! हे शिवानन्द ! हे परमानन्दनिर्भर ! हे त्रैलोक्य को सिद्धि देने वाले मेरे प्राण बल्लभ ! अब शाकिनी की स्तुति को सुनिए ॥ १ ॥

शाकिनी हृदये भाति सा देवी जननी शिवा ।
कालीति जगति ख्याता सा देवी हृदयस्थिता ॥ २ ॥

शाकिनी हृदय स्थल में विराजमान हैं, वही देवी जननी (सबकी जन्मदात्री) और शिवा (कल्याण करने वाली) हैं, काली नाम से जगत् में विख्यात वही हृदय में रहती हैं ॥ २ ॥

निरञ्जना[1] निराकारा नीलाञ्जनविकासिनी ।
आद्या देवी कालिकाख्या केवला निष्कला शिवा ॥ ३ ॥
अनन्ताऽनन्तरूपस्था शाकिनी हृदयस्थिता ।
तामसी तारिणी तारा महोग्रा नीलविग्रहा ॥ ४ ॥

वह मायारहित तथा निराकार हैं, साकार रूप वाली वही नीलाञ्जन के समान विकसित होती हैं । वह कालिका नाम से विख्यात देवी आद्या हैं, केवला, निष्कला एवं शिवा हैं । उनका कोई अन्तं नहीं है, क्योंकि वह अनन्त रूपों में व्याप्त हैं अतः हृदय में रहने वाली वही शाकिनी, तामसी, तारिणी, तारा, महोग्रा एवं नील विग्रह वाली हैं ॥ ३-४ ॥

कपाला मुण्डमालाढ्या शववाहनवाहना ।
ललज्जिह्वा सरोजाक्षी चन्द्रकोटिसमोदया ॥ ५ ॥

वह कपाल लिए हुए, मुण्डमाला धारण किए हुए हैं तथा शवरूप वाहन ही उनका वाहन है । वह लपलपाती जीभ वाली हैं, उनके नेत्र कमल के समान विशाल हैं तथा करोड़ों चन्द्रमा के समान प्रकाश वाली हैं ॥ ५ ॥

वाय्वग्निभूजलान्तस्था भवानी [2]शून्यवासिनी ।
तस्मात् स्तोत्रमप्रकाश्यं कृष्णकाल्याः कुलोदयम् ॥ ६ ॥

---

१. निर्गतमञ्जनं यस्याः सा, अञ्जनं मायामलो बोध्यः ।

२. 'सून्य'—क० पाठः ।

श्रीकृष्णभगवत्याश्च नीलदेव्या कुलार्णवम् ।
गोपनीयं प्रयत्नेन सावधानोऽवधारय ॥ ७ ॥

वह वायु, अग्नि, भू तथा जल में रहने वाली हैं और भव की स्त्री हैं । शून्य (सर्वथा निर्जन) स्थान में उनका निवास है । शून्य स्थान में रहने के कारण उन कृष्ण काली के उदय स्थान भूत यह स्तोत्र भी प्रकाशित नहीं करना चाहिए । श्री कृष्ण एवं उन भगवती नीलदेवी का शाक्त सम्प्रदाय गत स्तोत्र भी प्रयत्नपूर्वक गोपनीय रखना चाहिए । अतः सावधान हो कर उसे सुनिए ॥ ६-७ ॥

महाभैरवी उवाच

श्रीकालीचरणं चराचरगुणं सौदामिनीस्तम्भनं
गुञ्जद्गर्वगुरुप्रभानखमुखाह्लादैककृष्णासनम् ।
प्रेतारण्यासननिर्मितामलकजा नन्दोपरिश्वासनं
श्रीमन्नाथ[1]करारविन्दमिलनं नेत्राञ्जनं राजते ॥ ८ ॥

महाभैरव ने कहा—श्री काली देवी का चरण चर और अचर सभी गुणों से परिपूर्ण है, विद्युत की चञ्चलता को भी स्तम्भित करने वाला है । वह चरण श्री कृष्ण के बृहत्प्रकाश से युक्त नख से लेकर मुख पर्यन्त शब्दायमान आह्लाद का एकमात्र आसन है । (प्रेतारण्यासननिर्मितामलकजा नन्दोपरिश्वासनं) उस चरण में श्री भगवान् सदाशिव के करकमल से संस्पृष्ट कोई नेत्राञ्जन रूप तेज विराज रहा है ॥ ८ ॥

दीप्तिः प्राप्तिः समाप्तिः प्रियमतिसुगतिः सङ्गतिः शीतनीतौ
मिथ्यामिथ्यासुरथ्या नतिररतिसती जातिवृत्तिर्गुणोक्तिः ।
व्यापारार्थी क्षुधार्थी वसति रतिपतिर्ज्योतिराकाशगङ्गा
श्रीदुर्गाशम्भु[2]कालीचरणकमलकं सर्वदा भाति सूक्ष्मम् ॥ ९ ॥

दीप्ति, प्राप्ति, समाप्ति, प्रियमति, सुगति, सङ्गति, शीत, नीत ? मिथ्या, अमिथ्या, सुरथ्या, नति, अरति, सती, जाति, वृत्ति तथा गुणोक्ति आदि व्यापारार्थी और क्षुधार्थी बन कर जहाँ निवास करते हैं । श्री दुर्गा के चरण कमल में रतिपति का एवं श्री शम्भु के चरण कमल में ज्योति का तथा महाकाली के चरण कमलों में आकाश गङ्गा का नित्य निवास है ॥ ९ ॥

देवेन्द्राः पञ्चभूता रविशशिमुकुटाः क्रोधवेतालकोलाः
कैलासस्थाः प्रशस्ताः स्तवनमपि तत्रत्यहं सम्पठन्ति ।
आत्मानं श्रीदकालीकुलचरणतलं हृत्कुलानन्दपद्मे
ध्यात्वा ध्यात्वा प्रवीरा अहमनुबहुधीः स्तौमि किं ध्याननिष्ठः ॥ १० ॥

सूर्य चन्द्रमा को अपने मुकुट में धारण करने वाले अनेक देवेन्द्र, पृथिव्यादि

---

१. श्रीमन्नाथस्य करौ अरविन्दं कमलमिवेति श्रीमन्नाथकरारविन्दं तस्य मिलनं मेलनमिति यावत् ।

२. श्रिया सहिता दुर्गा—शम्भु—काल्यः, मध्यमपदलोपिसमासः, ततस्तासां चरणाः कमलकमिवेति उपमितसमासः ।

पञ्चमहाभूत के क्रोध, वेताल एवं कौल तथा कैलास पर्वत पर रहने वाले, बड़े बड़े शिवगण ये सभी प्रकृष्ट वीर, जिन अपने श्री देने वाले काली के कुल चरण तल का, हत्कुलानन्द रूप पद्म में बारम्बार ध्यान करते हुए प्रतिदिन स्तुति पढ़ते हैं। फिर ध्यान में निमग्न रहने वाला अल्पबुद्धि वाला मैं (अनुबहुधी ?) उनकी किस प्रकार स्तुति करूँ ॥ १० ॥

श्रुत्वा स्तोत्रगुणं तवैव चरणाम्भोजस्य वाच्छाफलं
प्रेच्छामीहयति प्रियाय कुरुते मोक्षाय तत्त्वार्थतः ।
मातर्मोहिनिदानमानतरुणी कातीति मन्यामहे
योग्यश्रीचरणाम्बुजे त्रिजगतामानन्दपुञ्जे सुखम् ॥ ११ ॥

हे माता ! आपके चरण कमल के स्तोत्र का गुण तो अभीष्ट की प्राप्ति ही फल है। जो मुझे वाञ्छासिद्धि एवं तत्त्वार्थतः मोक्ष प्राप्ति के लिए तथा अपना प्रियत्व सम्पादन के लिए प्रेरित कर रहा है। हे माता मोहिनि ! आप दान तथा सम्मान में तत्पर रहने वाली तरुणी हैं। (कातीति ?) अतः तीनों जगत् के आनन्द पुञ्जभूत आपके योग्य श्री चरणाम्बुज में ही मैं सुख मानता हूँ ॥ ११ ॥

पुत्रौ श्रीदेवपूज्यौ प्रकुरुत इतिहासादिगूढार्थगुप्तिं
श्यामे मातः प्रसन्ना भव वरदकरी कारणं देहि नित्यम् ।
योगानन्दं शिवान्तः सुरतरुफलदं सर्ववेदान्तभाष्यं
सत्सङ्गं सद्विवेकं कुरु कुरु कवितापञ्चभूतप्रकाशम् ॥ १२ ॥

मेरे दोनों देवपूज्य पुत्रों को इतिहासादि के गूढ़ अर्थ के संरक्षण में नियुक्त कीजिए। हे श्यामे। हे मातः। प्रसन्न होइए, वरदकरी होइए। हे सबकी कारणभूते ! आप मुझे योग का आनन्द, कल्याणकारी अन्तःकरण, कल्पवृक्ष के समान फल देने वाला तथा सभी वेदान्तों का भाष्य प्रदान कीजिए। इतना ही नहीं सत्सङ्ग दीजिए, सद्विवेक दीजिए तथा मुझमें कवितापुञ्ज के कारणों को प्रकाशित कीजिए ॥ १२ ॥

आह्लादोद्रेककारी परमपदविदां प्रोल्बणार्थप्रकाशः
प्रेष्यः पारार्थचिन्तामणिगुण सरलः पारणः प्रेमगानः ।
सारात्मा श्रीस्तवोऽयं जयसुरवसतां शुक्रसंस्कारगन्ता
मन्ता मोहादिकानां सुरगणतरुणी कोटिभिर्ध्येय इन्द्रैः ॥ १३ ॥

यह भगवती महाश्री का यह स्तव आह्लादकर एवं उद्रेक करने वाला है, परमपद के तत्त्वज्ञ एवं साधकों के लिए उत्कृष्ट अर्थ का प्रकाशक है, श्री देवी का प्रेष्य है, परार्थ का चिन्तामणि है, गुणों में सरल है, पारण तथा प्रेम का गान है, सारात्मा है, (जयसुरवसतां शुक्रसंस्कारगन्ता ?) मोहादिकों को दूर भगाने वाला है, करोड़ों देव ललनाओं तथा इन्द्रादि देवताओं द्वारा ध्यान करने योग्य है ॥ १३ ॥

नामग्रहणविमलपावनपुण्यजलनिधिमन्थनेन ।
निर्मलचित्तगसुरगुणपारग सुखसुधाकरस्थितहास्येन ।
योगधराधरनरवर कुञ्जरभुजयुगदीर्घपद्ममृणालेन ॥ १४ ॥

हरिविधिहर अपरपरसरभावकपाल सेवनेन ।
सुन्दरी काली चरणेन ॥ १५ ॥

नाम ग्रहण रूप विमल पावन समुद्र के मन्थन करने से निर्मल हुए, चित्त से प्राप्त करने योग्य तथा सुरगणों से पार गमन करने योग्य, सुख रूप चन्द्रमा में स्थित रहने वाले हास्य से (सिद्धि प्राप्त होती है ।) योगरूप पर्वत के श्रेष्ठ मनुष्य रूप कुञ्जर के दो भुजा रूप दीर्घ पद्म मृणाल से सिद्धि होती है और ब्रह्मदेव, विष्णु, सदाशिव तथा अपर परसुरों द्वारा कपाल सेवन से एवं सुन्दरी काली चरण से सर्वाभीष्ट सिद्धि हो जाती है ॥ १४-१५ ॥

भास्वत्कोटिप्रचण्डानलगुणललिताभाविता सिद्धकाली
प्रोक्तं यद्‌योगगीतावचनसुरचनामङ्गलं योगिनाद्या ।
श्यामानन्दद्रुमाख्ये भजनयजनगङ्गाङ्गतीरप्रकाशं
सर्वानन्दोत्सवत्वं वरदसुरवदासम्भवे मय्यभावे ॥ १६ ॥
एतत्प्रथमे कुलं गुरुकुलं लावण्यलीलाकुलं
प्राणानन्दकुलं कुलाकुलकुलं कालीकुलं सङ्कुलम् ।
मातः कालियुगादि कौलिनि शिवे सर्वन्तराङ्गस्थितं
नित्यं तत्र नियोजय श्रुतिगिरा श्रीधर्मपुत्रं भवे ॥ १७ ॥
हेरम्बादि कुलेशयोगजननि त्वं योगतत्त्वप्रिया
यद्येवं कुरुते पदाम्बुजरजो योगं तवानन्ददम् ।
सः स्यात्सङ्कटपाटलारिसदनं जित्वा स्वयं मन्मथं
श्रीमान्मन्मथमन्मथः प्रचयति ह्यष्टाङ्गयोगं परम् ॥ १८ ॥

देदीप्यमान करोड़ों अग्निपुञ्जों के समान ललिता एवं भाविता (ध्यानगम्या) सिद्ध काली हैं जिन्होंने योग शास्त्र के गीता के वचन रचना रूप मङ्गल को कहा है और जो आद्या-योगिनी हैं ।

हे गणेशादि कुलेशों को योगरूप विद्या प्रदान करने वाली माता ! आप योगतत्त्व से प्रेम करने वाली हैं । यदि आप इसी प्रकार योग विद्या प्रदान करती हैं तो आपके चरण कमल का रजभूत योग आनन्द देने वाला है । ऐसा पुरुष सङ्कट समूह उत्पन्न करने वाले समस्त शत्रुगणों को तथा मन्मथ को जीतकर श्रीमान् तथा मन्मथ का भी मथन करने वाला हो जाता है तथा सर्वोत्कृष्ट अष्टाङ्गयोग का एकत्रीकरण करता है ॥ १६-१८ ॥

योगी याति परं पदं सुखपदं वाञ्छास्पदं सम्पदं
त्रैलोक्यं परमेश्वरं यदि पुनः पारं भवाम्भोनिधेः ।
भावं भूधरराजराजदुहिते ज्ञातं विचारं तव
श्रीपादाम्बुजपूजनं प्रकुरुते ते नीरदप्रोज्ज्वले ॥ १९ ॥

हे नीरद प्रोज्वले ! हे भूधरराज राजदुहिते ! मैने आपके भाव को तथा विचार को जान लिया है । जो आपके श्री पादाम्बुज का पूजन करता है ऐसा योगी परमपद, सुखपद, वाञ्छापद, सम्पद और त्रैलोक्य तथा परमेश्वर पद प्राप्त कर लेता है, इसके बाद वह इस संसार समुद्र से भी पार हो जाता है ॥ १९ ॥

आदावष्टाङ्गयोगं वदति भवसुखं भक्तिसिद्धान्तमेकं
भूलोके पावनाख्यं पवनगमनगं श्रीनगेन्द्राङ्गजाया: ।
सिद्धीनामष्टसिद्धिं यमनियमवशादासनप्राणयोगात्
प्रत्याहारं विभोर्ध्वारुणगुणवसनं ध्यानमेवं समाधिम् ॥ २० ॥

श्री हिमालय की पुत्री (की पूजा से) सर्वप्रथम अष्टाङ्ग योग प्रदान करती है, सांसारिक सुख देता है, सर्वप्रधान भक्ति के सिद्धान्तों को देता है, भूलोक में यह पावन है, अत: पवन के समान गति देता है, यम एवं नियम सम्पादन करने से, आसन तथा प्राणायाम करने से, प्रत्याहार, परमात्मा के धारण रूप गुण का वसने ध्यान एवं समाधि तथा सिद्धियों में अष्टसिद्धि को प्रदान करता है ॥ २० ॥

मात: शान्तिगुणावलम्बिनि शिवे शान्तिप्रदे योगिनां
दारे देवगुणे विधेहि सकलं शान्तिक्रियामङ्गलम् ।
यज्ञानामुदयं प्रयाति सहसा यस्या: प्रसादाद् भुवं
तां सर्वां प्रवदामि [1]कामदहनस्तम्भाय मोहक्षयात् ॥ २१ ॥

हे शान्तगुण का अवलम्बन करने वाली ! हे शान्तिप्रदे शिवे ! हे योगियों की माता ! हे दारे ! हे देवगुण स्वरूपे ! हमें शान्ति क्रिया तथा मङ्गल प्रदान कीजिए । जिन आपकी प्रसन्नता से सहसा यह भूलोक यज्ञों के उदय से युक्त हो जाता है, वह सब तो मैं याचना करता ही हूँ । मेरे मोह को विनष्ट कर कामदहन (सदाशिव) को भी मेरे हृदय में स्थापित कीजिए ॥ २१ ॥

एको जीवति योगिराडतिसुखी जीवन्ति न श्रीसुता:
सर्वं योगभवं भवे विभवगा: पश्यन् स्वकीयायुषम् ।
इत्येवं परिभाव्य सर्वविषयं शान्तिं समालम्ब्यकौ
मूले वेददलोज्ज्वले कुलपथे श्रीकुण्डली भावय ॥ २२ ॥

अरे मनुष्यों ! आप लोग ऐसा विचार कर कि एकमात्र योगिराज ही अत्यन्त सुखी है और वही जीवित रहने वाले हैं । विभव को प्राप्त करने वाले लक्ष्मीपुत्र जीवित रहने वाले नहीं है । इस संसार में सब कुछ योग से ही उत्पन्न है । अत: अपनी आयु की ओर देखते हुए, संसार के समस्त विषयों का परित्याग कर, शान्ति का आश्रय लेकर वेद (चार) कमल पत्रों से उज्ज्वल मूलाधार रूप कुलपथ में श्री कुण्डली का ध्यान कीजिए ॥ २२ ॥

शान्तिभ्रान्तिनिकृन्तनी स्वरमणी प्रेमोद्गता भक्तिदा
लावण्याम्बुधिरत्नकोटिकिरणाह्लादैकमूर्तिप्रभा ।
एकाकारपराक्रमादपयमा क्रोधक्रमक्षोभिणी
या मूलामलपङ्कजे रचयति श्रीमाधुरी तां भजे ॥ २३ ॥

---

१. कामस्य कामदेवस्य दहन:, भगवान् शिव:, तस्य स्तम्भाय निरोधाय । दह्यते येन स इति कर्तरि ल्युट्प्रत्यय: ।

जो शान्ति स्वरूपा हैं, भ्रान्ति का निकृन्तन करने वाली हैं, सर्वतन्त्र स्वतन्त्र एकमात्र रमण कराने वाली हैं, प्रेम से उत्पन्न होने वाली, भक्ति प्रदान करने वाली हैं, लावण्य समुद्र से अपने करोड़ों रत्नों की प्रभा से आह्लाद की एकमात्र मूर्ति प्रभा हैं, यम को दूर कर अपने एकमात्र पराक्रम से उत्पन्न अपने क्रोध से क्षोभ उत्पन्न करने वाली हैं—जो मूलाधार में स्वच्छ कमल की रचना करने वाली हैं, श्री माधुरी हैं, मैं उनका भजन करता हूँ ॥ २३ ॥

रे रे पामर दुर्भग प्रतिदिनं किं कर्म वा राधसे
व्यापारं विषयाश्रयं प्रकुरुषे न ध्यायसे श्रीपदम् ।
मिथ्यैतत्क्षणभङ्गुरं त्यज मुदा संसारभावं विषं
श्रीकालीं कुलपण्डितां गुणवतीं शान्तिं समाराधय ॥ २४ ॥

अरे पामर ! अरे अभागे ! प्रतिदिन तुमने यह कौन सा कर्म प्रारम्भ किया है ? विषयों में रहने वाले इन व्यापारों को करने से तुझे क्या लाभ ? तू श्री भगवती के चरण कमलों का ध्यान क्यों नहीं करता ? अरे ! यह विषय व्यापार कुछ फल न मिलने से मिथ्या है। क्षण भंगुर हैं, प्रसन्नता पूर्वक इसे शीघ्र छोड़ो। इतना ही नहीं ये संसार के सारे व्यापार विष हैं। अतः आप शाक्त सम्प्रदाय की पण्डित, गुणवती, शान्ति स्वरूपा श्री महाकाली का समाराधन करो ॥ २४ ॥

शिवस्त्री या शान्तिः परमसुखदा भावजनिका
विवेकः संजातो वहसि च तया भाति नियतम् ।
विवेकोऽसौ त्यागी जनयति सुधासिन्धुसुन्दर-
मदो ब्रह्मज्ञानं परमममले योगिनि परे ॥ २५ ॥

शिव की स्त्री जिन्हें शान्ति कहा जाता है, वह परम सुख देने वाली तथा परमात्मा में भाव उत्पन्न करने वाली हैं, आपको यह जो विवेक उत्पन्न हुआ है और जिसे आप ढो रहे हैं, वह तो उन्ही के द्वारा निश्चित रूप से शोभित हैं। सुधारूप सिन्धु के सुन्दर मद से उद्भूत ज्ञान तथा यह विवेक, महात्यागी तथा अत्यन्त निर्मल, परस्वरूप योगिनि में ब्रह्मज्ञान को उत्पन्न करता है ॥ २५ ॥

द्वयं ब्रह्मज्ञानं परमममले चागममयं
विवेकोद्भूतं स्यादमलपरमं शब्दमपरम् ।
द्वयोर्मूलीभूता हृदि सपदि शान्तिः प्रियतमा
प्रभा कालीपादाम्बुजयुगलभक्तिप्रलयदा ॥ २६ ॥

दो प्रकार का ब्रह्मज्ञान है, एक परम अमल ब्रह्म में होने वाला तथा दूसरा आगम शास्त्र से होने वाला। परम अमल ज्ञान विकेकोद्भूत है और दूसरा (आगम से होने वाला) शब्दमय है। उन दोनों की मूलभूता तथा हृदय में रहने वाली, अत्यन्त प्रियतमा 'शान्ति' हैं, जो महाकाली के चरण कमलों में भक्ति तथा प्रलय तल्लीनता उत्पन्न करने वाली प्रभा हैं ॥ २६ ॥

कुलश्रीकुण्डल्याः परमरसभावं[१] नवमयं
पदं मातुः काल्याः प्रथमरविकान्त्याः सुखमयम् ।
वदामि प्रोत्साहे वशषसशुभे हाटकनिभे
विधिः श्रीडाकिन्याऽमरपतिधरित्रीति च भजेत् ॥ २७ ॥
त्रयं स्थानं नित्यं [२]रविशशिकलावह्निघटितं
महातीर्थं सम्यक् पवनगगनस्थं भवकरम् ।
विभिन्नं सङ्कृत्य द्वयमपि कुलग्रन्थिसहितं
सुषुम्नाश्रोतीर्थे महति गगने पूर्णलयवान् ॥ २८ ॥

शाक्त जनों की श्री कुण्डली स्वरूपा एवं उदीयमान सूर्य के समान कान्तिमती काली माता का पद सुखमय है, परब्रह्म के रस से युक्त हैं, वे पद सुवर्ण के समान, व श ष स वर्ण से शुभ, और (भक्ति में) प्रोत्साहित करने वाले हैं जिसे मैं कहता हूँ वह श्री डाकिनी के चरणदेव पति विधि द्वारा पृथ्वी रूप से पूजित हैं उनका भजन करना चाहिए । तीन ही नित्य स्थान है, जो सूर्यकला, शशिकला तथा अग्नि से घटित हैं । पवन, गगन तथा भव में रहने वाले यही महातीर्थ हैं । अतः कुल ग्रन्थि के सहित विभिन्न दो (पवन तथा भूलोक) को एक में मिलाकर तीसरे महाकाश रूप सुषुम्ना में पूर्णलय कीजिए ॥ २७-२८ ॥

त्रयं संशोध्यादौ परमपदवीं गच्छति महान्
सुदृष्टाङ्गैर्योगैः परिभवति शुद्धं मम तनुम् ।
अतो योगाष्टाङ्गं कलुषसुखमुक्तं वितनुते
क्रियादौ सङ्कुर्याद्यमनियमकार्यं यतिवरः ॥ २९ ॥

महान् लोग सर्व प्रकार तीन (नाड़ियों) का संशोधन करने के पश्चात् परमपदवी प्राप्त कर लेते हैं । वेशास्त्र में बतलाये गए अष्टाङ्ग योग से ममता युक्त शरीर का परिभव कर उसे शुद्ध करते हैं । इसलिए योग का अष्टाङ्गयोग, पुरुष को सुख तथा दुःख दोनों से मुक्त कर देता है । इस कारण योग क्रिया के आदि में श्रेष्ठ यति जन यम नियम का आचरण करे ॥ २९ ॥

अहिंसासत्यार्थी प्रचयति सुयोगं तव पदं
धनस्ते यद्योगी शुचिधृतिदयादाननिपुणः ।
क्षमालब्ध्वाहारी समगुणपरानन्दनिपुणः
स्वयं सिद्धः सद्ब्राह्मणकुलपताकी सुखमयी ॥ ३० ॥

हे माता ! अहिंसा तथा सत्य में निरत रहने वाला आपका पद का सुयोग प्राप्त करता है । जो योगी शुचि, धृति, दया एवं दान में निपुण हैं, वह धनवान् (धन्य) हैं । जो क्षमावान्, लघु आहार करने वाला एवं समता के गुण से युक्त होकर परब्रह्म परमात्मा के

---

१. नवमेव नवीनमेव नवमयम्, स्वार्थे मयट्प्रत्ययः, 'तदेव रम्यं रुचिरं नवं नवं तदेव शश्वन्मनसो मनोहरम्' इति माद्योक्त्या तस्य नवत्वं बोध्यम् ।

२. रविः सूर्यः शशिकला चन्द्रकला, वह्निः अग्निः, तैर्घटितम् ।

आनन्द में निपुण रहता है, वह स्वयं सिद्ध है, वही उत्तम ब्राह्मण कुल के पताका को धारण करने वाला तथा समस्त सुखों से परिपूर्ण है ॥ ३० ॥

तप: सन्तोषाढ्यो हरयजन आस्तिक्यमतिमान्
यतीनां सिद्धान्तश्रवणहृदयप्राणविलय: ।
जयानन्दामग्नो हवनमनलेप: प्रकुरुते
महाभक्त: श्रीह्रीर्मतिरकुलीनस्तव पद: ॥ ३१ ॥

जो साधक तपस्या तथा संतोष से रहने वाला है, शिव पूजन करने वाला, ईश्वर एवं शास्त्र तथा गुरुवचनों में श्रद्धा रखने वाला है, बुद्धिमान् है, इतना ही नहीं, अपितु यतियों के सिद्धान्त को श्रवण करने में अपने हृदय एवं प्राण को विलीन करने वाला है, भगवती विजया के आनन्द में निमग्न रहता है और नित्य बिना व्यवधान के अग्निहोत्र करता है । हे माता ! वही आपके श्री चरणों का महाभक्त है । श्री, ह्री एवं मति में रति रखने वाला कुलीन है (वह धन्य है) ॥ ३१ ॥

सुषुम्नामुखाम्भोरुहाग्रे च पद्मं
दलं चेदहेमाक्षरं मूलदेशे ।
स्थिरापृष्ठवंशस्य मध्ये सुषुम्ना-
न्तरे वज्रिणी चित्रिणीभासिपद्मै: ॥ ३२ ॥

सुषुम्ना के अग्रभाग में स्थित महापद्म के अग्रभाग में जो पद्म है, उसके मूलदेश में रहने वाले दल में ४ अक्षर हैं जो सुवर्णमय हैं । वह सुषुम्ना पृष्ठवंश के ईडा एवं पिङ्गला नाडियों के मध्य में स्थिर रूप से रहने वाली है, उस सुषुम्ना के मध्य में वज्रिणी तथा चित्रिणी दो नाडियाँ कमलों से सुशोभित हैं ॥ ३२ ॥

सुषुम्नादिनाड्या युगात् कर्णमूला
त्प्रकाशप्रकाशा बहिर्युग्मनाडी ।
इडा पिङ्गला वामभागे च दक्षे
सुधांशूरवी राजसे तत्र नित्यम् ॥ ३३ ॥

सुषुम्ना आदि (ईडा एवं पिङ्गला) के दोनों ओर रहने वाले कर्णमूल से उत्पन्न प्रकाश से बाहर की दो नाडियाँ प्रकाश प्राप्त करती हैं । ईडा और पिङ्गला के वाम भाग तथा दाहिने भाग में जिसमें चन्द्रमा और सूर्य का निवास है, हे भगवती ! आप वहीं दोनों के मध्य में सुषुम्ना रूप से विराजमान हैं ॥ ३३ ॥

विसर्गं[१] बिन्द्वन्तं स्वगुणनिलयं त्वं जनयसि
त्वमेका कल्याणी गिरिशजननी कालिकलया ।
परानन्दं कृत्वा यदि परिजपन्ति प्रियतमा:
परिक्षाल्य ज्ञानैरिह परिजयन्ति प्रियपदम् ॥ ३४ ॥

---

१. विसर्गबिन्दुरन्तोऽन्तावयवो यस्य तमिति भाव: ।

हे कालि ! आप कल्याणकारिणी हैं । गिरीश की जननी हैं । अकेले एकमात्र आप ही अपने गुण में रहने वाले विसर्ग तथा बिन्द्वन्त की सृष्टि करती हैं, यदि आपका प्रियतम भक्त ज्ञान से चित्त का परिक्षालन (शुद्ध) कर, आपको परानन्द समझकर, आपके मन्त्र का जप करते हैं, तो वे आपके प्रियपद के विजय का लाभ प्राप्त करते हैं ॥ ३४ ॥

अष्टादशाङ्गुलगतं ऋजुदन्तकाष्ठं
स्वीयाङ्गुलार्धघटितं प्रशरं शनैर्यः ।
संयोज्य [1]तालुरसनागलरन्ध्रमध्ये
दन्तीक्रियामुपचरेत् तव भावनाय ॥ ३५ ॥

अठारह अंगुल का सीधा दन्तकाष्ठ, जो अपनी अंगुली का आधा स्थूल हो उसे चूर्ण कर साधक को आपकी सिद्धि के लिए तालु एवं रसना के द्वारा गले के छिद्रभाग में धीरे धीरे निगलने का अभ्यास कर आपका ध्यान करते हुए (योग की) की दन्ती क्रिया करनी चाहिए ॥ ३५ ॥

नाडीक्षालनमाकरोति यतिराड् दण्डे त्रयं धारयन्
युष्मच्छ्रीचरणार्पणो नवमदण्डस्यानिलस्तम्भनात् ।
प्राणायामफलं यतिः प्रतिदिनं संवर्धते सुश्रमा-
दानन्दाम्बुधिमज्जनं कुलरसैर्मुक्तो भवेत् तत्क्षणात् ॥ ३६ ॥

इस प्रकार तीन दण्ड पर्यन्त उसे धारण करते हुए जो यतिराट् अपने शरीर की नाड़ियों का प्रक्षालन करता है और एक दण्ड के नवमभाग (लगभग ३ मिनट) तक वायु को रोक कर आप के श्री चरण का ध्यान करता रहता है । ऐसा करते हुए जो यति प्रतिदिन श्रमपूर्वक प्राणायाम के फल को बढ़ाता रहता है वह आनन्द के समुद्र में गोता लगाता है तथा कुल (मूलाधार) के रस से तत्क्षण युक्त हो जाता है ॥ ३६ ॥

विमर्श—२४ मिनट का एक दण्ड होता है । इसलिए तीन दण्ड ७२ मिनट का होता है ।

वदामि परमश्रिये पदपद्मयोगं शुभं
हिताय जगतां मम प्रियगणस्य भागश्रिये ।
सदा हि कुरुते नरः सकलयोगसिद्धिं मुदा
तदैव तव सेवको जननि मातरेकाक्षरम् ॥ ३७ ॥

हे सदाशिव ! अब लोगों के परमश्री के लिए अत्यन्त कल्याणकारी 'पदपद्मयोग' कहती हूँ, यह समस्त जगत् के हित के लिए है और हमारे प्रियगणों के भाग की श्री के लिए है, जो मनुष्य इसे सदैव करता है उसे सकलयोग सिद्धि भी तभी प्राप्त हो जाती है । हे माता ! जो भक्तिपूर्वक आपके एकाक्षर मन्त्र का जप करता है, वह उसी समय आपका सेवक भी हो जाता है ॥ ३७ ॥

---

१. तालु च रसना च गलरन्ध्रश्चेति द्वन्द्वः, तन्मध्ये तादृशं काष्ठं संयोज्यम् ।

करुणासागरे मग्नः सदा निर्मलतेजसा ।
तवाङ्घ्रिकोमलाम्भोजं ध्यात्वा योगीश्वरो भवेत् ॥ ३८ ॥
करुणासागरे मग्नो येन योगेन निर्मलः ।
तद्योगं तव पादाब्जं को मूर्खः कः सुपण्डितः ॥ ३९ ॥

करुणा के समुद्र में निमग्न जो साधक निर्मल तेज से युक्त आपके कोमल चरणाम्भोज का सदा ध्यान करता है वह योगीश्वर बन जाता है । साधक करुणा सागर में निमग्न होकर जिस योग की कृपा से निर्मल चित्त हो जाता है, उस योग की भूमि तो आपका पादकमल ही है चाहे कोई मूर्ख हो चाहे महापण्डित हो ॥ ३८-३९ ॥

यमनियमसुकाले नेउलीयोगशिक्षा
प्रभवति कफनाशा नाशरन्ध्रे त्रिसूत्री ।
हृदयकफविनाशा धोतिका योगशिक्षा
गलविलगलवस्त्रं षष्टिहस्तं वहन्ती ॥ ४० ॥

यम एवं नियम के अनुष्ठान काल में नेउली योग की शिक्षा अवश्य ही साधकों को उपादेय है । तीन सूत्रों के समाहार वाली वह नेउली नासिका रन्ध्र में डालने से कफ का नाश करने में सर्वथा समर्थ है । धौती योग की शिक्षा हृदय स्थित कफों की विनाशक है, यह धौती गले के बिल में डाली जाने वाली, गल वस्त्र के नाम से जानी जाती है, जो ६० हाथ लम्बे वस्त्र की होती है ॥ ४० ॥

विमर्श—नेउलीयोग द्र० . ५४. २९-३३ एवं धौतीयोग द्र० ५४. ३५-४१ ।

सुसूक्ष्मरसनस्य च स्वभुजषष्टिहस्तं गल
प्रमाणमिति सन्ततप्रसरपञ्चयुग्माङ्गुलम् ।
पवित्रशुचिधोतिकारं भवसि सर्वपीडापहा
स्वकण्ठकमलोदयाममलभीतदामा भजे ॥ ४१ ॥

अत्यन्त सूक्ष्म रसना (छोटी जीभ) से, गले के प्रमाण के अनुसार मोटी, अपने हाथ से ६० हाथ की धोतिका, जो पवित्र हो, शुचि हो, प्रतिदिन पाँच पाँच अंगुल के प्रमाण से अन्दर डालने से सर्वपीड़ा को दूर करने वाली होती हैं । ऐसी स्वकण्ठ कमल को उदित करने वाली मल रहित, अभय देने वाली काली का भजन करता हूँ ॥ ४१ ॥

भजति यदि कुमारीं नेउली योगदृष्ट्या
स भवति परवेत्ता मोहजालं छिनत्ति ।
स्मितमुखि भवति त्वां मूढ एवातिजीवो
भ्रमितमुदवधूर्ना कारसिद्धिं ददासि ॥ ४२ ॥

जो साधक नेउली रूप कुमारी का योग क्रिया के अनुसार प्रयोग करता है, वह दूसरे के हृदय की बात जानने वाला हो जाता है, किं बहुना वह समस्त मोह जाल को नष्ट कर देता है । हे स्मितमुखि ! (नेउली कुमारी) मूर्ख जीव यदि आपकी उपासना करता है तो वह

संसारी समस्त जीवों का अतिक्रमण करता है । आप संभ्रान्त एवं प्रसन्न कुलीन स्त्रियों के आकर्षण की सिद्धि देती हो ॥ ४२ ॥

शनैर्दन्ती योगं स्वपदयुगपद्मे वितनुते
शिवे योगी मासादपि भवति वायुं स्थगयति ।
असौ मन्त्री चाम्रातकदलं सुदण्डं गलविले
नियोज्यादौ ध्यात्वा तव चरणपङ्केरुहतलम् ॥ ४३ ॥

जो मन्त्रज्ञ साधक आम्रातक दलवाले वृक्ष के सुन्दर डण्डे को आपके चरण कमल के तलवे का ध्यान कर अपने गले के भीतर डालता है, इस प्रकार धीरे-धीरे सदाशिव के पद पद्म में दन्ती योग का अनुष्ठान करता है वह मात्र एक मास में वायु का स्तम्भन कर लेता है और योगी बन जाता है ॥ ४३ ॥

कुलाकुलचेतता परिकरोषि विल्वच्छदी
सुशान्तिगुणदा जया परमभक्तिनिर्गुण्डिका ।
मुकुन्दतुलसी प्रिया गुणिनि मुक्तिदा योगिनी
ददास्यमरसम्पदं दलवियोगमूर्ध्वोदरीम् ॥ ४४ ॥

जो साधक बिल्वपत्र एवं सुशान्ति रूप गुण देने वाली विजया तथा परमभक्तिप्रद निर्गुण्डिका (मेउड़ी) और मुक्ति देने वाली, योगिनी एवं मुकुन्द प्रिया तुलसी और दलवियोगमूर्ध्वोदरीम् ? इन पाँच अमर वल्लियों का सेवन करता है, हे माता । उसे आप अमरों की सम्पत्ति प्रदान करती हैं ॥ ४४ ॥

पञ्चामरा[१] साधनयोगकर्त्री पञ्चामरानाम महौषधिः स्थिता ।
त्वमेव सर्वेश्वररूपधारिणी यैः पूज्यते सोऽहिकपारमेष्ठी ॥ ४५ ॥

हे माता ! आप पञ्चामरा साधन योग की कर्त्री हैं, यह पञ्चामरा औषधी नाम से विख्यात हैं । किं बहुना आप ही सर्वेश्वर सदाशिव की रूपधारिणी हैं । जो आपका पूजन करता है वह इहलोक में परमेष्ठी (ब्रह्मा) हो जाता है ॥ ४५ ॥

पठति यदि भवान्याः शाकिनीदेहदेव्याः
स्तवनमरुणवर्णामार्कलक्ष्म्याः प्रकाशम् ।
व्रजति परमराज्यं देवपूज्यः प्रतिष्ठो
मनुजपनसुशीलो लीलया शम्भुरूपम् ॥ ४६ ॥

जो मनुष्य, शाकिनी देह धारण करने वाली अर्थात् शाकिनीस्वरूपा एवं अरुणवर्णा, सूर्य के समान तेजस्विनी महालक्ष्मी के प्रकाश से युक्त महाकाली देवी भवानी के इस स्तोत्र का पाठ करता है वह देवपूज्य तथा वरिष्ठ होकर परमराज्य प्राप्त करता है तथा

---

१. पञ्चानाममराणां समाहारः पञ्चामरी, तस्याः साधनयोगं करोति या सा । 'पञ्चामरी' इति पाठो युक्तः । अथवा पञ्चामराणामासाधनेति पदच्छेदः कार्यः ।

नित्य इनके मन्त्र का जप करने वाला साधक लीला से ही सदाशिव का रूप धारण कर लेता है ॥ ४६ ॥

प्रातर्मध्याह्नकाले च सायाह्ने च त्रिसप्तके ।
शतं पठित्वा मोक्षः स्यात् पुरश्चर्याफलं [1]लभेत् ॥ ४७ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्र-प्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे शाकिनीकृत कालीस्तवनं नाम द्विसप्ततितमः पटलः ॥ ७२ ॥

— ❖ —

त्रिसप्तक (२१ दिन पर्यन्त) जो साधक प्रातःकाल, मध्याह्नकाल एवं सायंकाल, इस प्रकार त्रिकाल में सौ सौ संख्या में पाठ करता है, उसको मोक्ष मिल जाता है और वह पुरश्चरण कर फल प्राप्त कर लेता हैं ॥ ४७ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्रप्रकरण में षट्चक्र प्रकाश में भैरवीभैरवसंवाद में शाकिनी कृत कालीस्तवन नामक बहत्तरवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ७२ ॥

— ❖ —

१. पुरश्चर्या पुरश्चरणं तस्य फलं मोक्षाख्यम् । इदमेव पुरुषार्थचतुष्टयस्य चरमं फलमुक्तमस्ति शास्त्रेषु ।

अथ त्रिसप्ततितमः पटलः

वाणीगीतविन्यासः

श्रूयतां कोमलाम्भोजस्थितवक्त्रविराजिते ।
अत्यद्भुतं महागीतं शृणोति साधको हि यत् ॥ १ ॥

हे कोमल कमल पर स्थित मुख में विराजमान ! वाणीरूपा महाभैरवी ! अब अत्यद्भुत उस महागीत को सुनिए । जिसे साधक ही सुन पाता है ॥ १ ॥

ध्वनिरन्तर्गतं ज्योतिर्ज्योतिरन्तर्गतं मनः ।
तन्मनो विलयं याति ध्वनिषु ज्ञानकोटिषु ॥ २ ॥
तद्ध्वनिज्ञानसंज्ञानं शृण्वन्ति योगिनो जनाः ॥ ३ ॥

अन्तःकरण में रहने वाली ज्योति 'ध्वनि' कही जाती है । वही अन्तर्गत ज्योति 'मन' है । वह मन करोड़ों ज्ञान वाली उसी ध्वनि में विलीन होता रहता है । अतः योगीजन ही उस 'ध्वनि के ज्ञान तथा संज्ञान' को सुन सकते हैं ॥ २-३ ॥

परमगुणगभीरे धीरनीरे शरीरे
भवनवभवकान्तौ संप्रशात्मा नितान्तम् ।
विमलमधुरवाक्यालङ्कृतज्ञानसिन्धौ
सकलवचनरत्नं स्थापयामास वाणी ॥ ४ ॥

उत्कृष्ट गुणों से गम्भीर, विमल मधुर वाक्यों से अलंकृत, ज्ञान के समुद्र तथा नवीन जन्म के उद्भव से मनोहर, क्षीर रूप नीर वाले इस शरीर में संप्रशान्तात्मा वाणी ने अत्यन्त सुन्दर वचन रूप रत्न को स्थापित किया है ॥ ४ ॥

ॐ तुण्डोग्रस्थिरवचनगा मोहयञ्जीववर्णं
शङ्कातङ्कारहितचरिता मोहिता ज्ञानतन्द्रे ।
सालङ्कारा खरतरकरा वाक्यमालां वहन्ती
सा पश्यन्ती विमलकरुणा राध्यतां मूलचक्रे ॥ ५ ॥

पश्यन्तिस्तुति—उग्र तुण्ड वाली, स्थिर वचन में रहने वाली, जीव रूप वर्ण को मोहित करने वाली, जिसका चरित्र शङ्का से एवं आतङ्क से रहित है और जो ज्ञान रूपी तन्द्रा में मोहित है । ऐसी अलङ्कारों से युक्त, प्रचण्ड किरणों वाली, वाक्य की माला धारण करने वाली, पश्यन्ती वाणी हैं । हे साधकों ! ऐसी निर्मल तथा करुणा करने वाली पश्यन्ती की मूलाधार में आराधना कीजिए ॥ ५ ॥

संसारे सारभागे सयुवतिसुकृपालक्षणैर्लक्षिताङ्गे
सिद्धान्तज्ञानजीवं चरमसमगुणं भूपतेर्योगिनो वा ।
विप्रेन्द्राणामनन्तं ध्वनिगुरुमधुरं व्यापितं पार्वतीशे
हे हे कालप्रकालप्रियतनुशिखरे वेशमासं चयत्वम् ॥ ६ ॥

सुन्दरी युवतियों की सुन्दर कृपा वाले लक्षणों से जिसका अङ्ग लक्षित है, इस प्रकार के सार वाले इस संसार में भूपति अथवा योगियों, अथवा विप्रेन्द्रों के सिद्धान्तभूत ज्ञानरूप जीव वस्तुतः चरम, समगुण, अनन्त एवं ध्वनिगुरु (ध्वनि की गूढ़ता) से मधुर पार्वतीश में व्याप्त हैं । अतः काल के भी महाकाल शिखर पर निवास करने वाले ऐसे पार्वतीश में हे साधक ! तुम अपने मन तथा इन्द्रियों के निवास का स्थान (उपासना गृह) बनाओ ॥ ६ ॥

सञ्चारे परमस्थिरे हरिहरे विद्याधरे भूधरे
साकारे करुणाकरे स्वविलये ते पादपङ्केरुहे ।
नित्यज्ञानमयं जयं सुरतरुच्छायालयं पूजये
मातः कालि कलाधरे गलबिले शाकम्भरि शाकिनि ॥ ७ ॥

हे शाकिनि ! सञ्चरण करने वाले, अथवा परम स्थिर, हरिहर में, विद्याधर में, भूधर में, साकार, करुणा करने वाले तथा स्व को विलीन करने वाले आपके पादकमलों में एवं गले के बिल में, हे कालि ! हे कलाधरे ! हे शाकम्भरि ! हे माता ! नित्यज्ञानमय, जयप्रद, कल्पवृक्ष के समान छाया के आलय की मैं पूजा करता हूँ ॥ ७ ॥

भास्वत्कोटिरविच्छटाभरसुखश्रीकण्ठवीरालये
हृत्पङ्केरुहमध्यसारघटितं सारस्वतोत्पत्तिदम् ।
श्रीदेवीगुरुरूपिणीचरणपद्मान्तःप्रभामण्डलं
शैलेन्द्रोदयकारिणीमणिगृहं मापद्मनाभेरधः ॥ ८ ॥

देदीप्यमान करोड़ों सूर्य की छटा से परिपूर्ण, श्री कण्ठ (सदाशिव) वीर के आलय में स्थित हृदय कमल के मध्य में साररूप से विद्यमान्, समस्त विद्याओं की उत्पत्ति करने वाला, श्री गुरु रूपिणी देवी के चरण कमल के भीतर, प्रभा मण्डल युक्त, शैलेन्द्र से जन्म लेने वाली भगवती पार्वती का मणिगृह है, जो इस शरीर के माया पद्म वाले नाभि के अधोभाग में स्थित हैं ॥ ८ ॥

वाञ्छाकल्पद्रुमस्था स्थितिलयफलदा योगिनी योगमाता
सूक्ष्मानन्दप्रशंसा तरुणरविकला कोकिलालापमुग्धा ।
स्निग्धा स्निग्धाङ्गसङ्गा नवशशिमुकुटा चारुवर्णा विशाला
सा दुर्गा दुःखहन्त्री भवतु शिवगृहे कामनासिद्धिदात्री ॥ ९ ॥

जिनका निवास वाञ्छापूर्ण करने वाले कल्पवृक्ष में है । जो सृष्टि की स्थिति तथा लय रूप फल देने वाली हैं, योगिनी एवं योगमाता हैं, जिनकी सूक्ष्म आनन्द में स्थिति होने से प्रशंसा होती है । जिनकी कला, मध्याह्न कालीन सूर्य के समान प्रखर है, जिनका आलाप-पुञ्ज कोकिल के समान है, जो स्निग्ध (करुणामयी) तथा स्निग्ध अङ्गों वाले सदाशिव की

सङ्गिनी हैं, नवीन चन्द्रमा से जटित मुकुटों वाली हैं, जिनके शरीर की कान्ति अत्यन्त मनोहर है, ऐसी शिवगृह में निवास करने वाली, विशाल गुण युक्ता, वह दुर्गा हमारे दुःखों का विनाश करें और सिद्धिरूप कामनाओं को भी पूर्ण करें ॥ ९ ॥

निराश्रयमहं पदं भवति कालि भक्त्याश्रये
श्रिये विमलभावदे सकलभावगो गोगणः ।
मयि प्रियधनं मुदा वितर चारुदृष्ट्या सुखं
तदैव गलभागकृद्गगनपद्ममध्यस्थले ॥ १० ॥

हे भवति ! हे कालि ! हे गले में रहने वाले गगनपद्म के मध्य में निवास करने वाली ! हे विमल भाव देने वाली ! मैं सर्वथा निराश्रय हूँ । अतः श्री के लिए, भक्तिपूर्वक आपके चरणों का आश्रय ग्रहण करता हूँ, सकल भाव वाली मेरी इन्द्रियाँ आपकी भावना में लगी हुई हैं । मुझे प्रसन्नतापूर्वक प्रिय धन प्रदान कीजिए तथा अपनी कृपामयी दृष्टि से सुखी बनाओ ॥ १० ॥

नित्ये निष्फलरूपभूतिनिकरे त्रैलोक्यरक्षाकरे
धर्मध्वान्तनिकेतने गणयति ज्ञानप्रयोगान्तरम् ।
ते पादाम्बुजसम्भवः प्रियगणः प्राणाश्रितः पार्थिवो
मातः पर्वतराजराजदुहिते पुण्यं पवित्राप्तये ॥ ११ ॥

हे नित्ये ! हे निराकार रूपे ! हे समस्त ऐश्वर्यप्रदात्रि ! हे त्रैलोक्यरक्षाकरे ! हे अधर्म ध्वान्त को निकृन्तन करने वाली ! हे पर्वतराज राजदुहिते ! हे मात ! आपके चरण कमलों से उत्पन्न हुए, आपके प्रियगण तथा प्राणाश्रित पार्थिव पवित्रता की प्राप्ति के लिए, पुण्यदायक, ज्ञान प्रयोग के अन्तर की गणना करते हैं ॥ ११ ॥

भीभर्गो भारसर्गो भवरवविभवो भूतिभारावलम्बी
भावाभावः प्रभावः प्रभवति भुवने भीमभक्तिप्रकाशः ।
भूभूतोद्भूतभीतिप्रभृतिभयभवासम्भवानन्दभावो
मातस्ते पादपङ्केरुहविमलतलानन्दसेवाभिवृद्ध्या ॥ १२ ॥

हे मातः ! तुम्हारे चरणकमल के स्वच्छ तलवे के आनन्ददायी सेवा की वृद्धि से साधक के भय का विनाश हो जाता है । वह विष्णु के समान सृष्टि करता है । उसकी ध्वनि (वाणी) का ऐश्वर्य संसार में व्याप्त हो जाता है । समस्त विभूतियों के भार उसी का अवलम्बन (सहारा) प्राप्त करते हैं । वह जिस किसी वस्तु के भाव, अभाव तथा प्रभाव की शक्ति से संपन्न हो जाता है । किं बहुना, इस भुवन में उत्कृष्ट भक्ति के प्रकाश करने में श्री समर्थ हो जाता है । राजाओं के द्वारा दिये गये भीति प्रभृति भय उसे इस संसार में असंभव हो जाते हैं तथा वह सर्वथा आनन्दभाव में निमग्न हो जाता है ॥ १२ ॥

नित्यं पातु गणेश्वरी गणपतेर्माता रमे मातरं
प्राणं प्रत्यय पूर्वसिद्धिकरणी सिद्धासने रक्षतु ।
आनन्दाम्बुधिमज्जनैकसुखदा भालस्थलस्थापिनी
कण्ठाम्भोरुहकर्णिका सुरगणान् गीता परा सुस्वरान् ॥ १३ ॥

हे माता ! आपके चरण कमल के विमल आनन्द के लिए की जाने वाली सेवा की अभिवृद्धि से इस भूलोक में उन माता में रमण करता हूँ, जो गणेश्वरी एवं गणपति की माता हैं वे हमारी नित्य रक्षा करें । विश्वास करने पर सिद्धि प्रदान करने वाली वह भगवती सिद्धासन में मेरे प्राणों की भी रक्षा करें । जो आनन्द समुद्र में निमज्जन का सुख प्रदान करती हैं तथा भाल स्थल में निवास करने वाली कण्ठ स्थित कमल चक्र की कर्णिका हैं तथा सुस्वर रूप (षोडश स्वरों) सुरगणों से गायी जाने वाली पराभगवती हैं ॥ १३ ॥

कृपापारावारा विमलपुरुषं गौरिवपुषं[१]
धरावक्षे मुख्ये धरणिसुतबुद्ध्याऽधमनरम् ।
न जाने त्वत्कामं तनुविरहचिन्तामणिमयं
तव स्नेहाब्धीनां गमयति न पारं सुरवरः ॥ १४ ॥

हे मातः गौरी ! तुम्हारी कृपा अथाह समुद्र के समान है । तुम पृथ्वी से उत्पन्न अत्यन्त अधम नर को भी शरीर से उत्तम तथा विमल पुरुष (सदाशिव) बना देती हो । शरीर के बिना ही चिन्तामणि के समान तुम्हारी इच्छा को भला मैं किस प्रकार जान सकता हूँ। बहुत कहाँ तक कहें ? सदाशिव भी तुम्हारे स्नेह समुद्र का पार नहीं पा सकते ॥ १४ ॥

जयति जय जयाज्योतिराधारजेता
सुरनरगणपूज्यः खेटचक्रस्य मध्ये ।
भवकमलकराढ्यं नम्रभावं प्रतापं
गमयति तव पादाम्भोजसेवाबलेन ॥ १५ ॥

आपके चरण कमल के सेवा के बल से साधक विजय प्राप्त करता है । जयशील जयाज्योति का आधार तथा जेता बन जाता है । समस्त खेट चक्र के मध्य में वह देवता तथा मनुष्य गणों से पूजित होता है । बहुत क्या कहें ? आपकी सेवा साधक को भवकमलकराढ्य अर्थात् संसाररूप कमल को विकसित करने वाला नम्रता तथा प्रताप प्राप्त कराती है ॥ १५ ॥

इत्येतैः श्लोकमुख्यैस्तु स्तुत्वा गीतरसान्तरैः ।
परब्रह्ममयीं ध्यात्वा स्वयं ब्रह्मतनुं गतः ॥ १६ ॥

गीतरसों से परिपूर्ण इन उत्तम श्लोकों से स्तुति कर ब्रह्ममयी भगवती शाकिनी का ध्यान कर स्वयं ब्रह्मदेव ने ब्रह्मशरीर प्राप्त कर लिया ॥ १६ ॥

अकस्माद् भोगसम्पत्तिर्मोक्षपद्धतयः शुभाः ।
प्रभवन्ति स्वयं विद्या अष्टादश गुणोदयाः ॥ १७ ॥

इन श्लोकों द्वारा शाकिनी की स्तुति से साधक अकस्मात् कल्याणकारी भोग, सम्पत्ति एवं मोक्ष पदवी अनायास प्राप्त करता है । किं बहुना, गुणों से परिपूर्ण अष्टादश विद्यायें साधक में स्वयं प्रकट हो जाती हैं ॥ १७ ॥

---

१. गौर्या वपुर्यस्य तम् । बाहुलकाद् ईकारस्य स्थाने ह्रस्वादेशः ।

नीलजीमूतसङ्काशं चन्द्रशेखरमीश्वरम् ।
सदाशिवं महाशक्तिशाकिनीवामसंस्थितम् ॥ १८ ॥
चतुर्भुजं देवदेवमनन्तमक्षरं[1] हरम् ।
भावगीतं पुनर्गीत्वा परं ब्रह्मसमो भवेत् ॥ १९ ॥

नीले मेघ के समान सबके ईश्वर सदाशिव, जिनके वाम भाग में शाकिनी शक्ति संस्थित हैं, ऐसे चार भुजाओं वाले, देवाधिदेव, अनन्त, अक्षर तथा हर सदाशिव के भाव से परिपूर्ण इस गीत को बारम्बार गा कर साधक ब्रह्ममय हो जाता है ॥ १८-१९ ॥

कण्ठषोडशसम्पूर्णमध्ये योगी स्थिराशयः ।
अष्टसिद्धीश्वरो भूत्वा भावसिद्धिं लभेद् ध्रुवम् ॥ २० ॥
त्वया सह समाह्लाददर्शनं सिद्धिमाप्नुयात् ॥ २१ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्र-प्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे वाणीगीतविन्यासो नाम त्रिसप्ततितमः पटलः ॥ ७३ ॥

कण्ठ में जो षोडश स्वरों से सम्पूर्ण हैं ऐसे विशुद्ध चक्र में शाकिनी सहित सदाशिव का ध्यान कर योगी स्थिर अन्तःकरण वाला हो जाता है । इतना ही नहीं, अष्ट सिद्धियों का ईश्वर बनकर निश्चित रूप से शाकिनी के ध्यान की सिद्धि प्राप्त करता है । हे सदाशिव ! वह आपके साथ आह्लाद युक्त दर्शन की सिद्धि भी प्राप्त करता है ॥ २०-२१ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्रप्रकरण में षट्चक्र प्रकाश में भैरवीभैरव संवाद में वाणीगीतविन्यास नामक तिहत्तरवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ७३ ॥

---

१. न क्षीयते न क्षरति वा अक्षरम्, क्षीयतेः क्षरतेर्वाड्प्रत्ययः, अथवा अश्नुते व्याप्नोति यत्तदक्षरम् । अशे । सरन्प्रत्ययः ।

अथ चतुःसप्ततितमः पटलः

श्रीआनन्दभैरव उवाच

शैलजे देवदेवेशि सर्वाम्नायप्रपूजिते ।
सर्वं मे कथितं देवि कवचं न प्रकाशितम् ॥ १ ॥
प्रासादाख्यस्य[1] मन्त्रस्य कवचं मे प्रकाशय ।
सदाशिवमहादेवभावितं सिद्धिदायकम् ॥ २ ॥

श्रीआनन्दभैरव ने कहा—हे शैलजे ! हे देवेशि ! हे सभी वेदों से पूजिते ! हे देवि ! आपने मुझ से सब कुछ कहा, किन्तु कवच नहीं कहा । अतः आप प्रासादाख्य मन्त्र के कवच को मुझ से कहिए । यह कवच आपको महादेव के द्वारा प्राप्त हुआ है तथा सभी प्रकार की सिद्धि देने वाला है ॥ १-२ ॥

अप्रकाश्यं महामन्त्रं भैरवीभैरवोदयम् ।
सर्वरक्षाकरं देवि यदि स्नेहोऽस्ति मां प्रति ॥ ३ ॥

हे देवि ! भैरवी तथा भैरव का अभ्युदित तथा सबकी रक्षा करने वाला यह महामन्त्र यद्यपि अप्रकाश्य है, फिर भी यदि आप मुझ पर स्नेह रखती हैं तो उसे कहिए ॥ ३ ॥

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

श्रूयतां भगवन्नाथ महाकाल कुलार्णव ।
प्रासादमन्त्रकवचं सदाशिवकुलोदयम् ॥ ४ ॥
प्रासादमन्त्रदेवस्य वामदेव ऋषिः स्मृतः ।
पङ्क्तिश्छन्दश्च देवेशः सदाशिवोऽत्र देवता ॥ ५ ॥
साधकाभीष्टसिद्धौ[2] च विनियोगः प्रकीर्तितः ।

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे महाकाल ! हे कुलार्णव ! हे भगवन् ! हे नाथ ! अब प्रासाद मन्त्र के कवच को सुनिए, जिसका उदय सदाशिव के द्वारा हुआ है । इस प्रासाद मन्त्र देव के वामदेव ऋषि कहे गए हैं । पंक्ति छन्द है तथा देवेश सदाशिव इसके देवता हैं । साधक की अभीष्ट सिद्धि में इसका विनियोग कहा गया है ॥ ४-६ ॥

---

१. प्रकर्षेण आ समन्तात् सीदन्ति तिष्ठन्ति जना यस्मिन् स मन्त्रः प्रासादाख्यः ।

२. साधकानामभीष्टस्य सिद्धौ इत्यर्थः ।

शिरो मे सर्वदा पातु प्रासादाख्यः सदाशिवः ॥ ६ ॥
षडक्षरस्वरूपो मे वदनं तु महेश्वरः ।
अष्टाक्षरशक्तिरुद्धश्चक्षुषी मे सदाऽवतु ॥ ७ ॥
पञ्चाक्षरात्मा भगवान् भुजौ मे परिरक्षतु ।
मृत्युञ्जयस्त्रिबीजात्मा आयू रक्षतु मे सदा ॥ ८ ॥
वटमूलसमासीनो दक्षिणामूर्तिरव्ययः ।
सदा मां सर्वतः पातु षट्त्रिंशद्वर्णरूपधृक् ॥ ९ ॥

प्रासाद नाम वाले सदाशिव मेरे शिर की रक्षा करें । षडक्षर स्वरूप महेश्वर मेरे मुख की रक्षा करें । अष्टाक्षर शक्ति से रुद्ध मेरे दोनों नेत्रों की रक्षा करें । पञ्चाक्षरात्मा भगवान् मेरी दोनों भुजाओं की रक्षा करें । त्रिबीजात्मा मृत्युञ्जय सदा मेरे आयु की रक्षा करें । वट वृक्ष के मूल के नीचे बैठे हुए छत्तीस वर्णों का रूप धारण करने वाले, विकार रहित, दक्षिणामूर्ति सर्वदा सर्वत्र मेरी रक्षा करें ॥ ७-९ ॥

द्वाविंशार्णात्मको रुद्रः कुक्षिं मे परिरक्षतु ।
त्रिवर्णाढ्यो नीलकण्ठः कण्ठं रक्षतु सर्वदा ॥ १० ॥
चिन्तामणिर्बीजरूपोऽर्धनारीश्वरो हरः[१] ।
सदा रक्षतु मे गुह्यं सर्वसम्पत्प्रदायकः ॥ ११ ॥

द्वाविंश वर्णात्मक रुद्र मेरे कुक्षि की रक्षा करें, तीन वर्णों वाले नीलकण्ठ सर्वदा मेरे कण्ठ की रक्षा करें । अर्धनारीश्वर हर जिनका बीजस्वरूप चिन्तामणि मन्त्र है तथा जो समस्त सम्पत्ति प्रदान करने वाले हैं वे हमारे गुह्य स्थान की सर्वदा रक्षा करें ॥ १०-११ ॥

एकाक्षरस्वरूपात्मा कूटव्यापी महेश्वरः ।
मार्तण्डो भैरवो नित्यं पादौ मे परिरक्षतु ॥ १२ ॥
तुम्बुराख्यो महाबीजस्वरूपस्त्रिपुरान्तकः[२] ।
सदा मारणभूमौ च रक्षतु त्रिदशाधिपः ॥ १३ ॥
ऊर्ध्वमूर्ध्वानमीशानो मम रक्षतु सर्वदा ।
दक्षिणास्यं तत्पुरुषोऽवतु मे गिरिनायकः ॥ १४ ॥

जो महेश्वर एकाक्षर (ॐ) स्वरूपात्मा हैं तथा कूट व्यापी हैं, वह मार्तण्ड भैरव मेरे दोनों पैरों की नित्य रक्षा करें । तुम्बुरु नाम वाले महाबीजस्वरूप त्रिपुरान्तक देवाधिदेव मारण भूमि में हमारी रक्षा करें । ईशान देव मेरे शिर के ऊपरी भाग (मूर्धा) की सर्वदा रक्षा करें । गिरिनायक ततुरुष मेरे मुख के दक्षिण भाग की रक्षा करें ॥ १२-१४ ॥

अघोराख्यो महादेवः पूर्वास्यं परिरक्षतु ।
वामदेवः पश्चिमास्यं सदा मे परिरक्षतु ॥ १५ ॥

---

१. अर्धेनारी, तादृश ईश्वरः, भगवान् शिवः। भगवतोऽर्धभागो नारीरूपः, अर्धश्च नररूपः।
२. त्रिपुरस्य त्रिपुराख्यस्यासुरस्य अन्तकः कालरूपः । अन्तं कायति इति अन्तकः ।

उत्तरास्यं सदा पातु सद्योजातस्वरूपधृक् ।
मृत्युजेता सदा पातु जलेऽरण्ये महाभये ॥ १६ ॥

अघोर नाम वाले महोदव मेरे मुख के पूर्वभाग की रक्षा करें । वामदेव मेरे मुख के पश्चिम भाग की सदा रक्षा करें । सद्योजात का स्वरूप धारण करने वाले (शिव) मेरे मुख के उत्तर भाग की रक्षा करें । मृत्यु को जीतने वाले (मृत्युञ्जय) जल में, अरण्य में तथा महाभय में सर्वदा मेरी रक्षा करें ॥ १५-१६ ॥

पर्वते विषमस्थाने विषहर्ता सदाऽवतु ।
कालरुद्रः सदा पातु सर्वाङ्गं कालदेवता ॥ १७ ॥
कालाग्निरुद्रः सम्पातु महाव्याधिभयादिषु ।
अकालतारकः पातु खड्गधारी सदाशिवः ॥ १८ ॥

पर्वतादि विषम स्थान में विषहर्ता सदैव मेरी रक्षा करें । काल के देवता कालरुद्र मेरे सर्वांग की रक्षा करें । कालाग्निरुद्र महाव्याधि से होने वाले समस्त भयों आदि में मेरी रक्षा करें । अकाल में तारने वाले खड्गधारी सदाशिव मेरी रक्षा करें ॥ १७-१८ ॥

कवची वामदेवश्च सदा पातु महाभये ।
कालभक्षः[१] पातु रुद्रो रुरुकः क्षेत्रपालकः ॥ १९ ॥
मातृकामण्डलं पातु सम्पूर्णचन्द्रशेखरः ।
चिरायुः शाकिनीभर्ता चायुषं पातु मे सदा ॥ २० ॥

महाभय में कवच धारण करने वाले वामदेव सदैव मेरी रक्षा करें । कालभक्षक रुद्र तथा रुद्रक नामक क्षेत्रपाल हमारी रक्षा करें । पूर्णिमा का चन्द्र धारण करने वाले चन्द्रशेखर मेरे मातृकामण्डल की रक्षा करें तथा चिरायु शाकिनी पति सर्वदा मेरे आयुष्य की रक्षा करें ॥ १९-२० ॥

सिंहस्कन्धः सदा पातु रुद्राणीवल्लभोऽवतु ।
भालं पातु वज्रदम्भालेखकः क्रान्तिरूपकः ॥ २१ ॥
निरूपकः सदा पातु खेचरीखेचरप्रियः ।
रत्नमालाधरः पातु रक्तमुखीश्वरोऽवतु[२] ॥ २२ ॥

सिंह के समान कन्धे वाले सदा मेरी रक्षा करें, रुद्राणी के वल्लभ मेरी रक्षा करें, क्रान्तिरूप वाले लेखक वज्रदम्भा मेरे भाल की रक्षा करें । रूपरहित खेचरी तथा खेचर से प्रेम करने वाले मेरी सदा रक्षा करें । रत्नों की माला धारण करने वाले मेरी रक्षा करें और रक्तमुखी ईश्वर मेरी रक्षा करें ॥ २२ ॥

वदनं चक्षुषी कर्णौ पातु पञ्चाननो मम ।
वेदध्वनिः सदा पातु नासारन्ध्रद्वयं मम ॥ २३ ॥

---

१. कालं भक्षयति योऽसौ कालभक्षः, कर्मण्यण् ।

२. रक्तं मुखं यस्याः सा रक्तमुखी तस्या ईश्वर इति षष्ठीतत्पुरुषः ।

कपालधारकः पातु गण्डयुग्मं युगान्तकृत् ।
रक्तजिह्वापतिः पातु ममोष्ठाधरवासिनम् ॥ २४ ॥

मेरे मुख, दोनों नेत्र एवं दोनों कानों की रक्षा पञ्चानन करें । वेदध्वनि नामक रुद्र मेरी दोनों नासिकाओं की सदा रक्षा करें । युगान्तकर्ता कपालधारी मेरे दोनों गण्ड स्थलों की रक्षा करें । रक्त जिह्वापति मेरे ओष्ठ तथा अधर की रक्षा करें ॥ २३-२४ ॥

दन्तावलियुगं पातु भृगुरामेश्वरः शिवः ।
तालुमूलं सदा पातु विश्वभोजी रसामृतम् ॥ २५ ॥
जिह्वाग्रं वाक्पतीशश्च भवानीशः शिवो मम ।
मुखवृत्तं सदा पातु महासेनः कवीश्वरः ॥ २६ ॥

भृगु तथा रामेश्वर मेरे समस्त दन्तावलियों की रक्षा करें । शिव तालुमूल की तथा विश्वभोजी रस और अमृत की सदा रक्षा करें । वाणी के पति तथा ईश्वर, भवानीश एवं शिव मेरे जिह्वाग्र की रक्षा करें । महासेन एवं कवीश्वर मेरे मुख के वृत्त की रक्षा करें ॥ २५-२६ ॥

क्रोधनाथः सदा पातु दक्षहस्तादिमूलकम् ।
दक्षकूर्परमापातु तदग्रं कुक्कुरेश्वरः ॥ २७ ॥
चिरजीवी सदा पातु चाङ्गुलीमूलदेशकम् ।
अङ्गुल्यग्रं सदा ब्रह्मा ब्रह्मलिङ्गधरः प्रभुः ॥ २८ ॥

क्रोधनाथ दाहिने हाथ के मूल की सदा रक्षा करें । दाहिने हाथ का कूर्पर (केहुनी) तथा उसके अग्रभाग की रक्षा कुक्कुरेश्वर करें । दाहिने हाथ की अंगुलियों के मूल की रक्षा चिरञ्जीवी करें । ब्रह्म का चिन्ह धारण करने वाले प्रभु ब्रह्मा दाहिने हाथ की अंगुलियों के अग्रभाग की सदा रक्षा करें ॥ २७-२८ ॥

विद्यापतिः पार्वतीशो[१] वामहस्तादिमूलकम् ।
पातु वामकूर्परं मे वामकेश्वर ईश्वरः ॥ २९ ॥
कुण्डवासी सदा पातु कूर्पराग्रं कुलाचलः ।
वेदमातृपतिः पातु कामधेनुपतिः प्रभुः ॥ ३० ॥

विद्यापति पार्वतीश बायें हाथ के मूलभाग की, वामकेश्वर नामक ईश्वर मेरे बायें हाथ के कूर्पर की रक्षा करें । कुण्डवासी और कुलाचल कूर्पर के अग्रभाग की सदा रक्षा करें । वेदमातृपति तथा काम धेनुपति प्रभु मेरी रक्षा करें ॥ २९-३० ॥

ममाङ्गुलीमूलदेशं पातु पञ्चमुखो मम ।
वामाङ्गुल्यग्रभागं मे पातु पर्वतपूजितः[२] ॥ ३१ ॥

---

१. पर्वतस्य पर्वतराजस्येयं पुत्री पार्वती, तस्या ईशः । पर्वाणि भवन्ति यस्मिन् सः पर्वतः । तत्पर्वमरुद्भ्यामिति तत्प्रत्ययः सप्तम्यर्थे ।

२. पर्वतेन पर्वतराजेन हिमाद्रिणा पूजितः समर्चितः, भगवान् शिवः ।

तनुमूलाग्रभागं मे कूर्मचक्रधर: प्रभु: ।
शाकिनीवल्लभ: पातु दक्षाङ्घ्रिमध्यदेशकम् ॥ ३२ ॥

पञ्चमुख हमारे अंगुलि प्रदेश के मूलभाग की रक्षा करें तथा पर्वतपूजित बायें अंगुली के अग्रभाग की रक्षा करें । कूर्मचक्रधर प्रभु शरीर के मूलाग्रभाग की रक्षा करें । शाकिनी वल्लभ दाहिने पैर के मध्य भाग की रक्षा करें ॥ ३२ ॥

गुल्फाग्रं गर्गरीनाथ: पादाग्रं मूलदेवता ।
अभयावल्लभ: पातु दक्षाङ्गुल्यग्रभागकम् ॥ ३३ ॥
पातु स्मरहरो योगी वामोरुमूलदेशकम्[1] ।
वामपादमध्यदेशं मध्यदेशेश्वरोऽवतु ॥ ३४ ॥

गर्गरीनाथ गुल्फ के अग्रभाग की और मूल देवता पैर के अग्रभाग की रक्षा करें । अभयावल्लभ दाहिनी अंगुलि के अग्रभाग की रक्षा करें । कामनाशक योगी बायें ऊरु के मूल प्रदेश की रक्षा करें तथा मध्यदेशेश्वर बायें पैर के मध्य देश की रक्षा करें ॥ ३३-३४ ॥

पातु मे भगवाञ्छम्भुर्मम गुल्फाग्रदेशकम् ।
मूलदेशं वामपादं पातु मेऽङ्गुष्ठमूलकम् ॥ ३५ ॥
कारणात्मा नीलकण्ठ: प्रभाधारी यमान्तक: ।
अङ्गुष्ठाग्रं सदा पातु सुषुम्नानाडिकेश्वर: ॥ ३६ ॥

भगवान् शम्भु हमारे गुल्फ के अग्रभाग की रक्षा करें । मूल देश वामपाद तथा अंगुष्ठ के मूल की शम्भु रक्षा करें । कारणात्मा नीलकण्ठ प्रभाधारी तथा यमान्तक हमारे अंगुष्ठ के अग्रभाग की रक्षा करें नाडिकेश्वर सुषुम्ना की सदा रक्षा करें ॥ ३५-३६ ॥

महारुद्रेश्वर: पातु मम नाभिमनोभवम् ।
उदरं गगनाधार: कामहर्ता हृदम्बुजम् ॥ ३७ ॥
सर्वानन्दात्मक: पातु मम स्कन्धयुगं शिव: ।
हृदयाद् दक्षहस्ताग्रपर्यन्तं पातु शोकहा ॥ ३८ ॥

महारुद्रेश्वर मेरी नाभि की एवं मनोरथ की रक्षा करें । गगनाधार उदर की रक्षा करें तथा कामहर्ता मेरे हृत्कमल की रक्षा करें । सर्वानन्ददायक शिव मेरे दोनों कन्धों की रक्षा करें और शोकहा शिव मेरे हृदय से लेकर दाहिने हाथ के अग्रभाग पर्यन्त रक्षा करें ॥ ३७-३८ ॥

हृदयाद् वामहस्ताग्रपर्यन्तं परमेश्वर: ।
हृदयान्मम दक्षाङ्घ्रिनखान्तं मे शिवोऽवतु ॥ ३९ ॥
सदानन्दा[2] सदा पातु हृदाद्यङ्घ्रिं तु उन्मद: ।
वासुकीवल्लभ: पातु हृदादिगुददेशकम् ॥ ४० ॥

---

१. वाम ऊरु: जघनम् तस्य मूलदेश:, स एव मूलदेशक:, तम् ।

२. सदा सर्वदा आनन्दो यस्यां सा, अथवा सदा आनन्दयति भक्तान् या सा सदानन्दा, पचाद्यच्—प्रत्यय: कर्तरि ।

परमेश्वर हृदय से लेकर बायें हाथ के अग्रभाग पर्यन्त रक्षा करें । शिव मेरे हृदय से लेकर दाहिने पैर के नखान्त पर्यन्त भाग की रक्षा करें । सदानन्द हृदय से लेकर पैर पर्यन्त भाग की रक्षा करें । उन्मद एवं वासुकीवल्लभ हृदय से लेकर गुदा पर्यन्त प्रदेश भाग की रक्षा करें ॥ ३९-४० ॥

अनन्तनाथ आपातु हृदादिमूर्धदेशकम्[१] ।
व्यापकः सर्वदा पातु सदाशिव उमापतिः ॥ ४१ ॥
तारात्मकः कायसिद्धः शक्तीशः शुक्रदेवता ।
पञ्चचूडः सदा पातु पञ्चतत्त्वाङ्गरूपकम् ॥ ४२ ॥

अनन्तनाथ हृदय से लेकर शीर्ष पर्यन्त भाग की रक्षा करें । व्यापक, सदाशिव एवं उमापति हमारी सर्वदा रक्षा करें । तारात्मक, कार्यसिद्ध, शक्तीश, शुक्रदेवता तथा पञ्चचूड़ हमारे पञ्चतत्त्वाङ्गरूप की रक्षा करें ॥ ४१-४२ ॥

शीर्षादिपादपर्यन्तं कामधेनुः सदाऽवतु ।
जलेऽरण्ये घोरवने सङ्कटे च महापथे ॥ ४३ ॥
प्रान्तरे पातु गुप्ताक्षः कामराजः परापरः ।
अर्धनारीश्वरः पातु मातृकापरमेश्वरः ॥ ४४ ॥

कामधेनु शिर से लेकर पैर पर्यन्त अङ्गों की रक्षा करें । जल में, अरण्य में, घोर वन में, सङ्कट उपस्थित होने पर, महापथ में और प्रान्तर (जल एवं छाया रहित प्रदेश) में गुप्ताक्ष, कामराज, परापर, अर्धनारीश्वर तथा मातृकापरमेश्वरी हमारी रक्षा करें ॥ ४३-४४ ॥

मातृकामन्त्रपुटितः स्वस्वस्थानं सदावतु ।
धर्मात्मा धर्मसन्धिं मे पिङ्गलां पातु चण्डिकाम् ॥ ४५ ॥
विह्वलः सर्वदा पातु भोलानाथः सदाऽवतु ।
सर्वदेशे सर्वपीठे कामरूपे विशेषतः ॥ ४६ ॥
सर्वदा योगिनीनाथः परमात्मा सदाऽवतु ।
कामरूपाख्यपीठादि पञ्चाशत् पीठदेवताः ॥ ४७ ॥

मातृकामन्त्रपुटित देव स्व स्व स्थान की रक्षा करें । धर्मात्मा देव धर्मसन्धि की तथा चण्डिका मेरे पिङ्गला की रक्षा करें । विह्वल भोलानाथ सभी देशों में, सभी पीठों में विशेष कर कामपीठ में हमारी सर्वदा रक्षा करें, सर्वदा रक्षा करें । योगिनीनाथ, परमात्मा तथा पञ्चाशत् पीठ देवता कामरूपादि नामक पीठों की रक्षा करें ॥ ४५-४७ ॥

पञ्चाशत्पीठमाया तु कामरूपं सदाशिवः ।
भवो रुद्रो महेशश्च शङ्करो मन्मथान्तकः ॥ ४८ ॥
गुह्यकेशः पापहर्ता कपाली शूलधारकः ।
पञ्चवक्त्रो दशभुजो भुजङ्गभूषणो हरः ॥ ४९ ॥

---

१. हृद् आदिर्यस्य तादृशो मूर्धा, स चासौ देशकश्चेति भावः ।

महाकालो महारुद्रो महावीरो हृदि स्थित: ।
महादेवो महागुह्यो महामाया महागुण: ॥ ५० ॥
पशुपतिर्विरूपाक्षो[1] हरीशो धवलेश्वर: ।
वटुकेश: क्रमाचार्य: पञ्चशूली हृदुद्भव: ॥ ५१ ॥
उन्मनीश: साहसिक: पराख्य: पर्वतेश्वर: ।
सर्वात्मा च महात्मा च शिवात्मा च श्मशानग: ॥ ५२ ॥
क्रोधवीर: कालकारी सूक्ष्मधर्मा धुरन्धर: ।
श्यामक: क्रूरहर्ता च गणेश: कालमाधव: ॥ ५३ ॥
ज्ञानात्मा कपिलात्मा च सिद्धात्मा योगिनीपति: ।
कोटिसूर्यप्रतीकाश एकपञ्चाशदीश्वरा:[2] ॥ ५४ ॥

पचास पीठ एवं ५१ वें कामरूप पीठ की निम्न पीठेश्वर रक्षा करें—१. सदाशिव, २. भव, ३. रुद्र, ४. महेश, ५. शङ्कर, ६. मन्मथान्तक, ७. गुह्यकेश, ८. पापहर्ता, ९. कपाली, १०. शूलधारक, ११. पञ्चवक्त्र, १२. दशभुज, १३. भुजङ्गभूषण, १४. हर, १५. महाकाल, १६. महारुद्र, १७. महावीर, १८. हृदि स्थित, १९. महादेव, २०. महागुह्य, २१. महामाया, २२. महागुण, २३. पशुपति, २४. विरूपाक्ष, २५. हरीश, २६. धवलेश्वर, २७. वटुकेश, २८. क्रमाचार्य, २९. पञ्चशूली, ३०. हृदुद्भव, ३१. उन्मनीश, ३२. साहसिक, ३३. पराख्य, ३४. पर्वतेश्वर, ३५. सर्वात्मा, ३६. महात्मा, ३७. शिवात्मा, ३८. श्मशानग, ३९. क्रोधवीर, ४०. कालकारि, ४१. सूक्ष्मधर्मा, ४२. धुरन्धर, ४३. श्यामक, ४४. क्रूरहर्ता, ४५. गणेश, ४६. कालमाधव, ४७. ज्ञानात्मा, ४८. कपिलात्मा, ४९. सिद्धात्मा, ५०. योगिनीपति एवं ५१. कोटिसूर्यप्रतीकाश—ये इक्यावन पीठेश्वर रक्षा करें ॥ ४८-५४ ॥

सदा पान्तु मातृकस्था: स्थितिसर्गलयात्मका: ।
आदिपीठं कामरूपं काञ्चीपीठं तदन्तिके ॥ ५५ ॥
अयोध्यापीठनगरं तदूर्ध्वे जालकन्धरम् ।
जालन्धरं तदूर्ध्वे तु सिद्धपीठं तदन्तिके ॥ ५६ ॥
कालीपीठं तदूर्ध्वे तु चण्डिकापीठमग्रके ।
अष्टपुरीमहापीठं कण्ठदेशं सदाशिव: ॥ ५७ ॥

मातृकाओं में निवास करने वाले, स्थिति, सर्ग तथा लय करने वाले, देवता निम्न आदिपीठों की रक्षा करें—१. कामरूप, उसके सन्निकट २. काञ्चीपीठ, ३. अयोध्यापीठ, उसके बाद ४. जालन्धर, फिर ५. जालन्धर, उसके बाद ६. सिद्धपीठ, उसके निकट ७. कालीपीठ, उसके बाद ८. चण्डिकापीठ—इन अष्टपुरी रूप महापीठों की रक्षा करें और कण्ठदेश की सदाशिव रक्षा करें ॥ ५५-५७ ॥

---

१. विरूपे विकृते अक्षिणी यस्य स इति बहुव्रीहि: । षच्प्रत्यय: समासान्त: ।

२. एकेनाधिका एकाधिका, सा चासौ पञ्चाशच्चेति एकपञ्चाशत्, तत्संख्याका ईश्वरा: मध्यमपदलोपिसमास: ।

सदा पातु महावीरः कालधर्मा परात्परः ।
मधुपुरीमहापीठं चाष्टपुरान्तरस्थितम् ॥ ५८ ॥
मायावतीमहापीठं[१] तदूर्ध्वे परिकीर्तितम् ।
वाराणसीमहापीठं[२] धर्मपीठं तदन्तिके ॥ ५९ ॥
ज्वालामुखीमहापीठं तदन्तःस्थं प्रकीर्तितम् ।
तदूर्ध्वे च महापीठं ज्वलन्तीपीठमेव च ॥ ६० ॥
तदूर्ध्वे पूणगिर्याख्यं कुरुक्षेत्रं तदन्तिके ।
उड्डियानं तदूर्ध्वे तु कमलापीठमेव च ॥ ६१ ॥
हरिद्वारं महापीठं बदरीपीठमेव च ।
व्यासपीठं नारदाख्यं तदूर्ध्वे वाडवानलम् ॥ ६२ ॥
हिङ्गुलादं तदूर्ध्वे तु लङ्कापीठं तदूर्ध्वके ।
तदूर्ध्वे शारदापीठं रतिपीठं तदूर्ध्वके ॥ ६३ ॥
लिङ्गपीठं कलापीठं द्वारकापीठमेव च ।
कपालपीठं हर्याख्ये वरदापीठमुत्तरे ॥ ६४ ॥
कालीपीठं तदूर्ध्वे तु तारापीठं तदूर्ध्वके ।
उग्रतारामहापीठं महोग्रापीठमेव च ॥ ६५ ॥
नीलसरस्वतीपीठं जरापीठं तदूर्ध्वके ।
तदूर्ध्वे गगनापीठं खेचरीपीठमेव च ॥ ६६ ॥
तदूर्ध्वे तारिणीपीठं सहस्रदलमध्यके ।
कर्त्रीपीठं तदूर्ध्वे च देवीपीठं तदूर्ध्वके ॥ ६७ ॥
राजराजेश्वरीपीठं षोडशीपीठमेव च ।
सहस्रदलमध्ये तु सहस्रपीठमेव च ॥ ६८ ॥
मध्ये एकजटापीठं कर्त्रीतीरकलोपरि ।

कालधर्मा परात्पर महावीर इन अष्टपुरियों के मध्य में स्थित १. मधुपुरी महापीठ की सदा रक्षा करें, उसके पश्चात् २. मायावती महापीठ, उसके बाद ३. वाराणसी महापीठ, उसके सन्निकटस्थ ४. धर्मपीठ, उसके भीतर रहने वाला ५. ज्वाला मुखी महापीठ, उसके बाद ६. महापीठ, ७. ज्वलन्ती पीठ, उसके बाद ८. पूर्णगिरि नामक पीठ, उसके सन्निकट ९. कुरुक्षेत्रपीठ, उसके बाद १०. उड्डीयानपीठ, ११. कमलापीठ, १२. हरिद्वार नामक महापीठ, १३. बदरीपीठ, १४. व्यासपीठ, १५. नारद नामक पीठ, १६. वाडवानल पीठ, १७. हिंगुलाद पीठ, उसके बाद १८. लङ्कापीठ, उसके बाद १९. शारदा पीठ, उसके बाद २०. रति पीठ, २१. लिङ्गपीठ, २२. कलापीठ, २३. द्वारकापीठ, २४. कपालपीठ, २५.

---

१. मायावती मायानगरी हरिद्वारपुरी, तस्या महापीठमिति भावः ।

२. वरं च तदनश्च वरानः, पवित्रजलम्, तददूरगता नगरी वाराणसी, तस्या पीठस्य महनीयत्यवात् महापीठता ।

हरिपीठ, इसके उत्तर में २६. वरदापीठ, २७. काली पीठ, उसके बाद २८. तारापीठ, उसके बाद २९. उग्रतारा महापीठ, ३०. महोग्रापीठ, ३१. नीलसरस्वती पीठ, ३२. जरापीठ, उसके बाद ३३. गगनापीठ, फिर ३४. खेचरीपीठ, फिर ३५. तारिणी पीठ, फिर सहस्र दल के मध्य में ३६. कर्त्रीपीठ, उसके बाद ३७. देवी पीठ, उसके बाद ३८. राजराजेश्वरी पीठ, फिर ३९. षोडशी पीठ, फिर सहस्र दल मध्य में ४०. सहस्रपीठ, मध्य में ४१. एकजटा पीठ, फिर ४२. कर्त्रीतीरकला पीठ ॥ ५८-६९ ॥

षोडशीमुखविद्याभिर्वेष्टिता तारिणीकला ॥ ६९ ॥
काली नीला महाविद्या त्वरिता छिन्नमस्तका[1] ।
वाग्वादिनी चान्नपूर्णा देवी प्रत्यङ्गिरा पुनः ॥ ७० ॥
कामाख्या वासली बाला मातङ्गी शैलवासिनी ।
षोडशी भुवनेशानी भैरवी बगलामुखी ॥ ७१ ॥
धूमावती वेदमाता हरसिद्धा च दक्षिणा ।
एता विद्या महाविद्याः शिवसेवनशोभिताः ॥ ७२ ॥

इसके बाद षोडशी आदि प्रमुख विद्याओं से परिवेष्टित १. तारिणीकला, फिर २. काली, ३. नीला, ४. महाविद्या, ५. त्वरिता, ६. छिन्नमस्तका, ७. वाग्वादिनी, ८. अन्नपूर्णा, ९. प्रत्यङ्गिरा देवी, १०. कामाख्या, ११. वासली, १२. बाला, १३. मातङ्गी, १४. शैलवासिनी, १५. षोडशी, १६. भुवनेशानी, १७. भैरवी, १८. बगलामुखी, १९. धूमावती, २०. वेदमाता, २१. हरसिद्धा तथा २२. दक्षिणा—इतनी विद्यायें महाविद्या के नाम से प्रसिद्ध हैं जो सदाशिव की सेवा से शोभित हैं ॥ ६९-७२ ॥

द्वाविंशतिमहाविद्या द्वारं द्वाविंशतिस्थलम् ।
महापीठे सहस्रारे सर्वदा पान्तु मां कलाः ॥ ७३ ॥
सदाशिवः शक्तियुक्तः पातु चण्डेश्वरो हरः ।
पञ्चामराधरः पातु देवीनाथः सदाऽवतु ॥ ७४ ॥

इस प्रकार कुल २२ महाविद्यायें हैं । उनके निवास स्थल भी २२ ही हैं तथा उनके निवास में भी २२ द्वार हैं । सहस्रार नामक महापीठ में समस्त कलायें हमारी रक्षा करें । शक्ति से युक्त सदाशिव एवं चण्डेश्वर हर हमारी रक्षा करें तथा पञ्चामराधर मेरी रक्षा करें और देवीनाथ सदा रक्षा करें ॥ ७३-७४ ॥

पार्वतीप्राणनाथो मे सर्वाङ्गं पातु सर्वदा ।
अघोरनाथ ईशानो वरदो मदनान्तकः ॥ ७५ ॥
यज्ञहर्ता दक्षखण्डो वीरभद्रो दिगम्बरः ।
अष्टादशभुजो रौद्रो नीलपङ्कजलोचनः ॥ ७६ ॥
त्रिलोचनः कालकामो महारुद्रो गणेश्वरः ।
काकिनीवल्लभः शूली योगकर्ता महेश्वरः ॥ ७७ ॥

---

१. छिन्नं मस्तकं यस्याः सा । एवंभूता भगवती छिन्नमस्तका इति कथ्यते ।

वागीश्वरः स्मरहरो महामन्त्रो हलायुधः ।
श्रीनाथः पूजितो बालो बालेन्द्रो बलवाहनः ॥ ७८ ॥
बलरामः कृष्णरामो गोविन्दो माधवीश्वरः ।
जितामित्रेश्वरश्चूडामणीशो मानदः सुखी ॥ ७९ ॥
मुखं वृन्दावनं पातु षड्दलाम्भोरुहस्थितम्[१] ।
वैष्णवीवल्लभः पातु ब्रह्माणं कुलकुण्डली ॥ ८० ॥

१. पार्वती, प्राणनाथ सर्वदा हमारे सर्वांगों की रक्षा करें । २. अघोरनाथ, ३. ईशान, ४. वरद, ५. मदनान्तक, ६. यज्ञहर्ता, ७. दक्षखण्ड, ८. वीरभद्र, ९. दिगम्बर, १०. अष्टादशभुज रौद्र, ११. नीलपङ्कजलोचन, १२. त्रिलोचन, १३. कालकाम, १४. महारुद्र, १५. गणेश्वर, १६. काकिनीवल्लभ, १७. शूली, १८. योगकर्ता, १९. महेश्वर, २०. वागीश्वर, २१. स्मरहर, २२. महामन्त्र, २३. हलायुध, २४. श्रीनाथ, २५. पूजित, २६. बाल, २७. बालेन्द्र, २८. बलवाहन, २९. बलराम, ३०. कृष्णराम, ३१. गोविन्द, ३२. माधवीश्वर, ३३. जितामित्रेश्वर, ३४. चूडामणीश, ३५. मानद तथा ३६. सुखी—ये सभी (३६ देव) षड्दल कमल पर स्थित मुखरूप वृन्दावन की रक्षा करें और वैष्णवीवल्लभ कुलकुण्डली ब्रह्म की रक्षा करें ॥ ७५-८० ॥

विष्णुनाथः सदा पातु ब्रह्माग्निं गरुडध्वजः ।
ज्वालामालाधरः पातु कालानलधरोऽवतु[२] ॥ ८१ ॥
काकिनीवल्लभः पातु ईश्वरो भैरवेश्वरः ।
महारुद्रो नीलकण्ठो[३] मणिपूरं सुलाकिनीम् ॥ ८२ ॥
सदा पातु मणिगृहं रुद्राणीप्रियवल्लभः ।
महारुद्रो नीलकण्ठो महाविष्णुं सदावतु ॥ ८३ ॥

विष्णुनाथ गरुडध्वज ब्रह्माग्नि की रक्षा करें । ज्वाला मालाधर हमारी रक्षा करें । कालानलधर हमारी रक्षा करें । काकिनीवल्लभ, ईश्वर, भैरवेश्वर, महारुद्र और नीलकण्ठ मेरे मणिपूर की तथा सुलाकिनी की रक्षा करें । रुद्राणीप्रियवल्लभ मणिगृह की सदा रक्षा करें । महारुद्र नीलकण्ठ महाविष्णु की सदैव रक्षा करें ॥ ८१-८३ ॥

राकिणीं विष्णुलक्ष्मीं च पातु मे वैष्णवीं कलाम् ।
सदाशिवो नीलकण्ठो मम पातु हृदि स्थलम् ॥ ८४ ॥
ईश्वरं परमात्मानं मम रक्षतु शाकिनीम् ।
सदाशिवं सदा पातु द्विदलस्थोऽपरो हरः ॥ ८५ ॥

---

१. षड्दलानि यस्मिन् तत्, तादृशमम्भोरुहं कमलम्, तत्र स्थितम् ।

२. कालोऽन सः परो यस्मिन् । परत्वं प्रवानत्वम् ।

३. क्षीरसागरान्निःसृतं विषं पीत्वा भगवान् शिवो नीलग्रीवादिनामभिर्भूषितोऽभवत् । यतो हि विषस्य कण्ठ एवावरोधः कृतो भगवता, यदि उदरे तस्य प्रवेशः स्यात्तदा तत्रत्यानि नानाब्रह्माण्डानि भस्मीभूतानि भविष्यन्तीति मत्वा कण्ठ एवावरोधः कृतः, अतश्च नीलकण्ठेत्यादि नाम सुशोभितमभवत् ।

इसी प्रकार शरीर स्थित राकिणी, विष्णु एवं लक्ष्मी मेरी वैष्णवी कला की रक्षा करें । सदाशिव नीलकण्ठ मेरे हृदय स्थल की रक्षा करें । दो दल पर रहने वाले अपर हर मेरे शरीर में स्थित ईश्वर, परमात्मा, शाकिनी तथा सदाशिव की सर्वदा रक्षा करें ॥ ८४-८५ ॥

हाकिनीशक्तित: पातु सहस्रारं शिवोऽवतु ।
तारानाथविधि: पातु सहस्रारनिवासिनीम् ॥ ८६ ॥
महाकाशं सदा पातु तदधो वायुमण्डलम् ।
वह्निमण्डलमापातु तदध: शाकिनीश्वर: ॥ ८७ ॥
तदात्मक: सदा पातु कीलालं कौलदेवता ।
पृथिवीं पार्थिव: पातु सर्वदैकं सदाशिव: ॥ ८८ ॥

शिव अपनी हाकिनी शक्ति से मेरे सहस्रार की रक्षा करें । तारानाथ के विधाता सहस्रार स्थित देवी की रक्षा करें । शाकिनीश्वर महाकाश की रक्षा करें और उसके नीचे रहने वाले वायु मण्डल की रक्षा करें तथा उसके नीचे अग्निमण्डल की रक्षा करें । तदात्मक कौलदेवता सदैव मेरे कीलाल (जीवन) की रक्षा करें, पार्थिव पृथ्वी की रक्षा करें तथा सदाशिव अकेले मेरी रक्षा करें ॥ ८६-८८ ॥

इत्थं रक्षाकरं नाथ कवचं देवदुर्लभम् ।
प्रात:काले पठेद्यस्तु सोऽभीष्टं फलमाप्नुयात् ॥ ८९ ॥
पूजाकाले पठेद्यस्तु कवचं साधकोत्तम: ।
कीर्तिश्रीकान्तिमेधायुर्बृहितो भवति ध्रुवम् ॥ ९० ॥

महावीर कवच की फलाश्रुति—हे नाथ ! इस प्रकार का रक्षा करने वाला कवच सर्वथा दुर्लभ है प्रात: काल में जो इसका पाठ करता है वह अपना अभीष्ट फल प्राप्त कर लेता है । जो उत्तम साधक पूजा के समय इस कवच का पाठ करता है वह कीर्ति से, श्री से, कान्ति से, मेधा से तथा आयु से निश्चय ही वृद्धि प्राप्त करता है ॥ ८९-९० ॥

अप्रकाश्यं महावीरकवचं सर्वसिद्धिदम् ।
ज्ञानमात्रेण भूर्लोके जेता कालस्य योगिराट् ॥ ९१ ॥
अस्य धारणमात्रेण कालसूत्रान्तको भवेत् ।
अस्य धारणपाठेन सर्वज्ञो भवति ध्रुवम् ॥ ९२ ॥
सर्वे व्यासवशिष्ठादिमहासिद्धाश्च योगिन: ।
पठित्वा धारयित्वा ते प्रधानास्तत्त्वचिन्तका: ॥ ९३ ॥

सभी सिद्धियों को देने वाला यह महावीर कवच किसी को भी नहीं कहना चाहिए । इसके ज्ञान मात्र से साधक योगिराज बन जाता है तथा इस भूलोक में काल का जेता बन जाता है । इसके धारण करने मात्र से साधक कालसूत्र का अन्त कर देता है । किं बहुना इसके धारण करने से निश्चित रूप से सर्वज्ञ हो जाता है । सभी व्यास तथा वशिष्ठादि महासिद्ध एवं योगीजन इसके पढ़ने से अथवा धारण करने से प्रधान तत्त्व-चिन्तक बन गए ॥ ९१-९३ ॥

कण्ठे यो धारयेदेतत् कवचं त्वत्स्वरूपकम् ।
मद्वक्त्राम्भोरुहोद्भूतं विद्यावाक्सिद्धिदायकम् ॥ ९४ ॥
युद्धे विजयमाप्नोति द्यूते वादे च साधकः ।

आपके स्वरूप वाले, मेरे मुख कमल से उच्चरित एवं विद्या वाणी की सिद्धि प्रदान करने वाले इस कवच को जो कण्ठ में धारण करता है, वह साधक युद्ध में विजय प्राप्त करता है, द्यूत में तथा वाद विवाद में विजयी बन जाता है ॥ ९४-९५ ॥

कवचं धारयेद्यस्तु साधको दक्षिणे भुजे ॥ ९५ ॥
देवा मनुष्या गन्धर्वास्तस्य वश्या न संशयः ।
कवचं शिरसा यस्तु धारयेद् यतमानसः ॥ ९६ ॥
करस्थास्तस्य देवेशि अणिमाद्यष्टसिद्धयः[1] ।
भूर्जपत्रे त्विमां विद्यां शुक्लपट्टेन वेष्टिताम् ॥ ९७ ॥
रजतोदरसंविष्टां कृत्वा च धारयेत् सुधीः ।
सम्प्राप्य महतीं लक्ष्मीमन्ते तव शरीरधृक् ॥ ९८ ॥

जो साधक अपने दाहिने हाथ में इस कवच को धारण करता है उसके वश में देवता मनुष्य तथा गन्धर्व सभी वशीभूत हो जाते हैं इसमें संशय नहीं । जो साधक शुद्ध मन से इस कवच को शिर पर धारण करता है, हे देवेशि ! अणिमादि अष्टसिद्धियाँ उसके वश में हो जाती हैं । इस विद्या को भोजपत्र पर लिखे, फिर शुक्ल रेशमी वस्त्र में लपेट कर चाँदी से निर्मित यन्त्र में रखकर यदि सुधी साधक धारण करे तो महती लक्ष्मी प्राप्त करता है और अन्त में आप में सायुज्य प्राप्त कर लेता है ॥ ९५-९८ ॥

यस्मै कस्मै न दातव्यं न प्रकाश्यं कदाचन ।
शिष्याय भक्तियुक्ताय साधकाय प्रकाशयेत् ॥ ९९ ॥
योगिने ज्ञानयुक्ताय देयं धर्मात्मने सदा ।
अन्यथा सिद्धिहानिः स्यात्सत्यं सत्यं न संशयः[2] ॥ १०० ॥

यह कवच जिस किसी को नहीं देना चाहिए, इसे किसी भी प्रकार से प्रकाशित भी नहीं करना चाहिए, भक्ति युक्त शिष्य साधक को प्रकाशित करना चाहिए । योगी को ज्ञानी को तथा धर्मात्मा को इस कवच का उपदेश करना चाहिए । अन्य अपात्रों को उपदेश करने पर सिद्धि नष्ट हो जाती है, यह सत्य है, यह सत्य है, इसमें संशय नहीं ॥ ९९-१०० ॥

तव स्नेहान्महादेव कथितं कवचं शुभम् ।
न देयं कवचं सिद्धं यदीच्छेदात्मनो हितम् ॥ १०१ ॥
यदि भाग्यफलेनापि कवचं यदि लभ्यते ।
धूर्तो वा कपटी वापि खलो वा दुर्ग्रहस्थितः ॥ १०२ ॥

---

१. अणिमा आदिर्यासां ता अणिमादयः, ताश्चाष्टसिद्धायश्च इति ब्रहुव्रीहिगर्भस्तत्पुरुषः ।
२. गन्धश्चन्दनादिः, पुष्पं कमलादि ते आद्ये येषां तैः । द्वन्द्वगर्भो बहुव्रीहिः ।

निजकर्मफलत्यागमवश्यं खलु कारयेत् ।
तदा सिद्धिमवाप्नोति धर्मधाराधरो भवेत् ॥ १०३ ॥
सिद्धिपूजाफलं तस्य दिवसे दिवसे सुधी: ।
धूर्ततां खलतां मिथ्यां कापट्यं स विहाय च ॥ १०४ ॥

हे महादेव ! आपके स्नेह से मैने यह कल्याणकारी कवच प्रकाशित किया । अपना कल्याण चाहने वाला यह सिद्ध कवच किसी को भी प्रकाशित न करे । यदि धूर्त, कपटी, खल अथवा दुष्ट पुरुष को किसी भाग्य बल के फल से यह कवच प्राप्त भी हो जावे तो उसे अपने कर्म का फल धूर्तता, कापट्य, खलता तथा दुष्टता छोड़ देनी चाहिए, तभी उसे सिद्धि प्राप्त हो सकती है, जब वह धर्म के आधार को धारण करे । जो सुधी साधक अपनी धूर्तता खलता, असत्यता, कापट्य का परित्याग करता है उसे ही इस कवच से दिन प्रतिदिन सिद्धि प्राप्त होती है ॥ १०१-१०४ ॥

राजराजेश्वरो भूत्वा जीवन्मुक्तो न संशय: ।
योऽर्चयेद् गन्धपुष्पाद्यै:[१] कवचं मन्मुखोदितम् ॥ १०५ ॥
तेनार्चिता महादेव सर्वदेवा न संशय: ।
राजसिकं[२] मानसिकं तामसिकं परन्तप: ॥ १०६ ॥

ऐसा साधक राजराजेश्वर बन जाता है । जीवन्मुक्त हो जाता है, इसमें संशय नहीं । मेरे मुख से उपदिष्ट इस कवच की जो गन्ध पुष्पादि उपचारों से अर्चना करते हैं । हे महादेव ! उन्होंने सभी देवताओं की अर्चना कर ली इसमें संशय नहीं । राजसिक, मानसिक तथा तामसिक भेद से यह अर्चना तीन प्रकार की कही गई है ॥ १०५-१०६ ॥

हृद्ये मानसिकं ध्यायन् पूजा राजसिकं स्मृतम् ।
तामसिकं लोकमध्ये कवचार्चा त्रिधा मता ॥ १०७ ॥

हृदय में ध्यान करना मानसिक अर्चना है, गन्ध पुष्पादि द्वारा पूजन राजसिक अर्चना है, लोक मध्य में अपने को प्रख्यापित करना यह तामसिक अर्चना है । इस प्रकार कवच की अर्चा तीन भेदों वाली है ॥ १०७ ॥

सिद्धकवचमाख्यातं केवलं ज्ञानसिद्धये ।
मोक्षाय जगतां शम्भो: प्रियाय परमेश्वर ॥ १०८ ॥
तन्त्रेऽस्मिन् सारसङ्केतं पूजाऽप्यारोपणादिकम् ।
अन्त:करणमध्ये तु सर्वकार्यमुदीरयेत् ॥ १०९ ॥

हे परमेश्वर ! हमने ज्ञान सिद्धि के लिए, संसारी जनों के मोक्ष के लिए और सदाशिव की प्रीति के लिए इस कवच को कहा है । हमने इस तन्त्र में सार मात्र का सङ्केत

---

१. 'सदाशिव' इति सम्बोधनान्त: पाठ: ।

२. सामान्ये नपुंसकम् । अतश्च कवचार्या इति विशेष्यपदेन सह समानाधिकरणो नास्ति विरोध: ।

किया है, पूजादि का भी आरोपण मात्र किया है, अतः साधक को सारी क्रियायें अपने अन्तःकरण में ही करनी चाहिए ॥ १०८-१०९ ॥

राज्ये च प्रपठेत् स्तोत्रं कवचं ज्ञानसिद्धये ।
इति ते कथितं नाथ परमात्मनि मङ्गलम् ॥ ११० ॥
यस्याराधनमात्रेण शिवत्वमुत किं प्रभो ॥ १११ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे सदाशिवकवचपाठो नाम चतुःसप्ततितमः पटलः ॥ ७४ ॥

राज्य के लिए तथा ज्ञानसिद्धि के लिए इस स्तोत्र स्वरूप कवच का पाठ करना चाहिए । इस प्रकार हे नाथ ! यहाँ तक परमात्मा के मङ्गल दायक कवच को हमने कहा है। जिसकी आराधना से साधक को शिवत्व भी प्राप्त हो जाता है, हे प्रभो ! फिर अन्य की बातें ही क्या ? ॥ ११०-१११ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्रप्रकरण में षट्चक्र प्रकाश में भैरवी भैरव संवाद में सदाशिवकवचपाठ नामक चौहत्तरवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ७४ ॥

अथ पञ्चसप्ततितमः पटलः

आनन्दभैरव उवाच

कथितं शारदं धाम अप्रकाश्यं [1]फलोदयम् ।
इदानीं कथय प्राणवल्लभे वरदा भव ॥ १ ॥
कण्ठाभोजे कीदृशी या सभा परममोहिनी ।
गायन्ती योगिभिर्नित्यं परमानन्दवर्धिनी ॥ २ ॥
सभोत्कृष्टां सिद्धसभां वर्तय ब्रह्मवादिनि ।
तदा मे सफलं ज्ञानं सफलं सारनिर्णयम् ॥ ३ ॥
यदि सा कथ्यते देवि सभा सर्वप्रतिष्ठिता ।

आनन्दभैरव ने कहा—हे प्राणवल्लभे ! आपने अत्यन्त गोपनीय किन्तु फलदायी शारदा का धाम कहा था, अतः मुझे वरदान दीजिए । कण्ठ कमल में रहने वाली वह सभा किस प्रकार की है जो सबको मोहित करने वाली है ? जो नित्य गान करती है और योगियों से युक्त होने के कारण परमानन्द का वर्धन करती है ? । हे ब्रह्मवादिनि ! सभाओं में सर्वोत्तम उस सिद्ध सभा का वर्णन कीजिए । हे देवी ! मेरा ज्ञान एवं तत्त्व निर्णय तभी सफल होगा जब आप सर्व प्रतिष्ठित उस सभा का वर्णन करेंगी ॥ १-४ ॥

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

श्रूयतां देवदेवेश सर्वानन्दप्रपूरक ॥ ४ ॥
सभा ज्ञानमयी नित्या षोडशारप्रकाशिनी ।
विस्तीर्णा सप्ततिं चैव योजनानां शितप्रभा ॥ ५ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—हे देवदेवेश ! हे सर्वानन्दप्रपूरक ! वह सभा ज्ञानमयी है, नित्या है तथा षोडशार की प्रकाशिका है । वह ७० योजन विस्तार वाली है तथा स्वच्छ प्रभा से देदीप्यमान है ॥ ४-५ ॥

तपसा निर्मिता लक्ष्मीर्ज्ञानमङ्गलमण्डिता ।
राशिप्रभा खेचरी सा कैलासशिखरोपमा ॥ ६ ॥

उसका निर्माण तपस्या द्वारा हुआ है, वह लक्ष्मी से परिपूर्ण तथा ज्ञान और मङ्गल से

---

१. फलस्योदयो यस्मिन् तद् धाम शरदमप्रकाश्यम्, गोपनीयमिति भावः । उत्कृष्टं तत्त्वं सर्वं गोपनीयमेव भवति, तत एव तस्य सुरक्षा स्यात् ।

मण्डित है । कैलास के शिखर के समान ऊँची है, आकाश में चलने वाली है तथा समस्त राशियों में प्रभा विकीर्ण करती है ॥ ६ ॥

गुह्यकैरूह्यमाना सा मधुरध्वनिपूरणी ।
दिव्यहेममयैरुच्चैः पादपैरुपशोभिता ॥ ७ ॥
रश्मिमती भास्वती च दिव्यगन्धमनोरमा ।
शिताभ्रशिखराकारा हेमतोरणशोभिता ॥ ८ ॥

उसे गुह्यक लोग वहन करते हैं, वह मधुर ध्वनि से पूर्ण है, दिव्य एवं हेममय ऊँचे ऊँचे वृक्षों से शोभित है । रश्मियों वाली है, भास्वती है, दिव्य गन्ध से मनोरम है, श्वेत बादलों के शिखर के आकार वाली है तथा सुवर्ण के तोरण लगे हुए हैं ॥ ७-८ ॥

दिव्यहेममयैः शृङ्गैर्विद्युद्भिरिव चित्रिता ।
षोडशारकर्णिकायां प्रतिभा विश्वजित्वरी[१] ॥ ९ ॥
तस्यां सदाशिवो नाथो विचित्राभरणायुधः ।
स्त्रीसहस्रावृतः श्रीमानास्ते ज्वलितकुण्डलः ॥ १० ॥

दिव्य हेम निर्मित शृङ्गों से वह बिजली के समान चित्रित है । उसके षोडशार की कर्णिका में विश्व को जीतने वाली प्रतिभा है । उस सभा में विचित्र आभूषण एवं विचित्र आयुधों से भूषित, देदीप्यमान कुण्डलों वाले सहस्रों स्त्रीगणों से घिरे हुए भगवनान् सदाशिव निवास करते हैं ॥ ९-१० ॥

दिवाकरनिभे रम्ये दिव्यास्तरणसंयुते ।
दिव्यपादोपधाने च निषण्णः परमासने ॥ ११ ॥
मन्दाराणामुदाराणां वनानि सुरभीणि च ।
सौगन्धिकानां चादाय गन्धान् गन्धवहः शुचिः ॥ १२ ॥
नलिन्याश्चाणकाख्यायाश्चन्दनानां वनस्य च ।
मनोहृदयसंह्लादी वायुस्तमुपसेवते ॥ १३ ॥

दिवाकर के समान रमणीय, दिव्य आस्तरणों वाले, दिव्य पादों वाले तथा दिव्य उपधान (तकिया) से संयुक्त परमासन पर वे बैठे हुए हैं । उस सभा के चारों ओर स्थित रहने वाले पारिजात तथा अन्य सुगन्धित वृक्षों, कमल वनों एवं चन्दन वनों के सुगन्धि से परिपूर्ण, अत्यन्त शुचि और मन को प्रसन्न करने वाला वायु सदाशिव की सेवा में संलग्न रहता है ॥ ११-१३ ॥

तत्र देवाः सगन्धर्वा गणैरप्सरसां वृताः ।
दिव्यतालेन गायन्ति गीतानि परमेश्वर ॥ १४ ॥

---

१. जयति तच्छीला जित्वरी, "इण्नश्जिसर्तिभ्यः क्वरप्" इति पाणिनिसूत्रेण कर्तरि क्वरप्प्रत्ययः । "ह्रस्वस्य पिति कृति तुक्" इति तुगागमः, डीप् च, विश्वस्य जित्वरी जयनशीला इति ।

हे परमेश्वर ! उस सभा में गन्धर्वों के गणों से तथा अप्सराओं से संयुक्त देवतागण दिव्यतालों से नाना प्रकार के गीत गाते रहते हैं ॥ १४ ॥

मिश्रकेशी च रम्भा च चित्रसेना शुचिस्मिता ।
चारुनेत्रा घृताची च मेनका मुञ्जिकस्तनी ॥ १५ ॥
विश्वाची सहजन्या च प्रम्लोचा उर्वशी इरा ।
वर्गा च सौरभेयी च समीची बुद्धिदा लता ॥ १६ ॥
रत्नावती महामाया कमला गन्धकेशिका ।
बाणमाता महाभर्गा ज्योतिः प्रज्ञा भवाऽभवा ॥ १७ ॥
प्रभवा सम्भवा गुञ्जा साराङ्गी सारविक्रमा ।
त्रिलोचनी त्रिवेदिस्था अम्बिका सप्तशायका ॥ १८ ॥
विरला वरदा माया सिद्धा कात्यायनी तथा ।
योगिनी खेचरी सिद्धा जीवाङ्गी दीर्घलोचनी ॥ १९ ॥
रमणी च हिरण्याक्षी पद्मवक्त्रा हिरण्मयी ।
एताः सहस्रश्चान्या नृत्यगीतविशारदाः[1] ॥ २० ॥
ईशानमुपतिष्ठन्ति गन्धर्वाप्सरसाङ्गणाः ।
अनिशं दिव्यवादित्रैर्नृत्यगीतैश्च सा सभा ॥ २१ ॥

मिश्रकेशी, रम्भा, चित्रसेना, शुचिस्मिता, चारुनेत्रा, घृताची, मेनका, मुञ्जिकस्तनी, विश्वाची, सहजन्या, प्रम्लोचा, उर्वशी, इरा, वर्गा, सौरभेयी, समीची, बुद्धिदा, लता, रत्नावली, महामाया, कमला, गन्धकेशिका, बाणमाता, महाभर्गा, ज्योति, प्रज्ञा, भवा, अभवा, प्रभवा, संभवा, गुञ्जा, साराङ्गी, सारविक्रमा, त्रिलोचनी, त्रिवेदिस्था, अम्बिका, सप्रशायका, विरला, वरदा, माया, सिद्धा, कात्यायनी, योगिनी, खेचरी, सिद्धा, जीवाङ्गी, दीर्घलोचनी, रमणी, हिरण्याक्षी, पद्मवक्त्र और हिरण्मयी इतनी तथा अन्य नृत्य गीत में विशारद सहस्रों गन्धर्व एवं अप्सराओं के समूह भगवान् सदाशिव की सेवा करती रहती हैं । इस प्रकार सर्वदा वह सभा दिव्य बाजों से, दिव्य नृत्यों एवं दिव्य गीतों से परिपूर्ण रहती है ॥ १५-२१ ॥

अशून्या रुचिरा भाति गन्धर्वाप्सरसां गणैः ।
किन्नरोरगगन्धर्वा नरा नाम तथा परे ॥ २२ ॥

गन्धर्व एवं अप्सरागणों से सदैव परिपूर्ण रहने के कारण वह सभा अत्यन्त ही मनोरम है । उसमें किन्नर, उरग, गन्धर्व, मनुष्य तथा अन्य लोग भी सदाशिव की उपासना करते रहते हैं ॥ २२ ॥

मानभद्रोऽथ धनदः श्वेतभद्रोऽथ गुह्यकः ।
काशवलो गण्डकण्डूः पत्योद्रश्च महाबलः ॥ २३ ॥

---

१. नृत्यं च गीतं च नृत्यगीते तत्र विशारदा इति सप्तमीसमासः, योगविभागस्य भाष्येऽदर्शनात् सह सुपेत्यत्र सुपेति विभक्तयोगेन समासो बोध्यः ।

कुस्तुम्बुरुः पिशाचाश्च गजकर्णो विशानकः ।
वराहकर्णस्ताम्रौष्ठः फलभक्षः फलोदकः ॥ २४ ॥
अङ्गचूडः शिखावर्तो हेमनेत्रो विभीषणः ।
पुष्पाननः पिङ्गलकः शोणितोदः प्रवालकः ॥ २५ ॥
वृकवांश्चानिकेतश्च चीरवासाश्च भावतः ।
भरद्वाजो वारिधरी महामायो धनञ्जयः ॥ २६ ॥
कपिलः कपिलाचार्यो महायोगी क्षमाधरः ।
एते चान्ये च बहवो यक्षा शतसहस्रशः ॥ २७ ॥

मानभद्र, धनद, श्वेतभद्र, गुह्यक, काशवल, गण्डकण्डू, पत्योद्र, महाबल, कुस्तुम्बुरु, पिशाच, गजकर्ण, विशानक, वराहकर्ण, ताम्रौष्ठ, फलभक्ष, फलोदक, अङ्गचूड, शिखावर्त, हेमनेत्र, विभीषण, पुष्पानन, पिङ्गलक, शोणितोद, प्रवालक, वृकवान्, अनिकेत, चीरवासा, भावत, भरद्वाज, वारिधरी, महामाया, धनञ्जय, कपिल, कपिलाचार्य, महायोगी एवं क्षमाधर —ये तथा अन्य भी सहस्रों सैकड़ों की संख्या में यक्ष उस सभा में सदाशिव की उपासना करते हैं ॥ २३-२७ ॥

सदा भगवती लक्ष्मीस्तथैव नलकूबरः ।
तयोः परिजनाः सर्वे वारुणीमद्यकारकाः ॥ २८ ॥
अतो मधुपुरी नाम चाष्टपूरं मधुस्थलम् ।
तद्बाह्ये सा सभा भाति चन्द्रकोटिसमोदया ॥ २९ ॥

भगवती लक्ष्मी और उसी प्रकार नलकूबर नामक यक्ष एवं उन दोनों के वारुणीमद्य निर्माण करने वाले समस्त परिजन भी वहीं रहते हैं इसलिए उसे मधुपुरी कहते हैं । वहाँ का मधुस्थल आठ प्रकार के मद्यों से परिपूर्ण रहता है । उस मधुपुरी के वाहरी भाग में करोड़ों उदीयमान चन्द्रमा से प्रकाशित वह सभा शोभित है ॥ २८-२९ ॥

अहञ्च निवसाम्यस्यां भवन्त्यन्ये च मद्विधाः ।
ब्रह्मर्षयो भवन्त्यत्र तथा देवर्षयो परे ॥ ३० ॥
क्रव्यादा राक्षसाश्चान्ये गन्धर्वाश्च महाबलाः ।
उपासन्ते महात्मानं तस्यां शिवदमीश्वरम् ॥ ३१ ॥

मैं भी उस सभा में रहती हूँ तथा हमारे सदृश अन्य भी वहाँ रहते हैं । वहाँ ब्रह्मर्षि, देवर्षि तथा अन्य भी निवास करते हैं । मांसभक्षी राक्षस तथा अन्य महाबलवान् गन्धर्व उस सभा में कल्याण प्रदान करने वाले उन महात्मा सदाशिव की उपासना करते रहते हैं ॥ ३१ ॥

भगवान् भूतसङ्घैश्च वृतः शतसहस्रशः ।
उमापतिः पशुपतिः शूलधृग् भगनेत्रहा ॥ ३२ ॥
त्र्यम्बको राजशार्दूलो देवी च विगतक्रमा[१] ।
वामनैर्विकटैः कुब्जैः प्रियय‍क्षैर्महाबलैः ॥ ३३ ॥

---

१. विगतः क्रमो येषां ते—क्रमस्य वैशिष्ट्यमत्राविवक्षितमिति भावः ।

सैकड़ों सहस्रों की संख्या वाले भूत समुदायों के साथ उमापति, पशुपति, शूलधारी, भगनेत्रहर्ता, तीन नेत्रों वाले त्र्यम्बक, राजशार्दुल, सदाशिव तथा विगत क्रम वाली देवी पार्वती, वामन, विकट, कुब्ज इन महाबलवान् प्रिय यक्षों से घिरी हुई वहाँ निवास करती हैं ॥ ३२-३३ ॥

मेदोमांसासवैरुग्रैरुग्रधन्वा[१] महाबलः ।
नानाप्रहरणैर्घोरैर्घातैरिव महाजवैः ॥ ३४ ॥
वृतः सहायैस्तत्रास्ते सदैव श्रीसदाशिवः ।
प्रकृष्टाः सततञ्चा(पि?)प्यवन्तु शम्भुपरिच्छदाः ॥ ३५ ॥

मेद, मांस एवं आसव के सेवन से उग्र स्वभाव वाले तथा अनेक प्रकार के घोर आयुधों वाले रक्षकों से तथा अन्य सहायकों से सदैव घिरे हुए उग्रधन्वा सदाशिव उस सभा में निवास करते हैं । ये सदाशिव के संरक्षक अत्यन्त प्रकृष्ट हैं और उनकी रक्षा में सदैव संलग्न रहते हैं ॥ ३४-३५ ॥

गन्धर्वाणाञ्च पतयो विश्वावसुर्हाहा हुहूः ।
तुम्बुरुः पर्वतश्चैव शैलूरश्च तथापरः ॥ ३६ ॥
चित्रसेनश्च गीतज्ञस्तथा चित्ररथोऽपि च ।
एते चान्ये च गन्धर्वाः सदाशिवमुपासते ॥ ३७ ॥

इसी प्रकार उस सभा में गन्धर्वों के स्वामी विश्वावसु, हाहा, हुहू, तुम्बुरु, पर्वत, शैलूर तथा अन्य, चित्रसेन, गीतज्ञ चित्ररथ इतने तथा अन्य भी गन्धर्व सदाशिव की उपासना में लगे रहते हैं ॥ ३६-३७ ॥

विद्याधराधिपश्चैव चक्रवर्मा (हि)मानुगः ।
उपासतुस्ततस्तस्यां प्रभुं धनदमीश्वरम् ॥ ३८ ॥
हिमवान् पारिभद्रश्च विन्ध्यकैलासमन्दराः ।
किन्नराः शतशस्तत्र ज्ञानिनामीश्वरं प्रभुम् ॥ ३९ ॥

इसी प्रकार विद्याधरों के स्वामी चक्रवर्मा हिमानुग भी धन देने वाले प्रभु सदाशिव की उस सभा में उपासना करते हैं । हिमवान्, पारिभद्र, विन्ध्य, कैलास, मन्दराचल आदिपर्वत-श्रेष्ठ एवं सैकड़ों की संख्या में किन्नर गण भी ज्ञानियों के प्रभु सदाशिव की उपासना करते रहते हैं ॥ ३८-३९ ॥

गणाश्च शतशस्तत्र भगदत्तपुरोगमाः ।
द्रुमः किंपुरुषश्चैव उपास्ते वरदेश्वरम् ॥ ४० ॥

इसी प्रकार सैकड़ों गण जिसमें सबसे अग्रगण्य भगदत्त हैं वे तथा द्रुम नामक किं पुरुष उन वरदाता ईश्वर की उपासना करते रहते हैं ॥ ४० ॥

---

१. भेदश्च मांसश्च आसवश्चेति इतरेतरयोगद्वन्द्वः ।

राक्षसाधिपतिश्चैव महेन्द्रो गन्धमादनः ।
सह यज्ञैः सगन्धर्वैः सह सर्वैर्निशाचरैः ॥ ४१ ॥
विभीषणश्च धर्मिष्ठ उपास्ते श्रीसदाशिवम् ।
मलयो मन्दरश्चैव महेन्द्रो गन्धमादनः ॥ ४२ ॥
इन्द्रकीलः सनाभश्च तथा दिव्यौ च पर्वतौ ।
एते चान्ये च बहवः सर्वे मेरुपुरोगमाः ॥ ४३ ॥
उपासते महात्मानं सदाशिवमधीश्वरम् ।
नन्दीश्वरश्च भगवान् महाकालस्तथैव च ॥ ४४ ॥
शक्तं कर्णमुखाः[१] सर्वे देव्याः पारिषदास्तथा ।
काष्ठभृकुटी मुखोदन्ती विजया च तपोऽधिका ॥ ४५ ॥

राक्षसाधिपति (रावण), महेन्द्र, गन्धमादन पर्वत सभी यज्ञों के साथ तथा गन्धर्वों एवं सभी निशाचरों के साथ और धर्मिष्ठ विभीषण श्री सदाशिव की उपासना में निरत रहते हैं। मलय, मन्दर, महेन्द्र, गन्धमादन, इन्द्रकील, सुनाय (मैनाक), दिव्य दो पर्वत ये सभी तथा सुमेरु आदि पर्वताग्रगण्य उन महात्मा अधीश्वर सदाशिव की उपासना करते हैं। भगवान् नन्दीश्वर, उसी प्रकार महाकाल, शक्त एवं कर्णमुख ये सभी तथा देवी के परिषद् में रहने वाली काष्ठ, भ्रुकुटी, मुखोदन्ती, विजया, तपोऽधिका ये सभी सदाशिव की उपासना में निरत रहते हैं ॥ ४१-४५ ॥

श्वेतश्च वृषभश्चैव नर्दन्नास्ते महाबलः ।
वरदं राक्षसाश्चान्ये पिशाचाश्च समासते ॥ ४६ ॥
पार्षदैः संपरिवृतमुमया च महेश्वरम् ।
सदा हि देवदेवेशं शिवं त्रैलोक्यभावनम् ॥ ४७ ॥
प्रणम्य मूर्ध्ना पौलस्त्यो बन्धुरूपमुमापतिम् ।
ततोऽभ्यनुज्ञां सम्प्राप्य महादेवात् कुलेश्वरात् ॥ ४८ ॥
आस्ते कदाचिद् भगवान् भवो धनपतेः सखा ।
निधिप्रवरमुख्यौ च शङ्खपद्मधनेश्वरौ ॥ ४९ ॥
सर्वान्निधीन् प्रगृह्याथ उपास्तांद्वै सदाशिवम् ।
समता तादृशी रम्या मया गुप्तान्तरीक्षगा ॥ ५० ॥

महाबलवान् श्वेत नामक वृषभ भी उस सभा में गर्जन करता रहता है। इसी प्रकार राक्षस एवं पिशाच भी वर देने वाले सदाशिव की उपासना करते हैं। इस प्रकार अपने पार्षदों से तथा पार्वती से परिवृत्त त्रैलोक्यभावन (तीनों लोक जिनका ध्यान करते हैं), देवदेवेश सदाशिव को पुलस्त्य पुत्र कुबेर मस्तक झुकाकर प्रणाम करने के बाद बन्धुरूप उन उमापति कुलेश्वर महादेव से अभ्यनुज्ञा प्राप्त कर कुबेर सखा भगवान् सदाशिव जहाँ हैं वहीं

---

१. कर्णस्य समीपे प्रत्यावर्तितं मुखं येषां ते । अथवा कर्णेन्द्रियेणैव मुखक्रिया सम्पाद्यते तैः । अथवा कर्णमुखाः कर्णेजपाः ।

(कैलाश पर) वह भी रहते हैं । सभी निधियों में श्रेष्ठ दोनों धनेश्वर शंख निधि तथा पद्मनिधि सभी प्रकार की निधियाँ लेकर सदाशिव की उपासना करते हैं । ऐसी सुरम्य है सदाशिव की सभा, जिसकी अन्तरिक्ष में रह कर मैं संरक्षण करती रहती हूँ ॥ ४६-५० ॥

पितामहसभा तस्या ऊर्ध्वे भाति विभाविता ।
दिक्पालानां सभाग्रे तु स्थिरविद्युत्समोदया ॥ ५१ ॥
महादेवं कीर्तयिष्ये सतां कण्ठसरोरुहे ।
योगिनां मौनशीलानां ध्यानसिद्धिप्रदा सभाम् ॥ ५२ ॥

पितामह ब्रह्मा की सभा का वर्णन—उसके बाद अत्यन्त शोभा प्राप्त करने वाली पितामह (ब्रह्मदेव) की सभा है, जो दिक्पालों के सभा के अग्रभाग में स्थिर विद्युत् प्रभा के समान जाज्वल्यमान है । अब सज्जनों के कण्ठ सरोरुह में विद्यमान् उस सभा के महान् देवताओं को तथा मौन रहने वाले योगियों को ध्यान द्वारा सिद्धि प्रदान करने वाली उस सभा के विषय में कहती हूँ ॥ ५१-५२ ॥

महापातककोटिघ्नी[१] वर्णना नास्ति ब्रह्मणः ।
सभाया वर्णने शक्तो नाहं वर्षशतैरपि ॥ ५३ ॥
तथापि तव सिद्ध्यर्थं संक्षेपाद् वर्ण्यते प्रभो ।
पितामहसभां नाथ कथ्यमानां विशुद्धये ॥ ५४ ॥
शक्यते सा न निर्देष्टुमेवं रूपेति सोज्ज्वला ।
सर्वदा संस्थिरा तत्र यथा नारायणे स्थिरा ॥ ५५ ॥

ब्रह्मदेव की वह सभा करोड़ों महापातकों को नष्ट करने वाली है । उस सभा का वर्णन मैं सैकड़ों वर्षों में भी करने में असमर्थ हूँ । फिर भी, हे प्रभो ! आपकी सिद्धि के लिए संक्षेप में मैं उसका वर्णन करती हूँ । हे नाभ ! वह पितामह की सभा विशुद्धि के लिए वचनों द्वारा कही ही जा सकती है । उसका स्वरूप ऐसा है अथवा वैसा है इसका निर्देश करना तो संभव ही नहीं है । निष्कर्ष इतना ही है कि उज्ज्वला (लक्ष्मी) जिस प्रकार नारायण में स्थिर हैं उसी प्रकार वहाँ श्री भी स्थिर रूप से निवास करती हैं ॥ ५३-५५ ॥

विमर्श—महान्ति पातकानि हतवती या सा महापातघ्नी, हन्तेः क्विप् कर्तरि भूते ।

समरूपं संविभाव्य सभया श्रीपितामहः ।
उपासते महात्मानं शाकिनी परमेश्वरम् ॥ ५६ ॥
अप्रमेयां सभां दिव्यां मानुषीं नित्यरूपिणीम् ।
अनिर्दिश्यां प्रभावेण सर्वभूतमनोरमाम्[२] ॥ ५७ ॥

श्री पितामह इस अपनी सभा से सदाशिव की सभा की समता करते हुए अपनी सभा

---

१. महान्ति पातकानि हतवती या सा महापातघ्नी, हन्तेः क्विप् कर्तरि भूते ।

२. सर्वेषां भूतानां प्राणिनां मनांसि रमयति इत्यर्थिकाम् । रमयति या सा रमा, पचाद्यचि सति टाप् । सर्वभूतमनसां रमा इति विग्रहो बोध्यः ।

में भी वह शाकिनी संयुक्त परमेश्वर की उपासना करते हैं । वह सभा अप्रमेय है, दिव्य है । मनुष्य स्वरूप वाली एवं नित्य स्वरूपा है । उसका प्रभाव 'इदमित्थं' रूप से अनिर्देश्य है तथा समस्त प्राणियों से मनोरम है ॥ ५६-५७ ॥

विमर्श—सर्वेषां भूतानां प्राणिनां मनांसि रमयति इत्यर्थिकाम् । रमयति या सा रमा, पचाद्यचि सति टाप् । सर्वभूतमनसां रमा इति विग्रहो बोध्यः ।

औषधैर्वा तथा युक्तैरुत्तमा या अनाशिनी ।
मन्मथा सा सभा देवी न शीता न च घर्मदा ॥ ५८ ॥
न क्षुत्पिपाशे न ग्लानिं न भूतां नापि भाविताम् ।
नानारूपैरिव कृता मणिभिः सहितायुधैः ॥ ५९ ॥

अनेक कल्याणकारी औषधियों से युक्त होने से उत्तम तथा नाश रहित है । वह दिव्य सभा देवी स्वरूपा है । मन्मथ के समान मनोहर है । वह न तो शीत है न धूप देने वाली है । वहाँ भूख प्यास का नाम नहीं है और न ग्लानि है । ऐसी सभा कहीं न है और न भविष्य में होने वाली है । ऐसा मालूम होता है कि किन्ही विशेष शस्त्रों द्वारा अनेक प्रकार की मणियों से वह रची गई है ॥ ५८-५९ ॥

स्तम्भैर्न च धृता सा तु शाश्वती न च साक्षरा[१] ।
दिव्यैर्नानाविधैर्भावैर्भास्वद्भिरमितप्रभैः ॥ ६० ॥
अतिचन्द्रञ्च सूर्यञ्च भासते सा प्रभा स्वयम् ।
प्रदीप्ता नाकपृष्ठस्था भासयन्तीव भास्करम् ॥ ६१ ॥

वह शाश्वती सभा खम्भों पर निर्मित नहीं है । वह शाश्वती सभा है । उसका क्षरण कभी होने वाला नहीं है । उसका निर्माण अमित प्रकाश वाली एवं दिव्य नाना प्रकार की वस्तुओं से किया गया है । सूर्य तथा चन्द्रमा के प्रकाश का अतिक्रमण करने वाला उसका प्रकाश है और वह स्वयं प्रभा से भासमान है । स्वर्ग की पीठ पर बनाई गई वह सभा भास्कर के समान जाज्वल्यमान है ॥ ६०-६१ ॥

तस्यां स भगवानास्ते विदधद् देवमानुषान् ।
स्वयमेकोऽनिशं नाथ सर्वलोकपितामहः ॥ ६२ ॥

हे नाथ ! उस सभा में देवताओं एवं मनुष्यों की सृष्टि करते हुए भगवान् पितामह स्वयं एकमात्र अकेले नित्य विद्यमान रहते हैं ॥ ६२ ॥

उपतिष्ठन्ति चाप्येनं प्रजानां पतयः प्रभुम् ।
दक्षः प्रचेता पुलहो मरीचिः कश्यपो यतिः ॥ ६३ ॥
भृगुरत्रिर्वशिष्ठश्च गौतमोऽथाङ्गिरास्तथा ।
पुलस्त्यश्च क्रतुश्चैव प्रह्लादः कर्दमस्तथा ॥ ६४ ॥

---

१. अश्नुते व्याप्नोति इत्यक्षरम्, अश्धातोः सरन् प्रत्ययः, तेन सहिता साक्षरा ।

अथर्वाङ्गिरसश्चैव बालखिल्या मरीचिपाः ।
मनोऽन्तरीक्षं विद्याश्च वायुस्तेजो जलं मही ॥ ६५ ॥
शब्दस्पर्शौ तथा रूपं रसो गन्धश्च धार्मिकः ।
प्रकृतिश्चाहङ्कारश्च यच्चान्यत्कारणं भुवः ॥ ६६ ॥
अगस्त्यश्च महातेजा मार्कण्डेयो मुनीश्वरः ।
जमदग्निर्भरद्वाजः संवर्तश्च्यवनस्तथा ॥ ६७ ॥
दुर्वासाश्चामरिर्जेता[१] ऋष्यशृङ्गस्तपोधनः ।
सनत्कुमारो भगवान् योगाचार्यो महातपाः ॥ ६८ ॥
असितो देवलश्चैव जैगीषव्यश्च तत्त्ववित् ।
ऋषभो जितशक्रश्च महावीर्यस्तपोमुनिः ॥ ६९ ॥
आयुर्वेदस्तथाष्टाङ्गो देहवान् वीर्यधारकः ।
ऊर्ध्वरेता महायोगी देवदत्तो भगीरथः ॥ ७० ॥
कपिलाचार्य ईशाप्तो धनदः सारसङ्गतः ।
महावाग्मीश्वरः कालः प्रियकर्मा च सुव्रतः ॥ ७१ ॥
वरुणः सार्वभौमश्च देवाचार्यो धनञ्जयः ।
कामपुत्रो वशिष्ठश्च मन्दारोऽश्वत्थ एव च ॥ ७२ ॥
रविमुख्यो विधाता च नैर्ऋतो यम एव च ।
अग्निः शक्रो विभाण्डश्च महावीरो गणेश्वरः ॥ ७३ ॥
कार्तिकेयो जीवनाथो ग्रहचक्रः शुभङ्करः ।
वेदज्ञाता धर्मवेत्ता वारेन्द्रो नन्दनः प्रभुः ॥ ७४ ॥
बृहस्पतिः शुक्रदेवो विज्ञानी भास्वरास्त्रधृक् ।

इन पितामह भगवान् की सेवा में समस्त प्रजापतिगण निरत रहते हैं । वे प्रजापति, दक्ष, प्रचेता, पुलह, मरीचि, कश्यप, यति, भृगु, अत्रि, वशिष्ठ, गौतम, अंगिरा, पुलस्त्य, क्रतु, प्रह्लाद, कर्दम, अथर्व अङ्गिरस, बालखिल्य, मरीचिप, मनु, अन्तरिक्ष, महाविद्यायें, वायु, तेज, जल, मही, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध, धर्म, प्रकृति, अहङ्कार एवं पृथ्वी के अन्य जो कारण संभव हैं । महातेजस्वी अगस्त्य, मुनीश्वर, मार्कण्डेय, जमदग्नि, भरद्वाज, संवर्त, च्यवन, दुर्वासा, चामरि, जेता, तपोधन, भगवान् सनत्कुमार, महातपस्वी, योगाचार्य, असित, देवल, तत्त्वेत्ता, जैगीषव्य, ऋषभ, जितशक्र, महावीर्यवान्, तपोमुनि, अष्टाङ्ग आयुर्वेद जो वीर्य धारण कर शरीरवान् हैं, ऊर्ध्वरेता, महायोगी, देवदत्त, भगीरथ, कपिलाचार्य, ईशाप्त, धनद, सारसङ्गत, महावाग्मीश्वर, काल, प्रियकर्मा, सुव्रत, वरुण, सार्वभौम, देवाचार्य, धनञ्जय, कामपुत्र वशिष्ठ, मन्दार, अश्वत्थ, रविमुख्य, विधाता, नैर्ऋतो यम, अग्नि, शक्र, विभाण्ड, महावीर, गणेश्वर, कार्तिकेय, जीवनाथ, ग्रहचक्र, शुभङ्कर, वेदज्ञाता, धर्मवेत्ता, वारेन्द्र, नन्दन, प्रभु, बृहस्पति, शुक्रदेव, विज्ञानी, भास्वरास्त्रधृक् ॥ ६३-७५ ॥

---

१. दुष्टं विकृतं वासो तस्य स इति बहुव्रीहिः । वैराग्यातिशयेन वस्त्रविषयेऽभिलाषाभावः ।

अन्ये च बहवः सन्ति ऊर्ध्वरेतार ईशगाः ॥ ७५ ॥
तस्यां भान्ति महाकाल ! केवलानन्दविग्रहाः ।
चन्द्रमा सह नक्षत्रैरादित्यैश्च गभस्तिभिः ॥ ७६ ॥
वायवः क्रतवश्चैव सङ्कल्पः प्राण एव च ।
मूर्तिमन्तो महात्मानो महाव्रतपरायणाः[१] ॥ ७७ ॥
एते चान्ये च बहवः सदाशिवमुपासते ।
अर्थो धर्मश्च कामश्च हर्षोऽद्वेषस्तपो दमः ॥ ७८ ॥

इसी प्रकार अन्य भी बहुत से ऊर्ध्वरेता हैं जो ईश्वर के सन्निधान में रहने वाले हैं। हे महाकाल ! वे सभी केवल आनन्द का शरीर धारण कर उस सभा में विराजित रहते हैं। नक्षत्रों के सहित चन्द्रमा, किरणों के साथ आदित्य, वायु, क्रतु, सङ्कल्प एवं प्राण ये सभी महात्मा का शरीर धारण कर महाव्रत में परायण रहते हैं । इनके अतिरिक्त अन्य भी बहुत लोग सदाशिव की उपासना करते हैं । अर्थ, धर्म, काम, हर्ष, अद्वेष, तप, दम—ये सभी सदाशिव की उपासना में निरत रहते हैं ॥ ७५-७८ ॥

आयान्ति तस्यां गन्धर्वाः सहिताप्सरसस्तथा ।
विंशतिः सप्त चैवान्ये लोकपालाश्च सर्वशः ॥ ७९ ॥
नवग्रहास्तत्र सन्ति नानोपचारपण्डिताः ।
मन्त्रो रथन्तरश्चैव हरिमान् वसुमानपि ॥ ८० ॥
आदित्याः साधिराजानो[२] नानावृन्दैरुपागताः ।

उस सभा में अप्सराओं के सहित २७ सत्ताइस गन्धर्व गण आते रहते हैं । अन्य सभी लोकपाल भी उपस्थित रहते हैं । अनेक प्रकार के उपचार में पण्डित नवग्रह, मन्त्र, रथन्तर, हरिमान्, वसुमान्, अधिराजाओं के साथ द्वादशादित्य भी अपने अपने वृन्दों के साथ वहाँ उपस्थित रहते हैं ॥ ७९-८१ ॥

मरुतो विश्वकर्मा च वसवश्च दिगीश्वराः ॥ ८१ ॥
तथा पितृगणाः सर्वे सर्वाणि च हवींष्यथ ।
ऋग्वेदश्च सामवेदो यजुर्वेदः सदाशिवः ॥ ८२ ॥
अथर्ववेदस्तस्यान्तः सर्वशास्त्राणि चैव ह ।
इतिहासोपदेशाश्च वेदाङ्गानि[३] च सर्वशः ॥ ८३ ॥
ग्रहा यक्षाश्च सोमाश्च दैवतानि च सर्वशः ।
सावित्री दुर्गतरणी वाणी सप्तविधा तथा ॥ ८४ ॥
स्मृतिर्मेधा धृतिश्चैव बुद्धिः प्रज्ञा क्षमा यशः ।
स्तुतिशास्त्राणि सामानि गाथास्तु विविधास्तथा ॥ ८५ ॥

---

१. महाव्रतानि परमयनं येषां ते महाव्रतपरायणाः । परायणत्वं प्रधानाश्रयता ।

२. राजानमधिगताः, अधिराजानस्तैः सहिताः ।

३. वेदानामङ्गं षट्—शिक्षा, कल्पः, ज्योतिषम्, व्याकरणम्, छन्दः, निरुक्तं चेति ।

भाष्याणि तर्कवक्त्राणि देहवन्ति विभान्ति च ।

मरुत्, विश्वकर्मा, वसुगण, दिगीश्वर, सभी पितृगण, सभी प्रकार की हवि, ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद, सदाशिव, अथर्ववेद तथा इन वेदों के अन्तर्गत रहने वाले शास्त्र, इतिहास, उपदेश, समस्त वेदाङ्ग, ग्रह, यक्ष, सोम, समस्त देवतागण, सावित्री, दुर्गतरणी, सात प्रकार वाली वाणी, स्मृति, मेधा, धृति, बुद्धि, प्रज्ञा, क्षमा, यश, स्तुतियाँ, धर्मशास्त्र, साम, नाना प्रकार की गाथा, भाष्य, तर्कशास्त्र, ये सभी देह धारण किए हुए उस सभा में शोभा प्राप्त करते हैं ॥ ८०-८६ ॥

नाटका विविधाः काव्याः कथाख्याधिककारिकाः ॥ ८६ ॥
तत्र तिष्ठन्ति ये पुण्या ये चान्ये गुरुपूजकाः ।
क्षणा लवा मुहूर्ताश्च दिवारात्रिः प्रभातगा ॥ ८७ ॥
अर्धमासास्तथा मासा ऋतवः षट् च भैरव ।
संवत्सराः पञ्च युगं मासा रात्रिश्चतुर्विधाः ॥ ८८ ॥
कालचक्रञ्च यद्दिव्यं नित्यमक्षयमव्ययम् ।
धर्मचक्रं तथा चापि नित्यमन्तेषु विग्रहाः ॥ ८९ ॥

विविध नाटक एवं विविध काव्य, कथायें कारिकायें ये सब पुण्यात्मा रूप में वहाँ रहते हैं । इसके अतिरिक्त गुरु की पूजा करने वाले भी वहाँ रहते हैं । हे भैरव ! क्षण, लव, मुहूर्त, दिन, रात्रि, प्रभात, अर्धमास, मास तथा ६ ऋतुयें, पाँच प्रकार के संवत्सर, युग मास तथा चार प्रकार की रात्रियाँ, दिव्य, नित्य, अक्षय, अव्यय, कालचक्र तथा धर्मचक्र—ये सभी विग्रहवान् के रूप में उस सभा में नित्य उपस्थित रहते हैं ॥ ८६-८९ ॥

अदितिर्दक्षकश्चैव सुरसा विनता इरा ।
कालका सुरभी देवी सरमा चाथ गौतमी ॥ ९० ॥
प्रधा कद्रूश्च वै देव्यो देवतानाञ्च मातरः ।
रुद्राणी श्रीश्च लक्ष्मीश्च भद्रा षष्ठी तथापरा ॥ ९१ ॥
पृथिवी गाङ्गता देवी ह्रीः स्वाहा कीर्तिरेव च ।
सुरा देवी शची चैव तथा पुष्टिरुन्धती ॥ ९२ ॥
संवृद्धिराशा नियतिरिडा देवी रतिस्तथा ।
कामिनी परमानन्दा देवी श्रीत्रिपुरेश्वरी ॥ ९३ ॥
काममाता महाबाला वरदाद्या सरस्वती ।
मन्दाकिनी वियद्गङ्गा स्वर्गगङ्गा मनोजवा[1] ॥ ९४ ॥
त्रिस्रोता चन्द्रभागा च महावेगवती नदी ।
पञ्चतीर्थकलापद्याः सागराः सागरोदयाः ॥ ९५ ॥
कालिन्दी वैष्णवी सिद्धा तरला पुष्करोदयाः[2] ।

---

१. मनसो जवो वेगस्तत्सदृशो जवो यस्याः सा गङ्गा भगवती सर्व पुनाति ।

२. पुष्करे पुष्करक्षेत्रे आद्यतीर्थे उदयो यासां ताः ।

भानुमती महावेगा चण्डशुक्रा महानदी ॥ ९६ ॥
वेत्रवती च कावेरी महाभर्गा वसुन्धरा ।
विभावती पद्मलक्ष्मी: प्रभा भद्रा किरातिनी ॥ ९७ ॥
अम्बालिका त्वहल्या च त्रितुण्डा मण्डलेश्वरी ।
मन्दोदरी मन्दवेगा मदिरा शारदा नदी ॥ ९८ ॥
निर्मला मन्दरग्रन्थि: प्रज्ञा ज्वालावती रति: ।
अवन्ती च रटन्ती च युगाद्या माघसप्तमी ॥ ९९ ॥
पञ्चतुण्डा घोरनादा सन्तोषी तुष्टवंशिनी ।
भरद्वाजेश्वरी धर्मा शतधारा धरावती ॥ १०० ॥
मल्लिका मालिनी मन्दा हिन्दोला लिङ्गवाहिनी ।
वर्तुला सिद्धलङ्का च कुरुक्षेत्रस्थिता नदी ॥ १०१ ॥
आकाशगङ्गा सिद्धाङ्गी गौतमी बालिका गया ।
दैत्यजिह्वा कालजिह्वा चतुष्कोटिकलाऽमला ॥ १०२ ॥
नाडिका सार्धवह्निस्था प्रत्येकस्थान संस्थिता: ।
मूर्तिमत्यो विभान्त्यस्यां सिन्धुदेव्यस्तथा परा: ॥ १०३ ॥

अदिति, दक्ष, सुरसा, विनता, इरा, कालका, सुरभी देवी, सरमा, गौतमी, प्रधा, कद्रू ये सभी देवियाँ तथा देवताओं की मातायें आदि वहाँ रहती हैं । रुद्राणी, श्री, लक्ष्मी, भद्रा, षष्ठी तथा अन्य पृथ्वी, गङ्गा, ह्री, स्वाहा, कीर्ति, सुरादेवी, शची, पुष्टि, अरुन्धती, संवृद्धि, आशा, नियति, इडा देवी, रति, कामिनी, परमानन्दा देवी, श्री त्रिपुरेश्वरी, काममाता, महाबाला, वरदा, आद्या, सरस्वती, मन्दाकिनी, वियद्‌गङ्गा, स्वर्गगङ्गा, मनोजवा, त्रिस्रोता, चन्द्रभागा, महावेगवती आदि नदियाँ, पञ्चतीर्थ, कला, पद्‌मा, समस्त सागर, सागरोंदय, कालिन्दी, वैष्णवी, सिद्धा, तरला, पुष्करोदया, भानुमती, महावेगा, चण्डशुक्रा, महानदी, वेत्रवती, कावेरी, महाभर्गा, वसुन्धरा, विभावती, पद्‌मलक्ष्मी, प्रभा, भद्रा, किरातिनी, अम्बालिका, अहल्या, त्रितुण्डा, मण्डलेश्वरी, मन्दोदरी, मन्दवेगा, मदिरा, शारदा नदी, निर्मला, मन्दरग्रन्थि, प्रज्ञा, ज्वालावती, रति, अवन्ती, रटन्ती, युगाद्या, तिथियाँ माघसप्तमी, पञ्चतुण्डा, घोरनादा, सन्तोषी, तुष्टवर्धिनी, भरद्वाजेश्वरी, धर्मा शतधारा, धरावती, मल्लिका, मालिनी, मन्द्रा, हिन्दोला, लिङ्गवाहिनी (नर्मदा), वर्तुला, सिद्धलङ्का, कुरुक्षेत्रस्थितानदी, आकाशगङ्गा, सिद्धाङ्गी, गोतमी, बालिका, गया, दैत्यजिह्वा, कालजिह्वा, स्वच्छ चतुष्कोटि कलायें, नाडिका और सार्धवह्निस्था इनमें प्रत्येक अपने अपने स्थान पर स्थित रहती है । इनके अतिरिक्त और भी समुद्रगा नदियाँ, मूर्तिमती हो कर उस सभा में शोभित हैं ॥ ९०-१०३ ॥

सभायां कृष्णनाम्नी च नदी कुलवती बला ।
तस्यां प्रधाना त्रिनदी वामदक्षिणमध्यत: ॥ १०४ ॥
इडावती पिङ्गलाख्या सुषुम्नाद्या सरस्वती ।
त्रिमध्ये पूजिता देवी सुषुम्ना बहुरूपिणी ॥ १०५ ॥

उस सभा में कृष्णा नाम की तथा कुलवती एवं बला नामक नदियाँ हैं। उसमें बायें, दाहिने तथा मध्य में रहने वाली ३ नदियाँ प्रधान हैं वे नदियाँ इस प्रकार हैं—इडावती, पिङ्गला, सुषुम्ना, जिसे आद्या सरस्वती भी कहते हैं। इन तीनों के मध्य में अनेक रूपों वाली सुषुम्ना प्रधान रूप से पूजित देवी है ॥ १०४-१०५ ॥

नदाश्चापि च तत्सङ्ख्याः सार्धत्रिकोटयः स्मृताः ।
नदः शोणो महाशोणो वटुको बलवान् हरः ॥ १०६ ॥
तरुणस्तारको भद्रो विभद्रो नर्मदापतिः ।
प्रभानाथो वीरमुख्यो विशालो बलदेवकः ॥ १०७ ॥
पद्मरागो मारकेतस्त्रिवृत्तो नन्दनो घनः ।
अकालजिह्वो[1] हिंसाढ्यो विधृतो ह्यवधूतकः ॥ १०८ ॥
ब्रह्मपुत्रो विभाकारः कपिलोऽञ्जन एव च ।
साम्ब एको महासंख्यो[2] मण्डलाख्यो बृहन्नलः ॥ १०९ ॥
शतनालाधरो रुद्रो विश्वगामी धनञ्जयः ।
सहस्रवदनो वाक्यो घर्घरो दमनस्तथा ॥ ११० ॥
सिताख्यो मानवो गर्तः कुलाख्यो विसमापतिः ।
भवकुण्डो विसर्गाख्यो ज्योतिष्टोम्ः फलाकरः ॥ १११ ॥
धवलो बदराख्यश्च वीरभद्रो मखस्तथा ।
मर्महन्ता शूलगर्तो मानभङ्गो दिवागमः ॥ ११२ ॥
शूरश्चैव कालकूटो मधुगामी जलान्तकः ।
दधिधारो घृताख्यश्च सुधाधारो महानदः ॥ ११३ ॥
हिङ्गुलाख्यो मालकेतुः पयस्वान् पयसः पतिः ।
लवणाख्यो धर्मपुत्रो जीवपुत्रो धनाकरः ॥ ११४ ॥
मायापतिः कलानाथो विन्ध्यलो लवणाश्रयः ।
इक्षुधाराधरो मानो विधुवर्णो धराजलः ॥ ११५ ॥
पुष्करो दुष्कराख्यश्च शङ्करश्च सदाशिव ।
एते चान्ये च बहवः पुष्करं समुपासते ॥ ११६ ॥
त्रयाणां पुष्करः श्रेष्ठः सुषुम्नानाडिकाश्रयः ।
इडायां पुष्कराख्यश्च पिङ्गलायाञ्च शङ्करः ॥ ११७ ॥

इसी प्रकार उस सभा में नद भी मूर्तिमान् रूप में स्थित रहते हैं जिनकी संख्या साढ़े तीन करोड़ कही गई है। उनके नाम इस प्रकार हैं—शोण, महाशोण, वटुक, बलवान्, हर, तरुण, तारक, भद्र, विभद्र, नर्मदापति, प्रभानाथ, वीरमुख्य, विशाल, बलदेवक, पद्मराग, मारकेत, त्रिवृत्त, नन्दन, घन, अकालजिह्वा, हिंसाढ्य, विधृत, अवधूतक, ब्रह्मपुत्र, विभाकार,

---

१. अकाले जिह्वा यस्य सः। अकाल एव प्राणिनां ग्रहीतुं जिह्वा याति यस्येत्यर्थः।
२. मण्डं लाति आदत्ते इति मण्डलः, स आख्या यस्येति बहुव्रीहिः ।

कपिल, अञ्जन, साम्ब, एक, महासंख्य, मण्डलाख्य, वृहन्नल, शतनालाधर, रुद्र, विश्वगामी, धनञ्जय, सहस्रवदन, वाक्य, घर्घर, दमन, सिताख्य, मानव, गर्त, कुलाख्य, विसभापति, भवकुण्ड, विसर्गाख्य, ज्योतिष्टोम, फलाकर, धवल, बदराख्य, वीरभद्र, मख, मर्महन्ता, शूलगर्त्त मानभङ्ग, दिवागम, शूर, कालकूट, मधुगामी, जलान्तक, दधिधार, घृताख्य, सुधाधार—ये सभी महानद हैं, इसके अतिरिक्त हिंगुलाख्य, मालकेतु, पयस्वान् पयसः, पति, लवणाख्य, धर्मपुत्र, जीवपुत्र, घनाकर, मायापति, कलानाथ, विन्ध्यल, लवणाश्रय, इक्षुधाराधर, मान, विधुवर्ण, धराजल पुष्कर, दुष्कराख्य और शङ्कर हे सदाशिव ! इतने नद तथा अन्य भी नद पुष्कर की सेवा करते रहते हैं । तीन पुष्कर हैं जिनमें सुषुम्ना नाडी का आश्रय करने वाला पुष्कर सर्वश्रेष्ठ है इसके अतिरिक्त दो और हैं—एक इडा में रहने वाला पुष्कर तथा दूसरा पिङ्गला में रहने वाला पुष्कर ॥ १०६-११७ ॥

नदाश्चापि बहुतरा मूर्तिमन्तो विभान्ति च ।
नद्यश्च मूर्तिमत्यश्च सदाशिवमुपाश्रिताः ॥ ११८ ॥
पूजयन्ति कर्णिकायां सभायां ब्रह्मणः प्रभो ।
सदाशिवसभामध्ये ब्रह्मणः सभयोज्ज्वला ॥ ११९ ॥

इस प्रकार उस सभा में बहुत से नद मूर्तिमान होकर तथा नदियाँ मूर्ति धारण कर शोभित हो रहे हैं और सदाशिव की उपासना करते हैं । हे प्रभो ! सदाशिव की सभा के मध्य में ब्रह्मदेव के भय से उज्ज्वल वे सभी नद एवं नदियाँ ब्रह्मदेव की उस सभा में कर्णिका के मध्य स्थित सदाशिव की पूजा करती है ॥ ११८-११९ ॥

तस्यां देवसभा भाति शक्रस्यापि मनोहरा ।
पूर्वादिक्रमयोगेन ध्येया च खेचरीव वा ॥ १२० ॥
वह्निकोणेऽनलसभा महातेजोमयी परा ।
कर्णिकाया दक्षिणे च धर्मराजमहासभा[1] ॥ १२१ ॥

उस सभा में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से अत्यन्त मनोहर इन्द्र की सभा शोभित हो रही है । उसका ध्यान करना चाहिए, वह खेचरी के समान है । सभा के अग्निकोण में महातेजोमयी अग्नि की सभा है, जो सर्वश्रेष्ठ है और कर्णिका के दक्षिण दिशा में धर्मराज की महासभा है ॥ १२०-१२१ ॥

नैर्ऋते राक्षसेन्द्रस्य सभा सकलमोहिनी ।
वरुणे भाति दीप्ताख्या वारुणीया सभाऽपरा ॥ १२२ ॥
वायुकोणे वायुसभा कौबेरी चोत्तरे सभा ।
अधो नन्दसभा भाति चोर्ध्वं ब्रह्मसभा प्रभो ॥ १२३ ॥

नैर्ऋत्य कोण में राक्षसेन्द्र की सभा है, जो सबको मोहित करने वाली हैं । पश्चिम दिशा में दीप्ता नाम वाली वारुणीया सभा है जो अत्यन्त उत्कृष्ट है । कर्णिका के वायुकोण

---

१. धर्मस्य राजा धर्मराजः, स एव महानाश्रयो यस्याः सा ।

में वायु की सभा तथा उत्तर में कुबेर की सभा है और नीचे अनन्त की सभा है तथा हे प्रभो ! ऊपर ब्रह्मदेव की सभा है ॥ १२२-१२३ ॥

मध्ये च भाति सूर्याभां शतायुतसमोदयाम् ।
सदाशिवसभां नाथ ब्रह्माण्डे मण्डलोद्भवाम् ॥ १२४ ॥
सूक्ष्ममार्गे सदा भान्तीमीश्वरस्यापि रूपिणीम् ।
आदित्या वसवो रुद्रा मरुतश्चाश्विनावपि ॥ १२५ ॥
विश्वेदेवाश्च साध्याश्च पितरश्च महर्षयः ।
एक एव तु राजर्षिः प्रधानस्तत्र भाति हि ॥ १२६ ॥

ब्रह्माण्ड के मध्य में मण्डलाकार शोभित होने वाली, सूर्य के समान आभा वाली, सौ एवं दश हजार वर्ष तक जीने वाले लोगों से युक्त है । हे नाथ ! सदाशिव की उस सभा का ध्यान करना चाहिए । वह सूक्ष्म मार्ग में स्थित है तथा ईश्वर के स्वरूप वाली है । उसमें आदित्य, वसु, रुद्र, मरुद्गण, अश्विनीकुमार, विश्वेदेव, साध्य, पितर तथा महर्षिगणों का निवास है । उस सभा में एक ही राजर्षि प्रधान होकर निवास करता है ॥ १२४-१२६ ॥

त्रयोदशगुणोपेता[१] भान्ति राजर्षयस्तथा ।
पृथुश्चैव धर्मराजो हरिश्चन्द्रो युधिष्ठिरः ॥ १२७ ॥
रामचन्द्रो रमानाथो भगीरथ इलापतिः ।
प्रह्लादः कर्दमश्चैव विभीषणश्च धार्मिकः ॥ १२८ ॥
नलश्चैव रुक्ममाली विक्रमोद्धततापसाः ।
वामपार्श्वे अधोभागे प्रदीप्ता ह्यासनावनौ ॥ १२९ ॥

इसके अतिरिक्त १३ गुणों से युक्त वहाँ राजर्षियों का निवास है । पृथु, धर्मराज, हरिश्चन्द्र, युधिष्ठिर, रामचन्द्र, रमानाथ, भगीरथ, इलापति, प्रह्लाद, कर्दम, धार्मिक विभीषण, नल रुक्ममाली, विक्रम, उद्धत, तापस ये सभी सदाशिव के वामपार्श्व में नीचे पृथ्वी के आसन में जाज्वल्यमान रूप से विराजते हैं ॥ १२७-१२९ ॥

अन्ये च मुनयः सन्ति समावेष्ट्य सदाशिवम् ।
महाभक्ताः प्रपश्यन्ति सदाशिवपरं पदम् ॥ १३० ॥

इसके अतिरिक्त अन्य मुनिगण भी सदाशिव को चारों ओर से घेर कर बैठे हुए हैं । सदाशिव के इस सर्वश्रेष्ठ स्थान को महाभक्त ही देख पाते हैं ॥ १३० ॥

अकालमृत्युहरणं सर्वव्याधिविनाशनम् ।
स्मरणात् पठनाद्ध्यानात् सदाशिवपतेः प्रभोः ॥ १३१ ॥
अनायासेन सिद्ध्यन्ति ये ये भक्ता महीतले ।
वृद्धा वा बालका वापि यौवनस्था नरा अपि ॥ १३२ ॥

---

१. त्रयोदशसंख्याकैर्गुणैरुपेता इति मध्यमपदलोपिसमासः ।

अनायासं फलं लब्ध्वा प्रपश्यन्ति सदाशिवम् ।
एतेषां ध्यानमाकृत्य चार्चयन्ति सदाशिवम् ॥ १३३ ॥
स याति सहसा नाथ सदाशिवपरं पदम् ।

यह सभा अकालमृत्यु का हरण करने वाली है तथा सभी व्याधियों को नष्ट करने वाली है । हे प्रभो ! सदाशिव पति की इस सभा का स्मरण करने से, पढ़ने से या ध्यान करने से भक्त पृथ्वी तल में अनायास सिद्धि प्राप्त कर लेते हैं । वृद्ध, बालक तथा युवक मनुष्य भी इस सभा का ध्यान करने से, स्मरण करने से अथवा पाठ करने से अनायास उसका फल प्राप्त कर सदाशिव का दर्शन प्राप्त कर लेते हैं और इनका ध्यान करते हुए सदाशिव की जो लोग अर्चना करते हैं । हे नाथ ! वे सहसा सदाशिव के लोक को प्राप्त कर लेते हैं ॥ १३१-१३४ ॥

विमर्श—यूनो भावो यौवनं तत्र तिष्ठति या सा "सुपि स्थः" इति कर्तरि अर्थे कप्रत्ययः । स्त्रीत्वविवक्षायां टाप्प्रत्ययः ॥ १३१-१३४ ॥

देवीनां यजनं कृत्वा ये ध्यायन्ति सदाशिवम् ॥ १३४ ॥
त्रैलोक्यं सहसा दृष्ट्वा प्रपश्यन्ति सदाशिवम् ।
यथाकाले निर्जने च गवीनां कुहरेऽपि वा ॥ १३५ ॥
स्थित्वा चैकमना ध्यायेत् सदाशिवपरं पदम् ।
शिवत्वं याति सहसा ध्यानाद् ब्रह्मागतस्य च ॥ १३६ ॥

जो देवियों का यजन कर इस प्रकार के सदाशिव का ध्यान करते हैं । वे इन तीनों लोकों का दर्शन प्राप्त कर सदाशिव का दर्शन प्राप्त करते हैं । उचित समय में किसी निर्जन स्थान में गायों के कुहर (गोष्ठ) में स्थित हो कर स्थिर चित्त से सदाशिव के इस उत्कृष्ट लोक का ध्यान करे तो इस ब्रह्मस्वरूप शिव के ध्यान से साधक सहसा शिवत्व प्राप्त कर लेता है ॥ १३४-१३६ ॥

ब्राह्मणः सहसा याति सदाशिवपरं पदम् ।
एवंभूतं ध्यायतीह सदाशिवपदाम्बुजम् ॥ १३७ ॥

ब्राह्मण इस प्रकार के सदाशिव के पदाम्बुज का ध्यान करने से सदाशिव का लोक अवश्य प्राप्त कर लेता है ॥ १३७ ॥

रत्ननूपुरनादाढ्यं चलद्भूषणमण्डितम् ।
पद्मरागस्याङ्गुलीभिर्मण्डितं रक्तपङ्कजम् ॥ १३८ ॥
सिद्धसभासेवितञ्च सिद्धानामाश्रयाकरम् ।
देवदानव [1]गन्धर्वसिद्धचारणसेवितम् ॥ १३९ ॥
मुनीन्द्रगणपूज्यञ्च धर्मसिन्धुमयं ध्रुवम् ।

१. देवदानवगन्धर्वसिद्धचारणैः सेवितम् । द्वन्द्वगर्भस्तृतीयासमासः ।

वाञ्छादिफलदं कान्तं शतारुणसमप्रभम् ॥ १४० ॥
सर्वविद्यामयं ध्यायेद् हंसमार्गे[१] निरञ्जने ॥ १४१ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्र-प्रकाशे भैरवभैरवी संवादेऽकालमृत्युहरणसभावर्णनं नाम पञ्चसप्ततितमः पटलः ॥ ७५ ॥

— ❖ —

अतः साधक को, निराकार परमहंस के मार्ग में, रत्न निर्मित नूपुरों से शब्दायमान, चञ्चल भूषणों से मण्डित, पद्मरागमणि निर्मित अंगूठी से शोभित, रक्त पङ्कज के समान, सिद्ध द्वारा सभा में सेवित, सिद्धों को आश्रय देने वाले, देव, दानव, गन्धर्व एवं सिद्ध और चारणों से सेवित, मुनीन्द्रगणों से पूजित, धर्म सिन्धुमय, ध्रुव, वाञ्छासिद्धि प्रदान करने वाले, अत्यन्त मनोहर, सैकड़ों अरुण के समान प्रभा वाले, सर्वविद्यामय, सदाशिव का अवश्यमेव ध्यान करना चाहिए ॥ १३८-१४१ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्ध मन्त्र प्रकरण में षट्चक्रप्रकाश में भैरवी भैरव संवाद में अकाल मृत्युहरण सभावर्णन नामक पछहत्तरवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ७५ ॥

— ❖ —

---

१. हंसानां नरक्षीरविवेचन सदृश प्रकृति पुरुषविवेकसाक्षात्कारवतां मार्गः पन्थाः, तत्रेत्यर्थः।

अथ षष्ठसप्ततितमः पटलः

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

कथयामि महाकाल! चात्यन्ताद्‌भुतमसाधनम्[1] ।
कवचं काकिनीदेव्या अष्टोत्तरशताक्षरम् ॥ १ ॥
यस्य गेहे करे शीर्षे कण्ठे च चित्तमध्यके ।
भुजमध्ये च कट्यां वा धारयित्वा महीतले ॥ २ ॥
किं न सिद्धिं करोत्येव साधको योगिनीपतिः ।

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे महाकाल ! अब काकिनी देवी के अत्यन्त अद्‌भुत साधन से युक्त कवच को कहती हूँ । इसमें उनके १०८ नाम हैं । जिसके घर में, हाथ में, शिर में, कण्ठ में, चित्त के मध्य में, भुजा के मध्य में अथवा कटि में यह कवच धारण किया गया है ऐसा योगिनीपति साधक कौन सी सिद्धि नहीं प्राप्त करता ॥ १-३ ॥

योगसिद्धिः क्रियासिद्धिः शिवासिद्धिस्तथा परा ॥ ३ ॥
महासिद्धिः खेचरी च सुषुम्णासिद्धिरेव च ।
फलसिद्धिः कालसिद्धिः क्रियासिद्धिः शिवाम्बिका ॥ ४ ॥
जङ्घासिद्धिः परासिद्धिः खड्गसिद्धिः सुसूक्ष्मगा ।
अणिमाद्यष्टसिद्धिश्च करे तस्य स्थिरा भवेत् ॥ ५ ॥

योगसिद्धि क्रियासिद्धि, शिवासिद्धि, महासिद्धि, खेचरीसिद्धि, फलसिद्धि, कालसिद्धि, क्रियासिद्धि, शिवासिद्धि, अम्बिकासिद्धि, जंघासिद्धि, परासिद्धि, खड्गसिद्धि तथा सूक्ष्म में रहने वाली अणिमादि सिद्धियाँ उसके हाथ में आ जाती हैं ॥ ३-५ ॥

कवचं काकिनीदेव्याः सर्वसिद्धिप्रदायकम् ।
अकाले वा सुकाले वा पठनाद् धर्मसञ्चयम् ॥ ६ ॥
जयी धर्मसञ्चयेन जयो यत्र शिवस्ततः ।
यत्र शिवा तत्र शिवः कवचात्मा द्वयं प्रियौ ॥ ७ ॥

इस प्रकार काकिनी देवी का यह कवच समस्त सिद्धियों को देने वाला है । अकाल में तथा सुकाल में पढ़ने से धर्म का संचय प्राप्त होता है । धर्म के सञ्चय से ही साधक जयी

---

१. अष्टोत्तरं शतमक्षराणि यस्मिम् कवचे, तमत्यन्ताद्‌भुतसाधनभूतं सिद्धितत्त्वप्रदायकमित्यर्थः ।

बन जाता है । जहाँ शिव हैं वहीं विजय का निवास है जहाँ शिवा हैं वहीं शिव है । अतः कवच धारण करने वाला दोनों का प्रिय हो जाता है ॥ ६-७ ॥

कर्तारौ तौ सदा तारौ पार्वतीपरमेश्वरौ ।
कार्यकारणस्रष्टारौ उभौ तत्र परात्परौ ॥ ८ ॥
कवचात्मकमूर्त्तौ च स्थातारौ प्रभवात्मकौ ।

ये दोनों पार्वती परमेश्वर सृष्टिकर्ता हैं, तारण करने वाले हैं, परात्पर हैं और दोनों ही कार्य कारण में स्रष्टा हैं । वे दोनों कवचात्मक मूर्ति में स्थित रहने वाले हैं, इस जगत् की उत्पत्ति के स्थान हैं ॥ ८-९ ॥

तस्य नामाक्षरं वक्ष्ये शृणुष्व भैरवेश्वर ॥ ९ ॥
भैरवी भीमरूपा च विरूपा रूपविवर्जिता ।
सूक्ष्मातिसूक्ष्मरूपा च स्वप्रकाशा[1] च शाकिनी ॥ १० ॥
चपला चञ्चला भीमा चन्द्रदेवी परापरा ।
कमलाक्षी देवमाता खड्गकपालधारिणी ॥ ११ ॥
गुर्वी गौरी घनच्छाया ॐकाराद्या चरुप्रिया ।
छाया जया जाञ्जना च ओङ्कारात्मा कलावती ॥ १२ ॥
अङ्कारिणी डाकिनी च टक्कादेवी रुणप्रिया ।
तारिणी स्थूलपुष्टा च दयाधर्मप्रिया नुतिः ॥ १३ ॥
परमा बुद्धिशक्तिश्च फलदा फाल्गुनी कला ।
बसुधारा वासुकी च भद्रकाली भवाभवा ॥ १४ ॥
मनसा मोहिनी माता यशोदा याज्ञिका यशा ।
रूपेश्वरी रणप्राणा लक्ष्मीर्लक्षणशोभिता ॥ १५ ॥
वसुप्रिया वसुरता बालरक्षा शशिप्रभा ।
षडक्षरी शारदा च हरिद्रा हारमालिनी ॥ १६ ॥

हे भैरवेश्वर ! अब उनके नामाक्षरों को कहती हूँ उसे सुनिए—१. भैरवी, भीमरूपा, विरूपा, रूपवर्जिता, सूक्ष्मा, अतिसूक्ष्मरूपा, स्वप्रकाशा, शाकिनी, चपला, १०. चञ्चला, भीमा, चन्द्रदेवी, परापरा, कमलाक्षी, देवमाता, खड्गकपालधारिणी, गुर्वी, गौरी, घनच्छाया, २०. ॐ काराद्या, चरुप्रिय, छाया, जया, अञ्जना, ॐ कारात्मा, कलावती, टङ्कारिणी, डाकिनी, ठक्कादेवी, ३०. रुणप्रिया, तारिणी, स्थूलपृष्ठा, दयाधर्मप्रिया, नुति, परमा, बुद्धिशक्ति, फलदा, फाल्गुनी, कला, ४०. वसुधारा, वासुकी, भद्रकाली, भवा, अभवा, मनसा, मोहिनी, माता, यशोदा, याज्ञिका, ५०. वशा, रूपेश्वरी, रणप्राणा, लक्ष्मीः, लक्षणशोभिता, वसुप्रिया, वसुरता, बालरक्षा, शशिप्रभा, षड्क्षरी, ६०. शारदा, हरिद्रा, हारमालिनी ॥ ९-१६ ॥

---

१. स्वेनात्मना प्रकाशो यस्याः सा । घटादीनां यथा परप्रकाश्यत्वं तथा शाकिनीदेव्याः परतः प्रकाश्यता नास्ति । वेदान्तशास्त्रे परब्रह्मणः स्वप्रकाशत्वमुच्यते ।

लावण्यनिरता लङ्का क्षयरोगविनाशिनी ।
क्षेत्रपाला च क्षेत्री च क्षत्रिया क्षेमदा क्षमा ॥ १७ ॥
क्षुन्निवृत्तिकरी[1] क्षुब्धा क्षालनाख्या क्षराक्षरा ।
अनन्ताख्या उमा दुर्गा ऋषभा ईश्वरप्रिया ॥ १८ ॥
लृकारबीजकुटस्था लृकारदीर्घजीविका ।
एरण्डरणचामुण्डा ऐन्द्री डट्टप्रियान्तरा ॥ १९ ॥
तुनुतुण्डा ओषधी च उत्तमाधममध्यमा ।
औद्वेषिणी औषधस्था अट्टहासात्मसङ्गता ॥ २० ॥
अर्थदा अष्टहस्ता च अर्ककोटिमयूखगा ।
अर्धनारीश्वरा अर्च्या अर्बुदास्त्रधरा समा ॥ २१ ॥
अष्टैश्वर्यप्रदा[2] अर्घा अम्भस्था चाप्यरुन्धती ।
अर्पणाख्या अर्कमुनी अर्पणा अस्खलस्थिता ॥ २२ ॥
अर्चनाढ्या अर्चनास्था अराती अरुणाधरा ।
अष्टोत्तराख्यममृतं पठित्वा कवचं पठेत् ॥ २३ ॥
तदा फलसमृद्धिः स्यादायुरारोग्यसाधनम्[3] ।
शाकिनीकवचस्यास्य सदाशिव ऋषिः स्मृतः ॥ २४ ॥

लावण्यनिरता, लङ्का, क्षयरोगविनाशिनी, क्षेत्रपाल, क्षेत्री, क्षत्रिया, क्षेमदा, ७०. क्षभा, क्षुन्निवृत्तिकरी, क्षुब्धा, क्षालनाख्या, क्षराक्षरा, अनन्ताख्या, उमा, दुर्गा, ऋषभा, ईश्वरप्रिया, ८०. लृकारबीजकूटस्था, लृकारदीर्घजीविका, एरण्डरणचामुण्डा, ऐन्द्री, उट्टप्रियान्तरा, तुनुतुण्डा, ओषधी, उत्तमाधममध्यमा, औद्वेषिणी, औषधस्था, ९०. अट्टहासात्मसङ्गता, अर्थदा, अष्टहस्था, अककोटिमयूखगा, अर्धनारीश्वरा, अर्च्या, अर्वुदास्त्रधरा, समा, अष्टैश्वर्यप्रदा, अर्घी, १००. अम्भस्था, अरुन्धती, अपर्णाख्या, अर्कमुनी, अर्पणा, अस्खल- स्थिता, अर्चनाढ्या, अर्चनास्था, १०८. अरुणाधरा । ये १०८ नाम अमृत कहे जाते हैं इनका पाठ कर तब कवच का पाठ करना चाहिए तभी फल की सिद्धि होती है । ये नाम आयु और आरोग्य के साधन हैं ॥ १०-२४ ॥

गायत्रीच्छन्द एवापि शाकिनी देहदेवता ।

इस शाकिनी कवच के सदाशिव ऋषि कहे गए हैं । गायत्री छन्द हैं शाकिनी देह देवता हैं ॥ २५ ॥

---

१. क्षुधो निवृत्तिः, क्षुन्निवृत्तिस्तां करोति, तच्छीला या सा । कृञ्धातोष्टप्रत्ययः, टित्वाद् डीप्प्रत्ययः ।

२. अष्टसंख्याकानि ऐश्वर्याणि, तानि प्रददाति या सा, "आतश्चोपसर्गे" इति कप्रत्यये स्त्रीत्वविवक्षायां टापप्रत्ययः ।

३. आयुश्चारोग्यं चेति आयुरारोग्ये ते साधयति यत्तत्, कर्तरि ल्युट् बाहुलकात् । अथवा करण एव सः ।

ओं श्रीं क्लीं मे शिरः पातु ब्लूँ ह्लूँ मे ललाटकम् ॥ २५ ॥
चक्षुषी खेचरी पातु कर्णौ मे शिवशाकिनी ।
गण्डयुग्मं सदा पातु देवशाकम्भरी रमा ॥ २६ ॥

'ॐ श्रीं क्लीं' हमारे शिर की रक्षा करें । 'ब्लूँ ह्रूँ' मेरे ललाट की, खेचरी दोनों नेत्रों की, शिवशाकिनी दोनों कानों की, देवशाकम्भरी एवं रमा हमारे दोनों गण्डयुग्मों की रक्षा करें ॥ २५-२६ ॥

स्वाहा पातु युग्मनासां ओष्ठाऽधरं शिरोऽवतु ।
द्रीं ह्रीं श्रीं मे दन्तपङ्क्तिं जिह्वाग्रं देहदेवता ॥ २७ ॥
चिबुकं कमला देवी वाग्दात्री मे कपालकम् ।
वदनं कालिका पातु शब्दबीजात्मिका गलम् ॥ २८ ॥

स्वाहा दोनों नासिका की, ओष्ठ, अधर की तथा शिर की रक्षा करें । 'द्रीं ह्रीं श्रीं' हमारे दोनों दन्तपंक्तियों की तथा देह देवता जिह्वा के अग्रभाग की रक्षा करें । कमला देवी चिबुक की, वाग्दात्री कपाल की कालिका मुख की तथा शब्द बीजत्मिका गले की रक्षा करें ॥ २७-२८ ॥

कण्ठदेवी शाकिनी च पातु मे कण्ठपङ्कजम् ।
सुरादेवी सदा पातु हृत्पद्मं कामरूपिणी ॥ २९ ॥
कलावती कामकामा काममाला विशुद्धकम् ।
सदाशिवपथं पातु लक्ष्मीर्मे नाभिपङ्कजम् ॥ ३० ॥

कण्ठ की देवी शाकिनी मेरे कण्ठपङ्कज की रक्षा करें कामरूपिणी सुरा देवी मेरे हृत्पद्म की रक्षा करें । कलावती, कामकामा, काममाला, विशुद्धचक्र की तथा सदाशिव के पथभूत नाभि पङ्कज की रक्षा लक्ष्मी देवी करें ॥ २९-३० ॥

उल्कामुखी सदा पातु देवमाता षडक्षरम् ।
सदा पातु विष्णुपद्मं राकिणी पातु मे दलम् ॥ ३१ ॥
कटिदेशं सदा पातु भेगदा ज्ञानमोक्षदा ।
मूलाधारं सदा पातु काकिनी परमेश्वरी ॥ ३२ ॥

उल्कामुखी देवमाता ६ अक्षरों वाले विष्णुपद्म की रक्षा करें । राकिणी उसके कमल के दल की रक्षा करें । ज्ञान एवं मोक्ष तथा भोगप्रदान करने वाली देवी मेरे कटिदेश की रक्षा करें तथा परमेश्वरी काकिनी देवी मूलाधार की रक्षा करें ॥ ३१-३२ ॥

एकरूपा सदा पातु लिङ्गाधारं विरूपिणी ।
मार्कण्डपूजिता[१] देवी मृकुण्डा मूलवासिनी ॥ ३३ ॥

---

१. मृकण्डस्य पुत्रो मार्कण्डस्तेन पूजिता इति भावः । मार्कण्डेयशब्दस्तु ढक्प्रत्ययान्तो द्रष्टव्यः ।

सदा मे पातु देवेशि अभया चारुदेशकम् ।
दर्शनाख्या महादेवी लिङ्गाधारं पदान्तरम् ॥ ३४ ॥

विरूपिणी, एकरूपा, मार्कण्डेय पूजिता, मूलवासिनी, मृकण्डा देवी मेरे लिङ्गाधार की रक्षा करें । देवेशी अभया हमारे चारु प्रदेश की रक्षा करें । दर्शन नाम वाली महादेवी हमारे लिङ्गाधार एवं पैरों के मध्य भाग की रक्षा करें ॥ ३३-३४ ॥

पातु देवी हिरण्याक्षी सर्वाङ्गं सर्वदेवता ।
विधात्री सूक्ष्मरूपस्था स्थूलाङ्गी[1] च कृशोदरी ॥ ३५ ॥
सर्वत्र सर्वदा पातु देवी शाकम्भरी मम ।
हृत्कालिका सदा पातु सर्वाङ्गं सर्वदेशके ॥ ३६ ॥

सर्वदेवतारूपा हिरण्याक्षी देवी मेरे सर्वाङ्ग की रक्षा करें । विधात्री, सूक्ष्मरूपस्था, स्थूलाङ्गी एवं कृशोदरी सर्वत्र सर्वदा मेरी रक्षा करें । शाकम्भरी एवं हत्कलिका सभी देश में हमारे सर्वांग की सदा रक्षा करें ॥ ३५-३६ ॥

इति ते कथितं नाथ कवचं देवदुर्लभम् ।
पठित्वा सिद्धिप्राप्नोति राजत्वं लभते नरः ॥ ३७ ॥
अकस्मात् सूर्यतुल्यः स्यात् कामजेता स्वयं भवेत् ।
धारणाद् देहवृद्धिः स्यादायुरारोग्यसम्पदम् ॥ ३८ ॥

फलश्रुति—हे नाथ ! इस प्रकार देव दुर्लभ इस कवच को मैने आपसे कहा । इसके पढ़ने से मनुष्य सिद्धि प्राप्त करता है एवं राजत्व भी प्राप्त करता है । वह अकस्मात् सूर्य के समान तेजस्वी तथा काम को जीतने वाला हो जाता है । इसके धारण करने से देह पुष्ट होता है आयु, आरोग्य एवं सम्पत्ति प्राप्त होती है ॥ ३७-३८ ॥

वायुसिद्धिकरं साक्षादमृतानन्दविग्रहम् ।
अग्निस्तम्भं जलस्तम्भं वायुस्तम्भं करोति हि ॥ ३९ ॥
खेचरो योगजेता स्यादाशाक्षयकरो भवेत् ।
ततः पठेत् काममन्त्रं तदन्ते ध्यानमाचरेत् ॥ ४० ॥

यह कवच वायु की सिद्धि प्रदान करने वाला अमृतानन्द का साक्षात् विग्रह है । इसका पाठ करने वाला अग्निस्तम्भन, जलस्तम्भन तथा वायु का स्तम्भन करने में समर्थ होता है । वह खेचर और योग जेता हो जाता है और आशा का क्षय कर देता है । इस कवच को पढ़ने के बाद काम मन्त्र जपे और उसके अन्त में ध्यान करे ॥ ३९-४० ॥

ॐश्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्यावहोरात्रे पार्श्वे
नक्षत्राणि रूपमश्विनौ व्यात्तम् । इष्णन्निषाणा-

---

१. स्थूलेऽक्षिणी यस्याः सा । 'बहुव्रीहौ सक्थ्यक्ष्णोः स्वाङ्गात् षच् इति सूत्रेण षच्प्रत्ययः, षित्वान् ङीष् । स्थूलाङ्गी इति पाठेऽपि 'अङ्गगात्रकण्ठेभ्यो वक्तव्यम्' इति वचनेन ङीष्प्रत्ययो वैकल्पिकविधिना बोध्यः ।

मुम्म इषाण सर्वलोकम्म इषाण ॥ ४१ ॥
जपित्वा काममन्त्रं हि सर्वकामफलं लभेत् ।
ततो ध्यात्वा च कवचं ध्यायेद्यः शाकिनीशिवम् ॥ ४२ ॥

ॐ श्रीश्च ते .. .. सर्वलोकम्म इषाण' पर्यन्त काम मन्त्र है इस मन्त्र का जप करने से साधक अपनी सारी कामनायें पूर्ण कर लेता है । फिर शाकिनी एवं शिव का ध्यान करें फिर ध्यान करने के बाद कवच का पाठ करे ॥ ४१-४२ ॥

स वेदपारमायाति शाकिनीध्यानयोगतः ॥ ४३ ॥
प्राणाख्यां शुक्लपद्मे निरवधिनिलयां शाकिनीं पीतवस्त्रां
सूक्ष्मां भूषातिरुदोद्भतनुचपलां चञ्चलां सिद्धिलोलाम् ।
हस्तैः पद्मैश्चतुर्भिः सुनयनकमलैर्भासमानां शिवाढ्यां
पद्माभीतिप्रचण्डासिचसहितां शाकमातां भजामि ॥ ४४ ॥

शाकम्भरी देवी का ध्यान—शाकिनी के ध्यान से युक्त रहने वाला साधक वेद का पारगामी विद्वान् बन जाता है । प्राण नाम से कही जाने वाली, शुक्लपद्म पर नित्य निवास करने वाली, पीतवस्त्र धारण करने वाली, सूक्ष्म शरीर धारण करने वाली, आभूषणों से अलंकृत, अतिरुद्र से उत्पन्न, शरीर से चपल एवं चञ्चल, सिद्धियों द्वारा तृष्णापूर्वक देखी जाने वाली, अपने हाथों में चार कमल धारण करने वाली, सुन्दर नेत्रों की कला से भासमान, सबका कल्याण करने वाली, पद्म एवं अभय मुद्रा धारण करने वाली और प्रचण्ड खड्गसमूहों से युक्त शाकमाता शाकम्भरी की मैं सेवा करता हूँ ॥ ४३-४४ ॥

ध्यात्वा योगी श्मशाने गिरिवरकुरे[१] डाकिनीदेशमध्ये
शून्ये गर्तेवने वा गगनगृहतले शून्यगेहे सुप्रवासे ।
ज्ञानात्मा यो वशी वा पठति च सततं शाकिनीदेहयोगं
गङ्गायां स्वीयगर्भे कवचमभयदं सर्वदं याति सिद्धिम् ॥ ४५ ॥

योगीजन श्मशान में, पर्वत की गुफा में, डाकिनी के रहने वाले स्थान में, शून्य गढ्ढे में, वन में, आकाश में बने गर्भगृह के नीचे, शून्य गृह में, सुप्रवास में और गङ्गा के अपने गर्भ में (तट पर) जो ज्ञानात्मा अथवा जितेन्द्रिय साधक सर्वदा सर्वदायी शाकिनी से अपने देह को युक्त कर जो अभय देने वाले इस कवच को पढ़ता है वह सिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ ४५ ॥

कवचं कारणैर्देवीं पूजयित्वा यथाविधि ।
अकस्मात् कायसिद्धिः[२] स्यादष्टैश्वर्यसमन्वितः ॥ ४६ ॥

---

१. गिलति पृथिवीं निगिलति योऽसौ गिरिः । गृधातोरौणादिक इ—प्रत्ययः, तस्य कित्वाद् गुणाभावः । गिरीणां वरस्तस्य कुहरे इति भावः ।

२. चीयन्तेऽस्मिन्नस्थ्यादीनि स कायः, 'निवासचितिशरीरोपसमाधानेष्वादेश्च कः' इति सूत्रेण चिञ्धातोर्घञ् आदेश्चकारस्य ककारादेशश्च, कायस्य सिद्धौ तस्य सर्वदेशेषु अप्रति–हता गतिर्भवति, सूर्यलोके, चन्द्रलोके, हिमाच्छन्नदेशे वा तद्गमनस्यावरोधो न भवति ।

मोक्षमाप्नोति भावेन सुखं तस्य पदे पदे ।
म्रियन्तु बालका यस्याः काकवन्ध्या[१] च या भवेत् ॥ ४७ ॥
धारयित्वा त्विमां विद्यामेतैर्दोषैर्न लिप्यते ।
कण्ठे यो धारयेदेतां समरे काण्डधारिणीम् ॥ ४८ ॥
अक्षयत्वमवाप्नोति जीवमात्रः सदाशिवः ।
गोरोजनाकुङ्कुमेन कालागुरुहरिद्रया ॥ ४९ ॥
लाक्षारसैर्लेखयित्वा धारयित्वाऽमृतं लभेत् ॥ ५० ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवभैरवीसंवादे शकिनीकवचं नाम षष्ठसप्ततितमः पटलः ॥ ७६ ॥

— ❖ —

अपने प्रकार के पूजोपकरणों से इस कवच का पूजन करने वाला साधक अकस्मात् कार्यसिद्धि तथा अष्टैश्वर्य समन्वित बन जाता है । भावना करने से मोक्ष प्राप्त करता है । उसे प्रतिपद सुख प्राप्त होता है । जिसके बालक हो होकर मर जाते हैं अर्थात् मृतवत्सा एवं काकवन्ध्या स्त्री इस कवच को धारण करने से उक्त दोषों से छुटकारा पा जाती है । जो युद्ध में बाण धारण करने वाली शाकिनी को अपने कण्ठ में धारण करता है, उसका नाश कभी नहीं होता । वह जीते जी सदाशिव बन जाता है । गोरोचन, केसर, कालागुरु, हरदी अथवा लाक्षारस से लिखकर इसे धारण करने वाला पुरुष अमृतत्त्व प्राप्त कर लेता है ॥ ४६-५० ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्र प्रकरण में षट्चक्र-प्रकाश में भैरवीभैरव संवाद में शाकिनी कवच नामक छिहत्तरवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ७६ ॥

— ❖ —

---

१. काकवन्ध्याशब्दः पारिभाषिकः । यस्याः स्त्रिया बालका उत्पद्य म्रियन्ते, सा काकवन्ध्या इत्युच्यते ।

अथ सप्तसप्ततितमः पटलः

श्रीआनन्दभैरव उवाच

इदानीं वद कौमारि सुन्दरि प्राणवल्लभे ।
अशीतितमे पटले वद योगार्थसञ्चयम् ॥ १ ॥

श्रीआनन्दभैरव ने कहा—हे कौमारि ! हे सुन्दरि ! हे प्राणवल्लभे ! इस समय इस अस्सीवें (सतत्तरवें) पटल में योगार्थ संचय को कहिए ॥ १ ॥

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

शृणु भैरवराजेन्द्र सदाशिवादिशाकिनीम् ।
द्वयोराह्लादयोगो हि भोगमोक्षफलायते[1] ॥ २ ॥
आकाशपरमाणूनां विशिष्टामलचक्षुषाम् ।
दर्शनं विद्युज्जडितं प्राप्नोति सहसा सुधीः ॥ ३ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे भैरवराजेन्द्र ! सदाशिव एवं आदि शाकिनी इन दोनों का प्रेम पूर्वक मिलन ही भोग तथा मोक्षरूप फल देने वाला होता है । इनका ध्यान करने से सुधी साधक आकाश में परमाणु स्वरूप, विशिष्ट तथा निर्मल चक्षुओं वाले योगियों का, जो विद्युत् के समान देदीप्यमान हैं उनका, सहसा दर्शन प्राप्त कर लेता है ॥ २-३ ॥

सदाशिवकुलस्थानोपरि श्रीशाकिनीपदम् ।
द्वयोर्यो हि विशिष्टज्ञो ज्ञानखेचरसिद्धये ॥ ४ ॥
तत्कुलस्थानमावक्ष्ये यथावदवधारय ।

सदाशिव कुलस्थान के ऊपर श्री शाकिनी का स्थान है । जो इन दोनों का विशेष रूप से ज्ञान रखता है उसका ज्ञान खेचर सिद्धि के लिए हो जाता है । उन दोनों का कुलस्थान कहती हूँ, अतः ठीक प्रकार से सुनिए ॥ ४-५ ॥

षोडशाख्यदलाग्रेषु मध्यमूलेषु सर्वतः ॥ ५ ॥
सदाशिवकुलस्थानं चक्रराजं विचिन्तयेत् ।
विचिन्त्य शतधा योगी किं न सिद्ध्यति भूतले ॥ ६ ॥

---

१. भोगश्च मोक्षश्च भोगमोक्षौ, तौ च ते फले चेति भोगमोक्षफले, त इवाचरति इति भोगमोक्षफलायते, "उपमानादाचारे" इति सूत्रेण क्यङ्प्रत्ययः ।

१६ षोडश दल के अग्रभाग में, मध्य भाग में तथा मूल भाग में, किं बहुना सर्वत्र सदाशिव के कुल स्थान वाले चक्रराज का ध्यान करना चाहिए । सौ बार इसका ध्यान करने से योगी पृथ्वी पर क्या नहीं सिद्ध कर लेता ॥ ५-६ ॥

भूतानामधिपो भूत्वा स्थिरो भवति भूतले ।
भगवन्तं महाकायं परदेवं सदाशिवम् ॥ ७ ॥
चक्रस्थं चक्रबाह्यस्थं बाह्यमभ्यन्तरं परम् ।
पश्यत्येव महायोगी कालचक्रं ततः परम् ॥ ८ ॥

वह साधक सम्पूर्ण भूतों का अधिपति हो जाता है और पृथ्वी पर स्थिर रूप से निवास करता है । उन महाकाय, परदेव, भगवान् सदाशिव का वह साधक चक्र में, चक्र के चारों ओर, चक्र के बाहर और भीतर महायोगी का दर्शन करता है । इसके बाद कालचक्र का दर्शन करता है ॥ ७-८ ॥

अनायासेन गगनग्रन्थिं भित्वा परे लयम् ।
चक्रराजप्रसादेन सर्वसञ्चारगो भवेत् ॥ ९ ॥
द्वात्रिंशत्कठिनग्रन्थिं[1] भित्वाकाशे खगोर्ध्वगः ।
ततः परशिवानन्दचक्रं शक्त्यात्मकं ततः ॥ १० ॥

तदनन्तर शरीर के समस्त आकाश ग्रन्थि का भेदन कर परब्रह्म में लीन हो जाता है । चक्रराज की प्रसन्नता प्राप्त कर लेने पर योगी अव्याहत गति से सर्वत्र जाने में समर्थ हो जाता है । बत्तीस बत्तीस संख्या वाली कठिन (पुष्ट) ग्रन्थियों का भेदन कर साधक आकाश में सूर्य से ऊपर चला जाता है । तदनन्तर शक्त्यात्मक परशिवानन्द चक्र प्राप्त करता है ॥ ९-१० ॥

ततो हि शब्दनिकरं परास्थानं ततः परम् ।
सकलानिष्कलास्थानं[2] बोधनीमण्डलं ततः ॥ ११ ॥
तदूर्ध्वञ्चोन्मनीपीठं भित्वा च तदनन्तरम् ।
भृगुपूरं ततो भित्वा नादपूरं ततः परम् ॥ १२ ॥
नादान्तकं ततो भित्वा ब्रह्मविष्णुषटाकरम् ।
क्रियाकरं प्राणलयं यज्ञस्थानं शिखापदम् ॥ १३ ॥
पूर्णगिरिमुड्डियानं भित्वा च स्वपदं ततः ।
दुर्गस्थानं ततो भित्वा प्रकाशस्थानमेव च ॥ १४ ॥
तदूर्ध्वे पिङ्गलास्थानं तदूर्ध्वे तत्पदं ततः ।

---

१. द्वात्रिंशत्संख्याका कठिना ग्रन्थिस्तद्भेदनमुक्तम् । एतद्ग्रन्थिगणना पारिभाषिकी वर्तते ।

२. कलाभिः सहिता सकला, निर्गता कला यस्याः सा निष्कला, सकला च निष्कला च, तासां स्थानम् । विरोधिधर्मयोः समावेशः परतत्त्व एव भवति । अत एव वन्दे वह्निशशाङ्कसूर्यनयनमिति कथनं भगवति शिवे संगच्छते ।

सुषुम्नामण्डलं भित्वा धौम्रिकोणं महालयम् ॥ १५ ॥
महाबिन्दुं तदूर्ध्वे तु षट्कोणं तु तदूर्ध्वके ।
तदूर्ध्वे वासनापूरं बीजपूरं तदूर्ध्वके ॥ १६ ॥
तदूर्ध्वे विष्णुचक्रं तु कुलालिचक्रवत्स्थितम् ।
तं भित्वा कामनगरं सर्वकामफलप्रदम् ॥ १७ ॥

इसके बाद शब्द निकर, इसके बाद परास्थान, इसके बाद सकला, निष्कला स्थान, तदनन्तर बोधनी मण्डल प्राप्त करता है । उसके ऊपर उन्मनीपीठ का भेदन कर उसके बाद भृगुपूर, फिर उसका भी भेदन कर नादपूर, उसके बाद नादान्तक का भी भेदन कर ब्रह्मा, विष्णु घटाकर, क्रियाकर, प्राणलय, यज्ञस्थान, शिखापद, पूर्णगिरि, फिर उड्डियान, फिर उसका भी भेदनकर स्वपद, उसके बाद दुर्गस्थान, फिर उसका भी भेदन कर प्रकाश स्थान, उसके ऊपर पिङ्गलास्थान, उसके ऊपर तत्पद, इसके बाद सुषुम्ना मण्डल का भेदन कर धौम्रिकोण महालय, उसके ऊपर महाबिन्दू, उसके ऊपर षट्कोण, उसके ऊपर वासनापूर, उसके ऊपर बीजपूर, उसके ऊपर विष्णुचक्र जो कुम्भकार के चक्र के समान स्थित है । उसका भेदन कर कामनगर जो सभी कामनाओं का फल प्रदान करता है ॥ ११-१७ ॥

तदूर्ध्वे शक्रचक्रं तु तदूर्ध्वे भूमिचक्रकम् ।
तदूर्ध्वे कोषचक्रं तु तदूर्ध्वे वायुचक्रकम् ॥ १८ ॥
तदूर्ध्वे वह्निचक्रं तु तदूर्ध्वेऽमृतचक्रकम् ।
तदूर्ध्वे जलचक्रं तु दिवाचक्रं तदूर्ध्वके ॥ १९ ॥
तदूर्ध्वे यामिनीचक्रं तदूर्ध्वे तारचक्रकम् ।
तदूर्ध्वे धर्मचक्रं तु कालचक्रं तदूर्ध्वके ॥ २० ॥
सर्वकालं सदा व्याप्य जगत्स्थावरजङ्गमम् ।
सदा तदूर्ध्वनिकरं सप्तसागरमण्डलम् ॥ २१ ॥

उसके ऊपर शक्रचक्र, उसके ऊपर भूमिचक्र, उसके ऊपर कोषचक्र, उसके ऊपर वायुचक्र, उसके ऊपर अग्निचक्र, उसके ऊपर अमृतचक्र, उसके ऊपर जलचक्र, उसके ऊपर दिवाचक्र, उसके ऊपर यामिनी चक्र, उसके ऊपर तार चक्र, उसके ऊपर धर्मचक्र, उसके ऊपर कालचक्र जो जगत् में स्थावर, जङ्गम, सर्वत्र सर्वकाल में व्याप्त है, उसके ऊपर सप्तसागर मण्डल है ॥ १७-२१ ॥

तदूर्ध्वे भाति सततं श्रीजलान्तकमण्डलम् ।
तदूर्ध्वे तु महाचक्रं महापद्मवनाकरम् ॥ २२ ॥
टङ्कारोपरि संध्यायेत् सहस्रारे सुपङ्कजम् ।
तं भित्वा ज्ञानपद्मं तु कर्णिकायां प्रपश्यति ॥ २३ ॥
प्रेतरूपमहादेवशवाकारं[1] तु निष्क्रियम् ।
अस्योरसि प्रेतबीजं सूर्यायुतसमप्रभम् ॥ २४ ॥

---

१. प्रेतरूपो महादेवस्तस्य शवाकारस्तं प्रपश्यति इत्यन्वयः ।

उसके भी ऊपर सदैव शोभित रहने वाला श्री जलाप्तक मण्डल है, उसके भी ऊपर महापद्मवनों का आकर महाचक्र है । साधक को टङ्कार के ऊपर सहस्रार चक्र में उस सुन्दर कमल का ध्यान करना चाहिए । तब उस ज्ञानपद्म का भी भेदन कर उसकी कर्णिका में शवाकार में स्थित सर्वथा निष्क्रिय, प्रेतरूप में स्थित महादेव का दर्शन प्राप्त करता है । इनके वक्षःस्थल पर हजारों सूर्य के समान प्रेतबीज (?) स्थित है ॥ २३-२४ ॥

ऊरुमूले च तस्यापि क्रोधबीजं शतारुणम् ।
तस्योपरि महाकालीमवश्यं परिपश्यति ॥ २५ ॥
प्रत्यालीढपदामम्बामम्बुजाक्षीं हसन्मुखीम् ।
चतुर्भुजां खड्गमुण्डवराभयकराम्बुजाम् ॥ २६ ॥
त्रैलोक्यजननीं ब्रह्मरूपिणीं मुकुटोज्ज्वलाम् ।
मुण्डमालां संवहन्तीं सर्वास्त्रां सर्वकारणाम् ॥ २७ ॥

उनके ऊरु के मूल पर सैकड़ों अरुण के समान क्रोध बीज (हुँ) दिखाई पड़ता है । तब उस क्रोध रूपबीज के ऊपर रहने वाली महाकाली का दर्शन अवश्य प्राप्त होता है । वह महाकाली प्रत्यालीढ मुद्रा (वीरों की विशेष प्रकार की स्थिति वाले आसन) में उस क्रोध बीज पर स्थित हैं । सबकी माता हैं, उनके नेत्र कमल के समान सुन्दर हैं । हँसते हुए मुखण्डल वाली हैं, कमल के सदृश उनकी चार भुजाएं हैं, जिनमें खड्ग, मुण्डमाला, वर एवं अभय धारण किए हुए हैं । वे त्रैलोक्य की जननी हैं, ब्रह्मस्वरूपिणी हैं, उनका मुकुट अत्यन्त देदीप्यमान है । वे मुण्डमाला लिए हुए हैं, सभी अस्त्रों से सुशोभित हैं तथा सबकी कारणभूता हैं ॥ २५-२७ ॥

अनन्तकोटिब्रह्माण्डब्रह्मव्यापकरूपिणीम् ।
प्रसन्नवदनां घोरां शवकर्णां करालिनीम् ॥ २८ ॥
योगीन्द्रजननीं नित्यां भवानीं भवमोचिनीम् ।
विमलां निर्मलानन्दां ज्ञानानन्दस्वरूपिणीम् ॥ २९ ॥
धर्मार्थकाममोक्षस्थां मुक्तकेशीं दिगम्बरीम् ।
ललितां सुन्दरीं श्यामां महाकालनिषेविताम् ॥ ३० ॥

अनन्त कोटि ब्रह्माण्ड में ब्रह्मस्वरूप से व्याप्त हैं । प्रसन्नमुद्रा में स्थित है, घोरा हैं । उनके कानों में शव लटक रहा है अतएव विकराल दिखाई पड़ रही हैं । योगिन्द्रों की माता, नित्या, भवानी तथा भवमोचनी हैं । विमला, निर्मलानन्दा, ज्ञानानन्दस्वरूपा, धर्मार्थकाम तथा मोक्ष देने वाली हैं । उनके केश चारों ओर बिखरे हुए हैं । दिगम्बरी (नङ्गी) हैं । ललिता, सुन्दरी, श्यामा तथा महाकाल द्वारा सेवित हैं ॥ २८-३० ॥

महोग्रां चन्द्रघण्टाढ्यनितम्बरत्नमेखलाम् ।
सहस्रानन्तसूर्योग्रतेजोरूपां कुलप्रियाम् ॥ ३१ ॥
श्मशान वासिनीं दुर्गां श्मशानालयवासिनीम् ।
घोररावां महारौद्रीं कालिकां दक्षिणां पराम् ॥ ३२ ॥

कर्णावतंसतां नीतशवयुग्मभयानकाम् ।
घोरदंष्ट्रां करालास्यां पीनोन्नतपयोधराम् ॥ ३३ ॥
शवानां करसङ्घातैः कृतकाञ्चीं प्रियंवदाम् ।

अत्यन्त उग्र हैं चन्द्र घण्टा से युक्त हैं, उनके नितम्ब स्थान पर रत्न की मेखला शोभा पा रही है । सहस्र, किं वा, अनन्त सूर्य के समान उग्र तेज वाली हैं । शाक्त सम्प्रदाय की इष्टदेवी हैं, श्मशानवासिनी, दुर्गा तथा श्मशानालय में निवास करने वाली हैं । घोर शब्द करने वाली, महारौद्री तथा दक्षिण कालिका स्वरूपा हैं । उनके दोनों कानों में दो भयानक शव कुण्डल के समान लटक रहे हैं, उनके दाँत महाभयानक हैं तथा मुख अत्यन्त विकराल है । स्तन अत्यन्त पीन तथा समुन्नत हैं, शवों के हाथों की काञ्ची धारण करने वाली है तथा प्रिय बोलने वाली हैं ॥ ३१-३४ ॥

सृक्कद्वय [१]गलद्रक्तधाराविस्फुरिताननाम् ॥ ३४ ॥
बालार्क [२]मण्डलाम्भोजनयनत्रयभूषिताम् ।
दन्तुरां दक्षिणव्यापिमुक्तालम्बिकुचश्रियम् ॥ ३५ ॥
शवरूपमहादेवहृदयोपरि संस्थिताम् ।
शिवाभिर्घोररावाभिश्चतुर्दिक्षु समन्विताम् ॥ ३६ ॥
महाकालव्यापकेन विपरीतरतातुराम् ।
सुखप्रसन्नवदनां स्मेरारुणसरोरुहाम् ॥ ३७ ॥
मधुमांसचर्वणाढ्यां वरदां मदनातुराम् ।
वेदवेदाङ्गविद्याभिरुदारगुणसम्भवाम् ॥ ३८ ॥

ओष्ठाधर के दोनों भागों से गिरती हुई रक्तधारा से जिनका मुख विस्फुरित है, जो उदीयमान सूर्य के समान अरुण वर्ण के तीन नेत्र कमलों से भूषित हैं, जिनके दाँत बहुत बड़े बड़े हैं जो अत्यन्त उदार तथा सरल हैं । जिनके कुच पर लटकती मोती शोभा पा रही है । जो शव रूप में स्थित महादेव के हृदय पर विराजमान हैं । जो अपने चारों ओर घोर शब्द करती हुई शृगालियों के समूह से घिरी हुई हैं । महाकाल के द्वारा जो विपरीत रति के लिए अत्यन्त उत्कण्ठित हो रही हैं । जिनका मुख मण्डल सुख से प्रसन्न है तथा जिनका मन्द हास्य लाल कमल के समान है । जो मधु अथा मांस के चर्वण से प्रसन्न रहती हैं, वर दायिनी हैं, काम के लिए आतुर रहती हैं और वेद वेदाङ्ग रूप विद्याओं से परिपूर्ण होने के कारण जो उदार गुणों से युक्त हैं ॥ ३४-३८ ॥

दैत्यदानवदर्पघ्नीं भगमालाकलेवराम् ॥ ३९ ॥
चिन्तयेत् कौलिकां कालीं कुलवृक्षतलस्थिताम् ।
श्रीकल्पलतिकां विद्युत्कोटिमण्डितकुण्डलाम् ॥ ४० ॥

---

१. सृक्कद्वयेन गलन्ती या रक्तधारा, तया विस्फुरितमाननं यस्याः सा, तामिति भावः।
२. बालार्को बालसूर्यस्तस्य मण्डलं तेन प्रस्फुटितमम्भारुहं कमलं तद्वद् नयनत्रयं तेन भूषिताम् ।

नागयज्ञोपवीताढ्यां चन्द्रार्धकृतशेखराम् ।
सर्वालङ्कारयुक्ताञ्च वह्नयर्कशशिलोचनाम् ॥ ४१ ॥

जो दैत्यों तथा दानवों के दर्प को विनाश करने वाली हैं जिनका कलेवर भगमाला से अलंकृत है ऐसी शाक्तों की परमदेवता काली का जो कुल वृक्ष के नीचे स्थित हैं साधक को उनका ध्यान करना चाहिए । जो श्री की कल्पलता है जिनका कुण्डल करोड़ों विद्युत् के समान जाज्वल्यमान हैं । जो सर्पों का यज्ञोपवीत धारण की हुई हैं तथा मस्तक पर अर्धचन्द्र धारण की है जो सभी प्रकार के अलङ्कारों से अलंकृत हैं सूर्य चन्द्रमा तथा अग्नि जिनके नेत्रों में स्फुरित हो रहे हैं ॥ ३९-४१ ॥

ललज्जिह्वां कामरूपां कामपीठनिवासिनीम् ।
अतिसौन्दर्यवदनां धाराविस्फुरितप्रभाम् ॥ ४२ ॥
कामदां सिद्धगन्धर्वदेवचारणनाटकैः ।
स्तूयमानां ब्रह्मविष्णुशिवशक्रमहर्षिभिः ॥ ४३ ॥
सर्वदा वन्दितां कोटिजलदाभतनुप्रभाम् ।
संसारतारिणीं तारां तारब्रह्मस्वरूपिणीम् ॥ ४४ ॥
इन्दुनीलमणिश्रेणिशोभाविद्युत्प्रकाशिनीम् ।
श्रीवासमधुरानन्दप्रियप्रेमदिगम्बरीम् ॥ ४५ ॥

जिनकी जीभ लपलपा रही है, जो कामस्वरूपा तथा कामपीठ में निवास करने वाली हैं । जिनका मुख मण्डल अत्यन्त सौन्दर्य पूर्ण है, धारा से जिनकी प्रभा विस्फुरित हो रही है, जो सबका मनोरथ पूर्ण करने वाली हैं । सिद्ध, गन्धर्व, देवता, चारण, नृत्य करने वाला तथा ब्रह्मा, विष्णु, शिव, इन्द्र एवं महर्षियों से निरन्तर स्तूयमान और वन्दित हैं । जिनके शरीर की कान्ति करोड़ों जलद के समान है । जो संसार का तारण करने वाली तारा हैं, तारब्रह्मस्वरूपा हैं, चन्द्रमणि नीलमणियों की शोभा से युक्त हैं, विद्युत् के समान प्रकाशवाली हैं जिनमें श्री का वास है, जो माधुर्य, आनन्द एवं प्रेम प्रिय हैं जो दिगम्बरी हैं ॥ ४२-४५ ॥

लज्जातीतां कुलातीतां ज्ञानातीतां निरञ्जनाम् ।
क्रोधपुञ्ज [१]समुद्भूतद्वीपिचर्मकटिप्रभाम् ॥ ४६ ॥
नीला-घना-बला-माया-मात्रा-मुद्रा-कलादिभिः ।
सर्वदा पूजितां ध्यायेत् सहस्रारवराम्बुजे ॥ ४७ ॥
एवं ध्यात्वा महाकालीं श्यामां कामदुघां [२] शिवाम् [३] ।

---

१. क्रोधपुञ्जेन समुद्भूता द्वीपिचर्मणा (व्याघ्रचर्मणा) आच्छादिता या कटिस्तस्याः प्रभा यस्याः सा भगवती शिवा ।

२. कामान् इष्टान् विषयान् दोग्धीति कामदुघा, स्वेष्टविषयप्रपूरिका भगवती शिवा देवी इति भावः ।

३. शेते प्रलयकाले सर्व जगद् यस्यां सा शिवा, शेतेर्डप्रत्यये टाप् ।

आकाशगामिनीं[1] सिद्धिमवश्यं लभते वशी ॥ ४८ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे सदाशिवकुलचक्रक्रमनिरूपणे भैरवीभैरवसंवादे योगार्थसञ्चयनं नाम सप्तसप्ततितमः पटलः ॥ ७७ ॥

— ❖ —

जो लज्जा से परे हैं, कुल से परे हैं, ज्ञान से अगम्य हैं, माया रहित हैं । अत्यन्त क्रोधपुञ्ज में भरे हुए द्वीपि (व्याघ्र) के चर्म के समान जिनके कटि की प्रभा है । नीला, घना, वला माया मात्रा मुद्रा तथा कलाओं से जो सर्वदा पूजित हैं ऐसी महाकाली का ध्यान श्रेष्ठ सहस्रारदल चक्र में करना चाहिए । इस प्रकार की कामनाओं को पूर्ण करने वाली श्यामा महाकाली शिवा का ध्यान कर जितेन्द्रिय साधक अवश्य ही आकाशगामिनी सिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ ४६-४८ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्र प्रकरण में षट्चक्र प्रकाश में सदाशिव कुल चक्र क्रम निरूपण में भैरवी भैरव संवाद में योगार्थसंचय नामक सतहत्तरवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ७७ ॥

— ❖ —

१. आकाशे गच्छति, तच्छीला ''सुप्यजातौ णिनिस्ताच्छील्ये'' इति णिनिः ।

अथाष्टसप्ततितमः पटलः

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

शृणु भैरव वक्ष्यामि सङ्केतार्थविनिर्णयम् ।
कुलचक्रक्रमं सिद्धं शक्तिसदाशिवस्य च ॥ १ ॥
अस्य विज्ञानमात्रेण कण्ठपद्मे स्थिरो भवेत् ।
पद्माग्रे च सारचक्रं योगिनामतिसुप्रियम् ॥ २ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे भैरव ! अब सङ्केत से जिसके अर्थ का निर्णय है उस शक्ति युक्त सदाशिव के कुलचक्र के क्रम को मैं कहूँगी, उसे सुनिए । जिसके जान लेने मात्र से कण्ठ पद्म में साधक को स्थिरता प्राप्त हो जाती है । कण्ठ पद्म के अग्रभाग में योगियों का अत्यन्त प्रिय सारचक्र है ॥ १-२ ॥

ध्यानादेव महाबाहो सर्वचक्रप्रदर्शकम् ।
ऊर्ध्वरिता कामजेता ज्ञानी मौनी दिगम्बरः ॥ ३ ॥
खेचरो धारकः श्रीमान् कौलिकः साधको भवेत् ।
तच्चक्रध्यानमेवं तु द्विद्वारमग्रतो मुखे ॥ ४ ॥

हे महाबाहो ! इसके ध्यान मात्र से समस्त चक्रों का दर्शन प्राप्त हो जाता है । इसे धारण करने वाला साधक ऊर्ध्वरिता, कामजेता, ज्ञानी, मौनी, दिगम्बर, खेचर, श्रीमान् तथा कुल (महाशक्ति कुण्डलिनी) का उपासक हो जाता है । उस चक्र का ध्यान इस प्रकार करना चाहिए ॥ ३-४ ॥

तदन्ते चापि द्विद्वारं तिलार्धं भिन्नरेखया ।
रेखाद्वये नैकद्वारमेवं द्वारद्वयं पुनः ॥ ५ ॥
अग्रादुत्तरपर्यन्तं ध्यायेद् वारद्वयं सुधीः ।
द्वयोर्मध्ये चतुर्वेदरेखामण्डलमेव च ॥ ६ ॥

चक्र का ध्यान—उसके मुख (अग्रभाग) में दो द्वार हैं । उसके अन्त में भी दो द्वार हैं रेखा से खण्डित होने के कारण तिल के अर्ध भाग के प्रमाण से उन दो रेखाओं में अनेक द्वार हो जाते हैं । फिर आगे से पीछे पर्यन्त साधक को दो बार ध्यान करना चाहिए । दोनों द्वार के मध्य में चार चार रेखायें मण्डलाकार हैं ॥ ४-६ ॥

तदन्तरे च षट्कोणं द्विषट्कोणं तदन्तरे ।
तन्मध्येऽष्टदलं पद्मं तन्मध्ये चन्द्रमण्डलम् ॥ ७ ॥

तन्मध्ये शून्यरूपं तु निराकारं निरञ्जनम् ।
तत्त्वज्ञानाश्रितानन्दविद्यात्मानं ममास्पदम् ॥ ८ ॥

उसके मध्य में षट्कोण, उस षट्कोण में द्वादश कोण, उसके मध्य में अष्टदल-पद्म, उस पद्म के मध्य में चन्द्रमण्डल है । उस चन्द्रमण्डल में शून्य रूप वाला निराकार, सर्वथा माया से रहित, तत्त्वज्ञान से आश्रित और आनन्दविद्या रूप आत्मा वाला मेरा स्थान है ॥ ७-८ ॥

स्थूलसूक्ष्ममयं शुद्धं वाच्यवाचकभावनम् ।
अभेदं तु ममात्मानं कोटिसूर्यसमप्रभम् ॥ ९ ॥
कोटिविद्युत्प्रभाकारं चन्द्रकोटिसुशीतलम् ।
सर्वव्यापक[1]मीशानमभेदज्ञानकारणम्[2] ॥ १० ॥

वह स्थूल सूक्ष्ममय है शुद्धरूप से वाच्य वाचक की भावना वाला है करोड़ों सूर्य के समान देदीप्यमान वह स्थान अभिन्न रूप से मेरी आत्मा है । करोड़ों बिजली के समान चमकदार, करोड़ों चन्द्रमा के समान सुशीतल और सर्वव्यापक ईशान है जो मुझ से अभिन्न ज्ञान का कारण हैं ॥ १० ॥

विधातारं परब्रह्म सर्वज्ञं सर्वदर्शिनम् ।
सर्वशास्त्रप्रवक्तारं ज्ञानज्ञेयं चराचरम् ॥ ११ ॥
अष्टहस्तं विशालाक्षं शूलिनं मुण्डमालिनम् ।
जरातीतं निर्विकल्पं तरुणं तारकं हरम् ॥ १२ ॥

वही परब्रह्म हैं, विधाता हैं, सर्वज्ञ तथा सर्वदर्शी हैं । सर्व शास्त्रप्रवक्ता हैं, ज्ञानज्ञेय एवं चराचर स्वरूप हैं । उनकी आठ भुजाएं हैं, नेत्र विशाल हैं, त्रिशूली तथा मुण्डमाला धारण करने वाले हैं । जरा से परे हैं, निर्विकल्प, तरुण एवं तारने वाले हर हैं ॥ ११-१२ ॥

हरिं ब्रह्माणमीशानं त्रिलोकानां प्रभामयम् ।
अभेद्यभेदकं सिद्धं सिद्धासनकरं सुरम् ॥ १३ ॥
गन्धर्वनगरं देशं विशेषं सर्वतोमुखम् ।
अकालतारकं स्वाहास्वधाशक्तिसमन्वितम् ॥ १४ ॥

हरि ब्रह्म तथा त्रिलोक के ईश्वर हैं । तेजः स्वरूप हैं, अभेद्य का भी भेदन करने वाले हैं । सिद्ध तथा सिद्धासन करने वाले देवता हैं । गन्धर्व नगर नामक वह देश है जहाँ सर्वतोमुख वाले वे देव हैं जो अकाल में तरन तारन करने वाले हैं । वह स्वाहा तथा स्वधा नामक शक्ति से युक्त हैं ॥ १३-१४ ॥

कोटिकालानलाकारं रौद्रं रुद्रात्मकं भवम् ।
कन्याश्रीसुन्दरीकाटिमण्डलान्तःप्रकाशकम् ॥ १५ ॥

---

१. सर्वेषु पदार्थेषु व्याप्नोति इति सर्वव्यापकम् ।

२. अभेदज्ञानमद्वैतज्ञानम्, एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म, इति श्रुतिप्रतिपादितं तस्य कारणम् ।

तेजोबिम्बं भासमानं सर्वव्याधिनिकृन्तनम् ।
हृषीकेशानन्दसिद्धं त्रिविक्रमफलोदयम् ॥ १६ ॥

उनका आकार करोड़ों कालानल के समान रौद्र है, वे रुद्रात्मा तथा भव हैं । वे श्री सुन्दरी जैसी करोड़ों कन्याओं के मण्डल वाले अन्तःपुर को प्रकाशित करने वाले हैं । तेज के विम्ब के समान भासमान हैं, समस्त व्याधियों के विनाशक हैं । हृषीकेश के आनन्द से सिद्ध हैं और त्रिविक्रम के फल के उदय स्थान हैं ॥ १५-१६ ॥

नृसिंहक्रोधनिलयं सर्वदैत्यविनाशनम् ।
मीनावतारवेदार्थसमुद्धरणकारणम् ॥ १७ ॥
कूर्मपृष्ठाधारचक्रं वराहदन्तभूषणम् ।
नरसिंहाकारभक्तरक्षकं परमेश्वरम् ॥ १८ ॥

वही नृसिंह के क्रोध के निलय (स्थान) हैं, सभी दैत्यों के विनाशकर्ता हैं । मीनावतार लेकर वेदों के उद्धार के कारण हैं । कूर्मपृष्ठ रूप आधार चक्र हैं, वराह के दन्तभूषण हैं । नरसिंह का अवतार धारण कर भक्तों की रक्षा करने वाले परमेश्वर हैं ॥ १७-१८ ॥

महेन्द्ररक्षकं दैत्यदर्पघ्नं वामनं तनुम् ।
दैत्यक्षत्रियदर्पघ्नं परशुरामं द्विजाधिपम् ॥ १९ ॥
भृगुवंशपतिं सत्यज्ञानावतारमुत्तमम् ।
श्रीरामं पावनं रक्षोहन्तारं तापसं गुरुम् ॥ २० ॥

वही महेन्द्र की रक्षा करने वाले और दैत्यदर्पघ्न वामन शरीर धारण करने वाले हैं । दैत्य जो क्षत्रिय रूप में अवतीर्ण हुए थे उनके अहङ्कार को चूर्ण करने वाले द्विजाधिप परशुराम हैं, भृगुवंश के पति हैं । सत्य तथा ज्ञान के अवतार श्री राम हैं, जो सर्वथा पावन हैं राक्षस गणों के हन्ता तपस्वी एवं सर्वश्रेष्ठ उपदेशकर्ता हैं ॥ १९-२० ॥

त्रैलोक्याधारमानन्दरूपं हलधरं परम् ।
अनन्तं योगिनामाद्यं सहस्राङ्कफणान्वितम्[१] ॥ २१ ॥
बुद्धं निराकारधर्मं[२] सर्वशास्त्रार्थवर्धकम्[३] ।
नित्यश्रुत्युदितामोदधर्माधर्मविवर्जितम् ॥ २२ ॥

त्रैलोक्य के आधारभूत आनन्द के रूप में अवतार लेने वाले हलधर हैं, जिन्हें योगियों का आद्य तथा अनन्त कहा जाता है । जो सहस्रों फण वाले हैं, बुद्ध रूप हैं, जो निराकार धर्म का उपदेश करने वाले हैं, सभी शास्त्रों के अर्थों को बढ़ाने वाले, नित्य श्रुति के उदित आमोद तथा धर्माधर्म से विवर्जित हैं ॥ २१-२२ ॥

स्वयम्भुवं स्वप्रकाशं परमात्मानं मङ्गलम् ।

---

१. फलान्वितम् – इति सं० पाठः । २. निर्गत आकारो यस्मात्तादृशो धर्मो यस्य तम् ।
३. सर्व शास्त्रार्थ वर्धयति समेधयति, छेदयति वा ।

एकाकारं धर्मचक्रवेदिनं स्वच्छसङ्गरम् ॥ २३ ॥
दुष्टनिग्रहकर्तारं महावीरं धनञ्जयम् ।
श्रीकृष्णं सर्वसेवाभिः पूजितं तन्मयं शुभम् ॥ २४ ॥

स्वयंभू स्वप्रकाश, परमात्मा तथा मङ्गल हैं । एक आकार वाले हैं, धर्मचक्र के वेत्ता हैं, स्वच्छ प्रतिज्ञा वाले हैं । दुष्टों का निग्रह करने वाले, महावीर धनञ्जय हैं । श्री कृष्ण हैं जो सभी प्रकार की सेवा से पूजित हैं और तन्मय एवं मङ्गलकारी हैं ॥ २३-२४ ॥

विमदं रक्षकं ध्यानज्ञानमोक्षप्रकाशकम्[१] ।
राजराजेश्वरं वास्यं सर्वलोकनिषेवितम् ॥ २५ ॥
सर्वदेहस्थितं धर्मं धर्मात्मानं विनोदिनम् ।
व्यापकं व्यापकाधारं[२] निर्विकल्पं सुधामयम् ॥ २६ ॥

मद से रहित सब की रक्षा करने वाले ध्यान ज्ञान तथा मोक्ष के प्रकाशकर्ता हैं राजराजेश्वर हैं । सबको अपने में बसाने वाले हैं तथा समस्त लोकों से निषेवित हैं । सभी के शरीर में निवास करने वाले धर्म हैं, धर्मात्मा हैं विनोद करने वाले हैं, व्यापक तथा व्यापकाधार हैं और विकल्प से रहित सुधामय हैं ॥ २५-२६ ॥

विशिष्टं पञ्चपाषाणमहापीठनिवासिनम् ।
अनन्तानन्तमहिमं कपालशूलधारिणम् ॥ २७ ॥
त्रिरेखामण्डलस्थानं चतुर्वेदक्रमाकरम् ।
एकवक्त्रं द्विपादं च द्विमुखञ्च चतुष्पदम् ॥ २८ ॥

सबसे बढ़कर तथा पञ्च पाषाण के महापीठ पर निवास करने वाले हैं, अनन्त एवं अनन्तमहिमा सम्पन्न है, कपाल तथा त्रिशूल धारण करने वाले हैं, तीन रेखाओं के मण्डल स्थान हैं, चारों वेदों के क्रम के आकर हैं । एक मुख दो पैर वाले और दो मुख, चार पैरों वाले हैं ॥ २७-२८ ॥

त्रिमुखं षड्भुजं नाथं चतुर्वक्त्रं विधिं परम् ।
अष्टाम्भोजभुजाम्भोजं पञ्चवक्त्रं त्रिलोचनम् ॥ २९ ॥
शिवं दशभुजं सौख्यं सुन्दरं श्रीषडाननम् ।
नित्यं द्वादशहस्तञ्च सर्वास्त्रधारिणं ध्रुवम् ॥ ३० ॥

तीन मुख, छः भुजा वाले नाथ हैं, चारमुखों वाले ब्रह्मदेव हैं । जिनके आठ कमल रूप भुजाम्भोज है, पाँच मुख से त्रिलोचन हैं । वही दश भुजा वाले शिव हैं । सुख देने वाले सुन्दर षडानन हैं । वही उस समय द्वादश भुजा वाले बनकर निश्चित रूप से सभी अस्त्रों को धारण कर लेते हैं ॥ २९-३० ॥

सप्तमुखं महाकायं चतुर्दशभुजं प्रियम् ।

---

१. ध्यानं ज्ञानं मोक्षं च प्रकाशयति इति भावः ।

२. व्यापकश्चासौ आधारश्चेति कर्मधारयो न तु बहुव्रीहिः ।

अष्टमुखं शिवाह्लादं भुजषोडशमण्डितम् ॥ ३१ ॥
नवपद्ममुखाम्भोजमष्टादशभुजं विभुम् ।
उन्मत्तभैरवं कोटिमहाविद्याद्यवल्लभम् ॥ ३२ ॥

सात मुख वाले महाकाय हैं, उस समय उनकी १४ भुजाएं हो जाती हैं। आठमुख वाले शिवाह्लाद हैं जो १६ भुजाओं के मण्डल से मण्डित हैं। कमल सदृश नवमुख वाले अष्टादशभुजा से युक्त विभु उन्मत्त भैरव हैं जो करोड़ों महाविद्याओं के आद्य वल्लभ हैं ॥ ३१-३२ ॥

अमरेशं महाकायमष्टादशभुजापतिम् ।
कालराशिं कृष्णवर्णं चित्रसर्पसुमालिनम् ॥ ३३ ॥
शतवक्त्रं कोटिहस्तं सहस्रवदनाम्बुजम् ।
शतकोटिमुखं नित्यानन्दसन्तानमन्दिरम्[1] ॥ ३४ ॥

अष्टादश भुजा वाले महाकाय अमरेश हैं, काले वर्ण वाले कालराशि हैं जो विचित्र सर्पों की माला पहने हुए हैं। वही सौ मुख वाले, करोड़ों हाथों वाले तथा सहस्रों मुख वाले हैं तथा सौ करोड़ मुखों वाले नित्यानन्द सन्तान के मन्दिर हैं ॥ ३३-३४ ॥

अनन्त[2]चरणाम्भोजमनन्तजनसेवितम्[3] ।
अनन्तहस्तकमलमनन्तालङ्कृतोज्ज्वलम् ॥ ३५ ॥
अन्तःप्रकाशनिकरमनन्तगुणसम्भवम् ।
अनन्तसृष्टिस्रष्टारमनन्तस्थितिकारणम् ॥ ३६ ॥
अनन्तकमलावन्ये चानन्तसंहतिप्रियम् ।
अनन्तबीजनिकरमनन्तशास्त्रनिश्चयम् ॥ ३७ ॥

किं बहुना अनन्त चरण कमलों वाले अनन्त जनों से सेवित हैं। वहीं अनन्त हस्त कमलों वाले, अनन्त अलङ्कारों से देदीप्यमान् हैं। अनन्त प्रकाश समूहों वाले, अनन्त गुण सम्पन्न हैं, अनन्त सृष्टि के स्रष्टा हैं, अनन्त सृष्टि की स्थिति के कारण हैं। अनन्त कमल के वन में रहने वाले तथा अनन्त सृष्टि के संहार करने वाले हैं। अनन्त बीजों के समूह हैं, अनन्त शास्त्रों में उन्हीं का प्रतिपादन है ॥ ३५-३७ ॥

अनन्ततापसन्तृप्तमनन्तजलमध्यगम् ।
अनन्तपरमाधारमनन्तवह्निधारिणम् ॥ ३८ ॥
अनन्ताकाशनिकरमनन्तपृथिवीपतिम् ।
अनन्तज्वालामालाढ्यमनन्तबुद्धिकारणम् ॥ ३९ ॥

अनन्त ताप वाले हैं, सन्तृप्त हैं, अनन्त जल के मध्य गतिमान् हैं, अनन्त प्राणस्वरूप

---

१. नित्यो य आनन्दस्तस्य सन्तानो विस्तारस्तस्य मन्दिरमाश्रयम् ।
२. अनन्तौ चरणौ अम्भोजमिव कमलमिव यस्य तम् ।
३. अनन्ता ये जनाः, तैः सेवितम्, सभाजितम् ।

परमाधार हैं, अनन्त अग्नि धारण करने वाले हैं । अनन्त आकाश के समूह तथा अनन्त पृथ्वी के पति हैं । अनन्त ज्वाला मालाओं से देदीप्यमान हैं, अनन्त बुद्धि के कारण हैं ॥ ३८-३९ ॥

अनन्तस्थानपूजाढ्यमनन्तनामसिद्धिदम् ।
अनन्तगतिविज्ञानमनन्तराज्यदं सुखम् ॥ ४० ॥
अनन्तधर्मशास्त्रार्थकिरणं काव्यपूजितम् ।
अनन्तदेवतास्थानमनन्तकर्मसिद्धिदम् ॥ ४१ ॥

अनन्त स्थानों में की जाने वाली पूजा के योग्य हैं, अनन्त नाम वाले तथा अनन्त सिद्धियाँ प्रदान करने वाले हैं । अनन्त गतियों के विज्ञाता हैं तथा अनन्त राज्य देने वाले तथा अनन्त सुख देने वाले भी वही हैं । अनन्त धर्मशास्त्रों के किरणरूप हैं अनन्त काव्यों में उन्हीं की महिमा है । अनन्त देवगणों के स्थान हैं तथा अनन्त कर्मों की सिद्धि देने वाले भी वही हैं ॥ ४०-४१ ॥

अनन्तमालागुटिकाजापिनं नित्यसिद्धिदम् ।
अनन्तचित्तसञ्चारमनन्तानन्तविक्रमम् ॥ ४२ ॥
अनन्तजीवसंज्ञानमनन्तभावनाप्रियम् ।
अनन्तनिर्मलानन्दमनन्तप्राणिवल्लभम् ॥ ४३ ॥

माला की गुटिका पर अनन्त जाप करने वाले हैं, नित्य सिद्धि देने वाले हैं अनन्त चित्तों में संञ्चरण करने वाले तथा अनन्तानन्त विक्रम वाले हैं । वे अनन्त जीवों के ज्ञान हैं वही अनन्त भावनाओं के प्रेमास्पद हैं । अनन्त निर्मल आनन्द स्वरूप हैं तथा अनन्त प्राणियों के वल्लभ हैं ॥ ४२-४३ ॥

अनन्तगाथाकर्तारमनन्तसिन्धुसंस्थितम् ।
सर्वतः पाणिपादान्तं सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम् ॥ ४४ ॥
सर्वमावृत्य तिष्ठन्तमपराजितमीश्वरम् ।
ध्यात्वाऽऽनन्दमयं देवं पीठमध्ये च साधकम् ॥ ४५ ॥

अनन्त गाथा के कर्ता तथा अनन्त सिन्धु में निवास करने वाले हैं । किं बहुना उनके पाणि तथा पाद सर्वत्र हैं, उनकी आखें सर्वत्र हैं, सर्वत्र उनके शिर तथा मुख हैं । वे सभी को आवृत कर स्थित हैं, अपराजिता तथा ईश्वर हैं । ऐसे सिद्धि साधक के आनन्दमय देव का पीठ के मध्य में ध्यान करना चाहिए ॥ ४४-४५ ॥

शाकिनीदेवशक्तिश्रीप्रेमाह्लादपरायणम् ।
देवदेवं[1] विश्वमयं शाक्यरूपं सनातनम्[2] ॥ ४६ ॥
मम रूपं यदा नाम्ना स्तौति कामविनोदिनम्[3] ।
ध्यात्वा चक्रपुरे योगी निरालम्बो दिगम्बरः ॥ ४७ ॥

---

१. देवानपि देवयति योऽसौ । २. सना भवः सनातनः तम् ।
३. कामदेवमपि विनोदयति तच्छीला, तमिति ।

जो शाकिनी देवी के देव हैं उनकी शक्ति, श्री, प्रेम तथा आह्लाद में परायण रहने वाले हैं, जो देवों के देव, विश्वमय शाक्य रूप तथा सनातन हैं। वही मेरे स्वरूप हैं, मेरे काम के विनोदकर्ता हैं। साधक जब उन्हीं के नाम की स्तुति करता है और चक्रपुर में ध्यान करता है तब उसे किसी के आलम्ब (आशा) की आवश्यकता नहीं रहती। वह (सर्वथा माया से रहित) नग्न हो जाता है ॥ ४६-४७ ॥

गगने चक्रसारं तु कुलनाम्ना प्रतिष्ठितम् ।
ध्यात्वा भवति योगीन्द्रः खेचरो गतभीः प्रभुः ॥ ४८ ॥
अनायासेन सिद्धिः स्याद् ज्ञानी च ज्ञानवान् भवेत् ।

यह चक्रसार आकाश में कुल नाम से प्रतिष्ठित हैं, उस चक्रसार का ध्यान कर साधक योगीन्द्र, खेचर, निर्भय तथा ईश्वर बन जाता है। उसे अनायास सिद्धि प्राप्त हो जाती है, ज्ञानी और ज्ञान सम्पन्न हो जाता है ॥ ४८-४९ ॥

ऊर्ध्वमुखं कण्ठपद्मं तदग्रे चक्रमण्डलम् ॥ ४९ ॥
अधोमुखं नेत्रपद्मं द्विदलं चातिसुन्दरम् ।
तदग्रे च महाचक्रं तदाकारं महाप्रभम् ॥ ५० ॥
द्विचक्रसङ्गमं यत्र दृश्यते रात्रियोगतः ।
तदा भवति देवेश चतुर्द्वारं मनोहरम् ॥ ५१ ॥

कण्ठ में रहने वाला पद्म ऊर्ध्वमुख है उसी के आगे चक्रमण्डल है। उसके बाद नीचे मुख वाला नेत्र पद्म है। जिसमें दो पत्ते हैं, वह अत्यन्त सुन्दर है। उसके आगे उसी के आकार वाला अत्यन्त प्रकाश वाला महाचक्र है। रात्रि का योग होने पर उस महाचक्र में दो चक्र का संयोग स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। हे देवेश ! उस समय वह महाचक्र चार मनोहर द्वारों वाला हो जाता है ॥ ४९-५१ ॥

चक्रं निरञ्जनं ज्ञानज्ञेयं मन्त्रमयं शिव ।
यो जानाति महादेव स भवेत् कल्पपादपः ॥ ५२ ॥
इति कण्ठस्य माहात्म्यं संक्षेपात् कथितं मया ।
जानाति योगी ध्यानेन ज्ञानयुक्तेन चेतसा ॥ ५३ ॥

हे शिव ! वह चक्र ज्ञानज्ञेय हैं, निरञ्जन हैं तथा मन्त्रमय हैं। हे महादेव ! जो उस चक्र को जान लेता है, वह कल्पवृक्ष बन जाता है। संक्षेप में मैने कण्ठस्थ चक्र का माहात्म्य इतना कहा। योगी ज्ञान युक्त चित्त से ध्यान करने पर उसे जान लेता है ॥ ५२-५३ ॥

पश्यत्येव महात्मानं ज्ञानज्ञेयं सुधामयम् ।
कोटिवर्षशतेनापि कथितुं नैव शक्यते ॥ ५४ ॥
तव भक्त्या महादेव तवायुःक्षेत्ररक्षणात् ।
इदानीं कथितं कण्ठपद्मसञ्चारमङ्गलम् ॥ ५५ ॥

वही साधक सुधामय, ज्ञानज्ञेय उन महात्मा को अवश्य पा जाता है। करोड़ों वर्षों तक उनके स्वरूप का कथन संभव नहीं है। हे महादेव ! मैने आपकी भक्ति से आपकी आयु तथा

क्षेत्र के रक्षण के कारण कण्ठपद्म स्थित चक्र में सञ्चरण करने के लिए इस कल्याणकारी चक्र का वर्णन किया ॥ ५४-५५ ॥

अप्रकाश्यं महागुह्यं शब्दब्रह्मस्वरूपकम् ।
निर्जने दोषरहिते व्याधिबाधाविवर्जिते ॥ ५६ ॥
सुभिक्षानिन्दारहिते स्थित्वा तत्र दृढव्रतः ।
भावयेत् परया भक्त्या तव रूपं विचिन्तयन् ॥ ५७ ॥

यह अत्यन्त गोपनीय है किसी से प्रकाश योग्य नहीं है और शब्द ब्रह्म स्वरूप है । निर्जन में, (पापादि) दोष रहित स्थान में, व्याधि तथा बाधा से वर्जित स्थान में, सुभिक्ष से युक्त एवं निन्दारहित स्थान में दृढ़व्रत साधक स्थित होकर पराभक्तिपूर्वक इस चक्र का चिन्तन करते हुए ध्यान करे ॥ ५६-५७ ॥

अचिराद्योगसिद्धः स्यान्निदानज्ञानसिद्धिभाक् ।
श्रीमातृका महादेवी लीलावती शुभा सती ॥ ५८ ॥
अम्बा गुर्वी गुरुशक्तिः पातु मामतिकातरम् ।
ताम्अम्बामम्बुजाक्षीं[1] च प्रणम्य च पुनः पुनः ॥ ५९ ॥
इदानीं कथये नाथ भ्रूपद्मज्ञाननिर्णयम्[2] ॥ ६० ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्र-प्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे कण्ठाम्भोजभेदप्रकाशो नाम अष्टसप्ततितमः पटलः ॥ ७८ ॥

ऐसा साधक थोड़े ही समय में योग सिद्ध हो जाता है । वह निदान (आदि कारण भूत) ज्ञान की सिद्धि का भाजन बन जाता है । श्री मातृका, महादेवी, लीलावती, शुभा, सती, अम्बा, गुर्वी तथा गुरुशक्ति मुझ अत्यन्त कातर (दीन) की रक्षा करें । उस कमल नेत्र अम्बा (त्रिपुरसुन्दरी) को बारम्बार प्रणाम कर अब भ्रूपद्म के ज्ञान का निर्णय कहती हूँ ॥ ५८-६० ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्रप्रकरण में षट्चक्रप्रकाश में भैरवीभैरवसंवाद में कण्ठाम्भोजभेद प्रकाश नामक अठहत्तरवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ८ ॥

---

१. अम्बुजे कमले इवाक्षिणी यस्याः सा । 'बहुव्रीहौ सवथ्यक्ष्णोः स्वाङ्गात् षच्' इति सूत्रेण बहुव्रीहौ षच्प्रत्ययः । ततो ङीष्, स्त्रीत्वविवक्षासत्त्वात् ।

२. भूपद्मं पृथिवीकमलम्, अथवा भवनं भूः, उत्पत्तिः, पद्मे यस्यासौ भूपद्मः, ब्रह्मा, तस्य यज्ज्ञानं तस्य निर्णयो निश्चयो यत्र तमिति भावः ।

अथैकोनाशीतितमः पटलः

श्रीआनन्दभैरव उवाच

कथयस्व वरारोहे कामनासिद्धिमङ्गलम्[1] ।
अप्रकाश्यं महाज्ञानं यदि स्नेहोऽस्ति मां प्रति ॥ १ ॥
अनादिशास्त्रगोप्यं तु सर्वतन्त्रेषु गोपितम् ।
सुखस्नेहकृपादृष्ट्या सर्वतत्त्वसुमङ्गलम् ॥ २ ॥

श्रीआनन्दभैरव ने कहा—हे वरारोहे ! यदि आपका स्नेह मुझ में हैं तो अब तक जो प्रकाशित नहीं हुआ है उस महाज्ञान से संयुक्त कामना की सिद्धि रूप मङ्गल को कहिए । जो अनादि है, शास्त्रों में गोपनीय तो है ही समस्त तन्त्रों में भी गुप्त रखा गया है । जो सुख स्नेह तथा कृपा की दृष्टि से समस्त तत्त्वों का मङ्गल है ॥ १-२ ॥

ज्ञानगम्यं शब्दजालं कोमलान्तःप्रकाशकम् ।
आयुरारोग्यजननं धर्मार्थकाममोक्षदम् ॥ ३ ॥
भ्रूपद्मद्विदलं सिद्धमुनिमण्डलसङ्कुलम् ।
ज्ञानिनामात्मसिद्धान्तरूपज्ञानसमागमम् ॥ ४ ॥
यामलस्य महारुद्रसेवितस्य वरानने ।

भ्रूपद्म-ज्ञान निरूपण—जो तत्त्व ज्ञानगम्य है किन्तु शब्दजाल से परिपूर्ण है, कोमल (दया दाक्षिण्यादि युक्त) अन्तः करण में प्रकाश देता है, आयु एवं आरोग्य प्रदान करता है धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष का देने वाला है । भ्रूपद्म में दो दलों (पत्रों) वाला है तथा सिद्ध एवं मुनियों के मण्डल से व्याप्त है । हे वरानने ! जो महारुद्र द्वारा सेवित यामल (= भ्रूपद्म) का तथा ज्ञानी जनों के आत्म सिद्धान्त रूप ज्ञान का समागम है ॥ ३-५ ॥

वद विस्तार्य यत्नेन जीवन्मुक्तिपदं यतः ॥ ५ ॥
लभ्यते तत्क्षणादेव कृपया करुणामयि ।
कालकूटप्रभावेण चात्मनो विस्मृतिर्गता ॥ ६ ॥
तां विस्मृतिं समाकृत्य स्मृतिज्ञानं विधेहि मे ।
परमानन्दनिर्वाहनिर्वाणप्रथमाङ्कुरम् ॥ ७ ॥

किं बहुना, जो जीते हुए ही मुक्ति का प्रदाता है, उसे विस्तारपूर्वक यत्न से कहिए । हे करुणामयि ! आपकी कृपा से मुझे तत्क्षण वह स्मृति शीघ्र प्राप्त हो जायेगी, जो कालकूट

---

१. कामनानां सिद्धयः, तासां मङ्गलम् । मङ्गेरलच्प्रत्ययः ।

नामक विष के प्रभाव से तत्क्षण विस्मृत हो गई थी । अतः उस विस्मृति को हटाकर आप मुझे परमानन्द निर्वाह वाले निर्वाण (मुक्ति) के प्रथम अंकुर भूत उस स्मृतिज्ञान को जागृत कीजिए ॥ ५-७ ॥

श्री आनन्दभैरवी उवाच

वक्ष्येऽहं द्विदलं विभाण्डकमलं कालानलव्याकुलं
शोभामोहनरञ्जनं सुचपलामालाकपालोज्ज्वलम्[1] ।
दीप्तिश्रेणि सुकर्णिकान्तरगतः श्रीशाकिनीवल्लभः
प्राणिप्राणनिदानगः परशिवः सम्पातु सञ्चारगः ॥ ८ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—मैं दो पत्ते वाले प्रकाशरूप पात्र में खिले हुए कमल का वर्णन करती हूँ, जो कालानल से व्याप्त है, शोभा तथा मोहन को रञ्जित करने वाला है, सुचपला (महालक्ष्मी) के माला से लेकर कपोल पर्यन्त स्थान को प्रकाशित करने वाला है । उस कमल की प्रकाश श्रेणी वाली सुकर्णिका के भीतर रहने वाले, सभी प्राणियों के प्राण के निदानभूत, सर्वत्र सञ्चरण करने वाले शाकिनी वल्लभ सदाशिव हमारी रक्षा करें ॥ ८ ॥

संहारोज्ज्वल[2]कान्तिकान्तनिकरं संहारकूपोज्ज्वलं
तेजोरूपमहाशिखासुखपदं पीयूषतैलप्रियम् ।
ताराधीशदिनेशतैजसमयं मायापरादोद्यमं
विद्यावल्लभभावसारविनुतं द्वे पत्रमित्रे भजे ॥ ९ ॥

मैं ऐसे दो पत्तों का जो आपस में मित्र हैं, संहार की उज्ज्वल कान्ति के सौन्दर्य के समुदाय हैं, संहाररूप कूप के उज्ज्वल तजोरूप महाशिखा से सुख प्रदान करते हैं । अमृत रूप तैल से प्रेम करने वाले हैं । चन्द्रमा तथा सूर्य के समान तैजसमय हैं । अपरा माया को दूर करने वाले हैं तथा विद्यावल्लभ (सदाशिव) के भाव सार से विशेष रूपेण नम्र हैं ऐसे उन दो पत्र मित्रों का भजन करता हूँ ॥ ९ ॥

आकाशाग्रे प्रभाग्रोग्रगमनधरणीधारसारे प्रचारे
श्रीनाथेशः क्षितीशः प्रचुरविधुमणिश्रेणिमालाग्रकण्ठः ।
श्रीकण्ठो नीलकण्ठः प्रभवति भुवनानन्दकर्तार्थकर्ता
विद्या श्रीहाकिनीशः स्फटिकमणिगृहे रक्तशक्त्या च हंसः ॥ १० ॥

आकाश के अग्रभाग में, प्रभा के अग्रभाग में, (धरणिधारसार ?) चन्द्रमा के प्रचार में श्री नाथेश, क्षितीश, प्रचुर विधु के समान मणिश्रेणियों से युक्त माला को अपने कण्ठाग्र में धारण करने वाले, श्री कण्ठ, नीलकण्ठ, भुवनानन्दकर्ता, अर्थकर्ता, महाविद्या से युक्त हाकिनीश्वर तथा स्फटिक मणिगृह में रक्तशक्ति के साथ हंस ही एकमात्र समर्थ हैं ॥ १० ॥

---

१. सुचपला या मालाः, ताः कपाले यस्य सः, स चासौ उज्ज्वलश्च । अथवा सुचपला मालाः सन्ति यत्र कपाले, तेनोज्ज्वलमिति भावः ।

२. संहारोज्ज्वला कान्तिः, तस्याः कान्तस्तेषां निकरः समूहो यत्रासौ तम् ।

पुरो विभाति कर्णिकासुमध्यचक्रमण्डले
विशिष्टशक्तिहाकिनी तथापि दुर्गतारिणी ।
यदीह भाव्यते नरैः सुमन्त्रतन्त्रगायनै-
स्तदा परत्वमाप्नुयाद्दिवि स्थिरो भवेद्वते ॥ ११ ॥

द्विदल कमल के आगे कर्णिका के मनोहर चक्रमण्डल में विशिष्ट शक्ति वाली हाकिनी जो सबको सङ्कट से पार करती हैं, विराजमान है। यदि मनुष्य उनके सुन्दर मन्त्र से, तन्त्र से और उनके गायन से उनका ध्यान करे तो वह परत्व प्राप्त करता है और स्वर्ग लोक में बिना किसी रोक टोक के स्थिर रहता है ॥ ११ ॥

द्विदलकमल मध्ये हाकिनी देवमाता
विभवनवकुमारी योगिनी योगसिद्धा ।
यदि चरति विलिप्ता चोर्ध्वमार्गे निषण्णा
त्रिभुवनकरुणाभिः साधकस्य प्रसन्ना ॥ १२ ॥

दो दल वाले कमल के मध्य में देवमाता, ऐश्वर्य सम्पन्न, नवीन, कुमारी अवस्था वाली, योगिनी, योगसिद्धा, एक आसन से बैठी हुई, निराकार हाकिनी यदि ऊर्ध्वभाग में त्रिभुवन पर करुणा करती हुई सञ्चरण करने लगे तो समझना चाहिए कि वह साधक पर प्रसन्न हैं ॥ १२ ॥

जपरटिपरमन्त्रप्राणजापी मनुष्यो
भवति विमलचेता हाकिनीहोमदेव्याः ।
मनुमपि हृदि नित्यं संविभाव्य प्रतिष्ठः
परपुरकुलगामी ध्यानविज्ञानपुण्यः ॥ १३ ॥

हाकिनी होम एवं देवी का जप करने वाला, रटन करने वाला और परमन्त्र का प्राणायाम पूर्वक जप करने वाला मनुष्य सद्यः निर्मल चित्त हो जाता है। किं बहुना, देवी को अपने हृदय में प्रतिष्ठापित कर, उनका ध्यान करते हुए मन्त्र का जप करे तो वह परपुर कुलगामी तथा उनके ध्यान एवं विज्ञान से पुण्यवान् हो जाता है ॥ १३ ॥

विषयमधुरतृष्णावर्जितो निर्जितारिः[१]
कुलयुगकमलान्तः सुप्रकाशस्वरूपः ।
विधिकृतकुलदोषं भाति निर्जित्य दोषं
रतिपतिसमकान्तः साधको निर्णितान्तः[२] ॥ १४ ॥

वह विषयों से उत्पन्न मधुर तृष्णा से वर्जित हो जाता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करता है। द्विदल वाले कमल का अन्तःकरण से ध्यान करते हुए सुप्रकाशस्वरूप हो जाता है। वह भाग्यवश आए हुए कुण्डलिनी साधन के दोषों को तथा अपने दोषों को जीतकर

---

१. निर्जिता अरयः कामक्रोधलोभादयो येनासौ तमिति भावः ।
२. निर्णितः निर्णीतोऽन्तो यस्य । अत्रेकारस्य बाहुलकाद् ह्रस्वः ।

शोभित होता है और अन्तःकरण से शुद्ध हो जाता है । किं बहुना, कामदेव के समान कमनीय हो जाता है ॥ १४ ॥

जपति मनुधनार्थं भ्रान्तिहोमोत्सवार्थं
मनुजकुलवरेण्योऽन्यानि काल्या विहाय ।
अयुतशतसुमन्त्रान्नाशपुञ्जाक्षराणि
प्रसवति रिपुहन्ता[१] साधको हाकिनीशः ॥ १५ ॥

जो श्रेष्ठ मनुष्य अन्य देवताओं को त्यागकर धन के लिए अथवा उत्सव के लिए भ्रान्तिरहित होकर, काली के अक्षर पुञ्जों वाले मन्त्रों का, दश हजार सौ गुने संख्या में जप करता है तो वह साधक रिपुहन्ता तथा हाकिनी का ईश्वर (शिव) बन जाता है ॥ १५ ॥

परशिवनवभावप्रावणान्तःप्रवेशी
द्विदलकमलशोभा कोटिसंभाषयन्ती ।
निजकुलपरिदेवैर्भाव्यते भावमानै-
र्भवति चपलमाद्या हाकिनी सुप्रसन्ना ॥ १६ ॥

पर शिव में नवीन भावों से संलग्न हो कर अन्तः करण से उनमें प्रवेश करने वाली, आज्ञाचक्रस्थ द्विदल की शोभा की अपेक्षा करोड़ गुना भासमान वह हाकिनी भावमान एवं शाक्त देवों के द्वारा ध्यान की जाती हैं तो वह आद्या देवी चञ्चल होते हुए भी अपने साधक के ऊपर प्रसन्न हो जाती हैं ॥ १६ ॥

आज्ञानाम सुपङ्कजं विधुशताह्लादप्रभापाटलं
विद्युद्रश्मिभिरुन्नतं धवलपीठानन्दचिद्रूपदम् ।
हस्ताभ्यां कनकप्रभादीप्ताभ्यां प्रकाशोज्ज्वलं
हाकिन्याकलाभयाप्रचलितं ध्यायेत् परानन्दनम्[२] ॥ १७ ॥

सैकड़ों चन्द्रमा के आह्लाद तथा प्रभा समूहों से व्याप्त, विद्युतों के प्रकाश से जगमगाते हुए, धवल पीठ वाले, आनन्द तथा चेतना प्रदान करने वाले, पराभगवती को आनन्द देने वाले, उस आज्ञा नामक पद्मचक्र का साधक को ध्यान करना चाहिए, जो चक्र स्वर्ण की प्रभा से दीप्त भगवती के हाकिनी के दोनों हाथों के स्पर्श से उज्ज्वल प्रकाश करने वाला है और उनकी कलाएं आश्रय देते हुए चञ्चल हो रही हैं ॥ १७ ॥

ध्यानज्ञानादिधाम प्रचयति जयति क्षोभितारिप्रसारी
हस्ताभ्यां हेमभाभ्यां तरुणरविशशीशोभिताभ्यां विधाय ।
सूक्ष्मात्सूक्ष्मातिसूक्ष्मं विरचयति सुधां हाकिनी प्राप्य नाथं
कोटीन्दुक्षेमकान्तिप्रसभधनरसा नन्दितामभ्रपीठे ॥ १८ ॥

करोड़ों चन्द्रमा के समान प्रकाश वाली, हठात् प्राप्त धन रूप रस से युक्त हाकिनी

---

१. रिपूणां कामक्रोधलोभादीनां हन्ता विनाशकः ।

२. परान् अन्यान् आनन्दयति योऽसौ तम् ।

आकाशरूप पीठ पर, अपने नाथ शिव को प्राप्त कर, अपने सुवर्णमय तथा तरुण चन्द्रमा एवं सूर्य के समान प्रकाशित दोनों हाथों से उनका स्पर्शकर ध्यान एवं ज्ञान रूप प्रकाश देती हैं, शत्रुओं को क्षुब्ध कर उन पर विजय प्राप्त करती हैं सूक्ष्म से सूक्ष्म, अतिसूक्ष्म का निर्माण करती हैं, किं बहुना, आनन्द से परिपूर्ण सुधा का सृजन करती हैं ॥ १८ ॥

ध्यायेद् देवीं पराढ्यां त्रिभुवनजननीं षण्मुखीं वेदहस्तां
विद्यामुद्राविरुण्डं जपवटिडमरुं धारयन्तीं ज्वलन्तीम् ।
चेतः शान्तिप्रदात्रीं विधुमणिमुकुरां भीषमानां समानां
षट्कोणे बिन्दुमूले युगदलकमले द्वारयुग्मद्वयाढ्ये ॥ १९ ॥

साधक को बिन्दु से युक्त दो दल वाले कमल के षट्कोण में जिसमें दो भूपुर में दो द्वार हों ऐसे यन्त्र में परात्परस्वरूपा त्रिभुवन जननी, ६ मुखों वाली, वेद हाथ में लिए हुए, विद्या, मुद्रा, विरुण्ड (घड़ ?) निर्मित जप की मणियों वाली, डमरु धारण करने वाली, देदीप्यमाना चित्त को शान्ति प्रदान करने वाली, चन्द्रमा रूप मणि को अपना दर्पण बनाने वाली, शत्रुओं को भयभीत करने वाली, सबके ऊपर समान रूप से कृपा करने वाली भगवती हाकिनी का ध्यान करना चाहिए ॥ १९ ॥

एतच्चक्रस्य मध्ये सकलसुरगणविद्युताकारदीप्ता
नित्यं संभाति पार्श्वावधिकमलमहामण्डलाकारभावे ।
दोषाशेषापनाशे सकलबुधजनैः शोभिता पद्ममाला
प्राणाख्या वह्निजिह्वा[१] सुखमयाविमला योगिनी योगमुख्या ॥ २० ॥

जिसके दोनों पार्श्वावधि में कमल के महामण्डल के आकार का भाव है, ऐसे इस चक्र के मध्य मे सम्पूर्ण देवतागणों से युक्त विद्युत् के समान जगमगाहट वाली वह हाकिनी देवी नित्य शोभा प्राप्त करती हैं । जो देवी सम्पूर्ण पापों के नष्ट हो जाने पर समस्त बुधजनों से समर्पित पद्ममाला से शोभित हैं, प्राण नाम से आख्यात हैं, अग्नि की जिह्वा हैं सुखमयी तथा सर्वथा निर्मल हैं योगिनी एवं योगमुख्या हैं ॥ २० ॥

मनोयोगचिन्हं[२] प्रसिद्धं सुसूक्ष्मं
शुभे पद्ममध्ये शिखाकारचित्तम् ।
महायोनिचक्रे प्रिये कर्णिकायां
शिवस्थानमुग्रं वशी वीक्ष्य शुक्लम् ॥ २१ ॥

साधक के मन के योग में युक्त होने के अत्यन्त प्रसिद्ध तथा सुसूक्ष्म वह चिन्ह है जब कल्याणकारी एवं प्रिय महायोनि चक्र के दो दल वाले कमल के मध्य में उसका चित्त शिखा के आकार में (निश्चल) हो जावे और कर्णिका में वशी साधक शिव के उग्रस्थान का, जो शुक्ल वर्ण का है, दर्शन करे ॥ २१ ॥

---

१. वह्निरग्निर्जिह्वा यस्याः या, संयोगोपधत्वाद् डीषोऽभावः ।
२. मनसो योगः, मनस एकाग्रता, स एव चिह्नं लक्षणं यस्य तम् ।

महाविद्युताकारणं भासमानं परं ब्रह्मसूत्रप्रबोधं विनोदम् ।
महाकौलमार्गं स्थिरप्राणबुद्धिः क्रमेणैव तच्चिन्तयेत् साधकेन्द्रः ॥ २२ ॥

साधकेन्द्र अपने प्राण तथा बुद्धि को स्थिर कर क्रमशः उस महाकौल मार्ग का ध्यान करें, जहाँ महाविद्युत अकारण भासमान होती है तथा आनन्दमय परब्रह्मस्वरूप का जहाँ जागरण होता है ॥ २२ ॥

महावेदसूत्रादिबीजप्रकाशं
शतानन्दचन्द्रप्रभं भाव्यमानम् ।
विभाव्याशु नाथप्रियं पञ्चचूडं
महामोक्षगामी जितक्रोधकामः ॥ २३ ॥

जो महावेद सूत्र का प्रकाश युक्त बीज है, सैकड़ों आनन्द रूप चन्द्रमा की प्रभा जिसमें भासती है ऐसे महाकौलमार्ग में पञ्चचूड़, प्रिय नाथ, सदाशिव का ध्यान कर साधक क्रोध और काम पर विजय प्राप्त कर लेता है । किं बहुना, महामोक्ष मार्ग का गामी हो जाता है ॥ २३ ॥

य एतत् स्वचित्तान्वितः साधकेन्द्रो
विभुध्यानयुक्तः प्रियात्मा महात्मा ।
पुरे शीघ्रगामी पराणां नराणां
मुनीन्द्रः क्षितीन्द्रो महावेदवक्ता ॥ २४ ॥

जो साधकेन्द्र अपने चित्त को स्थिर कर इस प्रकार परमात्मा सदाशिव के ध्यान में निरत रहता है वही आत्मप्रिय है महात्मा है परतत्त्व के ज्ञाता जनों के पुर में गमन करता है, मुनीन्द्र है, क्षितीन्द्र है । किं बहुना, वही महावेद का वक्ता भी हैं ॥ २४ ॥

द्विधा बोधविज्ञानशून्यो वरेण्यो
भवेत् सर्वदर्शी स सर्वज्ञराजः ।
सदा पूर्णसिद्धिप्रसिद्धोऽरिहन्ता
महासृष्टिसंहारपालादिकर्ता ॥ २५ ॥

वही द्वैतज्ञान से शून्य सर्वश्रेष्ठ सर्वदर्शी तथा सर्वज्ञों का राजा बन जाता है । सदा पूर्ण सिद्धि में प्रसिद्ध हो जाता है । वही शत्रु हन्ता तथा महासृष्टि, उसका संहार तथा पालन कर्ता बन जाता है ॥ २५ ॥

क्षणादाविभाव्य प्रभुर्दीर्घजीवी
सुधीः सर्वशास्त्रार्थवेत्ता सुमन्त्री ।
महाज्ञानयुक्तो भवेदेकचित्तो
बली बाणतुल्यो विधातुः प्रशस्यः ॥ २६ ॥

साधक उन भगवान् चन्द्रचूड़ सदाशिव का क्षण मात्र भी ध्यान करे तो सबका स्वामी, दीर्घजीवी, सुधी, सर्वशास्त्रार्थवेत्ता, मन्त्रज्ञ, महाज्ञानी तथा स्थिरचित्त हो जाता है । इतना ही नहीं, वह वाणासुर के समान बलवान् तथा ब्रह्मदेव द्वारा प्रशंसित होता है ॥ २६ ॥

स्वचक्रमण्डलान्तरे त्रिकोणभूमिबिम्बके
तदन्तरे च षोडशच्छदा विभान्ति वामके ।
सुपत्रके मनोहरे प्रदीपभाशिखाकृति-
र्महोज्ज्वला[1] स्फु(र)त्प्रभा चतुर्गृहं ततो बहिः ॥ २७ ॥

सदाशिव के चक्रमण्डल के भीतर भूपुर युक्त त्रिकोण है, उसके भीतर बायीं ओर सोलह कमलदल शोभित हो रहे हैं, उनके मनोहर सुन्दर पत्तों पर प्रदीप शोभित हो रहा है जिसके अग्रभाग में निकलने वाली शिखा की प्रभा महोज्ज्वल है । फिर उसके बाहर चार गृह हैं ।

प्रणवविरचनाभिः[2] शोभितं चक्रराजं
तदुपरि विलसच्छ्रीचन्द्रखण्डप्रकाशः ।
तदुपरि विगलद् बिन्दुकान्तो मकार-
स्तदुपरि शितनादो भाति पीयूषपुञ्जः ॥ २८ ॥

प्रणव (ॐकार) के सदृश आकार वाला चक्रराज शोभा पा रहा है । उसके ऊपर श्री चन्द्रखण्ड का प्रकाश विराज रहा है, उसके भी ऊपर बिन्दु से सुशोभित मकार और उसके ऊपर शित नाद वाला अमृत पुञ्ज शोभा पा रहा है ॥ २८ ॥

ध्यायेद्यः क्रमतः सुधीः प्रियपदालीने इह क्षेत्रके
बध्वा चेतसि भावपुञ्जनिकरां श्रीनाथसेवोदिताम् ।
योगीन्द्रोदितयोगशासननिरालम्बां परां सादरा-
मभ्यासान्नियतं वशी परनर उग्रां कलां पश्यति ॥ २९ ॥

जो सुधी साधक, क्रमपूर्वक प्रियपदा (हाकिनी) से लीन (गुप्तरूप से निवास करने वाली ?), इस क्षेत्र (श्री चक्र) में, अपने एकाग्रचित्त में, भावपुञ्जों वाली, अपने श्री नाथ सदाशिव के सेवा में निरन्तर तल्लीन रहने वाली, योगीन्द्रों के द्वारा उपदिष्ट योगशासन में बिना किसी के सहारे रहने वाली, आदरपूर्वक अर्थ करते हुए, पराम्बा हाकिनी का नियमपूर्वक अभ्यास करते हुए ध्यान करता है ऐसा जितेन्द्रिय ब्रह्मवेत्ता मनुष्य उन उग्रकला वाली भगवती का साक्षात्कार कर लेता है ॥ २९ ॥

तन्मध्यान्तः प्रकाशामतिविमलकलामादिवात्मप्रकाशा-
माद्यक्षे स्वप्रतिष्ठामतिसुखविभवामाश्रये स्थानसिद्धाम् ।
हाकिन्याङ्घ्रिप्रभामण्डल कमलमहारूपलावण्यधैर्यं
सौभाग्यं ध्याननिष्ठे विलसति मधुरं ध्यानमारोपयामि ॥ ३० ॥

उस श्री चक्र के मध्य में भीतर प्रकाश करने वाली, अत्यन्त विमल कला से युक्त, रात दिन प्रकाशित रहने वाली, आद्यक्ष (श्रीचक्र) में प्रतिष्ठित रहने वाली, अत्यन्त सुख वाले ऐश्वर्यों से परिपूर्ण, स्थान सिद्धिदा भगवती का मैं आश्रय ग्रहण करता हूँ । जिन हाकिनी के

---

१. स्फुरन्ती प्रभा यस्याः सा, स्वप्रकाशा इति भावः ।
२. प्रणवस्य विरचनाः, ताभिः शोभितम् ।

चरण के प्रभामण्डल रूप कमल के महारूप लावण्य की धीरता का सौभाग्य ध्यान निष्ठा-सम्पन्न साधक में लीलापूर्वक निवास करता है, उस मधुर ध्यान को मैं अपने हृदय में आरोपित करता हूँ ॥ ३० ॥

ज्वलत्कोटिदीपाकृतिस्नेहजालं
वहन्तं रटन्तं नवीनार्ककान्तम्[१]।
स्फुरज्ज्योतिराकाशपृथ्वीन्दुमध्यं
भवेद् वै महेन्द्रो विलोक्याशु योगी ॥ ३१ ॥

जलते हुए करोड़ों दीप की आकृति के स्नेह जाल को वहन करते हुए, उदीयमान सूर्य के समान कान्ति को धारण करते हुए, किं बहुना, जो ज्योति आकाश, पृथ्वी तथा चन्द्रमा के मध्य स्फुरित हो रही है ऐसी ज्योति का दर्शन कर योगी महान् ऐश्वर्य सम्पन्न जाता है ॥ ३१ ॥

इहानन्दबाह्ये परेशो हि साक्षान् महापूर्णभूतिप्रभावोऽव्ययो हि ।
महावह्निचन्द्रार्कसन्मण्डलो वा महाविष्णुचक्रोपरि श्रीहरिः स्यात् ॥ ३२ ॥

इस प्रकार के आनन्द के बाहर साक्षात् परेश का निवास है, जो महान्, पूर्ण ऐश्वर्य सम्पन्न एवं अव्यय हैं, अथवा महावह्नि, चन्द्रमा तथा सूर्य के मण्डल के सदृश हैं । इसके बाद महाविष्णु के चक्र के ऊपर श्री हरि का निवास है ॥ ३२ ॥

महाविष्णुयोगी महायोगयोगीन्द्रसेव्यं महेन्द्रः ।
विलोक्याशुभन्नार्थतन्त्रप्रतापं तदा तद्विशत्यत्र पञ्चत्वकाले ॥ ३३ ॥

वे महाविष्णुयोगी एवं महायोगवेत्ता योगीन्द्रों द्वारा सेव्य हैं । महेन्द्र हैं । उनका दर्शन करने से अशुभ का लेश मात्र नहीं रहता, न तो साधक किसी अर्थतन्त्र से प्रतप्त ही रहता है । किं बहुना, मरने के समय वह उन्हीं महाविष्णु में प्रवेश कर जाता है ॥ ३३ ॥

लयस्थानमाकाशवायोरतीव प्रतापप्रियस्याञ्जनस्याशु पश्येत् ।
महानादरूपं तदूर्ध्वे शिवार्धं[२] विशालाक्षरूपं शिवाकारमानम् ॥ ३४ ॥

साधक महातेजस्वी जनों के उस लयस्थान को शीघ्र देख लेता है जो आकाश वायु से अत्यन्त दूर है, महानाद स्वरूप है उसके ऊपर विशालाक्षरूप मान में शिवाकार सदाशिव का स्थान है ॥ ३४ ॥

सुशान्तं महान्तं धराकान्तलान्तं वरं दातुमुत्फुल्लहस्तारविन्दम् ।
सभीतिप्रदं शुद्धबुद्धप्रबोधं[३] दयादानकर्तारमापश्यतीह ॥ ३५ ॥

वे सदाशिव सुशान्त, महान्त, धराकान्त लान्त हैं तथा वर देने के लिए अपने फूले कमल के सदृश हाथों को ऊपर उठाए रहते हैं । अभय देने वाले, शुद्ध एवं प्रबुद्ध ज्ञान का प्रबोध करने वाले, दया एवं दान के कर्ता हैं जिनका दर्शन साधक प्राप्त करता है ॥ ३५ ॥

---

१. नवीनो योऽर्कः सूर्यः बालसूर्य+, स इव कान्तः कमनीयः ।
२. विशालेऽक्षिणी यस्य सः, तस्य रूपमिव रूपं यस्य । ३. शुद्धो बुद्धः प्रबोधो यस्यासौ।

गुरूणां पदाम्भोरुहाह्लादलीनो जन: पश्यति प्राणनाथं परेशम् ।
दिनेशं रमेशं धनेशं नरेशं स योगी निरोगी महाशुद्धवेशम् ॥ ३६ ॥

गुरुजनों के चरण कमलों में आह्लाद पूर्वक लगा हुआ साधक प्राणनाथ, परेश, दिनेश, रमेश, धनेश तथा नरेश (रूप ईश्वर) का दर्शन करता है और वह योगी, निरोगी तथा महाशुद्ध अन्तकरण वाला बन जाता है ॥ ३६ ॥

स वाचां सुसिद्धिं समाप्नोति शुद्धिं
वरं कामलक्ष्मीश्वरत्वं महत्त्वम् ।
न भूयात् त्रिलोके पुनर्जन्मभाव:
सदा गायति श्रीपतिर्नारदो वा ॥ ३७ ॥

प्राणनाथ परमेश्वर का दर्शन करने वाला साधक वाणी की सुसिद्धि तथा शारीरिक, आन्तरिक एवं वाचिक शुद्धि भी प्राप्त कर लेता है । वह इस त्रिलोकी में ही वर, कामनायें लक्ष्मीश्वरत्व तथा महत्त्व भी प्राप्त कर लेता है और उसका पुनर्जन्म नहीं होता । श्रीपति तथा नारद उसका गुणगान करते हैं ॥ ३७ ॥

श्रीआनन्दभैरव उवाच

न श्रुतं देवि कल्याणि हाकिनीकूटमन्त्रकम् ।
तथा पूजाविधिं ध्यानं जपं वायुविनिर्गमम् ॥ ३८ ॥
इत्यादियोगं स्तोत्राणि सहस्रनाममङ्गलम् ।
तथा श्रीवरनाथस्य[१] कृपया वद सुन्दरि ॥ ३९ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे भैरवभैरवीसंवादे शाकिनीमन्त्रोद्देशो नाम एकोनाशीतितम: पटल: ॥ ७९ ॥

श्रीआनन्दभैरव ने कहा—हे कल्याणि ! हे देवि ! मैने हाकिनी के कूट मन्त्र, पूजा-विधि, ध्यान जप तथा वायु विनिर्गम को अब तक नहीं सुना । अतः हे सुन्दरि ! मेरे ऊपर कृपा कर श्रीवरनाथ के योग, स्तोत्र तथा मङ्गलकारी सहस्रनाम को कहिए ॥ ३८-३९ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र के महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्र प्रकरण में भैरवी भैरव संवाद में शाकिनी मन्त्रोद्देश्य नामक उन्यासीवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ७९ ॥

१. श्रिया सहितो वर:, श्रीवर:, मध्यमपदलोपिसमास: । स चासौ नाथश्चेति श्रीवरनाथ: ।

अथाशीतितमः पटलः

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

शृणुष्व परमानन्दहेतुपानप्रियङ्कर ।
अत्यद्भुतं परस्यापि हाकिन्या मन्त्रमेव च ॥ १ ॥
त्रयाशीतितमे नाथ पठनाह्लादसागरे ।
रहस्यं परमानन्दवर्धनं कामदं मनुम् ॥ २ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे परमानन्द के पान से प्रेम करने वाले सदाशिव ! अब परतत्त्व सदाशिव तथा हाकिनी के मन्त्र को सुनिए । हे नाथ ! अब पठन से आहलाद देने वाले सागर के समान इस ८३ वें (?) पटल में परमानन्द को बढ़ाने वाले, अभीष्ट पूर्ण करने वाले अत्यन्त रहस्यपूर्ण मन्त्र को सुनिए ॥ १-२ ॥

विमर्श—परमानन्दहेतुः पानं यस्यासौ, प्रियं करोति इति प्रियंकरः, ''क्षेमप्रियमद्रेऽण् च'' इति सुत्रेण खच्प्रत्ययः कर्तरि । पानान्तस्य करान्तेन सह कर्मधारयसमासो ज्ञेयः । अथवा परमानन्दहेतवे पानं भक्तजनानां रक्षणं येन सः । भक्तान् रक्षित्वा तेभ्यः परमानन्दं ददाति भगवान् शिव इति भावः ।

अस्यापि भावकर्ता यः स योगी न तु मानुषः ।
अतिविद्या चातिधनं महाराज्यं सदाशिव ॥ ३ ॥
अस्याराधनमात्रेण स्वयमेव समाप्नुयात् ।
इति हेतोः सङ्कथये मन्त्रोद्धारं क्रमेण तु ॥ ४ ॥

इस मन्त्र को भावपूर्वक ध्यान करने वाला साधक योगी है, सामान्य मनुष्य नहीं । हे सदाशिव ! इस मन्त्र की आराधना मात्र से साधक अतिविद्या, अतिधन तथा महाराज्य को स्वयं प्राप्त कर लेता है । इसलिए क्रमपूर्वक (पहले सदाशिव परनाथ का बाद में हाकिनी के) उस मन्त्रोद्धार को कहती हूँ ॥ ३-४ ॥

अत्यद्भुतं ज्ञानिदानभावदं
महामनुं मानसजापमाश्रयम् ।
अनल्पविज्ञाननिधिप्रदं शुभं
पुण्यं पवित्रं शृणु भैरवेन्द्र ॥ ५ ॥

हे भैरवेन्द्र ! अब अत्यन्त अद्भुत ज्ञान के निदानभूत भाव को उत्पन्न करने वाले, मानस जाप के आश्रयभूत उस महामन्त्र को सुनिए । यह मन्त्र अत्यधिक विज्ञान रूप निधि को देने वाला, कल्याणकारी, पुण्ययुक्त तथा पवित्र है ॥ ५ ॥

तारं ब्रह्म मनुं श्मशानसहितं शम्भुं विभुं हान्तकं
भान्तं रान्तजलं हुताशनमयं वायुञ्च वामाक्षिणम् ।
वायोरक्षरसंयुतं त्रिपुरया श्रीकामकूटान्वितं
चान्ते हाकिनि देवि वह्नियुवती मन्त्रोऽयमानन्ददः ॥ ६ ॥

तार (३ॐ) फिर 'ब्रह्म मनुं श्मशानसहितं शम्भुं विभुं हान्तकं भान्तं रान्तजलं हुताशनभयं वायुं वामाक्षिणं वायोरक्षरसंयुतं', फिर त्रिपुरा से युक्त 'त्रिपुर (ह्रीं) कामकूट' इसके अन्त में 'हाकिनि देवि ! स्वाहा' यह मन्त्र साधक को आनन्द देने वाला है ॥ ६ ॥

विमर्श—मन्त्रोद्धार इस प्रकार है—३ॐ ब्रह्म मनुं श्मशानसहितं शम्भु ... वायोरक्षरसंयुतं (?) ह्रीं श्रीं क्लीं हाकिनी देवि स्वाहा ।

भाषामारकलारमावधुयुता देवी शिवप्रेयसी
विद्ये हाकिनी तारमन्त्रपुटितं मायाग्निजायान्वितम् ।
योगेन्द्रावनतं महेन्द्रजपितं श्वासाभिरुच्छ्वासितं
ये ध्यायन्ति महीतले प्रियमयी भार्या पतिप्रेमगा[१] ॥ ७ ॥

भाषा (वाग्बीज ऐं) मारकला, क्लीम् (कामबीज) फिर विधुयुता (अनुस्वार युक्त) रमा (श्रीं) इसके बाद 'देवी शिवप्रेयसी विद्ये हाकिनि', इसके बाद ३ॐ से सम्पुटित मायाबीज (ह्रीं) एवं अग्निजाया (स्वाहा) अर्थात् ३ॐ ह्रीं स्वाहा ३ॐ । इस मन्त्र को योगेन्द्र लोग भी प्रणाम करते हैं महेन्द्र इसका जप करते है । जो लोग अपने श्वास एवं उच्छ्वासपूर्वक इस मन्त्र का ध्यान करते हैं उनको प्रेभमयी तथा पति से प्रेम करने वाली भार्या प्राप्त होती है ॥ ७ ॥

आकाशं वह्निकूटं [२]वधुशिवदयिताशक्तिकामत्रिकूटं
हाकिन्यै परनाथभासुरगुरोः शक्त्यै नमोऽग्निप्रिया ।
हाकिन्याः प्रेममन्त्रं जपति यदि सुधी राजरोजेश्वरः
स्यादानन्दाब्धौ निमग्नः प्रचयति किरणं भावराशिप्रकाशम् ॥ ८ ॥

आकाशबीज (हं) वह्निकूट वधू तथा शिवदयिता शक्ति कामत्रिकूट हाकिन्यै, परनाथ भासुरगुरोः शक्त्यै नमः स्वाहा' यह हाकिनी देवी का प्रेम मन्त्र है, यदि सुधी साधक इसका जप करे तो वह राजराजेश्वर हो जाता है । वह आनन्द समुद्र में स्नान कर हाकिनी के किरण का दर्शन प्राप्त करता है तथा भावराशि का प्रकाश भी प्राप्त करता है ॥ ८ ॥

द्वे लक्षे मन्त्रसिद्धिर्भवति निजकुले कामधेनुस्वरूपः[३]
क्षेत्रज्ञः क्षेत्रविज्ञो वशयति जगतां भावसारं नरेन्द्रः ।

---

१. पतिप्रेम गच्छति, गमयति वा सा । गमेः कर्तरि डप्रत्ययः, ततष्टाप् ।
२. वधूश्चासौ शिवदयिता च, सा चासौ शक्तिश्च, तस्याः कामस्तस्य त्रिकूटम् । द्वितीयान्तं जपति इत्यनेनान्वेति ।
३. कामधेनोः स्वरूपमिव स्वरूपं यस्य सः । सर्वेष्टदाता इति भावः ।

विद्याबीजं रमाढ्यं सुरधुनिसहितं कामकूटं तदन्ते
शब्दाख्यं ब्रह्मतत्त्वं तरुणि भुवनेशि प्रेत्य हाकिनीं श्रीम् ॥ ९ ॥
स्वाहान्तो मन्त्रराजः [१]सकलसुरपदानन्दितो भावपूज्यः ।

इस मन्त्र का दो लाख जप करने से सिद्धि होती है ऐसा साधक अपने कुल में कामधेनुस्वरूप होता है, वह क्षेत्रज्ञ, क्षेत्रविज्ञ तथा नरेन्द्र बन जाता है समस्त जगत् के पदार्थ उसके पास आ जाते हैं । विद्या बीज (ऐं) रमा बीज (श्रीं) सुरधुनि के सहित कामकूट (क्लीं) उसके अन्त में 'शब्दाख्यं ब्रह्मतत्त्वं तरुणि भुवनेशि प्रेत्य हाकिनीं श्रीं स्वाहा' यह स्वाहान्त मन्त्रराज समस्त देवगणों को आनन्दित करने वाला है भावपूज्य मन्त्र है ॥ ९ ॥

विमर्श—मन्त्र का स्वरूप—ऐं श्रीं क्लीं शब्दाख्यं ब्रह्मतत्त्वं तरुणि भुवनेशि प्रेत्य हाकिनी श्रीं स्वाहा ।

महामन्त्रं प्रवक्ष्यामि येन सिद्धो भवेन्नरः ॥ १० ॥
शिवमन्त्रं हाकिनीश परनाथस्य भूपतेः ।
यस्याराधनमात्रेण मृत्युजेता न संशयः ॥ ११ ॥

अब महामन्त्र कहती हूँ जिसके अनुष्ठान से मनुष्य जगत्पूज्य बन जाता है । यह हाकिनीश परनाथ राजराजेश्वर शिव का मन्त्र है जिसकी आराधना करने से साधक मृत्यु पर विजय प्राप्त करता है इसमें संशय नहीं ॥ १०-११ ॥

प्रेतबीजं समुद्धृत्य विषबीजं ततः परम् ।
वह्निबीजं कालकूटबीजं तु तदनन्तरम् ॥ १२ ॥
अत्यन्तं दुःखजालं मे हन युग्मं विदारय ।
युगलं कामकूटं तु संहारबीजमेव च ॥ १३ ॥
शिवबीजं तदन्ते तु हंसः सोऽहं ततो वदेत् ।
स्वाहान्तमन्त्रो जप्तो हि लक्षमात्रं महेश्वर ॥ १४ ॥

प्रेत बीज (हंसोऽहम् ?) इसके बाद विष बीज (?) इसके बाद अग्निबीज (रम्) इसके बाद कालकूट बीज (?) इसके बाद 'अत्यन्तं दुःखजाल मे हन', फिर दो बार (हन हन), फिर 'विदारय' दो बार (विदारय विदारय), इसके बाद कामकूट (क्लीं), फिर संहारबीज (?), फिर शिव बीज (ॐ), इसके बाद (हंसः सोऽहं) इसके बाद अन्त में 'स्वाहा' ॥ १२-१४ ॥

विमर्श—मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—हंसः सोऽहं (विषबीज ?) रं (कालकूट बीज ?) अत्यन्तं दुःखजालं मे हन हन विदारय विदारय क्लीं (संहारबीज ?) ॐ हंसः सोऽहं स्वाहा ।

कुम्भकं रेचकं कृत्वा धारयेत् पवनं शुभम् ।
एवं कृत्वा महादेव शिवानन्दं प्रकृत्य च ॥ १५ ॥

---

१. सकला ये सुरास्तेषां पदैरानन्दित इति भावः ।

महाप्रलयकालेऽपि सुस्थिरो भवति ध्रुवम् ।
तस्यापि हस्तकमले सदा तिष्ठन्ति सिद्धयः ॥ १६ ॥

फलश्रुति—हे महेश्वर साधक कुम्भक तथा रेचक प्राणायाम कर एक लाख की संख्या में इस स्वाहान्त मन्त्र का जप करे तो उसे शिवानन्द प्राप्त होता है । हे महादेव ! वह वायु को सुस्थिर करने में समर्थ हो जाता है और वह निश्चित रूप से महाप्रलय काल में भी स्थिर रहता है । किं बहुना, समस्त सिद्धियाँ उसके हस्तकमल में सदैव निवास करती हैं ॥ १२-१६ ॥

जपित्वा युगलक्षं तु यत्नेन परमेश्वर ।
वाक्सिद्धिं देवलोके तु गमनं निजदेहतः ॥ १७ ॥
तस्य दर्शनमात्रेण लोकाः स्युर्हि निरोगिणः ।
अष्टादशलक्षजपाद् ब्रह्माण्डभेदको[१] भवेत् ॥ १८ ॥

हे परमेश्वर ! उक्त मन्त्र का दो लाख यत्नपूर्वक जप करने से साधक को वाक्सिद्धि प्राप्त हो जाती है । किं बहुना, वह सदेह देवलोक में चला जाता है । उसके दर्शन मात्र से लोग रोग रहित (स्वस्थ) हो जाते हैं । यदि १८ लाख की संख्या में जप किया जाय तो वह साधक समस्त ब्रह्माण्ड के भेदन में समर्थ हो जाता है ॥ १७-१८ ॥

सहस्रारे मनो याति तस्यैव नात्र संशयः ।
तदा संसार[२] संहारपालनसृजनास्पदः ॥ १९ ॥
तस्य संसारं सकलं कोटिब्रह्माण्डमेव च ।
अनयोर्मन्त्रजापेन सिद्धार्थवद् भवेत् कविः ॥ २० ॥

ऐसे ही साधक का मन सहस्रार पङ्कज में गमन करता है इसमें संशय नहीं । उसी समय वह सृष्टि के संहार पालन तथा सृजन की शक्ति भी प्राप्त कर लेता है । यह समस्त संसार, किं बहुना करोड़ों ब्रह्माण्ड उसी के हो जाते हैं । उक्त दो मन्त्र के जप से वह सिद्धार्थ वेत्ता एवं कवि बन जाता है ॥ १९-२० ॥

सर्वशास्त्रार्थवेदार्थसाङ्ख्यार्थादिषु पारगः ।
तस्य साक्षान्मूर्तिमन्तो विभान्ति पुरतो ध्रुवम् ॥ २१ ॥
वारमेकं कदाचिद्वा चायाति मुखपङ्कजे ।
चतुर्विधा मुक्तिः कामसिद्धयः सर्वदा हृदि ॥ २२ ॥

ऐसा साधक सभी शास्त्रों के अर्थ का, वेदार्थ का एवं सांख्य के अर्थादि में पारङ्गत हो जाता है । किं बहुना, समस्त वाङ्मय उसके सामने मूर्तिमान् हो कर प्रत्यक्ष हो जाते हैं । यदि धोखे से भी एक बार किसी के मुख कमल में यह मन्त्र आ जावें तो उसे चारों प्रकार की

---

१. ब्रह्माण्डानां भेदं करोति इति । ब्रह्माण्डभेदनसामर्थ्यवानिति भावः ।

२. संसारस्य संहारः पालनं सृजनम्, तत्रास्पदं प्रतिष्ठा यस्य सः । भगवान् शिव एवास्य जगतः सर्जन—पालन—संहारान् करोतीति तत्त्वम् ।

मुक्तियाँ प्राप्त हो जाती हैं । तथा हृदय में ही सङ्कल्प मात्र से वह समस्त कामनाओं की सिद्धियाँ प्राप्त कर लेता है ॥ २१-२२ ॥

विभान्ति हि किमन्यद्वा कथितुं शक्यते मया ।
वलान्ते रामपुत्रः स्यात् सश्रीकः कृष्ण एव सः ॥ २३ ॥
कृष्णान्ते रामनाम स्यात् भूपतेः पालको भवेत् ।
श्रीरुद्रस्य परदेवदेवस्य सुप्रियो भवेत् ॥ २४ ॥

इसके अतिरिक्त हम और कुछ कहने में किस प्रकार समर्थ हो सकते हैं ? बल में तो वह लवकुश के समान हो जाता है । इसके बाद श्री सहित श्रीकृष्ण रूप में जन्म लेता है । फिर श्री कृष्णरूप में जन्म लेने के बाद वह राम नाम वाला हो कर बड़े बड़े राजाओं का पालक बन जाता है । किं बहुना, वह साधक परब्रह्मदेवाधिदेव श्रीरुद्र का अत्यन्त प्रियगण हो जाता है ॥ २३-२४ ॥

नवान्ते द्वीप-राशीनां चतुर्यामलपारगः ।
चतुःषष्टितन्त्रवेत्ता चेत् कामनगरे स्थितः ॥ २५ ॥

॥इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे भेदोपक्रमो नाम अशीतितमः पटलः ॥ ८० ॥

— ❖ —

वह नवद्वीपों में चारों यामल विद्या का पारगामी बन जाता है । ६४ तन्त्रों का विद्वान् तथा कामनगर में निवास करता है ॥ २५ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्र प्रकरण में षट्चक्रप्रकाश में भैरवीभैरव संवाद में भेदोपक्रम नामक अस्सीवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ८० ॥

— ❖ —

अथैकाशीतितमः पटलः

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

अथ वक्ष्यामि लोकेश मन्त्रोद्धारान्तकालके ।
हाकिन्याः परनाथस्य साधनं पूजनं शृणु ॥ १ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे लोकेश ! इसके बाद समय आने पर मन्त्रोद्धार कहूँगी। इस समय सर्वप्रथम **हाकिनी परनाथ सदाशिव के साधन एवं पूजन** को सुनिए ॥ १ ॥

विमर्श—मन्त्रोद्धारस्यान्तः अवसानं तस्य कालः समयः, तत्र, स्वार्थे कप्रत्ययः ।

त्रयाशीतितमान्ते तु चतुरशीतितमे मम ।
परनाथस्य हाकिन्या यजनं चाद्भुतं महत् ॥ २ ॥
अप्रकाश्यं महागोप्यं सारात्सारं परात्परम् ।

८३ वें पटल के बाद ८४ वें पटल में मेरे परनाथ सदाशिव तथा हाकिनी का यजन अद्भुत एवं महान् है । यह अप्रकाश्य है, महागोप्य है, सारों का सार है तथा श्रेष्ठों से भी श्रेष्ठ है ॥ २-३ ॥

भ्रूपद्मभेदनादीनां क्रमं शृणु महेश्वर ॥ ३ ॥
यो हि जानाति भ्रूमध्ये भ्रूपद्मभेदनक्रमम् ।
स ममाग्रे समायाति जीवन्मुक्तो भवार्णवे ॥ ४ ॥
तत्क्रमोपक्रमज्ञानं महापातकनाशनम् ।
अकस्मात् सिद्धिदं नित्यं सदानन्दपदप्रदम् ॥ ५ ॥
भार्या भवति कामेशी लक्ष्मीनाथो भवेद् ध्रुवम् ।

अतः हे महेश्वर ! भ्रू में स्थित रहने वाले **पद्म के भेदन का प्रकार** सुनिए । जो साधक दोनों भ्रुवों के मध्य में रहने वाले पद्म का भेदन जानता है, वह मेरे पास आता है तथा इस संसार समुद्र में रहकर भी जीवन्मुक्त हो जाता है । भ्रूपद्म के भेदन का क्रम तथा उपक्रम महापातकों का नाश करने वाला है, अकस्मात् सिद्धि देता है । किं बहुना, सर्वदा आनन्द पद प्रदान करता है । कामेश्वरी स्वयं उनकी भार्या बन जाती हैं तथा वह स्वयं लक्ष्मीनाथ बन जाता है ॥ ३-६ ॥

आनन्दभैरव उवाच

अथ राज्यक्रियासारं केन प्राप्नोति भूतले ॥ ६ ॥
राजत्वं शिष्यवर्गाणां भेदनं केन वा भवेत् ।
साक्षात् सिद्धिक्रमज्ञानं भ्रूपद्मभेदनक्रमम् ॥ ७ ॥

कृपया वद मे शीघ्रं यदि श्रद्धा दया मयि ।

आनन्दभैरव ने कहा—हे भैरवी ! साधक किस उपाय से राज्य क्रिया सार प्राप्त करता है ? किस उपाय से शिष्यवर्गों का राजत्व तथा किस उपाय से भ्रूस्थित पद्म का भेदन प्राप्त करता है ? इसलिए साक्षात् सिद्धि क्रम के ज्ञान को तथा भ्रू स्थित पद्म के क्रम को कहिए । हे देवि ! यदि आपकी मुझ में श्रद्धा है तो कृपापूर्वक शीघ्र ही इसे कहिए ॥ ६-८ ॥

आनन्दभैरवी उवाच

विस्तार्य कथयाम्यत्र सारसङ्केतमङ्गलम् ॥ ८ ॥
श्रीगुरोर्वदनाम्भोजनिजमन्त्रप्रकाशितम् ।
श्रुत्वा योगी योगयोग्यो भवत्येव न संशयः ॥ ९ ॥

आनन्दभैरवी ने कहा—तत्त्व किन्तु सङ्केत मात्र से मङ्गल देने वाले श्री गुरु के मुख कमल से स्वयं प्रकाशित मन्त्र को विस्तार पूर्वक कहती हूँ, जिसे सुनकर योगी योग की योग्यता प्राप्त कर लेता है, इसमें संशय नहीं ॥ ८-९ ॥

विमर्श—वदनमम्भोजमिवेति वदनाम्भोजम्, ततो मन्त्रस्य प्रकाशितं प्रकाशनमित्यर्थः।

अधोमुखे भाति महारविप्रभा
ग्रन्थिप्रचण्डोपरिवारकाभिः ।
शनैः शनैर्भेदनयोगकाले
प्रयत्नमाकृत्य भवेद्धि योगी॥ १० ॥

अधोमुख वाले भ्रूपद्म पर तेजस्वी सूर्य की प्रभा वाली भगवती हाकिनी दृढ़ ग्रन्थि के ऊपर अपने परिवार (आवरण) के साथ शोभित हैं, अतः उन ग्रन्थियों के भेदन काल में धीरे धीरे प्रयत्न कर साधक योगी बन जाता है ॥ १० ॥

विमर्श—महान् रविः, प्रचण्डः सूर्यः, तस्य प्रभा इव प्रभा यस्याः सा ।

बद्धमेकासनं कृत्वा चित्तमारोप्य यत्नतः ।
भ्रूपद्मनिकरे शोभामण्डलानन्दपूरिते ॥ ११ ॥
सत्त्वग्रन्थिपदं भित्वा स्थिरचेता भवेद् ध्रुवम् ।
अकालमृत्युः कुत एव तस्य
प्रभाकरज्ञाननिकेतशोभौ ।
आकाशगामी भुवनाधिकारी
स्थिराशयः प्रेमकलापगामी॥ १२ ॥

साधक भ्रूपद्म के भेदन के समय एकासन पर अपने को आबद्ध कर यत्नपूर्वक चित्त को स्थिर कर शोभामण्डल तथा आनन्दपूरित भ्रूपद्म में स्थित हो जावे । वहाँ पर सातों ग्रन्थियों का भ्रूपद्म स्थित भेदन कर वह अवश्य ही स्थिर चित्त वाला हो जाता है । सप्त ग्रन्थियों के भेदन करने वाले साधक की अकालमृत्यु भला किस प्रकार हो सकती है वह

प्रकाश देने वाले ज्ञान निकेत में शोभा पाता है, आकाश मार्ग से गमन करता है समस्त भुवनाधिपत्य प्राप्त करता है, उसका अन्तःकरण (चित्त) स्थिर हो जाता है तथा सभी उससे प्रेम करते हैं ॥ ११-१२ ॥

सप्तसु ग्रन्थिमुखेषु देवताः सप्तधा मुदा ॥ १३ ॥
विभान्ति योगिरक्षायै योगमायावशाय च ।
स्थिरमाया योगमाया कालमाया च लाकिनी ॥ १४ ॥
देवमाया धर्ममाया विमाया सप्त देवताः ।
ग्रन्थिमध्ये रत्नवर्णा निर्मलानन्ददायिकाः ॥ १५ ॥

उक्त सात ग्रन्थियों पर सात देवता योगि जनों की रक्षा के लिए तथा योगमाया को वश में करने के लिए निवास करते हैं । उनके नाम इस प्रकार हैं—१. स्थिरमाया, २. योगमाया, ३. कालमाया, ४. लाकिनी, ५. देवमाया, ६. धर्ममाया और ७. विमाया—ये सात देवता हैं । उक्त सभी देवता ग्रन्थि के मध्य में रत्न के समान चमकीले हैं तथा निर्मल आनन्द देने वाले हैं ॥ १३-१५ ॥

सत्त्वग्रन्थिर्महादेव आकाशाग्रति भाति हि ।
आदौ तस्यापि भेदञ्च एकैकक्रमयोगतः ॥ १६ ॥
सूक्ष्मवायुक्रमेणैव भित्वा च योगिमण्डले ।
शीघ्रं याति मनो यस्य स वीरो न तु मानुषः ॥ १७ ॥

हे महादेव ! उक्त सात ग्रन्थियाँ आकाश के आगे शोभित हैं । सर्वप्रथम एक एक के क्रम से उनका भेदन करना चाहिए । सूक्ष्मवायु के क्रम से सातों ग्रन्थियों का भेदन कर जिस साधक का मन योगिमण्डल में चला जाता है, वह साधक वीर है मनुष्य नहीं ॥ १६-१७ ॥

ग्रन्थिनामानि वक्ष्यामि सावधानोऽवधारय ।
खगिनी द्राविणी धूम्रा कठिना कर्कटी तथा ॥ १८ ॥
श्यामला कपिला सप्त ग्रन्थिरूपप्रतिष्ठिता ।

हे महाभैरव ! अब उन ग्रन्थियों के नाम कहती हूँ, सावधान होकर सुनिए—१. खगिनी, २. द्राविणी, ३. धूम्रा, ४. कठिना, ५. कर्कटी, ६. श्यामला और ७. कपिला—ये सात उस भ्रूपद्म में ग्रन्थि रूप से प्रतिष्ठित हैं ॥ १८-१९ ॥

विमर्श—सूक्ष्मो यः श्वासक्रमस्तेन । उपांशुप्रयोगेणेत्यर्थः । अयमेव मानसो जपः ।

खगिनीमन्त्रमुच्चार्य सूक्ष्मश्वासक्रमेण तु ॥ १९ ॥
ऊर्ध्वमार्गे विहायापि ह्यष्टोत्तरशतेन च ।
प्रणवं भुवनेशानी खगिनीबीजमेव च ॥ २० ॥
भेदा भेदा भवान्ते तु पुनः खं बीजमेव च ।
अस्त्रान्तं मन्त्रमुच्चार्य भेदने च दृढो भवेत् ॥ २१ ॥

१. **खगिनी का मन्त्रोद्धार** इस प्रकार है—खगिनी ग्रन्थि के भेदन के लिए सूक्ष्म

श्वास ग्रहण करते हुए उसे ऊर्ध्व मार्ग में छोड़ देवे फिर १०८ की संख्या में खगिनी मन्त्र का जप करे । प्रणव (ॐ), भुवनेशानी बीज (ह्रीं), फिर खगिनी बीज (खं), इसके बाद 'भेदा भेदा भव', फिर 'खं' बीज, इसके बाद 'अस्त्राय फट्' इस मन्त्र का जप करते हुए खगिनी के भेदन में दृढ़ता रखखे ॥ १९-२१ ॥

विशेष—मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—ॐ ह्रीं खं भेदा भेदा भव 'खं' अस्त्राय फट् ॥ १९-२१ ॥

द्राविणीमन्त्रमुच्चार्य सूक्ष्ममार्गेण भैरव ।
जपेदष्टोत्तरेणापि शतमन्त्रेण सर्वदा ॥ २२ ॥

हे भैरव ! सूक्ष्म मार्ग से द्राविणी मन्त्र का उच्चारण कर १०८ बार जप करते हुए उसका सर्वदा त्याग कर देवे ॥ २२ ॥

प्रणवं परमाबीजं ब्रह्मबीजं ततो बहिः ।
वाग्भवं द्राविणीबीजं ग्रन्थिद्रावययुग्मकम् ॥ २३ ॥
स्वाहास्त्र्यन्तं महामन्त्रं ध्यात्वा ध्यात्वा पुनः पुनः ।
जप्त्वा भ्रूदलसूक्ष्मदृष्ट्या विलोक्य भ्रूदलान्तरम् ॥ २४ ॥
अकस्माद् भेदमाप्नोति किं बन्धक्लेशतः प्रभो ।

२. **द्राविणी मन्त्र** इस प्रकार है—प्रणव (ॐ) इसके बाद परमा बीज, फिर ब्रह्मबीज (?) उसके बाद वाग्भव बीज (ऐं), फिर द्राविणी बीज इसके बाद दो बार ग्रन्थिं द्रावय (ग्रन्थिं द्रावय ग्रन्थिं द्रावय), फिर 'स्वाहा' इसके बाद 'अस्त्राय फट्' इस द्राविणी मन्त्र का बार बार ध्यान करते हुए जप करे । फिर भ्रूदल की सूक्ष्म दृष्टि से भ्रूदलों के मध्य भाग का अवलोकन करे । हे प्रभो ! ऐसा करने से द्राविणी ग्रन्थि अकस्मात् टूट जाती है फिर उसके बन्ध का क्लेश कैसे रह सकता है ॥ २३-२५ ॥

विशेष—मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—ॐ परमा बीज ब्रह्मबीज (?) ऐं द्राविणी बीज ग्रन्थिं द्रावय ग्रन्थिं द्रावय 'स्वाहा' 'अस्त्राय फट्' ।

जप्त्वा—जपधातुः सेट्कः, इति कृत्वा जपित्वा इति स्याच्छान्दसत्वात् प्रकृते इडभावो बोध्यः । अथवा गणपाठस्य बाहुलकात्, 'बहुलमेतन्निदर्शनम्' इति वचनात् ।

धूम्रामन्त्रं प्रवक्ष्यामि येन सिद्धो भवेन्नरः ॥ २५ ॥
प्रणवं कमलाबीजं देवीबीजं ततः परम् ।
धूम्राबीजं तदन्ते तु मृत्युनाशिनि शब्दतः ॥ २६ ॥
ग्रन्थिं हनयुगान्ते तु चास्त्राय फडिति स्थितिः ।
इति मन्त्रं सहस्रं वा शतं वाष्टोत्तरं जपेत् ॥ २७ ॥

अब **धूम्रा मन्त्र** कहती हूँ जिससे मनुष्य सिद्ध हो जाता है—

३. **धूम्रा मन्त्र**—प्रणव (ॐ) फिर कमलाबीज (श्रीं) इसके बाद देवी बीज (?) इसके बाद धूम्राबीज (?) उसके बाद 'मृत्युनाशिनि' फिर दो बार ग्रन्थिं हन (ग्रन्थिं हन

ग्रन्थिं हन) फिर 'अस्त्राय फट्' यह धूम्रा भेदन का मन्त्र हैं । इस मन्त्र का एक हजार की संख्या में अथवा १०८ की संख्या में जप करे ॥ २५-२७ ॥

विशेष—मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—३ॐ श्रीं देवी बीज (?) धूम्राबीज (?) मृत्युनाशिनि ग्रन्थिं हन ग्रन्थिं हन 'अस्त्राय फट्' ॥ २५-२७ ॥

चक्रासनमुपाकृत्य भेकासनमथापि वा ।
भ्रुवोरन्तर्गतं पद्मं द्विदलं चारुमण्डलम् ॥ २८ ॥
तदन्तरे कर्णिकायां महापीठं विचिन्तयेत् ।
बिन्दुषट्कोणमालिख्य त्रिकोणस्थान्तरः सुधीः ॥ २९ ॥
तद्बहिः सप्तभूरेखं विचिन्त्य पङ्कजं शुभम् ।
दिव्यं शतदलं विद्युत्कोटिकान्तिसमप्रभम् ॥ ३० ॥
पत्रे पत्रे महामुद्रास्थानं परमदुर्लभम् ।
दिव्यस्थानं परीवारस्थानं ध्यात्वा पुनः पुनः ॥ ३१ ॥
कर्णिकायां ततो ध्यायेद् हाकिनीपरमेश्वरम् ।

धूम्रा भेदन का प्रकार कहते हैं—साधक चक्रासन अथवा भेकासन से बैठकर दोनों भ्रू के मध्य में रहने वाले मनोहर मण्डल से युक्त द्विदल के भीतर रहने वाली कर्णिका में धूम्रा के महापीठ का ध्यान करे । उसके भीतर बिन्दु, उसके ऊपर षट्कोण, उसके ऊपर त्रिकोण लिखे । उसके बाहर सात रेखा से युक्त भूपुर से युक्त दिव्य सौ पत्तों वाला, करोड़ों विद्युतों के समान देदीप्यमान, कल्याणकारी कमल का तथा उसके प्रत्येक पत्तों पर परम दुर्लभ महामुद्रा के स्थान का तथा दिव्य स्थान में धूम्रा के परिवार स्थान (आवरण देवता) का बारम्बार ध्यान करते हुए कर्णिका में हाकिनी सहित परमेश्वर का ध्यान करे तो (धूम्रा ग्रन्थि का भेदन हो जाता है) ॥ २८-३२ ॥

विमर्श—भेकस्य मण्डूकस्यासनं भेकासनम् ।

कठिनामन्त्रमावक्ष्ये ग्रन्थिभेत्ता भवेद्नु ॥ ३२ ॥
येन योगक्रमेणैव शास्त्रजालं वशं नयेत् ।
प्रणवं वाग्भवं माया रमा कामस्ततः परम् ॥ ३३ ॥
कठिनग्रन्थि छेदयेति युगलं परमेश्वरि ।
मायास्त्राय फडन्ताय महामन्त्र उदाहृतः ॥ ३४ ॥

अब **कठिना ग्रन्थि के भेदन का मन्त्र** कहती हूँ, जिससे साधक ग्रन्थि भेत्ता बन जाता है । कठिना मन्त्र के जिस योगक्रम के अनुष्ठान से साधक समस्त शास्त्र जाल को अपने वश में कर लेता है वह मन्त्र कहती हूँ—

४. **कठिना मन्त्र**—प्रणव (३ॐ) फिर वाग्भवबीज (ऐं), फिर मायाबीज (ह्रीं), फिर रमा बीज (श्रीं), फिर काम बीज (क्लीं), इसके बाद 'कठिनग्रन्थि' इसके बाद 'छेदय' पद दो बार (छेदय छेदय), फिर 'परमेश्वरि' फिर 'माया' (ह्रीं) फिर 'अस्त्राय फट्' यह कठिना का महामन्त्र कहा गया है ॥ ३२-३४ ॥

विशेष—मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं 'कठिनग्रन्थि' छेदय छेदय 'परमेश्वरि' 'माया' ह्रीं 'अस्त्राय फट्' ॥ ३२-३४ ॥

शतमष्टोत्तरं नित्यं सहस्रं वा जपेद् बुधः ।
अधो मुण्डासनं कृत्वा तत्र पद्मासने विशेत् ॥ ३५ ॥
भ्रूपद्मे चित्तमारोप्य महापीठे मनोरमे ।
पीठं त्रिकोणमध्ये तु बिन्दुषट्कोणमेव च ॥ ३६ ॥
तद्बहिः सप्तभूबिम्बं तत्र पद्मं विचिन्तयेत् ।
रक्तं शत दलं पद्मं चतुर्द्वारं तदुत्तरे ॥ ३७ ॥
पत्रे पत्रे केशराणि त्रीणि त्रीणि क्रमेण तु ।
ब्रह्मविष्णुमहेशादिरूपाणि परिचिन्तयेत् ॥ ३८ ॥

बुद्धिमान् साधक उक्त मन्त्र का नित्य १०८ बार अथवा एक हजार बार जप करे । उसकी विधि इस प्रकार है नीचे मुण्डासन (शीर्षासन) करके पद्मासन पर बैठ जावे । फिर मनोहर महापीठ वाले भ्रूपद्म में चित्त को एकाग्र करे । इस प्रकार पीठ, फिर त्रिकोण, उसके मध्य में बिन्दु सहित षट्कोण, सबसे बाहर सात रेखा वाला भूपुर, उसी में लाल वर्ण वाले सौ पत्तों से युक्त ऐसे कमल का ध्यान करे, जिसमें चार द्वार हैं । प्रत्येक पत्तों में तीन तीन केशर हैं उसमें ब्रह्मा, विष्णु तथा महेश्वर के स्वरूप का ध्यान करे ॥ ३५-३८ ॥

कर्कटीमन्त्रमावक्ष्ये साक्षाद्भूमिविभेदनात् ।
ब्रह्मबीजं मायाशब्दं मायाकर्कटीशब्दतः ॥ ३९ ॥
कूटग्रन्थिं भेदयेति द्वयं कामकला ततः ।
अस्त्राय फडिति ख्यातो महामन्त्रोत्तमोत्तमः ॥ ४० ॥
शतमष्टोत्तरं ध्यात्वा मन्त्रं चिच्छक्तिमण्डले ।

अब भ्रू की भूमि का भेदन करने के कारण रूप **कर्कटी मन्त्र** कहता हूँ—

५. **कर्कटी मन्त्र**—ब्रह्मबीज (?) फिर 'माया' शब्द उसके बाद 'माया कर्कटी' उसके बाद 'कूटग्रन्थिं' फिर 'भेदय' पद दो बार (भेदय भेदय), फिर कामकला (क्लीं), इसके बाद 'अस्त्राय फट्' यही कर्कटी का मन्त्र महामन्त्रोत्तमोत्तम मन्त्र है । चिच्छक्तिमण्डल में ध्यान करते हुए इस मन्त्र का एक सौ आठ बार जप करे ॥ ३९-४१ ॥

विमर्श—मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—

ॐ ब्रह्मबीज (?) माया माया कर्कटी कूटग्रन्थि भेदय भेदय (कामकला) क्लीं अस्त्राय फट् । कर्कटी मन्त्र - कर्कट्या मायाया मन्त्रस्तमिति भावः । स मन्त्रः सम्प्रदायगम्यः, माया च कर्कटी चेति शब्दौ यत्र मन्त्रे तस्मात् ॥ ३९-४१ ॥

श्यामलामन्त्रमावक्ष्ये भैरवेश महाप्रभो ॥ ४१ ॥
शृणुष्वाराधय ज्ञानं सार्वज्ञसिद्धिदायकम् ।

हे भैरवेश ! हे महाप्रभो ! अब **श्यामला मन्त्र** कहती हूँ । श्यामलामन्त्र को

ठीक से सुनिए । यह सर्वज्ञता तथा सिद्धि देने वाला ज्ञान है, अतः इसकी आराधना कीजिए ।। ४१-४२ ।।

प्रणवं कालिकाबीजं त्रिवारमुच्चरेत् सुधीः ॥ ४२ ॥
तदन्ते मायायुगलं श्रीबीजं तदनन्तरम् ।
तदन्ते श्यामलाबीजं दृढग्रन्थिविभेदिनी ॥ ४३ ॥
विलं निर्मलं शब्दान्ते मा कुरु द्वयमेव च ।
कामास्त्राय फडिति च मन्त्रसारः प्रयोगदः ॥ ४४ ॥

६. **श्यामला मन्त्र**—प्रणव (३ॅं) फिर कालिकाबीज (क्लीं) इसे तीन बार (क्लीं क्लीं क्लीं) सुधी साधक उच्चारण करे । इसके बाद दो बार मायाबीज (ह्रीं ह्रीं) इसके बाद श्री बीज (श्रीं) उसके बाद श्यामलाबीज (?) फिर 'दृढग्रन्थि विभेदिनी विलं निर्मलं शब्द के बाद मा कुरु दो बार (मा कुरु मा कुरु) फिर 'कामास्त्राय फट्' यह सभी मन्त्रों का तत्त्व हैं और प्रयोग से सब कुछ देने वाला है ।। ४१-४४ ।।

विशेष—मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—३ॅं क्लीं क्लीं क्लीं क्लीं ह्रीं ह्रीं श्रीं श्यामलाबीज (?) दृढग्रन्थिविभेदिनी विलं निर्मलं मा कुरु मा कुरु कामास्त्राय फट् ।

शतमष्टोत्तरं जाप्यं प्रत्यहं चासनस्थितः ।
शनैःशनैः सिद्धियुक्तो ज्ञानी मौनी महागुणी ॥ ४५ ॥
भवेत् साधकमुख्यश्च मम देहाश्रितो भवेत् ।
कपिलामन्त्रमावक्ष्ये शृणुष्व भैरवेश्वर ॥ ४६ ॥

एक आसन पर बैठकर प्रतिदिन उक्त मन्त्र का १०८ बार जप करना चाहिए । ऐसा धीरे धीरे करने से साधक सिद्धियों से युक्त ज्ञानी, मौनी, महागुणी तथा साधकों में श्रेष्ठ हो जाता है, किं बहुना वह हमारे शरीर में मिल जाता है ।। ४५-४६ ।।

विमर्श—महाँश्चासौ गुणश्चेति महागुणः, सोऽस्ति अस्येति मत्वर्थीय इनिप्रत्ययः । कपिलामन्त्रः, कर्कटीमन्त्रः, माया मन्त्रः, इमे मन्त्राः साम्प्रदायिकाः ।

प्रणवं बालाबीजं तु कपिलाबीजमुत्तमम् ।
तां तु ग्रन्थिं भेदयेति युगलं छेदयेति च ॥ ४७ ॥
चित्तं मे भूगृहे पश्चात् समारोपय युग्मकम् ।
पुनस्तु कपिलाबीजं मायाबीजं ततो वदेत् ॥ ४८ ॥
रमास्त्राय फडन्तोऽयं महामन्त्रोत्तमोत्तमः ।

अब हे भैरवेश्वर ! **कपिला मन्त्र** कहती हूँ उसे सुनिए—

७. **कपिला मन्त्र**—प्रणव (३ॅं) फिर वाला बीज (?) फिर सर्वश्रेष्ठ कपिलाबीज (?) 'तां तु ग्रन्थि' के बाद भेदय और छेदय दो दो बार (भेदय भेदय छेदय छेदय) इसके बाद 'चित्तं में भूगृहे' इसके पश्चात् 'समारोपय' पद दो बार (समारोपय समारोपय) फिर कपिलाबीज (?) इसके बाद मायाबीज (ह्रीं) इसके बाद 'रमास्त्राय फट्' यह महामन्त्रोत्तमोत्तम मन्त्र है ।। ४६-४९ ।।

विशेष—मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—ॐ बालाबीज (?) कपिलाबीज (?) तां तु ग्रन्थिं भेदय भेदय छेदय छेदय चित्तं मे भूगृहे समारोपय समारोपय कपिलाबीज (?) ह्रीं 'रमास्त्राय फट्' ।

शतमष्टोत्तरं वापि सहस्रं प्रजपेद् यदि ॥ ४९ ॥
द्विमासात् सप्तग्रन्थीनां भेत्ता स्याद् भैरवो यथा ।
इति ग्रन्थिभेदनस्य क्रमज्ञानमुदाहतम् ॥ ५० ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे भैरवी-भैरवसंवादे भ्रूपद्मसप्तग्रन्थिभेदो नाम एकाशीतितमः पटलः ॥ ८१ ॥

यदि साधक प्रतिदिन इस मन्त्र का १०८ बार जप करे तो भैरव के समान अथवा एक सहस्र बार जप करे तो दो ही महीनों में सातों ग्रन्थियों का भेदन करने वाला हो जाता है । इस प्रकार यहाँ तक हमने ग्रन्थि भेदन के क्रम का ज्ञान वर्णन किया ॥ ४९-५० ॥

विमर्श—द्विमासात् - द्वयोर्मासयोः समाहारो द्विमासम्, तस्मात् । **सप्तग्रन्थीनां** - सप्तसंख्याकानां ग्रन्थीनामिति मध्यमपदलोपिसमासः ।

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्र प्रकरण में षट्चक्रप्रकाश में भैरवीभैरव संवाद में भ्रूपद्मस्थ सप्तग्रन्थि भेदन नामक इक्यासीवें पटल की डॉ सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ८१ ॥

अथ द्व्यशीतितमः पटलः

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

अथ कान्त प्रवक्ष्यामि साधय त्वं सदा निशि ।
हृदि सिद्धान्तविज्ञानं सिद्धिमष्टां यदिच्छसि ॥ १ ॥
गोपय त्वं प्रयत्नेन सच्छिष्ये च निवेदय ।
दुष्टेभ्यो वञ्चकेभ्यश्च पुत्रेभ्यो न प्रकाशय ॥ २ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे कान्त ! अब मैं हृदयस्थित सिद्धान्तविज्ञान एवं जिस इष्ट सिद्धि को आप जानना चाहते हैं उसे कहती हूँ । आप उसे सदैव रात्रि के समय साधन करे । आप उसका प्रयत्नपूर्वक गोपन करे और अच्छे सुयोग्य शिष्य को ही प्रदान करे । दुष्टजनों, वञ्चकों तथा अपने अयोग्य पुत्र को भी इसे नहीं प्रकाशित करना चाहिए ॥ १-२ ॥

निर्जने प्रातरुत्थाय प्रातः कीर्तिं समाचरन् ।
देहबाह्यस्नानमादौ कृत्वा च साधकोत्तमः ॥ ३ ॥
आसनञ्च गोपनीयं प्रत्येकेनापि कारयेत् ।
पूर्वोक्तयोगचिह्नानि आसनानि समाचरेत् ॥ ४ ॥

निर्जन स्थान में प्रातःकाल उठकर अपने प्रातः कृत्यों को करके उत्तम साधक देह एवं बाह्य स्नानादि कृत्यों को पहले करे । सभी गोपनीय आसनों को अनुष्ठित करे और पूर्व में कहे गए योग चिन्हों (टीका चन्दन आदि) को धारण कर आसनों को करे ॥ ३-४ ॥

आदौ श्रीमत्स्यकूर्माम्बुजविकटकटस्वस्तिकेन्द्रासनानि
चित्राथर्वापवर्गानन विषमसमाचन्द्रताज्ञानदानि ।
कोकावाक्ताम्रचूडाशवभगमृगभीमाद्यवीरोत्कटानि
क्रोधाक्षत्राङ्गसिद्धाहिगरुमुकुटायोनिभेकासनानि ॥ ५ ॥

पहले १. श्रीमत्स्यासन करे, फिर २. कूर्मासन, ३. पद्मासन, ४. विकटासन, ५. कटासन, ६. स्वस्तिकासन, ७. केन्द्रासनों को करे । ८. चित्रासन, ९. अथर्वासन, १०. अपवर्गासन, ११. शीर्षासन, १२. विषमासन, १३. समासन, १४. चन्द्रासन, १५. ज्ञान मुद्रासन, १६. कोकासन (काकासन), १७. वाकासन (बकासन), १८. ताम्रचूडासन (कुक्कुटासन), १९. शवासन २०. भगासन (गर्भासन), २१. मृगासन, २२. भीमासन, २३. वीरासन, २४. उत्कटासन, २५. क्रोधासन, २६. क्षत्रासन, २७. सिद्धासन, २८. सर्पासन, २९. गरुडासन, ३०. मुकुटासन, ३१. योन्यासन और ३२. भेकासन आदि आसनों को करे ॥ ५ ॥

चतुस्त्रिंशत्संख्याघटितकवलं चासनमिह
प्रबुद्धं देहस्य क्षयमरणशङ्काविरहितम् ।
महच्छब्देनाढ्यं यदि गदितसत्त्रयमिति
प्रभाते मध्याह्ने निशि विकुरुते योगहृदयः ॥ ६ ॥

वस्तुतः साधना में प्रयुक्त (अनुलोम एवं विलोम क्रम से ३२ के दुगुने) चौसठआसन यहाँ कहे गए हैं जो शरीर को प्रबुद्ध करने के लिए तथा शरीर के क्षय या मरण की शङ्का से रहित करने के लिए कहे गए हैं । महत् (ॐ) शब्द से समृद्ध कहे गए यदि तीनों समय प्रभात, मध्याह्न और रात्रि में योगी इन्हें करे तो वह मृत्यु पर विजय प्राप्त करता है ॥ ६ ॥

गौरी गौरवगुर्विणीन्द्रियमहागार्हाग्निदा योगदा
योगानन्तभवद्गुणानुगमनाः[1] को वा समर्थो मखैः ।
यस्यास्तां सविता दधाति मतिमान् पादाम्बुजं कोमलं
हाकिन्याः परनाथदेववपुषः सम्भाव्य सम्पूज्यते ॥ ७ ॥

गौरी, गौरव युक्त, गुर्विणी, इन्द्रिय रूप महागार्हाग्नि को देने वाली, योगदात्रीं, योगानन्त, आपके गुणों का अनुगमन करने वाला कौन आपको यज्ञों द्वारा प्रसन्न करने में समर्थ है ? जिस आप को सविता धारण करते हैं और मतिमान् योगी आपके कोमल चरण कमलों का ध्यान करते हैं, उन हाकिनी देवी एवं परनाथ देव सदाशिव के विग्रह की संभावना करके योगीजन पूजन करते हैं ॥ ७ ॥

एतान्यासनमूलानि कृत्वा दृढतरः सुधीः ।
निर्जने पूजनं कुर्याद् यदि कल्याणमिच्छति ॥ ८ ॥
दिव्यशङ्खहस्तपद्मो[2] योगी योगमुपाश्रयेत् ।
आसनान्ते महापद्मासनं कृत्वाऽर्चयेन्मुदा ॥ ९ ॥

यदि अपने कल्याण की इच्छा हो तो दृढ़तर एवं विद्वान् साधक को निर्जन स्थान में इन मुख्य आसनों को करता हुआ हाकिनी देवी का पूजन करे । दिव्यासन, शङ्खासन, हस्तपद्मासन को करते हुए योगी योगसाधना को करे और आसनों के अन्त में प्रसन्नतापूर्वक महापद्मासन करके देवी का अर्चन करे ॥ ८-९ ॥

इति योगाभ्यासकाल इदानीं यजनं शृणु ।
बाह्यपूजां समाप्यादौ हृद्यन्तर्यजनं चरेत् ॥ १० ॥
योगाभ्यासविधिज्ञानमिति[3] शास्त्रार्थनिश्चयम् ।
पूजानिर्घण्टनं नाथ शृणु संक्षेपतः प्रभो ॥ ११ ॥

---

१. योगेनानन्ता अथवा योगस्यानन्ता ये भवतां गुणास्ताननुगतं मनो यस्य स इति भावः ।
२. दिव्यः शङ्खो हस्तपद्मे यस्य सः । हस्तौ पद्ममिवेति हस्तपद्मम्, उपमितं व्याघ्रादिभिरिति समासः ।
३. योगाभ्यासस्य विधिस्तस्य ज्ञानम् ।

इतना तो योगाभ्यास काल है और अब देवी के यजन की विधि को सुनिए । देवी की बाह्य पूजा समाप्त करके पहले हृदय में यजन (मानस पूजन) करना चाहिए । योगाभ्यास विधि का ज्ञान होना शास्त्रों के द्वारा निश्चित किया गया है । हे नाथ ! हे प्रभो ! अब आप देवी के पूजा-अर्चना की विधि संक्षेप से सुनिए ॥ १०-११ ॥

तदन्ते तु प्रवक्तव्यं पूजाविधानमन्त्रकम् ।
सदाभ्यासेन योगेन जीवन्मुक्तिपदं लभेत् ॥ १२ ॥

उस पूजा के अन्त में पूजाविधान मन्त्रपूर्वक कहना चाहिए । सदैव इस प्रकार से योगाभ्यास करते हुए योग द्वारा साधक जीवन्मुक्त पद को प्राप्त कर लेता है ॥ १२ ॥

आदावाचमनं नाथ तदन्ते जलशोधनम् ।
आसनादिशोधनं तु चक्रमण्डलभावना ॥ १३ ॥
शिखाग्रन्थिबन्धनं तु पीठनिर्माणमेव च ।
पुष्पघण्टाशोधनं तु शङ्खशोधनमेव च ॥ १४ ॥
पीठपूजा हृदि ध्यानं भूतशुद्धिस्ततः परम् ।
न्यासजालं ततः सिद्धपुरुषाणाञ्च भावनम् ॥ १५ ॥
पुनर्ध्यानम् ऋषिध्यानं हाकिनीपरदेवयोः ।
जीवसंस्कारमेवं हि जीवदानं ततः परम् ॥ १६ ॥

हे नाथ ! पहले १. आचमन फिर २. जल का शोधन, ३. आसनादि का शोधन, ४. चक्र एवं मण्डल की भावना, ५. शिखा एवं ग्रन्थिबन्धन, ६. पीठनिर्माण, ७. पुष्प शोधन, ८. घण्टाशोधन, ९. शङ्खशोधन, १०. हृदय में पीठपूजा, ११. ध्यान, १२. भूतशुद्धि, १३. (सृष्टि, स्थिति, संहार आदि) न्यास जाल, १४. फिर सिद्धपुरुषों की भावना, १५. पुनः उनका ध्यान, १६. ऋषि ध्यान, १७. हाकिनी-परदेवता (सदाशिव) का ध्यान, १८. जीव (आत्मा) का संस्कार, उसके बाद १९. जीवदान आदि करे ॥ १३-१६ ॥

महामुद्रादर्शनं तु चावाहनादिमुद्रया [1] ।
पाद्यमर्घ्यस्थापनं तु कृत्वा युगलमेव च ॥ १७ ॥
पाद्यादिभिः पूजनञ्च मङ्गलं सोपचारकम् ।
दशोपचारं पञ्चोपचारं मूलेन कारयेत् ॥ १८ ॥
अष्टादशोपचारं तु महाभक्त्या निवेदयेत् ।
षोडशोपचारयुक्तैः पूजयेद् वापि साधकः ॥ १९ ॥

२०. महामुद्रा का प्रदर्शन, २१. आवाहनादि मुद्रा का प्रदर्शन, २२. पाद्य एवं अर्घ्य दोनों का स्थापन, २३. पाद्यादि के द्वारा पूजन एवं २४. मङ्गलगान उपचारपूर्वक करे । २५. दशोपचार अथवा पञ्चोपचार से मूल मन्त्र द्वारा पूजन करे । २६. महाभक्ति से अष्टादशोपचारपूर्वक पूजन करे अथवा साधक षोडशोपचारपूर्वक पूजन करे ॥ १७-१९ ॥

---

१. आवाहनादीनामपि मुद्रा भवति, सा च साम्प्रदायिकविधिनैव ज्ञेया ।

ततः प्राणायाम युग्मं कृत्वा च साधकोत्तमः[1] ।
जपेत् सहस्रं शतं वा चाष्टोत्तरसमन्वितम् ॥ २० ॥
त्रिलक्षं लक्षमेकं वा जपेन्मन्त्रमनन्यधीः ।
जपसमर्पणं कृत्वा प्राणायामत्रयं चरेत् ॥ २१ ॥

इसके बाद उत्तम साधक युग्म (कुम्भक-रेचक) प्राणायाम करके एक हजार अथवा एक सौ आठ मन्त्र जाप करे । साधक अनन्य मानस होकर तीन लाख अथवा एक लाख मन्त्र का जाप करे । फिर देवी को जप का समर्पण कर तीन बार प्राणायाम करे ॥ २०-२१ ॥

ततो हि वन्दनं स्तोत्रकवचं सर्वदा जपेत् ।
सहस्रनामसन्तानं चाष्टोत्तरशतान्वितम् ॥ २२ ॥
पठित्वा भेदमाकृत्य नरो योगीश्वरो भवेत् ।
श्रवणाद्दर्शनाज्ज्ञानान्मयि भावानुकीर्तनात् ॥ २३ ॥

इसके बाद साधक सर्वदा स्तोत्र, वन्दना एवं कवच का पाठ करे । एक हजार आठ नामों की नामावलि का पाठ करे । इस प्रकार पाठ करते हुए देवी से अभेद सम्बन्ध स्थापित कर साधक योगीश्वर हो जाता है । वस्तुतः (कानों से कथा एवं स्तोत्र आदि का) श्रवण, (आँखों से देवता का) दर्शन तथा (उनके ध्यान से) ज्ञान मार्ग से मुझ देवी का भावानुकीर्तन साधक को देवीमय बना देता है ॥ २२-२३ ॥

यादृशी जायते श्रद्धा सन्निकर्षं तमालभेत् ।
त्रिलक्षं जपमाकृत्य तद्दशांशेन होमयेत् ॥ २४ ॥

वस्तुतः जिस प्रकार की श्रद्धा होती है वैसा ही देवी से साधक को सन्निकर्ष प्राप्त होता है । तीन लाख मन्त्र का जप कर लेने पर उसके दशांश (तीस हजार) से होम करना चाहिए ॥ २४ ॥

तद्दशांशतर्पणं तु तद्दशांशं चाभिषेकम् ।
तद्दशांशं विप्रभोज्यं कुमारीभोजनं तथा ॥ २५ ॥
कुमारीयजनं तत्र कुमारीतन्त्रमापठेत् ।
कुमारीसहस्रनामानि पठेदावश्यकं नरः ॥ २६ ॥

उसके दशांश (तीन हजार) से तर्पण और उसके दशांश (तीन सौ) से अभिषेक (=मार्जन) करे । उसका दशांश (तीस) ब्राह्मण भोजन तथा कुमारी भोजन कराए । जब कुमारी का यजन करे तो कुमारी तन्त्र (स्तोत्र एवं कवच आदि) का पाठ करे । साधक कुमारी सहस्रनाम का पाठ अवश्य करे ॥ २५-२६ ॥

ततः कुलक्रियां कुर्याद्योगी योगेश्वरो भवेत् ।
आद्याशक्तिप्रभावः[2] स्यात्तस्य हृत्पद्ममण्डले ॥ २७ ॥

---

१. साधकेषु उत्तम इति । सप्तमी इति योगविभागेन सुपेति विभक्तयोगेन वा समासः।

२. आद्यायाः शक्तेः प्रभावः ।

इसके बाद कुल (शक्ति-उपासना) की क्रिया करे । इस विधि से करके साधक योगी योगेश्वर हो जाता है । उस योगी के हृत् कमल के मण्डल पर 'आद्याशक्ति का प्राकट्य' हो जाता है ॥ २७ ॥

यथा मूले स्वाधिष्ठाने मणिपूरे यथा मम ।
हृत्पङ्कजे यथा पूजा या पूजा कण्ठपङ्कजे[1] ॥ २८ ॥
सा पूजा भ्रूमहापद्मे मम मन्त्रेण कारयेत् ।

जिस प्रकार मूलाधार में, स्वाधिष्ठान चक्र में और मणिपूर चक्र में मेरी पूजा होती है और जिस प्रकार हृत्कमल में पूजा होती है तथा मेरी पूजा जिस प्रकार कण्ठ-पद्म में होती है वही पूजा भ्रू-महापद्म में मेरे मूल मन्त्र के द्वारा करनी चाहिए ॥ २८-२९ ॥

तदायेष्वथ सन्तोषः प्रीतिवृद्धिः सदा मम ॥ २९ ॥
मम सन्तोषमात्रेण ग्रन्थिभेत्ता स्वयं भवेत् ।

इस प्रकार करते हुए जब सन्तोष प्राप्त हो जाय सदा मेरे प्रीति की वृद्धि होए तो साधक मेरे में सन्तोष प्राप्ति मात्र से 'ग्रन्थि का भेदन' करने वाला स्वयमेव हो जाता है ॥ २९-३० ॥

त्रिराचमनं कुर्यान्मूलमन्त्रेण शङ्कर ॥ ३० ॥
तथा चाचमनं वारमेकं कृत्वा महासुधीः ।
ततो जलं शोधयेद् वै मूलान्ते जलबीजकम् ॥ ३१ ॥

हे शङ्कर ! मूल मन्त्र से साधक तीन बार आचमन करे । उसी प्रकार पुनः एक बार महान् विद्वान् साधक आचमन करके मूल मन्त्र के अन्त में जल बीज (वं) लगाकर जल का शोधन करे ॥ ३०-३१ ॥

निर्मलं चन्द्रखण्डेन सुगन्धिचन्दनेन च ।
मिलितं शोधयानन्दभैरव प्राणभैरवी ॥ ३२ ॥
एतन्मन्त्रेण संशोध्य चासनं परिशोधयेत् ।
आसने संस्थिते देवि [2]कूर्मचक्रनिवासिनी ॥ ३३ ॥
ममासनं शोधय त्वं सिद्धिदे परहाकिनि ।
एवं संशोध्य मनुना भावयेच्चक्र मण्डलम् ॥ ३४ ॥

'निर्मलं चन्द्रखण्डेन सुगन्धिचन्दनेन च । मिलितं शोधयानन्दभैरव प्राणभैरवी ॥' इस मन्त्र को पढ़कर निर्मल कर्पूर एवं सुगन्धित चन्दन से मिश्रित जल का शोधन कर निम्न मन्त्र से आसन का शोधन करना चाहिए—

'आसने संस्थिते देवि कूर्मचक्रनिवासिनी । ममासनं शोधय त्वं सिद्धिदे परहाकिनी ॥' इस मन्त्र से आसन का शोधन कर 'चक्रमण्डल' की भावना करनी चाहिए ॥ ३२-३४ ॥

---

१. कण्ठः पङ्कजमिवेति कण्ठपङ्कजम्, उपमितसमासः ।
२. कूर्मचक्रे निवसति तच्छीला सुप्यजाताविति णिनिः कर्तरि ।

त्रैलोक्यव्यापिनं योगिमहाविष्णुसुमण्डलम् ।
अत्युच्चं सर्वदा ध्यात्वा तस्योपरि निजासनम् ॥ ३५ ॥
विभाव्य पूजयेद् देवीं भ्रूपीठचक्रमण्डले ।

त्रैलोक्य को व्याप्त करने वाले योगीमहाविष्णु के सुन्दर एवं अत्यन्त उत्कृष्ट तेजोमण्डल का सर्वदा ध्यान कर उसके भीतर अपने आसन की भावना (कल्पना) कर 'भ्रू-पीठ चक्र मण्डल' में देवी की पूजा करनी चाहिए ॥ ३५-३६ ॥

शिखाबन्धनमन्त्रं तु शृणु भैरव भूपते ॥ ३६ ॥
यस्यापि कारणेनापि पलायन्तेऽतिविघ्नदाः ।
प्रणवञ्च शिखाबन्धवालं बन्धयद्वयम् ॥ ३७ ॥
तारं मायास्त्राय फट् च मन्त्रोऽयं ज्ञानिदुर्लभः ।
प्रणवान्ते वासग्रन्थिं बन्धयामि नमो द्विठः ॥ ३८ ॥

हे भूपति भैरव ? अब आप शिखाबन्धन का मन्त्र सुनिए । 'यस्यापि कारणेनापि पलायन्तेऽतिविघ्नदाः । प्रणवञ्च शिखाबन्धवालं (?) बन्धयद्वयम् ॥' 'ॐ ह्रीं अस्त्राय फट् वास ग्रन्थिं बन्धयामि ॐ नमः स्वाहा'—यह मन्त्र ज्ञानियों को भी दुर्लभ है ॥ ३७-३८ ॥

पीठनिर्माणमावक्ष्ये सावधानोऽवधारय ।
त्रिकोणाभ्यन्तरे बिन्दुषट्कोणं संल्लिखेत् सुधीः ॥ ३९ ॥
तदन्ते सप्तभूबिम्बं ततः शतदलायुतम् ।
चतुर्द्वारं समालिख्य मन्त्रसंस्कारमाचरेत् ॥ ४० ॥

हे भैरव ! अब मैं पीठ निर्माण की विधि कहती हूँ । उसे सावधान होकर सुनिए—
त्रिकोण के भीतर बिन्दु और षट्कोण का विद्वान् साधक निर्माण करे । उसके बाद सात (भूबिम्ब) गोल घेरा बनाकर शतदल कमल से उसे युक्त करे । उस पीठ यन्त्र को चतुर्द्वार से वेष्टित कर उसका मन्त्र से संस्कार करे ॥ ३९-४० ॥

विस्तीर्णताम्रपात्रे तु लिखेत् स्वर्णशलाकया ।
अथवा रौप्यलेखन्या चाथवा बिल्वकण्टकैः ॥ ४१ ॥
यन्त्रं निर्माय संस्कारं कुर्याच्छ्रीतत्त्वमुद्रया ।
प्रणवं यन्त्रराजं तु रुचिरेखासमाकुलम् ॥ ४२ ॥
योषित्प्रियतराकारं[१] कुलपीठं प्रशोधये ।
स्वाहान्तं मूलमुच्चार्य रक्तवर्णं विचिन्तयेत् ॥ ४३ ॥

सुवर्ण की लेखनी से इस यन्त्र को विस्तृत ताम्र पत्र पर लिखना चाहिए अथवा चाँदी की किंवा बेल के काँटे की लेखनी से इसे लिखना चाहिए । इस यन्त्र का निर्माण कर श्री तत्त्व मुद्रा से इसका संस्कार निम्न मन्त्र से करना चाहिए—प्रणवं यन्त्रराजं तु रुचिरेखा समाकुलम् । योषित्प्रियतराकारं कुलपीठं प्रशोधये ॥

१. योषितां स्त्रीणां प्रियतर आकारो यस्यासौ इति बहुव्रीहिः ।

इसके बाद अन्त में स्वाहा लगाकर मूल का उच्चारण कर रक्तवर्ण (देवी की प्रभा) का ध्यान करना चाहिए ॥ ४१-४३ ॥

शुक्लचन्दनसारेण[१] रक्तचन्दनकेन वा ।
कुङ्कुमेनापि संल्लिख्य चानेन संस्क्रियां चरेत् ॥ ४४ ॥

श्वेत चन्दन के सार से अथवा लाल चन्दन के लेप, किंवा कुङ्कुम से सुवासित कर इस यन्त्र को संस्कृत करना चाहिए ॥ ४४ ॥

पुष्पशोधनमावक्ष्ये प्रणवं भुवनेश्वरीम् ।
शोधयामि वरं पुष्पं सुगन्धं रक्तपाटलम् ॥ ४५ ॥
श्वेतं पीतं नीलकृष्णं कुसुमं गन्धसागरम् ।
शोधयामि युगं स्वाहा मन्त्रेणानेन शोधयेत् ॥ ४६ ॥

अब **पुष्पशोधन का मन्त्र** कहती हूँ—'ॐ श्रीं शोधयामि वरं पुष्पं सुगन्धं रक्तपाटलं श्वेतं पीतं नीलकृष्णं कुसुमं गन्धसागरं शोधयामि शोधयामि स्वाहा'—इस मन्त्र से पुष्प शोधन करना चाहिए ॥ ४५-४६ ॥

प्रणवं शब्दबीजं तु चाकाशबीजसेचनम् ।
घं घण्टां शोधयाम्यद्य वरदा भव हाकिनी ॥ ४७ ॥
पीठे सम्पूजयेद् भक्त्या साधकेन्द्रो न चान्यधीः ।
षड्दले च रक्तवर्णां पूजयेत् पीठनायिकाम् ॥ ४८ ॥

प्रणव और शब्द (आकाश) बीज लगाकर 'ॐ हं घं घण्टां शोधयाम्यद्य वरदा भव हाकिनी' इस मन्त्र से घण्टा का शोधन करना चाहिए । भक्तिभाव से समन्वित होकर अनन्यचित्त से साधकेन्द्र को पीठ पर षड्दल कमल में लाल वर्ण वाली पीठनायिकाओं का पूजन करना चाहिए ॥ ४७-४८ ॥

कमला सुन्दरी रम्या मोहिनी हरमेखला ।
तेजोरूपा शिखावह्निज्वालाकालानलेश्वरी ॥ ४९ ॥
समया रमणी भीमा रतिः कामसरस्वती ।
वीणावती मधुमती वामनाकर्षिणी तथा ॥ ५० ॥
ईरा शुद्धात्मिका भद्रा शान्तिर्निर्माल्यवासिनी ।
अरुन्धती च सावित्री किरणाच्छादिनी तथा ॥ ५१ ॥
स्वाहा स्वधा[२] विशालाक्षी मदना मदनातुरा ।
भ्रान्तिः प्रभावती ज्ञानदात्री विज्ञानदायिनी ॥ ५२ ॥

---

१. रक्तं यच्चन्दनं तत् कायतीति रक्तचन्दनकः, तेन । सर्गे 'आतोऽनुपसर्गे कः' इति कप्रत्ययः कर्तरि ज्ञेयः ।

२. विशालेऽक्षिणी यस्याः सा । 'बहुव्रीहौ सक्थ्यक्ष्णोः स्वाङ्गात् षच्' इति षच्प्रत्ययः समासान्तः ।

कोकिलाक्षी कुरङ्गाक्षी बोधिनी सप्तमण्डली ।
हिरण्या मन्दिरा चेतः शुद्धिदा सिद्धिदा तथा ॥ ५३ ॥
मन्दाकिनी बृहद्गङ्गा सिद्धा भोगवती तथा ।
तरश्मिनी च मोहा च त्रिवेणी मूर्तधारिणी ॥ ५४ ॥
गुर्वी तरङ्गपूज्या च विमला त्रिपुरा परा ।
त्रितारी तारिणी भद्रकालिका ग्रन्थिभेदिनी ॥ ५५ ॥
रत्नमाला[1] पापहरा पार्वती [2]मानसीश्वरा ।
भगमालिन्युमा देवी देवमाता कलावती ॥ ५६ ॥
पञ्चानना कालजित्वा दृप्ता पञ्चशिखा तथा ।
मर्दिनी रणमातङ्गी खड्गहस्ता हसन्मुखी ॥ ५७ ॥
पद्ममाला किङ्किणी च धरित्री च वसुन्धरा ।
फाल्गुनी पञ्चपीठस्था दीप्ता घोषयसालसा ॥ ५८ ॥
पवित्रा धूमिनी दीर्घजङ्घा व्याघ्रमुखी तथा ।
कातरा तरुणी हक्षा हाकिनीन्द्रावती जया ॥ ५९ ॥
जयदा पूजिता एताः शतच्छदनिकेतने ।
पराशक्तिं पूजयित्वा मन्त्रशक्तिं प्रपूजयेत् ॥ ६० ॥

इन पीठनायिकाओं के नाम इस प्रकार हैं—

१. कमला, सुन्दरी, रम्या, मोहिनी, हरमेखला, तेजोरूपा, शिखा, वह्निज्वाला, कालानलेश्वरी, १०. समया, रमणी, भीमा, रति, कामसरस्वती, वीणावती, मधुमती, वामना, आकर्षिणी, ईरा, २०. शुद्धात्मिका, भद्रा, शान्ति निर्माल्यवासिनी, अरुन्धती, सावित्री, किरणा, आच्छादिनी, स्वाहा, स्वधा, ३०. विशालाक्षी, मदना, मदनातुरा, भ्रान्ति, प्रभावती, ज्ञानदात्री, विज्ञानदायिनी, कोकिलाक्षी, कुरङ्गाक्षी, बोधिनी, ४०. सप्तमण्डली, हिरण्या, मन्दिरा, चेत, शुद्धिदा, सिद्धिदा, मन्दाकिनी, बृहद्गङ्गा, सिद्धा, भोगवती, ५०. तरश्मिनी, मोहा, त्रिवेणी, मूर्तधारिणी, गुर्वी, तरङ्गपूज्या, विमला, त्रिपुरा, परा, त्रितारी, ६०. तारिणी, भद्रकालिका, ग्रन्थिभेदिनी, रत्नमाला, पापहरा, पार्वती, मानसी, ईश्वरा, भगमालि, उमा, ७०. देवी, देवमाता, कलावती, पञ्चानना, कालजित्वा, दृप्ता, पञ्चशिखा, मर्दिनी, रणमातङ्गी, खड्गहस्ता, ८०. हसन्मुखी, पद्ममाला, किङ्किणी, धरित्री, वसुन्धरा, फाल्गुनी, पञ्चपीठस्था, दीप्ता, घोषयसा, लसा, ९०. पवित्रा, धूमिनी, दीर्घजङ्घा, व्याघ्रमुखी, कातरा, तरुणी, हक्षा, हाकिनी, इन्द्रावती, जया एवं १००. जयदा ।

कमल के शतपत्र पर निवास करने वाली इन पीठ नायिकाओं की पूजा करके पराशक्ति की पूजा करे और फिर मन्त्र शक्तियों की पूजा करनी चाहिए ॥ ४९-६० ॥

तरला चञ्चला धात्री चारुणा सूर्यगा दया ।
स्मृतिर्दीक्षा धारणाक्षा दर्शिनी भद्रकालिका ॥ ६१ ॥

---

१. हरतीति हरा पचाद्यचि टाप्, पापस्येति कर्मणि षष्ठ्या समासः ।

२. मानसः मनसा स्वीकृत ईश्वरो यया सा । शकन्ध्वादित्वात् पररूपम् ।

षट्कालतारिणी रुद्रवलिता वर्णरूपिणी ।
एताः पूज्या महादेव योगिन्यो मन्त्रशक्तयः ॥ ६२ ॥

मन्त्रशक्तियों के नाम इस प्रकार है—१. तरला, २. चञ्चला, ३. धात्री, ४. चारुणा, ५. सूर्यगा, ६. दया, ७. स्मृति, ८. दीक्षा, ९. धारणाक्षा, १०. दंशिनी, ११. भद्रकालिका, १२. षट्कालतारिणी, १३. रुद्रवलिता, १४. वर्णरूपिणी—हे महादेव इन चौदह योगिनियों का पूजन करना चाहिए जो मन्त्रशक्तिण्याँ है ॥ ६१-६२ ॥

हृदि ध्यानं प्रवक्ष्यामि ध्यानात्मा साधको यतः ।
महाबीजं रक्तवर्णं विभावय न ... ... ॥ ६३ ॥
महासुन्दररूपं तु कोटिसूर्यसमप्रभम् ।
विभाव्य मनसा योगी भूतशुद्धिं समाचरेत् ॥ ६४ ॥

क्योंकि साधक ध्यान मे लीन रहने वाला होता है अतः हृदय में ध्यान को कहती हूँ—महाबीज (ॐ) में लाल वर्ण का ध्यान करते हुए अत्यन्त सुन्दर रूप जो करोड़ों सूर्य के समान प्रभा वाला है उस प्रकाश का योगी मन में ध्यान कर भूतशुद्धि करे ॥ ६३-६४ ॥

वह्निना दह्यमानं तु देहं ध्यात्वा पुनः पुनः ।
वायुना शोष्य देहं तु जलेनाप्लावयन् पुनः ॥ ६५ ॥
मूलमन्त्रेण सर्वाङ्गं सुधासागरसम्भवम्[१] ।
ध्यात्वा दिव्यमयं पश्चान्मनःपूजां समाचरेत् ॥ ६६ ॥

पुनः पुनः वह्नि से पाप पुरुष को जलते हुए ध्यान करके, वायु से सूखे पाप पुरुष को पुनः पुनः जल से आप्लावित करके मूल मन्त्र से सर्वाङ्ग की भूतशुद्धि करे और उस पाप रहित दिव्य शरीर को अमृत समुद्र से सम्भूत हुआ सा ध्यान करके अपने दिव्यदेह को धारण किया हुआ समझ कर पश्चात् मनसा पूजा प्रारम्भ करे ॥ ६५-६६ ॥

न्यासजालं प्रवक्ष्यामि साधकानां हिताय च ।
न्यासजालप्रभावेण साधको योगिराड् भवेत् ॥ ६७ ॥
अच्छेद्याभेद्यकायः[२] स्यान्मृत्युजेता स्वयं भवेत् ।
ऋषिमातृकरन्यासं चाङ्गन्यासं ततः परम् ॥ ६८ ॥
आचरेत् पूर्ववद् भक्त्या मूलं चाद्याक्षरेण च ।
सदाशिव ऋषिः प्रोक्तो गायत्रीच्छन्द एव च ॥ ६९ ॥
देवता हाकिनी देवी परनाथप्रियङ्करी[३] ।
देवता क्लीं बीजसारं कीलकं मूलमेव च ॥ ७० ॥

---

१. सुधायाः सागरस्तस्य सम्भवो यत्र तदिति भावः ।
२. अच्छेद्योऽभेद्यश्च कायो यस्येति तद्गुणसंज्ञानबहुव्रीहिर्बोध्यः ।
३. पर उत्कृष्टो नाथः सदाशिवः, तस्य प्रियं करोति या सा गौरादेराकृतिगणत्वात्, पुंयोगविवक्षया वा डीष् ।

अब साधकों के हित के लिए विभिन्न न्यास जाल को कहती हूँ । साधक न्यास जाल के प्रभाव से योगिराट् हो जाता है वह अच्छेद्य तत्त्वों का भेदन करने वाला हो जाता है तथा स्वयं मृत्यु पर विजय प्राप्त कर लेता है । साधक को ऋषिन्यास, मातृकान्यास, करन्यास उसके बाद अङ्गन्यास करना चाहिए । पहले की भाँति अत्यन्त भक्ति भाव समन्वित होकर मूल मन्त्र के प्रथम आधार को लेकर न्यास करना चाहिए । इस मन्त्र के ऋषि सदाशिव कहे गए हैं। यह गायत्री छन्द में निबद्ध है । इस मन्त्र की देवता पर नाथ सदाशिव की प्रिया हाकिनी देवी हैं । क्लीं बीज है और मूल (शक्ति) ही कीलक है ॥ ६७-७० ॥

शीर्षे मुखे हृदि ग्रन्थौ मूलाधारे च विग्रहे ।
ऋषिन्यासं सदा कुर्याद्धाकिनी प्रीतिवर्धनम् ॥ ७१ ॥

सिर पर, मुख में, हृदय पर, दोनों बाहुओं पर मूलाधार और अन्त में सर्वाङ्ग शरीर पर न्यास करना चाहिए । ऋषिन्यास सदैव करना चाहिए क्योंकि यह हाकिनी देवी की प्रीति को संवर्द्धित करने वाला है ॥ ७१ ॥

ॐ पदान्ते च शिरसि सदाशिवाय शब्दतः ।
ऋषये नम उच्चार्य मुखे शब्दं ततो वदेत् ॥ ७२ ॥
गायत्रीच्छन्दसे पश्चान्नमःशब्दं ततो वदेत् ।
हृदि श्रीहाकिनीदेव्यै परशक्त्यै ततो वदेत् ॥ ७३ ॥
देवतायै नमः पश्चान्मूलाधारे ततो वदेत् ।
क्लीं बीजाय नमः पश्चात् सर्वाङ्गे च ततो वदेत् ॥ ७४ ॥
मूलमार्यदेवतायै नमः शब्दं ततो वदेत् ।

ॐ पद के अन्त में 'सदाशिवाय' शब्द के बाद 'ऋषये नमः' पद का उच्चारण कर शिर पर न्यास करे । 'गायत्रीछन्दसे नमः' पद कहकर मुख में न्यास करना चाहिए । 'श्री हाकिनीदेव्यै परशक्त्यै देवतायै नमः' कहकर हृदय में न्यास करना चाहिए । इसके बाद मूलाधार में 'क्लीं बीजाय नमः' कहकर न्यास करे । इसके बाद सर्वाङ्ग में मूल मन्त्र का उच्चारण कर 'आर्य देवतायै नमः' कहकर न्यास करे ॥ ७२-७५ ॥

ततः कुर्यान्महादेव शृणु सर्वाङ्गसिद्धये ॥ ७५ ॥
हृदये हस्तमारोप्य श्रीतत्त्वमुद्रया सुधीः ।
बिन्दुयुक्तं न्यसेदादौ ततो दक्षभुजे न्यसेत् ॥ ७६ ॥
एकारादि चतुर्वर्ण्यं मूलेन पुटितं प्रभो ।
बिन्दुयुक्तं दक्षहस्ते विन्यसेत् साधकोत्तमः ॥ ७७ ॥
तथा वामभुजे न्यासमाचरेन्मनु सम्पुटम् ।

हे महादेव ! सर्वाङ्ग की सिद्धि के लिए वक्ष्यमाण कर्म को सुनिए । विद्वान् साधक को श्रीतत्त्व मुद्रा से हृदय पर हाथ रखकर बिन्दु युक्त (अं अः) पहले दाहिने (फिर बाऐं) हाथ में न्यास करे । हे प्रभो ! एकारादि चार वर्णों (ए ऐ ओ औ) को मूल मन्त्र से सम्पुटित कर उत्तम साधक उन्हें बिन्दु युक्त करके (एं ऐं ओं औं) दाहिने हाथ पर न्यास करे । फिर इसके बाद बाऐं हाथ पर मन्त्र से सम्पुटित कर न्यास करे ॥ ७५-७८ ॥

ठादिढान्ताक्षरैर्बिन्द्वुक्तैर्न्यासं समाचरेत् ॥ ७८ ॥
नादिभान्ताक्षरैर्बिन्दुयुक्तैः स्वमनुसम्पुटैः ।
दक्षपादे न्यसेद्धीमान्[१] ततो वामपदे न्यसेत् ॥ ७९ ॥

फिर ठ से लेकर ढ आदि अक्षरों को अनुस्वार से युक्त कर न्यास करे । इसके बाद न से लेकर भ पर्यन्त अक्षरों को अनुस्वार से युक्त कर स्व मन्त्र से सम्पुटित कर न्यास करे । पहले दाहिने पैर पर उसके बाद बुद्धिमान साधक बाएँ पैर पर न्यास करे ॥ ७८-७९ ॥

मादिक्षान्ताक्षरैर्बिन्दुसंयुतैर्मनुसम्पुटैः ।
मातृकान्यासमाकृत्य करन्यासं समाचरेत् ॥ ८० ॥
ह्रींबीजेन करन्यासं षड्दीर्घभाक्स्वरेण च ।
एवं चाङ्गन्यासं कार्यं विधानेन कुलेश्वर ॥ ८१ ॥
पूर्वोक्तेनापि सकलं न्यासजालं समापयेत् ।
ततः षोढा समाकुर्याद्धाकिनीपरदेवयोः ॥ ८२ ॥

फिर म से लेकर क्ष पर्यन्त अक्षरों को अनुस्वार युक्त करके मन्त्र सम्पुटित कर न्यास करे । पहले मन्त्र न्यास करके फिर करन्यास करना चाहिए । हे कुलेश्वर ! ह्री बीज के द्वारा छः दीर्घ स्वरों से करन्यास करे । फिर इसी प्रकार विधानपूर्वक अङ्गन्यास करे । पहले कहे गए सभी न्यास जाल को समाप्त करके हाकिनी एवं परदेवता सदाशिव के षोढा न्यास को करना चाहिए ॥ ८०-८२ ॥

मूलाख्यां मातृकास्थाने न्यासस्थानं सुलक्षणम् ।
रुद्रैस्तु प्रथमो न्यासो द्वितीयस्तु ग्रहैर्युतः ॥ ८३ ॥
लोकपालैस्तृतीयः स्याच्छिवशक्त्या चतुर्थकः ।
शक्त्यादिभिः पञ्चमः स्यात् षष्ठः पीठैर्निगद्यते ॥ ८४ ॥

मूल मन्त्र से मातृका स्थान में न्यासस्थान को सुलक्षण कहा गया है । प्रथम न्यास रुद्रों के द्वारा, द्वितीय न्यास ग्रहों के द्वारा, तृतीय न्यास लोकपालों द्वारा, चौथा न्यास शिव व शक्ति द्वारा, पाँचवाँ न्यास शक्त्यादि के द्वारा और छठवाँ न्यास पीठों के द्वारा कहा गया है ।

मन्त्रेण पुटितं रुद्रं मातृस्थाने प्रविन्यसेत् ।
श्रीकण्ठोऽनन्तसूक्ष्मेश[२] त्रिमूर्तीशामरेशकौ[३] ॥ ८५ ॥
अर्घीशो भारभूतीशोऽतिथीशो हि ततः परम् ।
स्थाणुकेशो हरेशश्च झिण्टीशो भौतिकेश्वरः ॥ ८६ ॥
सद्योजातेश्वरः पश्चादनुग्राहेश्वरस्ततः ।
अक्रूरेशो महासेनः सूराणामधिपेश्वरः ॥ ८७ ॥

---

१. प्रशस्ता धीर्यस्यासौ धीमान्, प्राशस्त्ये मतुप् ।
२. त्रिसृणां मूर्तीनां समाहारः, तस्येशोऽमरस्तेन ।
३. कायन्ति शब्दायन्ते प्राणिनो यस्यां सा कुः पृथिवी । 'गोत्रा कुः पृथिवी पृथ्वी' इत्यमरः ।

क्रोधीशश्चापि चण्डेशः पञ्चान्तकेश एव च ।
शिवोत्तमेशश्चात्रापि चैकरुद्रेश्वरस्ततः ॥ ८८ ॥
कूर्मेश एकनेत्रेशश्चतुरानन एव च ।
अजेशश्चापि सर्वेशः सोमेशस्तदनन्तरम् ॥ ८९ ॥
लाङ्गलीशो दारूकेशोऽर्धनारीश्वर एव च ।
उमाकान्तेश्वरः पश्चादाषाढीशस्ततः परम् ॥ ९० ॥
दण्डीशो द्रीशमीनेशौ मेषेशस्तदनन्तरम् ।
लोहितेशः शिखीशश्च[1] छागलण्डेश एव च ॥ ९१ ॥
द्विरण्डेशो महाकालेश्वरो[2] वाणीश एव च ।
भुजङ्गेशः पिनाकीशः खड्गीशस्तदनन्तरम् ॥ ९२ ॥
बकेश्वरश्च श्वेतेशो भृग्वीशस्तदनन्तरम् ।
नकुलीशः शिवेशश्च संवर्तकेश एव च ॥ ९३ ॥
पञ्चाशदेकयुक्ताः स्यू रुद्राद्याः क्रोधभैरवाः ।
आदौ मूलं ततो मातृवर्णमेकं क्रमेण तु ॥ ९४ ॥

(१) **श्रीकण्ठादिन्यास**—१. श्रीकण्ठ, २. अनन्त, ३. सूक्ष्मेश, ४. त्रिमूर्तीश, ५. अमरेश, ६. अर्घीश, ७. भारभूति, ८. अतिथीश (म०म० तिथीश) ९. स्थाण्वीश, १०. हर, ११. झिण्टीश, १२. भौतिकेश, १३. सद्योजात, १४. अनुग्रहेश, १५. अक्रूरेश, १६. महासेनेश, १७. क्रोधीश, १८. चण्डेश पञ्चान्तकेश, १९. शिवोत्तमेश, २०. एकरुद्र, २१. कूर्मेश, २२. एकनेत्रेश, २३. चतुरानेश, २४. अजेश, २५. सर्वेश, २६. सोमेश, २७. लाङ्गलीश, २८. दारकेश, २९. अर्धनारीश, ३०. उमाकान्त, ३१. आषाढीश, ३२. चण्डीश ३३ अत्रीश, ३४. मीनेश, ३५. मेषेश, ३६. लोहितेश, ३७. शिखीश, ३८. छगलण्डेश, ३९. द्विरण्डेश, ४०. महाकाल, ४१. बालीश, ४२. भुजङ्गेश, ४३. पिनाकीश, ४४. खड्गीश, ४५. बकेश, ४६. श्वेतेरा, ४७. भृग्वींश, ४८. नकुलीश, ४९. शिवेश, ५०. संवर्तकेश—ये रुद्रादि इक्यावन क्रोध भैरव कहे गए हैं । प्रथमतः मूल उसके बाद एक-एक नाम और क्रमशः एक-एक मातृका वर्ण को लेकर न्यास करना चाहिए ॥ ८५-९४ ॥

मातृकास्थानमध्ये तु श्रीकण्ठादीश्वरास्ततः ।
चतुर्थ्यन्ते नमः शब्दं ततो मूलं पुनः पुनः ॥ ९५ ॥
इति श्री कण्ठविन्यासः कथितः कुलभैरव ।
तदिदानी ग्रहन्यासं शृणु वक्ष्यामि तत्त्वतः ॥ ९६ ॥

इस प्रकार मातृका स्थान मध्य में और तब श्री कण्ठादि ईश्वरों के नाम, फिर चतुर्थ्यन्त 'नमः' शब्द रखकर न्यास करे, फिर पुनः मूल और पुनः मातृका आदि रहेगा । हे

---

१. शिखाऽस्ति यस्य स शिखी, तस्येशः ।

२. महान् कालः स एवेश्वरः, 'कालोऽस्मि लोकक्षयकृत् प्रवृद्धः' इति गीतावचनात् ।

कुलभैरव ! इस प्रकार हमने श्रीकण्ठविन्यास को कहा । अब हम ग्रहन्यास को कहते हैं । इसे तत्त्वतः आप सुनें ॥ ९५-९६ ॥

हृदये च भ्रुवोर्मध्ये लोचनत्रितये ततः ।
हृदये च कण्ठकूपे गलदेशे ततः परम् ॥ ९७ ॥
नाभिमूले मुखाम्भोजे गुह्ये च विन्यसेद् ग्रहान् ।
रविसोमौ मङ्गलश्च बुधो बृहस्पतिस्तथा ॥ ९८ ॥
शुक्रः शनैश्चरः पश्चाद् राहुः केतुस्ततः परम् ।
न्यसेत्तु स्वस्वमुद्रया ममोक्तस्थानमण्डले ॥ ९९ ॥

१. हृदय एवं २. भौंहों के मध्य तथा ३. आँखों में—इन तीनों स्थानों में, ४. हृदय में और ५. कण्ठकूप में, उसकेबाद ६. गले के प्रदेशमें न्यास करना चाहिए । ७. नाभिमूल, ८. मुख कमल में तथा ९. गुह्यस्थान में नौ ग्रहों का न्यास करना चाहिए ॥ ९७-९८ ॥

१. रवि, २. सोम, ३. मङ्गल, ४. बुध, ५. बृहस्पति, ६. शुक्र, ७. शनैश्चर, ८. राहु और ९. केतु—इन ग्रहों का न्यास उन उन (बीज) मुद्राओं द्वारा मेरे द्वारा कहे गए स्थान में करना चाहिए ॥ ९८-९९ ॥

स्वरैः सूर्यं यादिरान्तैः सोमं कादिशरैः कुजम् ।
चादिपञ्चाक्षरं नाथ बुधं टादिशरैर्गुरुम् ॥ १०० ॥
डादिहान्तैस्तथा शुक्रं पादिमान्तैः शनैश्चरम् ।
शादिहान्तैस्तथा राहुं लक्षाद्यां केतुमेव च ॥ १०१ ॥

(२) **ग्रहन्यास**—हे नाथ ! सोलह स्वरों के साथ (रक्त वर्ण) सूर्य का हृदय में, इसी प्रकार य से व तक (वर्ग) का उच्चारण कर (शुक्ल वर्ण) सोम का दोनों भौंहों में, क आदि ५ मातृका के साथ (रक्त वर्ण) मङ्गल का उच्चारण कर तीनों नेत्रो में, च वर्ग के ५ अक्षरों से (श्याम वर्ण) बुध का वक्षस्थल में, ट वर्ग के ५ अक्षरों से (पीतवर्ण) बृहस्पति का कण्ठकूप (गले) में, त से लेकर न पर्यन्त तवर्ग से (श्वेत वर्ण) शुक्र का घण्टिका में, पवर्ग से नीलवर्ण शनैश्चर का नाभि मूल में, श से लेकर ह पर्यन्त अक्षरों से (धूम्रवर्ण) राहु का और ल एवं क्ष से (धूम्रवर्ण) केतु का गुह्यस्थान में न्यास करना चाहिए ।

विमर्श—ग्रह न्यास इस प्रकार करना चाहिए—

१. अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं लृं लॄं एं ऐं ओ औ अं अः रक्तवर्ण सूर्य हृदि न्यसामि । २. यं रं लं वं शुक्लवर्णां सोमं भ्रुवद्वये न्यसामि । ३. कं खं गं घं ङं रक्तवर्णं मंगलं लोचनत्रये न्यसामि । ४. चं छं जं झं ञं श्यामवर्ण बुधं वक्षस्थले न्यसामि । ५. टं ठं डं ढं णं पीतवर्ण बृहस्पतिं कण्ठकूपे न्यसामि । ६. तं थं दं धं नं श्वेतवर्ण भार्गवं घण्टिकायां न्यसामि । ७. पं फं बं भं मं नीलवर्णं शनैश्चरं नाभिदेशे न्यसामि । ८. शं षं सं हं धूम्रवर्ण राहुं मुखे न्यसामि ९. लं क्षं धूम्रवर्णं केतुं नाभौ न्यसामि ॥ १००-१०१ ॥

लोकपालन्यासमादौ वक्ष्यामि कुलभैरव ।
शिरोमण्डलमध्ये तु दक्षिणावर्तयोगतः ॥ १०२ ॥

अधःपर्यन्तमाल्यस्य मूलेन पुटितं सदा ।
इन्द्राय शक्तिहस्ताय सवाहनाय ॐ नमः ॥ १०३ ॥
ह्रस्वपञ्चस्वरेणापि मूलान्ते संन्यसेत् सुधीः ।
एकादशस्वरेणापि युक्ताय वह्नये नमः ॥ १०४ ॥
सवाहनाय सर्वास्त्रधारिणे[१] तादृशाय च ।

हे कुलभैरव ! अब मैं पहले लोकपाल न्यास कहता हूँ । दक्षिणावर्त क्रम से शिरोमण्डल मध्य में अधः पर्यन्त माल्य के मल मन्त्र से सम्पुटित सदा 'इन्द्राय शक्तिहस्ताय सवाहनाय ॐ नमः कहकर (१) पाँच ह्रस्व स्वरों से भी मूल मन्त्र के अन्त में लगाकर विद्वान् साधक को **इन्द्र** का न्यास करना चाहिए । ११ स्वरों से भी युक्त कर 'वह्नये नमः' में सवाहनाय (२) तादृशाय सर्वास्त्रधारिणे लगाकर **वह्नि** का न्यास करना चाहिए ॥ १०२-१०५ ॥

यमाय वाहनस्थाय शूलास्त्रधारिणे नमः ॥ १०५ ॥
कादिपञ्चवर्णसारैर्मूलेन पुटितैरपि ।
कर्णे दक्षिणमूलोर्ध्वे हस्तस्य तत्त्वमुद्रया ॥ १०६ ॥
यमन्यासं प्रकृत्याशु नैर्ऋत्ये न्यासमाचरेत् ।
आदौ बीजं चादिपञ्चबीजान्ते नैर्ऋताय च ॥ १०७ ॥

'यमाय वाहनास्थाय शूलास्त्रधारिणे नमः' कहकर क से लेकर पाँच वर्णों द्वारा मूल मन्त्र से सम्पुटित कर यम का न्यास करना चाहिए । न्यास कर्ण में, दक्षिणमूल के ऊर्ध्व में (३) हाथ की तत्त्व मुद्रा के द्वारा नैर्ऋत्यकोण में **यम** का न्यास प्रकृति से शीघ्र ही करना चाहिए ॥ १०५-१०७ ॥

वसोऽधिपतये सर्वास्त्रादिवाहनवाहिने ।
नमोऽन्ते मूलमन्त्रं तु इति सर्वत्र भावना ॥ १०८ ॥

पहले बीज मन्त्र और यकार आदि के पाँच बीजों को अन्त में नैर्ऋत्य के लिए न्यास करे 'वसोऽधिपतये सर्वास्त्रादिवाह्न (४) वाहिने नमः' के अन्त में सर्वत्र मूल मन्त्र की भावना कर **वसु** का न्यास करना चाहिए ॥ १०८ ॥

मूलं टादिपञ्चवर्णं वरुणाय ततः परम् ।
सवाहनाय सर्वास्त्रधारिणे नम एव च ॥ १०९ ॥
तदन्ते मूलमन्त्रं तु वरुणाय समाचरेत् ।
मूलान्ते तादिपञ्चार्णं सवाहनाय वायवे ॥ ११० ॥
सर्वास्त्रधारिणे पश्चान्नमो मूलं ततः परम् ।

(५) पहले मूल मन्त्र फिर टकार आदि पञ्चवर्ण फिर 'वरुणाय सवाहनाय सर्वास्त्रधारिणे नमः' कहकर **वरुण** के लिए मूल मन्त्र को संयोजित करे । (६) मूल मन्त्र के अन्त

---

१. सर्वाणि अस्त्राणि सर्वास्त्राणि, विशेषणसमासः, तानि धरति तच्छीलः, णिनिः कर्तरि ।

में तकार आदि पञ्चवर्ण, फिर 'सवाहनाय वायवे सर्वास्त्रधारिणे नमः' कहकर, फिर परम दुर्लभ **कुबेर** के न्यास को करना चाहिए ॥ १०९-१११ ॥

ततः कुर्यात् कुबेरस्य न्यासं परमदुर्लभम् ॥ १११ ॥
आदौ मूलं पादिपञ्चाक्षरमुच्चार्य साधकः ।
कुबेराय सर्वास्त्रधारिणे नरवाहिने ॥ ११२ ॥
नमोऽन्ते मूलमन्त्रं तु वामकर्णोपरि न्यसेत् ।

(७) आदि में मूल मन्त्र फिर यकार आदि पञ्चवर्ण कहकर साधक 'कुबेराय सर्वास्त्रधारिणे नरवाहिने नमः' फिर मूलमन्त्र कहकर वामकर्ण पर न्यास करे ॥ १११-११३ ॥

आदौ मूलं पादिवान्तमीशानाय ततः परम् ॥ ११३ ॥
सवाहनाय सर्वास्त्रधारिणे नम उच्चरेत् ।
तदन्ते बीजविन्यासमीशानन्यास ईरितः ॥ ११४ ॥

(८) आदि में मूल मन्त्र, फिर य से लेकर व तक ईशान शिव के लिए 'ईशानाय सवाहनाय सर्वरुद्रधारिणे नमः' कहे । उसके बाद अन्त में बीज विन्यास को ईशान न्यास कहा गया है ॥ १११-११४ ॥

आदौ मूलं शादिहान्तं शक्रोर्ध्वे[1] हस्तमर्पयन् ।
अधोऽनन्ताय देवाय सर्वास्त्रधारिणे ततः ॥ ११५ ॥
सवाहनाय हृच्छब्दं मूलं चापि तदन्तरे ।
आदौ मूलं ततो लक्षं ब्रह्मणेऽस्त्रादिधारिणे ॥ ११६ ॥
सवाहनाय हृच्छब्दं मूलञ्च तदनन्तरम् ।
ब्रह्मरन्ध्रे प्रविन्यस्य ब्रह्मज्ञानमवाप्नुयात् ॥ ११७ ॥
इति दिक्पालविन्यासः कथितः कालभैरव ।

(९) आदि में मूल मन्त्र, फिर श से लेकर ह पर्यन्त वर्णों का उच्चारण कर इन्द्र के लिए ऊपर हस्त करके ऊर्ध्वदिक में अर्पित करते हुए न्यास करे । (१०) अधः दिक् में 'अनन्ताय देवाय सर्वास्त्रधारिणे सवाहनाय', फिर हृत् (नमः) शब्द और मूल को उसके अन्दर करके न्यास करे । (११) आदि में मूल मन्त्र, उसके बाद ल एवं क्ष वर्ण फिर 'ब्रह्मणेऽस्त्रादिधारिणे सवाहनाय' फिर हृत् शब्द (नमः) और उसके बाद मूल मन्त्र कहकर ब्रह्मरन्ध्र में न्यास करके साधक 'ब्रह्मज्ञान' प्राप्त करता है । हे कालभैरव ! यहाँ तक दिक्पालों का न्यास कहा गया है ॥ ११५-११८ ॥

शिवशक्तिन्यासजालं शृणुष्व परमाद्भुतम् ॥ ११८ ॥
यस्य करणमात्रेण षट्चक्रभेदको भवेत् ।

(३) **शिवशक्तिन्यास**—अब 'शिव एवं शक्ति के न्यास समूह को, जो अत्यन्त अद्भुत कहा गया है, जिसके करने मात्रसे षट्चक्र का भेदन हो जाता है उसे सुनिए ॥ ११८-११९ ॥

---

१. शक्र इन्द्रदेवः, तस्योर्ध्वे ऊर्ध्वभागे ।

आदौ स्थानं प्रवक्ष्यामि यत्र न्यासं स्वमुद्रया ॥ ११९ ॥
मूलाधारपद्ममध्ये स्वाधिष्ठानाम्बुजे ततः ।
मणिपूरे महापद्मे हृदयाम्भोजमण्डले[१] ॥ १२० ॥
कण्ठे विशुद्धपद्मे च तथा भ्रूपद्मण्डले[२] ।
एतेषु षट्सु पद्मेषु शक्तियुक्तं शिवं न्यसेत् ॥ १२१ ॥

पहले उन स्थानों को कहा जा रहा है जहाँ उन उन मुद्राओं से न्यास किया जाता है । १. मूलाधार पद्म के मध्य २. स्वाधिष्ठान कमल में, फिर ३. मणिपूर महापद्म में, ४. फिर अनाहत चक्र हृत्कमल-मण्डल में, फिर ५. विशुद्ध पद्म कण्ठ में और ६. भ्रूपद्म मण्डल में इन ६ स्थानों के पद्मों में 'शक्ति' से युक्त 'शिव का न्यास करना चाहिए ॥ ११९-१२१ ॥

आदौ मूलं वादिसान्तं डाकिनीसहिताय च ।
ब्रह्मणे नम उच्चार्य मूलमन्त्रं ततः परम् ॥ १२२ ॥
आदौ मूलं बादिलान्तं राकिणीसहिताय च ।
विष्णवे नम उच्चार्य मूलविद्यां ततो वदेत् ॥ १२३ ॥

(१) आदि में मूल (बीज मन्त्र) फिर व से लेकर स पर्यन्त व श ष स (४) वर्णों को कहकर 'डाकिनी सहिति ब्रह्मणे नमः' कहकर मूल मन्त्र को कहकर (मूलाधार चक्र में) ब्रह्मदेव एवं डाकिनी को न्यस्त करना चाहिए ॥ १२२ ॥

(२) आदि में मूल (बीज मन्त्र) फिर ब से लेकर ल पर्यन्त ब भ म य र ल (६) वर्णो को लगाकर 'राकिणी सहित विष्णवे नमः' कहकर फिर मूल विद्या का उच्चारण कर स्वाधिष्ठान चक्र में विष्णु एवं राकिणी को न्यस्त करना चाहिए ॥ १२३ ॥

आदौ मूलं डादिफान्तं लाकिनीसहिताय च ।
रुद्राय नम उच्चार्य ततो मूलं प्रविन्यसेत् ॥ १२४ ॥
आदौ मूलं कादिठान्तं काकिनीसहिताय च ।
ईश्वराय नमो मूलं विन्यसेत् साधकाग्रणीः ॥ १२५ ॥

(३) आदि में मूल (बीज) मन्त्र फिर ड से लेकर फ पर्यन्त ड ढ ण त थ द ध न प फ १० वर्णों को कहकर 'लाकिनीसहितरुद्राय नमः' का उच्चारण कर मूल मन्त्र का उच्चारण करते हुए मणिपूर चक्र में 'रुद्र एवं लाकिनी' का न्यास करना चाहिए ॥ १२४ ॥

(४) आदि में मूल (बीज मन्त्र) लगाकर क से लेकर ठ पर्यन्त क ख ग घ ङ च छ ज झ ञ ट ठ १२ वर्णों को कहकर 'काकिनीसहितईश्वराय नमः' कहकर महाविद्या की साधना में अग्रणी साधक फिर मूल मन्त्र को योजित कर अनाहत चक्र में काकिनी एवं ईश्वर का न्यास करे ॥ १२५ ॥

---

१. हृदयस्याम्भोजं कमलम्, तस्य मण्डलम् । कमलमिति जात्यभिप्रायेण एकवचनम् । अथवा अम्भोजानि कमलानि, तेषां मण्डलं समूहः ।

२. भ्रूपद्मानि भ्रूकमलानि, तेषां मण्डलम् । भ्रुवौ कमले इवेति उपमितसमासः ।

आदौ मूलं स्वरान् पश्चात् शाकिनीसहिताय च ।
सदाशिवाय हृच्छब्दं मूलमुच्चार्य विन्यसेत् ॥ १२६ ॥
आदौ मूलं ततो हं क्षं हाकिनीसहिताय च ।
ततः परशिवायान्ते नमो मूलं प्रविन्यसेत् ॥ १२७ ॥

(५) आदि में मूल मन्त्र फिर स्वरों को कहकर 'शाकिनीसहिताय सदाशिवाय' एवं हृत् शब्द 'नमः' कहकर मूल मन्त्र का उच्चारण करते हुए विशुद्ध चक्र में 'शाकिनी एवं सदाशिव' का न्यास कण्ठ में करना चाहिए ॥ १२६ ॥

(६) आदि में मूल बीज मन्त्र, फिर ह एवं क्ष (२) वर्ण कहकर 'हाकिनीसहिताय परशिवाय नमः' का उच्चारण कर फिर मूल मन्त्र कहकर आज्ञाचक्र में 'हाकिनी एवं परशिव' का न्यास भ्रू पद्म में करे ॥ १२७ ॥

शिवशक्तिन्यासमेवं[१] कथितं तव यत्नतः ।

इस प्रकार 'शिवशक्तिन्यास' आपसे अत्यन्त यत्नपूर्वक कहा गया है ।

इदानीं शक्तिविन्यासं कथयामि शृणुष्व तत् ॥ १२८ ॥
ब्रह्मरन्ध्रे ललाटे च भ्रूमध्ये कण्ठगह्वरे ।
हृदये नाभिमूले च लिङ्गमूले स्वमूलके ॥ १२९ ॥
ऊरुमूले तथा जङ्घायुगले विन्यसेत् सुधीः ।
पादद्वये तथा गुह्ये युगले पादयोस्तले ॥ १३० ॥

अब हम '**शक्तिविन्यास**' कहते हैं; उसे आप सुनिए—

ब्रह्मरन्ध्र, ललाट, भ्रूमध्य, कण्ठगह्वर, हृदय, नाभिमूल और लिङ्गमूल तथा स्व (पाद) मूल में न्यास करे । फिर ऊरुमूल में तथा दोनों जाँघों में विद्वान् साधक को न्यास करना चाहिए । दोनो पैरों तथा दोनों गुह्य प्रदेश एवं पादतल में न्यास करना चाहिए ॥ १२८-१३० ॥

क्रमेण विन्यसेद्धीमान् मूलमन्त्रेण सम्पुटम् ।
शक्तिनाम शृणु प्राणवल्लभ प्राणरक्षक ॥ १३१ ॥
शक्तिर्माया रमादेवी भवानी दीनवत्सला ।
सुमना काकिनी हंसी तथा संसारतारिणी ॥ १३२ ॥
योगिनी गोपिका माला वज्राख्या चित्रिणी तथा ।
नटिनी भारवी दुर्गा रतिर्महिषमर्दिनी ॥ १३३ ॥
एता अष्टादश(श)क्तिमुख्याः संन्यासकर्मणि ।

इस प्रकार क्रमशः बुद्धिमान् साधक मूल मन्त्र से सम्पुटित कर न्यास करे । हे प्राणवल्लभ ! हे प्राणरक्षक ! अब आप उन 'शक्ति' के नामों को सुनिए—१. शक्ति, २. माया, ३. रमादेवी, ४. दीनवत्सला भवानी, ५. सुमना, ६. काकिनी, ७. हंसी,

---

१. शिवस्य शक्तेश्च न्यासम् । एतन्मते शिवशक्त्योः परस्परमभेद एव ।

८. संसारतारिणी, ९. योगिनी, १०. गोपिका, ११. माला, १२. वज्रा, १३. चित्रिणी, १४. नटिनी, १५. भारवी, १६. दुर्गा, १७. रति एवं १८. महिषमर्दिनी—ये अट्ठारह प्रधान शक्तियाँ न्यास कर्म में विनियुक्त हैं ॥ १३२-१३४ ॥

आदौ मूलं स्वरं चैकं षोडशादिक्रमेण तु ॥ १३४ ॥
तदन्ते शक्तिमुच्चार्य चतुर्थ्यन्तपदान्वितम् ।
नमः शब्दं तदन्ते तु ततो मूलं वदेत् सुधीः ॥ १३५ ॥

पहले सोलह स्वरों में से क्रमशः एक-एक स्वर का उच्चारण कर फिर चतुर्थी विभक्ति लगाकर शक्ति का नाम कहना चाहिए । इसके बाद अन्त में 'नमः' शब्द लगाकर तब विद्वान् साधक मूल मन्त्र का उच्चारण करे ॥ १३४-१३५ ॥

कादिनान्ताक्षराणां तु चाद्ये बीजं निधाय च ।
रत्यै नमो मूलमन्त्रं चाङ्गुष्ठं युगले न्यसेत् ॥ १३६ ॥
आदौ मूलं पादिक्षान्तं शक्तिञ्च तदनन्तरम् ।
चतुर्थ्यन्तं नमो मूलं शक्तिन्यासः समीरितः ॥ १३७ ॥

क से लेकर न पर्यन्त अक्षरों में आदि में बीज (ॐ) लगाकर 'रत्यै नमः' कहकर मूल मन्त्र से दोनों अङ्गुष्ठ में न्यास करना चाहिए । प से लेकर क्ष पर्यन्त अक्षरों मे आदि में मूल मन्त्र फिर शक्ति का चतुर्थ्यन्त नाम, फिर 'नमः' लगाकर शक्तिन्यास करने के लिए कहा गया है ॥ १३६-१३७ ॥

पीठन्यासं प्रवक्ष्यामि सावधानोऽवधारय ।
मूलाधारे कामरूपं कामाख्यं लिङ्गमूलके ॥ १३८ ॥
कामराजं त्रिकोणे तु हृदि ज्वालन्धरं तथा ।
हृद्यूर्ध्वे मधुकरस्थानं तदूर्ध्वे गगनाख्यकम् ॥ १३९ ॥
ललाटे [1] पूर्णगिर्याख्यमुड्डयानं तदूर्ध्वके ।
तदूर्ध्वे शाङ्करीपीठं रुद्रपीठं तदूर्ध्वके ॥ १४० ॥
तदूर्ध्वे करुणापीठं चोन्मनीपीठमेव च ।
रोधनीपीठमेवं तु बिन्दुपीठं तदूर्ध्वके ॥ १४१ ॥
तदूर्ध्वे रत्नपीठं तु तदूर्ध्वे शुक्रपीठकम् ।
तदूर्ध्वे वासनापीठं विसर्गपीठमेव च ॥ १४२ ॥
ब्रह्मपीठं तदूर्ध्वे तु कालीपीठं तदूर्ध्वके ।
तदूर्ध्वे तारिणीपीठं एकपीठं तदूर्ध्वके ॥ १४३ ॥
तदूर्ध्वे च जटापीठं पिङ्गलापीठमेव च ।
वाराणसीमहापीठं भ्रुवोर्मध्ये प्रविन्यसेत् ॥ १४४ ॥

अब **पीठान्यास** की विधि कहूँगी जिसे सावधान होकर सुनिए । १. **मूलाधार में**

---

१. पूर्णगिरिराख्या यस्य तादृशमुड्डुयानम् ।

कामरूप पीठ का न्यास करना चाहिए और २. **लिङ्ग मूल** में कामाख्य पीठ का न्यास करना चाहिए । ३. **त्रिकोण में** कामराज पीठ का तथा ४. **हृदय में** जालन्धर पीठ का ५. हृदय में ऊपर मधुकर पीठ का और ६. उससे ऊपर गगनाख्य पीठ का, ७. ललाट में पूर्णगिरि पीठ का, ८. उससे ऊपर उड्डयान पीठ का, ९. उससे ऊपर शाङ्करीपीठ का, १०. उससे ऊपर रुद्र पीठ का, ११. उससे ऊपर करुणापीठ और १२. उन्मनी पीठ का, १३. उससे ऊपर रोधनी पीठ एवं १४. बिन्दुपीठ का, १५. उससे ऊपर रत्नपीठ का १६. उससे ऊपर शुक्रपीठ का, १७. उससे ऊपर वासनापीठ एवं १८. विसर्गपीठ का, १९. उससे ऊपर ब्रह्मपीठ का २०. उससे ऊपर कालीपीठ का, २१. उससे ऊपर तारिणीपीठ का, २२. एवं उसके ऊपर एकपीठ का, २३. उसके ऊपर जटापीठ एवं २४. पिङ्गलापीठ का और २५. **भ्रू के मध्य** में वाराणसी पीठ का न्यास करना चाहिए ॥ १३८-१४४ ॥

लोचनत्रयमध्ये तु अवन्तीपीठमेव च ।
मायावतीं मुखवृत्ते जिह्वाग्रे तु मधूत्तमम् ॥ १४५ ॥
तन्मध्ये रसनापीठं दंष्ट्रापीठं तदन्तिके ।
विद्यापीठं तदग्रे तु योगिनीपीठमेव च ॥ १४६ ॥
कण्ठे चाष्टपुरीपीठं[1] तथा मधुपुरीत्रयम् ।
भुजद्वये भोगपीठं श्रीपीठं पार्श्वयुग्मके ॥ १४७ ॥
उदरे रह्नलापीठं धर्मपीठं निवीतके ।
काञ्चीपीठं कटितटे देवपीठं तदुत्तरे ॥ १४८ ॥
तदधः श्यामलापीठं गोपीपीठं तदन्तिके ।
अयोध्यापीठचक्रं[2] तु नाभिमूले प्रविन्यसेत् ॥ १४९ ॥

लोचन त्रय के मध्य में २६ अवन्तीपीठ का, २७ मुखवृत्त में मायावती का, २८ **जिह्वाग्र में** मधूत्तम का, २९ उसके मध्य में रसनापीठ का तथा ३० उसके पास दंष्ट्रापीठ का, ३१. उसके आगे विद्यापीठ का, ३२. एवं योगिनीपीठ का, ३३. **कण्ठ में** अष्टपुरी तथा ३४. मधुपुरीत्रय का, ३५. **भुजाद्वय में** भोगपीठ का, ३६. **दोनों पार्श्व** भाग में श्रीपीठ का, ३७. **उदर में** रह्नलापीठ का, ३८. **निवीत** (मध्य में) धर्मपीठ का, ३९ **कटिभाग** में काञ्चीपीठ का, ४०. उसके पश्चात् भाग में देवपीठ का, ४१. उसके नीचे श्यामलापीठ का, ४२. उसके पास गोपीपीठ का और ४३. **नाभि मूल** में अयोध्यापीठ का न्यास करना चाहिए ॥ १४५-१४९ ॥

श्मशानपीठं गुह्ये तु शिवापीठं तथा तले ।
ऊरुयुग्मे शीतले वा पीठयुग्मं प्रविन्यसेत् ॥ १५० ॥
रङ्किणीपीठनगरं जङ्घायुग्मे उदाहृतम् ।
स्तनयुग्मे क्षीरपीठमङ्गुष्ठे द्वे प्रविन्यसेत् ॥ १५१ ॥

---

१. अष्टसंख्याकाः पुर्यः अष्टपुर्यस्तासां पीठम् ।

२. अयोध्यायाः पीठं तस्य चक्रम् । मर्यादापुरुषोत्तमरामस्य जन्मभूरयोध्यापीठम्

कालपीठं क्रोधपीठं विन्यसेत् साधकाग्रणीः ।
पञ्चाशदेकपीठं तु केशाग्रे राज्यपीठकम् ॥ १५२ ॥

४४. **गुह्याङ्ग में** श्मशानपीठ का, ४५. **तल में** शिवापीठ का, अथवा दोनों पीठ का **ऊरु द्वय** में या शीतल (सीवनी) में न्यास करना चाहिए । ४६. **जङ्घायुग्म में** रङ्किणीपीठनगर का न्यास स्थल कहा गया है । ४७. **स्तनद्वय में** क्षीरपीठ का और दोनों **अङ्गुष्ठ में** ४८. कालीपीठ एवं ४९ क्रोधपीठ का न्यास करना चाहिए । साधन में अग्रणीसाधक को **केशाग्र में** ५० राज्यपीठ का न्यास कर **सर्वांग में** ५१. इक्यावन पीठ का न्यास करना चाहिए ॥ १५०-१५२ ॥

विमर्श—साधकानामग्रणीः प्रमुखः, न तु साधकश्चासौ अग्रणीः ।

आदौ मूलं ततो वर्णं स्थाननाम ततः परम् ।
पीठनाम चतुर्थ्यंतं नमोमूलं ततः परम् ॥ १५३ ॥
इति पीठन्यासमूलं कथितं तव यत्नतः ।
अस्य करणमात्रेण योगी सिद्धिमवाप्नुयात् ॥ १५४ ॥

पहले मूल मन्त्र (बीज) कहकर, तब वर्ण एवं स्थान नाम कहकर, चतुर्थी विभक्ति में पीठ के नाम का उच्चारण कर, अन्त में नमः एवं मूल लगाकर न्यास करना चाहिए । इस प्रकार पीठन्यास के मूल को मैने आपसे यत्नपूर्वक कहा है । इसे करने मात्र से योगी सिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ १५३-१५४ ॥

चिरजीवी स्वयं देवः प्रभाकरसमो बली ।
यन्नमन्ति महेशानि षोढापुटितविग्रहाः ॥ १५५ ॥
अल्पायुः स भवेत् सद्यो देवता कम्पते भिया ।
इति ते कथितं नाथ षोडान्यासं महाशुभम् ॥ १५६ ॥

वह योगी स्वयं सूर्य के समान बलवान् होकर चिरंजीवी होता है । हे महेशानि ! इस षोढा न्यास युक्त योगी के विग्रह के सामने जो नमन करते हैं (उसके शत्रु) अल्पायु हो जाते है और शीघ्र ही उससे देवता भी भय से कांपने लगते हैं । इस प्रकार महान् मङ्गलकारी षोढान्यास को, हे नाथ ! मैने आपसे कहा ॥ १५५-१५६ ॥

ततः सिद्धपुरुषाणां भावनं शृणु शङ्कर ।
मीननाथो गुरुः श्रीमान् आगस्त्यो देवराजकः ॥ १५७ ॥
कालाननः सोमराजो वीरनाथो धनञ्जयः ।
कृष्णः कान्तमतिर्बुद्धी धर्मावतार एव च ॥ १५८ ॥
वशिष्ठो नारदश्चैव शुकः प्रह्लाद एव च ।
जनको भार्गवेशश्च कुरुक्षेत्रेश्वरस्तथा ॥ १५९ ॥
विश्वामित्रो भरद्वाजो मैनाको मेरुरेव च ।
अनन्तो योगनाथश्च महेन्द्रो मदिरेश्वरः ॥ १६० ॥
ब्रह्मानन्दशिवानन्दौ सनकानन्द एव च ।

सर्वेश्वरः कामदेवः शुक्राचार्यः कुलेश्वरः ॥ १६१ ॥
इति सिद्धपुरुषाणां ध्यानं कृत्वा विभावयेत् ।

हे शङ्कर ! अब सिद्ध पुरुषों के नाम सुनिए जिनकी भावना (ध्यानकर न्यास) करें— १. श्रीमान् गुरु मीननाथ हैं, २. अगस्त्य, ३. देवराज (इन्द्र), ४. कालानन (यमराज), ५. सोमराज, ६. वीरनाथ, ७. धनञ्जय, ८. कृष्ण, ९. कान्तमति, १०. धर्मावतार बुद्ध, ११. वसिष्ठ, १२. नारद, १३. शुक्र, १४. प्रह्लाद, १५. जनक, १६. मार्गवेश, १७. कुरुक्षेत्रेश्वर, १८. विश्वामित्र, १९. भरद्वाज, २०. मैनाक, २१. मेरु, २२. अनन्त, २३. योगनाथ, २४. महेन्द्र, २५. मदिरेश्वर, २६. ब्रह्मानन्द, २७. शिवानन्द, २८. सनकानन्द, २९. सर्वेश्वर, ३०. कामदेव, ३१. शुक्राचार्य, ३२. कुलेश्वर, इतने सिद्ध पुरुषों का ध्यान कर विभावन करे ॥ १५७-१६२ ॥

विमर्श—ब्रह्मरूप आनन्दः, शिवात्मकश्च आनन्दः, 'सच्चिदानन्दं ब्रह्म' इति श्रुतिः ।

रक्तवर्णं महासत्त्वं पुरुषं सर्वभूषणम् ॥ १६२ ॥
विभाव्य ध्यानमाकुर्याद् हाकिनीपरदेवयोः ।
आदौ श्रीपरदेवस्य[1] ध्यानं शृणु महेश्वर ॥ १६३ ॥

रक्तवर्ण के महासत्त्ववान् पुरुष, जो सभी आभूषण से भूषित हैं, उनकी भावना करते हुए ध्यान कर हाकिनी एवं परदेवता की पूजा करे । हे महेश्वर ! पहले उन परदेवता का ध्यान सुनिए ॥ १६२-१६३ ॥

शुक्लाभं परमेश्वरं परशिवं सूक्ष्मातिसूक्ष्मं[2] गुरुं
सर्वाऽलङ्कृतविग्रहं त्रिजगतां सारं परं निर्मलम् ।
अद्वैतं दशहस्तपङ्कजतलं श्रीदं त्रिनेत्रं शिवं
देवेन्द्रैः परिपूजितं सुखमयं सच्चित्परानन्ददम् ॥ १६४ ॥
ध्यायेत् पञ्चमुखं महास्त्रवरदं भक्तैः सदा पूजितम् ॥ १६५ ॥

परदेवता पञ्चमुख शिव का ध्यान—शुक्ल वर्ण की आभा वाले, परमेश्वर, परशिव, सूक्ष्मातिसूक्ष्म, गुरु, सर्व शरीर में अलङ्कृत विग्रह वाले, तीनों जगत् के सार रूप, श्रेष्ठ एवं निर्मल, अद्वैत, दस हस्त कमल वाले, श्री दाता, त्रिनेत्र शिव का ध्यान करे जो देवेन्द्रों से परिपूजित है, सुखमय एवं सत्-चित् और परानन्द के दाता हैं, ऐसे पाँच मुखों वाले, महास्त्र वर को देने वाले तथा भक्तों से सदैव पूजित हैं ॥ १६४-१६५ ॥

एवं ध्यात्वा परनाथं मानसोग्रोपचारतः ।
पूजयित्वा नमस्कृत्य हाकिनीध्यानमाचरेत् ॥ १६६ ॥
त्रैलोक्योत्सववन्दितां त्रिजगतामानन्दपूर्णोदयां
नानाऽलङ्कृतभूषणां सुमुकुटोल्लासैकबीजप्रभाम्

---

१. श्रीसहितः परदेवः, तस्य ।

२. सूक्ष्ममेभ्योऽपि अतिसूक्ष्मम् । अणोरणीयान् महतो महीयानिति श्रुतिः ।

श्यामां मोक्षदवेदहस्तकमलां कारुण्यवारांनिधिं
शोभामण्डलमण्डितां पथि भजे श्री हाकिनीमीश्वरीम् ॥ १६७ ॥

इस प्रकार परनाथ शिव का ध्यान कर मानस उपचार से पूजा कर उन्हें नमस्कार करके हाकिनी दवी का ध्यान करे ॥ १६६ ॥

हाकिनी देवी का ध्यान—त्रैलोक्य के चराचर जगत से वन्दित, तीनों जगत् के आनन्द से परिपूर्ण, नाना अलङ्कारों से एवं आभूषणों से अलङ्कृत, सिर पर धृत सुन्दर मुकुट से उल्लसित बीज प्रभा वाली, श्यामवर्णा, मोक्षदात्री, हस्त कमल में वेद धारण करने वाली, कारुण्य-समुद्र की शोभा मण्डल से मण्डित पथ में ईश्वरी श्री हाकिनी का मैं भजन करता हूँ ॥ १६७ ॥

अस्याः सप्तकुलध्यानं पश्चाद् वक्तव्यमेव च ।
महामुद्रादर्शनं तु चेदानीं शृणु भैरव ॥ १६८ ॥
योनिमुद्रा महामुद्रा सर्वतन्त्रेषु गोपिता ।
तया चावाहनं कुर्यात् साधको निश्चलात्मना ॥ १६९ ॥

इन श्री हाकिनी देवी के सप्त-कुल का ध्यान बाद में कहा जायगा । हे भैरव ! इस समय आप महामुद्रा के दर्शन को सुनिए । योनि मुद्रा महामुद्रा है जो सभी तन्त्रों में अत्यन्त रहस्यपूर्ण है । उस योनिमुद्रा से साधक निश्चल मन होकर देवी हाकिनी का आवाहन करे ॥ १६८-१६९ ॥

अर्घ्यद्वयं स्थापयित्वा पूर्वचक्र क्रमेण तु ।
पुनर्ध्यात्वा तयोः पादाम्भोजे दद्यात् सदाशिवः ॥ १७० ॥
षोडशोपचारद्रव्यैस्ततः सम्पूजयेत् सुधीः ।

पूर्वचक्र क्रम से अर्घ्य-द्वय का स्थापन कर, पुनः ध्यान करके उन देवी के चरण कमल में अर्घ्य देवे । इसके बाद विद्वान् साधक को षोडशोपचार द्रव्यों से सदाशिव का पूजन करना चाहिए ॥ १७०-१७१ ॥

ऋषिध्यानं प्रवक्ष्यामि यस्य मूर्ध्नि प्रविन्यसेत् ॥ १७१ ॥
मूर्तं सदाशिवं देवं नानालङ्कारभूषितम्[1] ।
द्विभुजं पीतवसनं धर्माधर्मप्रदर्शकम् ॥ १७२ ॥
वराभयकरं शान्तं हाकिनीशिरसि स्थितम् ।
विभाव्य पूजयेत् तत्र गन्धपुष्पादिभिः प्रभो ॥ १७३ ॥

ऋषि का ध्यान अब कहूँगा जिसे मूर्धा में साधक को न्यास करना चाहिए । सदाशिव देव का विग्रह नाना प्रकार के अलङ्कारों से विभूषित है, दो भुजाओं वाले, पीले वस्त्रों को धारण किए हुए, धर्म एवं अधर्म के प्रदर्शक, वर एवं अभय मुद्रा धारण करने वाले, शान्त

---

१. नानाऽलङ्कारैर्भूषिताम्, तृतीयातत्पुरुषः ।

हाकिनी देवी के ध्यान में स्थित रहने वाले सदाशिव का ध्यान करते हुए हे प्रभो ! वहाँ गन्ध एवं पुष्पादि द्रव्यों से उनका षोडशोपचार पूजन करे ॥ १७१-१७३ ॥

जीवसंस्कारमावक्ष्ये येन जीवस्थितिर्भवेत् ।
स्वहृदये दक्षहस्ते तत्र मुद्राक्रमेण तु ॥ १७४ ॥
हाकिनीपरदेवस्य मन्त्रं स्मृत्वा पुनः पुनः ।
स्थापयामि स्वचित्तं मे हाकिन्या सह सम्पदैः ॥ १७५ ॥
स्थिरो भव महाजीव ममाज्ञां परिपालय ।
स्वाहान्तं मन्त्रमुच्चार्य जीवं संस्कारयेत् ततः ॥ १७६ ॥

अब जिससे जीवों की स्थिति होती है उस '**जीवसंस्कार**' को मैं कहता हूँ । अपने हृदय में, दाहिने हाथ में मुद्रा के क्रम से हाकिनी पर देव के मन्त्र का पुनः पुनः स्मरण करते हुए 'मैं जीव में देवता की स्थापना करता हूँ । मेरे चित्त में सभी सम्पदाओं केसाथ हाकिनी के साथ हाकिनीपर देव सदाशिव स्थिर होवें ।' हे महाजीव ! आप मेरी आज्ञा का पालन करें । इस प्रकार स्वाहान्त तक मन्त्र का उच्चारण कर अन्तःस्थ जीव का संस्कार करे ॥ १७४-१७६ ॥

विमर्श—मन्त्र इस प्रकार है—मूल मन्त्र कहकर स्थापयामि हाकिन्या सह सम्पदैः मे स्वचित्तं स्थिरो भव, महाजीव ममाज्ञां परिपालय स्वाहा ॥ १७६ ॥

जीवदानमतो वक्ष्ये हाकिनीपरदेवयोः ।
आदौ श्रीहाकिनीदेव्या जीवदानं शृणु प्रभो ॥ १७७ ॥
आं ह्रीं क्रा. बीजमुच्चार्य पूर्ववज्जीवसंस्थितिम्[१] ।
एकविंशतिवारं तु हाकिनीहृदये जपेत् ॥ १७८ ॥
स्वाहान्तेनापि मनुना जीवसंस्कार ईरितः ।
एवं श्रीपरदेवस्य प्राणदानमुदाहृतम् ॥ १७९ ॥

अब इसके बाद हाकिनी परदेव सदाशिव के **जीवदान** को कहती हूँ । हे प्रभो ! पहले श्री हाकिनी देवी के जीवदान (प्राणप्रतिष्ठा) को सुनिए । आं ह्रीं क्रों बीज को कहकर पूर्ववत् (जीव संस्कार के समान) जीव की संस्थिति करनी चाहिए और हाकिनी हृदय में इक्कीस बार इसका जप करना चाहिए । 'स्वाहा' से अन्त होने वाले जीव संस्कार को पहले (श्लोक १७५-१७७) कहा गया है । इसी प्रकार श्रीपरदेव के प्राणदान (प्राणप्रतिष्ठा) को भी समझना चाहिए ॥ १७७-१७९ ॥

पुनर्ध्यानं प्रवक्ष्यामि शृणु भैरव बल्लभ ।
यां ध्यात्वा सर्वग्रन्थीनां स्वयं भेत्ता स्वयं हरिः ॥ १८० ॥
अर्घ्यविन्यासयुगलं शृणु भद्रोदर प्रभो ॥ १८१ ॥

हे भैरववल्लभ ! अब मैं पुनः ध्यान को कहती हूँ उसे सुनिए जिसका ध्यान कर हरि

---

१. जीवसंस्कारजन्यैव जीवानां संस्थितिर्भवति ।

स्वयं ही सभी ग्रन्थियों के भेदन करने वाले हो गए थे। हे भद्र उदर वाले प्रभो ! अब (पाद्य और) अर्घ्य के विन्यास युगल को सुनिए ॥ १८०-१८१ ॥

वेदाङ्गोज्वलनप्रभां त्रिनयनानन्दैकचित्तोज्वलां
लावण्यं प्रियवाक्य मोहनिकरां श्रीसन्मुखीं हाकिनीम् ।
चण्डालामलभालमहाखड्गप्रभापङ्कज
छायापुत्रवरान् भवान् भयहरामश्रं हुयन्तीं भजे ॥ १८२ ॥

हाकिनी एवं सदाशिव का ध्यान—वेदाङ्गों की प्रभा से उद्दीप्त, तीन नेत्रों वाली, आनन्द रूप एक चित्त वाली, भासमान, लावण्य युक्त, प्रिय के वाक्य में मोहित, श्री सम्पन्न मुख वाली, हाकिनी का भजन करना चाहिए। चण्डाल, निर्मल भाल वाली, महाखड्ग की प्रभा से युक्त, कमल (के समान पद वाली) छाया के समान पुत्र साधक को अभय देने वाली एवं भय का हरण करने वाली हाकिनी का भजन करना चाहिए ॥ १८२ ॥

श्रीं श्रीं श्रीं भैरवेशं सुखमयपुरुषं कोटिदीपप्रकाशं
कोट्यलङ्कारभूषणं त्रिजगति वरदं व्याघ्रचर्माम्बराढ्यम् ।
योगीन्द्रैर्योगिमुख्यैः सुरवरतरुणैः सर्वदा पूज्यमानं
पञ्चास्यं शून्यचन्द्रायत भुजकिरणं योगिचूडामणीशम् ॥ १८३ ॥

श्रीं, श्रीं, श्रीं शोभा से युक्त भैरव के ईश, सुखमय पुरुष, करोड़ों दीपक के प्रकाश वाले, करोड़ों अलङ्कारों से भूषित, तीनों लोकों को वर देने वाले, व्याघ्र के चर्म के वस्त्र से विभूषित, योगिन्द्रों एवं योगी प्रमुखों के द्वारा तथा कल्पतरु से सर्वदा पूज्य, पाँच मुख वाले और शून्य चन्द्र किरण के समान आयत भुजा वाले, योगियों के चूड़ामणि ईश का भजन करना चाहिए ॥ १८३ ॥

ध्यायेऽहं शरणागतं प्रियतमं मायाश्रयं शङ्करं
रौप्याद्रिप्रभविग्रहं शवमुखं शून्येन्दुवक्त्राम्बुजम् ।
षट्स्थानात्रशतार्क चन्द्रकिरणं [1] भास्वत्त्रिनेत्रं परं
निर्वाणाख्यपदप्रदं कुलकलानाथं भजे भ्रूदले ॥ १८४ ॥

शरणागत, प्रियतम, माया के आश्रयस्थान भगवान् शङ्कर का हम ध्यान करते हैं। चाँदी के पर्वत की प्रभा से युक्त विग्रह वाले, शवमुख, पूर्णिमा के चन्द्र के समान मुख कमल वाले, षट् चक्रों में रहकर त्राण करने वाले, सैकड़ों सूर्य एवं चन्द्रों की किरणों से युक्त, श्रेष्ठ एवं भासमान तीन नेत्रों वाले, निर्वाण पद को देने वाले कुल कला के नाथ भगवान शङ्कर का भ्रूपद्म के द्विदल में ध्यान करना चाहिए ॥ १८४ ॥

एवं ध्यात्वा महादेवीं हाकिनीं श्रीपरेश्वरम ।
नित्यं स्वयम्भुं [2] नागेन्द्रघण्टाडमरुनादितम् ॥ १८५ ॥

---

१. भास्वन्ति प्रभावन्ति त्रिनेत्राणि यस्य । त्रयाणां नेत्राणां समाहारः ।

२. नागानामिन्द्रो नागेन्द्र ऐरावतः, तस्य घण्टा च डमरुश्च ताभ्यां नादितं शब्दायितम्।

महाकायकराम्भोजपूजितं पञ्चचूडिनम् ।
अतिसौन्दर्यवदनं नागेन्द्रहारशोभितम् ॥ १८६ ॥
महातेजोमयं कोटिचन्द्रकान्तिस्फुरत्प्रभम् ।
घर्घरध्वनिमञ्जीरहंसाकारपदाम्बुजम् ॥ १८७ ॥
वृषासनस्थं योगीन्द्रं हाकिनीपरमेश्वरम् ।
हाकिनीसुन्दरीवामशोभाविद्युत्प्रकाशिनम् ॥ १८८ ॥

इस प्रकार महादेवी हाकिनी एवं श्रीपरमेश्वर का ध्यान करे । नित्य स्वम्भू, नागेन्द्र (ऐरावत) घण्टा एवं डमरु से निनादित, कर कमलों से पूजित महाकाय, पाँच चूड़ा वाले, अत्यन्त सौन्दर्य से युक्त मुख वाले, नागेन्द्र के हार से सुशोभित, महान् तेज से युक्त, करोड़ों चन्द्रमाओं की कान्ति से स्फुरित प्रभा वाले, घघर की तथा मञ्जीर की ध्वनि से युक्त, हंसाकार पद कमल वाले, वृष के ऊपर विराजमान, योगीन्द्र, हाकिनी देवी एवं परमेश्वर जो सुन्दरी हाकिनी उनके वाम भाग में विद्युत् की चमक से युक्त हुई शोभित हैं उन शङ्कर का ध्यान करना चाहिए ॥ १८५-१८८ ॥

अतिसौन्दर्यलहरीं योगमायास्वरूपिणीम् ।
कामधेनुस्वरूपाख्यां स्वकान्त्या विश्वमोहिनीम् ॥ १८९ ॥
रौप्याद्रिसदृशाकारां चित्रविद्रुमसल्लताम् ।
मुक्तकेशीं मेघमालां रौप्याद्रयाच्छादनीं कियत् ॥ १९० ॥
चलद्भ्रमरकोटयर्क चन्द्र वह्नि त्रिलोचनाम् ।
षण्मुखीं[१] वेदहस्तां तु पद्मरागसनप्रभाम् ॥ १९१ ॥
पद्मरागकान्तमालाधारिणीं हेतुसुप्रियाम् ।
साधकानां हितार्थाय कपालासिभयानकाम् ॥ १९२ ॥
सर्वसौभाग्यदां नित्यां डमरूजमालिकाम् ।
धारयन्तीं महाविद्यामानन्दोदयसाक्षिणीम्[२] ॥ १९३ ॥

अत्यन्त सौन्दर्य की लहरियों से युक्त, योग एवं माया स्वरूपा, कामधेनु स्वरूप संज्ञा वाली, अपनी कान्ति से समस्त विश्व को सम्मोहित करने वाली, चाँदी के पर्वत के सदृश आकार वाली, चित्र-विचित्र वृक्ष एवं लता वाली, खुले हुए केशों वाली, मेघमाला से युक्त मानो चाँदी के अद्रि से आच्छादित हुई चलायमान भौंहों वाली, करोंड़ों सूर्य एवं चन्द्र के किरणों से जाज्वल्यमान, वह्नि के समान तीन नेत्रों से युक्त, छः मुखों वाली, वेद हाथों में लिए हुए, पद्मराग के समान लाल प्रभा से युक्त, पद्मराग मणि की माला धारण करने वाली, हेतु रूप शङ्कर की सुप्रिया, साधकों के हित के लिए हाथ में कपाल (खप्पर) एवं तलवार धारण करने से भयानक मुख वाली, समस्त सौभाग्यों की दात्री, नित्या, हाथ में डमरु एवं जप-माला धारण करने वाली, आनन्दोदय की साक्षिणी महाविद्या स्वरूपा हाकिनी देवी का ध्यान करना चाहिए ॥ १८९-१९३ ॥

---

१. षट्संख्याकानि मुखानि यस्याः सा, स्वाङ्गच्चोपसर्जनादिति ङीष् । स्वोद्योगवति ।
२. आनन्दस्योदये साक्षिणीम् । यस्याः साक्षित्वे आनन्दस्योदयो भवति ।

भ्रूपद्मकर्णिकामध्ये गतच्छदसुपङ्कजे ।
शोभारूपं संप्रहन्तीं काकिनीसाकिनीप्रियाम् ॥ १९४ ॥
लाकिनीराकिणीध्येयां डाकिनीपरिपूजिताम् ।
कुण्डलीबन्धुजननीं पूजयामि महीतले ॥ १९५ ॥

भ्रूपद्म की कर्णिका के मध्य पङ्कज के गद्दे पर शोभारूप से विराजित प्रिय काकिनी एवं साकिनी, लाकिनी और राकिणी तथा डाकिनी से परिपूजित, कुण्डली के बन्धु की जननी की मही तल पर मैं पूजा करता हूँ ॥ १९४-१९५ ॥

एवं ध्यात्वा चार्घ्यसारं क्रमतो युगलं चरेत् ।
त्रिकोणमण्डलद्वन्द्वं चाग्रे कृत्वाऽङ्गुलेन च ॥ १९६ ॥
तीर्थवाहनकालाद्यैः[1] पूरयेद् गन्धकैस्ततः ।
तदाद्ये चापि फट्कारैः खड्गाधारञ्च शङ्खकम् ॥ १९७ ॥

इस प्रकार ध्यान कर क्रमशः युगल विग्रह को अर्घ्य देना चाहिए । त्रिकोणमण्डल के द्वन्द्व से अग्रसारित अंगुली से तीर्थ के आवहन काल में गन्ध द्रव्यों से पात्र को पूर्ण करे । उसके पहले 'फट्' द्वारा खड्ग एवं शंख के आधार को स्थापित करे ॥ १९६-१९७ ॥

क्षालयेन्मनुनानेन शृणुष्व कुलभैरव ।
ॐ शङ्खस्थं शङ्ख त्वं पुण्यं मङ्गलानाञ्च मङ्गलम् ॥ १९८ ॥
विष्णुना विधृतो नित्यं मम शान्तिप्रदो भव ।

हे कुल भैरव ! सुनिए, उस शंङ्ख को इस मन्त्र से धोना चाहिए—

'ॐ शङ्खस्थं शङ्ख त्वं पुण्यं मङ्गलानाञ्च मङ्गलम् ।
विष्णुना विधृतो नित्यं मम शान्तिप्रदो भव ॥'

ॐ शङ्खाधारं शोधयामि कूर्माकारेण भास्वता ॥ १९९ ॥
विसर्ग बिन्दुसर्गेऽहं त्रिकोणे स्थापयाम्यहम् ।
धेनुयोनिं मत्स्यमुद्रां दशधा मन्त्रमाजपेत् ॥ २०० ॥

'ॐ शङ्खाधारं शोधयामि कूर्माकारेण भास्वता ।
विसर्ग बिन्दुसर्गेऽहं त्रिकोणे स्थापयाम्यहम् ॥'

इस प्रकार शङ्ख को त्रिकोण पर स्थापित कर धेनु, योनि तथा मत्स्य मुद्रा दिखानी चाहिए । फिर दस बार मन्त्र का जप करे ॥ १९९-२०० ॥

आत्मानं प्रोक्षयेदादौ ततो द्रव्यादिप्रोक्षणम् ।
एवं क्रमेण देवेश देवदेव महेश्वर ॥ २०१ ॥
अर्घ्यद्वयं पुरः श्रीमान् स्थापयन् कौलिको जनः ।
पूजां कुर्याद्विशेषेण रात्रिशेषे विशेषतः ॥ २०२ ॥

---

१. तीर्थवाहनकालाद्यैर्गन्धकैः पूरयेदित्यन्वयः ।

'ॐ अपवित्रो पवित्रो वा' आदि मन्त्र से पहले अपना प्रोक्षण करे, फिर द्रव्य आदि का प्रोक्षण करे । हे देवेश ! हे देवदेव ! हे महेश्वर ! इस क्रम से श्री सम्पन्न कौलिक साधक देवता के समक्ष दोनों अर्घ्य की स्थापना करते हुए विशेषतः रात्रि शेष रहने पर विशेष पूजा करे ॥ २०१-२०२ ॥

महामुद्रादर्शनं तु चाधुनापि समाचरेत् ।
अवश्यं[१] सिद्धिमाप्नोति हेतुयुक्तो हि साधकः ॥ २०३ ॥

अर्धरात्रि की इस विशेष पूजा में भी महामुद्रा का दर्शन आदि का आचरण उसी प्रकार करना चाहिए । इससे पूजन में सतर्क साधक अवश्य ही सिद्धि को प्राप्त कर लेता है ॥ २०३ ॥

महामुद्रा योनिमुद्रा सर्वतन्त्रे निरूपिता ।
यो जानाति महादेव स योगी नात्र संशयः ॥ २०४ ॥
महापूजां समाकुर्याद् देवदेव मयोदिताम् ।
ध्यानयुक्तस्य या पूजा सा पूजा सफला भुवि ॥ २०५ ॥

सभी तन्त्राम्नाय में महामुद्रा और योनिमुद्रा का निरूपण किया गया है । अतः हे महादेव ! जो उसे जानता है वह निःसन्देह योगी है । हे देवदेव ! मेरा ध्यान करते हुए मुझ में परायण होकर जो पूजा की जाती है पृथ्वी पर वही सफल पूजा है ॥ २०४-२०५ ॥

सदा कालीपूजनवत् पूजां कुर्यात् समाहितः ।
तच्च देशे समागम्य गन्धर्वनगरेऽपि वा ॥ २०६ ॥
पर्वते निर्जने वापि शून्यागारे श्मशानके ।
महाविद्यां कामधेनुं हाकिनीं परिपूजयेत् ॥ २०७ ॥

सदैव साधक समाहित चित्त होकर काली पूजा के समान पूजा करे । उस देश में आकर अथवा गन्धर्व नगर में पूजा करे । पर्वत या निर्जन वन में, शून्य गृह में अथवा श्मशान में कामधेनु के समान फल देने वाली महाविद्या हाकिनी का पूजन करना चाहिए ॥ २०६-२०७ ॥

पाद्यमन्त्रं प्रवक्ष्यामि प्रणवं रतिसुन्दरी[२] ।
रमाबीजं महादेवि तदन्ते पाद्यमुत्तमम् ॥ २०८ ॥
गन्धोदितं गृह्ण गृह्ण हाकिन्यै हूँ द्विठः प्रभो ।
एवं सर्वत्र कर्तव्यं नामभेदेन कारयेत् ॥ २०९ ॥

हे रति, हे सुन्दरि ! अब मैं पाद्य के मन्त्र को कहता हूँ । हे प्रभो ! पहले प्रणव (ॐ), फिर रमाबीज (श्रीं) फिर 'महादेवि' पद और अन्त में 'उत्तमं पाद्यं गन्धोदितं गृह्ण गृह्ण हाकिन्यै हूँ' और 'स्वाहा' पद का उच्चारण करे ॥

---

१. हेतुयुक्तः सत्तर्कशीलः साधकः अवश्यं निश्चयेन सिद्धिमाप्नोति ।

२. रतिश्च सा सुन्दरी च, अथवा रतौ सुन्दरी ।

विमर्श—मन्त्र का स्वरूप—ॐ श्रीं महादेवि उत्तमं पाद्यं गन्धोदितं गृहण गृहण हाकिन्यै हूँ स्वाहा ॥ २०८-२०९ ॥

दापयेन्नामभेदैश्च सर्वद्रव्याणि भैरव ।
आसनं स्वागतं पाद्यमर्घ्यमाचमनीयकम् ॥ २१० ॥
[1]मधुपर्काचमनस्नानवसनाभरणानि च ।
गन्धपुष्पे धूपदीपौ नैवेद्यं वन्दनं तथा ॥ २११ ॥
पानार्थं जलदानं तु बलिदानं ततः परम् ।
अष्टादशोपचाराश्च सर्वतन्त्रेषु गोपिताः ॥ २१२ ॥

अष्टादशोपचार—नाम भेद (अर्थात् गन्ध, पुष्प आदि) से इसी प्रकार सर्वत्र पूजन करना चाहिए । हे भैरव ! इसी प्रकार सभी द्रव्यों को नाम भेद करते हुए मन्त्रपूर्वक चढ़ाना चाहिए । १. आसन, २. स्वागत, ३. पाद्य, ४. अर्घ्य, ५. आचमन, ६. मधुपर्क, ७. आचमन, ८. स्नान, ९. वस्त्र, १०. आभूषण, ११. गन्ध, १२. पुष्प, १३. धूप, १४. दीप १५. नैवेद्य, १६. वन्दन, १७. पनार्थ-जल और १८. बलिदान—ये अट्ठारह भगवान् के उपचार सभी तन्त्रों में गुप्त रूप से बताए गए हैं ॥ २१०-२१२ ॥

प्राणायामत्रयं कुर्यात् साधको निर्भयः शुचिः ।
जपं कुर्याद् विशेषेण महामालाक्रमेण तु ॥ २१३ ॥

निर्भय साधक शुद्ध होकर तीन बार प्राणायाम करे और विशेष रूप से महामाला क्रम से जप करे ॥ २१३ ॥

अन्यं मनुवरं नाथ शृणु भैरव ईश्वर ।
प्रणवं प्रेतराजं तु वह्निबीजं तदुत्तरे ॥ २१४ ॥
हालाहलं महाकाल परनाथाय धीमहि ।
कामबीजं हाकिनी च चतुर्थ्यन्तपदात्मिका ॥ २१५ ॥
सोऽहं हंसस्ततः स्वाहा महामन्त्रं जपेद् बुधः ।

हे नाथ ! हे भैरव ! हे ईश्वर ! अब आप अन्य सभी श्रेष्ठ मन्त्रों को सुनिए । प्रणव (ॐ) प्रेतराज (ह्सौं) अग्निबीज (रं) फिर 'हालाहलं महाकाल परनाथाय धीमहि' फिर कामबीज (क्लीं) और हाकिनी का चतुर्थ्यन्त पद (हाकिन्यै), फिर 'सोऽहं हंसः स्वाहा'—इस महामन्त्र को विद्वान् साधक को जपना चाहिए ॥ २१४-२१६ ॥

विमर्श—मन्त्र का स्वरूप—ॐ ह्सौं रं हालाहलं महाकाल परनाथाय धीमहि, क्लीं हाकिन्यै सोऽहं हंसः स्वाहा ।

लक्षजपेन सिद्धिः स्यादज्ञानी ज्ञानवान् भवेत् ॥ २१६ ॥

---

१. मधुपर्कः – 'पलमेकं मधु कुर्याद् द्विपलं दधि उच्यते ।
पलमेकं घृतं चैव मधुपर्कविधिः स्मृतः ॥

असिद्धः सिद्धरूपी स्यादाख्या कीर्तिः प्रवर्धते ।
महावाग्मी सर्वशास्त्रवेत्ता सर्वज्ञसिद्धिभाक् ॥ २१७ ॥
वाचां सिद्धिरष्टसिद्धिः प्रकाश्या भान्ति तत्करे ।
युगयुग्मपुरश्चर्याविधानेनामरो भवेत् ॥ २१८ ॥

इस मन्त्र का एक लाख जप करने से सिद्धि प्राप्त होती है और अज्ञानी साधक ज्ञानवान् हो जाता है । असिद्ध योगी सिद्ध हो जाता है तथा उसका नाम और कीर्ति जगत् में फैल जाती है । वह सिद्ध महान् वाणी कुशल, सभी शास्त्रों का तत्त्वज्ञ, सर्वज्ञ एवं सभी सिद्धि को कहने वाला हो जाता है । वाणी की सिद्धि और (अणिमा-महिमा आदि) अष्ट सिद्धि प्रकाशित होकर उसके हाथ में भासमान होती है । चारो युग और (शिव-शक्ति रूप) युग्म की पुरश्चर्या के विधान से वह साधक अमर हो जाता है ॥ २१६-२१८ ॥

योगी स्यात् प्रलयस्थायी ध्यानात्मा ज्ञानवाञ्छुचिः ।
अप्रकाश्यगुणी भूत्वा राजराजेश्वरो भवेत् ॥ २१९ ॥

वह साधक ऐसा योगी हो जाता है, जो प्रलय काल तक स्थायी आयु प्राप्त करता है वह ध्यान में परायण रहकर ज्ञानवान् और शुद्ध हो जाता है । अप्रकाश्य (अप्रकट) गुणी होकर वह राजराजेश्वर हो जाता है ॥ २१९ ॥

गुह्यातिगुह्यगोप्त्री[1] त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम् ।
सिद्धिर्भवतु मे देवि त्वत्प्रसादात् परमेश्वरि ॥ २२० ॥
इति समर्प्य तद्धस्ते हेमरूपं विचिन्तयन् ।
ततः प्राणायामयुतं मन्त्रं तु त्रिगतं जपेत् ॥ २२१ ॥

'गुह्यातिगुह्यगोप्त्री त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम् ।
सिद्धिर्भवतु मे देवि त्वत्प्रसादात् परमेश्वरि ॥'

इस मन्त्र को कहकर देवी के सुवर्ण रूप का ध्यान करते हुए उनके हाथ में जप को समर्पित करना चाहिए । इसके बाद अयुत प्राणायाम करके तीन बार मन्त्र को जपना चाहिए ॥ २२०-२२१ ॥

बलिदानमनुं वक्ष्ये शृणु श्रीकुलपण्डित ।
आदौ मूलं सिद्धबलिं सुधामांससमन्वितम्[2] ॥ २२२ ॥
मीनमुद्रासमाक्रान्तमथवा[3] मिष्टसद्बलिम् ।
गृह्णयुग्मं तथा गृह्णापययुग्मं द्विठस्ततः ॥ २२३ ॥

---

१ गुह्येष्वपि अतिगुह्यं तस्य गोप्त्री रक्षिका इत्यर्थः ।
२. सुधया मिश्रितेन मांसेन समन्वितम् ।
३. मीनेन मुद्रया च समाक्रान्तम् ।
विशेषः – मीनो मुद्रा सुधामांसप्रभृतिपदार्था न कामपूरकाः, अपि तु पारिभाषिकरूपेण विधिपूरकाः ।

दापयेत् साधकेन्द्रश्च भक्त्या कामसुसिद्धये ।

हे श्रीकुल के पण्डित देव ! अब मैं बलिदान को कहती हूँ । पहले मूल मन्त्र का जप कर सुधा एवं मांस से समन्वित पके हुए सिद्धान्न से बलि प्रदान करे । मत्स्य एवं मुद्रा (अर्थात् लौकिक मत्स्य मुद्रा नहीं अपितु कौल साधक की मत्स्य एवं मुद्रा) से समाक्रान्त अथवा मिष्ठान्न की बलि प्रदान करे । गृह्ण युग्म (गृह्ण गृह्ण) तथा गृह्णापय युग्म (गृह्णापय गृह्णापय) फिर दो ठ अर्थात् स्वाहा स्वाहा करके अपनी कामना की सिद्धि के लिए साधकेन्द्र को भक्तिपूर्वक बलि प्रदान करना चाहिए ॥ २२२-२२४ ॥

विमर्श—मूल मन्त्र ... ... सिद्धबलिं सुधामांस समन्वितं मीन मुद्रासमाक्रान्तं (अथवा मिष्ठसद्) बलिं ग्रह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय स्वाहा स्वाहा ॥ २२४ ॥

ततः स्तोत्रं पठेद्धीमान् गद्यपद्यादिभेदतः ॥ २२४ ॥
पठेच्च कवचं ब्रह्मसम्मतं देहरक्षणम् ।
सहस्रनामसन्तानं पठेद् वा हरमुद्रया ॥ २२५ ॥
स्वस्थाने स्थापयेन्नाथ हाकिन्या परमेश्वरम् ॥ २२६ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्चक्रप्रकाशे हाकिनीपरशिवयजनं नाम द्व्यशीतितमः पटलः ॥ ८२ ॥

— ❖ —

इसके बाद बुद्धिमान् साधक गद्य एवं पद्यादि भेद से स्तोत्र का पाठ करे और शरीर के रक्षक ब्रह्म सम्मत कवच को पढ़े अथवा हरमुद्रा (?) के द्वारा सहस्रनामों को पढ़े । हे नाथ ! इस प्रकार हाकिनी एवं परमेश्वर को अपने स्थान पर स्थापित करे ॥ २२४-२२६ ॥

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्र प्रकरण में हाकिनीपरशिवयजन नामक बयासीवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ८२ ॥

— ❖ —

अथ त्र्यशीतितमः पटलः

श्रीआनन्दभैरव उवाच

कथयस्व वरारोहे हाकिनीस्तोत्रमुत्तमम् ।
यस्य प्रपाठनाद् वाग्मी[1] कृपायासे दयामयि ॥ १ ॥

श्रीआनन्दभैरव ने कहा—हे वरारोहे ! हे कृपामयि ! हे दयामयि ! अब आप उत्तमोत्तम उस हाकिनीस्तोत्र को कहिए, जिसके पाठ से साधक वाग्मी हो जाता है ॥ १ ॥

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

अत्यद्भुतं स्तोत्रवरं शृणु प्रभो सर्वेश्वरैर्भावितमादिगुह्यम् ।
यैः पठ्यते साधकचक्रनाथैस्तैरेव सिद्धैरतिधर्मविद्भिः ॥ २ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे प्रभो ! सुरेश्वर द्वारा किये गये गुह्य और अत्यन्त अद्भुत उस श्रेष्ठ-स्तोत्र को सुनिए, जिसके पाठ करने से साधक समूहों में श्रेष्ठ जन जिसका पाठ करते है, जिसके प्रभाव से वे अत्यन्त धर्मवेत्ता महासिद्ध तथा वाग्मी हो जाते हैं ॥ २ ॥

ब्रह्माख्यां कामविद्यां नरहरिजननीं कामकूटस्वरूपां
हाकिन्याख्यां शम्भुजायां त्रिवधुमदनशां तारिणीं स्तौमि सिद्धाम् ।
हेरम्बानन्दविद्यां त्रिसमनदमनीं दीर्घकेशीं त्रिनेत्रां
मन्दारारण्यमध्ये विकसितवदनाम्भोजहासप्रकाशाम् ॥ ३ ॥

मैं ब्रह्मनाम से कही जाने वाली कामविद्या, नृसिंह की जननी कामकूट स्वरूपा, सदाशिव की जाया (त्रिवधुमदनशां?) महाकाली, महालक्ष्मी एवं महासरस्वती से संस्तुत प्राणियों को भवसागर से पार करने वाली सिद्धस्वरूपा हाकिनी नाम से विख्यात देवी की स्तुति करता हूँ, जो हेरम्ब (श्रीगणेश) की आनन्दविद्या है, तीनों तापों का दमन करने वाली हैं, जिनके केश लम्बे हैं, ऐसी तीन नेत्रों वाली जो देवी पारिजात वन के मध्य में अपने खिले हुये प्रसन्न मुख कमलों के हास से प्रकाशित हो रही हैं ॥ ३ ॥

हिरण्यालङ्कारां त्रितयनयनां पट्टवसनां
महास्निग्धां शुद्धां कुलजनवरामिन्दुवदनाम् ।
सदा स्तौति श्रीदां भुवनकरुणां भावतरुणां
त्रिवेणीश्वेताभां वसमयतनुं भ्रूयुगदले ॥ ४ ॥

---

१. वाचो ग्मिनिरिति ग्मिनिप्रत्ययः ।

हिरण्यविरचित अलङ्कारों से विभूषित तीन नेत्रों वाली रेशमीवस्त्र धारण किये हुये, अत्यन्त दयापूर्ण, सर्वथा शुद्ध श्रेष्ठ कुलीन, चन्द्रमा के समान मुख वाली उन हाकिनी देवी की मैं सदा स्तुति करता हूँ, जो महाश्री प्रदान करने वाली, त्रिभुवन पर दया करने वाली, शरीर से युवावस्था संपन्न, त्रिवेणी के समान श्वेत प्रकाश करने वाली तथा दोनों भ्रुकुटियों के मध्य में कमल तन्तु के समान कोमल अङ्गों वाली हैं ॥ ४ ॥

महापद्मवनोद्रेकरम्यस्थाननिवासिनि ।
हाकिनि त्वां मुदा स्तौमि तद्धर्मकुरुपागताम् ॥ ५ ॥

हे महापद्म के वन समूहों के मध्य में विचरण करने वाली हाकिनि ! मैं प्रसन्नतापूर्वक आपकी स्तुति करता हूँ । मुझे भी अपने धर्म के समान बना लीजिए ॥ ५ ॥

संसारार्णवतारिणीं नरहरिप्रेमाभिलाषोन्मनीं
भावारम्भविसर्जनैकनिलया मायां महासुन्दरीम् ।
भास्वत्कोटिसुरत्नसिंहवसतिं[१] श्रीहाकिनीं द्राविणीं
स्तौमि क्षेत्रनिरीक्षणाय नियतां श्रीभारतीभाविताम् ॥ ६ ॥

संसाररूपी महासमुद्र से पार करने वाली, नृसिंह में प्रेमाभिलाप करने के कारण उन्मनी, कार्यों को प्रारम्भ तथा समाप्ति करने का एक मात्र हेतु, मायास्वरूपा उन महासुन्दरी हाकिनी की मैं स्तुति करता हूँ, जो देदीप्यमान करोड़ों रत्नों से जगमगाती हुई, सिंह के वाहन पर संस्थित हैं, विपत्तियों को द्रावण करने वाली हैं, क्षेत्ररूपी शरीर की रक्षा के लिये नियमपूर्वक उसमें निवास करती हैं किं बहुना जो श्री एवं सरस्वती दोनों से संस्तुत हैं ॥ ६ ॥

संस्कारश्रियमातनोति[२] सहसा श्रीपार्वतीवल्लभे
नानारत्नकलापदर्शनमहाज्ञानं निदानं धनम् ।
सा साक्षादखिलेश्वरी [३]परशिवानन्दैकबिन्दूज्ज्वला
मामादौ परिरक्षतु प्रियकरी संस्तौमि पीठान्तरे ॥ ७ ॥

जो पार्वती वल्लभ सदाशिव में सहसा संस्कार रूपी श्री उत्पन्न करती हैं, जो ज्ञान रूप नाना रत्न समूहों के दर्शन के लिये महाज्ञान देती हैं और जो सर्वश्रेष्ठ धन हैं, ऐसी साक्षाद् अखिलेश्वरी, परशिव रूप आनन्द की एकमात्र उज्ज्वल बिन्दु, सबका प्रिय करने वाली हाकिनी की मैं इस पीठ पर स्तुति करता हूँ, वह सर्वप्रथम हमारी रक्षा करें ॥ ७ ॥

आकाशवेदलिङ्गे स्थितिपथिमिलिते भाति सा रक्तबर्हा
सा मां पात्वम्ब काली कुलपथभविका क्रोधनिःक्रोधकर्त्री ।
तस्याः श्रीपादपद्मत्रिभुवनभक्तकेशालिमाला
युक्तं सर्वेन्द्रपूज्यं निरवधिकमले द्वे दले स्तौमि विद्याम् ॥ ८ ॥

---

१. भास्वत्कोटिसुरत्नेति सिंहस्य विशेषणम् । अथवा स्वतन्त्रमेव । तेषु सिंहे च वसतिर्यस्याः सा ।
२. संस्कारजनितां श्रियमित्यर्थः ।
३. परशिव आनन्दस्तस्यैको बिन्दुस्तेनोज्ज्वला प्रकाशमाना ।

आकाशरूपी वेद के कुलमार्ग में सदाशिव से मिल जाने पर जो रक्त मयूर पंख रूप में भासित होती हैं, ऐसी कुलपथ की कल्याणकारिणी वह अम्बा काली मेरी रक्षा करें। जो चण्डस्वरूप एवं शान्त स्वरूपा हैं, जिनका चरणकमल त्रिभुवन के भक्तों के केशरूपी भ्रमर समूहों से शोभित हो रहा है तथा जो शिव एवं इन्द्र से पूजित हैं, ऐसी दो दल वाले निःसीम महान् कमल पर विराजमान उन महाविद्या की मैं स्तुति करता हूँ ॥ ८ ॥

साङ्गं द्वयं त्वत्प्रियं पदयुगं पत्रद्वयश्रेयसं
मञ्जीराद्भुतहारपादकमलं सम्भाव्य संस्तौम्यहम् ।
यद् ध्यात्वा हरिरीश्वरो गुणधरो जेता महारेःक्षणा-
दाशापाशविसर्जनैकनिलयं त्रैलोक्यसंरक्षकः ॥ ९ ॥

हे मातः ! आपका दोनों चरणकमल भूपद्म के दोनों पत्रों का कल्याण करने वाला है। ऐसे मंजीर के अद्भुत हार से युक्त, आशा रूप पाश के उच्छेद के एक मात्र स्थान, ऐसे आपके चरण कमलों का ध्यान कर मैं स्तुति करता हूँ, जिसका ध्यान कर हरि (विष्णु) और ईश्वर (महादेव) सगुण बन गये। उन लोगों ने अपने-अपने शत्रुओं का एक क्षण में विनाश भी किया और त्रैलोक्य रक्षक बन गये ॥ ९ ॥

या यात्रा व्रतवासिनी शशिमुखी छागादिमांसप्रिया ।
मामेकं परिपालय त्वमखिले त्वामेकरूपां शिवाम् ।
स्तौमीन्द्रावनतिप्रियां वाङ्मोक्षसहितानन्दैकहेतुप्रदाम् ॥ १० ॥

जो चन्द्रमुखी व्रत की दीक्षा लेने वाले अपने भक्तों का सर्वथा निर्वाह करती हैं, जिसे छाग के मांस अत्यन्त प्रिय हैं, हे अखिले ! आप मेरी रक्षा कीजिए। जो एकरूप वाली, कल्याणकारिणी, इन्द्र के प्रणाम से प्रसन्न होने वाली, वाणी तथा मोक्ष प्रदान करने वाली और आनन्द के एक मात्र स्थान हैं ऐसी आपकी मैं स्तुति करता हूँ ॥ १० ॥

वरं परं नमाम्यहं गिरीन्द्ररूपगर्वहं[१]
महेश्वरं परेश्वरं श्मशानबीजगह्वरम् ।
हिरण्यरत्नभूषणं शतेन्दुतेजसं तथा
शिवं तनुं पुनः परप्रभाप्रभाकरम् ॥ ११ ॥

शिवस्तुति—जो गिरिन्द्र (हिमालय) रूप से सब के गर्व को नष्ट करने वाले महेश्वर, परमेश्वर श्मशान पर निवास करने वाले हैं, हिरण्य तथा रत्नों के भूषण से भूषित, सैकड़ों चन्द्रमा के समान तेज वाले, कल्याणकारी, पुनः-पुनः ब्रह्म के तेज से उद्दीप्त हैं, ऐसे हाकिनी के वर परब्रह्मस्वरूप सदाशिव को मैं नमस्कार करता हूँ ॥ ११ ॥

शरेण्यं वरेण्यं महाकामधन्यं
महादेवदेवं त्रिकालादिजन्यम् ।
श्मशानोग्रधूलिप्रियाङ्गानुलेपं
सदा स्तौमि संसारसारं निषेकम् ॥ १२ ॥

---

१. गिरीन्द्ररूपस्य गर्वं हन्ति, एवंभूतो महेश्वरः ।

सबको शरण देने के कारण जो शरण्य हैं, सबसे श्रेष्ठ होने के कारण जो वरेण्य हैं, महाकाम को धन्य करने वाले हैं, महान् से महान् देवों के भी देव हैं, त्रिकाल के जो जनक हैं, जिन्हें श्मशान की उग्रधूलि का अनुलेप अत्यन्त प्रिय है, ऐसे संसार के सारभूत सब को आनन्द सिंचित करने वाले हाकिनी के वर सदाशिव को मैं प्रणाम करता हूँ ॥ १२ ॥

परशिवं मनसा सहसा निशि
प्रतिदिनं प्रणमाम्यहमादिमम्[१] ।
शशिमुखीशतचन्द्रिकयान्वितं
भजनसाधक सत्फलदायकम् ॥ १३ ॥

मैं प्रतिदिन सबके आदि (जनक) परशिव को सहसा रात्रिकाल में प्रणाम करता हूँ, जो सैकड़ों चन्द्रमा के प्रकाश से प्रकाशित चन्द्रिका से युक्त हैं तथा भजन रूप साधन का सत्फल प्रदान करने वाले हैं ॥ १३ ॥

परशिवचरणाब्जं हाकिनीशक्तिसेव्यं
त्रिभुवनसुखदानं ध्यानमात्रप्रकाशम् ।
अतिसुललितहस्ताम्भोजशोभां वहन्तं
भुवि निजकुलसारं स्तौमि योगीन्द्रगम्यम् ॥ १४ ॥

जो अपने अत्यन्त सुन्दर हाथों में धारण किये गये कमलों की शोभा बढ़ा रहे हैं । किं बहुना, जिन सदाशिव का चरण कमल हाकिनी शक्ति से सेव्य है, समस्त त्रिभुवन को सुख देने में समर्थ है, किं बहुना, ध्यानमात्र से अन्तःकरण को प्रकाशित करने वाले है, ऐसे योगीन्द्रगणों से गम्य, पृथ्वी में निजकुल के सारभूत उन हाकिनीपति सदाशिव की मैं स्तुति करता हूँ ॥ १४ ॥

शोक्कशोकावलीलामति हि कलयति प्राणदेहाभिलाषं
हाकिन्याः प्राणनाथो भवशमनकरो हीरकास्रग्धरो वा ।
सोऽसौ भ्रूपद्मसारे रचयित कलिकां चित्तदीपस्य नित्यां
तस्य श्रीपादपद्मं गुणगणयजितं पूजितं स्तौमि भाले ॥ १५ ॥

जो शोकसमूहों के शोषक है तथा प्राण और देह की अभिलाषा को अत्यन्त बढ़ाते हैं, किं बहुना जो हाकिनी के प्राणेश्वर हैं और संसार को शान्त करने वाले हैं, हीरे की माला धारण करने वाले वही सदाशिव दोनों भुवों के मध्य में स्थित आज्ञाचक्र में चित्तरूपी दीप की नित्य कलिका को उद्दीप्त किये हुये हैं, उन्हीं सदाशिव के अनन्तगुण गणों से समन्वित श्रेष्ठ पादपद्मों की मैं अपने मस्तक में स्तुति करता हूँ ॥ १५ ॥

मेरुशृङ्गनिकेतनैकवसनं गोलोकसंसेवितं
यज्ञानन्दनिषेवितं परशिवं योगीन्द्रचित्तस्थलम् ।
हालापाननिराकुलं पशुसमां सामोदनाचर्वणां

१. आदौ सृष्टेरादौ भवमादिमम् । 'अग्रादिपश्चाड्डिमच्' इति डिमच्प्रत्ययः । सृष्टिकर्ता भर्ता इत्यर्थः ।

वन्दे नन्दिमहादिभैरववरैर्वन्द्यं जगत्कारणम् ॥ १६ ॥

जिनका निवास स्थान एक मात्र मेरु का शिखर है, जो गोलोक से सेवित हैं, यज्ञानन्द से निषेवित, जो परशिव योगीन्द्रों के चित्त स्थल में निवास करते हैं, हाला नामक विष के पान से भी जिन्हें कभी कोई व्याकुलता नहीं हुई, पशु के समान यह सारा जगत् जिनका चर्वण है, ऐसे जगत् के कारणभूत नन्दी एवं महाभैरव से युक्त सदाशिव की मैं वन्दना करता हूँ ॥ १६ ॥

मायापथच्छलकलाकपिलापतिस्त्वं
त्वं भूरविपतिरूपापतिरेकचक्रः ।
आपोऽनलत्वमखिले गगनप्रकाशा-
वायुस्थमावसिमुखं शरणं प्रपद्ये ॥ १७ ॥

हे भगवन् ! उस माया के पथ से छल की कला करने वाले आप कपिलाओं के पति हैं, आप पृथ्वी एवं सूर्य के पति हैं, चन्द्रमा के पति हैं तथा एकचक्र स्वरूप यजमान हैं। आप जल तथा अग्नि हैं । प्रकाश करने वाले, आकाश तथा वायु में स्थित हैं, इस प्रकार पंचमहाभूत रूप सब के आवास के मुख्य स्थान आपकी शरण मैं ग्रहण करता हूँ ॥ १७ ॥

वाञ्छाकल्पद्रुमतलगतं हेमसिंहासनस्थं
श्रीहाकिन्या रमणनिरतं कामकेलिप्रकाशम् ।
मायामोहं क्षयमतिसुखं विन्ध्यशैलाग्रसंस्थं
वन्दे नाथं हरपरशिवं रूपजालप्रकाशम् ॥ १८ ॥

अभीष्ट सिद्धि प्रदान करने वाले, कल्पवृक्ष के नीचे सुवर्ण रचित सिंहासन पर श्री हाकिनी के साथ रमण करने वाले, काम केलि ईं का प्रकाश करने वाले, माया मोह का क्षय करने वाले, अत्यन्त सुख के निधान, विन्ध्य पर्वत के अग्रभाग पर रहने वाले तथा अपने रूपजाल से जगत् में प्रकाश करने वाले हर परशिव स्वरूप नाथ की मैं वन्दना करता हूँ ॥ १८ ॥

फलश्रुतिकथनम्

पठेद् यः स्तोत्रार्थं भवति स सुखी योगनिपुणः
क्षुधातृष्णानाशः श्रवणधृतयशोवासिसरसः ।
स योगीन्द्रो मासादतिशयपरानन्दघटकः
परीतः प्राणाख्ये रचयति सुधासिन्धुसुरसम्[१] ॥ १९ ॥

जो इस स्तोत्र के अर्थ का अनुसन्धान करते हुये इसका पाठ करता है वह सुखी होता है । योग विद्या में विचक्षण होता है । उसकी क्षुधा तथा तृष्णा नष्ट हो जाती है । उसका यश सबके कर्णकुहर में प्रविष्ट हो जाता है और वह आनन्द रूप रस से युक्त हो जाता है । वह

---

१. सुधासिन्धुश्चासौ सुरसश्च । शोभनरससमन्वितः ।

योगीन्द्र मात्र एक मास पाठ करने से परानन्द की प्राप्ति कर लेता है और पुरी (आत्मा)से प्रारम्भ कर प्राणवायु पर्यन्त अत्यन्त सरस सुधा सिन्धु का आनन्द प्राप्त करता है ॥ १९ ॥

एतत् स्तोत्रं पठेद्विद्वान् ध्यानन्याससमन्वितम्[१] ।
शुक्लं रक्तं तथा पीतं नीलं कृष्णं विभाव्य च ॥ २० ॥

विज्ञ साधक शुक्ल, रक्त, पीत नील एवं कृष्णस्वरूपा हाकिनी भगवती का ध्यान करते हुए ध्यान एवं न्यास से युक्त होकर इस स्तोत्र का पाठ करे ॥ २० ॥

कालचतुष्टये नित्यं पठित्वा सिद्धिमाप्नुयात् ।
आकाशे भूतले नाथ पाताले विघ्नकोटयः ॥ २१ ॥
योगिनां पठनादेव नश्यन्ति तत्क्षणादिह ।
सर्वत्र गामी स भवेदतिभाग्यफलोदयम् ॥ २२ ॥

हे नाथ ! साधक नित्य चारों काल (दो सन्ध्या, दोपहर और अर्धरात्रि) में इस स्तोत्र का पाठ करने से सिद्धि प्राप्त करता है । हे नाथ ! बहुत क्या कहें उसके आकाश, भूतल एवं पाताल से होने वाले करोड़ों विघ्न तत्क्षण नष्ट हो जाते हैं । उसकी गति अप्रतिहत रूप से सर्वत्र हो जाती है तथा उसके बहुत बड़े भाग्य का उदय हो जाता है ॥ २१-२२ ॥

महापापहरं स्तोत्रं हाकिनीहृदयोद्भवम् ।
सदाशिवप्रियं योगसिद्धिदं देवसेवितम् ॥ २३ ॥

हाकिनी देवी के हृदय से उत्पन्न यह स्तोत्र महापातकों का हरण करने वाला है । देवसेवित, योगमार्ग में सिद्धि देने वाला तथा सदाशिव को अत्यन्त प्रिय है ॥ २३ ॥

सहस्रवारपाठेन पुरश्चर्याफलं लभेत् ।
पठित्वा स्तोत्रराजं तु श्मशाने निर्जने वने ॥ २४ ॥
अन्तरीक्षेऽथवा नाथ योगी स्यादमरो महान् ।
अस्य प्रपठनाद्वाग्मी ज्ञानवान् विजितेन्द्रियः ॥ २५ ॥
ध्यानात्मा संभवेत् क्षिप्रं परिवारगणैः सह ।
प्रातःकाले निशायां तु मध्याह्ने शेषकालके ॥ २६ ॥
प्रपठेत् स्तोत्रसारं तु भावात्मा साधकोत्तमः ।
अनायासेन भ्रूपद्मे स्थिरो भवति निश्चितम् ॥ २७ ॥

हे नाथ ! इस स्तोत्र राज का एक हजार बार पाठ करने से पुरश्चरण का फल प्राप्त होता है । श्मशान में, एकान्त में, वन में, अन्तरिक्ष में पाठ करने से साधक महान् योगी एवं अमर हो जाता है । किं बहुना, साधक इसके पाठ करने से वाग्मी, ज्ञानवान् एवं जितेन्द्रिय बन जाता है । इतना ही नहीं वह अपने परिवारगणों के साथ हाकिनी देवी का आत्मा से ध्यान करने लग जाता है । प्रातःकाल, अर्धरात्रि, मध्याहन तथा शेष समय में यदि पाठ करे तो

---

१. ध्यानेन न्यासेन च समन्वितम् ।

उत्तम साधक भावात्मा बन जाता है और वह निश्चित रूप से भ्रुवों के मध्य आज्ञाचक्र रूप पद्म में अनायास ध्यान करने लग जाता है ॥ २४-२७ ॥

श्रीगुरोश्चरणाम्भोजं[१] हृदये ध्याननिर्णयम् ।
यो ध्यात्वा पठ्यते स्तोत्रं स भवेत् कल्पपादपः[२]॥ २८ ॥
इदानीं कथये नाथ कवचं पटलान्तरे ॥ २९ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे भैरवीभैरवसंवादे हाकिनीपरनाथस्तोत्रविन्यासो नाम त्र्यशीतितमः पटलः ॥ ८३ ॥

इस स्तोत्र का पाठ करते समय श्रीगुरु के चरण कमलों का हृदय में ध्यान करना चाहिए । इस प्रकार ध्यान करते हुए जो स्तोत्र का पाठ करता है वह (स्वयं) कल्पवृक्ष (इच्छा पूर्ति करने वाला) बन जाता है । हे नाथ ! इस (स्तोत्र को कहने) के बाद अब वक्ष्यमाण पटल (८४) में हाकिनी का कवच कहता हूँ ॥ २८-२९ ॥

॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन प्रकरण में भैरवीभैरव संवाद में हाकिनी परनाथ स्तोत्रविन्यास नामक तिरासीवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ८३ ॥

---

१. चरणौ अम्भोजमिव इति, उपमितसमासः ।

२. कल्पस्य कल्पनायाः पादपो वृक्षः, कल्पतरुरित्यर्थः । यस्य छायायां मनोरथानि फलन्ति ।

अथ चतुरशीतितमः पटलः

श्रीआनन्दभैरव उवाच

अथादौ कथयानन्दभैरवि प्राणवल्लभे ।
कवचं हाकिनीदेव्याः परमानन्दवर्धनम् ॥ १ ॥

श्रीआनन्दभैरव ने कहा—हे आनन्दभैरवी ! हे प्राणवल्लभे ! अब आप पहले श्रेष्ठ एवं आनन्ददायक हाकिनी देवी के कवच को कहिए ॥ १ ॥

हेतुयुक्तं श्रद्धया मे करुणासागरस्थिते ।
शीघ्रं विरचयानन्द कवचं सारमङ्गलम् ॥ २ ॥

हे करुणा के सागर में स्थित रहने वाली ! हेतु से युक्त एवं सारमङ्गल कवच की शीघ्र ही रचना कर मुझसे श्रद्धापूर्वक (कहकर) आनन्द प्रदान कीजिए ॥ २ ॥

विमर्श—**सारमङ्गलम्**—सारमङ्गलं कवचं शीघ्र विरचयेत्यन्वयः ॥ २ ॥

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

आदौ शृणु महावीर परमानन्दसागर ।
कवचं हाकिनीदेव्याः संसारार्णवतारकम् ॥ ३ ॥

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा—हे महावीर ! हे श्रेष्ठ आनन्द के सागर ! संसार रूप समुद्र से पार लगाने वाले हाकिनी देवी के कवच को पहले सुनिए ॥ ३ ॥

यस्य स्मरणमात्रेण योगी योगस्थिरो भवेत् ।
अन्तरिक्षे च भूलोके पाताले ये चराचराः ॥ ४ ॥
स्तम्भिता वेपमानाः स्युर्विद्याज्ञानादिपाठतः ।
कवचध्वनिमात्रेण भूतप्रेतपिशाचकाः ॥ ५ ॥
विद्रवन्ति भयार्ता वै कालरुद्रप्रभावतः ।
यथाऽलोको वह्निमध्ये स्थिरो भवति निश्चितम् ॥ ६ ॥

जिस कवच के श्रवणमात्र से योगी योग में स्थिर चित्त हो जाता है, और अन्तरिक्ष, भूलोक तथा पाताल में जो चर या अचर प्राणी हैं वे इस विद्या के ज्ञानपूर्वक पाठ से कम्पित होते हुए स्तम्भित हो जाते हैं । इस कवच के ध्वनि मात्र से भूत, प्रेत एवं पिशाच कालरुद्र के प्रभाव से तथा भय से आर्त होकर भाग जाते हैं । जैसे आलोक (प्रकाश) अग्नि के मध्य निश्चित ही स्थिर होता है वैसे ही साधक में कवच के पाठ से तेज स्थिर हो जाता है (भूताश्च प्रेताश्च पिशाचकाश्च इतरेतरयोगद्वन्द्वः ।) ॥ ४-६ ॥

ॐ अस्याः श्रीहाकिनीदेव्याः सानन्दसारमङ्गलस्य महाकवचस्य सदाशिव ऋषि-र्गायत्रीच्छन्दः श्रीहाकिनीपरदेवता क्लीं बीजं स्वाहा शक्तिः सिद्धलक्ष्मी-मूलकीलकं देहान्तर्गत महाकामसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

विनियोग—ॐ इस सानन्द सारमङ्गल श्रीहाकिनी देवी के महान् कवच के सदा-शिव ऋषि हैं, गायत्री छन्द है, श्रीहाकिनी परदेवता हैं । क्लीं बीज है, स्वाहा शक्ति है, सिद्ध लक्ष्मी मूलकीलक है । देहान्तर्गत महान् कामना की सिद्धि के लिए जप में मेरा निश्चय है ॥

ॐ पातु शीर्षचक्रं मे क्लीं पातु भालमण्डलम् ।
स्वमूलं पातु मे नित्यं लोचनत्रितयं मम ॥ ६ ॥
गण्डयुग्मं सदा पातु वाग्भवाद्या मनोरमा ।
श्रीं ह्रीं पातु कर्णयुग्मं हाकिनी परदेवता ॥ ७ ॥

ॐ (प्रणव) शीर्षचक्र की रक्षा करे । क्लीं बीज ललाट प्रदेश की रक्षा करे । मेरा स्वमूल लोचनत्रितय नित्य मेरी रक्षा करें । वाग्भव (ऐं) आदि एवं मनोरम (वर्ण) सदा मेरे दोनों कपोलों की रक्षा करें । श्रीं और ह्रीं, श्रेष्ठ देवता हाकिनी मेरे दोनों कानों की रक्षा करें ॥ ७-८ ॥

विमर्श—भालमण्डलम्—भालस्य मस्तकस्य मण्डलम् । **मनोरमा**—रमयति या सा रमा, मनसो रमा मनोरमा ।

महाविद्या सदा पातु ममोष्ठाधरसम्पुटम् ।
दन्तावलियुगं पातु ह्रीं श्रीं स्वाहा परेश्वरी ॥ ९ ॥
क्लीं ह्रीं श्रीं हाकिनीदेवी स्वाहा पातु रसप्रियाम् ।
सृक्कनीं पातु सततं शक्तिः कामवरा मधुः ॥ १० ॥

मेरे दोनों ओष्ठों के सम्पुट की सदैव महाविद्या रक्षा करें । ह्रीं श्रीं और स्वाहा तथा श्रेष्ठ ईश्वरी मेरी दन्तपंक्तियों की रक्षा करें । क्लीं, ह्री, श्रीं हाकिनी देवी एवं स्वाहा जिह्वा रसप्रिया की रक्षा करें । कामश्रेष्ठ मधु शक्ति निरन्तर मेरे सृक्कनी की रक्षा करें ॥ ९-१० ॥

विमर्श—दन्तावलियुगं—दन्तानामवली, तयोर्युगम् । उपरिभागेऽधोभागे च स्थिता दन्तावलिः ।

स्वाहा पातु शिखा शक्तिर्भ्रूमध्यं पातु सर्वदा ।
हाकिनी मण्डलं पातु परानाथेश्वरी परा ॥ ११ ॥
सुन्दरी सर्वदा पातु द्विदलं कामसुन्दरी ।
अमृताख्या सदा पातु भ्रूप्रकाशस्थलं मम ॥ १२ ॥

स्वाहा देवी शिखा की रक्षा करें । शक्ति सर्वदा भ्रूमध्य की रक्षा करें । परानाथेश्वरी श्रेष्ठ हाकिनी देवी मेरे मण्डल की रक्षा करें । सुन्दरी एवं कामसुन्दरी सर्वदा मेरे द्विदल की रक्षा करें । अमृता नामक देवी सदा मेरे भ्रूप्रकाश के स्थल की रक्षा करें ॥ ११-१२ ॥

वह्निज्वाला सदा पातु भ्रूश्मशानस्थलं मम ।
सुरभी पातु मायास्त्रं स्वाहा मे भ्रूगतच्छदम् ॥ १३ ॥

त्रिकोणं पातु कामाख्या हाकिनी परमेश्वरी ।
त्रिपुरा सुन्दरी पातु द्विषट्कोणं सदा मम ॥ १४ ॥

वह्निज्वाला देवी सदा मेरे भ्रूश्मशानस्थल की रक्षा करें । सुरभी मेरे मायास्त्र की तथा स्वाहा मेरे भ्रूगतच्छद की रक्षा करें । हाकिनी परमेश्वरी और कामाख्या तीन देवी मेरे त्रिकोण की रक्षा करे । त्रिपुरा (भैरवी) और (त्रिपुर) सुन्दरी सदा मेरे द्विषट्कोण की रक्षा करें ॥ १३-१४ ॥

हिङ्गुलादेश्वरी पातु षट्कोणबिन्दुमण्डलम् ।
सप्तभूबिम्बमापातु भूतलान्तःप्रकाशिनी ॥ १५ ॥
महाशतदलं पातु शतकोटिमरुप्रिया ।
गुरुविद्यामयी पातु वाणी मे मत्तगामिनी ॥ १६ ॥

हिंगुलादेश्वरी देवी मेरे षट्कोण बिन्दुमण्डल की रक्षा करें । भूतलान्त प्रकाशिनी देवी सप्त भू विम्ब (अतल, वितल आदि सात तलों) तक मेरी रक्षा करें । शतकोटिमरु-प्रिया देवी मेरे महाशतद्दल की रक्षा करें । मत्तगामिनी एवं गुरुविद्यामयी देवी मेरे वाणी की रक्षा करें ॥ १५-१६ ॥

चतुर्द्वारं सर्वचक्रं पातु मे परमेश्वरी ।
अत्यन्तदुःखहन्त्री मे मनश्चक्रं सदाऽवतु ॥ १७ ॥
शब्दब्रह्ममयी पातु चन्द्रमण्डलमेव मे ।
अकालतारिणी दुर्गा सर्गस्थित्यन्तकारिणी ॥ १८ ॥

परमेश्वरी चारों द्वारों और मेरे सर्वचक्र की रक्षा करें। अत्यन्त दुःखों का विनाश करने वाली देवी सदा मेरे मनश्चक्र की रक्षा करें। शब्दब्रह्ममयी देवी मेरे चन्द्रमण्डल की रक्षा करें। सृष्टि, स्थिति एवं विनाश करने वाली अकाल तारिणी दुर्गा देवी मेरी रक्षा करें ॥ १७-१८ ॥

विमर्श—शब्दब्रह्ममयी—शब्द एव ब्रह्म, तत्स्वरूपा ।

महापुरुषसंस्थानं हाकिनी मण्डलं मम ।
पातु वर्णमयी तारा चन्द्रार्धं मे सुरेश्वरी ॥ १९ ॥
उन्मनीनगरं पातु वह्निकुण्डनिवासिनी ।
मदिरा पातु सततं भालं विषहरा मम ॥ २० ॥

हाकिनी देवी मेरे महापुरुष संस्थान मण्डल की तथा वर्णमयी तारा देवी तथा सुरेश्वरी मेरे चन्द्रार्ध की रक्षा करें । वह्निकुण्ड (वहति हविर्द्रव्यमिति वह्निः, तस्य कुण्डे निवसति, तच्छीला) में निवास करने वाली देवी मेरे उन्मनी नगर की रक्षा करें । विषहरा मदिरा देवी सतत मेरे भाल की रक्षा करें ॥ १९-२० ॥

धर्मदा ज्ञानदा पातु धर्मज्ञानपदं मम ।
तालपत्नीश्वरी पातु अमृतानन्दकारिणी ॥ २१ ॥
वैराग्यनिकरं पातु बिन्दुस्थानं महाबला ।
त्रितारी कूटशक्तिर्मे सदा पातु विशुद्धकम् ॥ २२ ॥

धर्मदा और ज्ञानदा देवी मेरे धर्म एवं ज्ञानस्थान की रक्षा करें । अमृतानन्दकारिणी (अमृतानन्दं करोति तच्छीला, णिनिः कर्तरि, स्त्रीत्वविवक्षायां ङीप्) तथा तालपत्नीश्वरी मेरी रक्षा करें । महाबला देवी मेरे वैराग्य निकर तथा मेरे बिन्दु स्थान की रक्षा करें । त्रितारी कूटशक्ति देवी मेरे विशुद्धचक्र की सदा रक्षा करें ॥ २१-२२ ॥

शाकिनीशं सदा पातु शाकिनी कुलभैरवी ।
सप्तद्वीपेश्वरी पातु मम षोडशपङ्कजम् ॥ २३ ॥
शाकिनी भैरवी पातु चण्डदुर्गा सरस्वती ।
कुमारी कुलजा लक्ष्मीः सिद्धार्थं मे सदाऽवतु ॥ २४ ॥

शाकिनी और कुलभैरवी देवी सदा शाकिनीश की रक्षा करें । सप्तद्वीपेश्वरी देवी मेरे षोडश दल कमल की रक्षा करें । शाकिनी, भैरवी, चण्डदुर्गा एवं सरस्वती मेरी रक्षा करें । कुमारी, कुलजा और लक्ष्मी देवी सदा मेरे सिद्धार्थ की रक्षा करें ॥ २३-२४ ॥

हृदयं पातु सततं शाकिनी परमेश्वरी ।
बीजरूपा सदा देवी महामहिषघातिनी ॥ २५ ॥
उदरं पातु सततं योगिनीकोटिभिः सह ।
उमा महेश्वरी पातु प्रचण्डा मम पृष्ठकम् ॥ २६ ॥

शाकिनी परमेश्वरी देवी निरन्तर मेरे हृदय की रक्षा करें । महामहिषघातिनी, बीजरूपा देवी सदा मेरी रक्षा करें । करोड़ो योगिनियों के साथ उमा एवं माहेश्वरी देवी सदैव मेरे उदर की रक्षा करें । प्रचण्डा देवी मेरे पृष्ठ देश की रक्षा करें ॥ २५-२६ ॥

चामुण्डा भैरवी बाला पार्श्वयुग्मं सदाऽवतु ।
परमा चेश्वरी पातु देवमाता स्तनद्वयम् ॥ २७ ॥
सौभाग्यहाकिनी देवी पायात्तु यक्षसः प्रियम् ।
आद्या देवी शिखारूपा भुजयुग्मं सदाऽवतु ॥ २८ ॥

चामुण्डा, भैरवी एवं बाला देवी मेरे दोनों पार्श्वों की सदा रक्षा करें । देवमाता श्रेष्ठ ईश्वरी देवी मेरे स्तनद्वय की रक्षा करें । सौभाग्य हाकिनी देवी यक्ष के प्रिय (?) की सदा रक्षा करें । शिखारूपा आद्या देवी सदा मेरे दोनों भुजाओं की रक्षा करें ॥ २७-२८ ॥

सर्वापराधहर्त्री मे कामविद्या दशच्छदम् ।
मणिपूरं सदा पातु दशवर्णात्मिका शिवा ॥ २९ ॥
नाभिचक्रं सदा पातु लाकिनी पद्मवासिनी ।
नित्यदेशदलं पातु पार्वती वेदपालिनी ॥ ३० ॥

सभी अपराधों का हरण करने वाली मेरी और कामविद्या देवी दस दल कमल की रक्षा करें । दशवर्णात्मिका (?) शिवा देवी सदैव मेरे मणिपूर की रक्षा करें । पद्म पर निवास करने वाली लाकिनी देवी सदा नाभिचक्र की रक्षा करें । वेद का पालन करने वाली पार्वती देवी नित्य देशदल कर रक्षा करें ॥ २९-३० ॥

महारुद्रेश्वरी पातु पीठरूपं मणिं मम ।
तेजोमण्डलमापातु रुद्राणी शूलधारिणी ॥ ३१ ॥
अभया सर्वदा पातु योगविद्या नितम्बकम् ।
नितम्बाधारचक्रं मे पातु शैलं नितम्बिनीं ॥ ३२ ॥

महारुद्रेश्वरी देवी मेरे पीठ रूप मणि की रक्षा करें । शूल धारण करने वाली रुद्राणी देवी मेरे तेजो मण्डल की रक्षा करें । अभया योगविद्या देवी सर्वदा मेरे नितम्बों की रक्षा करें । नितम्बिनी देवी मेरे नितम्ब के आधार चक्र की तथा शैल (चूतड़) की रक्षा करें ॥ ३१-३२ ॥

विमर्श—तेजोमण्डलमापातु—शूलधारिणी रुद्राणी तेजोमण्डलम् आपातु इत्यन्वय-योजना । **शैलं**—'शैलनितम्बिनी' इत्येवं पदं युक्तम् ।

तरुणी मन्त्रजालस्था वैष्णवी लिङ्गमण्डलम् ।
सदा पातु हाकिनीशा महाविष्णुस्थलं मम ॥ ३३ ॥
वैष्णवी ललिता माया रमादेवी कटिं मम ।
स्वाधिष्ठानं सदा पातु गुह्यरूपा सरस्वती ॥ ३४ ॥

मन्त्रजाल में रहने वाली तरुणी वैष्णवी देवी मेरे लिङ्ग मण्डल की रक्षा करें । हाकिनीशा देवी सदा मेरे महाविष्णु स्थल (?) की रक्षा करें । वैष्णवी देवी, ललिता देवी, माया देवी और रमा देवी मेरे कटि प्रदेश की रक्षा करें और गुह्यरूपा सरस्वती मेरे स्वाधिष्ठान (चक्र) की सदैव रक्षा करें ॥ ३३-३४ ॥

भवानी भगवत्पत्नी श्मशानकालिका गुदम् ।
पातु मे रणमातङ्गी राकिनी कुलमण्डलम् ॥ ३५ ॥
व्यक्ताव्यक्तस्वरूपा मे मूलाधारं सदाऽवतु ।
चतुर्दलं चतुर्वर्णं पातु मे ज्ञानकुण्डली ॥ ३६ ॥

भवानी, भगवत्पत्नी और श्मशान कालिका देवी मेरे गुद प्रदेश की रक्षा करें । रणमातङ्गी राकिनी (राधा) देवी मेरे कुल मण्डल (?) की रक्षा करें । व्यक्त एवं अव्यक्त स्वरूप वाली देवी मेरे मूलाधार (चक्र) सदा रक्षा करें । ज्ञानकुण्डली देवी मेरे चतुर्दल कमल की और चतुर्वर्ण की रक्षा करें ॥ ३५-३६ ॥

तपस्विनी सदा पातु पावनी मूलमावतु ।
रतिका घटिका वेश्या धरिणी कामसुन्दरी ॥ ३७ ॥
वह्निकान्ता सदा पातु ममोरूयुगलं सदा ।
उल्कामुखी क्षेत्रसिद्धा जङ्घायुग्मं सदाऽवतु ॥ ३८ ॥

पवित्र करने वाली तपस्विनी देवी सदा मेरे मूल (शरीर) की रक्षा करें । इसी प्रकार अन्य रतिका देवी, घटिका, वेश्या, धरिणी तथा कामसुन्दरी देवी मेरी रक्षा करें । वह्निकान्ता (स्वाहा) सदैव मेरे दोनों ऊरुओं की रक्षा करें । क्षेत्रसिद्धा उल्कामुखी देवी सदैव मेरी दोनों जाँघों की रक्षा करें ॥ ३७-३८ ॥

बालामुखी पातु सम्पत्प्रदा श्रीकुलभैरवी ।
पादाम्बुजद्वयं पातु सर्वाङ्गं परहाकिनी ॥ ३९ ॥
मदना मेदिनी धन्या चामुण्डा मुण्डमालिनी ।
रमा कामकला ज्येष्ठा तथाज्ञा रतिसुन्दरी ॥ ४० ॥

सम्पत्ति देने वाली श्री कुल भैरवी बालामुखी देवी मेरे दो चरण कमल की रक्षा करें। श्रेष्ठ हाकिनी देवी मेरे सर्वाङ्गों की रक्षा करें। मदना, मेदिनी, धन्या, चामुण्डा, मुण्डमालिनी, रमा, कामकला, ज्येष्ठा, आज्ञा तथा रति सुन्दरी मेरी रक्षा करें ॥ ३९-४० ॥

मनोयोगा सदा पातु निर्मला विमलामला ।
काञ्चनी बगला रात्रिः पञ्चमी रतिसुन्दरा ॥ ४१ ॥
सर्वत्र सर्वदा पातु योगाद्या प्रेमकातरा ।
पर्वते विपिने शून्ये रणे घोरतरे भवे ॥ ४२ ॥

मनोयोगा, निर्मला, विमला, अमला, काञ्चनी, बगला, रात्रि देवी पञ्चमी (?) और रति सुन्दरी देवी मेरी रक्षा करें। प्रेम में कातर योगाद्या देवी सर्वत्र और सर्वदा पर्वत पर, जङ्गल में, शून्य-स्थान में, संग्राम में तथा घोरतर संसार समुद्र में मेरी रक्षा करें ॥ ४१-४२ ॥

श्मशानवासिनी पातु सर्ववाहनवाहना ।
सर्वास्त्रधारिणी पातु पञ्चमी पञ्चमप्रिया ॥ ४३ ॥
चतुर्भुजा सदा पातु हाकिनी देहदेवता ।
सहस्रायुतकोटीन्दुवदना परमेश्वरी ॥ ४४ ॥

सर्ववाहन वाहना श्मशान वासिनी (मेरी) रक्षा करें। सभी अस्त्रों को धारण करने वाली देवी, पञ्चमी और पञ्चमप्रिया देवी (मेरी) रक्षा करें। चार भुजाओं वाली देह की देवता हाकिनी देवी सदा मेरी रक्षा करें। सहस्र और अयुत कोटि चन्द्र-मुख वाली परमेश्वरी मेरी रक्षा करें ॥ ४३-४४ ॥

विमर्श—श्मशानवासिनी—श्मशाने वसति तच्छीला। शवानां शयनमिति विग्रहे शवशब्दस्य श्म आदेशः, शयनस्य शानादेशः, पृषोदरादित्वात्। **सहस्रायुतकोटीन्दुवदना**—सहस्रायुतकोटीन्दूनां वदनमिव वदनं यस्याः सा। उद्यते उच्यतेऽनेनेति वदनम्, वदेःकरणे ल्युट्प्रत्ययः।

योगिनीभिः सदा पातु सर्वदेशे तु सर्वदा ।
अनन्ता सर्वदा पातु महाविघ्नविनाशिनी ॥ ४५ ॥
जले चानलगर्ते वा व्याधिभीतौ रिपोर्भये ।
व्याघ्रभीतौ चौरभीतौ महोन्मादभयादिषु ॥ ४६ ॥
ग्रहभीतौ देवभीतौ दानवाद्रिभयेषु च ।
अभया निर्भया भीतिहारिणी भयनाशिनी ॥ ४७ ॥
महाभीमा भद्रकाली भैरवी मारकामला ।
महाभूतेश्वरी माता जगद्धात्री सदाऽवतु ॥ ४८ ॥

विमर्श—अत्यन्तदु:खदहनं—अत्यन्तं यद् दु:खम्, तस्य दहनं दाहकम्। बाहुलकात् कर्तरि ल्युट्प्रत्ययः ।

वाचां सिद्धिः खड्गसिद्धिः खेचरत्वमवाप्नुयात् ।
त्रैलोक्यवल्लभो योगी सर्वकामार्थसिद्धिभाक् ॥ १८३ ॥

इतना ही नहीं वाक्सिद्धि एवं खड्गसिद्धि प्राप्त होती है । खेचरता प्राप्त होती है । साधक त्रिलोकी का प्रिय तथा योगी बन जाता है । उसके सभी काम तथा अर्थ सिद्ध हो जाते हैं ॥ १८३ ॥

अप्रकाश्यं महारत्नं पठित्वा सिद्धिमाप्नुयात् ।
अस्य प्रपठनेनापि भ्रूपद्मे चित्तमर्पयन् ॥ १८४ ॥
यशोभाग्यमवाप्नोतिराजराजेश्वरो भवेत् ।
डाकिनीसिद्धिमाप्नोति कुण्डलीवशमानयेत् ॥ १८५ ॥

इस महारत्न को प्रकाशित नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसके पाठ से सिद्धि प्राप्त होती है । भ्रूपद्म में चित्त को लगाकर इसके पाठ करने से साधक यश और भोग प्राप्त करता है । वह राजराजेश्वर हो जाता है, उसे डाकिनीयाँ सिद्ध हो जाती हैं तथा कुण्डली उसके वश में हो जाती है ॥ १८४-१८५ ॥

विमर्श—यशोभाग्यमवाप्नोति—यशश्च भाग्यं चेत्यनयोः समाहारद्वन्द्वे साधुता । अथवा यशसा सहितं भाग्यमिति मध्यमपदलोपिसमासः ।

ध्यानात्मा साधकेन्द्रश्च यतिर्भूत्वा शुभे दिने ।
ध्यानं कुर्यात् पद्ममध्यकर्णिकायां शिखालये ॥ १८६ ॥
भ्रूमध्ये चक्रसारे च ध्यात्वा ध्यात्वा पठेद् यदि ।
राकिणीसिद्धिमाप्नोति देवतादर्शनं लभेत् ॥ १८७ ॥

साधकेन्द्र किसी शुभ दिन में योग की दीक्षा लेकर ध्यानी बन कर शिखा में पद्म मध्य की कर्णिका में ध्यान लगावे । अथवा भ्रू के मध्य में अथवा चक्रसार में ध्यान लगाकर इस सहस्रनाम का पाठ करे तो राकिणी की सिद्धि प्राप्त कर लेता है । किं बहुना उसे देवताओं के दर्शन भी प्राप्त हो जाते हैं ॥ १८६-१८७ ॥

भाग्यसिद्धिमवाप्नोति नित्यं प्रपठनाद्यतः ।
साक्षात्सिद्धिमवाप्नोति शक्तियुक्तः पठेद्यदि ॥ १८८ ॥
हिरण्याक्षी लाकिनीशा वशमाप्नोति धैर्यवान् ।
रात्रिशेषे समुत्थाय पठेद् यदि शिवालये ॥ १८९ ॥

इसके नित्य पाठ करने से भाग्य एवं सिद्धि प्राप्त हो जाती है, यदि शक्ति से युक्त होकर इसका पाठ करे तो साक्षात् सिद्धि मिल जाती है । यदि रात्रि के अन्तिम प्रहर उठकर

धैर्यवान् साधक शिवालय में इस स्तोत्र का पाठ करे तो हिरण्य के समान नेत्र वाली लाकिनी ईश्वरी स्वयं वश में हो जाती हैं ॥ १८८-१८९ ॥

पूजान्ते वा जपान्ते वा वारमेकं पठेद्यदि ।
वीरसिद्धिमवाप्नोति काकिनीवशमानयेत् ॥ १९० ॥
रात्रिं व्याप्य पठेद्यस्तु शुद्धचेता जितेन्द्रियः ।
शय्यायां चण्डिकागेहे मधुगेहेऽथवा पुनः ॥ १९१ ॥
शाकिनीसिद्धिमाप्नोति सर्वदेशे च सर्वदा ।

पूजा करने के उपरान्त अथवा जप करने के उपरान्त यदि इसका एक बार भी पाठ किया जाय तो साधक वीर सिद्धि प्राप्त कर लेता है तथा काकिनी को अपने वश में कर लेता है । जो जितेन्द्रिय साधक अपने चित्त को शुद्ध कर रात्रि पर्यन्त शय्या पर अथवा काली के मन्दिर में अथवा मद्यालय में पाठ करता है उसे सभी स्थानों में और सर्वदा शाकिनी की सिद्धि हो जाती है ॥ १९०-१९२ ॥

प्रभाते च समुत्थाय शुद्धात्मा पञ्चमे दिने ॥ १९२ ॥
अमावास्यासु विज्ञायां श्रवणायां विशेषतः ।
शुक्लपक्षे नवम्यां तु कृष्णपक्षेऽष्टमीदिने ॥ १९३ ॥
भार्यायुक्तः पठेद्यस्तु वशमाप्नोति भूपतिम् ।
एकाकी निर्जने देशे कामजेता महाबली ॥ १९४ ॥
प्रपठेद् रात्रिशेषे च स भवेत् साधकोत्तमः ।
कल्पद्रुमसमो दाता देवजेता न संशयः ॥ १९५ ॥

शुद्धात्मा साधक प्रातःकाल उठकर पञ्चमी तिथि को अथवा अमावस्या तिथि में विशेष कर श्रवण नक्षत्र में अथवा शुक्ल पक्ष में नवमीं के दिन अथवा कृष्णपक्ष की अष्टमी को स्त्री के साथ बैठकर इस स्तोत्र का पाठ करे तो वह राजा को भी अपने वश में कर लेता है । अकेले, निर्जन प्रदेश में, काम को जीत कर जो महाबली उत्तम साधक रात्रि शेष में इसका पाठ करता है, वह कल्पद्रुम के समान दानी एवं देवताओं को भी जीतने वाला हो जाता है इसमें संशय नहीं ॥ १९२-१९५ ॥

विमर्श—कामजेता—कामस्य कामदेवस्य जेता। अथवा कामस्य इच्छातत्त्वस्य जेता।

शिवशक्तिमध्यभागे यन्त्रं संस्थाप्य यत्नतः ।
प्रपठेत् साधकेन्द्रश्च सर्वज्ञाता स्थिराशयः ॥ १९६ ॥
एकान्तनिर्जने रम्ये तपःसिद्धिफलोदये ।
देशे स्थित्वा पठेद्यस्तु जीवन्मुक्तिं फलं लभेत् ॥ १९७ ॥

शिव और शक्ति के मध्य भाग में जो साधक यन्त्र स्थापित कर इसका पाठ करता है वह सर्वज्ञाता बन जाता है और उसका मन स्थिर हो जाता है । किसी एकान्त निर्जन स्थान में अथवा जहाँ तपस्या की सिद्धि का फल प्राप्त हो ऐसे प्रदेश में रह कर जो पाठ करता है उसे जीवन्मुक्ति प्राप्त हो जाती है ॥ १९६-१९७ ॥

विमर्श—शिवशक्तिमध्यभागे—शिवस्य शक्तेश्च मध्यभागे यन्त्रस्य संस्थापना कार्या । **तप:सिद्धिफलोदये**—तपसां सिद्धि:, तस्या: फलस्योदये, उत्पत्तिसमये ।

अकालेऽपि सकालेऽपि पठित्वा सिद्धिमाप्नुयात् ।
त्रिकालं यस्तु पठति प्रान्तरे वा चतुष्पथे ॥ १९८ ॥
योगिनीनां पति: साक्षादायुर्वृद्धिर्दिने दिने ।
वारमेकं पठेद्यस्तु मूर्खो वा पण्डितोऽपि वा ॥ १९९ ॥
वाचामीशो भवेत् क्षिप्रं योगयुक्तो भवेद् ध्रुवम् ।
सम्भावितो भवेदेकं वारपाठेन भैरव ॥ २०० ॥

अकाल में अथवा सुकाल में इसके पढ़ने से साधक को सिद्धि मिल जाती है । जो प्रान्तर (छाया जलादि वर्जित दूर का रास्ता) में अथवा किसी चौराहे पर बैठकर तीनों काल इसका पाठ करता है वह योगिनियों का पति हो जाता है । उसके आयु की वृद्धि दिन प्रतिदिन होती रहती है । यदि मूर्ख अथवा पण्डित एक बार भी इसका पाठ करे तो वह साक्षात् वागीश बन जाता है, शीघ्र ही निश्चित रूप से योग में प्रवीण हो जाता है । हे भैरव ! बहुत क्या कहें, इसके एक बार के पाठ से साधक प्रतिष्ठा प्राप्त कर लेता है ॥ १९८-२०० ॥

जित्वा कालमहामृत्युं देवीभक्तिमवाप्नुयात् ।
पठित्वा वारमेकं तु यात्रां कुर्वन्ति ये जना: ॥ २०१ ॥
देवीदर्शनसिद्धिञ्च प्राप्तो योगमवाप्नुयात् ।
प्रत्येकं नाममुच्चार्य यो यागमनुसञ्चरेत् ॥ २०२ ॥
स भवेन्मम पुत्रो हि सर्वकामफलं लभेत् ।
सर्वयज्ञफलं ज्ञानसिद्धिमाप्नोति योगिराट् ॥ २०३ ॥
भूतले भूभृतांनाथो महासिद्धो महाकवि: ।

वह कालरूप महामृत्यु के ऊपर विजय प्राप्त कर देवी की भक्ति प्राप्त करता है । जो लोग इसका एक बार पाठ कर यात्रा करते हैं, उन्हें देवी के दर्शन तथा कार्य में सिद्धि प्राप्त होती है योग प्राप्त हो जाता है । देवी के प्रत्येक नाम का उच्चारण कर जो यज्ञ (होम) प्रारम्भ करता है वह हमारा पुत्र हो जाता है । वह सभी कामनाओं का फल प्राप्त कर लेता है । सभी यज्ञों का फल तथा ज्ञान सिद्धि उसे मिल जाती है । वह योगियों का राजा बन जाता है और पृथ्वी में राजराजेश्वर महासिद्ध तथा महाकवि हो जाता है ॥ २०१-२०४ ॥

विमर्श—सर्वयज्ञफलं—सर्वेषां यज्ञानां फलानि च ज्ञानं च तेषां सिद्धि: ।

कण्ठे शीर्षे दक्षभुजे पुरुषो धारयेद्यदि ॥ २०४ ॥
योषिद्वामभुजे धृत्वा सर्वसिद्धिमवाप्नुयात् ।
गोरोचनाकुङ्कुमेन रक्तचन्दनकेन च ॥ २०५ ॥
यावकैर्वा महेशानि लिखेन्मन्त्रं समाहित: ।
आद्या देवी परप्राणसिद्धिमाप्नोति निश्चितम् ॥ २०६ ॥

यदि पुरुष इस सहस्रनाम को कण्ठ में, शिर में अथवा दाहिने हाथ में धारण करें, अथवा स्त्री अपनी बायीं भुजा में धारण करें तो समस्त सिद्धियाँ उसे प्राप्त हो जाती हैं। हे महेशानि ! गोरोचन, केशर, रक्त चन्दन से अथवा लाक्षा से इस मन्त्र को सावधानी से लिखे तो वह आद्या देवी की सिद्धि अथवा परप्राण की सिद्धि निश्चित रूप से प्राप्त कर लेता है ॥ २०४-२०६ ॥

लिङ्गं पीठे पूर्णिमायां कृष्णचतुर्दशीदिने ।
भौमवारे मध्यरात्रौ पठित्वा कामसिद्धिभाक् ॥ २०७ ॥
किं न सिद्ध्यति भूखण्डे अजरामर एव सः ।
रमणीकोटिभर्ता स्याद् वर्षद्वादशपाठतः ॥ २०८ ॥

किसी शिवलिङ्ग के स्थान पर पूर्णिमा अथवा कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि युक्त भौमवार के दिन आधीरात को इसके पाठ करने से समस्त कामनायें पूर्ण हो जाती हैं। इसके पाठ करने से ऐसी कौन सी वस्तु है जिसकी सिद्धि न हो ? इसका पाठ करने वाला अजर और अमर हो जाता है। बहुत क्या कहें, १२ वर्ष पर्यन्त इसका पाठ करने वाला साधक करोड़ों स्त्रियों का पति बन जाता है ॥ २०७-२०८ ॥

विमर्श—कामसिद्धिभाक्—कामानां संकल्पानां सिद्धिः ।

अष्टवर्षप्रपाठेन कायप्रवेशसिद्धिभाक् ।
षड्वर्षमात्रपाठेन कुबेरसदृशो धनी ॥ २०९ ॥
वारैकमात्रपाठेन वर्षे वर्षे दिने दिने ।
स भवेत् पञ्चतत्त्वज्ञो तत्त्वज्ञानी न संशयः ॥ २१० ॥

आठ वर्ष तक निरन्तर पाठ करने वाला कायप्रवेश सिद्धि प्राप्त कर लेता है। मात्र छः वर्ष तक पाठ करने से कुबेर के सदृश धनी हो जाता है। प्रत्येक वर्ष में दिन प्रतिदिन एक बार मात्र पाठ करने से साधक पञ्च तत्त्वज्ञ हो जाता है और तत्त्व ज्ञानी होने में तो कोई संशय ही नहीं ॥ २०९-२१० ॥

विमर्श—कायप्रवेशसिद्धिभाक्—काये परशरीरे प्रवेशः, तस्य सिद्धिः ।

सर्वपापविनिर्मुक्तो वसेत् कल्पत्रयं भुवि ।
यः पठेत् सप्तधा नाथ सप्ताहनि दिने दिने ॥ २११ ॥
रात्रौ वारत्रयं धीमान् पठित्वा खेचरो भवेत् ।
अश्विनी शुक्लपक्षे च रोहिण्यसितपक्षके ॥ २१२ ॥
अष्टम्यां हि नवम्यां तु पठेद् वारत्रयं निशि ।
दिवसे वारमेकं तु स भवेत् पञ्चतत्त्ववित् ॥ २१३ ॥

हे नाथ! जो सात दिन पर्यन्त प्रतिदिन सात बार पाठ करता है वह सभी प्रकार के पापों से मुक्त हो जाता है तथा तीन कल्प पर्यन्त पृथ्वी में वास करता है। धीमान् साधक रात्रि के समय ३ बार पाठ करने से खेचरता प्राप्त कर लेता है। शुक्लपक्ष के अश्विनी नक्षत्र में एवं कृष्णपक्ष की रोहिणी नक्षत्र में एवं अष्टमी अथवा नवमी तिथि हो तो रात में तीन बार पाठ

करे तथा दिन में एक बार पाठ करे तो वह पञ्चतत्त्ववेत्ता तो हो ही जाता है ॥ २११-२१३ ॥

अनायासेन देवेश पञ्चामरादिसिद्धिभाक् ।
खेचरीमेलनं तस्य नित्यं भवति निश्चितम् ॥ २१४ ॥
स्वर्गे मर्त्ये च पाताले क्षणान्निःसरति ध्रुवम् ।
अग्निस्तम्भं जलस्तम्भं वातस्तम्भं करोति सः ॥ २१५ ॥

हे देवेश ! ऐसा साधक अनायास ही पञ्चामरा की सिद्धि का भाजन बन जाता है। किं बहुना, उसे निश्चित रूप से नित्य ही खेचरियों (अप्सराओं) का योग प्राप्त होता है। वह क्षण मात्र में स्वर्ग में, मृत्युलोक में तथा पाताल लोक में निश्चित रूप से गमन कर जाता है और वह अग्निस्तम्भन, जलस्तम्भन तथा वायु का स्तम्भन करने में समर्थ हो जाता है ॥ २१४-२१५ ॥

विमर्श—अग्निस्तम्भं—अग्नि-जल-वायूनां स्तम्भो निरोधः ।

पञ्चतत्त्वक्रमेणैव श्मशाने यस्तु सम्पठेत् ।
स भवेद् देवदेवेशः सिद्धान्तसारपण्डितः ॥ २१६ ॥
शूकरासवसंयुक्तः कुलद्रव्येण वा पुनः ।
बिल्वमूले पीठमूले विधानेन प्रपूजयेत् ।
परेण परमा देवी तुष्टा भवति सिद्धिदा ॥ २१७ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरण षट्चक्रप्रकाशे भैरवभैरवीसंवादे हाकिनीसहस्रनाम-विन्यासो नाम षडशीतितमः पटलः ॥ ८६ ॥

जो पञ्चतत्त्व के क्रम से श्मशान में प्रथम दिन (आकाश) एक, द्वितीय दिन (वायु) दो, तृतीय दिन (तेज) तीन, चतुर्थ दिन (जल) चार, पञ्चम दिन (पृथ्वी) पाँच—इस क्रम से पाठ करता है, हे देवदेवेश ! वह सभी सिद्धान्त के सार का पण्डित हो जाता है। शूकरासव से संयुक्त साधक कुलद्रव्य से विल्वमूल में अथवा पीठ के मूल में विधानपूर्वक देवी का पूजन करे तो वह परमा देवी श्रेष्ठ पूजा से संतुष्ट हो कर सिद्धि प्रदान करती हैं ॥ २१६-२१७ ॥

विमर्श—सिद्धान्तसारपण्डितः—सिद्धोऽन्तो येषां ते सिद्धान्ताः, तेषां सारः, तत्र पण्डितः विज्ञः । सदसद्विवेकिनी बुद्धिः पण्डा, सा सञ्जाता यस्य सः पण्डितः ।

॥ श्रीरुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्ध मन्त्रप्रकरण में षट्चक्र प्रकाश में भैरवभैरवी संवाद में हाकिनीसहस्रनामविन्यास नामक छियासीवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ८६ ॥

अथ सप्ताशीतितमः पटलः

श्रीआनन्दभैरव उवाच

आनन्दभैरवि प्राणवल्लभे जगदीश्वरि ।
तव प्रसादवाक्येन श्रुतं नामसहस्रकम् ॥ १ ॥
हाकिन्याः कुलयोगिन्याः परमाद्भुतमङ्गलम् ।

श्री आनन्दभैरव ने कहा—हे आनन्दभैरवि ! हे प्राणवल्लभे ! हे जगदीश्वरि ! आपकी प्रसन्नता होने के कारण मैने कुल (शाक्त) योगिनी हाकिनी देवी का परम अद्भुत एवं महामङ्गलकारी सहस्रनाम सुना ॥ १-२ ॥

विमर्श—प्रसादवाक्येन—प्रसादः प्रसन्नता, तस्या वाक्यम्, प्रसादवचनमिति यावत् ।

इदानीं श्रोतुमिच्छामि परनाथस्य वाञ्छितम् ॥ २ ॥
सहस्रनामयोगाङ्गमष्टोत्तरसमाकुलम् ।
भ्रूपद्मभेदनार्थाय हाकिनीयोगसिद्धये ॥ ३ ॥
परनाथस्य योगाधिसिद्धये कुलभैरवि ।
कृपया वद मे प्रीता धर्मसिद्धिनिबन्धनात् ॥ ४ ॥

अब परनाथ को प्रिय लगने वाले एवं योग के अङ्गभूत १००८ नामों को सुनना चाहता हूँ । हे कुलभैरवि ! यदि आप मेरी धर्म सिद्धि के निबन्धन से प्रसन्न हों तो भ्रूमध्य में रहने वाले पद्म के भेदन के लिए हाकिनी योग की तथा परनाथ के योग की अधिक से अधिक रूप में सिद्धि के लिए, उन नामों को मेरे ऊपर कृपा करके कहिए ॥ २-४ ॥

मम देहरक्षणाय पातिव्रात्यप्रसिद्धये ।
महाविषहरे शीघ्रं वद योगिनि विस्तरात् ॥ ५ ॥
त्वत्प्रसादात् खेचराणां भैरवाणां हि योगिनाम् ।
नाथोऽहं जगतीखण्डे सुधाखण्डे वद प्रिये ॥ ६ ॥
पुनः पुनः स्तौमि नित्ये त्वमेव सुप्रिया भव ।

क्योंकि आप ही एक ऐसी हैं जिसने मेरे देह की रक्षा के लिए तथा अपने पतिव्रत्य की प्रसिद्धि के लिए मेरे हालाहल विष का हरण किया है । अतः हे महाविषहरे ! हे योगिनि ! आप उन नामों को शीघ्रतापूर्वक विस्तार से कहिए । हे प्रिये ! मैं आपकी कृपा से समस्त खेचरों का समस्त भैरवों का तथा समस्त योगीजनों का इस जगत् में स्वामी हूँ, अतः हे सुधाखण्डे ! हे प्रिये ! आप उन नामों को कहिए ॥ ५-७ ॥

इसीलिए मैं बारम्बार प्रार्थना भी करता हूँ कि हे नित्ये ? आप ही सर्वदा हमारी प्रिया बनिए ॥ ७ ॥

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

अथ योगेश्वर प्राणनाथ योगेन्द्र सिद्धिद ॥ ७ ॥
इदानीं कथये तेऽहं निजदेहसुसिद्धये ।
सर्वदा हि पठस्व त्वं कालमृत्युं वशं नय ॥ ८ ॥

श्रीआनन्दभैरवि ने कहा—हे योगेश्वर ! हे प्राणनाथ ! हे योगेन्द्र ! हे सिद्धिप्रदान करने वाले ! अब मैं इसी समय अपने शरीर की सिद्धि के लिए आप से उस सहस्रनाम को कहती हूँ । आप नित्य इसका पाठ कीजिए और काल में होने वाले मृत्यु को वश में कर लीजिए ॥ ७-८ ॥

कृपया तव नाथस्य स्नेहपाशनियन्त्रिता ।
तवाज्ञापालनार्थाय कालकूटविनाशनात् ॥ ९ ॥
भुक्तिमुक्तिक्रियाभक्तिसिद्धये तच्छृणु प्रभो ।
नित्यामृतखण्डरसोल्लासनामसहस्रकम् ॥ १० ॥
अष्टोत्तरं प्रयत्नेन योगिनां हि हिताय च ।
कथयामि सिद्धनामज्ञाननिर्णयसाधनम् ॥ ११ ॥

आपके जैसे नाथ के स्नेहपाश से नियन्त्रित हुई मैं आपकी कृपा से तथा आपके द्वारा कालकूट विष के विनाश किए जाने के कारण आपकी आज्ञा परिपालन के लिए तथा भुक्ति (भोग), मुक्ति एवं क्रिया तथा भक्ति की प्राप्ति के लिए, परनाथ के सहस्रनामों को कहती हूँ । हे प्रभो ! उसे सुनिए । यह अष्टोत्तर सहस्रनाम नित्य अमृतखण्ड के रस को उल्लसित (बढ़ाने) करने वाला है । ये सिद्धनाम ज्ञान निर्णय के साधन है, अतः योगियों के हित के लिए प्रयत्न पूर्वक इसे कहती हूँ ॥ ९-११ ॥

विमर्श—भुक्तिमुक्तिक्रियाभक्तिसिद्धये—भुक्तिश्च मुक्तिश्च क्रिया च भक्तिश्च तासां सिद्धिः, तस्यै। **सिद्धनामज्ञाननिर्णयसाधनम्**—सिद्धानां नामानि तेषां ज्ञानानि तन्निर्णयस्य साधनम्।

अस्य श्रीपरनाथमहादेवमात्मनोऽष्टोत्तरसहस्रनाम्नः स्तोत्रस्य सदाशिव ऋषिरुष्णिक्छन्दः श्रीपरनाथमहापुरुषपरमात्मा देवता ह्सौं बीजं सां शक्तिः प्रचण्डपरनाथमूलकीलकं चतुर्वर्गहाकिनी परयोगसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः

विनियोग का अर्थ—इस श्री परनाथ महादेव के अपने अष्टोत्तर सहस्रनाम वाले स्तोत्र के सदाशिव ऋषि हैं । उष्णिक् छन्द है । श्री परनाथ महापुरुष परमात्मा देवता हैं । ह्सौं बीज है । 'सां' शक्ति है । प्रचण्ड परनाथ मूल कीलक है । चतुर्वर्गा हाकिनी पर योग की सिद्धि के लिए इसके पाठ का विनियोग (निश्चय) करता हूँ ।

ॐ ह्सौ सां परेशश्च पराशक्तिः प्रियेश्वरः ।
शिवः परः पारिभद्रः परेशो निर्मलोऽद्वयः ॥ १२ ॥

ॐ ह्सौं, सां, परेश, पराशक्ति, प्रियेश्वर, शिव, पर, पारिभद्र, परेश, निर्मल, अद्वय ॥ १२ ॥

स्वयंज्योतिरनाद्यन्तो निर्विकारः परात्परः ।
परमात्मा पराकाशोऽपरोऽप्यपराजितः ॥ १३ ॥
पार्वतीवल्लभः श्रीमान् दीनबन्धुस्त्रिलोचनः ।
योगात्मा योगदः सिद्धेश्वरो वीरः स्वरान्तकः ॥ १४ ॥
कपिलेशो गुरुर्गीतः स्वप्रियो गीतमोहनः ।
गभीरो गाधनस्थश्च गीतवाद्यप्रियङ्करः ॥ १५ ॥

स्वयंज्योतिरनाद्यन्त, निर्विकार, परात्पर, परमात्मा, पराकाशोऽपरोऽप्यपराजित, पार्वतीवल्लभ, श्रीमान्, दीनबन्धुस्त्रिलोचन, योगात्मा, योगद, सिद्धेश्वर, वीर, स्वरान्तक, कपिलेश, गुरुर्गीत, स्वप्रिय, गीतमोहन, गभीर, गाधनस्थ, गीतवाद्यप्रियङ्कर ॥ १३-१५ ॥

गुरुगीतापवित्रश्च गानसम्मानतोज्झितः ।
गयानाथो दत्तनाथो दत्तात्रेयपतिः शिवः ॥ १६ ॥
आकाशवाहको नीलो नीलाञ्जनशरीरधृक् ।
खगरूपी खेचरश्च गगनात्मा गभीरगः ॥ १७ ॥
गोकोटिदानकर्त्ता च गोकोटिदुग्धभोजनः ।
अभयावल्लभः श्रीमान् परमात्मा निराकृतिः ॥ १८ ॥
सङ्ख्याधारी निराकारी निराकरणवल्लभः ।
वाय्वाहारी वायुरूपी वायुगन्ता स्ववायुपाः ॥ १९ ॥
वातघ्नो वातसम्पत्तिर्वाताजीर्णो वसन्तवित् ।
वासनीशो व्यासनाथो नारदादिमुनीश्वरः ॥ २० ॥

गुरुगीतापवित्र, गानसम्मानतोज्झित, गयानाथ, दत्तनाथ, दत्तात्रेयपति, शिव, आकाशवाहक, नील, नीलाञ्जनशरीरधृक्, खगरूपी, खेचर, गगनात्मा, गभीरग, गोकोटिदानकर्त्ता, गोकोटिदुग्धभोजन, अभयावल्लभ, श्रीमान्, परमात्मा, निराकृति, सङ्ख्याधारी, निराकारी, निराकरणवल्लभ, वाय्वाहारी, वायुरूपी, वायुगन्ता, स्ववायुपा, वातघ्न, वातसम्पत्ति, वाताजीर्ण, वसन्तवित्, वासनीश, व्यासनाथ, नारदादिमुनीश्वर ॥ १६-२० ॥

विमर्श—वातघ्नो—वातं हन्ति इति वातघ्नः, वातेति कर्मण्युपपदे हन्तेः टक्प्रत्ययः कर्तरि । गमहनेत्यकारलोपः।

नारायणप्रियानन्दो नारायणनिराकृतिः ।
नावमालो नावकर्ता नावसंज्ञानधारकः ॥ २१ ॥
जलाधारो ज्ञेय इन्द्रो निरिन्द्रियगुणोदयः ।
तेजोरूपी चण्डभीमो तेजोमालाधरः कुलः ॥ २२ ॥
कुलतेजा कुलानन्दः शोभाढ्यो वेदरश्मिधृक् ।
किरणात्मा कारणात्मा कल्पच्छायापतिः शशी ॥ २३ ॥

परज्ञानी परानन्ददायको धर्मजित्प्रभुः ।
त्रिलोचनाम्भोजराजो दीर्घनेत्रो मनोहरः ॥ २४ ॥
चामुण्डेशः प्रचण्डेशः पारिभद्रेश्वरो हरः ।
गोपिता मोहितो गोप्ता गुप्तिस्थो गोपपूजितः ॥ २५ ॥

नारायणप्रियानन्द, नारायणनिराकृति, नावमाल, नावकर्ता, नावसंज्ञानधारक, जलाधार, ज्ञेय, इन्द्र, निरिन्द्रियगुणोदय, तेजोरूपी, चण्डभीम, तेजोमालाधर, कुल, कुलतेजा, कुलानन्द, शोभाढ्य, वेदरश्मिधृक्, किरणात्मा, कारणात्मा, कल्पच्छायापति, शशी, परज्ञानी, परानन्द-दायक, धर्मजित्प्रभु, त्रिलोचनाम्भोजराज, दीर्घनेत्र, मनोहर, चामुण्डेश, प्रचण्डेश, पारि-भद्रेश्वर, हर, गोपिता, मोहित, गोप्ता, गुप्तिस्थ, गोपपूजित ॥ २१-२५ ॥

विमर्श—नारायणप्रियानन्दो—नारायणस्य प्रिय आनन्दो यस्य सः । आपो नाराः, तेऽयनं यस्य स नारायणः । पूर्वपदात् संज्ञायामिति णत्वम् ।

गोपनाख्यो गोधनेशश्च चारुवक्त्रो दिगम्बरः ।
पञ्चाननः पञ्चमीशो विशालो गरुडेश्वरः ॥ २६ ॥
अर्धनारीश्वरेशश्च नायिकेशः कुलान्तकः ।
संहारविग्रहः प्रेतभूतकोटिपरायणः ॥ २७ ॥
अनन्तेशोऽप्यनन्तात्मा मणिचूडो विभावसुः ।
कालानलः कालरूपी वेदधर्मेश्वरः कविः ॥ २८ ॥
भर्गः स्मरहरः शम्भुः स्वयम्भुः पीतकुण्डलः ।
जायापतिर्याजजूको विलाशीशः शिखापतिः ॥ २९ ॥
पर्वतेशः पार्वणाख्यः क्षेत्रपालो महीश्वरः ।
वाराणसीपतिर्मान्यो धन्यो वृषसुवाहनः ॥ ३० ॥

गोपनाख्य, गोधनेश, चारुवक्त्र, दिगम्बर, पञ्चानन, पञ्चमीश, विशाल, गरुडेश्वर, अर्धनारीश्वरेश, नायिकेश, कुलान्तक, संहारविग्रह, प्रेतभूकोटिपरायण, अनन्तेश, अनन्तात्मा, मणिचूड, विभावसु, कालानल, कालरूपी, वेदधर्मेश्वर, कवि, भर्ग, स्मरहर, शम्भु, स्वयम्भु, पीतकुण्डल, जायापति, याजजूक, विलाशीश, शिखापति, पर्वतेश, पार्वणाख्य, क्षेत्रपाल, महीश्वर, वाराणसीपतिर्मान्य, धन्य, वृषसुवाहन ॥ २६-३० ॥

विमर्श—वाराणसीपतिर्मान्यो—वरं च तदनश्च वरानः पवित्रजलम्, तस्यादूरभवा नगरी वाराणसी । अदूरभवश्चेत्यणि, संज्ञायां णत्वे च साधुता ।

अमृतानन्दितो मुग्धो वनमालीश्वरः प्रियः ।
काशीपतिः प्राणपतिः कालकण्ठो महेश्वरः ॥ ३१ ॥
कम्बुकण्ठः क्रान्तिवर्गो वर्गात्मा जलशासनः ।
जलबुद्बुदवक्षश्च जलरेखामयः पृथुः ॥ ३२ ॥
पार्थिवेशो महीकर्ता पृथिवीपरिपालकः ।
भूमिस्थो भूमिपूज्यश्च क्षौणीवृन्दारकार्चितः ॥ ३३ ॥

शूलपाणिः शक्तिहस्तो पद्मगर्भो हिरण्यभृत् ।
भूगर्तसंस्थितो योगी योगसम्भवविग्रहः ॥ ३४ ॥
पातालमूलकर्ता च पातालकुलपालकः ।
पातालनागमालाढ्यो दानकर्ता निराकुलः ॥ ३५ ॥

अमृतानन्दित, मुग्ध, वनमालीश्वर, प्रिय, काशीपति, प्राणपति, कालकण्ठ, महेश्वर, कम्बुकण्ठ, क्रान्तिवर्ग, वर्गात्मा, जलशासन, जलबुद्बुदवक्ष, जलरेखामय, पृथु, पार्थिवेश, महीकर्ता, पृथिवीपरिपालक, भूमिस्थ, भूमिपूज्य, क्षौणीवृन्दारकार्चित, शूलपाणि, शक्तिहस्त, पद्मगर्भो, हिरण्यभृत्, भूगर्तसंस्थित, योगी, योगसम्भवविग्रह, पातालमूलकर्ता, पातालकुलपालक, पातालनागमालाढ्य, दानकर्ता, निराकुल ॥ ३१-३५ ॥

विमर्श—पार्थिवेशो—पृथिव्या ईश्वरः पार्थिवः, स चासौ ईशश्चेति पार्थिवेशः । अथवा पार्थिवानां पृथिवीपतीनामीश इति ।

भ्रूणहन्ता पापराधिनागकः कालनागकः ।
कपिलोग्रतपःप्रीतो लोकोपकारकृन्नृपः ॥ ३६ ॥
नृपार्चितो नृपार्थस्थो नृपार्थकोटिदायकः ।
पार्थिवार्चनसन्तुष्टो महावेगी परेश्वरः ॥ ३७ ॥
परापारापारतरो महातरुनिवासकः ।
तरुमूलस्थितो रुद्रो रुद्रनामफलोदयः ॥ ३८ ॥
रौद्रीशक्तिपतिः क्रोधी कोपनष्टो विरोचनः ।
असंख्येयाख्ययुक्तश्च परिणामविवर्जितः ॥ ३९ ॥
प्रतापी पवनाधारः प्रशंस्यः सर्वनिर्णयः ।
वेदजापी मन्त्रजापी देवता गुरुरीश्वरः ॥ ४० ॥

भ्रूणहन्ता, पापराधिनागक, कालनागक, कपिलोग्रतपप्रीत, लोकोपकारकृन्नृप, नृपार्चित, नृपार्थस्थ, नृपार्थकोटिदायक, पार्थिवार्चनसन्तुष्ट, महावेगी, परेश्वर, परापारापारतर, महातरुनिवासक, तरुमूलस्थित, रुद्र, रुद्रनामफलोदय, रौद्रीशक्तिपति, क्रोधी, कोपनष्ट, विरोचन, असंख्येयाख्ययुक्त, परिणामविवर्जित, प्रतापी, पवनाधार, प्रशंस्य, सर्वनिर्णय, वेदजापी, मन्त्रजापी, देवता, गुरुरीश्वर ॥ ३६-४० ॥

श्रीनाथो गुरुदेवश्च परनाथो गुरुः प्रभुः ।
परापरगुरुर्ज्ञानी तन्त्रज्ञोऽर्कशतप्रभाः ॥ ४१ ॥
तार्क्ष्यो गमनकारी च कालभावी निरञ्जनः ।
कालकूटानलः श्रोतः पुञ्जपानपरायणः ॥ ४२ ॥
परिवारगणाढ्यश्च पाराशाषिसुतस्थितः ।
स्थितिस्थापकरूपश्च रूपातीतोऽमलापतिः ॥ ४३ ॥
पतीशो भागुरिश्चैव कालश्चैव हरिस्तथा ।
वैष्णवः प्रेमसिन्धुश्च तरलो वातवित्तहा ॥ ४४ ॥

भावस्वरूपो भगवान् निराकाशः सनातनः ।
अव्ययः पुरुषः साक्षी चाच्युतो मन्दराश्रयः ॥ ४५ ॥

श्रीनाथ, गुरुदेव, परनाथ, गुरु, प्रभु, परापरगुरुर्ज्ञानी, तन्त्रज्ञोऽर्कशतप्रभा, तीक्ष्य, गमनकारी, कालभावी, निरञ्जन, कालकूटानल, श्रोत, पुञ्जपानपरायण, परिवारगणाढ्या, रूपातीतोऽमलापति, पतीश, भागुरिश्चैव, कालश्चैव, हरिस्तथा, वैष्णव, प्रेमसिन्धु, तरल, वातवित्तहा, भावस्वरूप, भगवान्, निराकाश, सनातन, अव्यय, पुरुष, साक्षी, चाच्युत, मन्दराश्रय ॥ ४१-४५ ॥

विमर्श—रूपातीतोऽमलापतिः—रूपमतीतोऽतिक्रान्त इति रूपातीतः द्वितीयाश्रितातीतपतितगतात्यस्तप्राप्तापन्नैरिति तत्पुरुषसमासः ।

मन्दराद्रिक्रियानन्दो वृन्दावनतनूद्भवः ।
वाच्यावाच्यस्वरूपश्च निर्मलाख्यो विवादहा ॥ ४६ ॥
वैद्यो वेदपरो ग्रन्थो वेदशास्त्रप्रकाशकः ।
स्मृतिमूलो वेदयुक्तिः प्रत्यक्षकुलदेवता ॥ ४७ ॥
परीक्षको वारणाख्यो महाशैलनिषेवितः ।
विरिञ्चप्रेमदाता च जन्योल्लासकरः प्रियः ॥ ४८ ॥
प्रयागधारी पयोऽर्थी गाङ्गागङ्गाधरः स्मरः ।
गङ्गाबुद्धिप्रियो देवो गङ्गास्नाननिषेवितः ॥ ४९ ॥
गङ्गासलिलसंस्थो हि गङ्गाप्रत्यक्षसाधकः ।
गिरो गङ्गामणिमरो मल्लिकामालधारकः ॥ ५० ॥

मन्दराद्रिक्रियानन्द, वृन्दावनतनूद्भव, वाच्यावाच्यस्वरूप, निर्मलाख्य, विवादहा, वैद्य, वेदपर, ग्रन्थ, वेदशास्त्रप्रकाशक, स्मृतिमूल, वेदयुक्ति, प्रत्यक्षकुलदेवता, परीक्षक, वारणाख्य, महाशैलनिषेवित, विरिञ्चप्रेमदाता, जन्योल्लासकर, प्रिय, प्रयागधारी, पयोऽर्थी, गाङ्गागङ्गाधर, स्मर, गङ्गाबुद्धिप्रिय, देव, गङ्गास्नाननिषेवित, गङ्गासलिलसंस्थ, हि, गङ्गाप्रत्यक्षसाधक, गिर, गङ्गामणिमर, मल्लिकामालधारक ॥ ४६-५० ॥

विमर्श—मन्दराद्रिक्रियानन्दो—मन्दरश्चासौ अद्रिश्चेति मन्दराद्रिः, मन्दराचलः, तदीयक्रियया क्षीरसागरे संचरणेन आनन्दो यस्य सः ।

मल्लिकागन्धसुप्रेमो मल्लिकापुष्पधारकः ।
महाद्रुमो महावीरो महाशूरो महोरगः ॥ ५१ ॥
महातुष्टिर्महापुष्टिर्महालक्ष्मीशुभङ्करः ।
महाश्रमी महाध्यानी महाचण्डेश्वरो महान् ॥ ५२ ॥
महादेवो महाह्लादो महाबुद्धिप्रकाशकः ।
महाभक्तो महाशक्तो महाधूर्तो महामतिः ॥ ५३ ॥
महाच्छत्रधरो धारोधरकोटिगतप्रभा ।
अद्वैतानन्दवादी च मुक्तो भङ्गप्रियोऽप्रियः ॥ ५४ ॥

अतिगन्धश्चातिमात्रो निर्णितान्तः परन्तपः।
निर्णितोऽनिलधारी च सूक्ष्मानिलनिरूपकः॥ ५५ ॥

मल्लिकागन्धसुप्रेम, मल्लिकापुष्पधारक, महाद्रुम, महावीर, महाशूर, महोरग, महातुष्टिः, महापुष्टि, महालक्ष्मीशुभङ्कर, महाश्रमी, महाध्यानी, महाचण्डेश्वर, महान्, महादेव, महाह्लाद, महाबुद्धिप्रकाशक, महाभक्त, महाशक्त, महाधूर्तो, महामति, महाच्छत्रधरी, धारोधरकोटिगतप्रभा, अद्वैतानन्दवादी, मुक्त, भङ्गप्रियोऽप्रिय, अतिगन्धश्चातिमोत्र, निर्णितान्त, परन्तप, निर्णितोऽनिलधारी, सूक्ष्मानिलनिरूपक ॥ ५१-५५ ॥

महाभयङ्करो गोलो महाविवेकभूषणः।
सुधानन्दः पीठसंस्थो हिङ्गुलादेश्वरः सुरः॥ ५६ ॥
नरो नागपतिः क्रूरो भक्तानां कामदः प्रभुः।
नागमालाधरो धर्मी नित्यकर्मी कुलीनकृत्॥ ५७ ॥
शिशुपालेश्वरः कीर्तिविकारी लिङ्गधारकः।
तृप्तानन्दो हृषीकेशेश्वरः पाञ्चालवल्लभः॥ ५८ ॥
अक्रूरेशः पतिः प्रीतिवर्धको लोकवर्धकः।
अतिपूज्यो वामदेवो दारुणो रतिसुन्दरः॥ ५९ ॥
महाकालः प्रियाह्लादी विनोदी पञ्चचूडधृक्।
आद्याशक्तिपतिः पान्तो विभाधारी प्रभाकरः॥ ६० ॥

महाभयङ्कर, गोल, महाविवेकभूषण, सुधानन्द, पीठसंस्था, हिङ्गुलादेश्वर, सुर, नर, नागपति, क्रूर, भक्तानां, कामद, प्रभु, नागमालाधर, धर्मी, नित्यकर्मी, कुलीनकृत्, शिशुपालेश्वर, कीर्तिविकारी, लिङ्गधारक, तृप्तानन्द, हृषीकेशेश्वर, पाञ्चालवल्लभ, अक्रूरेश, पति, प्रीतिवर्धक, लोकवर्धक, अतिपूज्य, वामदेव, दारुण, रतिसुन्दर, महाकाल, प्रियाहलादी, विनोदी, पञ्चचूडधृक्, आद्याशक्तिपति, पान्त, विभाधारी, प्रभाकर ॥ ५६-६० ॥

विमर्श—महाविवेकभूषण—महान् विवेकः स एव भूषणं यस्य स इत्यर्थः । **कीर्तिविकारी**—कीर्ति विकिरति तच्छीलः, कीर्तिविक्षेपेण शोभते योऽसौ । णिनिः ताच्छील्ये कर्मण्युपपदे सति ।

अनायासगतिर्बुद्धिप्रफुल्लो नन्दिपूजितः।
शिलामूर्तिस्थितो रत्नमालामण्डितविग्रहः॥ ६१ ॥
बुधश्रीदो बुधानन्दो विबुधो बोधवर्धनः।
अघोरः कालहर्ता च निष्कलङ्को निराश्रयः॥ ६२ ॥
पीठशक्तिपतिः प्रेमधारको मोहकारकः।
असमो विसमो भावोऽभावो भावो निरिन्द्रियः॥ ६३ ॥
निरालोको बिलानन्दो बिलस्थो विषभुक्पतिः।
दुर्गापतिर्दुर्गहर्ता दीर्घसिद्धान्तपूजितः॥ ६४ ॥
सर्वो दुर्गपतिर्विप्रो विप्रपूजापरायणः।

ब्राह्मणानन्दनिरतो ब्रह्मकर्मसमाधिवित् ॥ ६५ ॥

अनायासगतिर्बुद्धिप्रफुल्ल, नन्दिपूजित, शिलामूर्तिस्थित, रत्नमालामण्डितविग्रह, बुधश्रीद, बुधानन्द, विबुध, बोधवर्धन, अघोर, कालहर्ता, निष्कलङ्क, निराश्रय, पीठशक्तिपति, प्रेमधारक, मोहकारक, असम, विसम, भावोऽभाव, भाव, निरिन्द्रिय, निरालोक, बिलानन्द, बिलस्थ, विषभूक्‌पति, दुर्गापतिर्दुर्गहर्ता, दीर्घसिद्धान्तपूजित, सर्वो, दुर्गपतिर्विप्र, विप्रपूजापरायण, ब्राह्मणानन्दनिरत, ब्रह्मकर्मसमाधिवित् ॥ ६१-६५ ॥

विश्वात्मा विश्वभर्ता च विश्वविज्ञानपूरकः ।
विश्वान्तःकरणस्थश्च विश्वसंज्ञाप्रतिष्ठितः ॥ ६६ ॥
विश्वाधारो विश्वपूज्यो विश्वस्थोऽर्चित इन्द्रहा ।
अलाबुभक्षणः क्षान्तिरक्षो रक्षनिवारणः ॥ ६७ ॥
तितिक्षारहितो हूतिः पुरुहूतप्रियङ्करः ।
पुरुषः पुरुषश्रेष्ठो विलालस्थः कुलालहा ॥ ६८ ॥
कुटिलस्थो विधिप्राणो विषयानन्दपारगः ।
ब्रह्मज्ञानप्रदो ब्रह्मज्ञानी ब्रह्मगुणान्तरः ॥ ६९ ॥
पालकेशो विराजश्च वज्रदण्डो महास्त्रधृक् ।
सर्वास्त्ररक्षकः श्रीदो विधिबुद्धिप्रपूरणः ॥ ७० ॥

विश्वात्मा, विश्वभर्ता, विश्वविज्ञानपूरक, विश्वान्त, करणस्थ, विश्वसंज्ञाप्रतिष्ठित, विश्वाधार, विश्वपूज्य, विश्वस्थोऽर्चित, इन्द्रहा, अलाबुभक्षण, क्षान्तिरक्ष, रक्षनिवारण, तितिक्षारहित, हूति, पुरुहूतप्रियङ्कर, पुरुष, पुरुषश्रेष्ठ, विलालस्थ, कुलालहा, कुटिलस्थ, विधिप्राण, विषयानन्दपारग, ब्रह्मज्ञानप्रद, ब्रह्मज्ञानी, ब्रह्मगुणान्तर, पालकेश, विराज, वज्रदण्ड, महास्त्रधृक्, सर्वास्त्ररक्षक, श्रीद, विधिबुद्धिप्रपूरण ॥ ६६-७० ॥

विमर्श—पुरुहूतप्रियङ्करः—पुरुहूतस्येन्द्रदेवस्य प्रियं करोति इति, अथवा पुरुहूतस्य प्रियङ्कर इत्येव । **विषयानन्दपारगः**—विषयजनितो य आनन्दः, तस्य पारं गत इति । गमेर्डप्रत्ययः।

आर्यापुत्रो देवराजपूजितो मुनिपूजितः ।
गन्धर्वपूजितः पूज्यो दानवज्ञाननाशनः ॥ ७१ ॥
अप्सरोगणपूज्यश्च मर्त्यलोकसुपूजितः ।
मृत्युजिद्रिपुजित् प्लक्षो मृत्युञ्जय इषुप्रियः ॥ ७२ ॥
त्रिबीजात्मा नीलकण्ठः क्षितीशो रोगनाशनः ।
जितारिः प्रेमसेव्यश्च भक्तिगम्यो निरुद्यमः ॥ ७३ ॥
निरीहो निरयाह्लादः कुमारो रिपुपूजितः ।
अजो देवात्मजो धर्मोऽसन्तो मन्दमासनः ॥ ७४ ॥
मन्दहासो मन्दनष्टो मन्दगन्धसुवासितः ।
माणिक्यहारनिलयो मुक्ताहारविभूषितः ॥ ७५ ॥

आर्यापुत्र, देवराजपूजित, मुनिपूजित, गन्धर्वपूजित, पूज्य, दानवज्ञाननाशन, अप्सरो-गणपूज्य, मर्त्यलोकसुपूजित, मृत्युजिद्रिपुजित्, प्लक्ष, मृत्युञ्जय, इषुप्रिय, त्रिबीजात्मा, नील-कण्ठ, क्षितीश, रोगनाशन, जितारि, प्रेमसेव्य, भक्तिगम्य, निरुद्यम, निरीह, निरयाह्लाद, कुमार, रिपुपूजित, अज, देवात्मज, धर्मोऽसन्त, मन्दमासन, मन्दहास, मन्दनष्ट, मन्दगन्ध-सुवासित, माणिक्यहारनिलय, मुक्ताहारविभूषित ॥ ७१-७५ ॥

मुक्तिदो भक्तिदश्चैव निर्वाणपददानदः।
निर्विकल्पो मोदधारी निरातङ्को महाजनः ॥ ७६ ॥
मुक्ताविद्रुममालाढ्यो मुक्तादामलसत्कटिः ॥ ७७ ॥
रत्नेश्वरो धनेशश्च धनेशप्राणवल्लभः।
धनजीवी कर्मजीवी संहारविग्रहोज्ज्वलः ॥ ७८ ॥
संङ्केतार्थज्ञानशून्यो महासङ्केतपण्डितः।
सुपण्डितः क्षेमदाता भवदाता भवान्वयः ॥ ७९ ॥
किङ्करेशो विधाता च विधातुः प्रियवल्लभः।
कर्ता हर्ता कारयिता योजनायोजनाश्रयः ॥ ८० ॥

मुक्तिद, भक्तिदश्चैव, निर्वाणपददानद, निर्विकल्प, मोदधारी, निरातङ्क, महाजन, मुक्ताविद्रुममालाढ्या, मुक्तादामलसत्कटि, रत्नेश्वर, धनेश, धनेशप्राणवल्लभ, धनजीवी, कर्मजीवी, संहारविग्रहोज्ज्वल, संङ्केतार्थज्ञानशून्य, महासङ्केतपण्डित, सुपण्डित, क्षेमदाता, भवदाता, भवान्वय, किङ्करेश, विधाता, विधातु, प्रियवल्लभ, कर्ता, हर्ता, कारयिता, योजनायोजनाश्रय ॥ ७६-८० ॥

विमर्श—योजनायोजनाश्रयः—योजनानामयोजनानां चेति योजनायोजनाः, तासामाश्रयः।

युक्तो योगपतिः श्रद्धापालको भूतशङ्करः।
भूताध्यक्षो भूतनाथो भूतपालनतत्परः ॥ ८१ ॥
विभूतिदाता भूतिश्च महाभूतिविवर्धनः।
महालक्ष्मीश्वरः कान्तः कमनीयः कलाधरः ॥ ८२ ॥
कमलाकान्त ईशानो यमोऽमरो मनोजवः।
मनयोगी मानयोगी मानभङ्गो निरूपणः ॥ ८३ ॥
अव्यक्तानन्दनिरतो व्यक्ताव्यक्तनिरूपितः।
आत्मारामपतिः कृष्णपालको रामपालकः ॥ ८४ ॥
लक्षणेशो लक्षभर्ता भावतीशः प्रजाभवः।
भरताख्यो भारतश्च शत्रुघ्नो हनुमान् कपिः ॥ ८५ ॥

युक्त, योगपति, श्रद्धापालक, भूतशङ्कर, भूताध्यक्ष, भूतनाथ, भूतपालनतत्पर, विभूति-दाता, भूति, महाभूतिविवर्धन, महालक्ष्मीश्वर, कान्त, कमनीय, कलाधर, कमलाकान्त, ईशान, यम, अमर, मनोजव, मनयोगी, मानयोगी, मानभङ्ग, निरूपण, अव्यक्तानन्दनिरत, व्यक्ताव्यक्त-निरूपित, आत्मारामपति, कृष्णपालक, रामपालक, लक्षणेश, लक्षभर्ता, भावतीश, प्रजाभव, भरताख्य, भारत, शत्रुघ्नी, हनुमान्, कपि ॥ ८१-८५ ॥

विमर्श—भूतशङ्करः—भूतानां भूतयोनिं प्राप्तानां शं कल्याणं करोति योऽसौ भूतशंकरः, शमित्युपपदे करोतेः 'कृञो हेतुताच्छील्यानुलोम्येषु' इति पाणिनीयसूत्रेण ताच्छील्ये द्योत्ये टप्रत्यये सति साधुता बोध्या ।

कपिचूडामणिः क्षेत्रपालेशो दिक्करान्तरः ।
दिशांपतिर्दिशीशश्च दिक्पालो हि दिगम्बरः ॥ ८६ ॥
अनन्तरत्नचूडाढ्यो नानारत्नासनस्थितः ।
संविदानन्दनिरतो विजयो विजयात्मजः ॥ ८७ ॥
जयाजयविचारश्च भावचूडामणीश्वरः ।
मुण्डमालाधरस्तन्त्री सारतन्त्रप्रचारकः ॥ ८८ ॥
संसाररक्षकः प्राणी पञ्चप्राणो महाशयः ।
गरुडध्वजपूज्यश्च गरुडध्वजविग्रहः ॥ ८९ ॥
गारुडीशो मन्त्रिणीशो मैत्रप्राणहिताकरः ।
सिद्धिमित्रो मित्रदेवो जगन्नाथो नरेश्वरः ॥ ९० ॥

कपिचूडामणि, क्षेत्रपालेश, दिक्करान्तर, दिशांपतिर्दिशीश, दिक्पाल, हि, दिगम्बर, अनन्तरत्नचूडाढ्य, नानारत्नासनस्थित, संविदानन्दनिरत, विजय, विजयात्मज, जयाजय-विचार, भावचूडामणीश्वर, मुण्डमालाधरस्तन्त्री, सारतन्त्रप्रचारक, संसाररक्षक, प्राणी, पञ्चप्राण, महाशय, गरुडध्वजपूज्य, गरुडध्वजविग्रह, गारुडीश, मन्त्रिणीश, मैत्रप्राणहिताकर, सिद्धिमित्र, मित्रदेव, जगन्नाथ, नरेश्वर ॥ ८६-९० ॥

नरेन्द्रेश्वरभावस्थो विद्याभावप्रचारवित् ।
कालाग्निरुद्रो भगवान् प्रचण्डेश्वरभूपतिः ॥ ९१ ॥
अलक्ष्मीहारकः क्रुद्धो रिपूणां क्षयकारकः ।
सदानन्दमयो वृद्धो धर्मसाक्षी सुधांशुधृक् ॥ ९२ ॥
साक्षरो रिपुवर्गस्थो दैत्यहा मुण्डधारकः ।
कपाली रुण्डमालाढ्यो महाबीजप्रकाशकः ॥ ९३ ॥
अजेयोग्रपतिः स्वाहावल्लभो हेतुवल्लभः ।
हेतुप्रियानन्ददाता हेतुबीजप्रकाशकः ॥ ९४ ॥
श्रुतिक्षिप्रमणिरतो ब्रह्मसूत्रप्रबोधकः ।
ब्रह्मानन्दो जयानन्दो विजयानन्द एव च ॥ ९५ ॥

नरेन्द्रेश्वरभावस्थ, विद्याभावप्रचारवित्, कालाग्निरुद्र, भगवान्, प्रचण्डेश्वरभूपति, अलक्ष्मीहारक, क्रुद्ध, रिपूणां, क्षयकारक, सदानन्दमय, वृद्ध, धर्मसाक्षी, सुधांशुधृक्, साक्षर, रिपुवर्गस्थ, दैत्यहा, मुण्डधारक, कपाली, रुण्डमालाढ्य, महाबीजप्रकाशक, अजेयोग्रपति, स्वाहावल्लभ, हेतुवल्लभ, हेतुप्रियानन्ददाता, हेतुबीजप्रकाशक, श्रुतिक्षिप्रमणिरत, ब्रह्मसूत्र-प्रबोधक, ब्रह्मानन्द, जयानन्द, विजयानन्द ॥ ९१-९५ ॥

विमर्श—अलक्ष्मीहारकः—न लक्ष्मीरलक्ष्मीर्दरिद्रादेवी तां हरति योऽसौ । अथवा

लक्ष्मीं हरतीति लक्ष्मीहारक इति । न लक्ष्मीहारकः । **मुण्डधारकः**—धरतीति धारकः, धृञो ण्बुल्प्रत्ययः, मुण्डानां धारकः, महादेवः ।

> सुधानन्दो बुधानन्दो विद्यानन्दो बलीपतिः ।
> ज्ञानानन्दो विभानन्दो भावानन्दो नृपासनः ॥ ९६ ॥
> सर्वासनोग्रानन्दश्च जगदानन्ददायकः ।
> पूर्णानन्दो भवानन्दो ह्यमृतानन्द एव च ॥ ९७ ॥
> शीतलोऽशीतिवर्षस्थो व्यवस्थापरिचायकः ।
> शीलाढ्यश्च सुशीलश्च शीलानन्दो पराश्रयः ॥ ९८ ॥
> सुलभो मधुरानन्दो मधुरामोदमादनः ।
> अभेद्यो मूत्रसञ्चारी कलहाख्यो विषङ्कटः ॥ ९९ ॥
> वाशभाढ्यः परानन्दो विसमानन्द उल्बणः ।
> अधिपो वारुणीमत्तो मत्तगन्धर्वशासनः ॥ १०० ॥

सुधानन्द, बुधानन्द, विद्यानन्द, बलीपति, ज्ञानानन्द, विभानन्द, भावानन्द, नृपासन, सर्वासनोग्रानन्द, जगदानन्ददायक, पूर्णानन्द, भवानन्द, ह्यमृतानन्द, शीतलोऽशीतिवर्षस्थ, व्यवस्थापरिचायक, शीलाढ्या, सुशील, शीलानन्द, पराश्रय, सुलभ, मधुरानन्द, मधुरामोद-मादनअभेद्य, मूत्रसञ्चारी, कलहाख्य, विषङ्कट, वाशभाढ्या, परानन्द, विसमानन्द, उल्बण, अधिप, वारुणीमत्त, मत्तगन्धर्वशासन ॥ ९६-१०० ॥

> शतकोटिशरुश्रीदो वीरकोटिसमप्रभः ।
> अजाविभावरीनाथो विषमापूष्णिपूजितः ॥ १०१ ॥
> विद्यापतिर्वेदपतिरप्रमेयपराक्रमः ।
> रक्षोपतिर्महावीरपतिः प्रेमोपकारकः ॥ १०२ ॥
> वारणाविप्रियानन्दो वारणेशो विभुस्थितः ।
> रणचण्डो रशेशश्च रणरामप्रियः प्रभुः ॥ १०३ ॥
> रणनाथी रणाह्लादः संग्रामप्रेतविग्रहः ।
> देवीभक्तो देवदेवो दिवि दारुणतत्परः ॥ १०४ ॥
> खड्गी च कवची सिद्धः शूली धूलिस्त्रिशूलधृक् ।
> धनुष्मान् धर्मचित्तेशोऽचित्रनागसुमाल्यधृक् ॥ १०५ ॥

शतकोटिशरुश्रीद, वीरकोटिसमप्रभ, अजाविभावरीनाथ, विषमापूष्णिपूजित, विद्यापति-र्वेदपतिरप्रमेयपराक्रम, रक्षोपतिर्महावीरपति, प्रेमोपकारक, वारणाविप्रियानन्द, वारणेश, विभुस्थित, रणचण्ड, रशेश, रणरामप्रिय, प्रभु, रणनाथी, रणाह्लाद, संग्रामप्रेतविग्रह, देवी-भक्त, देवदेव, दिवि, दारुणतत्पर, खड्गी, कवची, सिद्ध, शूली, धूलिस्त्रिशूलधृक्, धनुष्मान्, धर्मचित्तेशोऽचित्रनागसुमाल्यधृक् ॥ १०१-१०५ ॥

विमर्श—संग्रामप्रेतविग्रहः—संग्रामे युद्धे प्रेतस्य विग्रहो देहो यस्य सः । रणक्षेत्रे प्रेतशरीरं धृत्वा रणक्रिया विधीयत इति भावः । **धर्मचित्तेशोऽचित्रनागसुमाल्यधृक्**—अचित्

न इति अचिन्न, अर्थात् चिद्रूपः । पुनश्च नागानां सुमाल्यं शोभना माला तां धृष्णोतीति । क्विन्प्रत्ययान्तः, क्विन्प्रत्ययस्य कुरिति कुत्वे सति साधुता ।

अर्थोऽनर्थप्रियोऽप्रायो मलातीतोऽतिसुन्दरः ।
काञ्चनाढ्यो हेममाली काञ्चनशृङ्गशासनः ॥ १०६ ॥
कन्दर्पजेता पुरुषः कपित्थेशोऽर्कशेखरः ।
पद्मगन्धोऽतिसद्गन्धश्चन्द्रशेखरभृत् सुखी ॥ १०७ ॥
पवित्राधारनिलयो विद्यावद्वरबीजभृत् ।
कन्दर्पसदृशाकारो मायाजिद् व्याघ्रचर्मधृक् ॥ १०८ ॥
अतिसौन्दर्यचूडाढ्यो नागचित्रमणिप्रियः ।
अतिगण्डः कुम्भकर्णः कुरुजेता कवीश्वरः ॥ १०९ ॥
एकमुखो द्वितुण्डश्च द्विविधो वेदशासनः ।
आत्माश्रयो गुरुमयो गुरुमन्त्रप्रदायकः ॥ ११० ॥

अर्थोऽनर्थप्रियोऽप्राय, मलातीतोऽतिसुन्दर, काञ्चनाढ्य, हेममाली, काञ्चनशृङ्गशासन, कन्दर्पजेता, पुरुष, कपित्थेशोऽर्कशेखर, पद्मगन्धोऽतिसद्गन्धश्चन्द्रशेखरभृत्, सुखी, पवित्राधारनिलय, विद्यावद्वरबीजभृत्, कन्दर्पसदृशाकार, मायाजिद्, व्याघ्रचर्मधृक्, अतिसौन्दर्यचूडाढ्य, नागचित्रमणिप्रिय, अतिगण्ड, कुम्भकर्ण, कुरुजेता, कवीश्वर, एकमुख, द्वितुण्ड, द्विविध, वेदशासन, आत्माश्रय, गुरुमय, गुरुमन्त्रप्रदायक ॥ १०६-११० ॥

शौरीनाथो ज्ञानमार्गी सिद्धमार्गी प्रचण्डगः ।
नामगः क्षेत्रगः क्षेत्रो गगनग्रन्थिभेदकः ॥ १११ ॥
गाणपत्यवसाच्छन्नो गाणपत्यवसादवः ।
गम्भीरोऽतिसुसूक्ष्मश्च गीतवाद्यप्रियंवदः ॥ ११२ ॥
आह्लादोद्रेककारी च सदाह्लादी मनोगतिः ।
शिवशक्तिप्रियः श्यामवर्णः परमबान्धवः ॥ ११३ ॥
अतिथिप्रियकरो नित्यो गोविन्देशो हरीश्वरः ।
सर्वेशो भाविनीनाथो विद्यागर्भो विभाण्डकः ॥ ११४ ॥
ब्रह्माण्डरूपकर्ता च ब्रह्माण्डधर्मधारकः ।
धर्मार्णवो धर्ममार्गी धर्मचिन्तासुसिद्धिदः ॥ ११५ ॥

शौरीनाथ, ज्ञानमार्गी, सिद्धमार्गी, प्रचण्डग, नामग, क्षेत्रग, क्षेत्र, गगनग्रन्थिभेदक, गाणपत्यवसाच्छन्न, गाणपत्यवसादव, गम्भीरोऽतिसुसूक्ष्म, गीतवाद्यप्रियंवद, आह्लादोद्रेककारी, सदाह्लादी, मनोगति, शिवशक्तिप्रिय, श्यामवर्ण, परमबान्धव, अतिथिप्रियकर, नित्य, गोविन्देश, हरीश्वर, सर्वेश, भाविनीनाथ, विद्यागर्भो, विभाण्डक, ब्रह्माण्डरूपकर्ता, ब्रह्माण्डधर्मधारक, धर्मार्णव, धर्ममार्गी, धर्मचिन्तासुसिद्धिद ॥ १११-११५ ॥

अस्थास्थितो ह्यास्तिकश्च स्वस्तिस्वच्छन्दवाचकः ।
अन्नरूपी अन्नकस्थो मानदाता महामनाः ॥ ११६ ॥

आद्याशक्तिप्रभुर्मातृवर्णजालप्रचारकः ।
मातृकामन्त्रपूज्यश्च मातृकामन्त्रसिद्धिदः ॥ ११७ ॥
मातृप्रियो मातृपूज्यो मातृकामण्डलेश्वरः ।
भ्रान्तिहन्ता भ्रान्तिदाता भ्रान्तस्थो भ्रान्तिवल्लभः ॥ ११८ ॥

अंस्थास्थित, ह्यास्तिक, स्वस्तिस्वच्छन्दवाचक, अन्नरूपी, अन्नकस्थ, मानदाता, महामना, आद्याशक्तिप्रभु; मातृवर्णजालप्रचारक, मातृका, मन्त्रपूज्य, मातृकामन्त्रसिद्धिद, मातृप्रिय, मातृपूज्य, मातृकामण्डलेश्वर, भ्रान्तिहन्ता, भ्रान्तिदाता, भ्रान्तस्थ, भ्रान्तिवल्लभ ॥ ११६-११८ ॥

विमर्श—अन्नरूपी—अन्नस्य रूपमन्नरूपम्, तदस्यास्ति अन्नरूपी । अत इनिप्रत्ययः। अथवा अन्नं रूपयति प्रकाशयति इति णिनिः कर्तरि । **मातृकामन्त्रसिद्धिदः**—मातृकामन्त्रस्य सिद्धिं ददाति, 'आतोऽनुपसर्गे कः' इति कर्तरि कप्रत्यये साधुता ।

इत्येतत् कथितं नाथ सहस्रनाममङ्गलम् ।
अष्टोत्तरं महापुण्यं स्वर्गीयं भुवि दुर्लभम् ॥ ११९ ॥
यस्य श्रवणमात्रेण नरो नारायणो भवेत् ।
अप्रकाश्यं महागुह्यं देवानामप्यगोचरम् ॥ १२० ॥

हे नाथ ! इस प्रकार इतने मङ्गल देने वाले (परनाथ के) महापुण्यकारक १००८ नामों को कहा गया है । यह पृथ्वी में महान् दुर्लभ है तथा स्वर्ग देने वाला है । इसके सुनने मात्र से नर नारायण बन जाता है । यह किसी को भी प्रकाशित करने योग्य नहीं हैं । महागुह्य तो है ही, देवतागण भी इसको नहीं जानते ॥ ११९-१२० ॥

फलं कोटिवर्षशतैर्वक्तुं न शक्यते बुधैः ।
यस्य स्मरणमाकृत्य योगिनीयोगपारगः ॥ १२१ ॥
सोऽक्षणः सर्वसिद्धीनां त्रैलोक्ये सचराचरे ।
देवाश्च बहवः सन्ति योगिनस्तत्त्वचिन्तकाः ॥ १२२ ॥

बुद्धिमान् लोग इसका फल सैकड़ों करोड़ वर्षों में कहने में भी असमर्थ हैं, इसके स्मरण करते रहने से साधक योगिनी एवं योग का पारदर्शी हो जाता है । यह सहस्रनाम चराचर सहित समस्त त्रिलोकी में सभी सिद्धियों से सर्वश्रेष्ठ है । ऐसे तो तत्त्वचिन्तक बहुत से योगी और देवता भरे पड़े हैं ॥ १२२ ॥

पठनाद्धारणाज्ज्ञानी महापातकनाशकः ।
आयुरारोग्यसम्पत्तिबृंहितो भवति ध्रुवम् ॥ १२३ ॥
संग्रामे ग्रहभीतौ च महारण्ये जले भये ।
वारमेकं पठेद्यस्तु स भवेद् देववल्लभः ॥ १२४ ॥

ज्ञानी इसका पाठ करने से तथा इसे धारण करने से महापातकों का नाश कर देते हैं । इसके पाठ करने से आयु, आरोग्य तथा सम्पत्ति की वृद्धि निश्चित रूप से होती है । संग्राम में, ग्रहों से भयभीत अथवा घोरजङ्गल में अथवा जल में अथवा महाभय उपस्थित होने पर यदि एक बार भी उसका पाठ करे तो वह देवताओं का प्रिय हो जाता है ॥ १२३-१२४ ॥

सर्वेषां मानसम्भङ्गी योगिराड् भवति क्षणात् ।
पूजां कृत्वा विशेषेण यः पठेन्नियतः शुचिः ॥ १२५ ॥
स सर्वलोकनाथः स्यात् परमानन्दमाप्नुयात् ।
एकपीठे जपेद्यस्तु कामरूपे विशेषतः ॥ १२६ ॥

पूजा के उपरान्त नियमपूर्वक शुचिता युक्त विशेषतः इसका पाठ करने वाला साधक सभी का मान भङ्ग करने में समर्थ हो जाता है तथा क्षणभर में योगिराज बन जाता है । वह यदि किसी एक पीठ में, विशेष कर कामरूप नामक पीठ में इसका पाठ करे तो वह साधक सभी लोकों का स्वामी बन जाता है और परमानन्द प्राप्त करता है ॥ १२५-१२६ ॥

त्रिकालं वाथ षट्कालं पठित्वा योगिराड् भवेत् ।
आकाशगामिनीं सिद्धिं गुटिकासिद्धिमेव च ॥ १२७ ॥
प्राप्नोति साधकेन्द्रस्तु राजत्वं हि दिने दिने ।
सर्वदा यः पठेन्नित्यं सर्वज्ञः सुकुशाग्रधीः ॥ १२८ ॥
अवश्यं योगिनां श्रेष्ठः कामजेता महीतले ।
अज्ञानी ज्ञानवान् सद्योऽधनी च धनवान् भवेत् ॥ १२९ ॥

हे नाथ ! तीनों काल में अथवा ६ कालों में इसका पाठ करने वाला योगिराज बन जाता है । उसे आकाशगामिनी सिद्धि प्राप्त हो जाती है । किं बहुना, गुटिका सिद्धि भी प्राप्त हो जाती है । जो सर्वज्ञ कुशाग्रबुद्धि वाला साधक नित्य इसका पाठ करता है वह दिनो दिन राजत्व प्राप्त कर लेता है । इसका पाठ करने से साधक अवश्य ही इस पृथ्वीतल पर कामजेता तथा योगियों में श्रेष्ठ हो जाता है । अज्ञानी साधक सद्यः ज्ञानवान् तथा निर्धन साधक धनवान् हो जाता है ॥ १२९ ॥

विमर्श—सुकुशाग्रधीः—कुशाग्रमिव तीक्ष्णा धीर्बुद्धिर्यस्य सः, शोभनः कुशाग्रधीः इति। **कामजेता**—काम्यन्ते ये ते कामा इष्टविषयाः, तेषां जेता। तद्ग्रहणेच्छाशून्य इति भावः।

सर्वदा राजसम्मानं पञ्चत्वं नास्ति तस्य हि ।
गले दक्षिणबाहौ च धारयेद्यस्तु भक्तितः ॥ १३० ॥
अचिरात्तस्य सिद्धिः स्यान्नात्र कार्या विचारणा ।
अवधूतेश्वरो भूत्वा राजते नात्र संशयः ॥ १३१ ॥

उसे सर्वदा राजसम्मान प्राप्त होता है । उसकी मृत्यु नहीं होती । जो भक्तिपूर्वक इस सहस्रनाम को अपने गले में अथवा दाहिने हाथ में धारण करता है उसे शीघ्र ही सिद्धि प्राप्त हो जाती है, इसमें विचार की आवश्यकता नहीं । वह समस्त अवधूतों का ईश्वर बन कर शोभित होता है इसमें संशय नहीं ॥ १३०-१३१ ॥

रक्तचन्दनयुक्तेन हरिद्राकुङ्कुमेन च ।
सेफालिकापुष्पदण्डैर्दलसङ्कुलवर्जितैः ॥ १३२ ॥
मिलित्वा यो लिखेत् स्तोत्रं केवलं चन्दनाम्भसा ।
स भवेत् पार्वतीपुत्रः क्षणाद्वा द्वादशाहनि ॥ १३३ ॥

हल्दी, केशर, लालचन्दन मिलाकर अथवा केवल चन्दन के जल से, पत्तों से रहित शेफालिकापुष्प (काली निर्गुण्डी) के लकड़ी की कलम से इस स्तोत्र को लिखने वाला साधक क्षणमात्र में अथवा १२ वें दिन पार्वतीपुत्र गणपति जैसा विद्वान् बन जाता है ॥ १३२-१३३ ॥

एकमासं द्विमासं वा त्रिमासं वर्षमेव च ।
जीवन्मुक्तो धारयित्वा सहस्रनामकीर्तनम् ॥ १३४ ॥
पठित्वा तद्द्विगुणशः पुण्यं कोटिगुणं लभेत् ।
किमन्यं कथयिष्यामि सार्वभौमेश्वरो भवेत् ॥ १३५ ॥

इस सहस्रनाम संकीर्तन को एक महीने, दो महीने, तीन महीने अथवा एक वर्ष तक धारण करने वाला जीवन्मुक्त हो जाता है । इसका पाठ करने वाला उसका दुगुना पुण्य अथवा करोड़ गुना पुण्य प्राप्त करता है । बहुत कहने से क्या ? वह साधक सार्वभौमेश्वर बन जाता है ॥ १३४-१३५ ॥

त्रिभुवनगणनाथो योगिनीशो धनाढ्यो
मतिसुविमलभावो दीर्घकालं वसेत् सः ।
इह पठति भवानीवल्लभः स्तोत्रसारं
दशशतमभिधेयं ज्ञानमष्टोत्तरं च ॥ १३६ ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धमन्त्रप्रकरणे षट्कोणंप्रकाशे भूपद्मभेदविन्यासे भैरवीभैरवसंवादे परशिवहाकिनीश्वराष्टोत्तर-सहस्रनामपाठे सप्ताशीतितमः पटलः ॥ ८७ ॥

एक हजार आठ नामों वाले ज्ञानदायक इस स्तोत्रसार को जो भक्त सर्वदा पढ़ता है, वह पार्वती का प्रिय हो जाता है, त्रिलोकी में गणेश्वर, योगिनीश्वर एवं वैभव से परिपूर्ण हो जाता है । वह उत्तम मति तथा उत्तम भाव से युक्त होकर बहुत काल तक जीता रहता है ॥ १३६ ॥

विमर्श—मतिसुविमलभावो—मन्यतेऽनया सा मतिः, बुद्धिः, तत्र सुविमला भावा यस्य भक्तजनस्य, स मतिसुविमलभावः । अथवा मतिसहितः सुविमलो भावो यस्य इति ।

॥ श्री रुद्रयामल के उत्तरतन्त्र में महातन्त्रोद्दीपन में सिद्धमन्त्रप्रकरण में षट्कोण प्रकाश में भूपद्म भेद के विन्यास में भैरवीभैरव संवाद में परशिव हाकिनीश्वर का अष्टोत्तर सहस्रनाम पाठ में सत्तासीवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ८७ ॥

अथाष्टाशीतितमः पटलः

श्रीआनन्दभैरवी उवाच

शृणुष्व परमेश त्वं दुर्लभं योगिमण्डले ।
महायोगज्ञानसारं त्रैलोक्यमङ्गलं शुभम् ॥ १ ॥
यस्य विज्ञानमात्रेण साधकोऽसाधकोऽपि वा ।
मृत्युञ्जयो भवेज्ज्ञानी परमानन्दरूपभाक् ॥ २ ॥

श्री आनन्दभैरवी ने कहा—हे परमेश ! योगी मण्डल में सर्वथा दुर्लभ कल्याणकारी त्रिलोकी का मङ्गल करने वाला महायोग ज्ञानसार श्रवण कीजिए । जिसके जान लेने मात्र से चाहे साधक हो अथवा असाधक हो मृत्यु को जीतने वाला ज्ञानी तथा परमानन्द का भाजन बन जाता है ॥ १-२ ॥

विमर्श—महायोगज्ञानसारं—महान्तो ये योगा इति महायोगाः, तेषां ज्ञानानि, तत्सारमिति द्वितीयैकवचनान्तमेतत् । श्रवणक्रियानिरूपिता कर्मता ।

होमस्थानं शिखामध्ये दीपस्य भ्रूदलान्तरे ।
परब्रह्मस्वरूपां तां शिखारूपां जगत्प्रियाम् ॥ ३ ॥
स्वाहाशक्तिं तत्र नाथ विचिन्त्य मनसा सुधीः ।
यः स्तुत्वा प्रत्यहं होमकर्मसिद्धि समापयेत् ॥ ४ ॥

जिनके होम का स्थान शिखा के मध्य भाग में है तथा दीप का स्थान दोनों भ्रूदलों के मध्य में है, ऐसी परब्रह्मस्वरूपा, शिखारूपा, जगत्प्रिया, स्वाहाशक्ति का हे नाथ ! शिखा के मध्य में मन से ध्यान कर तथा साधक प्रतिदिन उनकी स्तुति कर होमकर्म की सिद्धि समाप्त करे ॥ ३-४ ॥

इत्येतत् परमं ज्ञानमन्यज्ज्ञानं शृणु प्रभो ।
शिखोर्ध्वे च परा शक्तिः परंब्रह्मस्वरूपिणी ॥ ५ ॥
उष्ट्रमुखी रक्तमुखी कोटिकालानलोपमा ।
तां ध्यात्वा कुलपद्मस्य कर्णिकायां महामनाः ॥ ६ ॥

यह सब से बड़ा ज्ञान है । हे प्रभो ! अब इसके अतिरिक्त अन्य ज्ञान को भी सुनिए । शिखा के ऊर्ध्वभाग में परब्रह्मस्वरूपिणी पराशक्ति का निवास है । जिनका मुख उष्ट्र के मुख के समान है एवं रक्त से अनुरञ्जित है । महामनस्वी साधक मूलाधार में कुलपद्म की कर्णिका में इस प्रकार की महादेवी का ध्यान करे ॥ ५-६ ॥

मनोयोगस्थितां देवीं परमानन्ददायिनीम् ।
सूक्ष्मातिसूक्ष्मभावस्थां स्थूलातिस्थूलविग्रहाम् ॥ ७ ॥
कालातीतां कालरूपां कालाकालप्रकाशिनीम् ।
धर्मोदयां भानुमतीं प्रबन्धकौशलेश्वरीम् ॥ ८ ॥
पार्वतीं रणमातङ्गीं मतङ्गगमनां पराम् ।
निर्वाणसिद्धिदां धात्रीं पञ्चतत्त्वप्रकाशिनीम् ॥ ९ ॥

जो मनोयोग में स्थित रहने वाली, परमानन्द देने वाली, सूक्ष्म से भी अत्यन्त सूक्ष्म भाव में रहने वाली एवं स्थूल से भी अत्यन्त स्थूल विग्रह वाली हैं काल से अतीत किन्तु कालस्वरूपा तथा काल और अकाल दोनों को प्रकाशित करने वाली हैं, जिनका धर्म में उदय है, किरणों से युक्त एवं प्रबन्ध में कौशलेश्वरी हैं, पार्वती रणमातङ्गी हैं, मस्त हाथी के समान चलने वाली हैं, परा तथा निर्वाण की सिद्धि देने वाली हैं, सबका पोषण करने वाली तथा पृथ्व्यादि पाँच तत्त्वों की प्रकाशिका हैं ॥ ७-९ ॥

पञ्चमीं पञ्चमस्थाञ्च पञ्चवक्त्रप्रियंवदाम् ।
पञ्चरश्मिं पञ्चमवान् शोभितां दिक्पटाम्बराम् ॥ १० ॥
प्रवालस्थूलकोटीन्द्रनीलचन्द्रमणिस्रजाम् ।
द्विभुजां मौनशीलाञ्च ज्ञानपुस्तकधारिणीम् ॥ ११ ॥
एकाकारस्थितां रौद्रीं परदेवीं विभाव्य च ।
तच्चतुर्दिक्षु सततं शतयोगिनीमण्डलम् ॥ १२ ॥

पञ्चमी एवं पञ्चमस्था हैं, पाँचमुख वाले सदाशिव की प्रिय पत्नी हैं, पाँच रश्मियों वाली तथा पञ्चभवा हैं, दिशा रूप पट धारण करने वाली हैं, शोभासम्पन्न हैं, प्रवाल (मूँगा) स्थूलकोटी, इन्द्रनील तथा चन्द्रमणि की माला धारण किए हुए हैं, दो भुजा वाली हैं, मौन स्वभाव वाली एवं ज्ञान तथा पुस्तक को धारण करने वाली हैं, एकाकार में संस्थित ऐसी रौद्री परदेवी का साधक को ध्यान करना चाहिए । जिसके चारों दिशाओं में सैकड़ों योगिनियों का मण्डल है ॥ १०-१२ ॥

विमर्श—पञ्चवक्त्रप्रियंवदाम्—पञ्चवक्त्राणि मुखानि यस्यासौ पञ्चवक्त्रः शिवः, तस्य प्रियं वदति या सा, 'प्रियवशे वदः खच्' इति खच्प्रत्ययः । **ज्ञानपुस्तकधारिणीम्**—ज्ञानस्य पुस्तकं ज्ञानप्रदं पुस्तकं धरति तच्छीला, णिनिः कर्तरि । पुनश्च ऋन्नेभ्यो डीबिति डीप्प्रत्ययः ।

चक्रपङ्क्त्याकारशोभामण्डलं मण्डपस्थितम् ।
तासां नामानि वक्ष्यामि शृणु भैरववल्लभ ॥ १३ ॥

मण्डप में स्थित इन योगिनियों का मण्डल चक्रपंक्ति के आकार (गोलाकार) के रूप में होने से शोभा का मण्डल जैसा प्रतीत होता है । हे भैरव ! हे वल्लभ ! अब उन सौ योगिनियों का नाम कहती हूँ सुनिए ॥ १३ ॥

श्मशानवासिनी दुर्गा हरिणाक्षी प्रचण्डिका ।

रौद्री श्यामा योगिनी च शिवानी शिवमोहिनी ॥ १४ ॥
सुखिनी पञ्चमी बाला कुटिलाक्षी वसुन्धरा ।
सुवर्णाङ्गी पावना च पवित्रा परमानना ॥ १५ ॥
सिद्धिदा मङ्गला भाव्या सुरति कामदा रतिः ।
प्रबला विमला चमना प्रभा काञ्चनमालिनी ॥ १६ ॥
त्रिभङ्गदेहश्यामाङ्गी तरुणा तरलावती ।
सुलभा दुर्लभा सर्वा प्रफुल्लकमलापि वा ॥ १७ ॥
पातालमुखी गोमुण्डा घोरहासा विलासिनी ।
अरुणा श्रवणा मन्त्री मालती मल्लिका तथा ॥ १८ ॥
वैश्वानरी भरद्वाजा त्रिविभागा मतिः क्षुधा ।
सुभद्राभाकरी लिप्ता नर्तका चिटिसुन्दरी ॥ १९ ॥
बृहन्नली भागवती विशाला विरला तथा ।
मानसी वानरीग्रीवा क्रोधिनी मोहिनी तथा ॥ २० ॥
आकर्षिणी स्तम्भिनी व त्रिजटा रुक्ममालिनी ।
सप्तिका सुकला गीर्या गभीरा मुषलावती ॥ २१ ॥
बृहन्नितम्बा मोहाक्षी मन्दिरा चन्द्रिका तथा ।
सिद्धा विद्याधरा हारा रतिः कैशोरधर्मिणी ॥ २२ ॥
तप्ता शान्तिर्भद्रदा च विकारी मञ्चवासिनी ।
महाविद्या भवानी च तारब्रह्मस्वरूपिणी ॥ २३ ॥
मातङ्गी बगला कृष्णा शिवा हैमवतीश्वरा ।
समनापहरा काली कन्दर्पवनिता शुभा ॥ २४ ॥
वाराणसीश्वरी बाला कमला चारुहासिनी ।
अजन्ता हिमकन्या च शर्वाणी कुलचञ्चला ॥ २५ ॥
तपस्विनी राजपुत्री चोमापर्णा निरञ्जना ।
आधारभूता सावित्री वाच्यावाच्या चराचरा ॥ २६ ॥
कल्क्येशी शशिवदना निर्विकल्पसुपाक्षणी ।
भुवनेशी सुन्दरी च सती सिद्धिप्रदा कला ॥ २७ ॥
कृपणा पद्मवदना शब्देशी भगमालिनी ।
आराधिता शोकहरा हरा हीरकमालिनी ॥ २८ ॥
हालाहलहरा हारा रती कालानलापहा ।
भैरवी वीरमाता च महाभाग्यवती उमा ॥ २९ ॥
सुलभा दुर्गमाता च सुगन्धा गन्धमालिनी ।
अमावास्या सिता भद्रा चारुणी सूर्यपुत्रिणी ॥ ३० ॥
दानदा धनदा सिद्धिदायिनी भोगदायिनी ।

इलावती रत्नमाला मनोयोगनिवासिनी ॥ ३१ ॥
मनस्विनी मूलमाता मूलमन्त्रस्वरूपिणी ।
एतासां ध्यानमाकृत्य चतुर्दिक्षु क्रमेण तु ॥ ३२ ॥
विभाव्य तैजसीं सर्वां तेजोमालाविनाशिनीम् ।
अतिसौन्दर्यलहरीं पारिजातवनान्तरे ॥ ३३ ॥
महामण्डलमध्ये तु रत्नसन्ताननिर्मिते ।
ग्रहस्यापि महाकालं चतुर्द्वारं विचिन्तयेत् ॥ ३४ ॥

श्मशानवासिनी, दुर्गा, हरिणाक्षी, प्रचण्डिका, रौद्री, श्यामा, योगिनी, शिवानी, शिव, मोहिनी, सुखिनी, पञ्चमी, वाला, कुटिलाक्षी, वसुन्धरा, सुवर्णांगी, पावना, पवित्र, परमानना, सिद्धिदा, मङ्गला, भाव्या, सुरति, कामदा, रति, प्रबला, विमला, चमना, प्रभा, काञ्चनमालिनी, त्रिभङ्गदेहश्यामाङ्गी, तरुणा, तरलावती, सुलभा, दुर्लभा, सर्वा, प्रफुल्ला, कमला, पातालमुखी, गोमुण्डा, घोरहासा, विलासिनी, अरुणा, श्रवणा, मन्त्री, मालती, मल्लिका, वैश्वानरी, भरद्वाजा, त्रिविभागा, मति, क्षुधा, सुभद्रा, भाकरी, लिप्ता, नर्तका, चिटिसुन्दरी, वृहन्नली, भागवती, विशाला, विरला, मानसी, वानरीग्रीवा, क्रोधिनी, मोहिनी, आकर्षिणी, स्तम्भिनी, त्रिजटा, रुक्ममालिनी, सप्तिका, सुकला, गौर्या, गभीरा, मुषलावती, वृहन्नितम्बा, मोहाक्षी, मन्दिरा, चन्द्रिका, सिद्धा, विद्याधरा, हारा, रति, कैशोरधर्मिणी, तप्ता, शान्ति, भद्रदा, विकारी, मञ्चवासिनी, महाविद्या, भवानी, तारब्रह्मस्वरूपिणी, मातङ्गी, बगला, कृष्णा, शिवा, हैमवती, ईश्वरा, समाना, अपहारा, काली, कन्दर्पवनिता, शुभा, वाराणसीश्वरी, बाला, कमला, चारुहासिनी, अजन्ता, हिमकन्या, शर्वाणी, कुलचञ्चला, तपस्विनी, राजपुत्री, उमा, अपर्णा, निरञ्जना, आधारभूता, सावित्री, वाच्या, अवाच्या, चरा-अचरा, कल्क्येशी, शशिवदना, निर्विकल्पा, सुपाक्षिणी, भुवनेशी, सुन्दरी, सती,सिद्धिप्रदा, कला, कृपणा, पद्मवदना, शबदेशी, भगमालिनी, आराधिता, शोकहरा, हरा, हीरकमालिनी, हालाहलहरा, हारा, रती, कालानलापहा, भैरवी, वीरमाता, महाभाग्यवर्ता, उमा, सुलभा, दुर्गमाता, सुगन्धा, गन्धमालिनी, अमावास्या, सिता, भद्रा, अरुणी, सूर्यपुत्रिणी, दानदा, धनदा, सिद्धिदायिनी, भोगदायिनी, इलावती, रत्नमाला, मनोयोगनिवासिनी, मनस्विनी, मूलमाता, मूलमन्त्रस्वरूपिणी पारिजातवन में स्थित उस भगवती के चारों दिशाओं में इन योगिनियों का तैजस रूप में ध्यान करे ॥ १६-३३ ॥

ये सभी समस्त तेजों को विध्वस्त करने वाली हैं । अत्यन्त सौन्दर्य की लहरी हैं । हे महाकाल ! इसके बाद रत्न के तन्तुओं से निर्मित महामण्डल के मध्य में ग्रहों के चारों द्वारों का चिन्तन करे ॥ ३३-३४ ॥

विमर्श—कैशोरधर्मिणी—किशोरस्य भावः कैशोरम्, तादृशो धर्मोऽस्ति यस्याः सा । इनिः, तद्धितः । **तारब्रह्मस्वरूपिणी**—तारयति यत्तद् तारम्, तच्च तद् ब्रह्म चेति तारब्रह्म, तस्य स्वरूपमस्ति यस्याः सा । इनिः तद्धितः । **रत्नसन्ताननिर्मित**—रत्नानां सन्तानः प्रस्तानः, तेन निर्मिते इति भावः ।

मणिकोटिविनिर्माणचतुस्तोरणभूषितम् ।
मण्डपस्योर्ध्वभागे च महाचन्द्रातपं शितम् ॥ ३५ ॥

शतसूर्यप्रभं कान्तं मुक्तादामविभूषितम् ।
तथा मण्डपमध्योर्ध्वे वितालाङ्कं मनोहरम् ॥ ३६ ॥

ये दरवाजे करोड़ों मणियों द्वारा निर्मित हैं तथा चारों ओर तोरणों से विभूषित हैं । ये सैकड़ों सूर्य के समान प्रकाश के कारण अत्यन्त मनोहर है और मोतियों के माला से सुसज्जित हैं । मण्डप के मध्य भाग के ऊपरी भाग में मनोहर वितान है ॥ ३५-३६ ॥

विमर्श—मणिकोटिविनिर्माणचतुस्तोरणभूषितम्—मणिकोटिभिर्विनिर्माणमम्, तेन चतुस्तोरणेन च भूषितं शोभितम् ।

तदधः स्वर्णनिर्माणच्छत्रं मणिमयं रुचिम् ।
तदधः सिंहरूपाक्षि युक्तसिंहासनं परम् ॥ ३७ ॥
तदूर्ध्वे प्रेतबीजं तु प्रेतलिङ्गोपमं स्मृतम् ।
प्रेतलिङ्गोपरि ध्यात्वा काञ्चनस्यापि मण्डलम् ॥ ३८ ॥

उस वितान के नीचे मणियों से रचित अत्यन्त मनोहर स्वर्ण का बना हुआ छत्र है, उस छत्र के नीचे सिंहासन है, जिसमें सिंह के रूप के नेत्र जड़े हुए हैं । उसके ऊपर प्रेतलिङ्ग के आकार में प्रेत बीज मन्त्र लिखा हुआ है । उस प्रेतलिङ्ग के ऊपर साधक काञ्चन निर्मित मण्डल का ध्यान करे ॥ ३७-३८ ॥

महापीठं त्रिकोणं तु कर्णिकायां महाप्रभम् ।
शुक्लपद्मं महाशोभं षोडशच्छदमण्डितम् ॥ ३९ ॥
षोडशस्वरसंयुक्तं केशकेषु च वर्णकान् ।
दक्षिणावर्तयोगेन विद्युद्रूपं विचिन्तयेत् ॥ ४० ॥

इस मण्डल की कर्णिका में अत्यन्त देदीप्यमान् त्रिकोणाकार महापीठ है । उस पर शुक्लवर्ण का अत्यन्त शोभायमान पद्म है, जिसमें १६ पत्ते लगे हुए हैं । जो १६ अकारादि स्वरों से युक्त हैं । इसके केशरों में समस्त व्यञ्जनवर्ण हैं । दक्षिणावर्त भाग से विद्युद्रूप में इसका ध्यान करना चाहिए ॥ ३९-४० ॥

चतुष्कोणत्रयं पश्चाच्चतुर्द्वारं मनोहरम् ।
तत्र संचिन्तयेद् देवीं वारुणीमत्तविग्रहाम् ॥ ४१ ॥
पराम्बारूपिणीं तारां तरुणादित्यसन्निभाम् ।
चतुर्द्वारि सदा ध्यायेद् देवानां चापि मण्डलम् ॥ ४२ ॥

उस त्रिकोण के बाद चार-चार द्वार वाले तीन चतुष्कोण हैं, उस चतुष्कोण पर वारुणी से मत्त विग्रह वाली देवी का ध्यान करे । यह देवी पराम्बास्वरूप, तरुण आदित्य के समान देदीप्यमान तारा हैं । इस चतुष्कोण के चारों द्वारों पर सर्वदा देवमण्डल का ध्यान करना चाहिए ॥ ४१-४२ ॥

सवाहनं दैवतं च परिवारसमन्वितम् ।
इन्द्रनीलप्रभं कान्तं पूर्वद्वारीन्द्रचिन्तनम् ॥ ४३ ॥

वह्निकोणे तथा वह्निमण्डलं सर्वतोमुखम् ।
परिवारान्वितं ध्यात्वा यमलोकं तु दक्षिणे ॥ ४४ ॥

पूर्व के द्वार पर वाहन के सहित अपने आवरण देवताओं से युक्त इन्द्रनीलमणि के समान कान्तिवाले इन्द्र का ध्यान करे । आग्नेय कोण में सर्वत्र मुख वाले, अपने परिवार वाले देवताओं के साथ अग्नि मण्डल का ध्यान करे । फिर दक्षिण द्वार पर यम देवता का चिन्तन करे ॥ ४३-४४ ॥

यमं श्यामं महाकान्तं परिवारगणान्वितम् ।
सवाहनं ततो ध्यायेन्नैर्ऋतं राक्षसीं पुरीम् ॥ ४५ ॥
तदुत्तरे सदा ध्यायेद् वरुणं मेषवाहनम् ।
परिवारान्वितं शुक्लं भास्वरं तत्र चिन्तयेत् ॥ ४६ ॥

वे यम श्याम (काले) वर्ण वाले हैं, अत्यन्त मनोहर हैं, अपने परिवारगणों से समन्वित एवं अपने वाहन (महिष) पर सवारी किए हुए हैं । इसके बाद नैर्ऋत कोण में राक्षसों की पुरी है । इसके बाद में मेष वाहन वरुण का अपने परिवार समन्वित् शुक्ल वर्ण वाले देदीप्यमान श्री वरुण का ध्यान करे ॥ ४५-४६ ॥

विमर्श—मेषवाहनम्—मेषो वाहनं यस्य सः । वह-धातोः करणे ल्युट्, निपातनाद् दीर्घश्च ।

तदुत्तरे मरुल्लोकं कृष्णसारस्ववाहनम् ।
परिवारान्वितं ध्यात्वा तत्पूर्वे चिन्तयेत् ततः ॥ ४७ ॥
कुबेरमुत्तरद्वारि परिवारगणान्वितम् ।
सवाहनं कुत्सितञ्च सर्वरत्नोपशोभितम् ॥ ४८ ॥

इसके बाद वायव्यकोण में काले मृग के वाहन पर सवारी किए हुए परिवार सहित मरुद् गणों का ध्यान कर, अनन्तर उत्तर द्वार पर परिवार गणों से संयुक्त, अपने वाहन (नर) से संयुक्त कुत्सित (कोण) किन्तु सभी रत्नों को धारण किए हुए कुबेर का ध्यान करे ॥ ४७-४८ ॥

विमर्श—कृष्णसारस्ववाहनम्—कृष्णसारा मृगविशेषाः स्ववाहनं यत्र तम् । एतावत तद्देशस्य पावित्र्यं प्रत्यायितम् ।

ईशाने ईशलोकञ्च परिवारगणान्वितम् ।
सवाहनं सर्वलोकपूजितं परमेश्वरम् ॥ ४९ ॥
परिवारान्वितं ध्यात्वा नानावाद्यसमन्वितम् ।
भेरीतुरीधुधुरीणां सहस्रकोटिमेव च ॥ ५० ॥
दुन्दुभिकुलितामोदगायनानन्दपूरितम् ।
नानासुन्दरवाद्याढ्यं पूर्वलोकं विचिन्तयेत् ॥ ५१ ॥

इसके बाद ईशान कोण में अपने अपने परिवार के साथ, अपने वाहन (वृषभ) पर सवारी किए हुए सर्वलोक प्रपूजित परमेश्वर रुद्र देव का ध्यान करे । इसी प्रकार

परिवार सहित अष्ट दिक्पालों का ध्यान कर पूर्व दिशा में सैकड़ों करोड़ की संख्या में मेरी (दुन्दुभी) तुरी (तुरही) धुधुरी (सिंहा) से बजने वाले बाजों से संयुक्त विशेषकर दुन्दुभी बाजे के बजने से आमोद आनन्दपूर्ण अनेक सुन्दर वाद्यगणों वाले पूर्व दिशा का ध्यान करे ॥ ४९-५१ ॥

वेणुवीणामृदङ्गानां सहस्रकोटिनादितम् ।
यमलोकं नैर्ऋते च मन्त्रकोटिसमन्वितम् ॥ ५२ ॥
करतालकांस्यढक्काध्वनिकोटिप्रपूरितम् ।
जलेश्वरमहालोकं दुन्दुभिध्वनिमोहितम् ॥ ५३ ॥

इसके बाद सहस्रों करोड़ की संख्या में वेणु (वंशी) वीणा (बल्लकी या विपञ्ची) मृदङ्गादि बाजों से शब्दायमान दक्षिण दिशा का फिर करोड़ों मन्त्रों की ध्वनि से संयुक्त नैर्ऋत्य दिशा का ध्यान करे । इसके बाद करोड़ों की संख्या में बजने वाले करताल, कास्यमय झां झं और ढक्का (डमरू) के ध्वनियों से परिपूर्ण दुन्दुभी की तथा करोड़ों यन्त्रों के समूहों वाले अन्य ध्वनियों से मोहित करने वाले जलेश्वर लोक (पश्चिम दिशा) का ध्यान करे ॥ ५२-५३ ॥

यन्त्रकोटिध्वनिश्रेणिमोहितं तत्र चिन्तयेत् ।
झर्झरीपर्परीताङ्गीस्वनादनादितं रुचिम् ॥ ५४ ॥
मरुल्लोकं तथा ध्यायेत् कुबेरस्थानमेव च ।
दुन्दुभिश्रेणिढक्कादियन्त्रनादविमोहितम् ॥ ५५ ॥
रागतालनृत्यगीतं मूर्तिमन्त्रं विचिन्तयेत् ।
दीप्तिश्रेणिधरं कान्तं गन्धर्वनगरं ततः ॥ ५६ ॥

